		5. उक्त प्रकार के धन की व्यवस्था करनेवालों की समिति;	विश्वस्त मंडळ;	commitee of the trustees;
		6. चीजें चुन या सजाकर यथा- स्थान रखना, विन्यास।	यथायोग्य मांडणी	arrangement.
न्यासधारी	वि.,पुं.	न्यास या धरोहर रखनेवाला।	ठेवा ठेवणारा	trustee.
न्यासी	वि.,पुं.	वह जिसे किसी कार्य विशेष के लिए कुछ धन या संपत्ति सौंपी गई हो।	विश्वस्त व्यक्ति	trustee.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
न्यून	वि.	1. आवश्यकता या उचित से कम, थोड़ा;	न्यून, कमी;	less;
		2. किसी की तुलना में घटकर या हल्का;	हीन, हलका;	lower, inferior;
		3. अपूर्ण;	अपुरा;	deficient, wanting;
		4. छोटा।	लहान	small.
न्यूनतम	वि.	1. जो सबसे कम, थोड़ा या संक्षिप्त हो, अल्पतम, लघुतम, कम से कम;	कमीत कमी, लघुतम;	minimum, minimal;
		2. जो सबसे घटकर हो, निम्नतम।	अगदी हलका, सर्वात कनिष्ठ दर्जाचा	lowest, inferiormost.
न्यूनता	स्त्री.	1. न्यून होने की अवस्था या भाव, अल्पता, कमी;	न्यूनता, कमतरता, उणीव;	shortage, paucity, lack, scarcity;
		2. हीनता, घटकर होने की अवस्था या भाव;	गौणता, हीनता;	inferiority;
		3. त्रुटि, अपूर्णता।	अपूर्णता, त्रुटी	incompleteness, want, deficiency, defect.
न्यूनाधिक	वि.	जो कुछ बातों में कहीं कुछ कम और कुछ बातों में कहीं कुछ अधिक हो।	कमीजास्त	more or less.
न्योतना	स.क्रि.	न्यौता या भिमन्त्रण देना।	आमंत्रण—निमंत्रण देणे	to invite.
न्योतनी	स्त्री.	मंगल अवसरों पर दिया जानेवाला भोज।	मेजवानी	a feast given on festive occasions.
न्योता	पुं.	1. घर पर होनेवाले किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने के लिए किसी से कहना, निमंत्रण;	निमंत्रण;	invitation;
		2. वह धन जो शुभ अवसरों पर इष्ट मित्रों के यहां से न्योता आने पर दिया या भेजा जाता है।	निमंत्रण मिळताना देण्याची द्रव्याची भेट	money given in lieu of invitation.
पंक	पुं.	कीचड़।	चिखल	mud.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पंकज	पुं.	कमल।	पंकज, कमळ	lotus.
पंक्ति	स्त्री.	1. वह समूह जिसमें प्रायः सजातीय पदार्थ या व्यक्ति एक दूसरे के पीछे या बगल में क्रमशः स्थित हों, श्रेणी, कतार;	रांग, पंक्ती;	queue, series;
		2. भोज में एक साथ खानेवालों की पांत;	पंगत;	company of persons eating together;
		3. एक ही सीध में दूर तक बनी हुई रेखा, लकीर।	ओळ	line, row.
पंक्तिबद्ध	वि.	जो एक सीध में खड़े या लगे हों अथवा खड़े किए या लगाए गये हों।	एका ओळीत—रांगेत लागलेले	arranged in a line or row.
पंख	पुं.	पक्षियों का तथा कुछ जंतुओं का वह अंग जिससे वे उड़ते हैं।	पंख, पीस	wing, feather.
पंखड़ी(पांखुड़ी)	स्त्री.	फूल के अंग के रूप में होनेवाले वे कोमल दल जिनके संयोग से उसका मुख्य रूप बनता है।	पाकळी	petal.
पंखा	पुं.	वह वस्तु जिससे हवा की जाती है।	पंखा	fan.
पंखी	स्त्री.	1. छोटा पंखा;	छोटा पंखा;	small fan;
		2. मुलायम और (हल्की) ऊन की बनी चादर।	मऊ हलकी लोकरीची शाल	soft and light woollen sheet.
पंगत (पांति)	स्त्री.	भोज में एक साथ खानेवालों की पांत।	पंगत	row of people sitting down at a meal.
पंगु	वि.	जो पांव के बेकार होने से चल—फिर न सकता हो।	पंगू, पांगळा, लंगडा	lame, crippled.
पंच	वि.	पांच।	पाच	five.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	1. पांच या अधिक मनुष्यों का समूह;	पंच, पाचांचा समुदाय पंचकडी;	assembly of (originally) five men;
		2. पंचायत का सदस्य;	पंचायतीतील एक;	member of the 'Panchayat';
		3. न्याय करनेवाली सभा;	पंचायत, न्यायसभा;	body of arbitrators;
		4. आपस के झगड़ों का निर्णय करने के लिए चुना गया व्यक्ति।	लवाद	juror.
पंचक	वि.	पांच अवयववाला।	पंचक, पंचकडी	consisting of five components.
	पुं.	फलित ज्योतिष में धनिष्ठा से रेवती तक के पांच नक्षत्र जिसमें शुभ कार्य का आरंभ निषिद्ध है तथा किसी दुर्घटना का होना बहुत अशुभ माना जाता है।	घनिष्ठा ते रेवती ही पांच नक्षत्रे निषिद्ध	the pentad of five planets beginning from Dhanistha and ending in Rewati when auspicious ceremonies are not performed.
पंचगुना	वि.	किसी एक अनुपात, मान या मात्रा में उसी जैसे पांच के बराबर हो जाना।	पाचपट	five-fold, quintuple.
पंच–तत्व	पुं.	पृथ्वी, जल, आग, वायु और प्रकाश-ये पांचों तत्व।	पंच महाभूते	the five elements taken collectively i.e. the earth, water, fire, air and space.
पंचनामा	पुं.	1. वह पत्र जिस पर पंचों का निर्णय लिखा हो;	पंचनामा, पंचांचा निर्णय;	arbitration bond, award;
		2. पत्र जिसके अनुसार दो विरोधी पक्षों ने अपना निर्णय कराने के लिए किसी को पंच चुना हो।	लवाद–नेमणकीचा करार	an agreement or deed according to which an arbitrator is appointed by the contending parties.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पंच—भूत	पुं.	भारतीय दर्शन के अनुसार आकाश, वायु, अग्नि, जल, और पृथ्वी-ये पांच मूल तत्व जिनसे सृष्टि की रचना हुई है।	पंचमहाभूते	the five elements: earth, air, fire, water and ether or space.
पंचम	वि.	1. पांचवां;	पंचम, पाचवा;	the fifth, forming a fifth part;
		2. संगीतशास्त्र में सरगम का पांचवां स्वर;	सप्तस्वरांपैकी "प" हा पाचवा स्वर;	the fifth note in kind of musical strain;
		3. व्यंजनों में प्रत्येक वर्ग का अंतिम वर्ण।	नागरी लिपीतील प्रत्येक व्यंजनवर्गातील पाचवा वर्ण (अनुनासिक)	the fifth consonant of a class of Devnagari characters i.e. a nasal.
पंचमांगी	पुं.	किसी देश या राज्य का वह निवासी जो दूसरे देशों के साथ गुप्त संबंध स्थापित करके अपने देश को हानि पहुंचाता हो, शत्रुओं के साथ मिला हुआ, देशद्रोही।	पंचमस्तंभी, फितूर	a fifth columnist, a traitor.
पंचमी	स्त्री.	1. पक्ष की पांचवीं तिथि;	पंचमी, पाचवी तिथी;	the fifth day of the half month;
		2. व्याकरण में अपादान कारक और उसकी विभक्ति।	पंचमी विभक्ती	the fifth or ablative case (or its termination), a word in the ablative.
पंच—मेल	वि.	1. जिसमें पांच तरह की चीजें मिली हों;	पांच, वस्तू मिसळलेला (पदार्थ);	mixture of five different ingredients, medley;
		2. जिसमें सब तरह की चीजें मिलीजुली हों।	नाना वस्तू मिश्रित	hotch-potch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पंचशील	पुं.	1. बौद्धधर्म में सदाचार की पांच पालनीय मुख्य बातें—अस्तेय, अहिंसा, सत्य, बह्मचर्य और मादक पदार्थों का परित्याग;	पंचशील (बौद्ध धर्मीय);	the five chief principles of conduct of Buddhism;
		2. बांडुंग सम्मेलन में 1954 में पंडित नेहरू द्वारा प्रतिपादित पांच राजनीतिक सिद्धान्त—पारस्परिक सम्मान, अनाक्रमण, अहस्तक्षेप, समानता और सहअस्तित्व।	बांडुंग परिषदेत जवाहरलाल नेहरुंनी पाळून दिलेली पाच राजकीय शीले (सह अस्तित्व, अनाक्रमण, अंतर्गत कारभारात हस्तक्षेप न करणे, परस्परांविषयी आदर, समान वागणूक)	the five basic principles of international conduct designed to achieve and consolidate world-peace, first enunciated by Jawaharlal Nehru in Bandung Conference in 1954.
पंचांग	पुं.	वह पंजी या पुस्तिका जिसमें आकाशस्थ ग्रह—नक्षत्रों की दैनिक स्थिति बताई गई हो।	पंचांग	almanac.
पंचांग—वर्ष	पुं.	पंचांग के अनुसार आदि से अंत तक संपूर्ण वर्ष।	पंचागानुसार मानलेले वर्ष	calendar year.
पंचाट	पुं.	विवाद के संबंध में पंचों का किया हुआ निर्णय।	पंचाचा निर्णय	award, arbitral award.
पंचानवे	वि.	जो गिनती में नब्बे से पांच अधिक हो।	पंचाण्णव	ninety-five.
	पुं.	पंचानवे की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है—95.	पंचाण्णवाचा आकडा	the number ninety-five.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पंचामृत	पुं.	1. दूध, दही, घी, मधु और चीनी के मिश्रण से बना हुआ पदार्थ जिसमें देवमूर्ति को स्नान कराया जाता है तथा पीछे प्रसाद में ग्रहण किया जाता है;	पंचामृत, पूजा द्रव्यांपैकी लागणारे पंच पदार्थ, मिश्रित द्रव्य;	five kinds of divine food viz. milk, coagulated or sour milk , butter, honey and sugar ;
		2. वैद्यक में पांच औषधियां गिलोय, गोखरु, मुसली, गोरखमुंडी और शतावरी।	भारतीय वैद्यकातील पाच प्रमुख औषधी	in Indian ancient medical system particular five drugs.
पंचायत	स्त्री.	1. पंचों की सभा;	गांव पंचायत;	village assembly;
		2. विवाद के संबंध में पंचों द्वारा किया जानेवाला विचार या निपटारा;	लवाद;	arbitration;
		3. बिरादरी या समाज के लोगों की वह सभा जिसमें झगड़ों पर विचार किया जाता है और उनका निबटारा किया जाता है।	जातपंचायत	a meeting of any particular society (generally as a court of enquiry), court of arbitration (consisting of five or more members).
पंचायती	वि.	1. पंचायत संबंधी, पंचायत का;	पंचायत विषयक, ज्ञातिविषयक;	pertaining to 'panchayat' or community;
		2. जिस पर अनेक व्यक्तियों का अधिकार हो;	अनेक व्यक्तींच्या अधिकारातील, म्हणजे कोणांचेच नाही असे;	common, no body's business;
		3. जनता के प्रतिनिधियों द्वारा संचालित।	लोक प्रतिनिधिद्वारा संचालित	public.
पंछी	पुं.	पक्षी, चिड़िया।	पक्षी	bird.
पंजर	पुं.	1. हड्डियों का ढांचा; ठठरी, कंकाल;	सांगाडा;	skeleton;
		2. पिंजरा।	पिंजरा	cage.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पंजा	पुं.	एक ही तरह की पांच वस्तुओं का समूह;	पंचक;	a collection of five things (of the same kind);
		2. हाथ या पैर का वह भाग जिसमें हथेली या तलव और पांचों उंगलियां होती हैं;	पाच बोटांचा हात वा पाय;	the five fingers or toes;
		3. उंगलियों और हथेलियों का संपुट जिसमे चीजें उठाई या पकड़ी जाती हैं अथवा जिससे पशुपक्षी प्रहार करते हैं;	पँजा, पाच बोटांची झडप वा पकड;	claw, paw;
		4. जूते का अगला भाग जिसमें पंजा रहता है।	पायांचा पंजा राहणारा पादत्राणाचा पुढचा भाग	the fore-part of a foot wear.
पंजी	स्त्री.	हिसाब या विवरण लिखने की पुस्तिका।	नोंदणी पुस्तक, "रजिस्टर"	register.
पंजीकरण	पुं.	किसी लेख या लेखे का पंजी में लिखा जाना।	नोंदणी	registration.
पंजीकार	पुं.	पंजी में लिखनेवाला, मुनीम, आय–व्यय आदि का लेखक।	नोंदणी–अधिकारी	clerk or registrar.
पंजीकृत	वि.	जिसका पंजीकरण हुआ हो।	नोंदलेला, नोंद झालेला	registered.
पंजीयन	पुं.	किसी लेख या लेखे का किसी कार्यालय की पंजी में (विशेषतया राजकीय पंजी में) लिखा जाना।	नोंद, नोंदणी	registratior
पंजीरी	स्त्री.	धनिया, सोंठ आदि का चीनी मिला हुआ चूर्ण और घी में भुना हुआ आटा जिसका प्रयोग प्रायः नैवेद्य के लिए करते हैं।	कणीक, साखर, तूप, धणे व सुंठ यांचे चूर्ण यांच्या मिश्रणाचा बनविलेला प्रसाद	a typical preparation of wheat-flour fried in ghee and sugar mixed with ground coriander seeds and dry ginger

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
				puerperal woman or distributed as prasad.
पंडा	पुं.	**तीर्थ, मंदिर या घाट पर धर्मकृत्य करानेवाला ब्राह्मण।**	पंडा, उपाध्याय, तीर्थक्षेत्री धर्मकृत्य सांगणारा ब्राह्मण (उत्तर भारतीय)	Hindu priest functioning at river banks etc. where pilgrims congregate.
पंडाल	पुं.	**किसी संस्था, सभा आदि के अधिवेशन के लिए बना हुआ बड़ा मंडप।**	मोठा, मंडप	huge pavilian, marquee.
पंडित	वि.	**कुशल, दक्ष, निपुण।**	निपुण, पटू, विद्वान, जाणता	learned (person).
	पु.	**1. ब्राह्मणों के नाम के पूर्व लगनेवाली आदरसूचक उपाधि;**	पंडित, वेदविद्या इ. प्राविण्य मिळविल्याची उपाधी;	a title of respect of Hindus who are learned in the Brahmanical theology;
		2. शास्त्रों का ज्ञाता।	विद्वान मनुष्य, शास्त्रज्ञाता	a learned man.
पंडिताई	स्त्री.	**1. विद्वता, पांडित्य;** **2. पंडितों की वृत्ति।**	विद्वता; पंडित पेशा	scholarship; the function or profession of a Pandit.
पंडिताऊ	वि.	**पंडितों के ढंग का, पंडितों जैसा।**	पांडित्य पूर्ण, पंडिताला शोभण्यासारखा	pedantic, befitting a 'pandit'.
पंथ	पुं.	**1. मार्ग, रास्ता;** **2. धार्मिक मत या संप्रदाय जिसमें विशेष प्रकार की साधना और उपासना पद्धति प्रचलित हो;**	पंथ, मार्ग; संप्रदाय, धार्मिक मत;	path, road; sect, cult;
		3. सिखों का सम्प्रदाय।	शीखपंथ	the Sikh panth.
पंद्रह	वि.	**जो गिनती में दस से पांच अधिक हो।**	पंधरा	fifteen.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है-- 15.	पंधराचा आकडा	the number fifteen
पंद्रहवां	वि.	क्रम या गिनती में पंद्रह के स्थान पर पड़ने या होनेवाला।	पंधरावा	fifteenth.
पंप	पुं.	1. पानी आदि तरल पदार्थों को ऊपर खींचने की एक कल;	पाणी खेचण्याचा पंप;	pump (water-pump);
		2. साइकिल आदि की ट्यूब में हवा भरने का उपकरण;	हवा भरण्याचा पंप;	pump (cycle pump);
		3. एक प्रकार का जूता।	बुटाचा एक प्रकार ("पंपशू")	a kind of shoe.
पंसारी	पु.	नमक मिर्च आदि मसाले तथा साधारण जड़ी—बूटियां बेचनेवाला।	वाणी, गंधी (काष्ठौषधी इ. विकणारा)	grocer.
पंसेरी (पसेरी)	स्त्री.	पांच सेर की तौल या उसका बाट।	पासरी	a weight of five sers or seers.
पकड़	स्त्री.	1. पकड़ने की क्रिया या भाव;	पकड. पकडण्याची, धरुन ठेवण्याची क्रिया, पकडून ठेवलेली अवस्था;	the act of holding, gripping etc.;
		2. कुश्ती में एक बार की भिडंत;	पकड, कुस्तीतील एक पवित्रा;	grip or hold in the game of wrestling;
		3. समझ, दोष या त्रुटि को पहचानने की क्षमता।	समज, दोष वा उणीव, समजण्याची पात्रता.	grasp, characteristic note.
पकड़ना	स.क्रि.	1. कोई चीज इस प्रकार हाथ में थामना कि वह गिरे नहीं या इधर—उधर न होने पाए;	पकडणे, धरणे, झेलणे;	to catch, to hold, to grasp;
		2. खोज निकालना, पता लगाना;	शोधून काढणे, पत्ता लावणे;	to find out, to discover;
		3. किसी काम में आगे बढ़े हुए की बराबरी में आ जाना;	(पुढच्याला) गाठणे;	to overtake,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. गिरफ्तार करना, बंदी बनाना।	गिरफतार करणे, पकडणे	to capture, to apprehend.
पकड़वाना (पकड़ाना)	स.क्रि.	पकड़ने में प्रवृत्त करना या सहायता देना।	पकडायला लावणे	to cause to seize, to get (one).
पकना	अ.क्रि.	1. अनाज, फल आदि का परिपक्व होना या उस अवस्था में पहुंचना जब वे खाने योग्य हो जाते हैं;	पिकणे;	to ripen;
		2. आंच या गरमी खाकर गलना या नरम होना;	उष्णतेने नरम होणे;	to be cooked;
		3. (बालों का) सफेद होना;	केस पिकणे, —करडे किंवा;	to turn grey or white (hair);
		4. घाव, फोड़े, फुंसी आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उनमें मवाद भर जाए।	पांढरे होणे फोड इ. पू भरुन पिकणे, पक्व होणे	to suppurate.
पकवान	पुं.	घी या तेल में तले हुए पदार्थ।	तेला—तुपात तळलेला राहण्या जोगा मिष्ट खाद्य पदार्थ	preservable dressed food.
पकवाना	स.क्रि.	पकाने का कार्य किसी दूसरे से कराना।	स्वैपाक करुन घेणे, अन्न शिजवून—तयार करुन घेणे	to cause to cook or dress
पका	वि.	जो पक गया हो।	शिजलेला, पिकलेला	cooked, ripe.
पकाना	स.क्रि.	1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ पके, पकने में प्रवृत्त करना;	स्वैपाक करणे, —करायला लावणे;	to cook;
		2. अन्न आदि आंच पर चढ़ा कर इस प्रकार उबालना या तपाना कि वे मुलायम होकर खाने योग्य हो जाए;	शिजविणे, भाजणे (अन्नइ.);	to boil, to bake;
		3. कच्चे फलों के सम्बन्ध में ऐसी क्रिया करना जिससे वे मीठे और मुलायम होकर खाने योग्य हो जाएं;	पिकविणे (फळ);	to ripen;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. कच्ची मिट्टी के बने बरतनों तथा अन्य वस्तुओं को आग में रखकर मजबूत करना जिससे वे सहज में टूटें या गलें नहीं;	मातीची भांडी इ. आव्यात भाजणे;	to season;
		5. फोड़े आदि को पुलटिस बांधकर इस प्रकार मुलायम करना कि दूषित अंश ऊपर की त्वचा फाड़कर निकल सके।	फोड इ. पिकविणे (पोटीस बांधून)	to put (apply) poultice on a boil so that the pus may come out.
पकौड़ी	स्त्री.	घी या तेल में तली हुई बेसन या पिट्ठी की बड़ी।	तळून केलेला वडा	a kind of dish made of peasemeal, pastry filled with pease-meal.
पक्का (स्त्री. पक्की)	वि.	1. अच्छी तरह से पक्का या पकाया हुआ;	पक्का, पिकलेला, पिकविलेला;	ripe;
		2. हर तरह से निश्चित और पूरा;	टिकाऊ, टिकणारा;	permanent, lasting;
		3. चतुर, दक्ष या प्रवीण;	प्रवीण, निपुण;	expert;
		4. दृढ़, निश्चित, स्थिर।	मजबूत, दृढ़, स्थिर	strong, fix, firm.
पक्व	वि.	1. पका या पकाया हुआ,	पक्व, शिजलेला, भाजलेला;	cooked, roasted;
		2. पक्का।	पिकलेला, मुरलेला	ripe, mature.
पक्वता	स्त्री.	पक्व होने की अवस्था या भाव।	पक्वता, पिकलेपणा, प्रौढता	ripeness.
पक्वान्न	पुं.	पकाई हुई भोज्य वस्तु, पकवान।	पक्वान्न, शिजलेले—तयार केलेले अन्न	cooked or dressed food.
पक्वाशय	पुं.	पेट का वह भीतरी भाग जहां खाया हुआ अन्न जाकर पचता है।	पचनेन्द्रिय, जठर	the stomach.
पक्ष	पुं.	1. जीव--जन्तुओं और मनुष्यों की दाहिनी या बाईं ओर का पार्श्व;	पक्ष, पंख;	side;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. पक्षियों का डैना;	बाजू;	wing ;
		3. चान्द्रमास के दो बराबर भागों में से प्रत्येक भाग जो प्राय: 15 दिनों का होता है;	पंधरवडा;	fortnight;
		4. किसी विचार, सिद्धांत या तथ्य आदि का एक अंग, एक पहलू;	पैलू, अंग;	aspect;
		5. किसी विषय के सम्बन्ध में विभिन्न मत रखनेवालों का विशिष्ट वर्ग या दल;	गट, फळी;	party;
		6. किसी प्रकार की प्रतियोगिता, विवाद आदि में सम्मिलित होने वाले दलों में से प्रत्येक दल।	दोन प्रतिपक्षीयांपैकी प्रत्येक	team.
पक्षधर	पुं.	विवाद आदि में किसी का पक्ष लेने वाला।	पक्षपाती, बाजू घेणारा, समर्थक	supporter.
पक्षपात	पु.	न्याय, अन्याय का विचार त्यागकर अनुचित रूप से किसी पक्ष के प्रति होने वाली अनुकूल वृत्ति।	पक्षपात, समर्थन तरफदारी	partiality, favouritism.
पक्षपाती	वि.	पक्षपात करने वाला।	पक्षपाती, एक बाजूचा समर्थक	partial, partisan.
पक्षाघात	पुं.	एक प्रकार का वात रोग जिसमें शरीर का दायां या बायां पार्श्व पूर्णत: बेकाम और शिथिल हो जाता है।	पक्षघात, लकवा, अर्धांगवायु	paralysis (of one side), hemiplegia.
पक्षी	पु.	चिड़िया।	पक्षी	bird.
पखवाड़ा (पखवारा)	पु.	महीने का आधा भाग, पंद्रह दिनों का समय।	पंधरवडा	fortnight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पखारना	स.क्रि.	पानी से धोना, धोकर साफ करना।	धुवुन काढणे	to wash, to cleanse
पखावज	स्त्री.	मृदंग के आकार–प्रकार का परन्तु उससे छोटा एक प्रकार का बाजा।	पखवाज, मृदुंग	a kind of drum.
पखावजी	वि.	1. पखावज सम्बन्धी; 2. पखावज बजाने वाला।	पखवाज संबंधी; पखवाजी	pertaining to pakhawaj; one who beats or plays on the pakhawaj.
पग	पु.	पैर, पांव, डग।	पाय, कदम .	foot, pace.
पगडंडी	स्त्री.	मनुष्यों के चलने से जंगल, खेत या मैदान में बना हुआ पतला रास्ता।	पायवाट	footpath, track.
पगड़ी	स्त्री.	1. सिर पर लपेटकर बांधा जाने वाला लंबा कपड़ा; 2. दुकान, मकान आदि किराए पर लेते समय उसके मालिक को अनुकूल एवं संतुष्ट करने के लिए अवैध रूप से दिया जाने वाला धन।	पगडी (डोक्यावर घालण्याची); पागडी, घर इ. भाड्याने घेण्याकरिता दिलेली लाच	a variety of turban; gratification money for letting out a house.
पगली	स्त्री.	पागल स्त्री।	वेडी	mad (woman.)
पगहा	पुं.	ढोर बांधने की रस्सी।	दावे	a rope fastened round the neck or foot of an animal, a fetter.
पगार	पु.	1. वेतन; 2. पैरों से कुचलकर जोड़ाई के काम के लिए तैयार किया गया गारा।	पगार, वेतन; गारा	wages, salary; wet earth or clay for building or plastering a wall.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पचड़ा	पुं.	व्यर्थ की झंझट, बखेड़ा।	बखेडा, झंझट		trouble, mess.
पचना	अ.क्रि.	1. पचाया जाना, हजम होना, खपना;	पचणे, पचन होणे;		to be digested;
		2. अधिक परिश्रम से क्षीण होना।	राबून झिजणे		to labour hard, take pains.
पचपन	वि.	जो गिनती में पचास से पांच अधिक हो।	पंचावन्न		fiftyfive.
	पु.	पचपन की बोधक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–55.	पंचावन्नाचा आकडा		fiftyfive.
पचहत्तर (पछत्तर)	वि.	जो गिनती में सत्तर से पांच अधिक हो।	पंचाहत्तर		seventyfive.
	पुं.	पचहत्तर की बोधक संख्या जो कि इस प्रकार लिखी जाती है–75.	पंचाहत्तरचा आकडा		seventyfive.
पचाना	स.क्रि.	1. खाई हुई वस्तु का पक्वाशय की अग्नि से रस में परिणत करना;	पचविणे;		to digest;
		2. दूसरों का माल हजम करना;	हडप करणे, गिळंकृत करणे;		to do away with the property of another dishonestly or wrongfully, to embezzel;
		3. एक पदार्थ का दूसरे पदार्थ को अपने में समा लेना या विलीन कर लेना।	आपल्यात मिसळून घेणे		to assimilate.
पचास	वि.	जो गिनती में चालीस से दस अधिक हो।	पन्नास		fifty.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	पचास की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है–50.	पन्नासा चा आकडा	fifty
पचासी	वि.	जो गिनती में अस्सी से पांच अधिक हो।	पंचाऐंशी	eightyfive.
	पुं.	पचासी की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है–85.	पंचाऐंशीचा आकडा	eightyfive.
पच्चर (पच्चड़)	पुं.	1. बांस, लकड़ी आदि का वह छोटा पतला टुकड़ा जो दो काठ की चीजों में दरार को भरने के लिए ठोका जाता है;	पावर;	a slip of wood used to fill up a crevice or opening;
		2. अड़चन, बाधा, रुकावट।	अडथळा, बाधा, विघ्न	obstacle.
पच्चीकारी	स्त्री.	एक पदार्थ में दूसरे पदार्थ की जड़ाई करने की क्रिया या भाव।	जडावाचे काम	mosaic work, inlay work.
पच्चीस	वि.	जो गिनती में बीस से पांच अधिक हो।	पंचवीस	twentyfive.
	पुं.	पच्चीस की बोधक संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है– 25.	पंचवीसाचा आकडा	twentyfive.
पछताना	अ.क्रि.	अनुचित कार्य करने के बाद में उसके लिए दु:खी होना, पश्चाताप करना।	पस्तावणे, पश्चाताप करणे, –पावणे	to repent.
पछतावा	पुं.	किसी कार्य के अनौचित्य के बोध से होनेवाली आत्मग्लानि, पश्चाताप।	पस्तावा, पश्चाताप	repentance, remorse, regret.
पछाहीं	वि.	1. पछांह सम्बन्धी;	पश्चिमी;	pertaining to the west;
		2. जो पछांह अर्थात् पश्चिम प्रदेश में रहता हो या होता हो।	पाश्चिमात्य	one who lives in the west or is in the west.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पछाड़	स्त्री.	1. शोक में मूर्छित होकर पीठ के बल गिर पड़ना, शोक मे विह्वल होकर खड़े–खड़े गिर पड़ना;	मूर्च्छा येऊन पाठीवर आपटणे;	falling back in a swoon.
		2. पछाड़े जाने की क्रिया या भाव।	आपटी खाण्याची क्रिया	the act of falling.
पछाड़ना	स.क्रि.	1. कुश्ती आदि में किसी को जमीन पर चित्त गिराना;	जमिनीवर आपटणे;	to throw down;
		2. किसी को प्रतियोगिता आदि में पराम्त करना।	चीत करणे, पराजित करणे	to defeat.
पछीत	स्त्री.	मकान का पिछवाड़ा, पीछे का भाग।	घराची मागची भिंत, घराचे परसू	rear wall or part of a house.
पछुआ	वि.	पश्चिम से आने वाली (वायु)।	पश्चिमेकडील (वारा)	westerly (wind).
पछोड़न	स्त्री.	अनाज पछोड़ने पर निकलने वाला कूड़ा–करकट।	तूस, उपजण्यात–पाखडण्यात वाऱ्याने उडणारा भुसा इ.	the chaff which flies off in winnowing.
पछोड़ना (पछोरना)	स.क्रि.	अनाज आदि को सूप में रखकर इस प्रकार उछालना और हिलाना कि उससे कूड़ा–करकट निकल कर अलग हो जाए।	उपणणे, वारा देणे, पाखडणे	to winnow (with a basket used for the purpose).
पजावा	पुं.	ईंट पकाने का भट्टा।	आला (कुंभाराचा)	brick-kiln.
पट	पुं.	1. वस्त्र, कपड़ा;	पट, वस्त्र, कपडा;	garment, raiment, cloth;
		2. रंग–मंच का परदा;	पडदा, (रंगमंचाचा);	screen (of the stage);
		3. दरवाजा।	दरवाजाची फळी	a door panel.
	वि.	1. जो पेट के बल स्थित हो, औंधा;	पोटावर पडलेला, पालथा;	laying flat;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. बिलकुल खाली पड़ा हुआ जिसमें या जिस पर कुछ भी न हो;	रिकामा, मोकळा;	empty;
		3. चौपट, बरबाद।	नष्ट, सत्यानाश झालेला	wiped out, destroyed.
	अव्य.	अतिशीघ्र, तत्काल।	पटकन्, झटकन्	quick.
पटकना	स.क्रि.	1. किसी व्यक्ति या वस्तु को उठाकर झोंके के साथ पृथ्वी आदि पर गिराना;	आपटणे;	to throw (one) down with violence;
		2. अपना कोई अंग जोर से किसी तल पर गिराना या रखना;	खाली टाकणे, आदळणे;	to throw down;
		3. कुश्ती में प्रतिद्वन्द्वी को जमीन पर गिराना या पछाड़ना।	(कुस्तीत) खाली पाडणे	to knock down.
	अ.क्रि.	सूजन आदि का दबकर कम होना।	सूज बसणे, –कमी होणे	to abate, go down or subside (as swelling or tumour).
पटकनी	स्त्री.	पटकने की क्रिया या भाव, पटकान।	खाली आदळून टाकण्याची क्रिया (कुस्तीत)	a throw or fall (in wrestling etc.), a knock-down.
पटका	पुं.	कमर में बांधने का दुपट्टा कमरबंद।	कमरेचा दुपट्टा, कमर बंद	a cloth worn round the waist, girdle (specially of cloth).
पटना	अ.क्रि.	1. पाटा जाना, भर जाना;	भरणी;	to be filled with;
		2. स्वभाव आदि में समानता होने के कारण आपस में बनना, अच्छे सम्बन्ध होना;	एकमेंकाचे जमणे;	agreeable relations;
		3. लेन–देन व्यवहार आदि में दोनों पक्षों के ब्यौरे की बातों में सहमति होना।	पटणे, एखाद्या गोष्टीत एकमेंकाचे जमून निकाल लागणे	to agree (on certain things), to settle a matter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पटरा	पु.	1. काठ का लम्बा चौकोर और चौरस चीरा हुआ टुकड़ा, तख्ता;	फळी, तक्ता;	a plank;
		2. खेत की मिट्टी बराबर करने का पाटा।	कुळव	a long thick plank used as a harrow,
पटरानी	स्त्री.	राजा की प्रायः प्रथम और प्रमुख पत्नी।	पट्टराणी	queen consort.
पटरी	स्त्री.	1. छोटा पटरा;	लहानशी फळी;	a small wooden plank;
		2. सड़क के दोनों किनारों पर ऊँचा और संकरा स्थान जो पैदल चलने वालों के लिए होता है;	पादचारी मार्ग, "फूटपाथ"	rail, pedestrian footpath on either side of the road, a wooden strip;
		3. नहर के किनारों का रास्ता;	कालव्याच्या काठा वरील रस्ता;	the banks of a canal;
		4. लोहे के लम्बे छड़ जिन पर रेलगाड़ी चलती है।	रुळ	rails, railtrack.
पटल	पु.	1. छत, छाजन;	छप्पर;	roof, thatch;
		2. लकड़ी का तख्ता;	मेज;	table, a wooden plank;
		3. तह, परत;	थर;	layer.
		4. (पा.) संसद या विधान–सभा की बेन्च।	संसदेतील अथवा विधान सभेतील बाक,बैठक	(tech.) desk in parliament or legislative assembly.
पटवारी	पु.	गांव की जमीन और उसकी मालगुजारी का लेखा रखने वाला एक सरकारी कर्मचारी।	पटवारी, तलाठी	a govt. functionary at the village level who keeps land records.
पटसन	पु.	1. सन या सनई नामक एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से रस्सी, बोरे, गलीचे आदि बनाए जाते हैं;	ताग;	jute, sunn.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्त पौधों के रेशे।	तागाचे तंतू	sunn, hemp.
पटाक्षेप	पु.	1. परदा गिरना या गिराना;	रंगमंचाचा पडदा खाली पाडण्याची किंवा दूर करण्याची क्रिया;	ringing down the curtain or pushing aside of the stage curtain;
		2. किसी घटना या बात की होनेवाली समाप्ति।	एखादी बाब मिटणे	closing of an affair.
पटाखा (पटाका)	पु.	1. आतिशबाजी में एक प्रकार की गोली जिसे जमीन पर पटकने से जोर का शब्द होता है;	फटाका;	cracker;
		2. आतिशबाजी में होने वाला उक्त प्रकार का शब्द।	फटाक्याचा बार	the report of a cracker.
पटान	स्त्री.	पाटने की क्रिया या भाव।	पटणूक, बाब मिटण्याची, अवस्था	the act of settiing a thing.
पटाना	स.क्रि.	1. पाटने का कार्य किसी अन्य से कराना;	मिटवायला लावणे;	to get the thing settled by someone;
		2. बातचीत के द्वारा किसी को अपने अनुकूल करके क्रय-विक्रय आदि के लिए राजी करना।	समजाविणे, समजावून सौद्याला तयार करणे	to settle, to conclude, to persuade, to bring round.
पटाव	पुं.	1. पाटने की क्रिया, ढंग या भाव;	छप्पर करण्याचे काम. त्याची पद्धत;	roofing, (the work) covering;
		2. पाटकर बराबर किया हुआ स्थान।	सपाट केलेली जागा	a levelled place.
पटिया	स्त्री.	1. पत्थर का आयताकार चौरस या लंबोतरा टुकड़ा जो साधारणतः डेढ़ दो इंच से कम नहीं होता;	लाकडी किंवा दगडी चौकीनी किंवा लांबट तुकडा;	wooden or stone slab;
		2. काठ की तख्ती जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं;	फळा, तक्ता (मुलांना लिहिण्याचा);	a slip of board (used as a slate for writing on), tablet, slate;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. खाट की पाटी।	खाटेची एका बाजूची फळी	the sides of a charpai (cot).
पटु	वि.	कुशल, निपुण, प्रवीण।	पटु, प्रवीण, निपुण, कुशल	skilled, dexterous.
पटुआ	पु.	पाट या सन का पौधा।	तागाचे रोप	the plant Hibiscus Cannabinus, Jute.
पटुता	स्त्री.	कुशलता, निपुणता।	पटुता, प्रवीणता, प्रावीण्य नैपुण्य	skilfulness, cleverness.
पट्ट	पु.	लकड़ी आदि का वह बड़ा टुकड़ा जिस पर नाम आदि लिखा जाता है अथवा सूचनाएं आदि लगाई जाती हैं।	फळा, नामफलक	plate, board.
पट्टा	पु.	1. (पा.) अचल संपत्ति के उपयोग का अधिकार पत्र;	पट्टा, सनद, कबुलायत;	title deed, lease;
		2. पालतू कुत्ते, बिल्ली आदि के गले में पहनाई जाने वाली चमड़े की पट्टी;	(कुत्र्याच्या इ.) गळ्यातला पट्टा;	dog - collar;
		3. चमड़े का कमरबंद;	कमरपट्टा (चामड्याचा);	belt (leather);
		4. बैठने के लिए बना हुआ काठ का पटरा।	पाट (बसण्याचा)	a board on which Hindus sit whilst eating their meals.
पट्टाधारी	पु.	(पा.) व्यक्ति जिसने किसी निश्चित अवधि के लिए कुछ शर्तों पर जमीन या सम्पत्ति भोग्यार्थ प्राप्त की हो।	पट्टा किंवा सनद मिळालेला, सनदी, कबुलायत	lease-holder.
पट्टी	स्त्री.	1. लकड़ी की लंबी और चौरस पटरी जिस पर बच्चे लिखने का अभ्यास करते हैं;	लाकडी पातळ फळी (लिहीण्याकरिता);	wooden plate (for beginners to write on);
		2. बुरी नीयत से दी जाने वाली सलाह;	बदसल्ला;	misguidance;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. कपड़े, काठ, धातु आदि का लम्बोतरा, कम चौड़ा और पतला टुकड़ा;	पट्टी;	strap, strip;
		4. मध्ययुग में किसी संपत्ति अथवा उससे होनेवाली आय का वह अंश जो उसके हिस्सेदार को मिलता था।	जमिनीच्या इ. मालमत्तेतील हिस्सा	co-share (particularly in landed property).
पट्टीदार	पुं.	(पा.) संयुक्त संपत्ति के किसी भाग का स्वामी, बराबर का हकदार।	हिस्सेदार, भागीदार	co-sharer, partner.
पट्टेदार	पुं.	भागी, हिस्सेदार (जमीन आदि में)।	हिस्सेदार	co-sharer, partner, (in landed property etc.).
पट्ठा	पुं.	1. कुश्ती लड़नेवाला या पहलवान;	पहिलवान;	wrestler;
		2. एक प्रकार का चौड़ा गोटा;	किनार, गोट;	lace, broad brocade;
		3. किसी प्रकार का हलदार मोटा और लंबा पत्ता।	लांबट टोकदार पान	a long pointed leaf.
पठन	पुं.	पढ़ने की क्रिया या भाव, पढ़ना।	पठण, वाचन	reading.
पठन-पाठन	पुं.	पढ़ना और पढ़ाना।	अध्ययन—अध्यापन	reading and studying.
पठार	पुं.	वह ऊंचा विस्तृत मैदान जो समीपवर्ती निचले प्रदेशों में ढालुए अंश से मिला रहता है तथा जिसका ऊपरी भाग बहुत अधिक चौड़ा तथा चपटा होता है।	पठार	plateau.
पड़ता	पुं.	1. किसी माल की खरीद या तैयारी का खर्च;	लागत, मूळ किंमत;	purchase or manufacturing cost;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. बिक्री के दामों में से लागत निकाल कर होने वाली बचत।	बिक्री किंमतीतून लागत वजा करून उरलेली रक्कम, नफा	dividend.
पड़ताल	स्त्री.	1. अच्छी तरह की जाने वाली छानबीन या देखभाल;	तपास;	investigation;
		2. पटवारी या कानूनगो द्वारा की जानेवाली खेतों की एक विशेष प्रकार की जांच जिसमें बोई हुई फसल बोनेवाले का नाम, सिंचाई आदि का ब्यौरा लिखा जाता है।	पीक पाहणी पत्रक	remeasurement (of a field).
पड़ती (परती)	स्त्री.	वह खेत जिसे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के उद्देश्य से किसी विशिष्ट ऋतु में जोता-बोया न गया हो।	पडीत जमीन, खराब जमीन	uncultivated or fallow land, waste-land.
पड़ना	अ.क्रि.	1. गिरना;	पडणे;	to drop;
		2. शरीक होना;	सामील होणे;	to participate;
		3. बिना उद्देश्य के कहीं टिकना, ठहरना;	मुक्काम टाकणे;	to halt, encamp, camp;
		4. लेटना;	निजणे, पहुडणे;	to lie down;
		5. बीमार होना;	आजारी होणे;	to fall ill;
		6. उत्कट अभिलाषा अथवा प्रवृत्ति का होना।	मागे लागणे	to be keen (after), to hanker (after).
पड़वा	पु.	प्रत्येक पक्ष की प्रथम तिथि।	पाडवा, प्रतिपदा	the first day of each lunar fortnight.
पड़ाव	पु.	1. मार्ग में पड़ने वाला वह स्थान जहां यात्री रात बिताने, विश्राम आदि करने के लिए रुकते हैं;	पडाव, मुक्कामाचे ठिकाण;	halting place;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. सेना, काफिले आदि का मार्ग में कुछ समय के लिए कहीं ठहरना।	मुक्काम	encampment.
पड़िया	स्त्री.	भैंस का मादा बच्चा।	रेडकू	she-calf of a buffalow, a young buffalo.
पड़ोस (पड़ौस)	पु.	किसी प्रदेश, स्थान आदि से सटा हुआ अथवा उसके आसपास का स्थान।	शेजारचा प्रदेश	neighbourhood, vicinity.
पड़ोसिन	स्त्री.	पड़ौस में रहनेवाली स्त्री।	शेजारीण	a female neighbour.
पड़ोसी (पड़ौसी)	पु.	पड़ौस में रहनेवाला।	शेजारी	neighbour.
पढ़ना	स.क्रि.	1. लिखे हुए अक्षरों या शब्दों का क्रम से उच्चारण करना;	वाचणे;	to read;
		2. अंकित, मुद्रित या लिखित चिह्नों, वर्णों आदि को देखते हुए उनका अर्थ और आशय जानना तथा समझना;	अक्षरे उलगडणे, ती समजून बोलणे;	to make out, to decipher, to talk;
		3. किसी विषय या शास्त्र के बारे में जानने के लिए उसका विधिवत् अध्ययन करना;	अभ्यास, अध्ययन--करणे;	to study;
		4. नया सबक सीखना।	(नवे) शिकणे	to learn (new thing).
पढ़वाना	स.क्रि.	किसी को पढ़ने या पढ़ाने में प्रवृत्त करना।	वाचायला--शिकायला लावणे प्रवृत्त करणे	to cause (one) to be taught.
पढ़ाई	स्त्री.	1. पढ़ने की क्रिया या भाव;	अध्ययन;	study;
		2. पढ़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक;	शिक्षण शुल्क;	tuition fee;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. पढ़ाया जानेवाला विषय या सिखलाई जानेवाली कला।	शिक्षण;	education, learning.
पढ़ाना	स.क्रि.	शिक्षा देना, कोई विषय या बात सिखाना।	शिकवणे, शिक्षण देणे	to teach, to instruct.
पणन	पु.	1. खरीदने, बेचने की क्रिया;	बाजारहाट, सौदा;	purchasing, buying;
		2. बाजी या शर्त लगाने की क्रिया या भाव।	पण–पैज–लावणे	betting.
पण्य	पु.	1. विक्रय वस्तु, सौदा;	विक्री करण्याची वस्तू;	saleable thing, commodity;
		2. व्यापार, रोजगार;	सौदा, व्यापार;	trade, business;
		3. दुकान।	दुकान	shop.
	वि.	क्रय-विक्रय के योग्य।	विक्री करण्यायोग्य, विक्रेय	marketable.
पतंग	पु.	1. सूर्य;	सूर्य;	the sun;
		2. चिड़िया, पक्षी।	पक्षी	bird.
	स्त्री.	बांस की कमानियों के ढाँचे पर कागज मढ़कर बनाई हुई वस्तु जिसे तागे से बांधकर हवा में उड़ाते हैं।	पतंग, वावडी	paper kite.
पतंगबाज	पु.	जिसे पतंग उड़ाने का शौक या व्यसन हो।	पतंगाचा शौकीन	kite-flier.
पतंगा	पु.	1. एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा;	पतंग, उडणारा किडा;	moth;
		2. चिनगारी।	ठिणगी, निखारा	a spark (of fire), a live coal.
पतझड़	पु.	1. शिशिर ऋतु जिसमें पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं;	शिशिरऋतु, पानेगळून पडण्याचा मौसम, पानखर ऋतू;	autumn;
		2. उन्नति के उपरांत होनेवाला ह्रास।	उतरती कळा	defoliation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पतन	पुं.	1. ऊपर से नीचे आने या गिरने का भाव, अधोगति;	पतन, खाली पडण्याची क्रिया, –पडलेली अवस्था;	downfall, fall;
		2. स्तुत्य आचरण को छोड़कर हीन आचरण में प्रवृत होना;	नैतिकह्रास;	falling from dignity, virtue;
		3. जाति, राष्ट्र आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उसकी प्रभुता और महत्ता नष्टप्राय हो जाए।	–ह्रास	decline.
पतला	वि.	1. कृश, संकरा, बारीक;	किडकिडीत, सडपातळ, बारीक;	thin, fine, flimsy;
		2. जो गाढ़ा न हो, जिसमें जलीय अंश का आधिक्य हो।	पातळ, द्रव	liquid, diluted.
पतवार	स्त्री.	नाव में पीछे की ओर लगी हुई वह तिकोनी लकड़ी जिसके द्वारा नाव को इधर-उधर घुमाते हैं और मोड़ते हैं।	सुकाणू	rudder, helm.
पता	पु.	1. किसी वस्तु, स्थान या व्यक्ति का ऐसा परिचय जो उसे पाने, ढूंढने या उसके पास तक समाचार पहुंचाने में सहायक हो;	पत्ता, ठावठिकाणा;	whereabouts;
		2. पत्र आदि की पीठ पर लिखा जाने वाला पाने वाले का नाम आदि जिसके सहारे वह उसके पास पहुंच जाता है;	नांवगांव;	address;
		3. किसी अज्ञात व्यक्ति, विषय आदि के संबंध में ऐसी जानकारी जो अभी तक प्राप्त न हुई हो और जिसे प्राप्त करना अभीष्ट या आवश्यक हो।	माहिती	information, knowledge.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेज़ी पर्याय
पताका	स्त्री.	लकड़ी आदि के डंडे के सिरे पर पहनाया जानेवाला वह तिकोना या चौकोना कपड़ा जिस पर प्रायः किसी राजा, राष्ट्र या संघ आदि का बोधक चिन्ह बना रहता है।	निशाण, पताका, झेंडा	flag, banner.
पता-ठिकाना	पुं.	दे. 'पता'।	"पता" पाहा	see 'पता'.
पति	पुं.	1. किसी वस्तु का मालिक या स्वामी,	स्वामी, मालक;	master;
		2. स्त्री की दृष्टि से वह पुरुष जिसके साथ उसका विधिवत् विवाह हुआ हो।	नवरा	husband.
पतित (स्त्री.पतिता)	वि.	1. ऊपर से नीचे आया या गिरा हुआ;	खाली पडलेला, आलेला;	dropped, descended;
		2. जाति, धर्म, आचार आदि से च्युत;	नैतिक-ह्रास झालेला;	fallen (in a moral sense);
		3. बहुत बड़ा अधम,नीच या पापी।	पापी	wicked, sinner.
पतिव्रत	पुं.	पति के प्रति अनन्य निष्ठा या भक्ति।	पतिनिष्ठा	fidelity to husband, chastity.
पतिव्रता	वि.	पति में अनन्य श्रद्धा, अनुराग रखनेवाली साध्वी स्त्री।	पतीविषयी एकनिष्ठ असणारी	faithful wife, virtuous wife.
पतीला	पुं.	तांबे, पीतल, आदि का ऊचें तथा खड़े किनारेवाला और गोल घेरेवाला एक प्रसिद्ध बरतन।	पातेले	copper or brass pot or pan with a wide mouth, cauldron.
पतीली	स्त्री.	छोटा पतीला।	लहान पातेले	cooking vessel, kettle.
पतुरिया	स्त्री.	वेश्या, कुलटा, दुश्चरित्रा।	वेश्या	prostitute, harlot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पतोहू	स्त्री.	पुत्रवधू।	सून	son's wife, daughter-in-law.
पत्तन	पु.	1. वायु अथवा जलपोतों के ठहरने का स्थान;	बंदर;	port;
		2. नगर, शहर।	शहर	town, city.
पत्तल	स्त्री.	1. पलाश, महुए आदि के पत्तों की सींकों से जोड़कर थाली के सदृश बनाया हुआ गोलाकार आधार;	पत्रावळ;	plate made of leaves;
		2. पत्तल में रखी हुई खाद्य सामग्री;	पत्रावळीवर वाढलेले अन्न;	food served on such a plate;
		3. उतना भोजन जितना एक साधारण आदमी करता हो।	एका माणसाला पुरेल एवढे अन्न	a meal sufficient for a person.
पत्ता	पु.	1. पेड़ों की शाखाओं में लगने वाले चपटे पतले लचीले अवयव जिनके कारण छाया होती है;	पान;	leaf;
		2. ताश।	पत्ता (खेळण्याचा)	playing cards.
पत्ती	स्त्री.	1. छोटा पत्ता;	लहानसे पान;	small leaf,
		2. साझे का हिस्सा;	पाती, भाग, हिस्सा;	share;
		3. लकड़ी, धातु आदि का छोटा पत्ता।	धातुचा पातळ पत्रा	a leaf or thin plate (of metal).
पत्थर	पु.	1. धातु से भिन्न कड़ा ठोस और भारी भूद्रव्य जो प्रायः खानों या पर्वतों को काटकर निकाला जाता है;	फत्तर, दगड;	stone;
		2. पत्थर के समान कड़ा और भारी।	दगडासारखा, जड व कठिण	hard and heavy.
पत्नी	स्त्री.	पुरुष की दृष्टि से वह स्त्री जिसके साथ उसका विवाह हुआ हो, भार्या।	पत्नी, बायको	wife.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पत्नीव्रत	पु.	विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त अन्य किसी स्त्री से सम्बन्ध न रखने का व्रत।	एक पत्नीव्रत, पत्नी निष्ठता	vow to be loyal to one's wife, fidelity (to one's wife).
पत्र	पु.	1. वृक्ष का पत्ता;	पत्र, पान (झाडाचे);	leaf (of a tree);
		2. चिट्ठी;	चिट्ठी, लिहून पाठविलेला मजकूर;	letter ;
		3. किसी धातु की पट्टी या पत्तर;	धातूची पातळ पट्टी;	any thin leaf or plate of metal;
		4. पुस्तक आदि का पृष्ठ, पन्ना;	पुस्तकांचे पृष्ठ;	page;
		5. कागज या धातु की पट्टी जिस पर किसी व्यवहार के विषय में कोई प्रामाणिक लेख लिखा हो या खुदवाया गया हो;	कागद किंवा पातळ धातूचा पत्रा;	paper;
		6. समाचारपत्र या अखबार;	वृत्तपत्र;	newspaper;
		7. पंख।	पंख, पीस	the wing of a bird, pinion, feather.
पत्रकार	पु.	वह व्यक्ति जो समाचारपत्रों को नित्य नए समाचारों की सूचना देता, उन पर टीका-टिप्पणी करता अथवा उनको सम्पादित करता हो।	पत्रकार, वृत्तपत्र चालविणारा किंवा त्यात लिहिणारा लेखक, संपादक	journalist.
पत्रकारिता	स्त्री.	1. पत्रकार होने की अवस्था या भाव;	पत्रकारचा पेशा;	state of being a journalist;
		2. वह विद्या जिसमें पत्रकारों के कार्यों, कर्त्तव्यों आदि का विवेचन होता है।	वृत्तपत्रविद्या	journalism.
पत्र-पत्रिका	स्त्री.	दैनिक समाचार-पत्र एवं मासिक, पाक्षिक अथवा साप्ताहिक प्रकाशित होने वाले प्रकाशन।	वृत्तपत्रे, मासिके, नियतकालिके इ.	periodicals, (magazines etc.)
पत्र-पुष्प	पु.	1. सामान्य या तुच्छ उपहार;	लहानशी भेट, फूल ना फुलाची पाकळी (लाक्ष.);	token gift etc:

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. सत्कार या पूजा की बहुत ही साधारण सामाग्री।	सत्काराची किंवा पूजेची नित्याची सामग्री	token of hospitality.
पत्रमित्र	पु.	दूरस्थ ऐसे व्यक्ति जिनकी मित्रता पत्रव्यवहार के कारण ही होती है, साक्षात्कार के कारण नहीं।	पत्राने जोडलेला मित्र	pen-friend.
पत्रवाहक	पुं.	पत्र ले जानेवाला।	पत्र घेऊन जाणारा	bearer of letter, postman.
पत्रव्यवहार	पु.	परस्पर एक दूसरे को पत्र लिखना अथवा आए हुए पत्रों के उत्तर देना।	पत्रव्यवहार	correspondence.
पत्रा	पुं.	पंचांग, तिथि-पत्र।	पंचांग	almanac, ephemeris, calendar.
पत्राचार	पु.	पत्रव्यवहार।	पत्रव्यवहार	correspondence.
पत्रिका	स्त्री.	1. प्रायः नियमित रूप से निकलने वाली ऐसी पुस्तिका जिसमें विभिन्न विषयों पर लेख, कहानियां आदि होती हैं;	नियतकालिक (मासिक इ.);	magazine, periodical, journal;
		2. चिट्ठी, खत;	पत्र;	letter;
		3. कोई छोटा लेख।	कागदपत्र, दस्तऐवज	document.
पत्री	स्त्री.	1. चिट्ठी, खत; 2. कोई छोटा लेख।	पत्र, चिठी; कागदपत्र, दस्तऐवज	note, letter; document.
पथ	पु.	1. मार्ग, रास्ता, राह; 2. कार्य या व्यवहार की पद्धति।	पथ, मार्ग, रस्ता; पद्धती	path, way, road; method.
पथ-प्रदर्शक	पु.	राह दिखाने वाला, किसी कार्य या व्यवहार की पद्धति बताने वाला।	मार्गदर्शक	guide.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पथ-प्रदर्शन	पु.	पथ-प्रदर्शन का कार्य या भाव।	मार्गदर्शन	guidance.
पथभ्रष्ट	वि.	1. जो मार्ग भूल गया हो;	मार्गच्युत, भरकटलेला, रस्ता चुकलेला;	one who has gone out of track;
		2. न्याय मार्ग अथवा आचरण से विमुख।	नीति सुटलेला	fallen.
पथराना	अ.क्रि.	1. सूखकर पत्थर की तरह कड़ा हो जाना;	सुकून कठिण होणे;	to become hard;
		2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतना-शून्य हो जाना, जड़ हो जाना।	दगडा सारखे जड–चेतनाशून्य होणे, ताठणे	to harden into stone;
पथराव	पु.	1. किसी पर बार-बार पत्थर के टुकड़े फेंके जाने की क्रिया;	दगडफेक;	stoning, pelting stones;
		2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतनाशून्य होने की दशा या भाव।	दगडासारखे ताठून–चेतना शून्य व स्तब्ध होण्यांची क्रिया	condition or state of being stony.
पथरी	स्त्री.	एक प्रकार का रोग जिसमें मूत्राशय में पत्थर के टुकड़ों के समान कोई चीज उत्पन्न हो जाती है जिसके फलस्वरूप पेशाब रुक रुक कर और कष्ट से होता है, कभी-कभी बन्द भी हो जाता है।	मूतखडा	stone.
पथरीली	वि.	जिसमें पत्थर के टुकड़े मिले हों, पत्थर के टुकड़ों से युक्त।	खडकाळ	stony, rocky.
पथिक	पु.	बटोही, राही।	प्रवासी, वाटसरु	traveller, wayfarer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पथ्य	वि.	1. (आहार-व्यवहार) जो स्वास्थ्य, विशेषतः रोगी की स्वास्थ्य-रक्षा के विचार से आवश्यक या उचित हो;	रोग्याला किंवा आरोग्याला हितकर असणारा (आहार इ.);	light (meal, diet);
		2. लाभदायक, हितकर।	हितकर, लाभदायक	proper, suitable.
	पुं.	1. वह हल्का भोजन जो अस्वस्थ या रोगी व्यक्ति को दिया जाए;	रोग्याला हितकर असा आहार;	wholesome food (for a patient);
		2. स्वास्थ्य के लिए हितकर खानपान और रहन-सहन।	आरोग्याला हितकर असा	diet conducive to health.
पथ्यापथ्य	पुं.	रोग की अवस्था में हितकर और अहितकर।	आचार (आहार इ.)	wholesome and unwholesome.
पद	पुं.	1. कदम, पांव, पैर;	पाय, पाऊल;	foot, footstep, step;
		2. चलते समय दो पैरों के बीच में होने वाली दूरी;	कदम;	pace, stride;
		3. जगह, स्थान;	स्थान;	place;
		4. छंद, श्लोक आदि का चतुर्थांश;	श्लोक इ. चा चरण;	a quarter or line of stanza, verse;
		5. वाक्य का अंश या खंड;	वाक्याचा अंश वा विभाग;	part, portion or division (as of a sentence);
		6. वह स्थान जिस पर रहकर कोई विशिष्ट कार्य करता हो, ओहदा, उपाधि।	दर्जा, हुद्दा	designation, status, rank, post.
पदक	पुं.	सोने, चांदी या किसी और धातु का बना हुआ वह गोल या चौकोर टुकड़ा जो किसी व्यक्ति अथवा समाज को विशिष्ट योग्यतापूर्ण कार्य करने पर उसका सम्मान करने के लिए दिया जाता है, तमगा।	पदक	medal.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पदचिह्न	पु.	चलने से जमीन पर पड़नेवाली छाप।	पावलाची खूण	foot-print, foot-mark.
पदच्युत	वि.	जो अपने पद या दर्जे से हटा दिया गया हो, जिसका पद छीन लिया गया हो।	पदभ्रष्ट, स्थान भ्रष्ट, अधिकार भ्रष्ट, अधिकारावरुन काढून टाकलेला	dismissed, discharged from office.
पद-त्याग	पु.	अपना पद या ओहदा छोड़ देना।	स्थान-हुद्दा-अधिकाराचा त्याग, --सोडूनदेणे	renunciation, abandonment of an office.
पद-दलित	वि.	1. पैरों से कुचला या रौंदा हुआ; 2. जिसे समाज ने दबाकर बहुत हीन अवस्था में रखा हो और उन्नति का अवसर न दिया हो।	पददलित, पायांखाली तुडविलेला, तुडविला जाणारा; दलित, खाली दाबून टाकलेला (समाज)	trodden under foot; down-trodden.
पदनाम	पु.	किसी पदाधिकारी के पद का सूचक नाम।	हुद्दा	designation.
पदयोजना	स्त्री.	पदों या शब्दों को जोड़ना, चुन-चुन कर रखना।	शब्दांची निवडून योजना, --मांडणी	arrangement of words.
पदविन्यास	पुं.	पदों या शब्दों के वाक्य में ठीक प्रकार से बैठाने या रखने की क्रिया या भाव।	शब्दांची वाक्यात योग्य प्रकारे मांडणी	disposition of words.
पदवी	स्त्री.	राज्य, संस्था आदि की ओर से किसी को दी जाने वाली आदर या योग्यता-सूचक उपाधि, खिताब।	पदवी	title.
पदाधिकार	पु.	किसी पद पर काम करने वाले को प्राप्त होनेवाला अधिकार।	पदाधिकार, अमुक पदावर असल्यामुळे मिळणारा अधिकार	the power which the person has while working in a certain capacity.
पदाधिकारी	पु.	वह जो किसी पद पर नियुक्त हो।	पदाधिकारी, हुद्यावर असणारा अधिकारी	officer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पदार्थ	पु.	1. चीज, वस्तु; 2. पद या शब्द का अर्थ।	पदार्थ, वस्तु; पदाचा–शब्दाचा–अर्थ	thing or object; meaning of a word.
पदार्पण	पु.	प्रवेश, आगमन।	पाऊल टाकणे, येणे, आगमन, प्रवेश	arrival, stepping-in.
पदावधि	स्त्री.	किसी पद पर किसी व्यक्ति के काम करते रहने की अवधि।	कारकीर्द, अमलाचा काल	tenure, term of office.
पदावनति	स्त्री.	ऊंचे पद से हटाकर नीचे पद पर कर दिया जाना।	खालच्या पदावर–हुद्यावर आणणे	reversion.
पदावली	स्त्री.	1. पदों या शब्दों की परम्परा, प्रयुक्त शब्द समूह; 2. गाये जानेवाले गीतों, भजनों आदि का संग्रह।	शब्दावली, शब्द परंपरा; पद्यावली, गीतसंग्रह	series of verses or words; collection of devotional songs.
पदेन	क्रि.वि.	पद पर रहने के नाते से, पद पर आरुढ होने के अधिकार से।	पदसिद्ध, पदामुळे, स्थानामुळे	ex-officio.
पदोन्नति	स्त्री.	पद की वृद्धि, तरक्की।	बढती (अधिकाराची)	promotion, rise in rank or status.
पद्धति	स्त्री.	1. पथ, मार्ग, रास्ता; 2. रीति, प्रणाली, तरीका।	मार्ग, रस्ता; रीत	path, road, course; method, system.
पद्म	पु.	1. कमल; 2. एक संख्या।	पद्म, कमळ; एक फार मोठी संख्या	lotus; a particular high number.
पद्मासन	पु.	एक प्रकार का योगासन जिसमें पालथी मारकर तनकर बैठते हैं।	पद्मासन	particular posture in religious meditation.
पद्य	पुं.	गुण, मात्रा आदि के नियमों के अनुसार होनेवाली साहित्यिक रचना, छंदोबद्ध रचना।	पद्य, छंदोबद्ध रचना	verse, poetry, a literary composition.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पधारना	अ.क्रि.	1. पदार्पण करना;	येणे, आगमन करणे, प्रवेश करणे;	to arrive, to sit, to sit down, to take a seat;
		2. गमन करना, चला जाना।	जाणे, निघून जाणे	(to go) set out.
पनघट	पु.	वह घाट जहां से लोग पानी भरते हैं।	पाणी भरण्याचा नदीचा घाट, पाणवठा	a place for drawing water,village well etc.
पनचक्की	स्त्री.	पानी के बहाव के जोर से चलनेवाली आटा आदि पीसने की चक्की।	पाणचक्की	water-mill, flour-mill.
पनडुब्बी	स्त्री.	पानी के अन्दर-अन्दर चलने वाला एक प्रकार का जहाज।	पाणबुडी	submarine.
पनपना	अ.क्रि.	1. फलना-फूलना, हराभरा होना;	वाढणे, जोर लागणे (रोप इ. ला);	to flourish;
		2. फिर से स्वस्थ होना;	प्रकृती चांगली होणे;	to recover;
		3. अच्छी स्थिति में आने लगना।	पाण्यावर उत्पन्न होणारी	to prosper.
पनबिजली	स्त्री.	पानी के प्रवाह से तैयार की जानेवाली बिजली।	बीज	hydro-electricity.
पनवाड़ी	पु.	तमोली, पान लगाकर बेचनेवाला।	तांबोळी, पाने—विडे —विकणारा	betel vendor.
पना	पुं.	भुने हुए आम, इमली आदि का बनाया जानेवाला एक प्रकार का खट्टा-मीठा शरबत।	पन्हे	a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc.
पनाह	स्त्री.	1. शत्रु आदि से बचाव, शरण;	आसरा;	refuge;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. बचाव या रक्षा की जगह, शरण लेने की जगह।	शरण	shelter.
पनिहारिन	स्त्री.	घरों में पानी भरने का काम करनेवाली।	पाणीभरणारी बाई	woman carrying waterpots on her head as a means of livelihood.
पनीर	पु.	फटे या फाड़े हुए दूध का गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकालने पर बचा रहता है, पानी निकालने के बाद दही का गाढ़ा भाग।	पनीर, दूध फाड्न बनविलेला चेथा, चक्का	cheese.
पन्ना	पु.	1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न;	पाच, पाचू;	emerald;
		2. पुस्तक आदि का पृष्ठ;	पुस्तकाचे पान;	leaf of a book;
		3. आम आदि का पना।	पन्हे	a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc.
पन्नी	स्त्री.	1. रांगे, पीतल आदि का पत्तर जिसे शोभा आदि के लिए अन्य वस्तुओं पर चिपकाते हैं;	बेगड;	plated multicoloured paper or thin layer used in decorating different things;
		2. एक तरह का रंगीन कागज।	रंगीत कागदाचा एक प्रकार	a kind of coloured paper.
पपड़ी	स्त्री.	1. किसी वस्तु की सूखकर ऐंठी हुई ऊपरी परत;	पापुद्रा, पोपडा;	thin crust;
		2. घाव का खुरंड;	खपली;	scale, dry incrustation formed over a healing wound;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. वृक्ष की सूखकर चिटकी हुई छाल।	झाडाची सुकलेली साल	bark.
पपीता	पु.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फल मीठे और लंबोतरे होते हैं।	पपई	papaya.
पपीहा	पु.	हलके काले रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जो बसंत और पावस में मीठे बोल बोला करता है।	कोकीळ	a species of cuckoo.
पयाल	पु.	धान, कोदों आदि के ऐसे डंठल जिनमें से दाने झाड़ लिए गए हों।	थाट, कडबा	straw, long grass (used for thatching).
पयोधर	पुं.	1. बादल; 2. स्तन।	पयोधर, ढग, मेघ; स्तन, थान	cloud; woman's breast or an udder.
परंतु	अव्य.	इतना होने पर भी, लेकिन।	परंतु, पण	but, however.
परंतुक	पु.	किसी दस्तावेज में दी गई कोई शर्त, किसी कथन को सीमित करनेवाला वाक्य।	शर्तीचे कळप	proviso.
परंपरा	स्त्री.	1. सिलसिला, अविच्छिन्न क्रम;	परंपरा;	tradition;
		2. वह कार्य जो बहुत दिनों से एक ही रूप में होता चला आ रहा हो और इसीलिए सर्वमान्य हो, प्रथा।	प्रथा	custom.
परंपरागत	वि.	(कार्य, नीति या रिवाज) जो पूर्वजों की देखा-देखी किया जाए, परंपरा से प्राप्त।	परंपरागत	traditional.
परंपरावादी	वि.	परंपरा का अनुयायी एवं समर्थक।	परंपरावादी	traditionalis
परकार	पु.	वृत्त की परिधि बनाने का एक उपकरण।	कंपास	compass.

हिंदी शब्द	व्या. क्रो.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परकीय	वि.	दूसरे का, पराया।	परकीय, दुसऱ्याचा	belonging to another or a stranger.
परकीया	स्त्री.	वह नायिका जो परपुरुष से प्रेम करती है तथा अपने पति की अवहेलना करती है, (साहित्य में) तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक।	साहित्यातील तीन प्रकारच्या नायकातील एक जारिणी	a woman carrying on a love affair out of wedlock, an adulteress, (in traditional Indian poetics) one of the three types of heroines.
परकोटा	पुं.	गढ़ आदि की रक्षा के लिए चारों ओर उठाई गई दीवार।	कोट, तट	percinct, boundary.
परख	स्त्री.	1. गुण, दोष के निर्णय की दृष्टि से किसी वस्तु की परीक्षा;	पारख, कस, गुणदोष परीक्षा;	test, examination;
		2. गुण, दोष, भलाई, बुराई आदि पहचानने की शक्ति।	गुणदोष विवेचनाची शक्ती	distinguishing faculty.
परखना	स.क्रि.	गुण-दोष के निर्धारण के लिए किसी व्यक्ति या वस्तु को भली-भांति देखना।	पारखणे, परीक्षा करणे	to test, to examine.
परखाधीन	वि.	नियुक्ति को नियमित करने से पूर्व का वह समय या उससे संबंधित व्यक्ति जिसमें उसकी योग्यता, उपयुक्तता आदि का मूल्यांकन किया जाता है।	उमेदवार म्हणून, पारखून पाहिला जाण्याच्या अटीवर असलेला	on probation.
परगना	पुं.	किसी जिले का वह भूभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से ग्राम हों।	परगणा, जिल्हयाचा एक भाग	sub-division.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परचून	पु.	आटा, दाल, चावल आदि फुटकर।	भुसार व किराणा माल	provisions, grocery.
परचूनिया	वि.	परचून संबंधी।	वाण मालाचा	pertaining to grocery.
	पु.	परचून का काम करनेवाला।	वाणी, भुसारी	one who sells flour, meal, pulse, grocer.
परछवी (परछती)	स्त्री.	1. कमरे आदि में सामान रखने के लिए छत के नीचे छाई हुई छोटी पाटन या टांड, मियानी;	पोटमाळा;	a small sized plank fixed in a wall of a room for storing things over;
		2. फूंस आदि की छाजन।	गवत–कडब्याचे छप्पर	a small thatch over mudwalls.
परछाई	स्त्री.	प्रकाश के सामने आने से पीछे की ओर अथवा पीछे की ओर प्रकाश होने पर आगे की ओर बननेवाली किसी वस्तु की छायामय आकृति, जल-दर्पण आदि में पड़नेवाली किसी की छायाकृति।	पडछाया, सावली, प्रतिबिंब	shadow, reflection.
परजीवी	वि.	जिसका जीवित रहना दूसरों पर अवलंबित हो, दूसरों पर आश्रित हो।	परजीवी, आश्रित	parasitic.
	पु.	वे वनस्पतियां या कीड़े-मकौड़े जो दूसरे वृक्षों या जीव-जंतुओं के शरीर पर रहकर उनका रस या खून चूस कर जीते तथा पलते हैं।	बांडगूळ, परोपजीवी जंतू	parasite.
परतंत्र	वि.	अधीन, परवश।	परतंत्र, परवश, पराधीन, परस्वाधीन	dependent, slave.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परतंत्रता	स्त्री.	परतंत्र होने की अवस्था या भाव।	परतंत्रता, परवशता, पराधीनता, परस्वाधीनता	dependence, subjection.
परत	स्त्री.	तह।	लेप, घडी	layer, fold.
परती	स्त्री.	वह जमीन जो जोती बोई न जाती हो।	पडीक जमीन, खराब जमीन	fallow land, uncultivated waste land.
परदा (पर्दा)	पुं.	1. कपड़ा या इसी तरह की कोई और चीज जो आड़ या बचाव करने के लिए बीच में फैलाकर टांगी या लटकायी जाए;	पडदा, आडपडदा, आडोसा;	curtain;
		2. अभिनय, खेल-तमाशों में वह कपड़ा जो दर्शकों के सामने लटका रहता है और जिस पर कुछ दृश्य अंकित होते हैं या प्रतिबिम्बित होते हैं;	रंगमंचाचा बाहेरचा पडदा;	screen;
		3. भेद, रहस्य;	गूढ रहस्य;	secret, mystery;
		4. एक प्रथा जिसके अनुसार भले घर की स्त्रियां आड़ में घूंघट करके रहती हैं तथा पर-पुरुषों और बड़ों के सामने नहीं होती हैं।	बुरखा, घुंघट	veil.
परदादा (परदादी)	पुं. (स्त्री.)	पिता का दादा, प्रपितामह।	(पित्याकडून) पणजोबा, प्रपितामह (पणजी)	patornal great grand father.
परदा-नशीन	वि.	जो बड़ों तथा पर-पुरुषों से परदा करती हो।	पडदानशीन, बुरखा–घुंघट घेणारी	(a woman)who keeps herself concealed behind a veil, veiled.
परदेश (परदेस)	पुं.	अपने देश से भिन्न दूसरा देश।	परदेश	foreign country

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परदेशी (परदेसी)	वि.	वह व्यक्ति जो अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश में आया या रहता हो।	परदेशी, विदेशी	foreigner, stranger.
परनाना (परनानी)	पु. (स्त्री)	नाना का पिता।	(आई कडून) पणजोबा (आई कडून) पणजी	maternal great grand father.
परनाला (स्त्री. परनाली)	पु.	वह बड़ी नाली जिससे होकर गंदा पानी बहता है।	गटार	drain pipe.
परपोता (स्त्री. परपोती)	पु.	पोते का पुत्र, प्रपौत्र।	पणतू (पणती)	a great grandson.
पर-ब्रह्म	पु.	निर्गुण या निरुपाधि ब्रह्मा, परमेश्वर।	परब्रम्ह	the Supreme Spirit or Brahma, God.
परम	वि.	1. उच्च, उत्कृष्ट; 2. मुख्य, प्रधान; 3. अत्यधिक, हद दर्जे तक।	सर्वोच्च, सर्वोत्कृष्ट; श्रेष्ठ, मुख्य; पराकाष्ठेचा	highest, best, most; chief, principal; extreme (limit).
परम-तत्व	पु.	1. दर्शन शास्त्र और विज्ञान के अनुसार वह मूल तत्व जो सृष्टि की समस्त वस्तुओं का सृष्टिकर्ता माना गया है, पदार्थ; 2. ब्रह्म।	परमतत्व, मूलतम तत्व; ब्रह्म	the essential element; God, Brahma.
परम-पद	पु.	मोक्ष, मुक्ति।	श्रेष्ठपद	the highest state or position, liberation, salvation.
परम-हंस	पु.	1. परमात्मा, परमेश्वर; 2. संन्यासियों का एक भेद जिन्हें दंड शिखा सूत्र आदि धारण करना आवश्यक नहीं होता।	मोक्ष, परमेश्वर; अत्यंत उच्च कोटीचा साधुपुरुष	God; an ascetic of the highest order.
परमाणु	पु.	किसी तत्व का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसके और टुकड़े न हो सकते हों।	परमाणु	atom.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परमात्मा	पु.	ईश्वर, परब्रह्म।	परमात्मा	God.
परमार्थ	पु.	1. परोपकार; 2. मोक्ष।	उच्च कोटीचे हित, स्वार्थविरहित हित; मोक्ष	the highest good; the best end, salvation.
परमार्थी	वि.	1. दूसरों की भलाई करनेवाला, परोपकारी; 2. मुमुक्षु, मोक्ष चाहनेवाला; 3. परमार्थ संबंधी।	परमार्थी, परोपकारी; परमार्थ साधणारा; परमार्थ विषयक	virtuous person; pursuing the highest purpose; pertaining to the highest truth.
परमेश्वर	पु.	परमात्मा।	परमेश्वर, ईश्वर	God.
परराष्ट्र	पु.	अपने राष्ट्र को छोड़कर अन्य राष्ट्र।	परराष्ट्र	another country.
परला	वि.	1. उधर का या उस ओर का; 2. बहुत ही बढ़ा-चढ़ा।	पलिकडचा, क्रमाने पुढचा; पहिल्या प्रतीचा	of the other side or end, next in order; of the first order.
पर-लोक	पु.	इस लोक से भिन्न दूसरा लोक।	परलोक	the other world.
परवरिश	स्त्री.	पालन-पोषण।	पालन पोषण	bringing up, fostering.
परवर्ती	वि.	काल-क्रम या घटना-क्रम की दृष्टि से बाद में या पीछे होनेवाला।	मागाहूनचा, नंतरचा	later, subsequent.
परवल	पु.	एक प्रसिद्ध लता और उसका फल जिसकी तरकारी बनती है।	एक फळभाजी (तोंडल्यासारखी)	a kind of vegetable.
परवश	वि.	1. जो दूसरे के वश में हो, परतंत्र; 2. जो दूसरे पर निर्भर करता हो।	परस्वाधीन; परतंत्र; दुसऱ्याच्या मर्जीवर अवलंबून असलेला	under another's control, dependent; depending on the will of another.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परवशता	स्त्री.	परवश होने की स्थिति तथा भाव।	परवशता, परतंत्रता	dependence on another, subjection.
परवाना	पु.	1. लिखित आज्ञा, अनुमति-पत्र;	परवाना;	warrant, order;
		2. पतंगा, विशेषत: वह जो दीपक की लौ के चारों तरफ मंडराता हो और उसी में जल मरता हो;	पतंग, (दिव्यावर उडणारा पंखधारी;	moth;
		3. वह व्यक्ति जो किसी पर अत्यन्त मुग्ध हो और उसके लिए अपने को बलिदान कर दे।	आशक, प्रेमी	(poet) a lover.
परवाह	स्त्री.	1. चिंता, फिक्र;	परवा, चिंता, फिकीर;	anxiety, worry;
		2. कोई काम (विशेषत : अनुपयुक्त या अनुचित काम) करते समय मन में होनेवाला यह विचार कि इस काम से बड़ों के मान को ठेस तो नहीं लगेगी।	काळजी, संभाळ	care, heed.
परसर्ग	पु.	आधुनिक भाषा-विज्ञान में, ने, को, के, से, में आदि संज्ञा-विभक्तियाँ जिनके संबंध में कहा जाता है कि ये प्रकृति के साथ सटाकर नहीं बल्कि प्रकृति से हटाकर लिखी जानी चाहिए।	विभक्ति प्रत्यय (ने. स, ला इ.)	a postposition (i.e. ने, को, के, से, में).
परसाल	अव्य.	1. गतवर्ष, पिछले साल;	गतवर्षी;	last year;
		2. आगामी वर्ष, अगले साल।	पुढच्यावर्षी, आयंदा	coming year, next year.
परसों	अव्य.	1. बीते हुए दिन से ठीक पहलेवाला दिन;	परवा (कालच्या मागचा दिवस);	day before yesterday;
		2. अगले दिन से एक दिन आगे।	परवा (उद्याच्या पुढचा दिवस)	day after tomorrow.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परस्पर	क्रि. वि.	एक दूसरे के साथ, आपस में।	एकमेकांशी, परस्पर	mutual, reciprocal.
परहेज	पु.	1. निषिद्ध वस्तुओं से बचना, कुपथ्य से बचना; 2. संयमपूर्वक रहना।	पथ्य; विकारांवर संयम	abstinence, avoidance; control of the passions.
पराठा(परांठा) (परौंठा)	पु.	घी लगाकर तवे पर सेंकी जानेवाली एक प्रकार की चपाती।	परोठा, तव्यांवर तूप सोडून भाजलेली जाड पोळी	pan cake like preparation with wheat flour.
पराकाष्ठा	स्त्री.	चरम सीमा, हद।	पराकाष्ठा, कमाल	climax.
पराक्रम	पु.	सामर्थ्य, बल, विक्रम, शौर्य।	पराक्रम, सामर्थ्य, शौर्य	ability, bravery, valiance, gallantry.
पराक्रमी	वि.	पराक्रमवाला, शूर, पुरुषार्थी।	पराक्रमी, शूर	brave, valiant.
पराग	पु.	फूल के लम्बे केसरों पर जमा रहनेवाली धूल।	पराग, फुलातील केसर	the pollen of a flower.
पराङ्मुख	वि.	1. जो पीछे की ओर मुंह फेरे हुए हो; 2. उदासीन।	मागे तोंड वळविलेला; टाळणारा	having the face turned away; shunning.
पराजय	स्त्री.	हार, विजय का उलटा।	पराजय, पराभव	defeat.
पराजित	वि.	हाराया या हारा हुआ	पराजित, पराभूत	defeated.
परात	स्त्री.	थाली के आकार का ऊँचे किनारोंवाला बड़ा बरतन।	परात	large shallow circular vessel of metal.
पराधीन	वि.	जो दूसरे के अधीन हो।	पराधीन, परतंत्र	dependent on another.
पराधीनता	स्त्री.	पराधीन होने की अवस्था या भाव।	पराधीनता, परतंत्रता	dependence on another, subjection.
पराभव	पु.	1. हार, पराजय; 2. तिरस्कार, अनादर।	हार, पराजय; तिरस्कार, अनादर	defeat; contempt, disregard disrespect.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पराभूत	वि.	1. पराजित, परास्त;	पराभूत, पराजित;	defeated, overcome;
		2. तिरस्कृत।	झिडकारलेला, तिरस्कृत	treated with contempt, degraded, dishonoured.
परामर्श	पु.	1. किसी विषय में दूसरे से ली जानेवाली सलाह;	परामर्श, सल्ला	advice;
		2. विवेचन, विचार;	विचार विनिमय, मसलत;	consultation:
		3. पकड़ना, खींचना, स्पर्श करना।	पकडण्याची–ओढण्याची –स्पर्शण्यांची क्रिया	seizing, pulling, touching.
परामर्श-दाता	पु.	दूसरों को सलाह देनेवाला।	सल्लागार, मंत्रदाता	adviser, counsel.
परायण	वि.	1. किसी काम या बात में अच्छी तरह लगा हुआ, निरत;	परायण, मग्न, गुंतलेला;	absorbed in;
		2. किसी के प्रति पूर्ण निष्ठा या भक्ति रखनेवाला।	निष्ठ	devoted.
पराया	वि.	1. दूसरे का, अपने से भिन्न;	दुसऱ्याचा;	pertaining to another;
		2. आत्मीय या स्वजन से भिन्न।	परका	not one's own.
परावर्तन	पु.	1. प्रत्यावर्तन, लौटकर पीछे आना;	परावर्तन, परतून मागे येणे;	turning back and round;
		2. उलटने पर फिर ज्यों का त्यों हो जाना।	उलटून परत पूर्वीसारखे होणे	to come into the same position after turning (as it was before).
परास	पु.	1. उतना क्षेत्र जहां तक किसी क्रिया का प्रभाव या फल होता है;	प्रभाव क्षेत्र;	distance;
		2. उतना क्षेत्र जितने में कोई चीज पाई जाती है;	भाग, प्रदेश;	region;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. उतना अवकाश या दूरी जितनी कोई चलाई या फैंकी जानेवाली चीज पार करती हो।	टप्पा, पल्ला, अंतर	the range or distance of anything thrown.
परास्त	वि.	हारा या हराया हुआ, पराजित।	पराजित, हारलेला	defeated.
परिंदा	पु.	पक्षी, चिड़िया।	पक्षी	bird.
परिकर	पु.	1. घर या परिवार के लोग;	घरातले वा कुटुंबातले लोक, कुटुंबीजन;	family members;
		2. आस-पास या संग-साथ रहनेवाले लोग;	सोबती–साथी;	colleague;
		3. एक प्रकार का अर्थालंकार जहां किसी विशेष्य से पहले किसी विशिष्ट अभिप्राय में विशेषण लगाए जाते हैं।	एखाद्या विधानाला जोर येण्याकरिता जोडली जाणारी विशेषणे	(in rhet) a parlic figure in which many significant epithets or adjectives are employed one after the other to give force to a state-ment.
परिकलन	पु.	गणित में वह गणना जो कुछ जटिल होती है तथा जिसमें कुछ विशिष्ट तथा निश्चित क्रियाओं की सहायता लेनी पड़ती है।	परिकलन, गणितात गुंतागुंतीचे असलेले गणन (ज्या करिता काही विशिष्ट व ठराविक क्रियांची मदत घ्यावी लागते)	calculation.
परिकल्पना	स्त्री.	1. जिस बात की बहुत कुछ संभावना हो उसे पहले ही मान लेना या उसके नाम रूप आदि की कल्पना कर लेना;	गृहीत कृत्य, गृहीत धरुन चालणे;	to assume;
		2. केवल तर्क के लिए कोई बात मान लेना;	मानून चालणे;	reckoning, calculation;
		3. कुछ विशिष्ट आधारों पर कोई बात ठीक या सही मान लेना;	ठरवून ठेवणे;	deciding, determining;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. गणित में कोई विशिष्ट मान या राशि निकलने से पहले उसके लिए कोई निश्चित मान, राशि या चिह्न अवधारित करना।	गणितात अमुक उत्तर काढण्यापूर्वी त्या करिता काही निश्चित राशींचा अवलंब करणे	presumption.
परिक्रमा	स्त्री.	1. किसी तीर्थ, देवता या मंदिर के चारों ओर श्रद्धा, भक्ति से चक्कर लगाने की क्रिया;	प्रदक्षिणा किंवा उजवी घालून जाण्याची क्रिया;	the going round a person or an idol to the right as an indication of reverence;
		2. इस प्रकार से लगाया हुआ फेरा, प्रदक्षिणा;	प्रदक्षिणा, तशी घातलेली फ़ेरी;	walking round or about, circuit, circum - ambulation;
		3. उक्त प्रकार से चक्कर लगाने के लिए नियत मार्ग।	प्रदक्षिणेची वाट	a covered way round temple.
परिगणना	स्त्री.	अच्छी तरह गिनना।	गणती—मोजणी करणे, हिशेब करणे	calculation.
परिगणित	वि.	1. जिसकी परिगणना की गई हो;	गणित—गणना—केलेला;	calculated;
		2. जिसका उल्लेख या परिगणन किसी अनुसूची में हुआ हो, अनुसूचित।	अनुसूचित, वर्गीकृत	scheduled.
परिग्रह	पु.	1. स्वीकार करना, ग्रहण करना;	स्वीकार;	taking, accepting, receiving;
		2. धन आदि का संग्रह;	संग्रह, साठवण;	possession, property;
		3. पत्नी, भार्या;	पत्नी, बायको;	wife;
		4. परिवार के लोग;	कुटुंबकबिला;	house-hold, family;
		5. सेना का पिछला भाग।	सैन्याची राखीव तुकडी	the rear or reserve of an army.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिचय	पुं.	1. जान-पहचान; 2. किसी व्यक्ति के नाम-धाम या गुणकर्म आदि से संबंध रखनेवाली सब या कुछ बातें जो किसी को बताई जाएं; 3. किसी विषय का थोड़ा बहुत ज्ञान।	परिचय, माहिती; ओळख; काहीसे ज्ञान	acquaintance; introduction; familiarity.
परिचय-पत्र	पुं.	किसी अधिकारी या व्यक्ति का दिया हुआ वह पत्र जिसे कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को अपना परिचय देने के लिए दिखाता है।	ओळखपत्र	a letter of introduction.
परिचर	पुं.	भृत्य, सेवक।	सेवक, चाकर	attendant, servant.
परिचर्या	स्त्री.	सेवा, खिदमत, रोगी की सुश्रूषा।	सेवा, शुश्रूषा	attendance, attending on a patient.
परिचायक	पुं.	परिचय करानेवाला, बतानेवाला।	परिचय करुन देणारा (मनुष्य वा वस्तू)	one who or that which introduces.
परिचारक	पुं.	1. सेवक; 2. रोगी की सेवा करनेवाला, तीमारदार।	सेवक, वैयक्तिक नोकर चाकर; शुश्रूषा करणारा मनुष्य	attendant; male nurse.
परिचारिका	स्त्री.	सेविका, टहल करनेवाली।	शुश्रूषा करणारी	a female attendant, nurse.
परिचालन	पुं.	1. चलाना; 2. उचित रूप से किसी कार्य का निर्वाह करना।	(बोट इ.) चालविण्याची क्रिया; संचालन	steering (navigation); operation.
परिचित	वि.	जाना-पहचाना।	परिचित, ओळखीचा	acquainted, familiar.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिच्छेद	पु.	ग्रन्थों आदि का ऐसा विभाग जिसमें किसी विषय या उसके अंग का स्वतंत्र रूप से प्रतिपादन या विवेचन किया गया हो, अध्याय, प्रकरण।	परिच्छेद, अभ्यास, प्रकरण	a section or chapter of a book.
परिजन	पु.	1. परिवार के सदस्य;	कुटुंबीजन;	family, household, members;
		2. अनुगामी और अनुचरवर्ग।	अनुचरवर्ग	attendants, followers.
परिणत	वि.	1. जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन, रूपान्तर या विकार हुआ हो;	परिवर्तन पावलेला, बदललेला;	changed or transformed into;
		2. जिसकी पूरी वृद्धि हो चुकी हो, परिपक्व, पुष्ट।	परिपक्व, प्रौढ	developed, ripened, mature.
परिणति	स्त्री.	1. परिणत होने की अवस्था या भाव;	बदल;	change;
		2. रूपान्तर को प्राप्त होना;	रुपांतर;	transformation, culmination;
		3. पूर्णवृद्धि, परिपाक;	परिपक्वता, प्रौढता;	ripeness, maturity;
		4. परिणाम।	परिणती, परिणाम	result.
परिणय	पु.	विवाह।	लग्न, विवाह	marriage.
परिणाम	पु.	नतीजा, निष्कर्ष।	परिणाम, निकाल	result, consequence, effect.
परिणीत (स्त्री. परिणीता)	वि.	जिसका परिणय हो चुका हो, विवाहित।	विवाहित, विवाहिता, लग्न झालेली	married.
परिताप	पु.	1. अत्यधिक ताप;	अतिशय उष्मा;	extreme or scorching heat;
		2. घोर व्यथा, संताप;	वेदना, त्रास;	pain, agony;
		3. पछतावा, पश्चाताप।	पश्चाताप	repentance.

14—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परितोष	पु.	1. निश्चिन्तता युक्त सुख जो कामना या साध पूरी होने पर होता है, पूर्ण तृप्ति;	पूर्ण समाधान;	complete satisfaction;
		2. प्रसन्नता, खुशी।	आनंद, संतोष	delight.
परित्यक्त (स्त्री. परित्यक्ता)	वि.	जिसे पूर्ण रूप से छोड़ दिया गया हो।	टाकलेला, सोडून दिलेला	left, quitted.
परित्याग	पु.	पूरी तरह त्याग देना, एकदम छोड़ देना।	पूर्णपणे केलेला त्याग	abandoning, deserting.
परित्राण	पु.	कष्ट, विपत्ति, आदि से की जानेवाली पूर्ण रक्षा।	रक्षण	protection.
परिधान	पु.	पोशाक, पहनावा, पहनने के वस्त्र।	अंगावर घालण्याचे–घातलेले कपडे	dress, clothes, garment.
परिधि	स्त्री.	1. वृत्त बनानेवाली रेखा;	परीधाची रेषा, परीध;	circumference;
		2. किसी वस्तु की रक्षा के लिए बनाया हुआ घेरा, बड़ी चारदीवारी;	वेढा, घेरा, कोंडाळे;	boundary;
		3. वह गोलाकार मार्ग जिस पर कोई चीज चलती या चक्कर लगाती हो।	चक्राकार मार्ग	perimeter.
परिनिष्ठित	वि.	1. पूर्णतया निपुण;	अत्यंत कुशल, अतिशय प्रवीण;	completely skilled in;
		2. (कार्य) जो संपन्न किया जा चुका हो, निपटाया हुआ;	पूर्ण केलेले (कार्य);	completed work;
		3. एक सर्वमान्य आदर्श (जैसे भाषा)।	मानक, मान्य केली गेलेली (भाषा इ.)	standard (language).
परिपक्व	वि.	1. अच्छी तरह पका हुआ;	परिपक्व, पूर्ण पिकलेला;	ripe;
		2. जिसका पूरा विकास हो चुका हो;	पूर्ण विकसित;	developed, matured;
		3. कुशल, दक्ष, निपुण।	निपुण, कुशल	skilled.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिपक्वता	स्त्री.	**परिपक्व होने की अवस्था या भाव।**	परिपक्वता, प्रौढता, पूर्ण विकास	ripeness, maturity, full development.
परिपत्र	पु.	**वह आधिकारिक पत्र जो सभी संबद्ध अधिकारियों, सदस्यों, आदि को सूचनार्थ भेजा जाता है, गश्ती चिट्ठी।**	परिपत्र, फिरते पत्रिका	circular.
परिपथ	पु.	**1. विद्युत-धारा का मार्ग,**	विद्युत् प्रवाहाचा मार्ग;	electric circuit;
		2. अनेक नगरों, देशों स्थलों आदि में बारी-बारी से होते हुए जाने के लिए पहले से नियत किया हुआ मार्ग।	ठरवून ठेवलेला मार्ग	circuit.
परिपाक	पु.	**1. अच्छी तरह से पकना या पकाया जाना;**	परिपाक, चांगल्यारीतीने शिजण्याची अवस्था;	being completely cooked;
		2. पूर्ण विकास या प्रौढ़ता को प्राप्त होना;	पूर्ण विकासाची अवस्था;	ripening, maturity;
		3. परिणाम, फल।	परिणाम, फळ	result, consequence.
परिपाटी	स्त्री.	**1. जाति, समाज आदि में कोई काम करने का विशिष्ट या बंधा हुआ ढंग अथवा शैली, प्रथा, रीति;**	प्रथा, रीत, चाल;	convention, custom;
		2. चला आता हुआ क्रम, सिलसिला।	चालत आलेला क्रम	succession, arrangement.
परिपूर्ण	वि.	**1. जो सब प्रकार से पूर्ण हो;**	परिपूर्ण, सर्व रीतीने—संर्वागांनी पूर्ण;	perfect, complete;
		2. जो पूरा हो चुका हो अथवा किया जा चुका हो।	भरलेला	full.
परिप्रेक्ष्य	पु.	**1. दृष्टिकोण, पृष्ठभूमि;**	दृष्टिकोण, पार्श्वभूमी;	view-point, background;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. चित्रकला में दृश्यों, पदार्थों, व्यक्तियों का ऐसा अंकन या चित्रण जिसमें उनका पारस्परिक अन्तर ठीक उसी रूप में दिखाई देता हो जिस रूप में वह साधारणत: आंखों से देखने पर दिखाई देता है।	यथार्थ चित्र	perspective.
परिभाषा	स्त्री.	1. किसी का ऐसा नपा तुला परिचय जिससे उसके स्वरूप, गुण, वैशिष्ट्य आदि का यथार्थ ज्ञान हो जाए, लक्षण;	व्याख्या;	definition;
		2. कला या विद्या के क्षेत्र में विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला शब्द या संज्ञा;	विशिष्ट अर्थी वापरला जाणारा शब्द वा संज्ञा;	a word or noun used in a particular sense;
		3. अपने उपयोग के लिए शास्त्रकारों द्वारा रची हुई विशिष्ट संज्ञा।	तांत्रिक संज्ञा, शास्त्रीय संज्ञा	technical term.
परिभ्रमण	पुं.	1. चारों ओर घूमना;	चहूकडे फिरणे;	going about, moving to and fro;
		2. विज्ञान में किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु को केन्द्र मानकर उसके चारों ओर घूमना या चक्कर लगाना।	प्रदक्षिणा घालणे, चकरा मारणे	rotation, revolution.
परिमल	पुं.	1. कुमकुम, चंदन आदि के मर्दन से उत्पन्न सुगंध;	परिमल, सुवास;	fragrance;
		2. सुगंध, सुवास।	दरवळलेला सुगंध	aroma.
परिमाण	पुं.	1. माप;	परिमाण, माप;	measure;
		2. तौल;	तोल;	weight;
		3. मात्रा;	प्रमाण;	quantity;
		4. चारों ओर का विस्तार, घेरा।	घेर	circumference.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिमाप	पु.	1. मापने या नापने की क्रिया या भाव;	मोजणी वा मापणी करण्याची क्रिया;	act of measuring;
		2. लंबाई-चौड़ाई आदि का नाप या लेखा;	लांबी–रुंदीचा आलेख;	dimension;
		3. वह उपकरण जिससे कोई चीज मापी या नापी जाए;	मोजण्याचे मापण्याचे साधन;	scale;
		4. ज्यामिति में किसी आकृति, क्षेत्र या तल को चारों ओर से घेरनेवाली बाहरी रेखा अथवा ऐसी रेखा की लंबाई या विस्तार।	आकृतीची बहिरेखा किंवा परिमिती	perimeter.
परिमार्जन	पुं.	1. त्रुटियां या दोष दूर करना, सुधारना;	परिमार्जन, सुधारणा, दोषदुरुस्ती;	improvement;
		2. साफ करना, स्वच्छ करना।	धुवून स्वच्छ करण्याची क्रिया	cleansing.
परिमार्जित	वि.	जिसका परिमार्जन किया गया हो या हुआ हो।	सुधारलेला, धुवून स्वच्छ केलेला	improved, cleaned.
परिमित	वि.	1. सीमित;	परिमित, मर्यादित;	limited;
		2. मापा हुआ, तौला हुआ;	मोजलेला;	measured, weighed;
		3. जो परिमाण में आवश्यकता से न अधिक हो न कम।	माफक, मोजक्या प्रमाणात असलेला	moderate.
परियोजना	स्त्री.	किए जानेवाले कार्य के संबंध में नियमित और व्यवस्थित रूप से स्थिर किया हुआ विचार और स्वरूप।	योजना, प्रकल्प	scheme.
परिरक्षण	पु.	हर तरह से रक्षा करना।	सर्वबाजूनी रक्षण	guarded in every respect.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिवर्तन	पु.	1. अदल-बदल, विनिमय; 2. किसी की आकृति, रूप, गुण, स्थिति आदि में होनेवाला फेरफार।	अदलाबदल विनिमय; परिवर्तन, बदल	exchange; change.
परिवर्तनशील	वि.	परिवर्तन जिसका स्वभाव हो।	परिवर्तनशील, बदल होण्याचा स्वभाव असणारा, बदल होण्याजोगा	changeable.
परिवर्तित	वि.	1. जिसका विनिमय किया गया हो;	अदलाबदल किंवा विनिमय करण्यात आलेला;	exchanged;
		2. जिसमें हेरफेर हुआ हो या किया गया हो, रूप या आकार में बदला हुआ।	बदललेला, रुपांतरित	changed, undergone variation.
परिवर्धन	पु.	1. आकार-प्रकार, विषय-वस्तु आदि में की जानेवाली वृद्धि;	वाढ, सर्व दृष्टींनी वाढ;	enlargement;
		2. इस प्रकार बढ़ाया हुआ अंश।	वाढविलेला भाग	enlarged portion.
परिवर्धित	वि.	बढ़ा या बढ़ाया हुआ, जिसका परिवर्धन किया गया हो या हुआ हो।	परिवर्धित, वाढविलेला, मोठा केलेला	enlarged.
परिवहन	पु.	माल, यात्रियों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य जो आजकल रेलों, मोटरों, जहाजों आदि द्वारा किया जाता है।	वाहतुक	transport.
परिवाद	पुं.	निंदा, शिकायत।	तक्रार, निंदा	complaint, censure.
परिवार	पु.	1. कुटुंब, आश्रितजन; 2. किसी विशिष्ट गुण, संबंध आदि के विचार से चीजों का बननेवाला वर्ग;	परिवार, कुटुंब; कुल, जाती;	family; class;
		3. अनुचर।	अनुचरवर्ग	attendant or follower.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिवार-नियोजन	पुं.	बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से दाम्पत्य-जीवन के संबंध में की जानेवाली वह योजना जिससे लोग आवश्यकता अथवा औचित्य से अधिक संतान उत्पन्न न करें।	कुटुंब नियोजन	family planning.
परिवेश	पुं.	1. वातावरण; 2. तेजस्वी पुरुषों, देवताओं आदि के चित्रों में उनके मुखमंडल के चारों ओर दिखलाया जानेवाला प्रकाशमान घेरा; 3. बदली के समय सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देनेवाला घेरा।	वातावरण; प्रभावळ; सूर्य—चंद्राच्या भोवती दिसणारे कडे	environment; halo (of lustre etc.); the disc of the sun and the moon.
परिव्राजक	पु.	1. वह संन्यासी जो परिव्रज्या का व्रत ग्रहण करके सदा इधर-उधर भ्रमण करता रहे; 2. संन्यासी।	परिव्राजक, सतत फिरणारा यती, संन्यासी; यती, संन्यासी	wandering religious medicant. ascetic.
परिशिष्ट	पु.	पुस्तकों आदि के अंत में दिया गया वह पूरक भाग जिसमें वे बातें दी जाती हैं जो मूल में आने से रह गई हों अथवा मूल में दी गई बातों का स्पष्टीकरण दिया गया हो।	परिशिष्ट, पुरवणी भाग	appendix.
परिशीलन	पु.	मनन-पूर्वक किया जानेवाला गंभीर अध्ययन।	परिशीलन, अध्ययन, बारकाईचा अभ्यास	study, critical study.
परिश्रम	पु.	मानसिक या शारीरिक श्रम, मेहनत।	परिश्रम काबाडकष्ट, श्रम, मेहेनत	labour, hard work.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परिश्रमी	वि.	पूरी शक्ति लगाकर काम करनेवाला, मेहनती।	परिश्रमी, मेहेनती, उद्योगी	laborious, painstaking, hardworking, diligent.
परिषद्	स्त्री.	सभा।	परिषद	council, association;
परिष्कार	पु.	1. अच्छी तरह ठीक और साफ करने की क्रिया या भाव, गंदगी, मिलावट, मैल आदि निकालकर किसी चीज को स्वच्छ बनाना;	शुद्धी, शुद्धीकरण;	refining;
		2. त्रुटियां, दोष आदि दूर करके सुंदर सुरुचिपूर्ण और स्वच्छ बनाना;	सुधारणा;	embellishment.
		3. शोभा, सजावट।	सजावट	decoration.
परिष्कृत	वि.	1. जिसका परिष्कार किया गया हो;	शुद्ध केलेला;	purified;
		2. संवारा या सजाया हुआ, अलंकृत;	सजविलेला;	adorned, decorated;
		3. सुधारा हुआ।	सुधारलेला	improved.
परिसंवाद	पु.	दो या अधिक व्यक्तियों में किसी बात, विषय आदि के संबंध में होनेवाला विचारपूर्ण वाद-विवाद।	परिसंवाद	discussion, symposium.
परिसमापन	पु.	1. समाप्त करना;	संपवून पूर्ण करणे;	the act of finishing completely;
		2. किसी चलते हुए काम का विधिवत् समाप्त होना;	उद्यापन;	termination;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी ऋण-ग्रस्त संस्था का कारबार बन्द करते समय किसी सरकारी अधिकारी या किसी आदाता द्वारा उसकी परिसंपद् का लेनदारों में किसी विशिष्ट अनुपात से बांटा जाना।	विसर्जन, (कर्जदार संस्था आटोपती घेतेवेळी सरकारी आधिकाऱ्याकडून तिची मालमत्ता इ. मोजून ऋण देणाऱ्यांत वाटली जाण्याची क्रिया'	liquidation.
परिसर	पु.	नगर, पर्वत आदि के आस-पास की भूमि।	परिसर आजूबाजूची भौगोलिक परिस्थिती	environs.
परिसीमन	पु.	किसी क्षेत्र, विषय आदि की सीमाएं निर्धारित करना।	सीमा—आंखणी	delimitation.
परिसीमा	स्त्री.	अंतिम या चरम सीमा, हद।	परिसीमा, हद्द	extreme limit.
परिस्थिति	स्त्री.	आसपास चारों ओर की स्थिति, हालत।	परिस्थिती	circumstance.
परिहार	पु.	1. त्रुटियों, दोषों विकारों आदि का किया जानेवाला अंत या निराकरण;	परिहार, निराकारण, दुरुस्ती, सुधार;	rectifying (a flaw, error etc.);
		2. छोड़ने, त्यागने या दूर करने की क्रिया या भाव	वर्ज करण्याची—दूर करण्याची क्रिया	abstaining, refraining.
परिहार्य	वि.	परिहार करने योग्य, त्यागने या निवारण करने योग्य।	टाळता येण्यासारखा, वर्ज करता येण्यासारखा	to be avoided, that can be abstained, refrained.
परिहास	पु.	हंसी, मजाक।	परिहास, थट्टा, मस्करी	joke, fun.
परी	स्त्री.	1. वह कल्पित स्त्री जो परों की सहायता से आकाश में उड़ती है;	परी;	fairy,
		2. अति रूपवती स्त्री।	रमणी	beautiful woman.
परीक्षक	पु.	1. परीक्षा करने या लेनेवाला	परीक्षक;	examiner;
		2. जांचने, परखनेवाला।	शोध घेणारा, चांचणी करणारा	one who tests, investigates, investigator.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परीक्षण	पु.	1. परीक्षा करने या लेने की क्रिया;	परीक्षण, परीक्षा घेण्याची क्रिया;	the act or process of examination, examining;
		2. जांच, परख।	चांचणी	testing.
परीक्षा	स्त्री.	1. किसी के गुण, दोष, योग्यता, शक्ति आदि की सच्ची जानकारी के लिए उसे अच्छी तरह देखना भालना;	परीक्षा, कसोटी;	trial by ordeal of various kinds;
		2. प्रमाण आदि के द्वारा किसी वस्तु के तत्व का निश्चय करना;	चांचणी, तपासणी;	test;
		3. किसी वस्तु का ऐसा प्रयोग जो उसके बारे में कोई विशेष बात निश्चित करने के लिए किया जाए;	प्रयोग;	experiment;
		4. विद्यार्थियों या उम्मीदवारों की योग्यता की वह विशेष प्रकार की जांच जिसमें उनसे मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछे जाते हैं।	विद्यार्थ्यांची परीक्षा	examination, test.
परीक्षार्थी	पु.	परीक्षा देनेवाला।	परीक्षेस बसलेला विद्यार्थी, उमेदवार	examinee.
परुष	वि.	जो गुण, प्रकृति, स्वभाव, आदि की दृष्टि से कड़ा, रुक्ष तथा मृदुताहीन हो, कठोर और कर्कश।	कठोर, कर्कश	hard, rough, coarse.
परे	क्रि.वि.	1. दूर, और आगे, सीमा से बाहर;	पलिकडे, दूर, पुढे;	at a distance, beyond;
		2. तुलना आदि के विचार से ऊँची स्थिति में या बढ़कर।	पलिकडे, फार ऊंच वा श्रेष्ठ	beyond.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
परेशान	वि.	1. उद्विग्न, विकल, व्याकुल; 2. दूसरों द्वारा तंग किया या सताया हुआ।	त्रस्त, उद्विग्न, जिकीरीस आलेला; गांजलेला, पीडित	worried; troubled, harassed.
परेशानी	स्त्री.	1. परेशान होने की अवस्था या भाव;	जिकीर, उद्विग्नता;	state of worry;
		2. वह बात या विषय जिससे कोई परेशान हो, काम में होनेवाला कष्ट या झंझट।	त्रास	trouble.
परोक्ष	वि.	1. जो आंखों के सामने न हो;	परोक्ष, दृष्टी--नजरे--आड;	out of or beyond the range of sight;
		2. अनुपस्थित, गैरहाजिर;	अनुपस्थित;	absent;
		3. जो उचित और स्पष्ट रूप से न होकर किसी प्रकार के घुमाव-फिराव या हेरफेर से हो।	अप्रत्यक्ष	indirect.
	पु.	1. आंखों के सामने न होने की स्थिति या भाव, अनुपस्थिति;	अनुपस्थिती, गैरहजेरी;	absence;
		2. व्याकरण में पूर्ण भूतकाल।	(व्याक.) पूर्णभूत	(in gram). perfect past tense.
परोक्षी	पु.	किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को दिया गया अधिकार, अन्य व्यक्ति के लिए कार्य करने के हेतु प्राधिकृत व्यक्ति।	आपल्या तर्फे काम करण्याचा एखाद्याला दिलेला अधिकार, किंवा अशी अधिकृत व्यक्ती	proxy.
परोपकार	पु.	दूसरों के हित का काम, दूसरे की भलाई।	परोपकार	benevolence.
परोपकारी	वि.	दूसरे की भलाई करनेवाला।	परोपकारी	benevolent.
परोपजीवी	वि.	दूसरों के भरोसे जीवन निर्वाह करनेवाला।	परोपजीवी, आश्रित	parasitic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	ऐसे कीड़े-मकौड़े या वनस्पतियां जो दूसरे जीव-जन्तुओं या वृक्षों के अंगों पर रहकर जीवन-निर्वाह करते हैं।	वाडगूळ, दुसऱ्याचा रस वा रक्त शोषून जगणारा जीव	**parasite.**
परोसना (परसना)	स. क्रि.	खानेवाले की थाली में या पत्तल में खाद्य पदार्थ रखना।	(अन्न) वाढणे	**to serve food.**
पर्चा (परचा)	पु.	1. कागज का टुकड़ा; 2. कागज के टुकड़े पर लिखी हुई छोटी चिट्ठी या सूचना; 3. विद्यार्थियों की परीक्षा में आनेवाला प्रश्नपत्र; 4. अखबार।	कागदाचा तुकडा; चिठ्ठी; प्रश्नपत्र; वृत्तपत्र	**slip of paper;** **chit;** **paper, question paper;** **newspaper.**
पर्ची (परची)	स्त्री.	छोटा परचा।	कागदाची धांत्रोटी, कागदाची पट्टी	**slip of paper.**
पर्णकुटी	स्त्री.	वह झोंपड़ी जिसकी छाजन पत्तों की बनी हो।	पर्णकुटी, झोपडी	**hut made of leaves.**
पर्णशय्या	स्त्री.	पत्तों का बिछावन या बिस्तर।	पर्णशय्या, पानांचे अंथरुण	**bed or couch of leaves.**
पर्णशाला	स्त्री.	पर्णकुटी।	पर्णकुटी	**hut made of leaves.**
पर्यन्त	अव्य.	तक।	पर्यन्त	**till, upto, as far as.**
पर्यटक	वि.पु.	दूसरे देशों में घूमने-फिरने वाला, पर्यटन करनेवाला।	पर्यटक, प्रवासी, देश-प्रदेश फिरणारा	**tourist.**
पर्यटन	पु.	अनेक महत्वपूर्ण स्थल देखने तथा मन-बहलाव के लिए अधिक विस्तृत भूभाग में किया जानेवाला भ्रमण।	पर्यटन, देशोदेशी वा नाना क्षेत्री (स्थानी) भ्रमण	**touring, travelling over.**

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पर्यवसान	पु.	1. अंत, समाप्ति; 2. अर्थ, आशय आदि के संबंध में होनेवाला ठीक ज्ञान या निश्चय।	पर्यवसान, शेवट, अंतर; निष्कर्ष, परिणाम	end, termination; conclusion.
पर्यवेक्षक	पु.	वह अधिकारी जो किसी काम के ठीक तरह से होते रहने की देखरेख पर नियुक्त हो।	पर्यवेक्षक, बसून देखरेख करणारा अधिकारी	supervisor.
पर्यवेक्षण	पु.	बराबर यह देखते रहना कि कोई काम ठीक तरह से चल रहा है कि नहीं।	देखरेख	supervision.
पर्याप्त	वि.	जितना आवश्यक हो उतना सब, यथेष्ट, काफी।	पर्याप्त, पुरेसा, योग्य	enough, sufficient.
पर्याय	पु.	समानार्थक शब्द।	प्रमाणाचा	synonym, equivalent.
पर्यायवाची	वि.	समानार्थक।	पर्यायवाची, त्याच अर्थाचा दुसरा	synonymous.
पर्यालोचन	पु.	सम्यक् विवेचन।	सर्वांगीण समालोचन	thorough review.
पर्यावरण	पु.	किसी व्यक्ति या विषय की परिस्थिति, वातावरण।	परिस्थिती, वातावरण	circumstance, environment.
पर्यावर्तन	पु.	1. वापस आना, लौटना; 2. अदला-बदली, विनिमय	परत येणे; अदलाबदली, विनिमय	coming back, return; exchange.
पर्व	पु.	1. उत्सव,त्योहार; 2. जोड़, गांठ; 3. ग्रंथ का कोई विशिष्ट खंड या भाग।	पर्व, उत्सव; पेरे, गाठ; ग्रंथाचा भाग, प्रकरणे	festival; knot; section.
पर्वत	पु.	पहाड़।	पर्वत	mountain.
पर्वत-माला	स्त्री.	पहाड़ों की श्रेणी।	पर्वतांची रांग	chain of mountains.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पलंग	पु.	बड़ी और बढ़िया चारपाई	पलंग	bedstead.
पल	पु.	समय का एक लघु विभाग जो 24 सेकेंड के बराबर होता है।	पळ (24 सेकंदाचा काळ)	measure of time equal to twenty-four seconds;
पलक	स्त्री.	आंख के ऊपर का वह पतला आवरण जिसके गिरने से आंख बंद होती है और उठने से खुलती है।	पापणी	eye-lash.
पलटन	स्त्री.	1. सैनिकों का बड़ा दस्ता जिसका नायक लेफ्टीनैंट होता है;	पलटण;	platoon;
		2. किसी प्रकार के प्राणियों का बहुत बड़ा झुंड।	झुंड	in large number.
पलटना	अ. क्रि.	1. एकदम बदल जाना;	पालटणे, बदल होणे;	to alter;
		2. उलटा या औंधा होना;	उलटा होणे, उलटणे;	to over-turn;
		3. घूमना या मुड़ना;	मागे फिरणे;	to turn, barter;
		4. वापस आना या लौटना;	परत येणे, परतणे;	to return;
		5. मुकरना।	उलटणे, नाही म्हणणे	to deny, to refuse.
	स.कि.	1. पूर्णतया परिवर्तित कर देना, बदल देना;	बदलणे, बदल करणे;	to change, to alter;
		2. उलटा या औंधा करना;	उलटा करणे, उलटणे;	to turn over;
		3. एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु ग्रहण करना, अदल-बदल करना।	अदलाबदल करणे	to exchange, to barter.
पलथा	पु.	1. लोहे, पीतल या काठ की चपटी कलछी;	उलथने;	an iron pan or ladle with a long handle (used to turn cakes when cooking);
		2. पलटने का कार्य या भाव;	गिरकी, मागे फिरण्याची क्रिया;	going or turning back;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. संगीत में वह स्थिति जिसमें बड़ी और लम्बी तानें लेते समय ऊंचे स्वरों से पलटकर नीचे स्वरों पर आते हैं।	(संगीत) तानेचा अवरोह	(music) while taking long tan s the singer touches the lower.
पलटाना	स. क्रि.	1. पलटने में प्रवृत्त करना;	पालटविणे, उलटविणे;	to send back, to cause to turn;
		2. लौटाना, वापिस करना;	परत देणे, —करणे;	to return;
		3. बदलना।	परतायला लावणे	to convert, to drive back.
पलटाव	पु.	पलटे जाने की क्रिया या भाव।	उलटण्याचे, पलटी खाण्याची क्रिया	the state of turning back.
पलड़ा	पु.	तराजू के दोनों लटकते हुए भागों में से एक।	पारडे	pan of a balance.
पलथी	स्त्री.	दाहिने और बाएं पैरों के पंजों को क्रम से बायीं और दाहिनी जांघों के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन।	मांडी (घालून बसलेली स्थिती)	cross-legged sitting posture.
पलना	अ.क्रि.	1. पाला-पोसा जाना; 2. विशिष्ट परिस्थितियों में रह कर बड़ा होना।	वाढणे, वाढविला जाणे; पोसला जाणे	to be brought up; to be nourished, to be reared.
पलस्तर	पु.	1. मजबूती तथा सुरक्षा के लिए बालू, सीमेंट आदि का दीवारों,छतों आदि पर किया जानेवाला मोटा लेप;	गिलावा;	plaster;
		2. किसी चीज के ऊपर लगाया जानेवाला कोई मोटा लेप।	लेप	plaster.
पलायन	पु.	भागने की क्रिया या भाव, भागना।	पलायन, पळून जाणे, सोडून निघून जाणे	fleeing, escape.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पलायनवाद	पु.	वह वाद या सिद्धान्त जिसमें जीवन की वास्तविक्ता और कठिनाइयों से भागने की प्रवृत्ति को प्रश्रय दिया जाता है।	पलायनवाद	escapism.
पलायनवादी	वि.	पलायनवाद संबंधी।	पलायनवाद विषयक	pertaining to escapism.
	पु.	पलायनवाद के सिद्धान्त को माननेवाला या उसका अनुयायी।	पलायनवादाचा आश्रय घेणारा	escapist or the follower of escapism.
पलाश(पलास)	पु.	1. एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसमें गहरे लाल रंग के अर्ध-चंद्राकार फूल लगते हैं, इसके सूखे लचीले पत्तों से दोने, पत्तल आदि बनाई जाती हैं;	पळस;	kind of tree or its leaves;
		2. उक्त वृक्ष का फूल।	पळसाचे फूल	its purple coloured flowers.
पलीता	पु.	1. चिराग की बत्ती;	दिव्याची वात;	wick;
		2. बत्ती के आकार का बारूद लगा हुआ एक छोटा डोरा जो पटाखों आदि में लगा रहता है और जिसके जलाने पर पटाखा चलता है;	फटाक्याची वात;	igniter;
		3. नारियल आदि की छाल या रेशों को कूटकर और बटकर बनाई हुई वह बत्ती जिससे बंदूक या तोप के रंजक में आग लगाई जाती है;	तोफेची बत्ती;	gun-cotton;
		4. बत्ती के आकार में लपेटा हुआ वह कागज जिस पर कोई मंत्र लिखा हो।	मंत्र लिहिलेला कागद	a paper spell with spell and prayers written on it

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पलेथन (परथन)	पु.	वह सूखा आटा जिसे लोई पर लगाकर रोटी बेलते हैं।	पोळ्या लाटताना लागणारी पिठी	dry flour put under and over dough when it is rolled.
पलोटना	स.क्रि.	सेवाभाव से किसी के पैर दबाना।	हळूहळू पाय दाबणे, —चेपणे	to tread gently.
पल्लव	पुं.	नया और कोमल पत्ता।	पल्लव, कोवळे पान, पालवी	a new tender leaf.
पल्लवित	वि.	1. जो नए-नए पत्तों से युक्त हो अथवा जिसमें नए-नए पत्ते निकल रहे हों;	पालवी फुटलेला;	having or growing new leaves;
		2. हरा-भरा तथा लहलहाता हुआ, समृद्ध।	भरभराटणारा	thriving, prosperous.
पल्ला	पु.	1. कपड़े का छोर, (दामन);	अंगावरच्या वस्त्राचा पदर, —शेवट;	length end of gar ment;
		2. स्त्रियों की चादर, साड़ी आदि का वह अंश जो उनके सिर पर रहता है तथा जिसे खींचकर वे घूंघट करती हैं;	डोक्यावरुन घ्यावयाचा साडीचा पदर;	the end of a saree etc. used as a head-cover;
		3. अनाज आदि बांधने का कपड़ा या चादर;	धान्य बांधण्याचा कपडा;	a piece of cloth or 'chadar' to hold corn etc.;
		4. तराजू, किवाड़ आदि के दो हिस्सों में से कोई एक।	पारडे, दाराची फळी	pan of a balance, door panel.
पल्लू	पु.	1. आंचल, छोर;	साडीचा पदर;	end of a (female) garment;
		2. स्त्रियों का घूंघट;	स्त्रिया कपाळावरुन खाली घेतात तो घुंघट;	used as a head cover and veil;
		3. चौड़ी गोट या पट्टी।	गोट	broad border (Gota).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पल्ले	क्रि. वि.	प्राप्ति, स्थिति आदि के विचार से अधिकारवश या स्वत्व में, पास में या हाथ में।	हाती, आधीन, जवळ	in hand.
पल्लेदार	पु.	माल ढोनेवाला मजदूर।	हमाल	porter, carrier of heavy burden.
पवन	पु.	वायु, हवा।	पवन, वारा	air, breeze, wind.
पवन-चक्की	स्त्री.	पवन के वेग से चलनेवाली चक्की।	पवनचक्की	a wind-mill.
पवित्र	वि.	1. (पदार्थ) जो धार्मिक उपचारों से इस प्रकार शुद्ध किया गया हो या अपने गुणों के कारण इतना शुद्ध माना जाता हो कि पूजा-पाठ, यज्ञ आदि के काम में लाया जा सके;	पवित्र;	sacred, sacrosanct;
		2. (व्यक्ति) निश्छल धार्मिक तथा सद्वृत्तिवाला;	धार्मिक, पुण्यशील;	holy;
		3. स्वच्छ, निर्मल;	स्वच्छ, निर्मळ;	pure;
		4. दोष, पाप आदि से रहित।	निष्पाप	sinless, free from sensual properties.
पवित्रता	स्त्री.	पवित्र होने की अवस्था या भाव।	पवित्रता	purity, cleanness.
पशमीना	पुं.	1. पशम;	पशम नांवाची तलम नरम लोकर;	fine soft wool;
		2. बढ़िया, मुलायम ऊन का कपड़ा।	अशा लोकरीचा कपडा	cloth made of such wool.
पशु	पु.	1. चार पैरों से चलनेवाला कोई दुमदार जंतु, जानवर;	पशु, जनावर;	animal, cattle, beast;
		2. मूर्ख, विवेकहीन मनुष्य।	मूर्ख मनुष्य, अविचारी मनुष्य	a fool.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पशुचिकित्सा	स्त्री.	चिकित्सा-शास्त्र की वह शाखा जिसमें पशु-पक्षियों आदि के रोगों के निदान और चिकित्सा का विवेचन होता है।	पशुवैद्यक	veterinary science.
पशुता	स्त्री.	1. पशु होने की अवस्था या भाव; 2. पशुओं का सा व्यवहार या स्वभाव।	पशुता, पशू होण्याची अवस्था; पशुसारखी क्रूर, अविचारी वृत्ती	the state of being animal; bestiality, (beastliness).
पशुधन	पु.	वे पालतू पशु जो किसी व्यक्ति या समाज आदि के आर्थिक उत्पादन, सुरक्षा आदि में योग देते हों।	पशुधन, पशुंच्या स्वरुपात असलेली संपत्ती	livestock.
पशुपाल (पशुपालक)	पु.	पशुओं को पालनेवाला।	पशुपाल, पशुंचे—गुरांढोरांचे इ. पालन करणारा	cattle-breeder.
पशुपालन	पु.	जीविका निर्वाह के लिए पशुओं को पालने की क्रिया या भाव।	पशुपालन	cattle-breeding, animal husbandry.
पश्चात्	अव्य.	पीछे, बाद में, उपरान्त।	तदनंतर, नंतर, पाठीमागे	after, after-wards, behind.
पश्चात्ताप	पु.	किसी कार्य से अनौचित्य का भान होने पर मन में होनेवाला दुख, पछतावा।	पश्चाताप, पस्तावा	regret, repentance.
पश्चिम	पु.	वह दिशा जिसमें सूर्य अस्त होता है, पूर्व दिशा के सामने वाली दिशा।	पश्चिम (दिशा)	west.
पश्चिमी	वि.	1. पश्चिमी दिशा सम्बन्धी; 2. पश्चिम के देशों में होनेवाला या वहां से आनेवाला।	पश्चिमेचा; पश्चिमेकडील, पाश्चिमात्य	pertaining to west; western.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पसन्द	स्त्री.	1. मन को भला तथा रुचिकर प्रतीत होनेवाला कार्य, वस्तु या व्यक्ति; 2. वरण करने, चुनने या वरीयता देने की क्रिया, प्रवृत्ति या भाव।	मनपसंत काम, वस्तू वा व्यक्ती; निवड	liking; choice, preference.
पस	पु.	मवाद, घाव, फोड़े आदि से निकलनेवाला लसीला तरल श्वेत पदार्थ।	पू	pus.
पसरना	अ. क्रि.	1. आगे की ओर बढ़ना, फैलना; 2. हाथ-पैर फैलाकर या अधिक जगह घेरते हुए बैठना या लेटना।	पसरणे, फैलावणे; हातपाय पसरुन, बसणे	to be spread out, to stretch out; to stretch oneself.
पसली	स्त्री.	स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से एक।	बरगडी	rib.
पसाना	स. क्रि.	1. पके हुए चावलों में से मांड निकालना; 2. किसी वस्तु में से जलीय अंश निकालना।	भाताची पेज काढणे; खाद्य पदार्थ (जसा तांदूळ) शिजविलेले पाणी ओतून टाकणे	to remove the scum of boiling rice; to pour off the water in which any edible (as rice) has been boiled.
पसारना	स. क्रि.	1. अधिक विस्तृत करना; 2. फैलाना; 3. आगे बढ़ाना।	अधिक विस्तारणे; पसरणे, अंथरणे; ताणणे	to expand; to spread; to stretch out.
पसारा	पु.	फैलाव।	विस्तार, फैलाव	spread, extension.
पसीजना	अ. क्रि.	1. अधिक गरमी या ताप के प्रभाव से किसी घन या ठोस पदार्थ में से जलकण निकलना।	घामेजणे, घाम गळणे;	to perspire, to ooze;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. दया आ जाना।	(लाक्ष.) विरघळणे, हृदय स्रवणे, दया येणे	to be compassionate.
पसीना	पु.	गरमी अथवा श्रम के कारण शरीर या उसके अंग में से निकलनेवाले जलकण।	घाम	perspiration, sweat.
पसोपेश	पु.	1. कोई काम करने के समय मन में होनेवाला भाव कि आगे बढ़ें या पीछे हटें, असमंजस, आगा-पीछा, सोचविचार;	पेचात येण्याची अवस्था, बुचकळा;	being in a fix, hesitation;
		2. इस बात का विचार कि यह काम करने क्या लाभ अथवा क्या हानि होगी, ऊंच-नीच।	अनिर्णीतपणा, दुविधा	indecision.
पस्त	वि.	1. हारा हुआ;	पराभूत, हार खाल्लेला;	defeated;
		2. थका हुआ, शिथिल।	थकला भागलेला	weary.
पहचान (पहिचान)	स्त्री.	1. पहचानने की क्रिया या भाव;	ओळखण्याची क्रिया;	the act of recognition;
		2. कोई ऐसा चिह्न या लक्षण जिससे पता चले कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है;	ओळखीची खूण;	identification mark;
		3. कभी के देखे हुए या जाने हुए व्यक्ति या पदार्थ को दुबारा देखने पर उसे उसी रूप में जान लेने की क्रिया या भाव;	ओळख पटण्याची अवस्था;	recognising or knowing again;
		4. परख, परखने की शक्ति;	पारख, परीक्षा;	test, power of distinguishing;
		5. परिचय।	ओळख, परिचय	acquaintance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पहचानना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु या व्यक्ति को देखते ही उसके चिह्नों, लक्षणों या रूपरंग के आधार पर यह जान लेना कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है, यह समझना कि यह वही वस्तु या व्यक्ति है जिसे मैं पहले से जानता हूँ;	ओळखणे;	to recognise;
		2. गुण दोष जानना, किसी के गुणदोष से अच्छी तरह परिचित होना;	जाणणे, समजणे;	to know, understand;
		3. एक वस्तु का दूसरी वस्तु या वस्तुओं से भेद करना, अंतर समझना या जानना, बिलगाना।	भेद, वैशिष्ट्य जाणणे	to distinguish, discern.
पहनना	स. क्रि.	शरीर या अंग पर (विशेषकर कपड़े, गहने आदि) धारण करना।	अंगावर (अंगात) घालणे, लेणे	to put on, to wear.
पहनाना (पहराना)	स. क्रि.	दूसरे को अपने हाथों से कपड़े, गहने आदि धारण कराना।	(अंगात) घालणे-लेवविणे (दुसऱ्याच्या) अंगावर	to clothe.
पहनावा (पहरावा)	पुं.	1. पहनने के कपड़े, पोशाक;	पोशाख, अंगावरचा कपडा;	dress, garment;
		2. किसी जाति, देश आदि के लोगों द्वारा सामान्यतः पहने जानेवाले वस्त्र।	पोशाख करण्याची रीत	ways of dressing up.
पहर	पुं.	तीन घंटे का समय।	प्रहर, तीन तासांचा काळ	measure of time equal to three hours.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पहरा	पु.	1. नियम विरुद्ध कार्य न होने देने के लिए तथा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के प्रति हानि न होने देने के लिए एक या अनेक व्यक्तियों का नियुक्त होना;	पहारा, राखण;	guard;
		2. निगरानी, देखरेख;	देखरेख, नजर;	watch;
		3. रक्षकदल;	चौकी पहारा;	group of guards;
		4. रक्षकदल का फेरा।	गस्त	beat time, period;
पहरेदार	पु.	पहरा देने वाला, रक्षक।	पहारेकरी, गस्तवाला	watchman, sentry, guard.
पहल	स्त्री.	1. किसी नए कार्य का पहली बार होने वाला आरम्भ;	आरंभ, प्रारंभ, पहिली सुरुवात;	beginning, commencement;
		2. किसी कार्य, बात आदि का किसी एक पक्ष की ओर से होने वाला आरम्भ जिसमें बाद के प्रभाव का उत्तरदायित्व उसी पक्ष पर माना जाता है, छेड़।	अभिक्रम उपक्रम	initiative.
पहलवान	पु.	1. कुश्ती लड़ने वाला मजबूत और कसरती आदमी;	पैलवान, कुस्तीबाज;	wrestler;
		2. हृष्ट-पुष्ट और बलवान आदमी।	धष्टपुष्ट माणूस	strong man.
पहलवानी	स्त्री.	1. पहलवान होने की अवस्था या भाव;	पैलवानी, पैलवान असणे;	wrestling;
		2. कुश्ती लड़ने का काम या पेशा।	पैलवानगिरी	the job or profession of wrestling.
पहला (पहिला)	वि.	1. समय के विचार से जो और सब से आदि में हुआ हो।	पहिला, प्रथम;	first;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी चीज विशेषतः किसी वर्गीकृत चीज के आरंभिक अंश या वर्ग से संबंध रखने वाला;	प्राथमिक;	primary;
		3. वर्तमान से पूर्व का।	पूर्वीचा, मागच्या, आदला	former, prior.
पहलू	पुं.	1. किसी व्यक्ति या वस्तु का दायां या बाया अंग (पार्श्व, बगल);	पैलू, बाजू;	side;
		2. अच्छाई-बुराई, गुणदोष आदि की दृष्टि से किसी बात या विषय का कोई पक्ष।	पक्ष, अंग	aspect.
पहले	क्रि. वि.	1. आदि में, शुरु में;	प्रारंभी;	in the beginning;
		2. स्थिति या काल के अनुसार प्रथम, आगे या पूर्व;	पूर्वी;	before, first, previously;
		3. पुराने जमाने में।	प्राचीन काळी	in olden times.
पहले-पहल	क्रि. वि.	सबसे पहले, पहली बार।	पहिल्याप्रथम, पहिल्यांदा	first of all, for the first time.
पहलौंठा	वि.	जो पहले जन्मा हो,	पहिला झालेला (मुलगा)	first born.
(स्त्री. पहलौंठी)		प्रथम प्रसव।		
पहाड़	पु.	1. चट्टानों का वह प्राकृतिक पुंज जो जमीन की सतह से बहुत ऊंचा होता है;	पहाड, –पर्वत, डोंगर;	mountain;
		2. (ला०) किसी वस्तु का बहुत ऊंचा ढेर;	प्रचंड रास;	a huge heap (of anything);
		3. (ला०) बहुत कठिन और दुष्कर कार्य।	दुष्कर कार्य	difficult and hard task.
पहाड़ा	पु.	किसी अंक की गुणन सूची, गुणनसारणी।	पाढा	multiplication table.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पहाड़ी	वि.	1. पहाड़ सम्बन्धी;	पहाडासंबंधीचा;	pertaining to the hill;
		2. जिसमें पहाड़ हों;	डोंगरी;	hilly;
		3. पहाड़ पर या उसके आसपास रहने वाला।	पहाडात वा पहाडी प्रदेशात राहणारा	living on or near the mountain.
	स्त्री.	छोटा पहाड़।	लहानसा डोंगर, टेकडी	small hill.
पहिया	पु.	1. गाड़ी, कल आदि का वह गोलाकार अवयव जिससे धुरी पर घूमने से वह कल या गाड़ी चलती है;	चाक;	wheel;
		2. यंत्रों आदि में लगा हुआ उक्त आकार का गोल चक्कर जिसमें उस यंत्र की कोई क्रिया सम्पन्न होती है।	चक्र	wheel.
पहुंच	स्त्री.	1. पहुंचने की क्रिया या भाव;	पोहोचण्याची क्रिया;	the act of reaching;
		2. (शास्त्र आदि में) पैठ, प्रवेश, ज्ञान या परिचय; समझने की सामर्थ्य;	पोहोंच;	access;
		3. पहुंच जाने की खबर या सूचना।	पोहोचल्याचा सांगावा —समज	arrival, intimation of arrival.
पहुंचना	अ. क्रि.	1. एक स्थान से चलकर दूसरे स्थान को प्राप्त होना;	पोहोचणे—पाशी जाणे;	to reach, to arrive at;
		2. किसी स्थान या पद आदि को प्राप्त होना।	प्राप्त होणे, मिळविणे	to attain, to achieve.
पहुंचा	पु.	कलाई के ऊपर और कुहनी के नीचे का भाग।	मनगट	wrist.
पहुंचाना	स. क्रि.	1. किसी चीज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना;	नेणे, नेऊन पोचविणे;	to carry, to convey, to transmit, to lead, to reach (another);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी व्यक्ति के संग चलकर उसे नियत स्थान तक छोड़ने जाना।	सोबत घेऊन पोचते करणे	accompany to (a place).
पहुंची	स्त्री.	कलाई पर पहनने का एक प्रकार का गहना।	पोची (एक मनगटावरचा अलंकार)	wrist ornament.
पहेली	स्त्री.	1. किसी की बुद्धि या समझ की परिक्षा लेने के लिए एक प्रकार की प्रश्नात्मक उक्ति या कथन जिसमें किसी वस्तु का भ्रामक या टेढ़ा-मेढ़ा लक्षण देकर उसे अभिप्रेत वस्तु का नाम बताने को कहते हैं;	पहेलिका, कूटप्रश्न;	puzzle; quiz, riddle,
		2. दुर्ज्ञेय और विकट प्रश्न या बात।	कोडे	anigma.
पांच	वि.	जो गिनती में चार से एक अधिक हो।	पांच	five,
	पु.	उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 5	पांचाचा आकडा	the number five.
पांचभौतिक	वि.	1. जिसका सम्बन्ध पंचभूतों से हो,	पंचभूतांसंबंधीचा, पंचभूत विषयक;	pertaining to five elements;
		2. पंचभूतों से मिलकर बना हुआ।	पंचभूतांपासून बनलेला	composed of the five elements or containing five elements.
पांचवां	वि.	गिनती या क्रम में पांचवें स्थान पर पड़नेवाला।	पांचवा	fifth.
पांजना	स. क्रि.	लोहे, पीतल आदि की वस्तुओं को टांका देकर जोड़ना, झालना।	धातूच्या वस्तूला जोड देणे, डाग देणे, झाळणे	to close or fill in (a hole) esp. in metal, to solder.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पांडित्य	पु.	ज्ञान, विद्वता।	पांडित्य, विद्वत्ता	scholarship, learning.
पांडु	वि.	हलके पीले रंग का।	फिकट पिवळा	yellowish.
	पु.	1. सफेद पीला रंग;	पिवळट रंग;	yellowish white, white pale, jaundiced;
		2. त्वचा के पीले पड़ने का एक रोग, पीलिया।	कावीळ	jaundice.
पांडुरोग	पु.	एक प्रसिद्ध रोग जिसमें सारा शरीर पीला पड़ जाता है।	कावीळ	yellow disease, jaundice.
पांडुलिपि	स्त्री.	पुस्तक की हस्तलिखित प्रति।	हस्तलिखित, पुस्तकाची हस्तलिखित प्रत	manuscript.
पांति (पांत)	स्त्री.	पंक्ति, कतार, पंगत।	पंक्ती, पंगत रांग	line, row.
पांव	पु.	वह अंग जिसके बल प्राणी खड़े होते हैं और चलते हैं, पैर।	पाय	foot.
पांवड़ा	पु.	वह कपड़ा जो किसी आदरणीय व्यक्ति के मार्ग में पांव रखकर चलने के लिए बिछाया जाता है।	पायघडी	cloth or carpet spread to walk on, red carpet.
पाई	स्त्री.	1. खड़ी या सीधी लकीर;	हिंदी लेखनात पूर्ण विराम दाखविणारी उभी रेघ;	a small vertical line used in writing or printing in Devanagari characters, a full stop;
		2. तांबें का एक पैसे से भी छोटा पुराना सिक्का।	पै	old copper coin smaller in value than the old paisa.
पाकर (पाकड़)	पुं.	बरगद की जाति का एक बड़ा पेड़।	पिंपरी, पिंपरीचे झाड	the waved-leaved fig-tree.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पाकशास्त्र	पु.	वह शास्त्र जिसमें विभिन्न खाद्य पदार्थों या व्यंजन बनाने की कला, प्रक्रिया का विवेचन होता है।	पाकशास्त्र	cooking, cookery.
पाक्षिक	वि.	1. पक्ष सम्बन्धी;	पक्षविषयक, पंधरवड्या संबंधीचा;	belonging to a fortnight;
		2. प्रत्येक पक्ष में होने वाला।	पंधरवड्याचा	fortnightly.
पाखंड	पु.	1. दिखावटी उपासना या भक्ति;	दिखाऊ धर्माचार;	any one who falsely assumes the characteristics of an orthodox Hindu, Jain or Buddhist, false doctrine, heresy;
		2. पूजा-पाठ आदि का आंडबर, ढकोसला, ढोंग।	ढोंग	hypocrisy, simulation.
पाखंडी	वि.	बनावटी धार्मिकता, सदाचार आदि दिखाने वाला;	दिखाऊ धार्मिक;	one who adopts the external marks or characteristics of a tribe or sect but does not conform to the orthodox tenets of the Hindu faith nor respect the ordinances of the Vedas:
		2. दूसरों को ठगने या धोखा देने के लिए आडंबर या ढोंग करनेवाला।	पाखंडी	dissembling, hypocritical.
पाखाना	पु.	1. शौचालय, वह स्थान जहां मलत्याग किया जाए;	पायखाना, संडास;	latrine;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. शरीर का वह मल जो भोजन आदि पचने के उपरांत गुदा के रास्ते बाहर निकलता है।	शौच, मल	faeces.
पाग	स्त्री.	पगड़ी।	पगडी	a turban.
	पु.	वह खाद्य पदार्थ जो चाशनी या शीरे में पकाकर तैयार किया गया हो।	साखरेच्या पाकात तयार केलेली मिठाई	anything which is boiled in sugar syrup,sugar-coated.
पागना	स. क्रि.	खाने की किसी वस्तु को चाशनी या शीरे में कुछ देर डुबाकर रखना ताकि शीरे या चाशनी का लेप उस वस्तु पर चढ़ जाए।	साखरेच्या पाकात घोळणे, साखरेचे पुट देणे	to dip in or coat with syrup to form a cake or crystallized sugar.
पागल	वि.	जिसका दिमाग खराब हो गया हो, जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, विक्षिप्त, सनकी।	पागल, वेडा, विक्षिप्त	mad, insane, lunatic.
पागलखाना	पु.	वह स्थान जहां पागल व्यक्तियों को रखकर उनकी चिकित्सा की जाती है।	वेड्यांचे इस्पितळ	lunatic asylum.
पागलपन	पु.	1. पागल होने की अवस्था या भाव, उन्माद, मूर्खता;	मूर्खपणा, वेडेपणा;	foolishness;
		2. वह आचरण, कार्य या बात जो पागल लोग साधारणतः करते हों।	वेडेपणाचे चाळे	madness, lunacy, insanity.
पाचक	पुं.	पकाने वाला, पचाने वाला।	स्वैपाक करणारा, अन्न शिजविणारा	cook
	वि.	वह दवा जो खाई हुई चीज पचाती या पाचनशक्ति बढ़ाती हो।	पाचक, पाचक औषध	digestive, causing digestion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पाचन	पु.	1. पकाने या पचाने की क्रिया; 2. जठराग्नि द्वारा भोजन का पचाया जाना।	स्वैपाक करायला किंवा अन्न शिजवायला लावण्याची क्रिया; पचेल असे करण्याची क्रिया	causing to cook or boil or digest; the act of digestion in the stomach.
पाचनशक्ति	स्त्री.	खाए हुए पदार्थ को पचाने की शक्ति या सामर्थ्य, हाजमा।	पोटात होणारी पचन क्रिया, पाचनशक्ती, पचनशक्ती	the digestive power.
पाजामा (पायजामा, पैजामा)	पु.	एक तरह का सिला हुआ वस्त्र जो कमर से एड़ी तक का भाग ढकने के लिए पहना जाता है और जो ऊपरी भाग के नेफे में नाला डालकर पहना जाता है।	पायजमा, विजार	pyjamas.
पाजी	वि.	दुष्ट, बदमाश, लुच्चा।	पाजी, हलकट, बदमाष	mean, wicked.
पाजीपन	पु.	दुष्टता, बदमाशी।	हलकटपणा, पाजीपणा	meanness, wickedness.
पाजेब	स्त्री.	पैरों में पहनने का स्त्रियों का एक प्रसिद्ध गहना।	तोडे, पैजण	anklet.
पाट	पु.	1. विस्तार, फैलाव, चौड़ाई;	रुंदी, विस्तार;	width, breadth;
		2. चक्की के दोनों पल्लो में से हर एक;	तळी (जात्याची);	grindstone (one circular panel only);
		3. किसी प्रकार का तख्ता, पटिया या शिला।	पाषाणाचा किंवा लाकडी पाट	slab, plank.
पाटना	स.	1. किसी गड्ढे या नीची भूमि को भर कर आसपास की जमीन के बराबर कर देना, भर देना;	भराव टाकणे, माती इ. टाकून खड्डा भरणे;	to cover with earth, etc.;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. कमरे के संबंध में उसकी चारों ओर की दीवारों के ऊपरी भाग के खुले अवकाश को बंद करने के लिए उस पर छत या पाटन बनाना;	छप्पर घालणे;	to roof;
		3. ढकना;	झाकणे;	to cover ;
		4. किसी वस्तु की भरमार कर देना, ढेर लगा देना।	ढीग लावणे	to stock, heap.
पाटा	पु.	1. बैठने का काठ का पीढ़ा;	पाट (बसण्याचा);	plank seat;
		2. वह आयताकार लकड़ी जिसकी सहायता से जोते हुए खेत की मिट्टी के ढेले तोड़कर उसे समतल करते हैं;	कुळव;	rectangular plank for levelling the ploughed fields;
		3. लकड़ी का वह छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से राज लोग दीवारों का पलस्तर समतल करते हैं;	गिलावा सपाट करण्याची गवंड्याची पट्टी;	small plank used by the mason for levelling the plaster;
		4. दो दीवारों के बीच में ताला, पटिया आदि लगाकर बनाया हुआ आधार स्थान।	दोन भिंतींच्या कोपऱ्यात बनविलेला लाकडाच्या फळीचा कप्पा, कोनाडा	basement made with the help of planks on both sides of the walls.
पाटी	स्त्री.	1. खाट के ढांचे के दाहिने बाएं लगाई जानेवाली लकड़ियां;	खाटेच्या दोन आडव्या लांबट बाजू पैकी एक, गात;	side pieces of a bedstead;
		2. लकड़ी का वह लंबोतरा टुकड़ा जिस पर बच्चों को अक्षर लिखना सिखाया जाता है, तख्ती;	लाकडी फळी, पाटी (लिहिण्याची लाकडी);	a kind of wooden board on which children learn to write;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. मांग के दोनों ओर गोंद, जल तेल आदि की सहायता से कंघी द्वारा बैठाये हुए बाल जो देखने में पटरी की तरह बराबर मालूम हों, पट्टी, पटिया;	केसांच्या भांगाच्या दोन बाजू;	parting of the hair in the middle of the head;
		4. चटाई।	चटई	mat.
पाठ	पु.	1. पढ़ने की क्रिया या भाव;	वाचन, वाचण्याची क्रिया;	reading;
		2. नियमपूर्वक अथवा श्रद्धाभक्ति से पुण्यफल प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई धर्मग्रन्थ पढ़ने की क्रिया या भाव;	धार्मिक पोथी-वाचन;	religious text;
		3. किसी विषय का उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, सबक;	पाठ, धडा;	lesson;
		4. पाठ्य-पुस्तक का वह अंश जो किसी एक विषय से सम्बन्धित हो;	एक परिच्छेद (एका विषयाशी संबधीत असलेला);	text;
		5. वाक्य, पद्य आदि का लिखित रूप।	मुखोद्गत पाठ असलेल्या मजकुराचे मूळ लिखित रुप	the original writing of oral learning.
पाठक	पु.	पढ़ने या पढ़ानेवाला।	वाचक, शिक्षक	reader, teacher.
पाठभेद	पु.	वह भेद या अंतर जो एक ही ग्रंथ की दो प्रतियों के पाठ में कहीं-कहीं मिलता है।	पाठभेद	varying version in the different scripts of works ascribed to the same author.
पाठशाला	स्त्री.	वह स्थान जहां विद्यार्थियों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है।	पाठशाला, शाळा	school.
पाठांतर	पु.	एक ही पुस्तक की विभिन्न हस्तलिखित या संपादित प्रतियों में शब्दों अथवा उनके वर्णों के क्रम में होनेवाला भेद।	पाठभेद	a variation in the text of a book or manuscript.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पाठ्य	वि.	पढ़ने या पढ़ाने योग्य।	वाचता येईल असा, वाचण्यायोग्य	readable, worth reading.
पाठ्यक्रम	पु.	वे सब विषय तथा उनकी पुस्तकें जो किसी विशिष्ट परीक्षा में बैठनेवाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हों।	पाठ्यक्रम, अभ्यासक्रम	syllabus, course of study.
पाठ्यचर्या	स्त्री.	वह पुस्तिका जिसमें किसी विश्वविद्यालय अथवा स्कूल आदि की विभिन्न परीक्षाओं के लिए निर्धारित विषयों तथा तत्सम्बन्धी पाठ्यक्रमों का उल्लेख होता है।	पाठ्यक्रमांची पुस्तिका	course of study, curriculum.
पाठ्यपुस्तक	पुं.	किसी संस्था या परीक्षा समिति की ओर से किसी कक्षा के विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए निर्धारित पुस्तक।	पाठ्यपुस्तक, अभ्यासाकरिता नेमलेले पुस्तक	text book.
पाठ्यविवरण	पु.	पाठ्यक्रम का संक्षिप्त रूप।	पाठ्यक्रम	syllabus.
पाड़	पु.	1. धोती, साड़ी आदि का किनारा; 2. मचान; 3. इमारत आदि बनाने के लिए खड़ा किया जानेवाला लकड़ियों का ढांचा; 4. वह तख्ता जिस पर अपराधी को फांसी देने के समय खड़ा करते हैं।	कापडाचा काठ; माळा, मचाण; इमारत बांधताना कामगारांना उभे राहण्याकरिता उभा केलेला फळ्यांचा सांगाडा; फाशीची फळी	border of cloth (dhoti, sari, etc.); scaffold; builder's staging, scaffolding platform.
पाड़ा	पु.	1. भैंस का बच्चा; 2. टोला, मुहल्ला (पारा)।	(नर) रेडकू; मोहल्ला, पेठ	male buffalo-calf; a part or locality of a city or town.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पाणिग्रहण	पु.	विवाह।	पाणिग्रहण, लग्न	marriage.
पातक	पु.	पाप, ऐसा पाप जिसका फल भोगने नरक में जाना पड़ता हो।	पातक, पाप	sin.
पातकी	पुं..	बहुत बड़ा पापी।	पातकी, पापी	a sinner.
पाताल	पु.	1. पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से सबसे नीचे का लोक;	भूतला खालचा (कल्पित) प्रदेश, लोक;	nether region of world;
		2. बहुत अधिक गहरा और नीचा स्थान।	खूप खोलातले स्थान	the lower region.
पातिव्रत (पातिव्रत्य)	पु.	पतिव्रता होने की अवस्था, गुण और भाव, पति के प्रति होनेवाली पूर्ण निष्ठा की भावना।	पातिव्रत्य	fidelity to a husband.
पात्र	पु.	1. वह आधान जिसमें कुछ खाया-पिया जा सके;	पात्र, भांडे;	utensil, container;
		2. कोई वस्तु पाने का अधिकारी व्यक्ति;	लायक व्यक्ती;	eligible or worthy (person);
		3. उपन्यास, कहानी, काव्य, नाटक आदि में वे व्यक्ति जो कथावस्तु की घटनाओं के घटक होते हैं तथा जिनके क्रिया-कलाप में कथावस्तु की सृष्टि और उसका परिपाक होता है।	नाटकात भाग बजावणारी व्यक्ती	character (in a play etc.).
पात्रता	स्त्री.	पात्र होने की अवस्था, गुण या भाव, योग्यता।	पात्रता, योग्यता, लायकी	state of deserving, eligibility.
पाथना	स. क्रि.	गीली मिट्टी, गोबर आदि को हाथों से थपथपाते हुए अथवा सांचों में डालकर छोटे-छोटे पिंड बनाना।	थापणे	to make cow-dung into cakes for fuel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पाथेय	पु.	वह भोज्य वस्तु जिसे पथिक राह में खाने के लिए अपने साथ ले जाता है, रास्ते का भोजन।	शिधा, शिधोरी	provisions for a journey.
पाव	पु.	1. चरण, पैर, पांव;	पाद, पाय;	foot or leg;
		2. किसी वस्तु का चौथाई भाग;	चतुर्थ भाग;	a quarter, a fourth part;
		3. छंद, श्लोक आदि का चौथा भाग।	(श्लोक इ. चा) चरण	a verse or line.
पाद-टिप्पणी	स्त्री.	किसी ग्रन्थ के पृष्ठ के निचले भाग में सूचना, निर्देश आदि के लिए दी गई टिप्पणी।	तळची टीप	foot note.
पादरी	पु.	ईसाइयों का धर्मगुरु या पुरोहित।	पाद्री	padri, christian missionary.
पादुका	स्त्री.	1. खड़ाऊँ;	खडाऊ;	a wooden shoe (sandal);
		2. पैरों में पहनने का कोई उपकरण।	पादत्राण	a shoe.
पान	पु.	1. तरल पदार्थ को पीने की क्रिया या भाव;	पिण्याची क्रिया;	drinking,
		2. मद्य या शराब पीना;	मद्यपान;	drinking spiritous liquors;
		3. पीने का कोई तरल पदार्थ ;	पेय;	a drink, beverage;
		4. एक लता जिसके पत्ते सुपारी कत्था आदि के साथ मुख शुद्धि के लिए खाए जाते हैं ;	नागवेली;	betel-leaf;
		5. इस लता का पत्ता;	नागवेलीचे पान, खाण्याचे पान;	leaf of betel plant;
		6. इस आकार की कोई रचना।	पानासारखी कोणतीही रचना	any construction resembling a leaf.
पानगोष्ठी	स्त्री.	मद्यपान के लिए आयोजित गोष्ठी।	मद्यपानाकरिता जमविलेली मंडळी	cocktail party.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पानदान	पु.	पान के पत्ते और उसका मसाला रखने का डिब्बा, पान के बीड़े रखने का डिब्बा।	पानाचा डबा (विडे ठेवण्याचा डबा)		betel-leaf receptacle.
पाना	स.	1. कोई वस्तु प्राप्त करना, हासिल करना;	प्राप्त होणे;		to get, to acquire;
पूर्वग्रह (पूर्वाग्रह)	पु.	किसी अनिश्चित या विवादास्पद विषय के संबध में वह आग्रहपूर्ण धारणा जो पहले से बिना जाने या समझे-बूझे मन में स्थिर कर ली गई हो।	पूर्वग्रह, अगोदरच मनात धरलेली समजूत–धारणा	prejudice, bias.
पूर्वज	पु.	दादा-परदादा आदि पूर्व पुरुष, पुरखा।	पूर्वज, वाडवडील	ancestor, forefather.
पूर्वजन्म	पु.	वर्तमान जन्म से पहले का जन्म, पिछला जन्म।	पूर्वजन्म	former birth, previous birth.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पूर्वपक्ष	पुं.	1. किसी शास्त्रीय विषय के सम्बन्ध में उठाया हुआ ऐसा, प्रश्न, बात या शंका जिसका दूसरे पक्ष को समाधान करना पड़े,	पूर्वपक्ष, वादविवादात घेतलेला पहिला आक्षेप;	first objection to an assertion in any discussion;
		2. किसी बात का वह पूर्व रूप जिसमें सभी संभावित शंकाओं को उठाया जाता है और फिर एक-एक करके इनका खण्डन करते हुए पीछे सिद्धान्त पक्ष की स्थापना की जाती है;	वादात पहिल्यांदा मांडलेली भूमिका;	proposition, assertion;
		3. अभियोग में वादी द्वारा उपस्थित किया हुआ मत;	दाव्यात वादीचे मांडलेले-- म्हणणे;	first statement of the plaintiff;
		4. चंद्र मास का कृष्णपक्ष।	कृष्णपक्ष (उत्तर भारतीय गणनेप्रमाणे)	the fortnight of waning moon.
पूर्वराग	पुं.	नायक नायिका में श्रवण, दर्शन आदि के कारण मिलन से पूर्व उत्पन्न होनेवाला अनुराग।	नायकनायिकेत भेटीपूर्वी इतर कारणांनी निर्माण झालेली प्रीती	earliest or incipient affection, love between two persons which springs from previous cause.
पूर्वरूप	पुं.	1. वह रूप जो पहले रहा हो; 2. ऐसा लक्षण जिसमें किसी भावी वस्तु के आगमन की सूचना मिले, आरंभिक लक्षण, आसार।	पूर्वरुप, पहिले रुप, अगोदरचे रुप; भावी घटनेंची पूर्वचिन्हे	previous form; symptom of something imminent.
पूर्ववत्	वि.	पहले की ही तरह।	पूर्ववत्, पूर्वीसारखे, पूर्वीप्रमाणे	as before.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पूर्ववर्ती	वि.	जो पहले से वर्तमान हो या रह चुका हो, पूर्व में या पहले रहने या होनेवाला, पुराने समय की घटनाओं का विवरण।	पूर्ववर्ती, पूर्वीच्या काळी असलेला–असणारा	existing before, happening before.
पूर्ववृत्त	पु.	पूर्वकाल की बातें, इतिहास।	पूर्ववृत्त, पूर्वीचा वृत्तान्त, इतिहास	former event, antecedent.
पूर्वसूचना	स्त्री.	पहले से दी जानेवाली सूचना या चेतावनी।	पूर्वसूचना, ताकीद, पूर्वीच दिलेली सावधगिरीची सूचना	information given beforehand, warning.
पूर्वानुमान	पुं.	किसी भावी काम या बात के स्वरूप आदि के संबंध में पहले से किया जानेवाला अनुमान या कल्पना।	भाकीत, तर्क	forecast.
पूर्वापर	वि.	आगे और पीछे का।	पूर्वीचा व नंतरचा, मागचापुढचा	prior and subsequent.
पूर्वार्द्ध (पूर्वार्ध)	पु.	शुरू का आधा हिस्सा।	पूर्वार्ध	the first half.
पूर्वाह्न	पु.	दिन का पहला भाग, दिन के पहले दो प्रहर।	पूर्वाह्न, दिवसाचा पहिला प्रहर	earlier part of the day, forenoon.
पूर्वी	वि.	पूर्व दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, पूरब का।	पूर्वेकडील, पूर्वेचा	eastern, oriental.
पूर्वोक्त	वि.	जिसका जिक्र पहले आ चुका हो, जो पहले कहा जा चुका हो।	पूर्वोक्त, पूर्वी–मागे सांगितलेली	afore-mentioned, aforesaid.
पूर्वोत्तर	वि.	पूर्व और उत्तर के बीच का।	ईशान्येकडील	north-eastern.
पूर्वोपाय	पु.	रक्षा व्यवस्था आदि का ध्यान रखते हुए पहले से किया जानेवाला उपाय।	अगोदर योजलेला उपाय	precautionary measure.
पूला (पूली-स्त्री.)	पु.	घास, तिनकों आदि का बना हुआ गट्ठर।	पेंढी	small bundle of grass or straw.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पूस	पु.	पौष मास, अगहन और माह के बीच का मास।	पूस, पोष	tenth month of Indian calendar.
पृथक्	वि.	अलग, जुदा, भिन्न।	पृथक्, अलग, वेगळा	separate, different.
पृथक्करण	पु.	पृथक् या अलग करने की क्रिया या भाव।	पृथक्करण, अलग अलग करण्याची क्रिया	separating, separation.
पृथ्वी (पृथिवी)	स्त्री.	1. धरती, जमीन;	पृथ्वी, जमीन, धरती;	earth, world;
		2. सौर जगत् का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह जिसमें हम लोग रहते हैं;	पृथ्वी ग्रह;	largest fifth planet of solar family;
		3. पंचमहाभूतों में से एक।	पंचमहाभूतांपैकी एक महाभूत	earth is considered as one of the five primary elements.
पृथ्वीपति	पु.	राजा।	पृथ्वीपती, राजा	king, lord of the earth.
पृष्ठ	पु.	1. पीठ, किसी वस्तु का पिछला तल या भाग;	पृष्ठ, पाठ, पाठीचा भाग;	back, the hinder part or rear of any thing;
		2. किसी वस्तु का ऊपरी भाग, सतह;	वरचा भाग, पृष्ठभाग;	upper side, surface;
		3. पुस्तक के पन्ने का एक ओर का भाग।	पान (पुस्तकाचे)	page.
पृष्ठपोषक	वि.	सहायता करनेवाला, रक्षक।	पाठिंबा देणारा, पाठीराखा	one who supports or backs, helper.
पृष्ठभूमि	स्त्री.	1. पहले की वे सब बातें और परिस्थितियाँ जिनके आगे या सामने कोई विशेष बात या घटना हो और जिनके साथ मिलान करने पर उस बात या घटना का रूप स्पष्ट होता है, पहले की बातें।	पार्श्वभूमी, मागची सर्व भूमिका;	background;
		2. पिछला भाग।	पाठीमागील भाग	rear portion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पृष्ठांकन	पु.	लेनदेन के दस्तावेजों की पीठ पर यह लिखना कि इसका भुगतान अमुक व्यक्ति या संस्था को दे दिया जाए।	देणेघेणे विषयक दस्तऐवजाच्या पाठीमागे "हा अमुक व्यक्तींकडे वा संस्थेकडे दिला जावा" असे लिहून केलेली सही	endorsement.
पृष्ठांकित	वि.	जिसकी पीठ पर पृष्ठांकन किया गया हो।	मंजूरीची किंवा समर्थनाची सही असलेला	endorsed.
पेंग (पींग)	स्त्री.	झूलने के समय झूले या हिंडोले का आगे-पीछे जाना।	झोका	swinging.
पेंच (पेच)	पु.	1. एक प्रकार की कील जिसमें चूड़ियाँ बनी रहती हैं;	स्क्रू;	screw;
		2. चाल, घुमाव-फिराव, चालाकी से भरी हुई युक्ति	डावपेच, युक्ती;	trick;
		3. चारों ओर लपेटी जाने-वाली चीज का प्रत्येक फेरा या लपेट;	पेच, फिरकी;	turn, winding;
		4. लड़ाई जानेवाली पतंगों की डोर का एक दूसरे से उलझना;	काटाकाटी (पतंगाची);	entwining of the threads of two flying kites;
		5. एक आभूषण जो पगड़ी में आगे की ओर लगाया जाता है।	तुरा, शिरपेच	kind of ornament worn on the pagdi.
पेंदा (पेंदी-स्त्री.)	पु.	1. किसी गहरी वस्तु का निचला भाग जिसके बल पर वह स्थित होती है;	बूड, तळचा भाग;	base;
		2. किसी गहरी वस्तु का तला।	तळ	bottom.
पेंसिल	स्त्री.	एक प्रकार की लेखनी जो लकड़ी या किसी धातु के पोले लंबोतरे टुकड़े में विशेष प्रकार के मसाले की सलाई बैठाकर तैयार की जाती है।	पेन्सिल, शिसपेन्सिल	pencil.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पेचकश	पुं.	1. वह उपकरण जिससे पेचों को घुमा-घुमाकर जड़ते या निकालते हैं;	पेचकस, स्क्रू ड्राइव्हर;	screw-driver;
		2. एक प्रकार का चक्रदार उपकरण जिससे बोतल का कार्क निकाला जाता है।	बूच काढण्याचा स्क्रू	cork-screw.
पेचदार	वि.	1. जिसमें किसी तरह का पेच लगा हो;	पेच, फिरकी असलेला;	fitted with a screw;
		2. जिसमें कोई उलझन या झमेला हो।	गुंतागुंतीचा	intricate.
पेचिश	स्त्री.	एक उदर-रोग जिसमें पेट में ऐंठन होती है और पाखाने में आंव आती है।	आव, आमांश	dysentery.
पेचीदगी	स्त्री.	1. पेचीदा होने की अवस्था या भाव;	पेच–फिरकी–असलेली अवस्था;	being twisted, twisting;
		2. उलझन।	गुंतागुंत	complication.
पेचीदा	वि.	घुमाव-फिराववाला, उलझन वाला, कठिन, जटिल।	फिरकीचा, गुंतागुंतीचा, जटिल	complicated, intricate.
पेट	पुं.	1. शरीर के मध्य भाग का वह सामनेवाला अंग जो छाती के नीचे और पेड़ू के ऊपर रहता है;	पेट, जठर;	belly, stomach, abdomen;
		2. गर्भ अथवा गर्भाशय;	गर्भाशय, गर्भ;	womb;
		3. किसी वस्तु के बीच का खोखला भाग।	पोकळी, पोकळ भाग	cavity.
पेटपूजा	स्त्री.	भोजन करना, खाना।	पोटपूजा, खाणे;	eating.
पेटी	स्त्री.	1. छोटा पिटारा, छोटा संदूक;	पेटी;	small box or chest;
		2. कमर में बांधने का तसमा, कमरबंद।	कमरपट्टा	belt, girdle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पेटीकोट	पु.	छोटे घेरवाला एक प्रकार का घाघरा जिसे स्त्रियां साड़ी या धोती के नीचे पहनती हैं।	पेटीकोट, आखूड परकर	petticoat.
पेटू	वि.	1. बहुत अधिक खानेवाला; 2. जिसे सदा खाने की चिंता लगी रहे।	खादाड; खाऊ खाऊ करणारा, अधाशी	excessive eater; gluttonous.
पेठा	पु.	1. सफेद कुम्हड़ा; 2. उक्त की बनी मिठाई या मुरब्बा।	कोहळा; कोहळ्याची बनविलेली मिठाई	species of gourd; kind of sweetmeat prepared of (white) gourd.
पेड़	पु.	वृक्ष।	वृक्ष, झाड	tree.
पेड़ा	पु.	खोए और खांड या चीनी से बनी हुई एक गोलाकार चिपटी टिकिया के आकार की मिठाई।	पेढा	kind of sweetmeat.
पेडू	पु.	शरीर का नाभि और उपस्थ के बीच का भाग।	ओटीपोट	part of the body lying between the navel and the pubic region.
पेय	वि.	पिए जाने के योग्य।	पेय, पिण्याजोगा, पिण्याचा	drinkable.
पेरना	स. क्रि.	1. वनस्पति बीजों आदि में से उनका तरल अंश निकालने के लिए उन्हें कोल्हू आदि में डालकर दबाना; 2. किसी को बहुत अधिक कष्ट देना।	चिरडणे, चरकात घालून पिळणे घाण्यात गालणे; छळणे, पिळणे	to crush (sugarcane, linseed etc.); to torment.
पेलना	स. क्रि.	1. दबाकर या ढकेलकर किसी को कहीं धंसाना; 2. बल-प्रयोग करना;	आत शिरकविणे, दाबणे; दबाव टाकणे, जोर जबरदस्ती करणे;	to thrust in, to penetrate, to exercise force, to impel;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी पर आक्रमण करने के लिए हाथी आदि को आगे बढ़ाना।	जोराने अंगावर सोडणे (हत्ती इ.)	drive on forcibly (elephant etc.).
पेश	अव्य.	सामने, आगे, समक्ष।	पुढे, समोर	in front of, before.
पेश करना	स. क्रि.	प्रस्तुत करना, सामने उपस्थित करना।	पुढे ठेवणे, पुढे उभे करणे	to present, to put forth.
पेशकश	स्त्री.	1. उपहार, भेंट;	नजराणा;	present (to a superior);
		2. प्रस्ताव, तजवीज।	प्रस्ताव, सूचना	proposal.
पेशकार	पु.	1. पेश करनेवाला, आगे रखनेवाला;	प्रकरण-वस्तू पुढे ठेवणारा माणूस;	person who introduces, puts forth (a thing etc.);
		2. न्यायालय में वह कर्मचारी जो न्यायाधीश के समक्ष मुकदमों के कागज-पत्र प्रस्तुत करता है।	शिरस्तेदार, कागद-प्रकरण पुढे ठेवणारा कारकून	court-clerk.
पेशगी	स्त्री.	मूल्य, पारिश्रमिक आदि का वह अंश जो कोई वस्तु खरीदने से पहले अथवा कोई काम करने से पहले ही दिया जाता है, अग्रिम, अगाऊ, वेतन का वह भाग जो नियत तिथि से पूर्व ही दे दिया जाता है।	अनामत, तसलमात, उचल	advance, earnest money.
पेशा	पुं.	वह व्यवसाय या धंधा जिससे किसी की जीविका चलती हो।	पेशा, व्यवसाय, धंदा	occupation, trade, profession.
पेशाब	पु.	मूत, मूत्र।	लघवी, मूत्र	urine.
पेशाबघर	पु.	पेशाब करने के लिए बनाया हुआ स्थान।	मुत्री, मुतारी	urinal.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पेशी	स्त्री.	1. पेश होने की अवस्था या भाव;	प्रकरण इ. पुढे ठेवले जाणे;	being put before, coming before (as a case before a judge);
		2. न्यायाधीश के सामने मुकदमे का पेश होना;	सुनावणी;	hearing of a law suit;
		3. शरीर के अन्दर मांस के रेशों की वह गुलथी जिससे भिन्न-भिन्न अंगों को मोड़ने, सिकोड़ने आदि में सहायता मिलती है।	स्नायू	muscle.
पेशेवर	पु.	पेशे के तौर पर कोई कार्य करनेवाला।	धंदेवाला	professional.
पैंठ	स्त्री.	1. ग्रामीण क्षेत्रों में एक स्थान पर लगनेवाला वह अस्थायी बाजार जो सप्ताह के किसी एक दिन लगा करता है;	आठवड्याचा बाजार;	temporary market;
		2. बाजार लगने का दिन।	बाजारचा दिवस	marketing day.
पैंतरा	पु.	1. तलवार आदि चलाने या कुश्ती आदि लड़ने में भिड़ने या वार करने से पहले एक दूसरे से बचते हुए कुशलतापूर्वक घूम-फिरकर विभिन्न मुद्राओं में स्थित होना;	पवित्रा;	preparatory attitudes or movements of a wrestler;
		2. चालाकी से भरी हुई कोई चाल।	चाल (चालून जाण्यासाठी योजलेली)	stratagem.
पैंतरेबाज	पु.	1. वह जो कुश्ती लड़ने या हथियार आदि चलाने का ठीक ढंग जानता हो;	कुस्तीबाज, समशेरबाज;	person who knows the way of wrestling or using the arms;
		2. चालबाज।	डावपेची, डावपेच लढविणारा	strategist, dodger.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पैंतरेबाजी	स्त्री.	पैंतरेबाज होने की अवस्था, कला या भाव।	डावपेच, लढण्यातील चलाखी	strategy, dodge.
पैंतालीस	वि.	जो संख्या में चालीस से पांच अधिक हो, चालीस और पांच।	पंचेचाळीस	forty-five.
	पु.	चालीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 45	पंचेचाळीसचा आकडा	number forty-five.
पैंती	स्त्री.	तांबे आदि की बनी मुंदरी जिसे पवित्रता की दृष्टि से अनामिका में पहनते हैं।	ताब्यांची पवित्र मानलेली अंगठी	a copper ring considered to be very holy worn in the ring finger.
पैंतीस	वि.	जो संख्या में तीस से पांच अधिक हो, तीस और पांच।	पस्तीस	thirty-five.
	पु.	तीस और पांच के योग की संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 35.	पस्तीसचा आकडा	the number thirty-five.
पैंसठ	वि.	जो संख्या में साठ से पांच अधिक हो, साठ और पांच।	पासष्ट	sixty-five.
	पु.	साठ और पांच के योग की संख्या जोकि इस प्रकार लिखी जाती है – 65	पासष्टचा आकडा	the number sixty-five.
पैगंबर	पु.	मनुष्यों के पास ईश्वर का संदेश पहुँचानेवाला, ईश्वर का दूत।	ईश्वराचा प्रेषित, देवांचा संदेशवाहक	prophet.
पैगाम	पु.	किसी को किसी के द्वारा भेजा जानेवाला संदेश या समाचार।	संदेश, निरोप	message.
पैठ	स्त्री.	प्रवेश, पहुंच, गति।	प्रवेश, शिरकाव	access (to).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पैठना	अ. क्रि.	किसी स्थान विशेषत: किसी गहरे स्थान के अन्दर प्रवेश करना, घुसना।	प्रवेशणे, शिरणे, आत जाणे	to have access, to enter.
पैड़ी	स्त्री.	मकानों आदि में ऊपर चढ़ने की सीढ़ी।	जिना	staircase.
पैतृक	वि.	1. पिता सम्बन्धी;	पित्यासंबंधीचा;	relating to father;
		2. पूर्वजों के समय से चला आया हुआ, पुरखों का।	पूर्वजापासूनचा, वाडवडिलांपासूनचा	ancestral.
पैदल	वि.	पांव-पांव चलनेवाला, बिना सवांरी के चलनेवाला।	पायी चालणारा	pedestrian.
	पु.	1. वह सिपाही जिसे सवारी न मिलती हो और जो पैदल ही चलता हो;	पायदळ सैनिक;	footman, infantryman;
		2. पांव-पांव चलना;	पाय चाल;	to walk on foot;
		3. शतरंज का एक मुहरा जो सीधे चलता है और आड़े मारता है।	प्यादे	piece of chess which goes straight, pawn.
पैदाइश	स्त्री.	उत्पत्ति, प्रादुर्भाव।	उत्पत्ती, जंन्म	birth, production.
पैदाइशी	स्त्री.	जन्मजात, कुदरती।	उपजत, नैसर्गिक	inborn, natural.
पैदा करना	स. क्रि.	1. उत्पन्न करना;	पैदा करणे, उत्पन्न करणे, बनविणे;	to produce, to make, to manufacture;
		2. कमाना, अर्जन करना।	मिळविणे, प्राप्त करणे	to earn.
पैदावार	स्त्री.	अन्न आदि जो खेत में बोने से प्राप्त होता है, फसल।	उत्पन्न, पीक	crop, land-produce.
पैना (पैनी स्त्री.)	वि.	जिसकी धार बहुत तेज हो, तीक्ष्ण।	धारदार, तीक्ष्ण	sharp, cute.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पैबंद	पु.	फटे हुए कपड़े की मरम्मत करने के लिए ऊपर से लगाया जानेवाला कपड़े का टुकड़ा।	ठिगळ	patch.
पैमाइश	स्त्री.	1. नापने या मापने की क्रिया या भाव;	मोजणी, मापणी;	measurement;
		2. विशेष रूप से जमीनों आदि का क्षेत्रफल जानने के लिए की जानेवाली नाप।	भूसर्वेक्षण, जमिनीची मोजणी	survey of land.
पैमाना	पु.	1. वह साधन जिससे कोई वस्तु नापी जाए, नाप;	माप;	scale, measure (for dry or wet goods);
		2. शराब पीने का पात्र।	दारुचा पेला	peg (for drinking liquor).
पैर	पु.	1. शरीर का वह अंग जिस पर खड़े होने की दशा में शरीर का सारा भार रहता है तथा जिससे प्राणी चलते हैं, पांव, चरण;	पाय;	foot;
		2. पैर का निशान, चरण- चिह्न;	पाऊल चिन्ह;	foot-mark, foot-print;
		3. वह स्थान जहां खेत से फसल काटकर दाने निकालने के लिए फैलाई जाती है, खलिहान।	खळे	threshing floor.
पैरवी	स्त्री.	अभियोग या मुकदमे के सम्बन्ध में की जानेवाली कारवाइयां जो जीतने या अपना पक्ष प्रामाणिक सिद्ध करने के लिए की जाती हैं।	खटल्याची मांडणी, दाव्याचे समर्थन	advocacy, pursuing a case etc.
पैरवीकार	पु.	पैरवी करनेवाला।	काम चालविणारा बाजू--माडणारा वक	advocate, pleader.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पैरा	पु.	लेख आदि का वह अंश जिसमें कोई बात कही गई हो और जिसकी पहली पंक्ति आरंभ में कुछ जगह छोड़कर लिखी गई हो।	परिच्छेद	para, paragraph.
पैरोकार	पु.	पैरवीकार।	वकील	one who looks after a law-suit.
पैशाचिक	वि.	1. पिशाच सम्बन्धी;	पिशाचविषयक, पैशाची;	relating to fiend, fiendish, demonic;
		2. पिशाचों की तरह का और बीभत्स।	बीभत्स व भयानक	demonical, horrible.
पैसा	पु.	1. तांबे का सिक्का (रुपये का सौवां भाग);	पैसा;	paisa (hundredth part of a rupee);
		2. धन-सम्पत्ति।	धन, संपत्ती	money, wealth.
पोंगा	वि.	निरा मूर्ख, नासमझ।	मूर्ख, बेअक्कल	hollow, block-head.
पोंगापंथी	वि.	मूर्खतापूर्ण।	मूर्खापणाचा, बेअकलीपणाचा	foolish, stupid.
	स्त्री.	मूर्खतापूर्ण आचरण या व्यवहार।	मूर्खपणाची-बेअकलीपणाची-वर्तणूक	stupidity, foolishness.
पोंछना (पोछना)	स. क्रि.	किसी वस्तु पर हाथ, कपड़ा आदि फेरकर उस पर लगा हुआ तरल पदार्थ उठा लेना या धूल आदि साफ कर देना।	पुसणे, पुसून स्वच्छ करणे	to wipe, to clean.
	पु.	पोंछने के काम आनेवाला कपड़ा।	पुसण्याचे फडके	duster.
पोखर (पोखरा)	पु.	वह गहरा तथा विस्तृत गड्ढा जिसमें बरसाती पानी जमा होता हो, छोटा ताल।	तळे	pond.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पोटली	स्त्री.	छोटी गठरी, छोटे से वस्त्र में कस कर बांधी हुई छोटी सी वस्तु।	गाठोडे	small bundle.
पोत	पु.	1. कपड़े की बुनावट; 2. जहाज।	पोत, वीण (कपड्याची); जहाज	texture; a ship.
	स्त्री.	कांच का छोटा दाना।	पोत, काचमणी	small glass bead.
पोतना	स. क्रि.	किसी तरल पदार्थ को अन्य वस्तु पर फैलाकर लगाना, किसी वस्तु पर किसी गीले या सूखे पदार्थ को इस प्रकार लगाना कि उसकी उस पर तह जम जाए।	सारवणे	to besmear, to whitewash.
पोतपरिवहन	पु.	जलमार्ग यातायात।	जलवाहतुक	shipping.
पोता (पोती स्त्री.)	पु.	बेटे का बेटा।	मुलाचा मुलगा, नातू मुलाची मुलगी, नात	grand-son,
पोताई (पुताई)	स्त्री.	पोतने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	सारवण, सारवणाची मजुरी	the act of white-washing, price paid for whitewashing.
पोथी	स्त्री.	पुस्तक, ग्रन्थ।	पोथी, पुस्तक	book.
पोना	स. क्रि.	1. आटे की लोई से रोटी बनाना; 2. रोटी पकाना या सेंकना; 3. पिरोना।	थापटणे, गोळा थापटून भाकर बनविणे; भाकर भाजणे; ओवणे	to spread doughed flour into a bread (in order to bake it); to bake the 'Roti'; to thread, to string, to needle (pearls, beads etc.).
पोप	पु.	ईसाइयों के रोमन कैथोलिक संप्रदाय का प्रधान धर्माचार्य।	पोप, कॅथॉलिक खिस्त्यांचा मुख्य धर्मगुरु	the Pope.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पोपला	वि.	1. जो अन्दर से बिलकुल खाली हो;	खाली, रिकामा;	empty;
		2. बिना दांत का (मुंह)।	तोडाचे बोळके झालेला	toothless, one who has lost his teeth.
पोपलीला	स्त्री.	धर्म का आडंबर, आडंबरपूर्ण कार्य।	धर्माचे ढोंग, प्रदर्शन-अवडंबर	show of religiosity.
पोर	स्त्री.	1. उंगली, अंगूठे आदि का कोई जोड़;	बोटांचा सांधा;	a joint in any finger or thumb etc.;
		2. उक्त दो जोड़ों के बीच का भाग या विस्तार;	पेरे, कांड;	space between the joints of a finger etc.;
		3. जोड़ोंवाली किसी वस्तु के जोड़ों के बीच का भाग।	दोन जोडांमधला भाग	space between two joints or articulations.
पोल	स्त्री.	1. किसी वस्तु के भीतर की खाली जगह;	पोकळी, पोकळपणा;	emptiness, hollowness;
		2. ऐसी स्थिति जो ऊपर से देखने में तो आडंबर पूर्ण लगे किन्तु जिसमें सार कुछ भी न हो, निस्सारता।	दिखाऊपणा, फोफसेपणा	illusion.
	पु.	नगर का मुख्य प्रवेशद्वार।	नगरद्वार	main gate or an entrance of a city.
पोला	वि.	1. जो भीतर से खाली हो;	रिकामा, शून्य;	empty;
		2. जिसके अंदर उचित या पूरा भराव न हो, जो कड़ा या ठोस न हो;	फोफसा;	soft, flabby;
		3. जिसमें विशेष तत्व या सार न हो।	पोकळ	hollow.
पोशाक	स्त्री.	1. पहनावा, लिबास;	वेष	dress;
		2. पहनने के कपड़े।	कपडे	attire.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पोषक	वि.	पोषण करनेवाला, बढ़ानेवाला।	पोषक, पोषण करणारा-वाढविणारा	one who feeds or nourishes.
पोषण तत्व	पुं.	पोषण करनेवाले अंश, विटामिन।	जीवनसत्व	vitamins.
पोषण	पुं.	1. लालन-पालन; 2. किसी काम या बात की पुष्टि या समर्थन।	पालन पोषण; समर्थन, पठिंबा	bringing up; to support.
पोसना	स. क्रि.	आहार आदि देकर बड़ा करना, पालन करना।	पालनपोषण करणे, वाढविणे	to bring up.
पोस्त (पोस्ता)	पुं.	एक प्रकार का पौधा जिसके डोडों से अफीम तैयार की जाती है।	अफूचे झाड	poppy plant.
पोस्ती	वि.	1. अफीम का सेवन करनेवाला; 2. काहिल, अकर्मण्य, आलसी।	अफीणी, अफीमी; सुस्त, आळशी	opium addict; lazy, indolent.
	पुं.	एक खिलौना जो नीचे की ओर भारी होता है और लिटाने पर फिर खड़ा हो जाता है।	खाली पाडली तरी पुन: उठून बसणारी तळाशी जड अशी बाहुली	a kind of toy.
पौ	पु.	1. सूर्योदय से पहले दिखाई देनेवाला हलका प्रकाश; 2. पासे का वह तल जिसमें एक बिंदी रहती है; 3. पौसला, प्याऊ।	पहाट; फाश्यावरचा एक्का; पाणपोई	the dim light before sunrise, early dawn; the one or ace on dice; shed on the road-side for accommodating travellers with water.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
पौआ (पौवा)	पु.	1. एक सेर का चौथाई भाग;	पावशेर (वजनी);	weight or measure of a quarter of a seer;
		2. इस मान का बटखरा या पात्र।	मापी पावशेराचे पात्र	quart measure.
पौत्र	स्त्री.	बेटे का बेटा।	पौत्र, मुलाचा मुलगा, नातू	grand-son, son's son.
पौध	स्त्री.	1. नया निकलता हुआ छोटा पौधा जिसे प्रायः गमलों और क्यारियों में पोसा जाता है तथा बाद में दूसरी जगह लगा दिया जाता है;	रोप;	young plants (for transplantation);
		2. नई पीढ़ी।	नवी पिढी	new generation.
पौधा	पुं.	छोटा पेड़, नया पेड़।	रोपटे, कोवळे झाड	plant, young plant.
पौना (पौन)	वि.	तीन चौथाई, पूरे एक में चौथाई कम।	पाऊण	three fourth, three quarters.
	पु.	1. पौने का पहाड़ा;	पाऊणकी;	a multiplication table in which the multiples of 3/4 are recorded;
		2. एक प्रकार की कलछी।	लांबदांड्याची पळी	a ladle with a long handle.
पौर	पु.	नगर-निवासी, नागरिक।	पौर, नगरजन	citizen.
	वि.	पुर सम्बन्धी, नगर का।	पुरा-नगरा-संबंधीचा, नगरविषयक	relating to a city or town.
पौराणिक	वि.	पुराण सम्बन्धी, पुराण का।	पुराणविषयक, पुराणातील	relating to or belonging to the Puranas, mythological.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	पुराण का जानकार व्यक्ति, पुराणवाचक।	पुराणवेत्ता	well-read in the Puranas.
पौरुष	पु.	पुरुषार्थ, पराक्रम,उद्यम।	पौरुष, शौर्य	effort, heroism, valour.
पौरुषेय	वि.	मनुष्यकृत, मनुष्य का बनाया हुआ, मानवीय।	पुरुष-मनुष्य-कृत, मानुषी	the work of man, manmade, human.
पौरोहित्य	पु.	पुरोहित का पद या कर्म।	पौरोहित्य, पुरोहितपणा, उपाध्येपणा	priesthood and its functions.
पौर्वात्य	वि.	पूर्व दिशा का।	पौर्वात्य	eastern, belonging to east.
पौर्वापर्य	पु.	1. पूर्व और पर अर्थात् आगे-पीछे होने की अवस्था या भाव; 2. अनुक्रम, सिलसिला।	पूर्वापार संबंध; क्रम, अनुक्रम	the relation of prior and posterior; due order, succession.
पौष	पु.	अगहन के बाद और माघ से पहले का महीना।	पौष	the ninth solar month of the Hindus (Dec. — Jan., the full moon of which is near Pushya).
पौष्टिक	वि.	पुष्ट बनानेवाला, शक्ति-वर्धक।	पौष्टिक, पुष्टिदायक	nutritive, nutritious.
प्याऊ	पु.	वह स्थान जहां राह चलते लोगों को पानी आदि पिलाया जाता है।	पाणपोई,	water-booth.
प्याज	पु.	तेज गंधवाला एक प्रसिद्ध मूल जिसका स्वाद तीखा होता है।	कांदा	onion.
प्यादा	पु.	1. वह सैनिक जो पैदल चलता हो;	पायदळ शिपाई;	foot-soldier;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. पैदल चलनेवाला व्यक्ति;	पाई चालणारा माणूस;	footman, pedestrian;
		3. शतरंज का एक मौहरा जो सीधे चलता है और तिरछा मारता है;	प्यादे (बुद्धिबळातील);	pawn (in chess);
		4. हरकारा।	हरकामी नोकर	a peon.
प्यार	पु.	1. प्रेम, महबूबत;	प्रेम, ममता;	love, affection;
		2. प्रेमपूर्वक किया जानेवाला स्पर्श, चुम्बन आदि।	प्रेमाचा स्पर्श किंवा चुंबन	a kiss.
प्यारा	वि.	1. जो प्रेम का पात्र हो;	प्रिय;	beloved, dear;
		2. जो देखने में अच्छा और भला लगे;	आवडता;	lovely;
		3. जिसके प्रति बहुत अधिक ममता हो।	अतिशय लाडका	darling.
प्याला	पु.	कटोरी के आकार का एक प्रसिद्ध पात्र जो नीचे की अपेक्षा ऊपर से कुछ अधिक चौड़ा होता है,जिसमें प्राय: चाय आदि पीते हैं।	पेला	cup, a drinking vessel.
प्यास	स्त्री.	1. वह स्थिति जिसमें जल या कोई अन्य तरल पदार्थ पीने की उत्कट इच्छा होती है, जो शरीर में जलीय अंश की कमी हो जाने पर होती है;	तहान;	thirst, desire to drink;
		2. प्रबल इच्छा या कामना।	तीव्र इच्छा, तृष्णा, कामना	longing, craving.
प्यासा	वि.	1. जिसे प्यास लगी हो;	तहानलेला;	thirsty;
		2. जिसे कोई प्रबल कामना या इच्छा हो।	व्याकुळ	desiring, longing.
प्रकट	वि.	1. जिसका प्रादुर्भाव हुआ हो।	उघड, स्पष्ट	manifest, emergent.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रकटित	वि.	प्रकाशित, प्रकट किया हुआ।	जाहीर, उघड केलेला	made public, disclosed, revealed.
प्रकरण	पु.	1. प्रसंग, संदर्भ;	प्रसंग, संदर्भ;	context;
		2. किसी ग्रंथ या पुस्तक का वह भाग जिसमें किसी एक विषय का प्रतिपादन हो, परिच्छेद;	प्रकरण, अध्याय;	chapter;
		3. नाटक का एक भेद।	काल्पनिक कथानक असलेले नाटक	a kind of drama with a fictitious plot.
प्रकर्ष	पुं.	1. उत्कर्ष, उत्तमता;	सर्वोत्कृष्टता, सर्वोत्तमता;	eminence, excellence;
		2. अधिकता, बहुतायत।	आधिक्य, पराकाष्ठा	intensity, excess.
प्रकांड	वि.	1. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ;	सर्वश्रेष्ठ;	outstanding, eminent;
		2. बहुत बड़ा।	प्रचंड, भव्य	huge, large.
प्रकार	पु.	1. भेद;	भेद;	description;
		2. प्रक्रिया, ढंग;	तऱ्हा, रीत;	manner;
		3. किस्म।	जात	kind, type.
प्रकाश	पु.	ज्योतिष्मान् पदार्थों से उत्पन्न होनेवाली वह शक्ति जो ईथर या आकाश तत्व के द्वारा चारों ओर फैलती है, उजाला।	प्रकाश, उजेड	light.
प्रकाशक	वि.	1. प्रकाशन करनेवाला;	प्रकाश देणारा, उजेड करणारा;	one who or that which illuminates, an illuminator;
		2. प्रकट करनेवाला, अभिव्यक्त करनेवाला।	प्रकट, व्यक्त-करणारा	one who discloses, discloser.
	पु.	पुस्तक आदि को छपवाकर प्रकट करनेवाला।	प्रकाशक (पुस्तके इ.) छापून बाहेर पाडणार	publisher.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रकाशन	पु.	1. प्रकाश में या सबके सामने लाने की क्रिया या भाव;	प्रकाश टाकण्याची, प्रकाशात आणण्याची क्रिया;	the act of bringing a thing into light;
		2. ग्रन्थ आदि छपवाकर बेचने या प्रचार करने का व्यवसाय;	प्रकाशनाचा व्यवसाय;	publishing;
		3. प्रकाशित की जानेवाली कोई पुस्तक।	प्रकाशित पुस्तक	publication.
प्रकाशमान	वि.	चमकता हुआ, चमकीला।	तेजाळ, प्रकाशणारा	glowing, shining.
प्रकाशवर्ष	पु.	आकाशस्थ पिंडों या तारों की दूरी नापने का एक मान जो प्रकाश की गति के विचार से स्थिर किया गया है और जो उतनी दूरी का सूचक है जितनी प्रकाश एक वर्ष में पार करता है।	प्रकाशवर्ष	light year.
प्रकाशस्तंभ	पु.	समुद्र में बना हुआ वह स्तंभ जिसमें बहुत तीव्र प्रकाश की व्यवस्था होती है जिससे जलयान, वायुयान आदि रात के समय मार्ग का निश्चय करते हैं।	दीपस्तंभ	light-house.
प्रकाशित	वि.	1. प्रकाश से युक्त किया अथवा प्रकाश में लाया हुआ;	उजेडात आणलेला, प्रकाशयुक्त;	with light, brought to light;
		2. प्रकट किया हुआ;	प्रकट-उघड केलेला;	revealed;
		3. (ग्रन्थ आदि) छपवाकर सबके सामने लाया हुआ।	छापून प्रसिद्ध केलेला	published.
प्रकीर्ण	वि.	1. फैलाया हुआ, बिखेरा हुआ;	पसरलेला, विखुरलेला;	spread out, scattered;
		2. मिला-जुला, जिसमें अनेक प्रकार की चीजें हों।	फुटकळ	a miscellany.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रकृत	वि.	1. जिसका प्रसंग छिड़ा हो;	प्रस्तुत;	commenced;
		2. स्वाभाविक;	स्वाभाविक;	natural;
		3. साधारण, सहज।	साधारण, नेहमीचा	normal.
प्रकृति	स्त्री.	1. स्वभाव, मिजाज;	प्रकृती, स्वभाव;	temperament, disposition;
		2. जगत का उपादान कारणरूप मूलतत्व;	जगाचे मूळ तत्व;	nature, original or primary substance;
		3. भारतीय राजनीति में अमात्य, सुहृद, आदि राज्यांग;	भारतीय राजनीती अनुसार अमात्य, मंत्री इ. राज्यांगे;	king's minister;
		4. व्याकरण में वह मूल शब्द जिसमें प्रत्यय आदि लगाए जाते हैं।	(व्याक.) शब्दांचे मूळरूप	(in grammar) the crude or elementary form of a word.
प्रकृतिस्थ	वि.	जो अपने स्वभाव या स्वरूप में स्थित हो, क्षोभ आदि विकार से रहित।	अक्षुब्ध, स्थिर, शांत	composed, normal.
प्रकृष्ट	वि.	1. उत्तम, श्रेष्ठ;	उत्कृष्ट, सर्वोत्तम;	best, excellent;
		2. प्रधान, मुख्य;	प्रमुख, मुख्य;	principal, chief;
		3. खींचा या बढ़ाया हुआ।	पुढे ओढलेला	drawn forth.
प्रकोप	पुं.	1. अत्यधिक कोप;	मोठा रोग;	wrath, rage;
		2. किसी बीमारी का जोर;	मोठी साथ;	epidemic;
		3. किसी रोग की तीव्र अवस्था।	रोगाची तीव्र अवस्था	an attack (medic).
प्रकोष्ठ	पु.	1. बांह का कलाई से लेकर कुहनी तक का भाग;	मनगटाच्या वरचा कोपरा पर्यन्तचा भाग;	the fore-arm, the part above the wrist;
		2. इमारत के भीतर का आंगन;	आंगण;	courtyard;
		3. मुख्य द्वार के पास का कमरा;	महाद्वाराजवळची खोली;	room near the gate of a palace;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. आजकल संसद्, विधान-सभा आदि के बाहर का वह कमरा, बरामदा या प्रांगण जहां बैठकर सदस्य परस्पर बातचीत करते हैं तथा पत्रकारों आदि से मिलते हैं।	संसदेच्या वा विधान सभेच्या बाहेरचा भाग जेथे बसून सभासद गप्पागोष्टी करतात	lobby.
प्रक्रम	पु.	1. क्रम, सिलसिला;	क्रम, अनुक्रम;	sequence;
		2. कोई वस्तु बनाने या तैयार करने की सारी क्रियाएं, प्रक्रिया;	प्रक्रिया;	process;
		3. वह उपाय या योजना जो कोई कार्य आरम्भ करने से पहले की जाए।	पद्धती	method.
प्रक्रिया	स्त्री.	1. कोई काम करने या वस्तु बनाने की वह निश्चित और विशिष्ट क्रिया या प्रकार जिससे वह ठीक तरह से सम्पन्न या प्रस्तुत की जा सके;	प्रक्रिया;	process;
		2. व्याकरण में शब्द् अथवा उसके प्रयोग का किया जानेवाला साधन।	(व्याक.) शब्दाला प्रत्यय लावण्या विषयीचे नियम	(in gram) rules for the inflexion of words.
प्रक्षालन	पु.	पानी से साफ करना, धोना।	धुण्याची क्रिया	to **wash** with water, to **wash**.
प्रक्षिप्त	वि.	1. फेंका हुआ, डाला हुआ;	फेकलेला, घातलेला;	thrown or cast at;
		2. पीछे से जोड़ा या मिलाया हुआ।	घुसडलेला	interpolated.
प्रक्षेप	पु.	1. फेंकना, डालना;	फेकण्याची क्रिया;	throwing, casting;
		2. पुस्तक आदि का वह अंश जो बाद में जोड़ा या मिलाया गया हो;	घुसडलेला भाग (पुस्तकात);	interpolation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. व्यापार में लगा हुआ किसी हिस्सेदार का मूलधन।	व्यापारात लावली गेलेली प्रत्येकी भागीदाराची रक्कम	the sum deposited by each member of a commercial company.
प्रक्षेपण	पु.	फेंकना, डालना।	फेकण्याची क्रिया	throwing.
प्रखर	वि.	तीक्ष्ण, प्रचण्ड, उग्र।	प्रखर	sharp, acute, fierce.
प्रखरता	स्त्री.	प्रखर होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रखरता, तीव्रता, तीक्ष्णता, उग्रता	sharpness, acuteness, fierceness.
प्रख्यात	वि.	बहुत प्रसिद्ध।	प्रख्यात	famous.
प्रगति	स्त्री.	आगे बढ़ना, उन्नति।	प्रगती	progress.
प्रगतिवाद	पु.	एक आधुनिक साहित्यिक वाद जिसका मुख्य उद्देश्य जनवादी शक्तियों को संघटित करके मार्क्सवाद और भौतिक यथार्थवाद के लक्षित उद्देश्यों की सिद्धि करना है।	आधुनिक प्रगतिवाद	progressivism.
प्रगतिवादी	वि.	प्रगतिवाद सम्बन्धी, प्रगतिवाद का।	प्रगतिवादविषयक	pertaining to progressivism.
	पु.	प्रगतिवाद का अनुयायी या समर्थक।	प्रगतिवादाचा अनुयायी	a progressivist.
प्रगतिशील	वि.	जो आगे बढ़ रहा हो या उन्नति कर रहा हो।	प्रगतिशील, पुरोगामी	progressive.
प्रगल्भ	वि.	1. चतुर, दक्ष; 2. बोलने में संकोच न करनेवाला, वाचाल; 3. धृष्ट, उद्धत।	चतुर, दक्ष; स्पष्टवक्ता; उद्धट, उर्मट	skilful; outspoken, bold in speech, precocious; audacious, arrogant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रगल्भता	स्त्री.	प्रगल्भ होने की अवस्था या भाव।	उद्धटपणा;	audacity, arrogance.
प्रगाढ़	वि.	1. बहुत अधिक;	खूप;	much;
		2. घना;	अतिशय, दाट, घनदाट;	dense;
		3. बहुत गाढ़ा या गहरा।	अतिशय खोल	profound, deep.
प्रचंड	वि.	अति तीव्र, घोर, भीषण।	अतिशय घोर, भीषण, तापदायक	excessively violent, furious.
प्रचंडता	स्त्री.	प्रचंड होने का भाव या स्थिति।	तापदायकता	violence.
प्रचलन	पु.	1. प्रथा, रिवाज;	प्रथा, रिवाज;	custom;
		2. उपयोग, व्यवहार आदि में आना।	वापर, चलन	usage, currency.
प्रचलित	वि.	1. जो उपयोग, व्यवहार आदि में आ रहा हो;	वापरात असलेला;	in usage;
		2. जिसका प्रचलन हो;	चालू असलेला;	current;
		3. कार्य या व्यवहार के रूप में चलाया या लाया हुआ।	अमलात-व्यवहारात असलेला	in force.
प्रचार	पुं.	1. किसी वस्तु या बात का बार-बार व्यवहार में आना या चलता रहना;	वापर, चलन;	prevalence, currency;
		2. वह प्रयास जो किसी सिद्धान्त आदि को जनता में फैलाने के लिए विशेषरूप से किया जाता है और जिसका प्रमुख उद्देश्य किसी वस्तु को लोकप्रिय बनाना अथवा उसे हेय सिद्ध करना होता है;	प्रचार;	propaganda;
		3. प्रसिद्धि।	प्रसिद्धी	publicity.
प्रचारक	पु.वि.	प्रचार करनेवाला।	प्रचारक, प्रचार करणारा	propagator.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रचारित	वि.	जिसका प्रचार हुआ या किया गया हो।	प्रचार केला गेलेला, करण्यात आलेला, लोकाना माहीत करुन दिला गेलेला	made public or known, circulated.
प्रचुर	वि.	बहुत अधिक, प्रभूत।	प्रचुर, खूप, पुष्कळ	abundant, plentiful.
प्रचुरता	स्त्री.	प्रचुर होने का भाव, आधिक्य।	अतिशयता, समृद्धी	abundance, plenty.
प्रच्छन्न	वि.	ढका हुआ, छिपा हुआ।	प्रच्छन्न, झाकलेला	covered, hidden.
प्रजनन	पु.	1. अपने ही जैसे नये जीवों को जन्म देकर अपने वंश या वर्ग की वृद्धि करना, सन्तान उत्पन्न करना;	प्रजनन, जन्म देणे;	reproduction;
		2. जीवों का होनेवाला जन्म;	जन्म;	bringing forth;
		3. पशुओं आदि को पालपोसकर उनकी उन्नति और वृद्धि करना।	पालन पोषण	breeding.
प्रजा	स्त्री.	1. किसी राज्य या राष्ट्र की जनता;	राज्यातील लोक;	subjects, public;
		2. संतान, औलाद।	संतती	issues,children.
प्रजातंत्र	पु.	प्रजा या प्रजा के प्रतिनिधियों द्वारा परिचालित शासन-व्यवस्था।	लोकशाही	democracy.
प्रजापति	पु.	सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा।	प्रजापती, ब्रम्हा	lord of creatures, Brahma.
प्रज्ञा	स्त्री.	बुद्धि, विवेक, मति, समझ।	प्रज्ञा, बुद्धी, जाण, विवेक	intelligence, discrimination, understanding.
प्रज्ञाचक्षु	पु.	अंधा व्यक्ति।	अंधमाणूस	blind.
प्रज्वलित	वि.	1. जलता हुआ, दहका हुआ;	जळत असणारा, पेटणारा;	burning, flaming;
		2. चमकीला।	प्रकाशमान	bright, shining.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रण	पु.	दृढ़ निश्चय, प्रतिज्ञा।	पण, प्रतिज्ञा	determination, pledge, vow.
प्रणति	स्त्री.	1. झुकने की क्रिया या भाव;	खाली झुकण्याची क्रिया;;	act or process of bowing;
		2. प्रणाम;	नमन;	salutation;
		3. नम्रता।	नम्रता	humility.
प्रणय	पु.	प्रेम, प्रीति।	प्रणय, प्रीती	love, affection.
प्रणयन	पु.	साहित्यिक ग्रंथ, लेख आदि प्रस्तुत करना या लिखना।	ग्रंथ-लेखन, ग्रंथ प्रकाशन	writing (to write or bring forward literary books, articles, etc.).
प्रणयी	पु.	प्रेम करनेवाला, अनुरागी, चाहनेवाला।	प्रणयी, प्रेमी	lover.
प्रणाम	पु.	नमस्कार, अभिवादन।	प्रणाम, नमस्कार	salutation, term used in greeting elders.
प्रणाली	स्त्री.	1. पद्धति, रीति, ढंग;	पद्धती,	system, method, channel;
		2. पानी बहने का कृत्रिम नाला, परनाला।	पाणी जाण्याकरिता बनविलेला पाट	drain.
प्रणीत	वि.	बनाया हुआ, निर्मित, रचा हुआ।	रचित, निर्मित	made, produced.
प्रणेता	पु.	1. पुस्तक या ग्रंथ का रचयिता;	ग्रंथलेखक, -कर्ता;	author;
		2. किसी सिद्धांत या मत का प्रवर्तक।	मतप्रवर्तक	promulgator of a doctrine.
प्रताप	पु.	1. पौरुष, वीरता;	पौरुष, शौर्य;	courage, heroism;
		2. प्रभाव।	गौरव, दबदबा, प्रभाव	glory, dignity.
प्रतापवान	वि.	प्रतापी।	प्रतापी, गौरवशाली	glorious, dignified.
प्रतापी	वि.	प्रतापशाली।	गौरवशाली	glorious, dignified.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतारण	पु.	वंचना, ठगी, धोखा।	फसवणूक	deceit, fraud.
प्रतारणा	स्त्री.	दे. 'प्रतारण'।	फसवणूक	see 'प्रतारण'.
प्रतारित	वि.	जो ठगा गया हो, छला हुआ।	फसविलेला, फसविला गेलेला, ठकविलेला	deceived, cheated.
प्रति	स्त्री.	1. चित्र, पुस्तक, लेख आदि की बहुत सी छपी अथवा लिखी हुई नकलें या प्रतिकृतियों में से हर एक;	प्रत;	copy;
		2. किसी वस्तु की कोई नकल या अनुकृति।	नक्कल, अनुकृती	copy,
	अव्य.	1. किसी की ओर या दिशा में;	कडे, —च्या बाजूला;	towards, in the direction;
		2. किसी को उद्दिष्ट या लक्षित करते हुए;	विषयी;	regarding;
		3. अनेक में से हर एक और अलग-अलग।	एक एक	each or every.
	उप.	एक उपसर्ग जो शब्दों के पहले आकर विरोध, विपरीतता, बदला, वीप्सा, सादृश्य, सामना, सामुख्य, खंडन, मुकाबला, जोड़ आदि का द्योतन करता है	शब्दाच्या पूर्वी विरोध, विपरीतता किंवा सदृश्य इ.	prefix, denoting opposition, similarity etc.
प्रतिकार	पु.	1. मुआवजा, क्षति-हानि आदि के बदले दिया जानेवाला धन;	दर्शविण्याकरिता लावला जातो	compensation;
		2. बदला चुकाने के लिए किया जानेवाला कार्य, बदला;	इलाज;	revenge;
		3. चिकित्सा, इलाज;	प्रतिक्रियात्मक क्रिया;	treatment;
		4. किसी बात को दबाने या रोकने आदि के लिए किया जानेवाला उपाय या प्रयत्न।	विरुद्ध	counter-action

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिकूल	वि.	जो अनुकूल न हो, विपरीत।	विरोध असण्याची,	unfavourable, adverse.
प्रतिकूलता	स्त्री.	प्रतिकूल होने की अवस्था, गुण या भाव।	अनुकूलता नसण्याची स्थिती	unfavourableness, adverseness.
प्रतिकृति	स्त्री.	1. किसी वस्तु के आकार प्रकार आदि के अनुरूप बनी या बनाई हुई दूसरी वैसी ही वस्तु;	प्रतिकृती, हुबेहूब कृती;	prototype, replica;
		2. चित्र, तस्वीर।	चित्र, तसबीर	picture.
प्रतिक्रिया	स्त्री.	किसी कार्य के परिणाम के रूप में होनेवाला कार्य।	प्रतिक्रिया	reaction.
प्रतिक्रियात्मक	वि.	प्रतिक्रिया से युक्त।	प्रतिक्रियात्मक	reactionary.
प्रतिक्रियावादी	वि.	इस मत या सिद्धान्त को माननेवाला कि जो बातें पहले से चली आ रही हैं उनमें परिवर्तन या सुधार करनेवालों का विरोध करना चाहिए।	बदल वा क्रांती करण्यास विरोध करण्याचा मताचा	reactionary, reactionist.
प्रतिघात	पु.	1. आघात के बदले किया गया आघात;	प्रत्याघातः, उलटप्रहार;	counter-attack;
		2. आघात लगने पर उसके फलस्वरूप आप से आप होनेवाला दूसरा आघात।	उलट बसणारा हबका	blow in return.
प्रतिच्छवि	स्त्री.	1. प्रतिबिंब, परछाँई;	प्रतिबिंब, पडछाया;	reflection, shadow;
		2. चित्र, तस्वीर।	चित्र	picture, image.
प्रतिच्छाया	स्त्री.	1. प्रतिबिंब, परछाँई;	प्रतिबिंब, पडछाया;	reflection, shadow;
		2. प्रतिकृति, चित्र।	प्रतिकृती, चित्र	facsimile.
प्रतिज्ञा	स्त्री.	किसी कार्य को करने, न करने आदि का दृढ़ संकल्प, शपथ, सौगंध।	प्रतिज्ञा, पण	pledge, vow.
प्रतिज्ञान	पु.	1. प्रतिज्ञा;	शपथ-प्रतिज्ञा घेणे;	pledge, vow;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी बात के संबंध में शपथ या सौगंध न खाकर सत्यनिष्ठापूर्वक कोई बात कहना।	सत्याला स्मरुन विधान करणे	affirmation.
प्रतिदान	पुं.	1. किसी ली हुई वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु देना;	वस्तुविनिमय;	barter, exchange;
		2. किसी से ली हुई वस्तु उसे वापस करना या लौटाना।	घेतलेली वस्तू परत करण्याची क्रिया	giving back, return.
प्रतिद्वंद्व	पुं.	दो समान व्यक्तियों या शक्तियों का पारस्परिक विरोध, बराबरवालों का झगड़ा या मुकाबला।	दोन तुल्यबल माणसांचा झगडा वा स्पर्धा	conflict, competition.
प्रतिद्वंद्विता	स्त्री.	प्रतिद्वंद्वी होने की अवस्था या भाव।	दोघांचा विरोध-झगडा वा स्पर्धा असण्याची स्थिती	mutual conflict, rivalry, competition.
प्रतिद्वंद्वी	पुं.	1. वह व्यक्ति या वस्तु जो किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु के मुकाबले की हो;	विरोधी व्यक्ती, प्रतिस्पर्धी;	antagonist;
		2. एक व्यक्ति की दृष्टि से दूसरा व्यक्ति जो एक ही वस्तु को उसकी तरह प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहा हो।	स्पर्धक, प्रतिस्पर्धी	rival, contestant.
प्रतिध्वनि	स्त्री.	किसी शब्द के उपरांत सुनाई पड़नेवाला उसी से उत्पन्न तदनुरूप शब्द, गूंज।	प्रतिध्वनी, पडसाद	echo, reverberation.
प्रतिध्वनित	वि.	जो प्रतिध्वनि के रूप में शब्द करता हो, गूँजा हुआ।	पडसाद रुपाने निनाद करीत आलेला	echoed, reverberated.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिनायक	पु.	नाटक आदि में नायक का प्रतिद्वंद्वी।	नायकाचा प्रतिस्पर्धी	hero's rival, competitor.
प्रतिनिधान	पु.	वह व्यक्ति या व्यक्तियों का दल जो इस प्रकार बनाकरकहीं भेजा जाए, प्रतिनिधि मण्डल।	प्रतिनिधि मंडळ	deputation.
प्रतिनिधि	पु.	1. वह व्यक्ति जो दूसरों की ओर से कहीं भेजा जाए अथवा उनकी तरफ़ से कार्य करे;	प्रतिनिधि, मुखत्यार;	proxy;
		2. वह जिसे देखकर उसी के वर्ग,जाति आदि के व्यक्तियों के स्वरूप, आचार-विचार आदि का अनुमान लगाया जा सके।	प्रतिनिधी, सर्व वर्गांची वा जमातीची जाणीव करुन देणारी व्यक्ती	representative.
प्रतिनिधित्व	पु.	प्रतिनिधि होने की अवस्था या भाव, प्रतिनिधि होने का काम।	प्रतिनिधित्व	representation.
प्रतिनियुक्त	वि.	प्रतिनिधि या अधीनस्थ अधिकारी के रूप में बनाकर कहीं भेजा हुआ।	प्रतिनिधि म्हणून नेमलेला	deputed.
प्रतिनियुक्ति	स्त्री.	प्रतिनियुक्त किए जाने की अवस्था या क्रिया।	प्रतिनिधी म्हणून नेमून पाठविण्याची अवस्था वा क्रिया	deputation.
प्रतिपक्ष	पु.	1. मुकाबले का विरोधी पक्ष;	विरोधी पक्ष;	contesting or opposite party;
		2. विरोधी पक्ष द्वारा कही हुई बात या उसके द्वारा उपस्थित किया हुआ मत।	प्रतिवाद, प्रतिपक्ष्याचे मत	opinion expressed by the opposite party.
प्रतिपक्षी	वि.	शत्रु, विरोधी।	प्रतीपक्षी, विरोधी	opponent, adversary.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिपदा	स्त्री.	पक्ष की पहली तिथि।	प्रतिपदा	first day of a lunar fortnight.
प्रतिपादक	पु.	प्रतिपादन करनेवाला।	सिद्धांत प्रतिपादन करणारा	exponent, one who sets forth (a principle, theory etc.).
प्रतिपादन	पु.	1. किसी विषय का सप्रमाण कथन, निरूपण, विषय का स्थापन;	प्रतिपादन, सप्रमाण कथन, विवेचन;	explaining, exposition;
		2. आरम्भ करना।	प्रारंभ	commencement.
प्रतिपादित	वि.	जिसका प्रतिपादन किया गया हो।	स्पष्ट-विवेचन करुन-सांगितलेला	set forth, interpreted.
प्रतिपाद्य	वि.	जिसका प्रतिपादन किया जा सकता हो, या किया जाने को हो।	प्रतिपादन करण्यायोग्य	to be treated or discussed.
प्रतिपूर्ति	स्त्री.	किसी व्यक्ति या मद से लेकर व्यय किया हुआ धन उसे देकर या उसमें जमा कर उसकी पूर्ति करना।	घेतलेली रक्कम परत त्याच खात्यात जमा करुन खाते पूर्ण करण्याची क्रिया	reimbursement.
प्रतिफल	पु.	1. परिणाम, नतीजा;	परिणाम, फळ;	result;
		2. वह जो बदले में किया जाए, पुरस्कार।	पुरस्कार, इनाम	return, reward.
प्रतिबंध	पु.	1. वह बंधन या रोक जो किसी काम, बात या व्यक्ति पर लगाई जाए, मनाही;	प्रतिबंध, मनाई, बंदी;	ban, restriction;
		2. किसी काम या बात में लगाई हुई शर्त।	शर्त	condition.
प्रतिबिंब	पु.	परछाईं, प्रतिच्छाया।	प्रतिबिंब	reflection, reflected image.
प्रतिबिंबित	वि.	जिसका प्रतिबिंब पड़ा हो, दर्पण आदि में प्रतिफलित।	ज्याचे प्रतिबिंब पडले आहे असा	reflected.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिबोध	पुं.	1. जागरण, जागना;	जागृती;	awakening, waking;
		2. ज्ञान, चातुर्य।	ज्ञान	perception, knowledge.
प्रतिभा	स्त्री.	असाधारण बुद्धिबल, विलक्षण बौद्धिक शक्ति।	प्रतिभा	genius, brilliance.
प्रतिभावान	वि.	प्रतिभायुक्त।	प्रतिभासंपन्न	genius, brilliant.
प्रतिभाशाली	वि.	प्रतिभावान।	प्रतिभावान्	genius, brilliant.
प्रतिभू	पुं.	जमानत करनेवाला, जामिन।	जामीनदार	surety, bail.
प्रतिभूति	स्त्री.	1. कोई काम या वचन आदि पूरा करने के लिए दिया गया आश्वासन या जमा की गई वस्तु या धन;	हमी, जामिनकी;	security, bail;
		2. प्रतिभू के द्वारा दी गई जमानत।	जमानत, जामिनकीची रक्कम	surety.
प्रतिमा	स्त्री.	मूर्ति, अनुकृति।	प्रतिमा, मूर्ती, हूबेहूब चित्र	idol, statue, picture.
प्रतिमान	पुं.	वह वस्तु या रचना जिसे आदर्श मानकर उसके अनुरूप और वस्तुएं बनाई जाती हों।	प्रतिमा बनविण्याचा आदर्श नमुना	model.
प्रतियोगिता	स्त्री.	किसी विशिष्ट उद्देश्य की सिद्धि या फल की प्राप्ति के लिए कुछ लोगों में परस्पर होनेवाला मुकाबला।	स्पर्धा, द्वंद्व, मुकाबला	competition, match, tournament.
प्रतियोगी	पुं.	1. प्रतियोगिता करनेवाला व्यक्ति;	प्रतिस्पर्धी;	competitor;
		2. विरोधी, शत्रु।	विरोधी, प्रतिद्वंद्वी	competitor, rival, opponent.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिरक्षा	स्त्री.	रक्षण, हिफाजत।	संरक्षण	defence.
प्रतिरूप	पु.	वह जो रूप या आकृति में किसी के समान हो, चित्र, तस्वीर।	हुबेहुब चित्र	likeness, prototype.
	वि.	नकली, जाली।	नकली, फसवा	counterfeit.
प्रतिरोध	पु.	1. रोक, रुकावट, बाधा;	प्रतिबंध, अटकाव;	ban, hindrance;
		2. आवेग, आक्रमण आदि को रोकने के लिए किया जानेवाला कार्य।	प्रतिकार	counteraction.
प्रतिलिपि	स्त्री.	किसी लिखी हुई चीज की नकल।	नक्कल	copy, facsimile.
प्रतिलोम	वि.	विपरीत, उलटा।	विपरीत, उलटा	opposite to the natural course or order, converse.
प्रतिवाद	पु.	1. किसी बात के विरुद्ध कही जानेवाली बात;	वादास दिलेले प्रत्युत्तर;	counter-statement;
		2. विरोध, खण्डन।	वादाचे केलेले खंडन	refutation.
प्रतिवादी	पु.	प्रतिवाद करनेवाला।	प्रतिवादी, वादीचा विरोधी पक्ष	defendent, respondent.
प्रतिवेदन	पु.	1. किसी योजना आदि के सम्बन्ध में छानबीन करने के उपरांत तैयार किया हुआ विवरण जो कहीं भेजा जाता है;	वृत्तान्त, विवरण;	report;
		2. प्रार्थना।	अर्ज, विनंती	representation.
प्रतिशत	क्रि. वि.	हर सौ पर, फीसदी।	दर शेकडा	per-cent.
प्रतिशोध	पु.	बदला, प्रतिकार।	बदला, सूड	revenge.
प्रतिश्रुत	वि.	(व्यक्ति) जिसने किसी बात की कोई प्रतिज्ञा की हो।	प्रतिज्ञा घेतलेला-पण केलेला	the person who has taken pledge.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिषिद्ध	वि.	जिसे करने से किसी को रोका गया हो।	मनाई केलेला	forbidden.
प्रतिषेध	पु.	निषेध, मनाही।	मनाई, बंदी	prohibition.
प्रतिष्ठा	स्त्री.	1. आदर, सम्मान, ख्याति;	ख्याती, कीर्ती; मान	high position, fame,glory, renown;
		2. अच्छी तरह स्थापित किया जाना, स्थापना;	स्थापना;	installation;
		3. मान-मर्यादा।	दर्जा, मान	dignity, status, establishment.
प्रतिष्ठान	पु.	1. स्थापित करने की क्रिया या भाव;	स्थापन करण्याची क्रिया;	fixing, placing;
		2. किसी उद्योग व्यवसाय आदि का कार्यालय या स्थान;	उद्योग-व्यवसायाचे कार्यालय किंवा मुख्यस्थान;	site, situation, institute;
		3. (विशेष अर्थ) निहित स्वार्थों की एक परम्पराबद्ध व्यवस्था।	एक परंपरागत व्यवस्था, संस्था	establishment (special meaning).
प्रतिष्ठापन	पु.	स्थापित करने की क्रिया या भाव।	स्थापन करण्याची क्रिया	fixing, placing.
प्रतिष्ठापित	वि.	जिसका प्रतिष्ठापन किया गया हो।	स्थापित, स्थापिलेला	set up, fixed.
प्रतिष्ठित	वि.	1. प्रसिद्ध, ख्यात, आदर-प्राप्त;	प्रतिष्ठा-मान असलेला;	honourable;
		2. जिसकी प्रतिष्ठा की गई हो, स्थापित।	स्थापित	established, installed.
प्रतिस्थापन	पु.	1. किसी वस्तु के नष्ट हो जाने या हट जाने पर उसके स्थान पर वैसी ही दूसरी वस्तु रखना;	नष्ट झालेल्या वस्तूच्या जागी तशीच दुसरी वस्तु स्थापन करणे, बसविणे;	replacement;
		2. किसी व्यक्ति के हट जाने पर काम चलाने के लिए उसके स्थान पर दूसरा व्यक्ति रखना।	बदली नेमणे	substitution (substitute).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतिस्पर्धा	स्त्री.	लाग डाट, होड़।	प्रतिस्पर्धा, स्पर्धा, चढाओढ	rivalry, competition,
प्रतिस्पर्धी	पं.	होड़ करनेवाला, प्रतिद्वंद्वी।	प्रतिस्पर्धी	a rival, competitor.
प्रतिहस्ताक्षर	पु.	किसी के हस्ताक्षर के अनुमोदन या समर्थन के लिए किसी बड़े अधिकारी का हस्ताक्षर करना।	समर्थना करिता केलेली दुसरी सही	counter-signature.
प्रति-हस्ताक्षरित	वि.	जिस पर प्रतिहस्ताक्षर किए गए हों।	समर्थनार्थ दुसरी सही केलेला	counter-signed.
प्रतिहारी	पं.	द्वारपाल, दरबान।	द्वारावरचा शिपाई, द्वारपाल, दरवान	door keeper, watchman.
प्रतिहिंसा	स्त्री.	हिंसा के बदले में की जानेवाली हिंसा।	हिंसेचा बदला म्हणून केलेली हिंसा	counter-violence.
प्रतीक	पु.	1. वह गोचर या दृश्य वस्तु जो किसी अगोचर या अप्रस्तुत वस्तु के बहुत कुछ अनुरूप होने के कारण उसके गुण रूप का परिचय कराने के लिए उसका प्रतिनिधित्व करती हो;	प्रतीक, अमुक परोक्ष वस्तूचे प्रतिनिधित्व-सूचन करुन देणारी वस्तू, सूचक वस्तू;	a symbol;
		2. किसी बात का द्योतक;	द्योतक चिन्ह;	signifier:
		3. साहित्य में वह वस्तु जो अपने आकस्मिक सादृश्य अथवा तर्कसंगत संबंध के आधार पर किसी दूसरी वस्तु का स्थान ग्रहण करती है।	(साहित्य.) सादृश्य दाखविणारा शब्द वा शब्द समुच्चय	symbol (literature).
प्रतीकवाद	पु.	साहित्य में अभिव्यंजना की वह विशिष्ट प्रणाली जिसके अनुसार प्रतीकों के आधार पर भावों, विषयों, वस्तुओं आदि का बोध कराया जाता है।	(साहित्य.) प्रतीकांचा आधार घेऊन समजावून देण्याची पद्धत	symbolism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रतीकात्मक	वि.	1. जो प्रतीकों से सम्बद्ध हो; 2. (रचना) जिसमें प्रतीकों की सहायता से भावों, विषयों आदि का बोध कराया गया हो।	प्रतीकात्मक; प्रतीक रुपात असलेला	related to symbol; symbolic.
प्रतीक्षा	स्त्री.	इंतजार।	प्रतीक्षा, वाट पाहणे	waiting for, expectation.
प्रतीक्षालय	पु.	वह स्थान जहां बैठकर किसी से मिलने या यान आदि पर सवार होने के लिए इंतजार किया जाता है।	प्रतीक्षालय, वाट पाहात थोडा काळ थांबण्याची जागा	waiting-room.
प्रतीत	वि.	अनुमान के आधार पर जान पड़नेवाला।	ज्ञात, माहीत, अनुमानित	apparent, experienced, roughly inferred.
प्रतीति	स्त्री.	ज्ञान, बोध, जानकारी।	प्रतीती, जाण, ज्ञात	knowledge, ascertainment, clear or distinct perception or apprehension.
प्रतीयमान	वि.	1. जिसकी प्रतीति हो रही हो, जो जान पड़ता हो, जो समझ में आ रहा हो; 2. (रूप) जो वास्तविक से भिन्न होने पर भी देखने में कुछ वास्तविक-सा जान पड़ता हो।	भासमान, अनुभवास येणारा, ज्ञात होणारा; वरुन दिसणारा	appearing to be, inferred to be, believed to be; apparent.
प्रत्यंकन	पु.	किसी चित्र के ऊपर पतला या पारदर्शक कागज रखकर उसकी हूबहू नकल तैयार करना।	गिरवून नक्कल काढण्याची क्रिया	tracing (on transparent paper).
प्रत्यंग	पु.	शरीर अथवा किसी वस्तु का कोई गौण अंग।	शरीराचा गौण अवयव	minor parts of the body.

21—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रत्यंचा	स्त्री.	धनुष की डोरी।	धनुष्याची दोरी	bow-string.
प्रत्यक्ष	वि.	जो आंखों के सामने हो, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा हो।	प्रत्यक्ष, डोळ्यांदेखतचा, दृश्य	present before the eyes, visible, perceptible.
प्रत्यक्ष कर	पु.	वह कर जो उपभोक्ताओं तथा करदाताओं से प्रत्यक्ष रूप से लिया जाता हो, किसी माध्यम से नहीं।	प्रत्यक्ष कर, सरळ कर दात्याकडूनच वसूल केला जाणारा कर	direct tax.
प्रत्यक्ष ज्ञान	पु.	इंद्रियों के द्वारा होनेवाला किसी वस्तु या विषय का ज्ञान।	इंद्रियांकडून साक्षात् मिळणारे ज्ञान	knowledge obtained by direct perception, perception.
प्रत्यक्षदर्शी	वि.	जिसने प्रत्यक्ष रूप से कोई घटना या बात देखी हो।	प्रत्यक्ष—स्वतःच्या डोळ्यानी पाहणारा, प्रत्यक्ष साक्षी	an eye witness.
प्रत्यक्षीकरण	पु.	किसी वस्तु या विषय को ऐसा रूप देना कि वह प्रत्यक्ष हो जाए, कोई बात या विषय प्रत्यक्ष रूप से सामने लाना।	डोळ्यांपुढे उघड करण्याची क्रिया, एखादी गोष्ट प्रत्यक्षपणे पुढे आणणे	making manifest or apparent, presenting.
प्रत्यभिज्ञा	स्त्री.	1. कभी देखे हुए व्यक्ति या पदार्थ को पुनः देखने पर होनेवाला यह ज्ञान कि यह अमुक व्यक्ति या पदार्थ है, पहचान;	वस्तूची वा व्यक्तीची अमुक वस्तू किंवा व्यक्ती म्हणून ओळख पटण्याची क्रिया;	identification;
		2. यह ज्ञान कि परमेश्वर और जीवात्मा एक है।	जीव आणि शिव एक हे ज्ञान	regaining knowledge or recognition.
प्रत्यभिज्ञान	पु.	1. पहचान;	ओळख;	recognition;
		2. वह वस्तु या चिह्न जिससे कोई पहचाना जाए।	ओळख पटण्याची खूण	identification mark.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रत्यय	पु.	1. व्याकरण में वह अक्षर या अक्षरसमूह जो धातुओं अथवा विकारी शब्दों के अंत में लगकर उनके अर्थों में विशेष्ता उत्पन्न करता है;	(व्याक.) धातुसाधित वा शब्द साधित बनविणारी शब्द वा शब्द समूह जो मूळ शब्दांच्या शेवटी जोडला जातो;	(in Gram.) an affix to roots and words forming derivatives and inflections;
		2. विश्वास, धारणा।	विश्वास	idea, belief, credit.
प्रत्यय-पत्र	पु.	किसी राज्य के सर्वप्रथम अधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा से युक्त वह प्रमाणपत्र जो इस बात का परिचायक होता है कि अमुक व्यक्ति अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।	परिचयपत्र	credentials, letter of credence.
प्रत्ययवाद	पु.	दार्शनिक क्षेत्र में यह मान्यता या सिद्धान्त कि यह दृश्य जगत् किसी चेतन सत्ता की सृष्टि है, अतः मनुष्य को बौद्धिक विचारों का आधार छोड़कर शाश्वत विचारों का आश्रय लेना चाहिए, आदर्शवाद।	हे दिसणारे जग एका चैतन्याय शक्तीची सृष्टी आहे म्हणून माणसाने बौद्धिकवाद सोडून शाश्वत विचारांचा आश्रय घेतला पाहिजे हा विचार	idealism (ideaism).
प्रत्याक्रमण	पु.	जवाबी हमला।	उलट हल्ला, प्रतिकारात्मक हल्ला	counter-attack.
प्रत्याख्यान	पु.	1. खंडन, विरोध;	प्रतिवाद, खंडन;	refutation;
		2. अनादर या अवज्ञापूर्वक कोई चीज़ लेने से इन्कार करना।	नकार, नको म्हणणे	rejection, refusal.
प्रत्यारोप	पु.	आरोप के बदले में लगाया गया आरोप।	उलट आरोप	counter-charge.
प्रत्यालोचन	पु.	1. किसी किए हुए निर्णय को फिर से देखना कि वह ठीक है या नहीं;	फिरुन नजर टाकण्याची क्रिया;	review;
		2. आलोचना की भी की जानेवाली आलोचना।	टीकेवर प्रतिटीका	criticism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रत्यावर्तन	पुं.	लौट आना, वापस आना।	परतणे, परत येणे, प्रत्यागमन	coming back, returning.
प्रत्याशा	स्त्री.	1. आशा, उम्मीद; 2. किसी बात के संबंध में पहले से की जानेवाली ऐसी आशा या उसके संबंध की कल्पना जिसके घटित होने की बहुत कुछ संभावना हो।	आशा; अपेक्षा	hope, expectation; anticipation.
प्रत्याशित	वि.	जिसकी पहले से आशा या अपेक्षा की गई हो, जिसका पहले से अनुमान किया गया है।	अनुमानित, अपेक्षित	anticipated.
प्रत्याशी	वि.	आशा करनेवाला।	आशा–उमेद बाळगणारा	hoping, expecting.
	पुं.	जो किसी पद की प्राप्ति के लिए इच्छुक हो, उम्मीदवार।	उमेदवार	candidate.
प्रत्युत	अव्य.	1. बल्कि, वरन्; 2. इसके विपरीत।	किंबहुना; उलट	but, even; on the other hand, on the contrary.
प्रत्युत्तर	पुं.	उत्तर का उत्तर।	प्रत्युत्तर	rejoinder, a reply.
प्रत्युत्थान	पुं.	1. किसी के स्वागत और सत्कार के लिए खड़े होना; 2. विरोध का सामना करने के लिए खड़े होना।	स्वागतासाठी उत्थान, –उठणे; विरोधाला फिरुन सामना देण्याची तयारी	rising to welcome a visitor; rising against.
प्रत्युत्पन्नमति	वि.	जिसे तत्काल उचित युक्ति या उत्तर सूझ जाए।	हजरजबाबी, प्रसंगावधानी	ready minded, sharp, ready-witted.
प्रत्युपकार	पुं.	उपकार के बदले किया जानेवाला उपकार।	(उपकाराची फेड म्हणून केलेला) उलट उपकार	a good turn in return for another.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रत्येक	वि.	दो या दो से अधिक में से एक एक, हर एक।	प्रत्येक	each, each and every.
प्रथम	वि.	1. गणना या क्रम में जिसका स्थान पहला हो;	प्रथम, पहिला;	first;
		2. जो महत्व आदि में सबसे बढ़कर हो।	मुख्य, प्रमुख	chief, principal.
	क्रि. वि.	आगे, पहले।	प्रथम, पहिल्यांदा	ahead, formerly.
प्रथमतः	क्रि. वि.	सबसे पहले।	अगोदर, सर्वांत पहिल्याने	firstly.
प्रथमता	स्त्री.	1. प्रथम होने की अवस्था या भाव;	सर्वांत पहिला असल्याची स्थिती;	state of being first;
		2. औरों की अपेक्षा पहला अवसर या स्थान मिलने की अवस्था या भाव, प्राथमिकता।	अग्रता, पहिला क्रमांक	priority.
	अव्य.	साधारण रूप में देखने पर।	सकृद्दर्शनी	prima facie.
प्रथम पुरुष	पु.	व्याकरण में वे सर्वनाम जिन्हें वक्ता अपने लिए प्रयुक्त करता है।	सर्वनामातील "मी", "आम्ही" हा प्रथम पुरुष	the first person of the pronoun.
प्रथा	स्त्री.	रीति, परिपाटी।	प्रथा, रीत, रुढी	custom, convention.
प्रदक्षिणा	स्त्री.	किसी पवित्र स्थान या पदार्थ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए चारों ओर इस प्रकार घूमना कि वह पवित्र स्थान या पदार्थ बराबर दाहिनी ओर रहे, परिक्रमा।	प्रदक्षिणा, उजवी घालून फिरणे	reverential salutation by circumambulation from left to right (so that the right side is towards the person or object saluted), going round (an object).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रदत्त	वि.	प्रदान किया हुआ।	देऊन टाकलेला, दिलेला	given away, bestowed.
प्रदर	पु.	स्त्रियों का एक रोग जिसमें उनके गर्भाशय से सफेद या लाल रंग का लेसदार पदार्थ बहता है।	प्रदर (रोग, स्त्रियांचा)	leucorrhoea.
प्रदर्शक	वि.	1. प्रदर्शन करनेवाला; 2. दिखानेवाला।	प्रदर्शक, प्रदर्शन करणारा; (माल इ.) दाखविणारा	one who exhibits; showman.
प्रदर्शन	पु.	1. दिखलाने की क्रिया, दिखाना; 2. असन्तोष, दुख आदि व्यक्त करने के लिए व्यक्तियों का सामूहिक रूप से संबद्ध अधिकारियों के अन्याय के विरोध में नारे आदि लगाते हुए निकाले जानेवाला जलूस।	प्रदर्शन, मांडून दाखविण्याची क्रिया; निदर्शन	displaying, exhibition; demonstration.
प्रदर्शनी	स्त्री.	वह स्थान जहां तरह-तरह की वस्तुएं प्रदर्शित की जाएं।	वस्तूंचे प्रदर्शन	exhibition, exposition.
प्रदाता	पु.	देनेवाला, प्रदान करनेवाला।	दाता	giver, bestower.
प्रदान	पु.	देने की क्रिया या भाव।	प्रदान, दान, देण्याची क्रिया	giving, granting. bestowing.
प्रदीप	पु.	दीपक, चिराग।	प्रदीप, दीप	lamp, light.
प्रदीप्त	वि.	1. जलता हुआ, जलाया हुआ; 2. उज्ज्वल, चमकीला; 3. उत्तेजित, जगाया हुआ।	जळलेला, पेटलेला, जळणारा; प्रकाशमान, उज्ज्वल; उद्दीप्त, उत्तेजित	lighted, illuminated; radiant, shining; roused.
प्रदेश	पु.	1. भूभाग का कोई खण्ड विशेष;	भूभाग;	region;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी संघ या राज्य की कोई इकाई।	प्रांत	province
प्रदोष	पु.	1. सूर्य के अस्त होने का समय;	सायंकाळ;	evening, nightfall;
		2. प्रत्येक पक्ष की त्रयोदशी को किया जानेवाला उपवास यो व्रत जिसमें सूर्यास्त से कुछ पहले ही शिव का पूजन करके भोजन किया जाता है।	प्रत्येक पंधरवड्याच्या त्रयोदशीला केला जाणारा उपवास, त्याचेव्रत	the fast undertaken on the 13th day of each lunar fortnight.
प्रधान	वि.	सबसे बड़ा, मुख्य।	मुख्य, प्रमुख, नेता;	chief, head, principal, president.
	पु.	नेता, सरदार, किसी सभा आदि का सभापति।	सभापती, अध्यक्ष, प्रमुख	leader, president.
प्रधान कार्यलय	पु.	किसी व्यापारिक या अन्य संस्थान का मुख्य कार्यालय जहां से शाखा-कार्यालयों का नियंत्रण किया जाता है।	मुख्य कचेरी, मुख्य कार्यालय	headquarter.
प्रधानता	स्त्री.	प्रधान होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रमुख असण्याची–होण्याची स्थिती, प्रमुखपण	pre-eminence, principalship. chiefship.
प्रधान मंत्री	पु.	1. किसी देश का सबसे बड़ा मंत्री;	पंतप्रधान, मुख्यमंत्री;	prime minister;
		2. वह सबसे बड़ा मंत्री जिसके अधीन और भी कई विभागीय मंत्री हों।	मुख्य कार्यवाह	general-secretary, secretary general.
प्रधानचार्य	पु.	किसी महाविद्यालय का सर्वप्रमुख अध्यापक।	प्राचार्य, महाविद्यालयाचा प्रमुख अध्यापक, आचार्य प्रमुख	principal.
प्रधानाध्यापक	पु.	किसी विद्यालय का सबसे बड़ा अध्यापक।	विद्यालयाचा प्रमुख शिक्षक, शिक्षक–प्रमुख	headmaster.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रफुल्ल	वि.	(फूल) जो खिला हुआ हो, विकसित।	पूर्ण फुललेला	full-blown.
प्रबंध	पु.	1. व्यवस्था;	प्रबंध, व्यवस्था, तजवीज;	arrangement, management;
		2. निबन्ध।	मोठा निबंध	literary composition.
प्रबन्धक	पु.	1. प्रबन्ध या व्यवस्था करनेवाला;	प्रबंधक, संघटक;	organiser;
		2. किसी कार्यालय आदि का व्यवस्थापक।	व्यवस्थापक	manager.
प्रबन्ध-काव्य	पु.	काव्य का एक भेद जिसमें कोई कथा या घटना क्रमबद्ध रूप में कही गई हो।	महाकाव्य	epic.
प्रबन्ध संपादक	पु.	पत्र-पत्रिकाओं की कार्यालयीय व्यवस्था का संपादक, अधिकारी।	पत्रिका इ. चा व्यवस्थापकीय अधिकारी	managing editor.
प्रबन्ध-समिति	स्त्री.	किसी संस्था, सभा आदि के चुने हुए लोगों की वह समिति जो उसकी सब बातों की व्यवस्था करती है।	व्यवस्थापक मंडळ	managing committee.
प्रबल	वि.	1. जिसमें बहुत अधिक बल हो;	प्रबळ, अतिशय बळवान;	very strong, mighty, cogent;
		2. बहुत जोरों का, घोर या भारी।	फार जोराचा, भारी, घोर	powerful.
प्रबुद्ध	वि.	1. जागा हुआ, जाग्रत, जो होश में हो;	प्रबुद्ध, जागा झालेला, शुद्धीवर असलेला;	awakened (who is in his senses), conscious;
		2. पंडित, ज्ञानी।	ज्ञानी	learned, enlightened.
प्रबोध	पु.	1. जागना, जागरण;	जागृती, जागे होणे;	awaking (from sleep or ignorance), becoming conscious;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी विषय का ठीक और पूरा ज्ञान।	पूर्ण ज्ञान	real knowledge.
प्रभंजन	पु.	प्रचंड वायु, वैज्ञानिक क्षेत्र में, मुख्यतः वह बहुत तेज हवा जो 100 मील प्रति घंटे के हिसाब से चलती हो।	झंझावात	hurricane.
प्रभा	स्त्री.	प्रकाश, दीप्ति।	प्रभा, तेज, दीप्ती, प्रकाश	light, radiance.
प्रभात	पु.	प्रातःकाल।	प्रभात, प्रातःकाळ	day-break, dawn, morning.
प्रभातफेरी	स्त्री.	प्रचार के उद्देश्य से विशेष प्रकार के नारे लगाते हुए, गाते बजाते हुए सवेरे बस्तियों में चक्कर लगाना।	प्रभात फेरी	singing or slogan raising groups going round in the morning (to celebrate as an important event or for propaganda purposes).
प्रभाती	स्त्री.	प्रभात के समय गाए जानेवाले गीत।	भूपाळी	song in a tune or ragini peculiar to morning.
प्रभामंडल	पु.	दिव्य पुरुषों और देवताओं आदि के मुख के चारों ओर का वह आभायुक्त मण्डल जो चित्रों, मूर्तियों आदि में दिखाया जाता है।	प्रभावळ, तेजोवलय	a circle or halo of light (generally shown in pictures, statues, etc. of great persons or God etc.).
प्रभाव	पु.	1. सामथ्र्य, प्रताप; 2. फल, परिणाम, असर।	प्रभाव, प्रताप सामर्थ्य; परिणाम	influence; effect, impact.
प्रभावकारी	वि.	असरदार।	प्रभावकारी, परिणामकारी	effective.
प्रभाव-क्षेत्र	पु.	आधुनिक राजतंत्र में वह प्रदेश जो किसी प्रबल और	प्रभावक्षेत्र, प्रतापाचे क्षेत्र, सामर्थ्य चालणारे क्षेत्र	sphere of influence.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		बड़े राज्य के प्रभाव या दबाव में रहता हो और जिस पर किसी दूसरे राष्ट्र का प्रभाव या हस्तक्षेप सहन न किया जाता हो।		
प्रभावशाली	वि.	प्रभाववाला।	प्रभावशाली, परिणामकारक	effective, influential, impressive.
प्रभावित	वि.	जिस पर किसी का प्रभाव पड़ा हो।	प्रभावित, प्रभाव पडलेला असा	influenced.
प्रभावी	वि.	प्रभावयुक्त, असरदार।	प्रभावयुक्त, परिणामकारक	effective.
प्रभु	पु.	1. ईश्वर; 2. शासक, राजा; 3. स्वामी या श्रेष्ठ पुरुष का संबोधन।	प्रभू, ईश्वर; राजा; मालक, धनी	God; ruler, king; Lord, master.
प्रभुता	स्त्री.	1. प्रभु होने की अवस्था या भाव; 2. गौरव, महत्व।	प्रभुता, वर्चस्व, मालकी; गौरव, महत्ता	lordship, supremacy; greatness, importance.
प्रभुसत्ता	स्त्री.	सर्वप्रधान सत्ताधारी होने की अवस्था, गुण या भाव।	सार्वभौमपणा	sovereignty.
प्रभूत	वि.	बहुत अधिक, प्रचुर।	खूप, पुष्कळ, विपुल	plenty, abundant.
प्रभृति	अव्य.	इत्यादि, वगैरह।	इत्यादी	etcetera (used at the end of comp.)
प्रभेद	पु.	भेद, प्रकार, किस्म।	नाना भेद, –प्रकार, –जाती	variety, types, kinds.
प्रमत्त	वि.	1. नशे में चूर; 2. असावधान, प्रमादयुक्त।	प्रमत्त, झिंगलेला, झिंगणारा; बेसावध, चुका करणारा	drunk, intoxicated; inattentive.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रमाण	पु.	1. नाप या तौल;	प्रमाण, माप;	measure of any kind;
		2. वह साधन जिसके सहारे कोई बात सिद्ध की जाए, सबूत;	पुरावा;	proof, testimony;
		3. जिसका वचन या निर्णय यथार्थ या आप्त माना जाए।	अधिकारी व्यक्ती	authority, one whose word is an authority.
प्रमाणन	पु.	कथन, लेख आदि के संबंध में यह कहना या सिद्ध करना कि यह ठीक और प्रामाणिक है।	प्रमाण—प्रामाणिक—बरोबर आहे म्हणून सांगणे	certification.
प्रमाणपत्र	पु.	वह पत्र या लेख जो किसी बात का प्रमाण माना जाए।	प्रमाणपत्र	certificate.
प्रमाणित	वि.	1. प्रमाण द्वारा सिद्ध;	प्रमाणाने सिद्ध;	proved;
		2. जिसके संबंध में किसी आधिकारिक व्यक्ति ने यह लिखा हो कि यह प्रामाणिक या सही है।	अधिकारी व्यक्ती कडून प्रमाण म्हणून लेखी सांगितलेला	authenticated.
प्रमाणीकरण	पु.	प्रमाणन।	"प्रमाणन" पाहा, प्रमाण —योग्य म्हणून साक्ष देणे	attestation, act or process of proving, certifying etc.
प्रमाणीकृत	वि.	जो प्रमाण के रूप में मान लिया गया हो या सिद्ध हो चुका हो।	प्रमाण म्हणून मान्य केलेला सिद्ध केला गेलेला	attested, proved, certified.
प्रमाद	पु.	1. गफलत, लापरवाही अनवधानता;	प्रमाद, हयगय, निष्काळजीपणा, अनवधान;	negligence, carelessness, inadvertence;
		2. नशा, उन्माद।	उन्माद, कैफ	intoxication, insanity.
प्रमादी	वि.	1. प्रमादयुक्त;	चुका—हयगय करणारा;	negligent;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. पागल।	वेडा—पागल	insane.
प्रमुख	वि.	1. प्रथम, मुख्य; 2. श्रेष्ठ, सम्मान्य, प्रतिष्ठित।	प्रमुख, मुख्य, प्रधान; श्रेष्ठ, सन्माननीय, प्रतिष्ठित	first, chief; best, respectable, honourable.
प्रमुखता	स्त्री.	प्रमुख होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रामुख्य, प्रमुख असण्याचा गुण किंवा अवस्था	superiority, predominance.
प्रमेय	वि.	1. जिसका अवधारण हो सके, जो समझ में आ सके; 2. जो प्रमाण द्वारा सिद्ध किया जा सके।	लक्ष्यात येण्याजोगा, समजशक्तीच्या आवाक्यातील; सिद्ध करण्याचा, सिद्ध करता येण्यासारखा	(the thing) which can be understood; (the thing) to be proved.
	पु.	जिसे प्रमाण के द्वारा सिद्ध करना आवश्यक हो।	प्रमेय, प्रमाणे देऊन सिद्ध करण्याची गोष्ट	theorem.
प्रमेह	पु.	एक रोग जिसमें शरीर की धातुएं अनेक रूपों में पैशाब के रास्ते निकला करती हैं।	प्रमेह (सुप्तरोग)	a urinary disease.
प्रमोद	पु.	हर्ष, आनन्द।	हर्ष, आनंद	merriment, joy.
प्रयत्न	पु.	1. किसी कार्य या उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जानेवाला प्रयास, कोशिश; 2. व्याकरण में गले और मुख के अन्दर की वह क्रिया या चेष्टा जो ध्वनियों के उच्चारण के लिए होती है।	प्रयत्न, खटपट; उच्चारणाची रीत	effort, attempt; mode of articulation.
प्रयत्नशील	वि.	किसी प्रकार के प्रयत्न या उद्योग में लगा हुआ।	प्रयत्नशील, खटपट्या	one who makes efforts, diligent.
प्रयाण	पु.	1. गमन, प्रस्थान; 2. युद्ध के लिए किया गया प्रस्थान;	प्रयाण, गमन; युद्धाकरिता निघणे (सैन्याचे), कूच;	setting out, departure; the march (of an army);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. संसार से विदा होना।	जग सोडून जाणे, मृत्यु	death, departure (from the world).
प्रयाणगीत	पु.	युद्धभूमि की ओर प्रस्थान करते समय या किसी प्रकार के संघर्ष के लिए आगे बढ़ते समय मिलकर गाया जानेवाला गीत।	कूचगीत	marching song.
प्रयास	पु.	प्रयत्न, कोशिश।	प्रयास, प्रयत्न	effort, endeavour.
प्रयुक्त	वि.	जिसे प्रयोग या व्यवहार में लाया गया हो अथवा लाया जा रहा हो।	उपयोगात आणलेला, अमलात आलेला	used, employed.
प्रयोक्ता	पु.	किसी वस्तु को प्रयोग में लानेवाला।	उपयोगात—वापरात आणणारा मनुष्य	one who uses or employs.
प्रयोग	पु.	1. किसी चीज या बात को आवश्यकता अथवा अभ्यासवश काम में लाना, इस्तेमाल, व्यवहार;	प्रयोग, उपयोग, वापर;	use;
		2. (अस्त्र-शस्त्र) चलाना या छोड़ना;	(शस्त्र इ.) चालविण्याची क्रिया;	hurling, casting;
		3. अमल में लाना या बरतना;	अमलात आणण्याची क्रिया;	application;
		4. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्रों में, किसी प्रकार का अनुसंधान करने या कोई नई बात ढूंढ निकालने के लिए की जानेवाली कोई परीक्षणात्मक क्रिया अथवा उसका साधन।	वैज्ञानिक क्रिया, संशोधनात्मक जाणून पाहण्याची क्रिया	experiment.
प्रयोगवाद	पु.	भाषा, विषय, छंद आदि संबंधी पुरानी परंपरा के विरोधी नए-नए प्रयोग	जुन्याहून भिन्न असे नवे नवे प्रयोग साहित्य-क्षेत्रात करण्याची प्रवृत्ती, प्रयोगवाद	experimentalism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		करते रहने की आधुनिक साहित्यिकों की प्रवृत्ति जिसमें पाठकों को चौंका देने की अत्यधिक लालसा निहित होती है।		
प्रयोगवादी	वि.	प्रयोगवाद-संबंधी।	प्रयोगवाद विषयक	pertaining to experimentalism.
	पु.	जो प्रयोगवाद का पोषक या समर्थक हो।	प्रयोगवादाचा पुरस्कर्ता	experimentalist.
प्रयोगशाला	स्त्री.	वह स्थान जहां पदार्थ-विज्ञान, रसायन-शास्त्र आदि विषयक तथ्यों को समझने या नई बातों का पता लगाने की दृष्टि से विविध प्रयोग किए जाते हैं।	प्रयोगशाळा	laboratory.
प्रयोजन	पु.	1. प्रवृत्ति का कारणभूत उद्देश्य, हेतु; 2. अर्थ, अभिप्राय; 3. उपयोग।	प्रयोजन, उद्देश, हेतू; अर्थ; उपयोग	intention, motive, purpose; signification; use.
प्रयोज्य	वि.	जो प्रयोग में लाया जाने को हो अथवा लाया जा सके।	प्रयोग करण्यायोग्य, प्रयोगात येणारा	to be used or employed or practised.
प्रलयंकर	वि.	प्रलयकारी, सर्वनाशकारी।	प्रलयकारी, अनर्थकारी	catastrophical.
प्रलय	पु.	1. संसार का अपने मूल कारण प्रकृति में सर्वथा लीन हो जाना, सृष्टि का सर्वनाश; 2. भयंकर नाश या बरबादी।	प्रलय, सृष्टीचा विलय, —नाश; भयंकर, नाश, सर्वनाश	universal dissolution or destruction; devastation.
प्रलाप	पु.	मानसिक विकार या शारीरिक कष्ट के कारण पागलों की तरह बेसिर पैर की बात करना, बकवास।	निरर्थक बडबड	delirium.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रलेख	पु.	दस्तावेज, अनुबंधपत्र।	दस्तऐवज	document.
प्रलोभन.	पु.	1. लालच; 2. ललचानेवाली वस्तु।	प्रलोभन, लालच; ललचावणारी वस्तू	temptation; causing to lust after, tempting.
प्रवंचना	स्त्री.	ठगी, धोखेबाजी, धूर्तता।	फसवणूक	deceit, fraud.
प्रवक्ता	वि.	प्रवचन करनेवाला।	प्रवचन करणारा	one who tells or imparts or relates.
	पु.	वह जो किसी शासक-मंडल, संस्था आदि की ओर से आधिकारिक रूप से कोई बात कहता या मत प्रकट करता हो।	प्रवक्ता, मंडळ वा संस्था यांच्या तर्फे बोलणारा प्रमुख	spokesman.
प्रवचन	पु.	1. धार्मिक, नैतिक आदि गंभीर विषयों में परोपकार की दृष्टि से कही जानेवाली अच्छी तथा विचारपूर्ण बातें; 2. उपदेशपूर्ण भाषण; 3. किसी विषय को अच्छी तरह और पांडित्यपूर्वक समझाना।	प्रवचन; उपदेश; भाष्य	a (religious) discourse; sermon; explanation, interpretation.
प्रवण	वि.	किसी काम या बात की ओर प्रवृत्त।	प्रवृत्त, झुकलेला,–कडे वळण असलेला	inclined towards.
प्रवणता	स्त्री.	प्रवण होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रवृत्ती, कळ	inclination, propensity.
प्रवर	वि.	1. सबसे अच्छा, बढ़कर या श्रेष्ठ; 2. अवस्था या वय में सबसे बड़ा; 3. अधिकार, योग्यता आदि में सबसे बड़ा माना जाने वाला।	उत्कृष्ट, सर्वोत्तम; वरिष्ठ, मोठा; श्रेष्ठ	best, excellent; senior; superior.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रवर समिति	स्त्री.	किसी विषय की छानबीन करने के लिए या उसके बारे में निश्चित मत प्रकट करने के लिए बनाई गई वह समिति जिसमें विशेष योग्यतावाले व्यक्ति रखे जाते हैं।	चिकित्सा समिती	select committee.
प्रवर्तक	पु.	1. किसी काम या बात का आरंभ या प्रचलन करने वाला;	प्रवर्तक, प्रवर्तन करणारा;	a pioneer;
		2. प्रेरित करनेवाला।	प्रेरणा देणारा	one who inspires.
प्रवर्तन	पु.	1. प्रवृत्त करना, आरम्भ करना, चलाना;	प्रवर्तन, प्रथमारंभ;	act of pioneering;
		2. प्रेरित करना, उभारना;	उत्तेजना, प्रेरणा;	prompting, inciting;
		3. जारी करना।	अमल	to issue, to enforce.
प्रवाद	पु.	लोगों में प्रचलित बात, किंवदंती।	अफवा, लोकांच्या तोंडी असलेली गोष्ट	saying.
प्रवास	पु.	परदेश में रहना, विदेशवास।	विदेशवास, परदेशीवास	the act of dwelling abroad.
प्रवासित	वि.	देश से निकाला हुआ।	निर्वासित	exiled.
प्रवासी	वि.	परदेश में रहनेवाला; जो प्रवास में हो।	परदेशी, परदेशात राहणारा	who dwells abroad.
प्रवाह	पु.	1. बहने की क्रिया या भाव;	वाहण्याची क्रिया;	flowing or streaming forth;
		2. बहाव, जल आदि की धारा;	प्रवाह, धारा;	flow, running water, current;
		3. किसी वस्तु का अटूट क्रम;	अखंडित क्रम;	an unbroken sequence;
		4. शवादि को नदी के पानी में बहा देना।	प्रेत नदीत सोडण्याची क्रिया	to float the corpse in the water.
प्रवाहिका	स्त्री.	पेचिश, संग्रहणी रोग।	आमांश, संग्रहणी	diarrhoea.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रवाहित	वि.	बहाया हुआ।	पाण्यात—वाहत मोडलेला	flowed.
प्रविष्ट	वि.	1. अन्दर गया हुआ, अन्दर पहुँचा हुआ;	प्रविष्ट, आत गेलेला, शिरलेला;	one who has entered or gone or come into;
		2. जिसकी प्रविष्टि हुई हो।	आंत घेतलेला	admitted.
प्रविष्टि	स्त्री.	1. प्रवेश;	प्रवेश;	entrance.
		2. बही आदि में लेखे, विवरण आदि लिखना;	नोंद;	entry (in the register etc.);
		3. इस प्रकार लिखी जाने-वाली कोई बात, विवरण या रकम।	नोंदवहीत लिहिला जाणारा तपशील	particulars to be entered (in the register etc.).
प्रवीण	वि.	निपुण, कुशल।	प्रवीण, निपुण, कुशल	proficient, skilled.
प्रवीणता	स्त्री.	निपुणता, कौशल।	प्रवीणता, निपुणता, कौशल्य	proficiency, skill.
प्रवृत्त	वि.	प्रवृत्तियुक्त, लगा हुआ, रत।	कामास लागलेला, गुंतलेला	engaged (in), occupied (with).
प्रवृत्ति	स्त्री.	1. मन का किसी विषय की ओर झुकाव;	प्रवृत्ति, कल, वळण;	trend, tendency;
		2. किसी नियम का किसी प्रसंग में लागू होना।	नियम लागू होण्यासारखी स्थिती	the applicability or validity of a rule.
प्रवृत्ति मार्ग	पु.	जीवन यापन का वह प्रकार जिसमें मनुष्य सांसारिक कार्यों और बंधनों में पड़ा रहता है।	सांसारिक व्यवहाराचा मार्ग	(the path of) active association with and interest in mundane affairs.
प्रवेश	पुं.	1. अन्दर जाने की क्रिया या भाव;	प्रवेश, शिरण्याची, आंत जाण्याची क्रिया;	entering, entrance;
		2. किसी विशिष्ट संस्था आदि में भरती होना;	आंत येऊ देणे, —भरती करणे;	admission;
		3. गति, पहुंच;	पोंच;	access, approach;
		4. किसी विषय की होने वाली प्राथमिक या साधारण जानकारी।	(एखाद्या विषयाचे) प्राथमिक ज्ञान	preliminary knowledge (of a subject).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रवेश-द्वार	पु.	भीतर जाने का द्वार या रास्ता।	प्रवेशद्वार, आंत जाण्याचा दरवाजा	entrance gate.
प्रवेश-पत्र	पु.	वह पत्र जिसके द्वारा कहीं प्रवेश करने का अधिकार प्राप्त हो।	प्रवेशाचा परवाना देणारा कागद वा चिट्ठी, "पास"	pass.
प्रवेश-शुल्क	पु.	प्रवेश पाने का अधिकार प्राप्त करने के लिए दिया जानेवाला धन।	प्रवेश—शुल्क	admission fee.
प्रवेशिका	स्त्री.	1. प्रवेशपत्र या प्रवेश-शुल्क; 2. आरम्भिक शिक्षा के उपरान्त ली जानेवाली परीक्षा जिसमें उत्तीर्ण होने पर विद्यार्थी उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारी होता है।	प्रवेशपत्र किंवा प्रवेश शुल्क; प्राथमिक परीक्षा, चांचणी परीक्षा	pass or admission fee; preliminary test.
प्रव्रजन	पु.	1. संन्यास लेना; 2. अपना देश छोड़कर दूसरे देश में बसने के लिए जाना।	प्रव्रज्या—संन्यास—घेण्याची क्रिया; आपले स्थान (देश) सोडून दुसरीकडे जाणे	renunciation; migration.
प्रशंसक	पु.	प्रशंसा करनेवाला।	प्रशंसक, प्रशंसा—वाहवा—करणारा, चाहता	admirer, one who praises.
प्रशंसनीय	वि.	प्रशंसा करने योग्य, प्रशंसा का अधिकारी या पात्र।	प्रंशसनीय, प्रशंसा करण्याजोगा	to be praised, praiseworthy, laudable.
प्रशंसा	स्त्री.	गुणों का बखान, गुणकीर्तन, तारीफ।	प्रशंसा, स्तुती, वाहवा, तारीफ	praise, admiration, commendation.
प्रशंसित	वि.	जिसकी प्रशंसा की गई हो।	प्रशंसा केलेला	praised, admired, commended.
प्रशमन	पु.	1. शांत करना;	शमन, शांत करणे;	restoration of peace;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. रोग आदि को दबाना;	बरे करणे;	curing, healing;
		3. नाशन, ध्वंस।	नष्ट करणे, नाश	killing, slaughter.
प्रशस्त	वि.	1. जिसकी प्रशंसा की गई हो या हुई हो;	प्रशस्त, प्रशंसा केलेला;	praised, commended;
		2. श्रेष्ठ, उत्तम;	उत्कृष्ट, उत्तम;	excellent, best;
		3. विस्तृत, लंबा-चौड़ा।	विस्तृत, लांबरुंद	vast, spacious.
प्रशस्ति	स्त्री.	1. प्रशंसा, स्तुति;	प्रशंसा, गौरव;	praise, admiration;
		2. किसी की प्रशंसा में लिखी गई कविता;	प्रशंसापर कविता;	panegyric or small poem written in praise of anyone;
		3. ग्रन्थों के आदि अथवा अंत का वह भाग जिसमें उनके कर्ता, रचनाकाल, विषय आदि का उल्लेख रहता है।	प्रस्तावना वजा लेख	introduction, preface.
प्रशस्य	वि.	प्रशंसनीय, स्तुत्य।	प्रशंसनीय	praiseworthy, commendable.
प्रशांत	वि.	बहुत अधिक शांत या स्थिर।	प्रशांत, स्थिर	tranquillized, composed.
प्रशाखा	स्त्री.	बड़ी शाखा में निकली हुई छोटी शाखा।	लहानशी शाखा, डहाळी	small branch or twig.
प्रशासक	पु.	शासन करनेवाला अधिकारी।	प्रशासक	administrator.
प्रशासकीय	वि.	दे० 'प्रशासनिक'।	प्रशासन विषयक, शासन विषयक	see 'प्रशासनिक'.
प्रशासन	पु.	सार्वजनिक व्यवस्था की दृष्टि से किया जानेवाला कार्य, शासन।	प्रशासन, शासन, राज्यसंचालन	administration, rule.
प्रशासनिक	वि.	प्रशासन-संबंधी, प्रशासन का।	प्रशासन विषयक, प्रशासनाचा	administrative.
प्रशासित	वि.	जिसका शासन हो रहा हो।	ज्यांच्यावर शासन चालते ते (लोक)	governed, administered.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रशिक्षक	पु.	प्रशिक्षण देनेवाला।	प्रशिक्षण देणारा शिक्षक	instructor (one who instructs).
प्रशिक्षण	पु.	किसी व्यावहारिक या प्रायोगिक शिक्षा-पद्धति से दी जानेवाली या प्राप्त की जानेवाली विशेष शिक्षा।	प्रशिक्षण, तालीम, विशेष शिक्षण	training.
प्रशिक्षणार्थी (प्रशिक्षार्थी)	पु.	प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक या उम्मीदवार।	प्रशिक्षण घेणारा विद्यार्थी	trainee.
प्रशिक्षित	वि.	जिसने किसी विशेष प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो।	प्रशिक्षण घेतलेला, विशिष्ट शिक्षण घेऊन तयार झालेला	trained (one who has taken special training).
प्रशीतक	पु.	एक विशिष्ट प्रकार की लोहे की अलमारी जिसमें औषध, खाद्य-पदार्थ आदि ठंडे रखने और विकृत होने से बचाने के लिए रखे जाते हैं।	पदार्थ शीत (थंड) ठेवणारे कपाट, "फ्रिझ"	refrigerator.
	वि.	बहुत अधिक ठंडा करने या रखनेवाला।	शीत करणारा, ठेवणारा	refrigerant.
प्रशीतन	पु.	बहुत अधिक ठंडा करना या रखना।	थंडगार ठेवण्याची— राखण्याची क्रिया वा स्थिती	refrigeration.
प्रश्न	पुं.	1. वह बात जिसका उत्तर अभीष्ट हो या दिया जाता हो; 2. समस्या।	प्रश्न, पृच्छा; समस्या	question, interrogation, query; problem.
प्रश्न-चिह्न	पु.	1. लेखन आदि में प्रश्नात्मक वाक्यों के अंत में लगाया जानेवाला विराम चिह्न; 2. विकट समस्या जिसका कोई उपाय न सूझ रहा हो।	प्रश्नचिन्ह, प्रश्नदर्शक चिंन्ह; न सुटलेली समस्या	mark of interrogation; insoluble problem.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
प्रश्नावली	स्त्री.	1. प्रश्नों की सूची; 2. किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाली वह सूची जो आधिकारिक रूप से किसी बात की जांच करने या अभिमत प्राप्त करने के लिए संबद्ध लोगों के पास भेजी जाती है।	प्रश्नांची सूची; प्रश्नांची यादी जी उत्तरांकरितां अनेक संबंधित लोकांकडे पाठविली जाते		list of questions; questionnaire.
प्रश्नोत्तर	पु.	प्रश्न और उसका उत्तर।	प्रश्नोत्तर, प्रश्न आणि त्याचे उत्तर		question and answer.
प्रश्नोत्तरी	स्त्री.	किसी विषय से सम्बन्ध रखनेवाले प्रश्नों और उनके उत्तरों का संग्रह, विशेषतः ऐसा संग्रह जिसमें इस प्रकार किसी विषय का स्वरूप स्पष्ट किया गया हो।	प्रश्नोत्तरी, प्रश्नोत्तर रुपाने एखाद्या विषया संबंधीच्या माहितीचा केलेला संग्रह		catechism.
प्रश्रय	पु.	सहारा, आश्रय।	आश्रय, आसरा		support, shelter.
प्रश्वास	पु.	बाहर आती हुई सांस।	उच्छ्वास, निःश्वास		breathing out.
प्रसंग	पु.	1. विषय का तारतम्य, प्रकरण; 2. मैथुन।	विषयांचा मागचा पुढचा संदर्भ; मैथुन, संभोग		context; intercourse.
प्रसंगवश	क्रि. वि.	प्रसंग उपस्थित होने पर।	प्रसंगवशात्, प्रसंगाने आल्यामुळे		incidentally.
प्रसन्न	वि.	1. संतुष्ट और प्रफुल्लित; 2. निर्मल, स्वच्छ।	प्रसन्न, संतुष्ट व प्रफुल्लित; स्वच्छ		pleased, happy; pure, clear.
प्रसन्नता	स्त्री.	1. प्रसन्न होने की अवस्था या भाव, हर्ष; 2. स्वच्छता, निर्मलता।	प्रसन्नता, आनंदितपणा; स्वच्छता, निर्मलता		cheerfulness; clearness, purity.
प्रसव	पु.	1. बच्चा जनना; 2. उत्पत्ति, बच्चों का होनेवाला जन्म;	प्रसव, प्रसूती; जन्म;		delivery; birth;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. जन्मा हुआ बच्चा, संतान।	संतती	children.
प्रसाद	पु.	1. देवी-देवता को भोग लगाई गई वस्तु जो भक्त-जनों में बांटी जाती है;	प्रसाद, देवाचा नैवेद्य जो भक्त जनात वाटला जातो;	offering to an idol (and later distributed amongst devotees);
		2. स्वच्छता, निर्मलता;	निर्मलपणा;	clearness, purity;
		3. कृपा, अनुग्रह;	कृपा, अनुग्रह;	boon, blessing;
		4. महात्मा या गुरु की जूठन;	गुरुचे—साधूचे —उच्छिष्ट;	the remnant of food left by a spiritual teacher;
		5. काव्य का एक गुण जिससे रचना का आशय समझने में कुछ भी कठिनता नहीं होती तथा उससे हृदय में उद्दीप्त भावों का संचार अनायास हो जाता है।	लेखनातील ओघ व प्रसन्नता	lucidity (of the style of writing etc.).
प्रसाधन	पु.	1. बनाव-श्रृंगार;	प्रसाधन, सजणे—नटणे;	make-up;
		2. श्रृंगार की सामग्री;	सजण्या नटण्याचे साहित्य;	toilet;
		3. किसी चीज को अच्छी तरह काट-छांटकर अथवा परिष्कृत करके काम में आने के योग्य बनाना;	उपयोगी पडेल असे वस्तूचे स्वरुप बनविणे;	dressing;
		4. वे पदार्थ या सामग्री जो किसी काम के लिए आवश्यक और उपयोगी हों, उपस्कर, साधन।	साहित्य—सामग्री	equipment.
प्रसार	पु.	1. फैलाने की क्रिया;	प्रसार, प्रसरण्याची क्रिया, पसरलेली अवस्था;	spreading or stretching out;
		2. फैलाव, संचार।	फैलाव	extent.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
प्रसारण	पु.	1. आकाशवाणी द्वारा समाचार,गीत आदि का लोगों को सुनाने के लिए प्रस्तुत करना;	आकाशवाणी मार्फत होणारे ध्वनिक्षेपण;		broadcasting;
		2. फैलाना।	परसरविणे, फैलाव;		expanding, expansion.
प्रसारित	वि.	1. आकाशवाणी के द्वारा प्रस्तुत किया हुआ;	ध्वनिक्षेपित;		broadcast;
		2. फैलाया हुआ।	फैलावलेला, पसरविलेला		expanded.
प्रसिद्ध	वि.	ख्यात, मशहूर।	प्रसिद्ध, प्रख्यात		famous, well-known.
प्रसिद्धि	स्त्री.	प्रसिद्ध होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रसिद्धी, ख्याती		fame, renown.
प्रसुप्त	वि.	1. सोया हुआ;	झोपलेला;		asleep;
		2. निष्क्रिय, निश्चेष्ट।	निष्क्रिय असलेला		dormant.
प्रसूत	वि.	उत्पन्न, संजात।	जन्मलेला, जन्म दिलेला, उत्पन्न		born, brought forth, delivered.
प्रसूता	स्त्री.	वह स्त्री जिसे कुछ ही काल पूर्व बच्चा पैदा हुआ हो।	बाळंत		a woman who has brought forth a child recently.
प्रसूति	स्त्री.	1. प्रसव,उत्पत्ति;	प्रसूती, जन्म देण्याची—उत्पन्न करण्याची क्रिया;		delivering, bringing forth;
		2. संतान।	नवजात बालक		child.
प्रसूति-गृह	पु.	बच्चा जनने का घर या स्थान।	प्रसूतिगृह, बाळंतघर		maternity home.
प्रसून	पुं.	पुष्प, फूल।	फूल		flower, blossom.
प्रस्तर-कला	स्त्री.	पत्थरों को काट-छांटकर उनकी विशिष्ट आकृतियाँ आदि बनाने की कला या विद्या।	पाषाणावरचे कसब, कोरीव कामाची विद्या —कला		sculpture.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रस्ताव	पु.	1. वह नई बात जो किसी के सामने इस उद्देश्य से विचारार्थ रखी जाए कि यदि वह उसे उपयुक्त समझे तो मान ले और उसके अनुसार कार्य करे;	प्रस्ताव, सूचना;	resolution, proposal;
		2. सभा के सामने रखी हुई बात ताकि यदि अधिकांश सदस्य मान लें तो भविष्य में उसके अनुसार कार्य हो।	ठराव	motion.
प्रस्तावक	पु.	प्रस्ताव करनेवाला।	प्रस्ताव मांडणारा	one who proposes.
प्रस्तावना	स्त्री.	1. आरंभ;	प्रस्तावना, उपोद्घान;	beginning;
		2. नाटक के आरंभ में सूत्रधार का नटी, विदूषक आदि के साथ होनेवाला संलाप जिसमें परिचय आदि रहता है;	सूत्रधार व परिमार्श्व यांच्याशी होणारा नाट्यविषयाचे सूचना करणारा संवाद;	introductory dialogue (the prologue) at the beginning of a drama between the manager and one of the actors, which after giving an account of the author and his qualifications introduces the audience to the incidents of the drama;
		3. किसी ग्रन्थ का वह आरंभिक वक्तव्य जिसमें उससे सम्बन्धित कुछ मुख्य बातों का विवेचन किया जाता है।	ग्रंथाच्या प्रारंभी परिचयात्मक वा प्रारंभिक असलेला मजकूर	introduction.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रस्तावित	वि.	जिसके लिए या जिसके विषय में प्रस्ताव हुआ हो या किया गया हो।	ज्याचा प्रस्ताव केला असा (विषय)	proposed.
प्रस्तुत	वि.	1. जो इस समय उपस्थित या वर्तमान हो, मौजूद;	प्रस्तुत, आतापुढे असलेला;	present;
		2. प्रकरण-प्राप्त, प्रासंगिक;	संबंधीत, प्रासंगिक;	relevant;
		3. उद्यत, तैयार।	तयार, तत्पर	ready, produced.
प्रस्तोता	वि.	प्रस्तावक, प्रस्तुत करनेवाला।	प्रस्तुत करणारा, पुढे मांडणारा	one who proposes or presents.
प्रस्थान	पु.	1. यात्रा आरंभ करना, रवानगी;	प्रस्थान, निघण्याची, बाहेर पडण्याची क्रिया;	departure;
		2. युद्ध-यात्रा, कूच;	कूच;	march, the march of an army;
		3. आस्तिक हिन्दुओं की एक प्रथा जिसमें शुभ मुहूर्त में यात्रा आरंभ न कर सकने पर प्रतीक रूप में गंतव्य स्थान की दिशा में कहीं कुछ रख दिया जाता है।	निघण्याचा मुहूर्त साधण्याकरिता म्हणून केलेला एक उपचार, —औपचारिक विधी	formality of starting (for journey by keeping some part of luggage away from house).
प्रस्थापन	पु.	1. प्रमाणों आदि से सिद्ध करते हुए कोई विषय किसी के सामने उपस्थित करना;	पुराव्यांनी सिद्ध करीत केलेली विषयांची मांडणी;	proving, demonstrating;
		2. मशीनों, यंत्रों आदि को किसी स्थान पर लगाना।	(यंत्र इ.) बसविण्याची क्रिया	installation.
प्रस्फुटन	पु.	1. (फूलों का) खिलना;	उमलणे, फुलणे;	opening up, blooming;
		2. प्रकट होना, व्यक्त होना।	उकळणे, प्रकट— स्पष्ट होणे	becoming distinct.
प्रस्फुटित	वि.	खिला हुआ, विकसित।	फुललेला, विकसित, उमललेला	bloomed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रहर	पु.	दिन का आठवां भाग।	प्रहर संबंध दिवसाचा (24 तासांचा) आठवा भाग	the eighth part of a whole day.
प्रहरी	पु.	1. पहरेदार;	पहारेकरी;	watchman, bellman;
		2. पहर-पहर पर घंटा बजानेवाला कर्मचारी	वेळ दाखविण्याकरिता तास वाजविणारा चौकीदार	one who announces the hours by striking a bell.
प्रहसन	पु.	एक प्रकार का रूपक जो भाण की तरह हास्य रस-प्रधान होता है। इसका विषय प्रायः कवि-कल्पित होता है तथा उसमें हेय आचार-विचार की खिल्ली उड़ाई जाती है।	प्रहसन, हास्योत्पादक नाट्यप्रसंग	kind of comedy or farce.
प्रहार	पु.	आघात, वार।	प्रहार, आघात, मार	stroke, blow.
प्रहेलिका	स्त्री.	पहेली।	कोडे, कूट प्रश्न	riddle, puzzle.
प्रांगण	पु.	मकान के आगे या अंदर छोड़ा हुआ खुला स्थान, आंगन।	प्रांगण, खुले अंगण	court-yard.
प्रांजल	वि.	सरल, सुबोध (भाव या भाषा)।	सरळ, सुबोध	lucid, clear language etc.
प्रांत	पु.	1. किसी देश का कोई बड़ा भाग, प्रदेश; 2. छोर, किनारा, सिरा।	प्रांत, एक विशिष्ट भूभाग (शासकीय दृष्ट्या बनविलेला); शेवट, कड	province, territory; edge, border.
प्रांतीय	वि.	प्रांत संबंधी, प्रांत का।	प्रांतासंबधीचा, प्रांताला लागू असलेला	pertaining to a province, provincial.
प्रांतीयता	स्त्री.	अपने प्रांतवासियों के प्रति मोह या पक्षपात की भावना जिसके कारण	स्वप्रांताविषयी पक्षपात वृत्ती	provincialism.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		अन्य प्रांतवासियों के प्रति उदासीनता या उपेक्षा दिखाई जाती है।		
प्राइमर	स्त्री.	किसी भाषा की वर्णमाला आदि सिखानेवाली प्रारंभिक पुस्तक।	अंकलिपी	primer.
प्राइमरी	वि.	आरंभिक, प्राथमिक।	प्रारंभिक, प्राथमिक	primary.
प्राकार	पु.	नगर या किले के चारों ओर रक्षा के लिए बनाई गई दीवार, परकोटा।	नगरा भोवतीचा तट, कोट	surrounding wall of city, fort etc.
प्राकृत	स्त्री.	संस्कृत से भिन्न एक भाषा जिसका प्रयोग संस्कृत नाटकों में स्त्री तथा अन्य निम्न-वर्गीय पात्रों आदि के मुख से कराया जाता है।	प्राकृतभाषा	an ancient language of India, different from Sanskrit, generally used in Sanskrit plays for dialogues spoken by females and other low characters.
	वि.	1. प्रकृति संबंधी, प्रकृति का;	प्रकृति–निसर्ग–विषयक;	pertaining to nature;
		2. असंस्कृत, जो अपने उसी मूल रूप में हो जिसमें उसे प्रकृति ने उत्पन्न किया हो;	मूळ प्रकृतीचा;	natural, original;
		3. उजड्ड, अशिक्षित;	असंस्कृत, अशिक्षित;	uncivilized, uneducated;
		4. स्वाभाविक;	स्वाभाविक, नैसर्गिक;	natural;
		5. साधारण, मामूली।	मामूली, सर्वसामान्य	ordinary.
प्राकृतिक	वि.	1. नैसर्गिक, प्रकृति से उद्भूत;	निसर्गजानत;	natural, derived from nature;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. मनुष्य की प्रकृति या स्वभाव से संबंध रखनेवाला।	मनुष्य स्वभावाशी संबंधित	pertaining to human nature.
प्राक्कथन	पु.	पुस्तक के विषय आदि के संबंध में प्रारंभ में कही जानेवाली बात, प्रस्तावना।	प्राक्कथन, उपोद्घात	foreword.
प्राक्कलन	पु.	अनुमान या संभावना के आधार पर पहले से किया जानेवाला आकलन या गणना, तखमीना।	अदमास, अंदाज	estimate.
प्रागैतिहासिक	वि.	क्रमबद्ध रूप में प्राप्त होनेवाले लिखित इतिहास से पूर्वकाल का।	इतिहास पूर्वकालीन	pre-historic.
प्राचार्य	पु.	प्रधानाचार्य।	प्राचार्य	principal.
प्राची	स्त्री.	पूर्व दिशा।	पूर्वदिशा	the east.
प्राचीन	वि.	पहले का, पुराना।	प्राचीन	ancient, old.
प्राचीनता	स्त्री.	प्राचीन होने का भाव, पुरानापन।	प्राचीनता	antiquity, oldness.
प्राचीर	स्त्री.	नगर, किले आदि के चारों ओर रक्षा के लिए बनाई दीवार, परकोटा, चहारदीवारी।	तट, कोट	surrounding wall of city, fort etc., parapet.
प्राचुर्य	पु.	आधिक्य, बहुतायत।	प्राचुर्य, वैपुल्य, प्रचुरता, समृद्धी	abundance, plenty.
प्राच्य	वि.	पूरब का, पूरबी।	पूर्वेकडील, पूर्वेचा	of the east, eastern.
प्राण-त्याग	पु.	मृत्यु, मर जाना।	मरण	abandonment of life, death.
प्राण-दण्ड	पु.	गंभीर अपराध के लिए किसी को दी जानेवाली मौत की सजा।	प्राणदंड, मरणाची शिक्षा	capital punishment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्राणदान	पु.	1. किसी में प्राण डालना या उसे प्राणों से युक्त करना;	संजीवन, पुनः सजीव करण्याची क्रिया;	restoration of life;
		2. किसी के प्राणों की रक्षा करना।	जीवदान	gift of life, i.e. saving a person's life.
प्राणधारी	पु.	जीव, प्राणी।	प्राणी, जीव	living being, organism, a creature.
प्राणपण	पु.	जान की बाजी।	प्राणपण, प्राणाची बाजी	at the stake of one's life.
प्राणप्रतिष्ठा	स्त्री.	1. किसी में प्राण डालकर उसे सजीव बनाना;	प्राणप्रतिष्ठा, प्राण–जीव पुनः घालणे;	infusion, injectment of Life;
		2. नवीन देव-प्रतिमा का एक संस्कार जिसमें मंत्रों द्वारा प्रतिमा में देवता का आह्वान किया जाता है और उसके बाद ही वह पूजा के उपयुक्त होती है।	मूर्तीची मंत्रांनी विधिपूर्वक स्थापना	ceremony of consecrating an idol.
प्राणवायु	स्त्री.	1. प्राण;	प्राण;	vital breath;
		2. एक प्रकार की प्रसिद्ध गैस जो प्राणियों, वनस्पतियों आदि को जीवित रखने के लिए परम आवश्यक मानी जाती है, आक्सीजन।	प्राणवायु, "ऑक्सीजन"	oxygen.
प्राणशक्ति	स्त्री.	जीवनशक्ति।	जीवनशक्ती, ओज	vitality.
प्राणांत	पु.	मृत्यु; मौत।	प्राणान्त, देहान्त, मृत्यू	life-end, death.
प्राणायाम	पु.	श्वासप्रश्वास की गति का नियमन।	प्राणायाम	exercising control over the process of breathing.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्राणाहुति	स्त्री.	1. भोजन के आरंभ में पांच ग्रास पांचों प्राणों के निमित्त मंत्रोच्चारण पूर्वक खाना; 2. प्राणों का बलिदान, शहादत।	प्राणाहुती, जेवणाच्या प्रारंभी पाच लहान लहान घास मंत्रोच्चार पूर्वक खाण्याची विधी; आत्मत्याग, आत्मबलिदान	an oblation to the five 'Pranas'; sacrifice of life, martyrdom.
प्राणिविज्ञान	पु.	आधुनिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें प्राणियों की जातियों, वर्गों आदि का अध्ययन होता है।	प्राणिविज्ञान, प्राण्यांचे वर्ग, जाती धर्म इ. चा अभ्यास करणारे शास्त्र	zoology.
प्राणी	पु., वि.	जीवधारी, प्राणधारी।	प्राणी, प्राणधारी	living creature, animal.
प्राणोत्सर्ग	पु.	1. प्राणत्याग, मृत्यु; 2. प्राणों का बलिदान, शहादत।	प्राणत्याग, मरण; आत्मबलिदान	death; sacrifice of life, martyrdom.
प्रातः	पु.	सवेरा, प्रातःकाल।	प्रातःकाल, प्रभात	early morning.
प्रातःकाल	पु.	पौ फटने का समय, सूर्योदय से कुछ पहले और कुछ बाद का समय।	प्रभात	early morning, day-break.
प्रातःकालीन	वि.	प्रातःकाल संबंधी, प्रातःकाल का।	प्रातः काल संबंधीचा, प्रातः कालचा	pertaining to early morning.
प्रातःस्मरणीय	वि.	जिसे प्रातःकाल स्मरण करना उचित हो अर्थात् परम पूज्य और श्रेष्ठ।	प्रातःस्मरणीय, परमपूज्य	worthy of being remembered every morning, revered.
प्रातराश	पु.	सवेरे का हलका भोजन, कलेवा।	न्याहारी	breakfast.
प्राथमिक	वि.	1. क्रम, गिनती आदि के विचार से आरंभ में आने या पड़नेवाला; 2. आरंभ में घटित होनेवाला।	प्रथम असलेला, पहिल्या क्रमांकाचा; प्रारंभी येणारा	first; occurring in the first place.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्राथमिक उपचार	पु.	किसी के अचानक घायल होने या बीमार पड़ने की स्थिति में योग्य चिकित्सक उपलब्ध होने से पूर्व किया जानेवाला उपचार जो रोग को बढ़ने न दे, घायल की मलहम-पट्टी।	प्राथमिक उपचार	first aid.
प्राथमिकता	स्त्री.	1. प्रथम स्थान में होने या रखे जाने की अवस्था या भाव;	प्रथम गणना;	precedence;
		2. किसी कार्य या बात में किसी व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों से पूर्व मिलने या दिया जानेवाला अवसर।	अग्रहक्क, पहिला क्रमांक	priority.
प्राथमिक शिक्षा	स्त्री.	आरंभ में दी जानेवाली शिक्षा, विशेषत: छोटे बालकों को आरंभिक कक्षाओं में दी जानेवाली शिक्षा जिसमें उन्हें लिखना पढ़ना सिखाया जाता है।	प्राथमिक शिक्षण	primary education.
प्रादुर्भाव	पु.	जन्म धारण कर अस्तित्व में आने का भाव, प्रकट होना, उत्पत्ति।	प्रादुर्भाव, उत्पत्ती	coming into existence, appearance.
प्रादुर्भूत	वि.	जिसका प्रादुर्भाव हुआ हो।	उत्पन्न, दृष्टीपुढे आलेला, प्रकट	appeared, become visible or manifest.
प्रादेशिक	वि.	प्रदेश संबंधी, प्रदेश का।	प्रदेश विषयक, प्रदेशाचा	pertaining to region or territory. regional, territorial.
प्राधान्य	पु.	प्रधान होने की अवस्था या भाव।	प्राधान्य, मुख्यपणा	predominance, superiority.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्राधिकरण	पु.	1. प्राधिकार देना; 2. प्राधिकारी का कार्यालय या पद।	अधिकार देणे, सत्ता देणे; प्राधिकाऱ्याचे कार्यालय किंवा पद	authorization; office or post of the authority.
प्राधिकार	पु.	1. वह विशिष्ट अधिकार या शक्ति जिसके अनुसार औरों को कुछ करने की आज्ञा या आदेश दिया जा सकता है, उसका पालन कराया जा सकता है और महत्वपूर्ण बातों का अन्तिम निर्णय किया जा सकता है;	प्राधिकार, असा अधिकार ज्यायोगे दुसऱ्यांना आज्ञा वा आदेश देता येतो, ती पाळायला लावता येते व अंतिम निर्णय करता येतो;	authority;
		2. वह अधिकार जिससे अनेक प्रकार की ऐसी सुविधाएं प्राप्त होती हैं जिनसे कठिनाइयों, बाधाओं आदि से सहज में बचा जा सकता है।	सोयींचा अधिकार	privilege.
प्राधिकारी	पु.	राज्य अथवा शासन का वह अधिकारी जिसे किसी क्षेत्र या विभाग में अधिकार प्राप्त हो।	प्राधिकारी	authority.
प्राधिकृत	वि.	जिसे कोई प्राधिकार प्रदान किया गया हो।	प्राधिकार प्राप्त झालेला	authorized.
प्राध्यापक	पु.	महाविद्यालय में किसी विषय की शिक्षा देनेवाला अध्यापक।	प्राध्यापक, महाविद्यालयातील शिक्षक	lecturer.
प्राप्त	वि.	पाया हुआ, जो मिला हो, लब्ध, उपस्थित।	प्राप्त:, मिळालेला, मिळविलेला, संपादिलेला	got, obtained, acquired, present.
प्राप्ति	स्त्री.	1. हाथ में आने या मिलने की क्रिया, अवस्था या भाव;	उपस्थित प्राप्ती, मिळकत;	gain, that which is received;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. लाभ, फायदा;	लाभ, फायदा;	advantage, profit;
		3. किसी वस्तु या बात के उपस्थित होने या पास पहुंचने की क्रिया या भाव।	उपस्थित होण्याची किंवा जवळ जाण्याची क्रिया	receipt.
प्राप्य	वि.	1. प्राप्त करने योग्य;	मिळविण्याजोगा, संपादण्याजोगा;	attainable, procurable;
		2. जो मिल सके।	उपलभ्य	available.
प्राबल्य	पु.	1. प्रबलता;	जोर;	intensity, force;
		2. प्रधानता।	वर्चस्व	predominance.
प्रामाणिक	वि.	1. जो प्रमाण के रूप में माना जाता हो या माना जा सकता हो;	प्रमाणित, प्रमाणभूत;	authoritative;
		2. जो शास्त्रों आदि से प्रमाणित या सिद्ध हो।	प्रमांणानी सिद्ध	established by proof, authentic.
प्राय:	क्रि. वि.	1. लगभग, करीब-करीब;	जवळ जवळ;	almost;
		2. अक्सर, अधिकतर।	बहुधा, सामान्यत:	generally,usually.
प्रायद्वीप	पु.	स्थल का वह भाग जो तीन ओर पानी से घिरा हो और एक ओर स्थल से लगा हो।	द्वीपकल्प	peninsula.
प्रायश्चित्त	पु.	1. पाप का मार्जन करने के लिए किया जानेवाला शास्त्रविहित कर्म;	पाप परिहारार्थ केलेला विधी;	religious act to atone for sin;
		2. पछतावा, अपने से कोई गलत या अनुचित कार्य हो जाने पर अफसोस करना।	पश्चाताप	expiation, atonement.
प्रायोगिक	वि.	1. प्रयोग संबंधी;	प्रयोगविषयक;	pertaining to experiment;
		2. क्रियात्मक या व्यावहारिक;	क्रियात्मक, व्यावहारिक;	practical;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. उपयोगी, ठीक या मान्य सिद्ध करने के लिए जिसका प्रयोग या परीक्षा मात्र हो रही हो;	प्रयोग म्हणून करण्याचा;	experimental;
		4. प्रयोग के रूप में किया जानेवाला या काम में लाया जानेवाला।	प्रयोग म्हणून उपयोगात आणलेला	applied.
प्रारंभ	पु.	1. शुरु होना या जारी होना;	आरंभ, सुरुवात;	commencement;
		2. किसी कार्य या बात का शुरु का अंश।	जेथून आरंभ तो अंश	starting point.
प्रारंभिक	वि.	आरंभ का, आरंभ में होनेवाला।	प्रारंभिक, आरंभीचा, आरंभी होणारा	initial.
प्रारब्ध	पु.	पूर्वजन्म अथवा पूर्वकाल में किए वे अच्छे या बुरे कर्म जिनका फल वर्तमान में भोगा जा रहा हो, भाग्य।	प्रारब्ध, नशीब	destiny, fate.
प्रारूप	पु.	1. किसी कथन, वक्तव्य पत्र आदि का मसौदा;	मसुदा;	draft;
		2. प्रस्तावित निर्माण की रूपरेखा।	रुपरेखा, आराखडा	outline.
प्रार्थना	स्त्री.	1. नम्रतापूर्वक निवेदित कोई बात, निवेदन;	विनंती;	request;
		2. अपने अथवा किसी और के कल्याण की कामना भक्ति और श्रद्धापूर्वक ईश्वर से करना;	देवाजवळ मागणे;	prayer;
		3. याचना।	याचना, अर्जी	petition.
प्रार्थनापत्र	पु.	वह पत्र या लेख जिसमें किसी प्रकार की प्रार्थना या निवेदन किया गया हो।	अर्ज	application.
प्रार्थी	वि.	1. प्रार्थना करनेवाला;	याचना-विनंती करणारा;	one who prays, requests;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. प्रार्थनापत्र देनेवाला;	अर्ज करणारा;	one who has given his application;
		3. उम्मीदवार।	उमेदवार	applicant.
प्राविधिक	वि.	1. कला-शिल्प यंत्रादि से संबंधित;	यंत्रतंत्राशी संबंधित;	technical;
		2. किसी कार्य की विशिष्ट तथा व्यावहारिक प्रक्रियाओं से संबंध रखनेवाला, तकनीकी।	तांत्रिक	technical.
प्रासंगिक	वि.	प्रसंगप्राप्त, प्रसंगोचित।	प्रासंगिक, प्रसंगोचित	relevant.
प्रासाद	पु.	1. राजभवन;	राजवाडा;	palace;
		2. आलीशान इमारत।	राजवाड्यासाखी इमारत	palatial building.
प्रिय	वि.	जिसके प्रति बहुत अधिक प्रेम हो, मन को अच्छा लगनेवाला।	प्रिय	dear, darling.
प्रियजन	पुं.	1. स्नेहपात्र व्यक्ति;	लाडकी व्यक्ती;	dear person, beloved one;
		2. सगे-संबंधी।	सगेसोयरे	near and dear ones.
प्रियतम	पु.	स्त्री का पति, स्वामी।	प्रियतम, पती	husband.
	वि.	परमप्रिय।	अत्यंत प्रिय	dearest.
प्रियतमा	स्त्री.	1. पत्नी;	पत्नी;	wife;
		2. प्रेमिका।	प्रियकरीण (प्रिय स्त्री)	beloved.
प्रियदर्शी	वि.	सबको स्नेह की दृष्टि से देखनेवाला।	सर्वांना प्रेमदृष्टीने पाहणारा	showing love to all, loving all.
प्रियवर	वि.	बहुत प्रिय (पत्रों आदि में संबोधन के रूप में प्रायः प्रयुक्त)।	(पत्रात मायनाच्या स्वरुपात) प्रिय	dear (generally used in letters etc., to address a person).
प्रिया	स्त्री.	1. पत्नी, भार्या;	पत्नी;	wife;
		2. प्रेमिका।	प्रियकरीण	beloved, darling.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रीत	वि.	1. जिसके मन में प्रीति उत्पन्न हुई हो; 2. जो किसी पर प्रसन्न हुआ हो।	हर्षित; प्रसन्न	joyful; pleased.
प्रीतम	पुं., वि.	प्रियतम।	प्रियकर, प्रियतम	lover, beloved.
प्रीति	स्त्री.	1. प्रेम, प्यार; 2. आमोद, प्रसन्नता।	प्रिय, माया, ममता; आनंद, प्रसन्नता	love, affection; pleasure, joy.
प्रीतिकर	वि.	हर्ष या प्रेम उत्पन्न करनेवाला।	हर्ष वा प्रेम उत्पन्न करणारा	inspiring love or affection.
प्रीतिपात्र	वि.	प्यारा, प्रेम-भाजन।	प्रीतिपात्र, प्रेमाचे स्थान, प्रेम असलेली व्यक्ती	beloved person or thing.
प्रीतिभोज	पुं.	किसी मांगलिक या सुखद अवसर पर बंधु-बांधवों तथा इष्टमित्रों को अपने यहां बुलाकर कराया जानेवाला भोजन।	मेजवानी	banquet.
प्रूफ	पुं.	किसी छपनेवाली सामग्री का वह आरंभिक नमूना जिसमें छपाई संबंधी सारी अशुद्धियां ठीक की जाती हैं।	प्रुफ, तपासणीसाठी आलेली कच्ची छपाई	proof.
प्रूफ-रीडर	पुं.	वह जो छपनेवाली सामग्री का प्रूफ देखकर छापे की अशुद्धियां ठीक करता है।	प्रूफ रीडर, कच्ची छपाई वाचून शुद्ध करणारा	proof reader.
प्रेक्षक	पुं.	1. वह जो खेल-तामशा आदि चाव से या ध्यानपूर्वक देखता हो, दर्शक; 2. वह जो किसी कार्य या बात को विशेष उद्देश्य से ध्यानपूर्वक देखता रहता हो।	पाहाणारा; निरीक्षक	spectator; observer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रेक्षण	पु.	किसी कार्य या बात को किसी विशेष उद्देश्य से ध्यानपूर्वक देखते रहने का भाव।	निरीक्षण	observance.
प्रेक्षागृह	पु.	नाटकों के अभिनय आदि के लिए बनी हुई रंगशाला।	नाटक इ. पाहण्याचे स्थान, थिएटर	theatre, auditorium.
प्रेत	पु.	मृतात्मा, वह योनि जिसमें मनुष्य मरने के उपरांत सपिंड होने तक रहता है।	भूत	ghost, goblin, spirit of the dead.
प्रेम	पु.	प्यार, अनुराग।	प्रेम, प्रीती, अनुराग	love, affection.
प्रेमपात्र	पु.	वह व्यक्ति, जिससे प्रेम किया जाए।	प्रेमास पात्र अशी व्यक्ती	beloved, dear.
प्रेमालाप	पु.	प्रेमपूर्वक की जानेवाली बातचीत, एक दूसरे से प्रेम करनेवाले दो या अधिक व्यक्तियों की बातचीत।	प्रेमालाप, प्रेमाच्या गप्पा गोष्टी, गुलगुल बोलणी	love talk, cordial talk.
प्रेमिका	स्त्री.	1. वह स्त्री जो किसी से प्रेम करे; 2. वह स्त्री जिससे कोई व्यक्ति प्रेम करे।	प्रेमकरणारीस्त्री; प्रेम असणारी स्त्री	woman who loves someone; beloved (female).
प्रेमी	पु.	किसी से प्रेम करनेवाला।	प्रियकर, प्रेमी पुरुष	lover.
प्रेय	वि.	1. बहुत प्यारा, विशेष प्रिय; 2. चाहने योग्य।	विशेष प्रिय, लाडका; पाहण्याजोगा	dearer, beloved; desired.
	पु.	1. स्त्री का पति या स्वामी; 2. धार्मिक क्षेत्र में यह कामना कि हम स्वर्ग प्राप्त करके अनेक प्रकार के सुख भोगें।	पती; स्वर्गीय भोग	husband; desire to attain heavenly pleasures.
प्रेयसी	स्त्री.	1. पत्नी, भार्या; 2. प्रेमिका।	पत्नी; प्रिया	wife; beloved.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रेरणा	स्त्री.	1. किसी को किसी कार्य में प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव;	कार्यप्रवृत्त करण्याची;	inducing;
		2. मन में उत्पन्न होनेवाला वह भाव या विचार जिसके संबंध में यह कहा जा सकता हो कि वह दैवी साधन या कृपा से उत्पन्न हुआ है।	स्फूर्ती	inspiration.
प्रेरणाप्रद	वि.	प्रेरणा देनेवाला।	प्रेरणा देणारा	giving inspiration.
प्रेरित	वि.	1. किसी कार्य में प्रवृत किया हुआ;	प्रेरणा मिळालेला;	induced;
		2. जिसे किसी प्रकार की प्रेरणा मिली हो।.	स्फूर्ती झालेला	inspired.
प्रेषक	पु.	भेजनेवाला।	प्रेपक, पाठविणारा, रवाना करणारा	despatcher, consignor.
प्रेषण	पु.	रवाना करना, भेजना।	रवाना करण्याची-पाठविण्याची क्रिया	despatch, consignment, transmission.
प्रेषणीयता	स्त्री.	किसी बात या पदार्थ का वह गुण जिसके द्वारा कुछ कहीं से कहीं पहुँचता हो।	संचारगुण	communication.
प्रेषित	वि.	रवाना किया हुआ, भेजा हुआ।	पाठविलेला, रवाना केलेला	despatched, consigned, transmitted.
प्रोत्साहन	पुं.	1. उत्साह या हिम्मत बढ़ाना;	उत्तेजन;	encouragement, boosting up;
		2. प्रोत्साहित करने के लिए कही जानेवाली बात।	उत्तेजनात्मक बोल	incentive.
प्रोत्साहित	वि.	जिसको बढ़ावा दिया गया हो, जिसका उत्साह बढ़ाया गया हो।	प्रोत्साहन दिलेला	encouraged, given incentive.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्रौढ़	वि.	1. अच्छी या पूरी तरह से बढ़ा हुआ;	पूर्ण-विकसित:	full grown;
		2. आरंभिक अवस्था पार करके मध्य अवस्था में पहुँचा हुआ (व्यक्ति);	मध्यम वयाचा:	adult;
		3. पुष्ट, परिपक्व;	पक्व:	mature;
		4. निपुण, दक्ष, परिणत बुद्धि।	पक्व बुद्धीचा	over clever.
प्रौढ़ता	स्त्री.	प्रौढ़ होने की अवस्था, गुण या भाव।	प्रौढता, पोक्तपणा	maturity.
प्रौढ़ा	स्त्री.	वह स्त्री जिसकी उम्र अधिक हो चली हो।	प्रौढ-पोक्त वयाची स्त्री	grown-up woman.
प्लीहा	स्त्री.	1. पेट के अन्दर तिल्ली नामक अंग जो पेट के ऊपरी बाएं भाग में स्थित होता है और रक्त बनाने में सहायक होता है;	प्लीहा:	spleen;
		2. उक्त अंग के सूजकर बढ़ने का एक रोग।	प्लीहाला झालेला रोग	disease of the spleen.
प्लेग	पु.	एक विशिष्ट प्रकार का घातक संक्रामक रोग जिसमें रोगी को तीव्र ज्वर होता है तथा बांह या जांघ में गिलटी निकलती है।	प्लेग	plague.
प्लेट	स्त्री.	1. धातु के पत्तर या मिटटी की बनी हुई एक प्रकार की छोटी थाली, तश्तरी;	बशी, थाळी:	plate (made of china, etc.);
		2. कपड़ों में डाली जानेवाली प्रकार की सिकुड़न जो कहीं शोभा के लिए और कहीं उसे छोटा करने के लिए डाली जाती है।	कपड्याची टीप	plate (in sewn clothes).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
प्लेटफार्म	पु.	1. जमीन से कुछ ऊंचा चौकोर तथा समतल चबूतरा;	प्लॅटफॉर्म, मंच, फलाट;	platform;
		2. स्टेशन में अन्दर प्रवेश के लिए एक प्रकार का टिकट।	रेल्वेच्या फलाटाचे तिकीट	platform ticket.
फंकी	स्त्री.	1. कोई चीज फांकने की क्रिया या भाव;	पसरुन फेकण्यांची क्रिया;	act of chucking (dry grain, powder);
		2. वह चीज जो फांककर खायी जाए।	फक्की (मूठ भरुन तोंडात टाकायची ती)	mouthful of dry grain, powder.
फंदा	पु.	1. रस्सी आदि में किसी प्रकार की गांठ लगाकर बनाया जानेवाला घेरा जो किसी चीज को फंसाकर रखने या बांधने के काम आता है;	सरकफास;	noose, snare;
		2. कोई ऐसी कपटपूर्ण बात या योजना जिसका मुख्य प्रयोजन किसी को फंसाना होता है;	फंदा, जाळे, कारस्थान;	trick, ruse, subterfuge;
		3. कुछ खाने या पीने के समय अचानक हंसने आदि के कारण खाद्य या पेय पदार्थ का गले में अटक या रुक जाना;	गचका, (घशात खातांना वा पिताना लागलेला);	obstruction in the windpipe;
		4. कोई ऐसी बात या कठिन स्थिति जिसमें पड़कर मनुष्य विवश हो जाता है और कष्ट भोगता है।	घोटाळा, गोंधळ	difficulty, perplexity, mess.
फंदेदार	वि.	जिसमें फंदा लगा या बना हो।	फास घातलेला, फासाची गाठ असलेला	loopy, knotty.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फंसना	अ. क्रि.	1. किसी प्रकार के जाल या फंदे में इस तरह पड़ जाना कि छुटकारा न मिल सके;	फासात-जाळ्यात-अडकणे;	to be taken in a noose, to be ensnared;
		2. एक चीज का दूसरी चीज में डलकर अटक जाना;	अडकणे, गुंतणे;	to be embroiled;
		3. किसी कार्य में व्यस्त रहना;	सापडणे, कामात फसणे;	to be involved, to be entangled (in some work);
		4. किसी की चिकनी-चुपड़ी बातों में आना और छला जाना;	गोडगोड गोष्टीना भुलणे;	to be taken in, to be wheedled;
		5. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में पड़ने के कारण उससे ऐसा अनुचित संबंध स्थिर होना जो जल्दी छूट न सके।	प्रेम प्रकरणात फसणे	to be caught up or entangled (in a love affair).
फंसाना		1. किसी को प्रयास द्वारा अपने फंदे या जाल में लाना;	जाळ्यात-फासात अडकविणे;	to ensnare, to entrap, to bait;
		2. कोई चीज इस प्रकार अटकाना या किसी दूसरी चीज में उलझाना कि वह जल्दी न छूट सके;	गुंतविणे;	to embroil;
		3. धन आदि किसी ऐसे व्यक्ति को देना या ऐसे काम में लगाना कि उसकी वापसी संभव न हो;	अडकून बसणे;	to get stuck up or blocked (as money etc.);
		4. चाल, ठगी या धोखे से स्वार्थ साधना।	कपटाने अडकवून स्वार्थ साधणे	to implicate, to entangle.
फकत	अव्य.	बस इतना ही।	फक्त, मात्र	only, merely, simply.
	वि.	केवल, सिर्फ, मात्र।	केवळ	only, alone.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फकीर	पु.	1. भीख मांगनेवाला;	भिकारी;	beggar, mendicant;
		2. संत;	साधूपुरुष;	saint, ascetic;
		3. निर्धन व्यक्ति।	निष्कांचन-निर्धन माणूस	pauper.
फकीरी	स्त्री.	1. ऐसी अवस्था जिसमें कोई भीख मांगकर गुजारा करता हो;	भिकारीपण;	beggary, mendicity;
		2. कंगलापन;	दारिद्र;	indigence, penury, poverty;
		3. फकीरों या संतों का जीवन।	साधूचे जीवन	life of an ascetic or saint.
फक्कड़	वि.	1. (ऐसा व्यक्ति) जो फाकों या उपवासों के बावजूद खुश रहता हो;	उपाशी राहून सुद्धा मस्त-बेपर्वा;	indigent and carefree;
		2. (ऐसा व्यक्ति) जो भविष्य की परवाह न करके लापरवाही से धन उड़ाता हो।	उधळ्या	reckless and spendthrift.
फक्कड़बाज	पु.	वह व्यक्ति जो बहुत गाली-गुफ्तार बकता हो या अश्लील बातें करता हो।	अश्लील बोलण्याची सवय असणारा	one who indulges in low and obscene language, an indecent prater.
फक्कड़बाजी	स्त्री.	फक्कड़बाज का काम।	अश्लील बोलण्याचे व्यसन	act or behaviour of a prater.
फगुआ	पु.	1. होली;	होळीचा सण;	Holi festival;
		2. होली के अवसर पर होनेवाला आमोद-प्रमोद;	होळीच्या वेळी होणारा आनंद उत्साह;	merriment and fanfare signifying the Holi festival;
		3. फाग।	होळीची गीते	song of the Holi festival.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फजीहत	स्त्री.	1. बहुत अधिक दुर्दशा; 2. बहुत ही घृणित और हेय रूप से होनेवाला झगड़ा या तकरार।	फजीती, बदनामी; घाणेरडा झगडा, घृणास्पद भांडण	disgrace, ignominy, infamy; heinous and hated quarrel or wrangle.
फजूल (फिजूल)	वि.	निरर्थक।	उगीच, निरर्थक	unnecessary, futile, useless.
फजूलखर्च (फिजूलखर्च)	वि.	अधिक खर्च करनेवाला, अपव्ययी।	निरर्थक खर्च करणारा, –उधळपट्टी	extravagant, prodigal, lavish.
फजूलखर्ची (फिजूलखर्ची)	स्त्री.	बहुत अधिक व्यय करना।	उधळपट्टी	extravagance, prodigality, dissipation.
फटकना	स. क्रि.	1. सूप आदि के द्वारा अन्न साफ करना; 2. कपड़े को इस प्रकार झाड़ना कि उसमें से लगी हुई धूल या सिलवटें निकल जाएं।	पाखडणे; झाडणे, झटकणे;	to winnow, to sift; to dust, to shake or knock off (as dust from clothes).
	अ.क्रि.	किसी का इस प्रकार जाकर उपस्थित होना कि लोग उसकी उपस्थिति अनुभव करने लगें।	जाऊन टपकणे	to reach, to go near.
फटकवाना	स. क्रि.	फटकने में प्रवृत्त करना या फटकने का काम किसी से कराना।	पाखडायला लावणे, पाखडून घेणे	to cause to winnow or sift, to get (a thing) winnowed or sifted.
फटकार	स्त्री.	ऐसी कठोर बात जिससे किसी की भर्त्सना की जाए।	धिक्कार, झिडकार निर्भर्त्सना	scolding, reprimand, rebuke.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फटकारना	स. क्रि.	1. किसी को लज्जित करने या उसका तिरस्कार करने के लिए कड़ी बात कहना;	फटकारणे, निर्भर्त्सना करणे;	to scold, chide, reprimand;
		2. झटका देकर छितराना या खुला रखना;	कपडा झटकून मोकळा करणे;	to give jerk to a cloth;
		3. कपड़े को साफ करते समय पत्थर आदि पर पटकना।	धुण्यासाठी दगडावर आपटणे (कपडा)	to beat clothes on a stone (in washing).
फटन	स्त्री.	1. फटने की क्रिया या भाव;	फाटण्याची क्रिया, टर्र होणे;	act of tearing or rending;
		2. दरार।	फट	slit, cleavage, rent.
फटना	अ. क्रि.	1. आघात लगने के कारण या यों ही किसी चीज का बीच में से खंडित होना;	फाटणे, अलग होणे, विदीर्ण होणे, चिरणे;	to be torn, be split, be rent, be cracked, be broken;
		2. किसी गाढ़े पदार्थ में ऐसा विकार होना जिससे उसका पानी अलग और सार भाग अलग हो जाए;	पदार्थातील द्रव्ये अलग होणे (दूध फाटणे);	to turn or become sour (as milk);
		3. रोग, विकार आदि के कारण शरीर के किसी अंग में ऐसी पीड़ा या वेदना होना कि मानो वह अंग फट जाएगा;	अंग तुटणे (वेदनानी);	to feel excruciating pain (in a member of the body);
		4. विस्फोटक पदार्थों का विच्छिन्न होना, धमाका होना;	फुटणे, उडणे (बाँब);	to explode, to burst;
		5. छंटना, अलग-अलग होना।	दूर होणे, विखुरणे (ढग इ.)	to be detached, to be dispersed (as clouds).
फटा	वि.	1. जो फट गया हो;	फाटलेला, विलग झालेला, तुटलेला;	torn, split, rent;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. जो बहुत ही बुरी या हीन अवस्था में हो।	दुर्दशाग्रस्त	miserable, wretched.
फटिक	पुं.	बिलौर या संगमरमर।	स्फटिक	crystal.
फटीचर	वि.	1. जो फटे-पुराने कपड़े पहनता हो;	चिंध्या अंगावर घातलेला;	shabby, shabbily dressed;
		2. बहुत ही तुच्छ या हेय।	फडतूस	deprivable, abominable, low.
फटेहाल	क्रि. वि.,	बहुत ही दीन या बुरी अवस्था में।	फाटक्या तुटक्या पोशाखात वा अवस्थेत तशा अवस्थेचा, अवस्थेतील	in a ragged or shabby condition, in a miserable plight.
फट्टा	पुं.	लकड़ी या बांस को चीरकर निकाला गया टुकड़ा।	चिरलेल्या बांबूची कामटी, लाकडाची चिरलेली फळी	split piece of wood or bamboo, a plank.
फट्टी	स्त्री.	लकड़ी का छोटा तख्ता।	लाकडाची पातळ पट्टी	thin and small piece of plank.
फड़कन	स्त्री.	1. फड़कने की क्रिया या भाव, फड़फड़ाहट;	फड फड, उडणे (नाडी इ.), स्पंदन;	fluttering, flutter, flap, pulsation, palpitation;
		2. प्रफुल्ल या आनंदित होने का भाव।	आनंदोर्मी	thrill, delight.
फड़कना	अ. क्रि.	1. शरीर के किसी अंग में स्फुरण होना;	अवयव वा शरीराचा एखादा भाग उडणे, फडफडणे, स्पंदन पावणे;	to flutter, to twitch convulsively, vibrate with convulsive involuntary motion (as the eyelids, etc.);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. कोई बहुत बढ़िया या विलक्षण चीज देखकर या बात सुनकर मन में उक्त प्रकार का स्फुरण होना जो उस चीज या बात के विशेष प्रशंसक होने का सूचक हो।	आनंद उसळणे, आनंदाचे रोमाच उभे राहणे	to be thrilled, to be greatly delighted.
फड़कवाना	स. क्रि.	किसी को फड़कने में प्रवृत्त करना।	फडकवीणे, फडकायला लावणे	to cause to flutter, to put in a flutter.
फतवा	पु.	किसी कर्म के उचित या अनुचित होने के संबंध में मुफ्ती या मुल्ला (धर्माचार्य) द्वारा शास्त्र के अनुसार दी गई व्यवस्था।	काझीच्या निर्णयाचा जाहीरनामा, काझीची आज्ञा	notification of the decision of the (Muhammadan) law in or respecting a particular case, a judicial decrce.
फन (फण)	पु.	सांप के सिर के आसपास का वह भाग जिसे सांप आवेश या मस्ती में हवा भरकर फुला और फैला लेता है।	फणा	expanded hood or neck of a snake (esp. of the cobra dicapello).
फ़न	पु.	1. कला, दस्तकारी, शिल्प; 2. चतुराई, कौशल।	हुन्नर, कला, शिल्प; कुशलता, कसब	art, craft; skill, artifice.
फन्नी	स्त्री.	लकड़ी आदि का वह टुकड़ा जो किसी ढीली चीज की जड़ में उसे कसने के लिए ठोंका जाता है।	पाचर	wedge.
फफूंद (फफूंदी)	स्त्री.	बरसात में या सील आदि के कारण जमनेवाली काई की तरह सफेद वस्तु।	बुरशी, बुरा	fungus.
फफोला	पु.	त्वचा के जलने पर शरीर पर होनेवाला वह उभार जिसके भीतर पानी या पस भर जाता है, छाला।	फोड	blister, vesicle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फबती	स्त्री.	ऐसी व्यंग्यात्मक तथा हास्यपूर्ण बात जो किसी व्यक्ति की तात्कालिक स्थिति के अनुसार बहुत ही उपयुक्त रूप से ठीक बैठती है।	गंमत, मस्करी, थट्टा, मजा, टिंगल	pleasantry, fun, jest, sarcastic remark.
फबना	अ. क्रि.	1. उपयुक्त प्रकार से अथवा उपयुक्त स्थान पर रखे जाने पर किसी वस्तु का शोभन तथा सुन्दर लगना	वस्तू योग्य ठिकाणी ठेवल्याने शोभणे;	to become, befit;
		2. बात आदि का ठीक मौके पर उपयुक्त और शोभन लगना;	बरोबर बोलणे, लागू पडणे;	to be suitable, apt, appropriate;
		3. व्यक्ति का बढ़िया कपड़े आदि पहने होने पर सुंदर लगना।	वेषभूषेने इ. छान दिसणे	to look elegant, graceful, beautiful.
फरमा	पु.	1. डौल या सांचा;	जोडा बनविण्याचा लाकडी साचा;	die, frame, caste (of a shoomaker);
		2. पुस्तकों आदि का उतना अंश जितना उक्त प्रकार के कागजों पर एक साथ छपता है।	पुस्तकांचा फरमा, फॉर्म	forme, format.
फरमाइश	स्त्री.	1. वह चीज जिसके लिए किसीने इच्छा प्रकट की हो;	इष्ट वस्तूची मागणी, -सूचना;	thing desired or ordered (by someone);
		2. किसी काम या बात के लिए प्रेमपूर्वक दिया हुआ आदेश।	विनंतीपूर्वक-दिलेला आदेश	will, request, order.
फरमाइशी	वि.	1. जो फरमाइश करके बनवाया या प्राप्त किया गया हो;	मागणी-सूचना केल्याप्रमाणे तयार केलेला, -झालेला;	made to order, requested;
		2. कार्यक्रम आदि।	विशिष्ट सूचनेपासनून सादर केलेला	(performed or presented) on specific request.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फरमान (फर्मान)	पु.	कोई आधिकारिक विशेषत: शाही आदेश या आदेश-पत्र।	आज्ञा, हुकूम; राजाचे आदेशपत्र, आज्ञापत्र	order, command, a royal letter, charter.
फरमाना	स. क्रि.	कोई बात कहना (बड़ों के संबंध में सम्मानसूचक रूप से प्रयुक्त)।	(आदर पूर्वक) सांगणे, आज्ञा करणे, जाहीर करणे	to order, command, (in polite respectful speech with reference to superiors etc.) to say, affirm, declare, order.
फरशी (फरसी, फर्शी)	स्त्री.	कुछ खुले मुंह का धातु का वह आधान या पात्र जिस पर नैचा और सटक लगाकर तम्बाकू पीते हैं।	हुक्कयाचा एक प्रकार	kind of huqqa.
फरसा	पु.	प्राचीन काल में युद्ध में काम आनेवाली लोहे की पैनी और चौड़ी धार की कुल्हाड़ी।	फरशी, परशू	hatchet, axe.
फरहरा	पु.	कपड़े या कागज का तिकोना या चौकोना टुकड़ा जिसे छड़ के सिरे पर लगाकर झंडा बनाते हैं जो हवा के झोंके से उड़ता रहता है।	झेंडा, ध्वज (हवेत उडणारा)	flag, standard, banner.
	वि.	जिसमें उदासीनता, खेद आदि न हों, प्रफुल्ल।	प्रफुल्लित, प्रसन्न	soothed, relieved (of fatigue, boredom etc.).
फराक (फ्राक)	पुं.	लड़कियों के पहिनने का अंग्रेजी ढंग का पहनावा।	फ्राक	frock.
फरार	वि. पु.	जो शासन की हिरासत में आने से बचने के लिए कहीं भाग अथवा छिप गया हो।	फरारी, पळून गेलेला, फरारी गुन्हेगार	at large, absconding, absconder, outlaw.
फरियाद	स्त्री.	1. विपत्ति, संकट आदि में पड़ने पर सहायतार्थ की जानेवाली पुकार;	धावा, मदतीसाठी ओरडा;	cry for help or redress;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. न्याय की याचना के लिए न्यायालय में दिया जानेवाला प्रार्थनापत्र।	तक्रार, फिर्याद	petition, complaint.
फरियादी	वि., पु.	1. फरियाद करनेवाला;	फिर्यादी;	complainant, plaintiff;
		2. अभियोग उपस्थित करनेवाला।	दाद मागणारा, न्याय मागणारा	seeker of redress or justice.
फरिश्ता	पु.	1. देवता, देवदूत;	देवदूत, देवता;	angel, a divine messenger;
		2. कृपालु, लोकोपकारी तथा सात्विक वृत्तियोंवाला व्यक्ति।	साधु पुरुष, परोपकारी मनुष्य	virtuous person.
फरीक	पुं.	दो परस्पर विरोधी पक्षों या व्यक्तियों में से हरेक पक्ष या व्यक्ति।	दोन झगडणाऱ्या पक्षांपेकी प्रत्येक, वादी अथवा प्रतिवादी	party, complainant or respondent.
फरेब	पु.	छल-कपट या धोखा।	धोका, दगा, कपट	fraud, duplicity, treachery.
फरेबी	वि., पु.	फरेब या छल-कपट करनेवाला।	दगाबाज, धोकेबाज, कपटी	fraudulent, deceptive, cheat, imposter.
फर्क (फरक)	पु.	भेद या भिन्नता।	फरक, भिन्नता	distinction, difference.
फर्ज (फरज)	पुं.	आवश्यक और कर्त्तव्य कर्म।	कर्तव्यकर्म, आवश्यक कर्म.	obligation, onus, duty.
फर्जी(फरजी)	वि.,पु.	1. जो फर्ज कर लिया अर्थात् तर्क-वितर्क के लिए मान लिया गया हो;	गृहीत धरलेला;	hypothetical, supposititious, fictitious;
		2. कल्पित;	काल्पनिक;	imaginary, supposed;
		3. शतरंज की फरजी नाम की गोटी।	सोंगट्याच्या खेळातील या नांवाची सोंगटी	queen in the game of chess.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फर्राश	पु.	खिदमतगार या सेवक जो फर्श साफ करता हो।	झाडझूड करणारा नोकर	sweeper, servant for doing menial work.
फर्लांग	पु.	भूमि की दूरी नापने का एक मान जो 2_0 गज के बराबर होता है।	फर्लांग	furlong.
फर्श	पु.	कमरे, घर आदि की पक्की तथा समतल जमीन या उस पर बिछी हुई चीज जिस पर बैठते हैं।	सपाट, समतल जमीन (घरातील), फरशी, बिछायत	floor, carpet, mat.
फल	पु.	1. पेड़ का फल;	फळ (झाडाचे इ.);	fruit;
		2. किसी प्रकार की प्राप्तियाँ, लाभ;	प्राप्ती, लाभ;	gain, profit, advantage;
		3. किसी प्रकार की क्रिया, घटना, प्रयत्न आदि के परिणाम के रूप में होनेवाली बात;	परिणाम, परिणाम स्वरूप घडणारी गोष्ट;	result, effect, consequence;
		4. धर्म या परलोक की दृष्टि से कर्म का परिणाम जो सुख या दुःख है;	केलेल्या कर्माचा मिळणारा बदला, -मोबदला (धर्माच्या दृष्टीने परलोकी);	reward, requital, recompense;
		5. छुरी, तलवार आदि का तेज धारवाला या नुकीला अंग;	फाळ;	iron-head (of a spear, arrow etc.), the blade (of a sword, knife etc.), plough-share;
		6. अंकों आदि के रूप में वह परिणाम जिसकी प्राप्ति के लिए गणित की कोई क्रिया की जाती है।	गणित करुन आलेला निष्कर्ष	result of a calculation (in Math.), product or quotient.
फलक	पु.	1. तख्ता, पट्टी या पटल;	फळा, फळी, पट्टी (ज्यावर चितारले किंवा लिहिले जाते);	board, slab or tablet (for writing or painting on);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. कागज का लंबा-चौड़ा टुकड़ा।	कागदाचा लांबच लांब तुकडा	sheet of paper.
फलतः	क्रि. वि.	परिणामतः।	परिणामस्वरुप, यामुळे	as a consequence, consequently.
फलद	वि.	1. फलनेवाला(वृक्ष);	फळ देणारा;	productive, fruitful, fruit bearing;
		2. फल, परिणाम देनेवाला, लाभकर।	प्राप्ती करुन देणारा, मोबदला देणारा, उपयोगी	giving a reward, rewarding, bringing in gain or profit, useful, efficacious.
फलदान	पु.	विवाह से पूर्व होनेवाली टीके की रस्म।	विवाह-निश्चितीची खूण म्हणून वराच्या कपाळावर टिळा लावण्याचा विधी	'Teeka' ceremony held prior to marriage when presents are made to bridegroom signifying the confirmation of the marriage agreement.
फलदार	वि.	1. फलों से भरा(वृक्ष);	फळ देणारा, फळांनी भरलेला;	fruit-bearing, fruitful;
		2. ऐसा अस्त्र जिसके आगे धारदार फल लगा हो।	धारदार फाळ असलेले (शस्त्र)	(weapon) having a sharp head or blade.
फलना	अ. क्रि.	1. वृक्ष का फलों से युक्त होना;	फळे लागणे;	to bear fruit, be in fruit;
		2. इच्छा या कामना का पूर्ण होना;	इच्छा पूर्ण होणे, सुफलित होणे;	to be fulfilled (as a desire, ambition etc.);
		3. सुख-समृद्धि का कारण बनना;	भरभराटणे;	to thrive, to prosper;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. शरीर के किसी भाग पर बहुत से छोटे-छोटे दाने निकल आना जिससे पीड़ा होती है।	अंगावर किंवा चेहऱ्यावर पुटकुळ्या किंवा लहान लहान फोड उठणे	to break out into blisters, pimples, to have an eruption on the face and body.
फलना-फूलना	अ. क्रि.	धन-धान्य, संतान आदि से अच्छी तरह युक्त और सुखी होना।	भरभराटणे, समृद्ध होणे	to flourish, thrive, to be prosperous.
फलाँग	स्त्री.	1. छलाँग; 2. उतनी दूरी जो फलाँग से पार की जाए।	उडी (ढांगेने टाकलेली); ढांग टाकून पार केले जाणारे अंतर	leap, jump, spring; long stride.
फलाँगना	अ. क्रि.	एक स्थान से उछलकर दूसरे स्थान पर जाना या गिरना।	उडी मारुन पार करणे, -ओलांडणे	to spring, leap, jump, to stride over.
फलाकांक्षा	स्त्री.	फल-प्राप्ति की कामना।	फलाकांक्षा (फळाची-चांगल्या परिणाम ची अपेक्षा)	hope or expectation of favourable consequences.
फलागम	पु.	1. वृक्षों में फलों के आने का समय; 2. रूपक की पाँच अवस्थाओं में से अन्तिम अवस्था जहां नायक को अभीष्ट की प्राप्ति होती है।	फळांचा मोसम; भारतीय नाट्यशास्त्रातील पाचवी शेवटची अवस्था ज्यात नायकाच्या कामनेची पूर्ती होते	fruit-season, autumn; fifth and the last stage of action in Indian dramaturgy wherein the hero's efforts bear fruit.
फलादेश	पु.	ज्योतिष में वे बातें जो ग्रहों के प्रभाव या फल के रूप में बतलाई जाती हैं।	ग्रहांच्या होणाऱ्या परिणामाचे भाकीत	prediction about the effect or results of certain planets governing human life.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फलालेन	स्त्री.	एक प्रकार का ऊनी वस्त्र बहुत कोमल और ढीली-ढाली बुनावट का होता है।	विस्कळित विणीचा अतिशय मऊ अशा लोकरीचा कपडा, "फ्लॅनेल"	flannel.
फलाहार	पु.	फलों का आहार।	फलाहार	feeding or living on fruits, fruit-meal.
फलाहारी	पु.	केवल फलों का आहार करनेवाला।	फलहारावरच राहणारा मनुष्य	fruitarian, one who subsists on fruits only.
	वि.	फलाहार-संबंधी।	फलाहार विषयक	pertaining to fruitarian diet.
फलित	वि.	1. फला हुआ;	फलयुक्त, फळे आलेला;	that has produced fruit, fruitful;
		2. पूरा या संपन्न किया हुआ।	पूर्ण वा साध्य झालेला	fulfilled, accomplished.
फलितार्थ	पु.	तात्पर्य या सारंश।	सारांश, तात्पर्य	epitome, essence.
फली	स्त्री.	पेड़-पौधों का फल के रूप में होने वाला वह लम्बोतरा अंग जिसके अंदर केवल बीज रहते हैं।	शेंग, (वाल, घेवडा इ. ची)	pod of any leguminous plant, a bean.
फलीदार	वि.	जिसमें फलियां लगती हों।	शेंगा असलेला, लागलेला	leguminous.
फलीभूत	वि.	जिसका फल या परिणाम प्रत्यक्ष हो चुका हो या निकल चुका हो।	यशस्वी, सफळ	fructified, resulted in success, (that has) borne fruits.
फव्वारा (फौवारा)	पु.	फुहारा।	कारंजे	fountain, spring.
फसल	स्त्री.	1. खेत में बोये हुए अनाजों आदि की पैदावार;	पीक;	harvest, crop;
		2. उपयुक्त काल या समय।	हंगाम	season, time.
फसली	वि.	1. फसल सम्बन्धी;	पिकासंबंधीचा;	relating to the harvest;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी विशिष्ट फसल या ऋतु में होनेवाला।	मोसमी, विशिष्ट ऋतूत होणारा	seasonal.
फसाद	पु.	उपद्रव या लड़ाई-झगड़ा।	दंगा, बखेडा, भांडण-तटा, मारामारी	riot, disturbance, quarrel, brawl.
फसादी	वि.	उपद्रव या झगड़ा करनेवाला।	उपद्रवी, दंगलखोर	riotous, quarrelsome, rowdy.
फहरना	अ. क्रि.	खुले या फैले हुए वस्त्रों या झंडे का हवा में उड़ना।	पसरलेले वस्त्र वाऱ्यात फडफडणे, उडणे	to fly(as a flag), to wave, flutter.
फहराना	स. क्रि.	कोई चीज़ इस प्रकार खुली छोड़ देना जिससे वह हवा में हिले और उड़े।	फडफडविणे	to cause to flutter, to wave, to flap (a flag), to hoist (a flag).
फाँक	स्त्री.	फल आदि का कटा हुआ लंबोतरा टुकड़ा।	फाक, फोड	piece, slice (of fruit).
फाँकना	स. क्रि.	चूर्ण के रूप में कोई औषधि या अन्य पदार्थ अंजलि आदि में लेकर झटके से मुंह में डालना।	चूर्ण इ. सारखा पदार्थ तोंडात टाकणे	to chuck something powdery into the mouth.
फाँदना	अ. क्रि.	झोंके से शरीर को ऊपर उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना, उछलना।	उडी मारणे, उसळी घेणे	to leap, to spring
	स. क्रि.	कूदकर लाँघना।	उडी मारुन ओलांडणे	to spring to cross.
फाँस	स्त्री.	1. रस्सी से बनाया हुआ वह फंदा जिसमें पशु पक्षियों को फँसाया जाता है;	फास, सरक फास;	noose;
		2. बाँस, सूखी लकड़ी आदि का सूक्ष्म किन्तु कड़ा तंतु जो त्वचा में घुस जाता है।	कुसळ	a splinter (of bamboo etc.).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फाँसना	स. क्रि.	1. फंदे में किसी पशु-पक्षी को अटकाना; 2. छल, ठगी, युक्ति आदि से किसी व्यक्ति को अपने लाभ के लिए फंसाना।	फासाने-अडकविणे, फसविणे; कपटाने, फसविणे	to ensnare, to entrap; to embroil, to inveigle, to entangle, to involve, to implicate.
फाँसी	स्त्री.	1. प्राणदंड; 2. रस्सी का वह फंदा जिसे लोग अपने गले में फंसाकर आत्महत्या के लिए झूल या लटक जाते हैं।	फाशी; फास	death penalty; noose, loop, snare.
फाइल	स्त्री.	1. कार्यालयों आदि में एक ही प्रकार या विषय के कागज-पत्रों की नत्थी, मिसिल; 2. पत्र-पत्रिका आदि के ग्रंथों का समूह।	फाईल, एकाच विषयाच्या कागदांची एकत्र टाचून ठेवलेली चळत; वृत्तपत्रे वा पत्रिका यांचा क्रमवार एकत्र बांधलेला ग्रंथ वा संग्रह	file; set of papers,
फाका	पु.	निर्धनता या अभाववश निराहार रहने की अवस्था या भाव, उपवास।	उपास (खायला न मिळाल्यामुळे घडलेला)	starvation, fast (from want, not as a religious observance).
फाकामस्त (फाकेमस्त)	वि..	जो गरीबी के कारण भूखों रहकर भी प्रसन्न रहता है।	दारिद्र्यात सुद्धा आनंदित-मस्तीत राहणारा	one who is cheerful and jolly in the midst of poverty.
फाकामस्ती (फाकेमस्ती)	स्त्री.	बुरे दिनों में भी प्रसन्न रहने की वृत्ति।	आपत्तीतही प्रसन्न राहण्याची वृत्ती	cheerfulness in adversity.
फाग	पु.	1. फागुन के महीने में होनेवाला उत्सव जिसमें लोग एक दूसरे पर रंग डालते हैं;	फाल्गुनात होणारा होलिकोत्सव, शिमगा;	the sports of the Holi festival where Hindus throw red powder over one another;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. एक प्रकार का लोकगीत।	त्या सणातील लोकगीत	a type of song sung during Holi festival.
फागुन	पु.	हिन्दु वर्ष का आखरी महीना।	फाल्गुन	the twelfth month of the Indian calendar.
फाटक	पु.	मुख्य द्वार पर लगा हुआ बड़ा दरवाजा।	फाटक, मुख्य दरवाजा	main gate, entrance.
फाड़ना	स. क्रि.	1. कागज कपड़े आदि को बलपूर्वक खींचकर टुकड़ों में अलग कर देना;	फाडणे, चिंध्या करणे;	to tear off, to rend, to split;
		2. किसी वस्तु का मुंह साधारण से अधिक और दूर तक फैलाना या बढ़ाना;	तोंड मोठे करणे;	to tear open (mouth), to pull apart;
		3. किसी गाढ़े द्रव पदार्थ के संबंध में ऐसी क्रिया करना कि उसका जलीय अंश तथा ठोस अंश अलग हो जाए।	नासविणे (दूध)	to coagulate.
फानूस	पु.	शीशे का वह आधान जो प्राय: छतों में लटकाया जाता है और जिसमें लगे हुए गिलासों आदि में अनेक मोमबत्तियाँ जलाई जाती हैं।	हंडी (काचेची)	chandelier (for candles).
फायदा	पु.	1. किसी काम या बात में होनेवाला किसी प्रकार का लाभ;	लाभ, स्वार्थ;	advantage, benefit;
		2. आर्थिक क्षेत्र में होनेवाली किसी प्रकार की प्राप्ति;	नफा, प्राप्ती;	profit, gain;
		3. किसी प्रकार का अच्छा असर या प्रभाव।	भला परिणाम	good result, avail, utility.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फायदेमंद	वि.	लाभदायक।	लाभदायक, हितकारक, स्वार्थसाधक उपयुक्त	profitable, beneficial, advantageous, efficacious.
फारखती	स्त्री.	1. रुपया अदा होने की रसीद, ऋणमुक्ति का सूचक पत्र;	कर्ज फिटल्याची पावती;	written acquittance;
		2. वह कागज या लेख्य जिसपर यह लिखा हो कि अमुक व्यक्ति अपने अधिकार या उत्तरदायित्व आदि से पूर्णतः मुक्त हो गया है और प्रस्तुत विषय से उसका कोई संबंध नहीं रह गया हैं।	मुक्तिपत्र, अधिकारापासून किंवा जबाबदारीतून मुक्त केल्याचे लेखीपत्र	a deed of release or discharge, deed of dissolution of partnership or marriage etc.
फार्म (फारम)	पु.	1. दर्खास्त आदि का छपा हुआ नमूना;	छापलेला नमुना (अर्ज इ. चा);	form;
		2. जमीन का वह बड़ा खंड या टुकड़ा जिसमें अधिक मात्रा में सबजी बोई जाती हो या पशु-पक्षी पाले जाते हों।	भाजीपाल्याचे शेत किंवा पशु पक्षी पालनाचे क्षेत्र	farm.
फाल	पु.	1. एक डग का फासला;	एक पाऊल, एक पावलाचे अंतर;	step, stride;
		2. हल्की अंकड़ी में लगाया जानेवाला नुकीला लोहा जिससे जमीन खुदती है।	फाळ	blade, ploughshare.
फालतू	वि.	1. जो किसी उपयोग में न आ रहा हो और योंही पड़ा या रखा हुआ हो, आवश्यकता से अधिक;	ज्यादा, फाजील, जरुरीपेक्षा अधिक;	surplus, spare, extra;
		2. बेकार।	निरुपयोगी	useless,worthless.
फालसा	पु.	एक प्रकार का फल।	एक आंबट फळ	a kind of round tiny fruit.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फाल्गुन (देखिए 'फागुन')	पु.	हिन्दू वर्ष का अंतिम महीना जो माघ के बाद और चैत के पहले पड़ता है, फागुन।	फाल्गुन	the twelfth month of the Indian calendar.
फावड़ा	पु.	मिट्टी खोदने का एक उपकरण, चौड़े फल की कुदाल।	फावडे, खोरे	mattock. spade.
फासला (फासिला)	पु.	अवकाश संबंधी दूरी।	अंतर	gap, distance.
फाहा	पु.	घाव, फोड़े आदि पर चिपकाया जाने वाला कपड़े का वह टुकड़ा जिसमें मरहम लगी रहती है।	मलमपट्टीतील कापसाचा बोळा	a flock of cotton (used as a lint to dress a wound).
फिंकवाना (फेंकवाना)	स. क्रि.	किसी से फेंकने का काम कराना।	फेकायला लावणे	to cause (a thing) to be thrown or thrown away.
फिक्र (फिकर)	स्त्री.	सोच-विचार या चिंता।	चिंता, काळजी	care, concern, worry, anxiety.
फिट	वि, पुं.	1. उपयुक्त; 2. मिरगी आदि का दौरा।	चपखल, बरोबर बसणे; मिरगी, फेफरे	fit; fit.
फिटकरी (फिटकिरी)	स्त्री.	सफेद रंग का एक प्रसिद्ध खनिज पदार्थ।	तुरटी	alum.
फितरती	वि.	चालाक, धूर्त।	लुच्चा, धूर्त	cunning, mischievous, wily.
फितूर	पु.	विकार या उत्पात।	विकार, विघाड, दोप (मानसिक)	infirmity, unsoundness, defect (in mind).
फिरंगी	पु.	1. फिरंग देश अर्थात् यूरोप का निवासी; 2. अंग्रेज।	फिरंगी देशाचा-युरोपचा-निवासी, युरोपियन; इंग्रज	European; Englishman.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फिर	क्रि. वि.	1. दोबारा या पुनः;	फिरुन, पुनः;	again;
		2. पीछे, अनन्तर;	मग, नंतर;	afterwards;
		3. तब।	तेव्हा	thereafter.
फिरकी	स्त्री.	1. लड़कों का एक प्रकार का छोटा खिलौना जो घुमाने से अपनी धुरी पर जोरों से घूमता हुआ चक्कर लगाता है;	भोवरा;	whirligig (a child's toy);
		2. धातु, लकड़ी या और किसी चीज का वह गोल टुकड़ा जो चरखे, तकले आदि में लगा रहता है।	रीळ	reel (of thread), spool.
फिरना	अ. क्रि.	1. घूमना, टहलना या सैर करना;	फिरणे, फेरफटका मारणे;	to go round, to promenade, to ramble;
		2. वापस आना;	परतणे;	to turn back, to return;
		3. सूचना आदि के रूप में सबके सामने घुमाया जाना;	फिरविले जाणे (सूचना पत्र इ.);	to circulate;
		4. कही हुई बात से मुकरना;	उलटणे, एकदा सांगितले त्याच्या विरुद्ध बोलणे;	to go back (on), to turn (from);
		5. किसी तरल पदार्थ का पोता जाना;	रंग लावला जाणे, रंग सफेती होणे;	to paint;
		6. पहले से बिल्कुल विपरीत स्थिति में आना, दशा बदलना।	उलट्या परिस्थितीत जाणे, दशा बदलणे	to undergo a change.
फिराना	स. क्रि.	1. फिरने में प्रवृत्त करना;	फिरायला लावणे;	to cause to be turned;
		2. घुमाना, टहलाना या सैर कराना;	फेर-फटका करायला लावणे;	to cause to go about, to promenade;
		3. लौटाना या वापिस करना।	परत देणे	to return, give back.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फिरौती	स्त्री.	1. फिराने या फेरने की क्रिया, भाव या मजदूरी; 2. वह धन जो दुकानदार किसी बेची हुई वस्तु को वापस लेते वक्त विक्रय मूल्य में से काट लेते हैं।	परत देण्याची क्रिया किंवा त्याबद्दलची किंमत; खरेदी केलेला माल परत दुकानदाराने परत द्यावयाच्या किंमतीत केलेली काट	act of or price for returning; deduction (made while refunding the price of goods returned by the buyer).
फिलहाल	क्रि. वि.	इस समय अथवा अभी तक।	सध्या, हल्ली, आतापर्यन्त	at present, for the present, for the time being.
फिल्म	स्त्री.	चलचित्र।	फिल्म, चलचित्र	film, movie.
फिल्मी	वि.	फिल्म संबंधी।	फिल्म विषयक, फिल्ममधील	pertaining to the films, cinematographic.
फिस	वि.	कुछ भी नहीं।	फुस, काहीच नाही, फुसका	useless, fizzled out, turned useless.
फिसड्डी	वि.	1. जो सबसे पिछड़ा हुआ हो;	कामात नेहमी मागे पडणारा;	backward, sluggish, tailing behind;
		2. निकम्मा।	निरुपयोगी, निकामी	worthless.
फिसलन	स्त्री.	1. फिसलने की क्रिया या भाव; 2. ऐसा स्थान जहां से कोई फिसल जाए।	घसरण; निसरडे	slipping, sliding; slipperiness, skid.
फिसलना	अ. क्रि.	1. किसी स्थान पर चिकनाहट अथवा ढाल के कारण रपट जाना;	निसरणे, घसरणे;	to slip, to slide;
		2. (ला.) किसी आकर्षक या लाभदायक तत्व को देखकर अपने मार्ग से भ्रष्ट होना।	(लाक्ष.) घसरणे, चुकणे, स्खलन पावणे	(fig) to err.
फीका (स्त्री. फीकी)	वि.	1. स्वादहीन (पदार्थ);	बेचव;	tasteless, vapid, insipid;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेज़ी पर्याय
		2. जो यथेष्ट चमकीला या तेज न हो (रंग)।	फिक्का, अंधुक	pale, fade, dim, faint.
फीता	पु.	1. सूत आदि की बनी हुई कम चौड़ी और लम्बी पट्टी;	फीत;	lace;
		2. वह पट्टी जिस पर इंचों आदि के चिह्न बने होते हैं और जो लम्बाई, चौड़ाई आदि नापने के काम आती है।	टेप	tape (for measurement).
फीरोजी	वि.	हरापन लिए नीला रंग।	हिरवट झाक असलेला निळा	azure, blue.
फीलपांव (फीलपाया)	पु.	पांव सूजने का एक रोग।	हत्तीरोग	elephantiasis.
फीलवान	पु.	महावत।	माहुत	elephant driver.
फीस	स्त्री.	1. विशिष्ट कृत्यों के बदले दिया गया धन;	फी, शुल्क;	fees;
		2. वह धन जो विद्यार्थी की शिक्षा के लिए मासिक रूप से देना पड़ता है।	शिक्षण शुल्क	tuition fee.
फ़ीसदी	अव्य.	हर सौ के हिसाब से।	दर शेकडा	percent.
फुंकनी	स्त्री.	सांस या फूंक द्वारा आग सुलगाने या ज्वाला भड़काने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला उपकरण।	फुंकणी	blow pipe (of goldsmith etc.).
फुंकार	स्त्री.	फूत्कार।	फूत्कार, फुस्कार	hissing.
फुंदना	पु.	वह छोटी गांठ या लच्छी जो दुपट्टे, चादर, साड़ी आदि के किनारे पर लगाई जाती है।	गोंडा	tassel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फुंसी	स्त्री.	रक्त आदि के विकार के कारण त्वचा पर निकलने वाला ऐसा छोटा दाना जिसमें कुछ मवाद हो।	पुटकुळी	pimple, small boil.
फुट	पु.	लम्बाई नापने का एक उपकरण जो 12 इंच लम्बा होता है।	फूटपट्टी	a foot (of measurement).
फुटकर (फुटकल)	वि.	1. भिन्न या अनेक प्रकार का;	फुटकळ (वस्तू);	miscellaneous;
		2. जो इकट्ठा या एक साथ नहीं बल्कि अलग-अलग या खंडों में आता या रहता हो, थोक का विपर्यय।	किरकोळ (व्यापार)	retail.
फुटबाल	पु.	गेंद से खेला जानेवाला एक खेल।	फूटबोल	football.
फुदकना	अ. क्रि.	1. थोड़ी-थोड़ी दूर पर उछलते हुए यहां से वहा तथा वहां से यहां आते जाते रहना;	टुणटुण उड्या मारीत जाणे (चिमण्या, बेडूक जातात तसे);	to jump, to skip, to hop (as birds, frogs, etc.);
		2. उमंग में आकर अथवा प्रसन्नता-पूर्वक उछलते हुए इधर-उधर आना-जाना।	आनंद भराने नाचत बागडत फिरणे	to skip or dance about (in token of delight).
फुदकी	स्त्री.	1. फुदक कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने का भाव;	ठुमकी चाल;	jump, skip, hop;
		2. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।	एका जातीची चिमणी	a species of bird.
फुनगी	स्त्री.	1. वृक्ष या शाखा का सिरा;	कोंभ, अंकुर;	sprout, a shoot;
		2. पर्वत आदि की चोटी।	अगदीवरचे टोक, शिखर	extremity, tip, summit.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फुफकार	स्त्री.	फुफकारने की क्रिया या भाव, फुफकारने से होनेवाला शब्द।	फूत्कार, फुस्कार	puffing, hissing (of snake).
फुफकारना	अ. क्रि.	क्रोध में आकर मुंह से फूं फूं शब्द करना।	फूत्कारणे, फुस करणे	to hiss (as a snake), to make a hissing sound.
फुफेरा	वि.	फूफा संबंधी या फूफी से उत्पन्न, जैसे फुफेरा भाई।	आत्याकडचा	descended from or related through, a paternal aunt.
फुरसत	स्त्री.	अवकाश का समय।	फुरसत, सवड, अवकाश	leisure, respite, spare time.
फुर्ती (फुरती)	स्त्री.	उमंग से या शीघ्रतापूर्वक किसी कार्य में संलग्न होने का भाव, शीघ्रता।	चलाखपणा, चापल्य	smartness, quickness, promptness, agility.
फुर्तीला (फुरतीला)	वि.	शीघ्रता से काम करनेवाला।	चपळतेने-चलाखीने काम-करणारा	quick, smart, prompt, agile.
फुलका	वि.,पु.	1. फूल की तरह हल्का; 2. हल्की और फूली हुई रोटी।	फुलासारखा हलका, हलकाफूल; पातळ, फुगलेली पोळी	light as a flower; a thin puffed bread.
फुलझड़ी (फुलझरी)	स्त्री.	1. छोटी, पतली डंडी की तरह की आतिशबाजी जिसमें से फूल की सी चिनगारियां निकलती हैं;	फुलबाजा;	a kind of fire-work;
		2. (ला०) ऐसी बात जिसका मूल उद्देश्य दो पक्षों में झगड़ा करा कर स्वयं तमाशा देखना होता है।	फुसकुली, दोघात लावालावी करण्याच्या उद्देशाने बोलता बोलता हळूच सोडून दिलेले उद्‌गार	(fig) stray remarks made on purpose, a provoking remark uttered in a lighter vein.
फुलवारी	स्त्री.	फूलों से भरा उद्यान या बगीचा।	छोटा बगीचा, लहानशी फुलबाग	a small flower-garden.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फुलाना	स. क्रि.	ऐसी क्रिया करना जिससे कोई चीज हवा से भर कर फूल जाए।	फुगविणे	to cause to swell, puff out, to inflate.
फुलाव	पु.	फूले हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव।	फुग	swelling, inflation, protuberance.
फुलेल	पु.	सिर में लगाने का एक सुगंधित तेल।	सुवासिक तेल	scented oil, essence (as a perfume).
फुसफुसा	वि.	जो दबाने से बहुत जल्दी चूर हो जाए, कमजोर और नरम।	फोफसा, पुचका	flabby, hollow, fragile.
फुसफुसाना	अ. क्रि.	बहुत ही दबे या धीमे स्वर में कुछ बोलना।	कुजबुजणे, हलक्या आवाजात बोलणे	to whisper, to speak in a low tone.
फुसलाना	स. क्रि.	किसी को मीठी-मीठी बातों से या बड़ी-बड़ी आशाएं दिला कर अपने अनुकूल करना।	फुसलावणे, भुरळ पाडणे	to coax, to cajole, inveigle, entice.
फुहार	स्त्री.	ऊपर से गिरनेवाली पानी की या किसी तरल पदार्थ की छोटी-छोटी बूंदें।	पावसाची झिमझिम	small rain, drizzle.
फुहारना	स. क्रि.	किसी चीज को धोने, रंगने आदि के लिए उस पर किसी तरल पदार्थ की फुहार डालना।	शिंपडणे, फवारणे	to spray, to sprinkle.
फुहारा	पु.	1. जमीन से फूट पड़नेवाली तेज धारा;	कारंजे;	spring, gush;
		2. एक विशिष्ट प्रकार का उपकरण जिससे पानी या किसी तरल पदार्थ की बूंदें निरन्तर गिरती हैं।	फवारा	fountain, shower.
फूंक	स्त्री.	मुंह से वेगपूर्वक निकाली जानेवाली हवा।	फुंक	breath of air, blow, puff, whiff.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फूंकना	स. क्रि.	1. मुंह का विवर समेटकर वेग के साथ हवा छोड़ना;	फुंकणे, फुंकर घालणे;	to puff, to blow;
		2. मंत्र फूंकना;	छू:मंतर करणे;	to blow or breath a charm or incantation;
		3. मुंह की हवा छोड़ कर आग दहकाना;	विस्तवावर फू फू करणे;	to blow up (fire etc.);
		4. आग लगाना, जलाना या सुलगाना;	आग लावणे;	to set on fire, inflame;
		5. बुरी तरह से नष्ट या बरबाद करना।	उधळणे, फुंकून टाकणे	to squander away, to waste.
फूंका	पु.	बांस आदि की नली जिसके द्वारा फूंकने की क्रिया की जाती है।	फुंकणी	a blow-pipe made of bamboo etc.
फूट	स्त्री.	1. फूटने की क्रिया या भाव;	फूट, चीर, फाट;	crack, split, rift, chasm;
		2. आपसी अनबन या बिगाड़;	बेबनाव, बेकी;	discord, dissension, split;
		3. एक प्रकार की बड़ी ककड़ी जो पकने पर प्राय: खेतों में ही काट फट जाती है।	शेंदाड, फूट	a kind of fruit, a large cucumber that splits up on ripening.
फूटना	अ. क्रि.	1. आघात या दबाव लगने से किसी चीज का टूटना;	फुटणे;	to break, crack, split;
		2. अन्दर का दबाव पड़ने से अथवा किसी प्रकार की बाहरी क्रिया से किसी चीज का ऊपरी आवरण फटना;	स्फोट होणे;	to erupt, to explode;
		3. कली या अंकुर का प्रस्फुटित होना;	अंकुर बाहेर पडणे;	to sprout, shoot;
		4. ऊपरी दबाव हटा कर निकलना, बाहर आना या प्रकट होना;	कवच-दबाव-फोडून बाहेर पडणे;	to come out, to appear;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		5. मतभेद, राग-द्वेष आदि होने पर किसी का अलग होना;	अलग होणे;	to be separated, be detached, to be defected;
		6. मुंह से शब्द उच्चरित होना या निकलना।	शब्द तोंडातून बाहेर पडणे	to speak out, to blurt out.
फूत्कार	पु.	फुफकार।	फुत्कार, फुस्कार	hissing, whizzing.
फूफा	पु.	फूफी या बुआ का पति।	आत्याचा नवरा, आतोबा	husband of father's sister, uncle.
फूफी (फूफू)	स्त्री.	बाप की बहन या बुआ।	आत्या	paternal aunt, father's sister.
फूल	पु.	1. पेड़ पौधों पर नाना रंग के खिलनेवाले कुसुम;	फुल, फुलोरा;	flower, blossom;
		2. (ला०) अत्यन्त कोमल और सुकुमार;	(लाक्ष.) हलकी वा अतिशय नाजूक वस्तू;	very light or delicate thing;
		3. फूल के आकार की कोई वस्तु, आभूषण आदि;	फुलाच्या आकाराचा दागिना;	flower-like thing (ornament etc.);
		4. शव के जल जाने के बाद बची हुई हड्डी;	मृतांच्या अस्थी;	ashes left after cremation;
		5. एक प्रकार की मिश्र धातु जो तांबे और रांगे के मेल से बनती है।	एक मिश्र धातू	a sort of mixed metal.
फूलगोभी	स्त्री.	एक प्रकार का पौधा जिसमें बड़े फूल के आकार का बंधा हुआ ठोस पिंड होता है जो तरकारी के काम आता है।	कॉलीफ्लॉवर, फुलावर	cauliflower.
फूलदान	पु.	फूल सजाने के लिए विविध रूपों का बर्तन।	फुलदाणी	flower-vase.
फूलदार	वि.	जिस पर फूल-पत्ते और बेलबूटे बने हों।	वेलपत्ती आणि फुले यांचे भरतकाम केलेला	flowery, embroidered.
फूलना	अ. क्रि.	1. फूलों से युक्त होना;	फुलणे, फुलांनी डवरणे;	to blossom, to flower, to **bloom**;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. उमंग से भर जाना, बहुत प्रसन्न होना;	उत्फुल्ल होणे;	to swell out, to expand (with joy);
		3. (ला०) मन में विशेष अभिमान या गर्व का अनुभव करना;	अभिमान व गर्व वाटणे;	to assume airs, to feel proud;
		4. बहुत अधिक उभर जाना या ऊंचा हो जाना, सूजना।	सुजणे, फुगणे	to swell, be inflated, be puffed out.
फूलबत्ती	स्त्री.	देवताओं की आरती आदि के लिए बनाई जानेवाली रूई की एक प्रकार की बत्ती।	फुलेवान	a sort of cotton wick.
फूली	स्त्री.	1. सफेद दाग जो आंख की पुतली पर पड़ जाता है;	डोळ्यात पडलेले फूल;	a white speck in the eye;
		2. भाड़ में भूना हुआ मक्का या चावल का दाना जो फूल जाता है।	लाही (मक्याची वा भाताची)	parched maize or paddy.
फूस	पु.	सूखी घास जो छप्पर बांधने, ईंधन आदि के काम आती है।	सुकलेले गवत	old dry grass or straw (esp. such as is used in thatching).
फूहड़	वि.	बेशऊर, गंदा या भद्दा।	अजागळ, बेंगरुळ	unmannerly, slovenly.
	स्त्री.	गंदी तथा निर्लज्ज स्त्री।	लाज सोडलेली बाई	a bad house-wife, silly woman, a slut, trump , shameless woman.
फूहड़पन	पु.	भद्दापन, बेढंगापन।	अजागळपणा, गळथानपणा, बेंगरुळपणा	slovenliness, untidiness, shamelessness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फेंकना	स. क्रि.	1. हाथ से किसी चीज को ऊंचा उछाल कर गिरा देना;	फेकणे, दूर टाकणे, दुरून अंगावर मारणे, उंचावून खाली टाकणे;	to throw, fling, cast, hurl;
		2. गिरा या छोड़ देना;	खाली टाकणे, सोडून देणे;	to drop, to lose;
		3. असावधानी, आलस्य या भूल आदि के कारण चीजें इधर-उधर फैलाना या छोड़ना;	अस्ताव्यस्त टाकणे, इकडेतिकडे विखुरणे;	to mislay, to place or throw carelessly;
		4. अनावश्यक रूप से या व्यर्थ व्यय करना।	विनाकारण खर्च करणे, उधळणे	to spend unnecessarily or uselessly.
फेंटना	स. क्रि.	1. उंगलियों से हिलाकर किसी चीज को अच्छी तरह मिलाना;	घोटणे, बोटांनी चुरडून चांगले मिसळणे;	to beat up froth, to mix by trituration;
		2. ताश के पत्तों को इस प्रकार मिलाना कि उनका क्रम बदल जाए।	(पत्ते) पिसणे	to shuffle.
फेंटा	पु.	1. धोती का वह भाग जो कमर के चारों ओर लपेटा जाता है;	धोतराचा शेवट, (जो कमरेभोवती आवळतात);	part of dhoti tucked up round the waist;
		2. छोटी पगड़ी।	फेटा, लहान पागोटे	small turban.
फेन	पु.	झाग।	फेस	froth, foam.
फेनिल	वि.	झागदार।	फेसाळ	frothy, foamy.
फेनी	स्त्री.	घी में छाना हुआ मैदे का लच्छा जिसे दूध में भिगोकर और शक्कर मिलाकर खाते हैं।	फेणी, एक मिठाई	kind of sweetmeat.
फेफड़ा	पु.	छाती के नीचे स्थित थैली के आकार का अवयव जिससे रीढ़वाले अधिकांश प्राणी सांस लेते हैं।	फुप्फुस	lung.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फेर	पु.	1. घुमाव, चक्कर;	फेरा, चक्कर;	turning, turn, twist, curvature;
		2. भ्रम या उलझन;	घोटाळा, बुचकळा;	dilemma, perplexity;
		3. चालाकी या धोखेबाजी से भरी हुई चाल या युक्ति;	धोकेबाजी, कपटी डाव;	ruse,trick, subterfuge;
		4. घुमावदार मार्ग या रास्ता।	वळणाचा, फेरा पडणारा रस्ता	circuitous route.
फेरना	स. क्रि.	1. कोई चीज को किसी फेरे या घेर में बार-बार घुमाना;	फिरणे, मागे वळणे;	to turn, to turn round;
		2. कोई चीज लेकर चारों ओर या चक्कर-सा लगाते हुए सब के सामने जाना;	फिरविणे, सर्वांना माहीत करून देणे;	to circulate, to proclaim, to announce ;
		3. किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु न लेना और उसे लौटा देना;	नाकारून परत पाठविणे;	to turn away, to reject, to send back;
		4. जो चीज जिस दिशा में हो उसका पार्श्व या मुंह उससे विपरित दिशा में करना;	उलटणे, उलटीकडे करणे;	to turn over, to reverse, invert;
		5. किसी तल पर कोई चीज चारों ओर इधर-उधर, ऊपर-नीचे ले जाना और ले आना (जैसे सिर पर हाथ फेरना, दीवार पर चूना या रंग फेरना आदि)।	हात फिरविणे	to stroke, to fondle, caress, to pass (a brush, colour, over), to colour, to whitewash.
फेरफार	पु.	उलट-फेर, परिवर्तन।	फेरफार, फेर बदल	shuffling, change.
फेरा	पु.	1. किसी चीज के चारों ओर फिरने अर्थात् घूमने की क्रिया या भाव;	चक्कर फेर;	circuit round, perambulation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. विवाह के समय वर-वधू द्वारा की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा।	प्रदक्षिणा, सप्तपदी	matrimonial rite according to which the bride and the bridegroom move round the sacred fire.
फेरी	स्त्री.	1. देवी-देवता आदि की कि जानेवाली परिक्रमा;	प्रदक्षिणा;	going round, circumambulation (round an object);
		2. छोटे व्यापारी द्वारा गलियों, गांवों आदि में फुटकर ग्राहकों के हाथ सामान बेचने के उद्देश्य से लगाया जानेवाला चक्कर।	फेरीवाल्याची फेरी	hawking, the rounds of a pedlar.
फेरीवाला	पु.	वह छोटा व्यापारी जो गली-गली या गांव-गांव में घूम कर सौदा बेचता है।	फेरीवाला	hawker, pedlar.
फ़ेल	वि.	1. जो परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ हो;	अनत्तीर्ण;	failed, plucked;
		2. जो अपने प्रयास में विफल हुआ हो।	असफल, विफल	unsuccessful.
फेहरिस्त	स्त्री.	सूची, यादी।	यादी, सूची	list, inventory.
फैलना	अ.क्रि.	1. किसी चीज का विस्तार से युक्त होना;	पसरणे, विखुरणे, इकडे तिकडे पडणे, विस्तारले जाणे, ताणले जाणे;	to be spread, to be diffused, to be scattered, to spread, to expand, to extend, to stretch or to reach out;
		2. किसी बात आदि का	सर्वापर्यन्त पोचणे, सर्वांमध्ये पसरणे;	to spread around

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		व्यापक क्षेत्र में चर्चा का विषय बनना;		become public;
		3. कुछ अधिक पाने या लेने के लिए आग्रहपूर्वक याचना या हठ करना।	अधिकासाठी हट्ट धरणे	to rise in one's demands or requirements, to be exacting.
फैलाना	स. क्रि.	1. किसी को फैलने में प्रवृत्त करना;	पसरायला लावणे, पसरविणे, अंथरणे;	to spread, to stretch, to expand;
		2. कोई चीज खींचकर विस्तार या सीमा तक ले जाना;	ताणणे;	to lengthen, to draw out;
		3. किसी प्रकार के घेरे या विवर का विस्तार बढ़ाना।	विखुरणे, उलगडणे	to diffuse, to unfurl.
फैलाव	पु.	1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव;	फैलाव;	spreading, spreading out;
		2. उतनी लम्बाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज फैली हुई हो।	पसारा, विस्तार	expansion, stretch.
फैशन	पु.	बनाव-शृंगार करने के आधुनिक और प्रचलित ढंग।	फेशन, रीत, प्रचलित ढंग	fashion.
फैसला	पु.	1. न्यायकर्त्ता द्वारा दी जानेवाली व्यवस्था;	फैसला, निकाल (न्यायाधीशाचा);	judgement, decision;
		2. किसी बात के संबंध में किया गया अन्तिम निर्णय।	अंतिम निर्णय	settlement.
फोकट	वि.	जिसके लिए कुछ परिश्रम या व्यय न करना पड़े।	फुकटचा, मोफतचा, विनामूल्य	free, free of charge, gratis.
फोटो (फोटोग्राफ)	पु., स्त्री.	एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा खींचा हुआ चित्र।	फोटो	photo, photograph.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
फोटोग्राफर	पु.	एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण द्वारा चित्र खींचनेवाला, चित्रकार।	फोटोग्राफर	photographer.
फोटोग्राफी	स्त्री.	फोटो उतारने के यंत्र के द्वारा फोटो या छाया-चित्र बनाने की कला तथा कृत्य।	फोटोग्राफी	photography.
फोड़ना	स. क्रि.	1. शीशा, चीनी या मिट्टी आदि की कोई वस्तु खंड-खंड करना या तोड़ना;	फोडणे, तोडणे, मोडून टाकणे;	to break to pieces, to break, to burst open;
		2. किसी खोखली या वायु-भरी वस्तु को आघात या दाबाव द्वारा तोड़ना;	स्फोट करणे;	to explode, to split;
		3. किसी दल या पक्ष के व्यक्ति या व्यक्तियों को प्रलोभन देकर अपनी ओर मिलाना;	दुसऱ्या पक्षातून आपल्या पक्षात घेणे;	to induce (a person), to defect;
		4. कोई ऐसा परिश्रम करना जिसका कोई फल न हो या बहुत ही कम फल हो;	निष्फळ बाबीत वेळ दवडणे;	to waste one's time on unyielding or infructuous job;
		5. किसी का भेद या रहस्य सब पर प्रकट करना।	गुपित उघड करणे	to disclose, divulge, betray (a secret):
फोड़ा	पु.	शारीरिक विकार के कारण होनेवाला ऐसा व्रण जिसमें रक्त सड़कर मवाद का रूप धारण कर लेता है।	फोड	boil, tumour, abscess, ulcer.
फौज	स्त्री.	सेना या झुंड।	फौज, सेना, सैन्य;	crowd (of men etc.), multitude, army.
फौजदारी	स्त्री.	गहरी मारपीट की कोई घटना।	झुंड, समुदाय, फौजदारी, मारामारीविषयक	criminal fighting; assault, breach of

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
				the peace, criminal offence.
फौजदारी अदालत	स्त्री.	वह न्यायालय जिसमें मार-पीट, हत्या आदि संबंधी मुकदमों की सुनवाई होती है।	मारामारी, हत्या संबंधीचे खटले चालविणारे न्यायालय	criminal court.
फौजी	वि.	फौज का या उससे संबंधित	सैन्या संबंधित, सैन्यविषयक, लष्करी	of or belonging to the army, military, martial.
फौरन	क्रि. वि.	तत्काल।	तत्काल, चटकन्, झटपट, तावडतोब	quickly, immediately, at once.
फौलाद	स्त्री, पु.	असली लोहा।	पोलाद	steel.
फौलादी	वि.	1. फौलाद का बना हुआ;	पोलादी;	made of steel;
		2. बहुत ही दृढ़ या पक्का।	पोलादाप्रमाणे मजबूत, बळकट, भक्कम	strong, stout, sturdy.
बंकिम	वि	1. तिरछा, टेढ़ा; 2. बांका।	वाकडा, वाकलेला; नखरेल	oblique, curved; coquettish, showy.
बंगला	पु.	1. चारों ओर से खुला हुआ एक मंजिला मकान।	बंगला;	small bungalow, cottage.
	स्त्री.	2. बंगाल की भाषा।	बांगला भाषा	Bengali language.
बंजर	वि.	ऊसर भूमि जहां कुछ पैदा न हो सके।	बरड, नापीक	waste (land), unproductive (land).
बंजारा	स्त्री., पु.	1. घूम-फिर कर नून, तेल, अन्न आदि बेचनेवाली एक जाति;	वंजारी जात;	a caste or class who are carriers of grain, salt etc;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्त जाति का सदस्य।	त्या जातीचा माणूस	member of above class.
बंटना	अ. क्रि.	अलग-अलग हिस्सा होना या बांटा जाना।	वाटले-विभागले-जाणे, विभागणी-वाटणी-होणे	to be divided or shared.
बंटवाना	स. क्रि.	1. दूसरों को कोई चीज बांटने या हिस्से करने में प्रवृत्त करना; 2. किसी चीज़ की बांट या उसके हिस्से करवाना।	वाटायला लावणे, वाटून घेणे, वाटणे, वाटणी करणे; वाटून-घ्यायला- वाटायला लावणे	to cause to distribute, to share, to divide etc; to cause to be shared, to be distributed or to be divided.
बंटवारा	पु.	1. बांटने का काम; 2. भाइयों या हिस्सेदारों में होनेवाला विभाजन।	वाटणी; मालमत्तेची, विभागणी	act of dividing; partition of property etc. amongst brothers or relatives.
बंटाई	स्त्री.	1. बांटने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक;	वाटणी करण्याची क्रिया;	act or state of dividing, partitioning;
		2. बांटे जाने की अवस्था या भाव।	वाटणी, विभाजन	division, partition.
बंटाढार	वि.	पूरी तरह से चौपट या भ्रष्ट किया हुआ।	वाटोळे झालेला, सत्यनाश झालेला	completely destroyed, devastated, undone.
बंटाना	स. क्रि.	1. संपत्ति आदि के हिस्से कराना;	मालमत्ता इ. चे वाटप करायला लावणे;	to cause property etc. to be shared or distributed;
		2. किसी काम या बात में इस प्रकार सम्मिलित होना कि दूसरे का भार हल्का हो जाए।	साहाय्य करणे, हातभार लावणे	to lend a helping hand.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बंडल	पु.	रस्सी आदि से अच्छी तरह बंधा हुआ पुलिंदा।	बंडल	bundle.
बंडी	स्त्री.	बिना आस्तीन की एक प्रकार की कुरती।	बंडी	short robe, waist coat.
बंद	वि.	1. बंधा हुआ, कसा हुआ;	बांधलेला, आवळलेला;	bound, tied up, fastened;
		2. बन्धन में, कैद में;	बंदिस्त, कैद;	in prison, behind the bars;
		3. चारों ओर से दीवारों आदि से घिरा (स्थान);	बंद, चार भिंतींच्या आत घेरून टाकलेला;	closed, shut;
		4. बाधायुक्त।	मनाई-बंदी-केलेला	prevented, hindered.
बंदगी	स्त्री.	1. सेवा या सेवक, अनुचर होने का भाव;	चाकरी;	service or servitude,
		2. ईश्वर की वन्दना।	पूजा	worship.
बंदगोभी	स्त्री.	पातगोभी।	कोबी	cabbage.
बंदनवार	पु.	आम, अशोक आदि की पत्तियों को डोरी में बांध कर शुभ अवसरों में दरवाजों पर लगाया जाता है।	आंब्याचे-अशोकाचे तोरण	festoon of leaves of mango tree etc. suspended across gateways on festive occasions.
बंदर	पु.	एक प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो वृक्षों पर रहता है, मनुष्य से मिलता-जुलता है।	वानर	monkey, ape.
बंदरगाह	पु.	समुद्र के किनारे वह स्थान जहां जहाज ठहरते हैं।	बंदर	port.
बंदरघुड़की	स्त्री.	बंदरों की तरह डराते हुए दी जानेवाली ऐसी धमकी जो दिखावे भर की हो पर जो पूरी न की जाए।	पोकळ धमकी	empty threat.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बंदरिया	स्त्री.	बंदर की मादा।	वानरीण	female monkey.
बंदा	पु.	1. दास या सेवक;	दास, सेवक, गुलाम;	slave or servant;
		2. भक्त।	भक्त	devotee.
बंदिश	स्त्री.	1. बांधने की क्रिया या भाव;	बांधण्याची क्रिया;	act or state of tying, binding etc;
		2. प्रतिबन्ध, बन्धन;	बंदी, प्रतिबंध;	restriction;
		3. कविता के चरणों, वाक्यों आदि में होनेवाली शब्द-योजना।	कवितेची बांधणी	composition, construction (in poetry).
बंदी	पु.	कैदी, बन्धन में रखा गया।	बंदी, कैदी, बंदिवान	prisoner, captive.
बंदीगृह	पु.	कैदखाना।	कारागृह, तुरुंग	prison, gaol.
बंदूक	स्त्री.	ऐसा अस्त्र जिसमें कारतूस गोली आदि भर कर इस प्रकार छोड़ी जाती है कि लक्ष्य पर जाकर गिरती है।	बंदूक	rifle.
बंदूकची	पु.	बंदूक चलानेवाला।	बंदूकवाला	musketeer, rifleman.
बंदोबस्त	पु.	प्रबन्ध या व्यवस्था।	बंदोबस्त, व्यवस्था	arrangement, administration.
बंध	पु.	1. वह चीज जिससे कोई दूसरी चीज बांधी जाए, डोरी, रस्सी;	दोरी, बंध;	string, cord;
		2. गांठ या बंधन;	गांठ, बंधन;	knot or bondage;
		3. गठन, रचना;	रचना, बांधणी;	construction, composition;
		4. बांध (नदी आदि पर)।	बांध, बंधारा	dam.
बंधक	पुं.	1. बांधनेवाला;	बांधणारा माणूस;	binder;
		2. गिरवी या रेहन।	गहाण ठेवलेली वस्तू	pawn, pledge.
बंधन		1. बांधने आदि की क्रिया या भाव;	बंधन, बांधण्याची क्रिया;	fastening, binding, tying;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी प्रकार की कोई रुकावट;	विघ्न, अडचण;	obstacle, hindrance, check, restraint;
		3. गांठ आदि।	गांठ	tie, knot.
बंधना	अ. क्रि.	1. बंधन में पड़ना;	बांधले-आवळले जाणे;	to be bound, fastened, etc;
		2. किसी प्रकार के नियमन, प्रतिबंध आदि से युक्त होना।	नियमांनी बंदिस्त होणे नियमबद्ध होणे	to be restricted or regulated.
बंधनी	स्त्री.	जिससे कोई चीज बंधी हुई हो, रस्सी, डोरी आदि।	दोरी, बांधण्याचे साधन	instrument for tying or holdingtogether,tie, string, rope, etc.
बंध-पत्र	पु.	1. विधिक दृष्टि से मान्य वह पत्र जिस पर हस्ताक्षर करनेवाला व्यक्ति अपने आपको किसी काम के लिए प्रतिज्ञाबद्ध करता है;	बांधिलकीचे प्रतिज्ञापत्र, बांड;	bond;
		2. एक प्रकार का सार्वजनिक ऋणपत्र जिसमें निश्चित समय के अन्दर कुछ विशिष्ट नियमों या शर्तों के अनुसार लिया हुआ ऋण चुकाने की प्रतिज्ञा होती है।	कर्जरोखा	loan-bond.
बंधवाना	स. क्रि.	1. बांधने का काम किसी दूसरे से करवाना;	बांधून घेणे, बांधायला लावणे;	to get bound;
		2. वस्तु आदि की रचना कराना, बनवाना आदि;	बांधायला-रचायला--मांडणी करायला लावणे;	to get constructed framed, prepared, etc.;
		3. कारागार में डलवाना।	कैद करून घेणे	to get imprisoned.
बंधाना	स. क्रि.	देखें 'बंधवाना'।	"बंधवाना" पाहा	same as 'बंधवाना'.
बंधु	पु.	1. मित्र या हितैषी;	हितचिंतक, मित्र;	friend, well-wisher;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. सम्बन्धी; 3. भाई।	बंधन, आप्त; भाऊ	kinsman, relation; brother.
बंधेज	पु.	1. कोई नियत और परंपरागत प्रथा; 2. विभिन्न अवसरों पर संबंधियों, सेवकों आदि को दी जानेवाला धन-राशि; 3. बाधा, प्रतिबंध।	काही ठरलेली परंपरागत प्रथा; प्रसंगा प्रसंगानें किंवा आप्तांना दिला जाणारा पैसा; प्रतिबंध, आळा	custom, practice; amount paid to relations, servants etc. on various social occasions; obstacle. restriction.
बंबा	पु.	पानी की कल।	पंप	hand-pump.
बंसी	स्त्री.	1. बांसुरी; 2. मछली फंसाने की कँटिया।	पांवा, बांसुरी; मासे धरण्याची गळकाठी	flute, pipe; fish-hook.
बंसूला (बसूला)	पु.	बसूला, बढ़इयों के उपयोग का एक प्रकार का कुल्हाड़ा।	सुताराची तासणी	kind of axe used by carpenters.
बंहगी	स्त्री.	भार ढोने का वह उपकरण जिसमें एक लम्बे बांस के दोनों सिरों पर रस्सी के बड़े-बड़े छीकें लटका दिए जाते हैं।	कावड	stick or pole with strings at both ends for carrying boxes or baskets etc., on the shoulder.
बक	पु.	बगला।	बक, बगळा	kind of heron or crane.
बकझक	स्त्री.	बेकार की बात या झगड़ा।	मूर्खपणाची बडबड, फुकट बडबड,	silly talk, nonsense, babble.
बकना	स. क्रि., अ. क्रि.	ऊटपटांग या व्यर्थ की बहुत सी बातें कहना।	विनाकारण झगडा फुकटची बडबड करणे, मूर्खपणे वटवट करणे	to babble or to indulge in silly talk.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बकबक	स्त्री.	देखें 'बकझक'।	"बकझक" पाहा	same as 'बकझक'
बकरम	पु.	गोंद आदि लगा कर कड़ा किया हुआ वह करारा कपड़ा जो पहनने के कपड़ों के कालर, आस्तीन आदि में लगाया जाता है।	कॉलर इ. ताठ राहण्याकरिता घालतात तो कडक कपडा	starched piece of cloth to be inserted in collars and cuffs to keep them stiff, buckram.
बकरा	पु.	एक प्रसिद्ध चौपाया जिसके सींग तिकोने, पीठ की ओर मुड़े हुए होते हैं, पूंछ छोटी होती है तथा शरीर से एक प्रकार की गंध आती है।	बकरा	he-goat.
बकवाद	स्त्री.	बेकार की बात कहना, बेसिर पैर की हांकना।	मूर्खपणाची वटवट	nonsensical or foolish talk.
बकवास	स्त्री.	देखें 'बकवाद'।	"बकवाद" पाहा	same as 'बकवाद'.
बकवासी	पु.	बकवास करनेवाला।	मूर्ख वटवट करणारा	idle or nonsensical talker, chatterer, prater.
बकवृत्ति	स्त्री.	बगुलों जैसी वृत्ति।	ढोंगी वृत्ती	heron-like behaviour, hypocrisy.
बकाया	वि.	बाकी बचा हुआ धन।	बाकी उरलेला	remaining.
	पु.	किसी काम, बात या राशि का वह अंश जिसकी अभी पूर्ति होनी शेष हो।	शिल्लक	arrears, remainder, balance.
बकैयां	स्त्री.	छोटे बच्चों की घुटनों के बल चलने की क्रिया।	रांगणे	crawling of children.
बकोटना	स. क्रि.	1. नाखूनों से कोई चीज विशेषतः शरीर की त्वचा का मांस नोचना;	बोचकारणे, ओरबाडणे;	to lacerate or tear with the nails, scratch;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. (ला०) कोई चीज किसी से बलपूर्वक लेना या वसूल करना।	दुस-याचे ओरबाडून घेणे, लुटणे	to extract anything forcibly from others.
बकोटा	पु.	1. बकोटने की क्रिया या भाव;	ओरबाडण्याची क्रिया;	scratching;
		2. उतनी मात्रा जितनी चंगुल या मुट्ठी में आ जाए।	बचक	handful.
बक्कल	पु.	1. छिलका या छाल;	साल;	skin or bark;
		2. बकसुआ।	बकल, बक्कल, (पितळ इ. धातूचे);	buckle.
बक्स (बक्सा)	पु.	लकड़ी, लोहे आदि का बना हुआ एक तरह का ढक्कनदार आधान।	पेटी	box.
बखान	पु.	1. विस्तारपूर्वक कही जानेवाली बात;	वर्णन;	explanation, exposition;
		2. प्रशंसा।	स्तुती, प्रशांसा	praise, commendation.
बखानना	स. क्रि.	विस्तारपूर्वक कहना या वर्णन करना।	वर्णन करणे, सविस्तर समजावून सांगणे	to explain, to expound.
बखिया	पु.	एक प्रकार की महीन और मजबूत सिलाई, जिसमें दोहरे टांके लगाए जाते हैं।	दुहेरी टाक्यांची बारीक शिलाई	fine sewing with double stitching.
बखियाना	स. क्रि.	बखिया करना।	टाके घालणे	to stitch.
बखूबी	क्रि. वि.	भली प्रकार से, पूर्ण रूपेण।	योग्य प्रकारे, चांगल्या रीतीने	in a good manner, well, properly, duly, thoroughly, completely, in perfection.
बखेड़ा	पु.	1. उलझन भरा काम;	गुंतागुंतीचे, झंझट;	entanglement, complication;
		2. झगड़ा या विवाद।	बखेडा, तंटा	quarrel, dispute.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बख्तर (बक्तर)	पु.	लोहे के जाल का बना हुआ कवच।	चिलखत	iron armour.
बख्शना	स. क्रि.	1. प्रदान कर देना;	देणे, प्रदान करणे;	to give, to grant, to bestow;
		2. दयापूर्वक छोड़ देना।	क्षमा करणे, माफी करणे, दया करणे	to forgive, to pardon, to excuse.
बख्शीश	स्त्री.	1. दान, इनाम या पुरस्कार;	बक्षिस, इनाम, दान;	donation, reward, gratuity;
		2. क्षमा।	क्षमा, माफी	pardon, forgiveness.
बगल	स्त्री.	1. बाहु-मूल के नीचे का गड्ढा;	बगल, खाक;	armpit;
		2. पक्ष।	बाजू, कूस	flank, side.
बगला-भगत (बगुला-भगत)	पु.	वह जो देखने में बहुत धार्मिक तथा सीधा-सादा जान पड़ता हो, पर वास्तव में बहुत बड़ा कपटी या धूर्त हो।	भोंदू भगत	religious hypocrite.
बगावत	स्त्री.	बलवा या राजद्रोह।	बंड	revolt, rebellion.
बगिया	स्त्री.	उपवन या छोटा बाग।	लहानशी बाग	small garden.
बगीचा	पु.	छोटा बाग या फुलवारी।	बगीचा, बाग	garden.
बगुला (बगला)	पु.	एक प्रसिद्ध जल पक्षी, बक।	बगळा	heron, crane.
बगूला	पुं.	तेज हवा की वह अवस्था जिसमें वह घेरा बांधकर चक्कर लगाती हुई तथा ऊपर उठती हुई आगे बढ़ती है।	वावटळ	whirlwind.
बगैर	क्रि. वि.	न होने की दशा में।	शिवाय, विना	without, exclusive (of), excluding.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बग्घी	स्त्री.	चार पहियों की पाटनदार गाड़ी जिसे एक या दो घोड़े खींचते हैं।	बग्गी, व्हिक्टोरिया	four-wheeled carriage driven by one or two horses, victoria.
बघनखा	पु.	बाघ के नख के आकार प्रकार का प्राचीन शस्त्र।	वाघनख	tiger's claw, resembling a tiger's claw.
बघार	पु.	दाल, सब्जी, आदि को गर्म घी, मसाले आदि का छोंक लगाने की क्रिया।	फोडणी	seasoning of saltish dishes with heated oil or ghee.
बघारना	स. क्रि.	तड़का देना या लगाना।	फोडणी देणे	to season vegetables, pulses, etc. with onions and spices in heated oil or ghee.
बचकाना	वि.	1. बच्चों से संबंधित;	बालकां संबंधीचा;	appertaining to or fit for children;
		2. अपरिपक्व।	पोरकट, बालिश, अपरिपक्व	childish, immature.
बचत	स्त्री.	1. बचे हुए होने की अवस्था या भाव;	बचत, शिल्लक, वाढ;	residue, remainder, surplus, balance;
		2. व्यय आदि से बची रहनेवाली धन-राशि।	खर्च वाचवून राहिलेले पैसे	savings.
बचना	अ. क्रि.	1. उपयोग, कार्य या व्यय आदि हो चुकने के बाद जो कुछ शेष रहे;	बचणे, उरणे;	to be saved, to be left, to remain;
		2. बंधन, विपद, संकट आदि से किसी प्रकार सुरक्षित रहना;	वाचणे, सुरक्षित राहणे;	to escape, to be saved (from);
		किसी कार्य अथवा व्यक्ति से मिलने में संकोच करना।	टाळणे, दूर राहणे	to avoid.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बचपन	पु.	बाल्यावस्था या लड़कपन।	बालपण	infancy, childhood.
बचपना	पु.	1. बचपन;	बालपण;	childhood;
		2. अपरिपक्व बुद्धि का सूचक कार्य।	बालिशता, पोरकटपणा	childishness or childlike action.
बचा-खुचा	वि.	किसी चीज या वस्तु का बचा हुआ अंश या टुकड़ा।	उरलासुरला	left over or remains of anything.
बचाना	स. क्रि.	1. ऐसी क्रिया करना जिससे कुछ या कोई बचे, रक्षा करना;	वाचविणे;	to preserve, to protect, to shield;
		2. उपयोग, व्यय आदि के उपरान्त भी कुछ अवशिष्ट रखना।	उरविणे, शिल्लक टाकणे	to save, to put or to lay by.
बचाव	पु.	1. कष्ट, संकट आदि में बचे हुए होने की अवस्था;	बचाव, सुटका;	protection, rescue;
		2. त्राण या रक्षा;	संरक्षण;	salvation or defence;
		3. कष्ट, संकट आदि से बचने के लिए किया जानेवाला उपाय।	आपत्तीपासून रक्षण करण्याचा केलेला उपाय	act of preservation, shielding, etc.
बच्चा	पु.	1. प्राणी का नवजात शिशु;	बच्चा, पिल्लू;	young one of a creature;
		2. बालक।	बाळ	child.
बच्ची	स्त्री.	छोटी लड़की।	लहान मुलगी	little girl.
बछड़ा	पु.	गाय का बच्चा।	वासरु	calf.
बछिया	स्त्री.	गाय का मादा बच्चा।	कालवड	female calf.
बछेड़ा	पु.	घोड़े का बच्चा।	शिंगरु	colt.
बछेड़ी	स्त्री.	घोड़े का मादा बच्चा।	शिंगरु (मादी)	female colt.
बजट	पु.	आय-व्यय का मासिक या वार्षिक लेखा।	बजेट, जमा खर्चाचे अंदाज पत्रक	budget.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बजना	अ. क्रि.	1. किसी चीज पर आघात किए जाने पर ऊंची ध्वनि निकलना; 2. संगीत अथवा वाद्ययंत्र में से ध्वनि निकलना।	वाजणे; वाद्य वाजणे	emission of sound by striking against some thing; sound of some musical instrument.
बजरा	पु.	वह बड़ी नाव जो कमरे के समान खिडकियों तथा पक्की छतवाली होती है।	छप्पर-खिडक्यांच्या खोलीसारखी सहलीची मोठी नाव	large kind of pleasure-boat shaped like a room having ceiling and windows.
बजरी	स्त्री.	पत्थर को तोड़कर बनाए जानेवाले वे छोटे-छोटे टुकड़े जो फरश, सड़क आदि बनाने के काम आते हैं।	बारीक खडी	gravel.
बजा	वि.	उचित, उपयुक्त, ठीक, सत्य।	उचित, योग्य, बरोबर, रास्त	in place, proper, suitable, fit, becoming, right, just, true.
बजाज	पु.	कपड़े का व्यापारी।	कापड व्यापारी	cloth merchant, draper.
बजाजी	स्त्री.	बज़ाज का काम।	कापडव्यापार	business of a cloth merchant or draper.
बजाना	स. क्रि.	कोई ऐसी विशिष्ट प्रक्रिया करना जिससे कोई वाद्य सुर, ताल, लय आदि में शब्द करने लगे।	वाजविणे	to play (on a musical instrument), to perform or execute music, to beat (a drum, gong).
बजाए (बजाय)	अव्य.	जगह या स्थान पर अथवा बदले में।	ऐवजी, बदली	in place (of), in lieu of, instead of.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बटखरा	पु.	धातु, पत्थर आदि का किसी नियत तौल का टुकड़ा।	वजन, (दगडाचे वा धातूचे)	weight made from metal, stone, etc., used in weighing goods.
बटना	स. क्रि.	कई तंतुओं, तागों या तारों को एक साथ मिलाकर ऐसा मरोड़ना कि वे सब मिलकर एक हो जाएं।	पीळ देणे, वळणे;	twining of fibres, thread or wires into rope etc.
	अ.क्रि.	1. सिल पर मसाला आदि पीसना;	(पाट्यावर मसाला इ.) वाटणे;	to grind spices or onions etc. on a stoneslab;
		2. हिस्से होना, विभाजित होना।	वाटले जाणे	to be shared, distributed, to be divided.
बटमार	पु.	पथिकों या यात्रियों को मार्ग में मारकर धन, संपत्ति छीन लेनेवाला।	वाटमाऱ्या	highway-man.
बटमारी	स्त्री.	बटमार का काम या राहजनी।	वाटमारी	highway robbery.
बटला (बटुला)	पु.	चावल, दाल आदि पकाने का चौड़े मुंह का गोल बर्तन।	मोठे पातेले	wide-mouthed big pan to cook rice, pulses etc..
बटली (बटुली)	स्त्री.	देगची या छोटा बटला।	छोटे पातेले	a small wide-mouthed pan.
बटलोई	स्त्री.	दे० 'बटली'।	छोटे पातेले	same as 'बटली'.
बटवारा (बंटवारा)	पु.	1. बांटने का काम;	विभागणी-वाटणीची क्रिया;	act of dividing or distributing;
		2. भाइयों या रिश्तेदारों में होनेवाला संपत्ति विभाजन।	मालमत्तेची वाटणी	partition of property etc. amongst co-parceners.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बटा	पु.	गणित में एक प्रकार का चिह्न जो छोटी किन्तु सीधी पड़ी रेखा के रूप में (–) होता है।	अपूर्णांक दाखविणारी मधली आडवी रेषा (3/5 "तीन बटा पांच"	line above the denominator in a vulgar fraction.
बटाई (बंटाई)	स्त्री.	1. बंटने या ऐंठन डालने की क्रिया या पारिश्रमिक 2. बांटने की क्रिया।	वळण्याची-पीळ देण्याची क्रिया, तिची मजूरी; वाटण्याची क्रिया	act of twining or wages ; act of dividing.
बटाई-पत्र	पु.	बटवारे से संबंधित कागज पत्र।	वाटणीपत्र	deed of partition.
बटी	स्त्री.	किसी चीज की बनाई हुई छोटी गोली।	गोळी	globule.
बटुआ (बटुवा)	पु.	कपड़े, चमड़े आदि का खाने तथा ढक्कनदार आधान जिसमें रुपए-पैसे रखे जाते हैं।	बटवा, चंचीं	a small bag with divisions or folds (used for holding money, betel-nut, tobacco etc.), purse.
बटुरना	अ. क्रि.	1. इकट्ठा या एकत्र होना; 2. सिमटना या बटोरा जाना।	गोळा होणे, एकत्र होणे; ढीग लागणे, एकत्र जमणे	to be collected or to assemble; to be shrunk or amassed.
बटेर	स्त्री.	तीतर की तरह एक छोटी चिड़िया जो अधिक उड़ नहीं सकती।	होला पक्षीं	quail, perdix olivacca.
बटोरना	स. क्रि.	छितरी या बिखरी हुई वस्तुओं को एकत्र करना।	गोळा करणे, एकत्र जमविणे	to gather up, to assemble.
बटोही	पु.	पथिक या मुसाफिर।	वाटसरू, प्रवासी	way-farer or traveller.
बट्टा	पुं.	1. कूटने या पीसने का पत्थर;	वरवंटा;	cylindrical piece of stone with which condiments, drugs etc. are pulverized;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. मूल्य में छूट।	किंमतीत सूट	discount.
बट्टा-खाता	पु.	महाजनों के यहां वह बही या लेखा जिसमें डूबी हुई अथवा न वसूल हो सकनेवाली रकमें लिखी जाती हैं।	बुडीत खाते	bad debts.
बट्टी	स्त्री.	1. पत्थर आदि का छोटा टुकड़ा; 2. किसी चीज का प्रायः गोलाकार खंड।	छोटा दगडी वरवंटा; वडी	small piece of stone; globule.
बड़प्पन	पु.	बड़े होने की अवस्था या भाव।	मोठेपणा	greatness.
बड़बड़	स्त्री.	1. बड़बड़ाने की क्रिया या भाव; 2. व्यर्थ की बातचीत।	पुटपुटण्याची-स्वतःशीच बडबडण्याची क्रिया व्यर्थ बडबड	grumbling, murmuring; useless talk.
बड़बड़ाना	अ. क्रि.	1. धीरे धीरे तथा अस्पष्ट रूप से इस प्रकार बोलना कि बड़-बड़ के अतिरिक्त और कोई शब्द न सुना जा सके; 2. क्रोध में आकर आप ही आप कुछ कहते रहना।	पुटपुटणे; रागाने स्वतःशीच बडबड करणे	to grumble, to murmur; to talk to one-self in anger.
बड़बोला	वि.	बड़ी-बड़ी बातें बघारनेवाला।	मोठ्या मोठ्या गोष्टी बोलणारा, बाता मारणारा	boaster, talkative.
बड़भागा	वि.	सौभाग्यशाली।	भाग्यशाली, सुदैवी	fortunate.
बड़वानल	पु.	समुद्र के अन्दर चट्टानों में रहनेवाली आग जो सबसे अधिक भीषण और प्रबल मानी गई है।	समुद्राच्या पोटातील आग	the submarine fire.
बड़हल	पु.	एक प्रकार का बड़ा पेड़ जो पश्चिमी घाट, पूर्वी	एक आंबट फळ व त्याचे झाड	the tree Astocarpus

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		बंगाल और कुमाऊं की तराई में होता है तथा उसका फल।		lakovcha and the fruit thereof.
बड़हार	पु.	विवाह हो जाने के उपरान्त कन्यापक्ष वालों द्वारा वर और वरपक्ष को दिया जाने वाला ज्योनार।	लग्नानंतर जावयाला व त्याच्या आप्तांना दिलेली मेजवानी	feast given to son-in-law and his relations just after the marriage.
बड़ा	वि.	1. जो अपने आकार-प्रकार या विस्तार के विचार से औरों से बढ़चढ़ कर हो, विशाल;	मोठा;	large, big, huge;
		2. जो पद, गरिमा, गुण, मर्यादा आदि की दृष्टि से बड़ा हो, महान, श्रेष्ठ;	महान, श्रेष्ठ;	grand, high, eminent, exalted;
		3. क्रिया अथवा विशेषण के गुण को बढ़ानेवाला;	विशेषणाचा वा क्रियेचा गुण वाढविणारा;	very excessively, exceedingly;
		4. उरद की दाल का एक प्रकार का नमकीन पकवान।	वडा	a saltish preparation of urd-pulse.
बड़ाई	स्त्री.	1. बड़े होने की अवस्था या भाव;	मोठेपणा, महत्ता;	largeness, greatness, bigness, vastness, bulkiness;
		2. प्रशंसा।	स्तुती, प्रशंसा	praise, laudation.
बड़ा दिन	पुं.	25 दिसम्बर का दिन जो ईसाइयों का धार्मिक पर्व है।	25 डिसंबेरचा नाताळचा दिवस	X-mas day.
बड़ी	स्त्री.	आलू, दाल, सफेद कुम्हड़े आदि को पीस कर तथा उसमें नमक-मिर्च डालकर सुखाए हुए टुकड़े।	बडी, (बटाटा, चणा डाळ इ. चा बनविलेली खमंग)	dried up tiny round cakes of ground pulse, potatoes etc.
बढ़ई	पुं.	लकड़ी के उपकरण बनाने-वाला कारीगर।	सुतार	carpenter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बढ़ती	स्त्री.	1. बढ़ने अथवा बढ़े हुए होने की अवस्था या भाव;	बढती, प्रगती, वाढ;	advancement, progress, promotion, enhancement;
		2. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि।	संपत्तीची वा कुटुंबाची वृद्धी	increase in riches or family.
बढ़ना	अ. क्रि.	1. आकार, क्षेत्र, विस्तार, व्याप्ति, सीमा आदि में अधिकता या वृद्धि होना;	वाढणे, मोठे होणे, विस्तृत होणे लांबणे;	to increase, enlarge, be enhanced, be extended, be produced, be prolonged, to extend, lengthen;
		2. आगे की ओर चलना या अग्रसर होना।	पुढे चलण, आगे कूच करणे	to advance, to make headway.
बढ़नी	स्त्री.	1. झाड़ू, कूची;	झाडू;	broom;
		2. गिनती, तौल, नाप, मान आदि में उचित या नियत से बढ़ा हुआ अंश;	वाढ, वाढीव अंश;	excess;
		3. धन-धान्य, परिवार आदि की वृद्धि।	धन-धान्य वा कुटुंब यात वाढ	increase in riches or family.
बढ़वाना	स. क्रि.	किसी को कुछ बढ़ाने में प्रवृत्त करना।	वाढ करण्यास लावणे, पुढे जाण्यास लावणे	to cause to increase, advance or exceed.
बढ़ाना	स. क्रि.	1. किसी को बढ़ने में प्रवृत्त करना;	वाढायला लावणे, बढती करणे;	to promote, advance;
		2. परिमाण, मात्रा, संख्या आदि में अधिकता या वृद्धि करना;	वाढविणे;	to increase, enhance;
		3. किसी प्रकार की व्याप्ति में विस्तार करना।	लांबविणे, ताणणे, व्याप्ती, वाढविणे	to enlarge, extend, stretch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बढ़ा-बढ़ी	स्त्री.	1. आचरण, व्यवहार आदि में आवश्यकता या औचित्य से अधिक आगे बढ़ने की क्रिया या भाव;	अधिकता, अतिशयता, ज्यादेपणा;	exaggeration, excess;
		2. प्रतिद्वंद्विता।	स्पर्धा, चढाओढ	competition.
बढ़ाव	पु.	1. बढ़ने या बढ़े हुए होने की अवस्था;	वाढ, वृद्धी;	increase, augmentation, advancement;
		2. फैलाव या विस्तार।	विस्तार	extension, enlargement.
बढ़ावा	पु.	आगे बढ़कर कोई महत्वपूर्ण काम करने के लिए किसी को दिया जानेवाला प्रोत्साहन, प्रोत्साहित करने के लिए कही जानेवाली बात।	उत्तेजन, प्रोत्साहन, प्रेरणा	inducement, incitement, encouragement, incentive, stimulus.
बढ़िया	वि.	जो गुण, रचना, रूप-रंग, सामग्री आदि की दृष्टि से उच्च कोटि का हो।	उत्कृष्ट, सुरेख	superior, excellent of good quality.
बढ़ोतरी	स्त्री.	उत्तरोत्तर होनेवाली वृद्धि, उन्नति या तरक्की।	उत्तरोत्तर वाढ, चढती वढती	increase, increment, advancement, promotion.
बतंगड़	पु.	किसी बात का व्यर्थ ही विस्तार कर देना।	अतिशयोक्ती	exaggeration.
बतख (बत्तख)	स्त्री.	हंस की जाति की पानी की एक चिड़िया।	बदक	duck.
बतलाना	स. क्रि.	समझाना, कहना।	सांगणे, समजाविणे	to explain, tell etc.
बताना	स. क्रि.	1. कोई बात कहकर किसी को कोई जानकारी या परिचय कराना;	समजाविणे, कल्पना देणे;	to cause to comprehend or understand;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी प्रकार का निर्देश या संकेत करना।	दाखवून देणे, निर्देश करणे	point out, direct, indicate.
बताशा (बतासा)	पु.	एक प्रकार की मिठाई जो फूल की तरह फूली और बहुत हल्की होती है।	बत्तासा	sweetmeat or sugarcake (of a spongy texture and hollow within).
बतिया	स्त्री.	सब्जी के काम आनेवाला कोई छोटा कच्चा ताजा हरा फल।	हिरवे कच्चे फळ	green or unripe fruit used as vegetable.
बतियाना	अ. क्रि.	बातचीत करना।	बोलणे, संभाषण करणे, संवाद करणे	to talk, speak, converse, discourse.
बतौर	अव्य.	1. तरीके पर या रीति से; 2. के सदृश।	अमुक रीतीने, स्वरुपात; च्या प्रमाणे	by way (of); after the manner (of), like.
बत्ती	स्त्री.	1. प्रकाश के निमित्त जलाया जानेवाला सूत, रुई, कपड़े आदि का बटा हुआ लम्बोतरा लच्छा;	वात;	wick, candle, lamp etc;
		2. प्रकाश।	प्रकाश, उजेड	light.
बत्तीस	वि.	गिनती या संख्या में जो तीस से दो अधिक हो।	बत्तीस	thirty-two.
बत्तीसा	पु.	पुष्टि के लिए बत्तीस मसालों के योग से बना एक प्रकार का लड्डू।	बत्तीस द्रव्यांचा बनविलेला लाडू	a tonic composed of thirty-two ingredients.
बत्तीसी	स्त्री.	1. एक ही प्रकार की 32 चीजों का समूह;	बत्तीस वस्तूंचा समूह;	an aggregate of thirty-two things;
		2. मनुष्य के 32 दांतों का समूह।	बत्तीशी, बत्तीस दांत	a set of teeth (thirty-two in number).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बथुआ	पु.	एक प्रकार का साग।	बथुआ	a kind of herb which is used as vegetable.
बद-इंतजामी	स्त्री.	कुप्रबन्ध या अव्यवस्था।	अव्यवस्था, अंधाधुंदी	bad management, misgovernment, mal-administration.
बदकारी	स्त्री.	कुकर्म, व्यभिचार।	दुराचार, व्यभिचार	wickedness, misdeed, profligacy, licentiousness.
बदकिस्मत	वि.	जिसका भाग्य खराब हो।	दुर्दैवी	unfortunate.
बदकिस्मती	स्त्री.	भाग्य के खराब होने की अवस्था या भाव।	दुर्दैव	misfortune, bad luck.
बदचलन	वि.	जिसका आचरण खराब हो।	दुराचरणी, व्यभिचारी	ill-conducted.
बदचलनी	स्त्री.	बुरा आचरण।	दुराचार, वाईट वर्तन	misconduct, bad conduct.
बदजबान	वि.	अश्लील भाषा बोलनेवाला	घाणेरडी भाषा बोलणारा	indecent in speech, foul mouthed, abusive.
बदजात	वि.	खराब आचरण का व्यक्ति।	दुराचारी	of bad disposition, vicious.
बदतमीज	वि.	जो सभ्य तौर-तरीकों से अपरिचित हो।	असभ्य, अशिष्ट, असंस्कृत	ill-mannered.
बदतमीजी	स्त्री.	असभ्यता।	असभ्यता, अशिष्टता	lack of manners.
बदतर	वि.	अधिक बुरा।	अधिक वाईट	worse.
बददिमाग	वि.	जो किसी प्रकार संतुष्ट न हो, अहंकारी।	डोके-माथेफिरू,, चिडखोर	who cannot be pleased in any way, haughty.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बद-दिमागी	स्त्री.	असंतोष, अहंकार।	असामाधान, चीड	discontent, haughtiness.
बद-दुआ	स्त्री.	ऐसी अहित कामना जो शब्दों के द्वारा प्रकट की जाए, शाप।	शाप	curse.
बदन	पु.	शरीर।	शरीर	body.
बद-नसीब	वि.	जिसका भाग्य अच्छा न हो।	अभागी	unfortunate.
बदना	स. क्रि.	1. वर्णन करना या कहना; 2. मान लेना; 3. शर्त लगाना।	सांगणे, वर्णन करणे; मान्य करणे; पैज लावणे	to describe or speak; to agree; to bet.
बदनाम	वि.	जिसकी निंदा हो रही हो।	बदनाम, अप्रतिष्ठित	of bad repute, defamed.
बदनामी	स्त्री.	लोकनिंदा या अपकीर्ति।	बदनामी, बेअब्रू, अपकीर्ती	disrepute, infamy, defame.
बद-नीयत	वि.	जिसका इरादा या उद्देश्य अच्छा न हो।	वाईट हेतू मनात असलेला	ill-disposed, of bad intention.
बदनीयती	स्त्री.	बेईमानी या दगा।	अक्षयहेतु, वाईट उद्देश	bad intention.
बद-परहेज	वि.	खाने-पीने आदि में सावधानी न बरतनेवाला।	पथ्य न पाळणारा, कुपथ्य	lacking control in diet, not controlling the inclinations in diet and passions, intemperate.
बदपरहेजी	स्त्री.	खाने-पीने आदि में असावधानी।	कुपथ्य	lack of control in diet, intemperance, excess.
बदबू	स्त्री.	अच्छी सुगन्ध न आना।	दुर्गंधी	bad or offensive smell, stink.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बदबूदार	वि.	बुरी गन्ध से भरा हुआ।	दुर्गंधयुक्त	giving bad or offensive smell, stinking.
बदमाश	वि.	बुरे आचरण का व्यक्ति, दुष्ट।	बदमाष, अनाचारी, लफंगा	of a bad profession or way of life, immoral, rascal.
बदमाशी	स्त्री.	बुरा आचरण, दुष्टता।	अनाचार, दुष्टता	bad way of living, loose conduct, villainy, rascality.
बदमिजाज	वि.	जिसका मिजाज अच्छा न हो, तीखे स्वभाव का।	चिडखोर, तुसड	ill-tempered.
बदमिजाजी	स्त्री.	मिजाज खराब या तीखा होने की अवस्था या भाव।	चिडखोरपणा, तुसडेपणा	ill-temper.
बदरंग	वि.	जिसका स्वाभाविक रंग खराब हो गया हो।	विटका, फिका, पडलेला	discoloured, faded.
बदलना	अ. क्रि.	1. किसी चीज या बात का अपना पुराना रूप छोड़कर नया रूप धारण करना;	बदलणे, पालटणे;	to be changed or altered;
		2. किसी चीज, बात या व्यक्ति का स्थान किसी दूसरी चीज, बात या व्यक्ति को प्राप्त होना;	बदली होणे, ऐवजी येणे, -जाणे एकाच्या जागी दूसरे लावणे;	to be substituted, transferred, transformed or transplanted;
		3. आकार-प्रकार, गुण-धर्म, रूप-रंग आदि के विचार से और हो जाना अथवा पहले से बदल जाना।	रुपांतर होणे	to assume another form.
बदलवाना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु को किसी दूसरी वस्तु से बदला लेना;	अदलाबदल करायला लावणे;	to cause to be exchanged;
		2. बदलने का काम दूसरे से करवाना।	बदलायला लावणे, बदलून घेणे	to have or get changed or altered.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बदला	पु.	1. बदलने की क्रिया या भाव या व्यापार;	बदल, ऐवजी घेतलेली वस्तू;	change, substitute;
		2. प्रतिकार या पलटा।	सूड	revenge.
बदलाई	स्त्री.	1. बदलने की क्रिया या भाव;	बदलण्याची क्रिया;	barter, exchange;
		2. बदले में ली या दी जानेवाली चीज़।	बदल्यात दिली जाणारी वस्तू	something given in exchange.
बदलना	स. क्रि.	बदलवाना।	बदलायला लावणे	to cause to change.
बदली	स्त्री.	1. बदले हुए होने की अवस्था या भाव;	बदललेली अवस्था;	change, exchange;
		2. किसी सेवा के कर्मचारी को एक स्थान से हटा कर दूसरे स्थान पर भेजा जाना;	बदली, एका जागेवरुन काढून दुसऱ्या जागी नेमणे;	transfer;
		3. आकाश में बादलों के छाए हुए होने की अवस्था या भाव;	ढगांनी भरुन आलेली अवस्था;	cloudiness;
		4. बादल का टुकड़ा।	लहानसा ढग	cloud.
बदशक्ल	वि.	कुरूप या बेडौल।	कुरूप, बेडौल	ill-looking, ill-shaped, ill-formed.
बदसूरत	वि.	भद्दी सूरतवाला	कुरूप, विद्रुप	ugly.
बदसूरती	स्त्री.	बदसूरत होने की अवस्था या भाव।	कुरूपता, विद्रुपपणा	ugliness.
बदहजमी	स्त्री.	खाई हुई चीज हजम न होने की अवस्था।	अपचन	indigestion.
बदहवास	वि.	बौखलाया हुआ या उद्विग्न।	गोंधळून गेलेला, बावरलेला, उद्विग्न झालेला	stupefied, bewildered.
बदहवासी	स्त्री.	उद्विग्न होने की अवस्था या भाव।	गोंधळलेली-बावरलेली-उद्विग्न स्थिती	stupefaction, bewilderment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बदी	स्त्री.	1. चांद्र मास का कृष्णपक्ष;	वद्य-कृष्ण पक्ष;	dark phase of lunar month;
		2. बद अर्थात् बुरे होने की अवस्था या भाव।	दुर्गुणीपणा	badness, evil.
बदौलत	अव्य.	कारण या वजह से।	(अमुक कारणा) मुळे, द्वारा	by means (of), through, owing (to).
बद्ध	वि.	1. जो बंधा हुआ हो या बांधा गया हो;	बद्ध, बांधलेला;	bound, tied;
		2. जो किसी प्रकार के घेरे में हो;	बंदिस्त;	enclosed;
		3. जिस पर कोई प्रतिबन्ध या रुकावट लगी हो।	प्रतिबंध-मनाई-केलेला	restrained, checked, withheld.
बधाई	स्त्री.	1. मंगल अवसर का गाना-बजाना;	आशीर्वादपर-मंगल कामनापर गीत;	song of congratulation sung on auspicious occasion;
		2. मुबारकबाद।	अभिनंदन	congratulations.
बधावा	पु.	दे० 'बधाई'।	"बधाई" पाहा	same as 'बधाई'.
बधिक	पु.	1. बध करनेवाला;	खाटिक, कसाई, हत्या करणारा;	killer;
		2. शिकारी।	शिकारी	hunter.
बधिया	वि., पु.	नपुंसक किया हुआ चौपाया।	खच्ची केलेला, खच्ची केलेला पशू	a castrated animal.
बधिर	वि.	बहरा।	बहिरा	deaf.
बधू	स्त्री.	1. नवविवाहिता स्त्री;	वधू, नुकतीच लग्न झालेली, तरुण पत्नी;	newly-married woman, bride, young wife;
		2. पुत्र की पत्नी।	सून	daughter-in-law, son's wife.
बन	पु.	जंगल।	वन, अरण्य, जंगल	forest, jungle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बनना	अ. क्रि.	1. अनेक प्रकार के उपकरणों, तत्वों आदि के योग से कोई नई चीज तैयार होना;	बनणे;	to be composed of various elements or parts;
		2. किसी पदार्थ का ऐसे रूप में आना जिसमें वह व्यवहार में आ सके;	उपयोगार्थ सिद्ध होणे;	to be made ready for use, to be prepared;
		3. किसी प्रकार के रूप-परिवर्तन के द्वारा एक चीज से दूसरी नई चीज तैयार होना।	निर्माण होणे, उत्पादित होणे	to be produced, fabricated, created.
बनबिलाव	पु.	बिल्ली की तरह का मटमैले रंग का एक जंगली हिंसक जंतु।	रानमांजर	a kind of wild cat, folis caracal.
बनमानुस (बनमानुष)	पु.	बन्दरों से कुछ उन्नत और मनुष्य से मिलते-जुलते जंगली जंतुओं का वर्ग जिसमें गोरिल्ला, चिंपैंजी आदि जंतु हैं।	जंगली माणूस, वानर आणि मनुष्य यांच्या मधील दुवारुप प्राणी	wild man of the woods, the Lemur tardigradus.
बनवाना	स. क्रि.	1. बनाने का काम दूसरे से कराना;	बनवून घेणे;	to cause to be made, to have or get (a thing) made;
		2. किसी को कुछ बनाने में प्रवृत्त करना।	बनवायला लावणे	to cause some-one to make(anything).
बनाना	स. क्रि.	किसी वस्तु को तैयार या प्रस्तुत करना।	बनविणे, आकार देणे, निर्माण करणे, तयार करणे	to make, form, create, prepare, finish, shape, etc.
बनाम	अव्य.	1. किसी के नाम पर,	-च्या नांवाने, -च्या नांवावर;	in the name (of), to the address (of);
		2. किसी के विरुद्ध।	(अमुक) विरुद्ध	versus.
बनाव	पु.	1. बनने या बनाए जाने की क्रिया या भाव;	बनण्याची-बनविणे जाण्याची क्रिया;	preparation, formation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. बनावट या रचना;	बनावट, रचना;	make or composition;
		3. शृंगार या सजावट।	साजशृंगार	decoration or make-up.
बनावट	स्त्री.	1. रचने या रचे जाने की शैली या रूप-विधान;	बनावट, रचना;	structure, construction;
		2. किसी चीज को विशिष्ट और सुन्दर रूप में लाने की क्रिया या भाव;	घडण, बांधणी;	formation, workmanship;
		3. केवल दूसरों को दिखाने के लिए बनाया गया, दिखावटी आचरण।	देखावा, प्रदर्शन, दिखाऊ स्वरूप	artifice, show, display.
बनावटी	वि.	1. जिसमें केवल बनावट हो, तथ्य या वास्तविकता कुछ भी न हो;	खरेपणा नसलेला, खोटा;	fictitious, unreal;
		2. वास्तविक के अनुकरण पर बनाया हुआ।	नकली, कृत्रिम	artificial, counterfeit.
बनाव-शृंगार	पु.	किसी चीज की, विशेषतः शरीर की वह सजावट जो प्रायः दूसरों को आकृष्ट करने या प्रभाव डालने के लिए की जाती है।	साजशृंगार, सजावट	make-up, decoration.
बनिया	पु.	1. व्यापार करनेवाला व्यक्ति या वैश्य;	बनिया, व्यापारी, दुकानदार, वाणी;	merchant, trader, shopkeeper;
		2. व्यापारिक मनोवृत्ति वाला, फलतः स्वार्थी व्यक्ति।	केवळ व्यापारी-बाजारी मनोवृत्ती असणारा मनुष्य	(met.) petty-minded man, niggard.
बनियाइन	स्त्री.	1. बनिया की स्त्री;	बनियाची-व्यापाऱ्याची -बायको;	wife of a bania (trader);
		2. कमीज, कुरते आदि के नीचे पहनने का वस्त्र।	बनियन, सदऱ्याच्या आत घालतात तो तंग बंडीवजा कपडा	vest worn under shirt, etc.
बनिस्बत	अव्य.	किसी की तुलना या मुकाबले में।	पेक्षा	in comparison (with).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बनैला	वि.	जंगली या वन्य।	वन्य, जंगली, रानटी	pertaining to the forest, sylvan, wild, savage.
बन्ना (स्त्री. बन्नी)	पु.	1. दूलहा (दुलहिन);	नवरा;	bride-groom (f. bride);
		2. विवाह के समय वरपक्ष की ओर से गाया जानेवाला एक तरह का लोकगीत।	नवरी	folk song sung on the occasion of marriage by the bride-groom side.
बपतिस्मा	पु.	नव-जात शिशु अथवा धर्मावलम्बी को मसीही धर्म में दीक्षित करते समय होनेवाला एक संस्कार।	बाप्तिस्मा	the Christian rite of baptism.
बपौती	स्त्री.	1. पिता की संपत्ति जो पुत्र को उत्तराधिकार में मिलती है;	वडिलांकडून आलेली मालमत्ता;	property inherited from father;
		2. वह अधिकार जो किसी को अपने पिता तथा पितृ-पक्ष की संपत्ति पर होता है।	वाड-वडिलांकडून वारसाने प्राप्त झालेला अधिकार	powers etc. inherited from father, patrimonial, hereditary, ancestral.
बफारा	पु.	औषधि से युक्त किए गए जल को उबालने पर उसमें से निकलनेवाली भाप जिससे सेंक किया जाता है।	औषधयुक्त वाफारा	medicated vapour.
बबूल	पु.	एक प्रसिद्ध कटीला पेड़ जिसकी लकड़ी बैलगाड़ी के पहिए, हल आदि बनाने के काम आती है।	बाभूळ	the gum-acacea tree, Mimosa arabica (the wood of which is used in making cartwheels, agricultural implements).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बम	पु.	वह विस्फोटक रासायनिक गोला जिसके फूटने से घोर शब्द तथा व्यापक बरबादी और जीव-संहार होता है।	बॉंब, स्फोटक गोळा	bomb.
बमबारी	स्त्री.	बमों की वर्षा करना।	बॉंबचा वर्षाव	bombardment.
बममार (बमबार)	वि.	बम बरसानेवाला।	बॉंबचा वर्षाव करणारा	bomber.
बमवर्षक	वि.	दे 'बममार'।	बॉंबचा वर्षाव करणारा	same as 'बममार'.
बमवर्षा	स्त्री.	अधिक तादाद में बम गिराना।	बॉंबचा वर्षाव	bombardment.
बया	पु.	पीले तथा चमकीले माथेवाली प्रसिद्ध चिड़िया।	बया, एक पक्षी	weaver-bird, peoceus, baya.
बयान	पु.	1. वर्णन; 2. न्यायालय में अभियुक्त द्वारा दिया जानेवाला अपना वक्तव्य।	वर्णन; कथन, कैफियत	description; declaration, exposition.
बयाना	पु.	सौदा पक्का करने के लिए पेशगी दी जानेवाली राशि।	बयाणा	earnest-money.
बयार	स्त्री.	हवा या पवन।	हवा, वारा	wind, air.
बयालीस	वि.	जो गिनती में चालीस से दो अधिक हो।	बेचाळीस	fortytwo.
बयासी	वि.	जो गिनती में अस्सी से दो अधिक हो।	ब्याऐंशी	eightytwo.
बरकत	स्त्री.	1. वह शुभ स्थिति जिसमें कोई चीज या चीजें इस मात्रा में उपलब्ध हों कि उनसे आवश्यकताओं की पूर्ति सहज हो जाए; 2. वृद्धि, आधिक्य।	बरकत, संपन्नता; विपुलता, वाढ	inherent prosperity; increase, abundance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बरखास्त (बर्खास्त)	वि.	जिसे किसी नौकरी या पद से हटा दिया गया हो	नोकरीवरून कमी केलेला	dismissed.
बरखास्तगी (बर्खास्तगी)	स्त्री.	बरखास्त करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव।	नोकरीवरून हकालपट्टी	dismissal.
बरगद	पु.	बड़ का पेड़।	वटवृक्ष	the banyan or Indian fig-tree.
बरछा (बर्छा)	पु.	भाला नामक अस्त्र।	भाला	spear, lance.
बरछी (बर्छी)	स्त्री.	छोटा बरछा।	बर्ची	small spear.
बरतन (बर्तन)	पु.	मिट्टी, धातु आदि का बना हुआ कोई ऐसा आधान जो मुख्यतः खाने-पीने की चीजें रखने के काम आता हो।	भांडे	vessel, domestic utensil, dish, plate, basin etc.
बरतना (बर्तना)	अ. क्रि.	1. आपसदारी का व्यवहार करना;	परस्परात व्यवहार संबंध ठेवणे;	to have personal relations or dealings;
		2. कोई चीज अपने उपयोग, काम या व्यवहार में लाना।	उपयोगात-वापरात आणणे	to use, employ, apply, make use of
बरताव (बर्ताव)	पु.	व्यवहार।	वर्तन, वागणूक	behaviour.
बरदाश्त (बर्दाश्त)	स्त्री.	सहन-शक्ति।	सहनशीलता, सोसण्याची कुवत	endurance, patience, forbearance.
बरफ़ (बर्फ़)	पु., स्त्री.	1. हवा में मिली हुई भाप के अत्यन्त सूक्ष्म अणुओं की तह जो वातावरण की ठंडक के कारण बनती है;	हिम, हवेत गारठ्यामुळे बनणारे बर्फाचे कण;	snow;
		2. बहुत अधिक ठंडक के कारण जमा हुआ पानी।	बर्फ	ice

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बरफानी (बर्फानी)	वि.	बर्फ से ढका हुआ या युक्त।	बर्फयुक्त	icy, snowy.
बरफी (बर्फी)	स्त्री.	खोए आदि की बनी एक प्रकार की मिठाई।	बर्फी	a kind of sweetmeat made of sugar and milk.
बरबस	क्रि. वि.	बलपूर्वक।	नाइलाजास्तव, जबरदस्तीने	forcibly.
बरबाद	वि.	जो पूर्णतया ध्वस्त हो, नष्ट हो।	पूर्ण नष्ट, उध्वस्त	destroyed, ruined.
बरबादी	स्त्री.	बरबाद होने की अवस्था या भाव।	सत्यानाश, पूर्ण वाटोळे	destruction, ruin.
बरमा	पु.	लकड़ी आदि में छेद करने का लोहे का एक प्रसिद्ध औजार।	गिरमीट	a kind of gimlet or borer worked with string.
बरसना	अ.क्रि	1. किसी चीज का गिरना, वर्षा होना;	वर्षणे, बरसणे, वर्षाव करणे;	to fall, to rain;
		2. किसी पर क्रोध प्रकट करना।	भंडिमार करणे	to show anger.
बरसात	स्त्री.	बारिश, वर्षा-ऋतु।	पावसाळा, वर्षाऋतू	rainy season.
बरसाती	वि. स्त्री.	1. बरसात में होनेवाला;	पावसाळी, पावसाळ्याचा;	belonging to the rainy season;
		2. बारिश से बचने के लिए पहना जानेवाला कोट के आकार का पहरावा;	पावसापासून बचावाकरिता घालावयाचा कोट, रेनकोट;	rain coat;
		3. छत पर बना हुआ कमरा।	पावसाळ्यात झोपण्यासाठी केलेली गच्ची वरील खोली;	a room on the roof of a house to sleep during the rains.
बरसाना	स. क्रि.	बरसने में प्रवृत्त करना।	वर्षाव करायला लावणे, पाऊस पाडणे, वृष्टी वर्षाव करणे	to cause to rain.
बरसी	स्त्री.	मरने के साल भर बाद पड़नेवाली तिथि।	पुण्यतिथी, वर्ष श्राद्ध	death-anniversary.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बरात	स्त्री.	वर के साथ कन्यापक्ष वालों के यहां जानेवाले लोगों का दल या समूह।	वरात, वराला मुलीच्या घरी वाजत गाजत घेऊन जाणारी मिरवणूक	marriage procession.
बराती	पु.	किसी बरात में सम्मिलित होनेवाला या होनेवाले व्यक्ति।	अशा मिरवाणुकींत सामिल झालेला माणूस	one who joins a marriage procession.
बराबर	वि.	जो तुलना के विचार से न किसी से घटकर और न किसी से बढ़कर ही हो, समान, एकसा, आदि।	समान, तुल्य, बरोबरीचा, सपाट सतत, एकसारखा	even, on a level, equal, parallel, etc.
बराबरी	स्त्री.	बराबर होने की अवस्था या भाव।	बरोबरी, समपातळी	level, equality.
बरामद	पु.	सामान आदि बाहर भेजना।	मालाची निर्यात	export.
बरामदगी	स्त्री.	किसी के यहां से अवैध सामान प्राप्त होना या चोरी का माल मिलना।	चोरीला गेलेला किंवा हरविलेला माल सापडणे	recovery.
बरामदा	पु.	दालान।	व्हरांडा	verandah.
बरी	वि. स्त्री.	1. अभियोग या दोष से छूटा हुआ; 2. दुल्हे के घर से दुलहिन के लिए भेजे जानेवाले गहने, कपड़े आदि।	मुक्त, दोषमुक्त, बंधनमुक्त; नवऱ्या घराकडून नवरीकडे पाठविले जाणारे दागिने, कपडे	acquitted, absolved, discharged; clothes, ornaments etc. brought by the groomside to the brideside on the occasion of marriage.
बरी (बड़ी)	स्त्री.	उड़द, मूंग और मसाले आदि की पीठी की बनी और सुखाई गई टिकिया।	उडीद, मूग डाळींची मसालेदार वडी	a dried saltish preparation of various pulses and condiments, etc.
बरौंछी	स्त्री.	वह कूंची जिसमें सूअर के बाल लगाए गए हों।	डुकराच्या केसांचा बनविलेला कुंचला (ब्रश)	a brush made of **pig-hair**.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बरौनी	स्त्री.	पलकों के आगे के बालों की पंक्ति।	पापण्यांचे केस	eye-lashes.
बर्बर	वि.	जंगली, असभ्य।	रानटी, असभ्य	barbarian, savage, uncultured.
बल	पु.	वह शारीरिक तत्व जिसके सहारे हम चलते-फिरते और सब काम करते हैं, जोर, शक्ति।	बळ	strength, might, power.
बलगम	पु.	नाक, मुंह आदि में से निकलनेवाला एक तरह का लसीला गाढ़ा पदार्थ।	शेंबूड, नाकातून वाहणारा कफ	phlegm (of the humours of the body), running of the nose from cold.
बलबूता	पु.	सामर्थ्य, शारीरिक शक्ति और आर्थिक संपन्नता का समाहार।	सामर्थ्य व समृद्धी	capacity, strength, physical power and prosperity.
बलवा	पु.	1. दो दलों या संप्रदायों में होनेवाला संघर्ष;	दंगा, हुल्लड;	riot, disturbance;
		2. बगावत।	बंड	rebellion.
बलवान	वि.	बलवाला, सशक्त।	बलवान, शक्तिसंपन्न	strong, powerful.
बलशाली	वि.	दे० 'बलवान'।	बळवान्	same as 'बलवान'.
बला (बलाय)	स्त्री.	1. मुसीबत;	आपत्ती, संकट;	calamity
		2. कोई ऐसा काम जो अप्रिय और घृणित हो;	नको वाटणारे काम;	vile or hateful thing;
		3. तुच्छ, हेय।	तुच्छ गोष्ट	insignificant.
बलात्	क्रि. वि.	बलपूर्वक या जबरदस्ती से।	जबरदस्तीने, जुलमाने	forcibly.
बलात्कार	पु.	बलपूर्वक, धमका कर या छलपूर्वक किया जानेवाला कार्य।	बळजोरीचे कृत्य	forcible or oppressive act; outrage.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बलि	स्त्री.	1. देवता या ईश्वर को प्रसन्न तथा संतुष्ट रखने के लिए किसी जानवर का उसके सामने वध करना;	बळी;	sacrificial beast (in a ritual);
		2. वह स्थिति जिसमें कोई व्यक्ति अपने प्राण या शरीर तक किसी काम, बात, व्यक्ति या देश के लिए पूर्ण रूप से अर्पित कर देता है।	कार्याला वाहिलेली अवस्था	sacrifice for or devotion to a cause.
बलिदान	पु.	1. देवता को प्रसन्न करने के लिए किसी पशु का वध करना;	बलिदान (देवाला बळी अर्पण करणे);	sacrifice of a beast to please a deity by killing it before the altar;
		2. किसी उद्देश्य या बात की सिद्धि के लिए अपने प्राण तक दे देना।	स्वतःची आहुती देणे	sacrifice of one's life for a cause.
बलिष्ठ	वि.	जो सबसे अधिक बलवान हो।	सर्वांहून बळवान्, सर्वशक्तिमान	strongest, most powerful, very strong.
बलिहारी	स्त्री.	निछावर करने की क्रिया या भाव, कुर्बान जाना।	ओवाळून टाकणे, आत्मार्पण	exclamation in affectionate praise and wonder, feeling of offering or submitting oneself.
बली	वि.	पराक्रमी, शक्तिशाली।	बळवान्, प्रतापी	strong, powerful, mighty.
बल्कि	अव्य.	ऐसा नहीं, इसके स्थान पर, प्रत्युत, वरन्।	किंवाबहुचा, इतकेच नव्हे तर, उलट	on the contrary, rather, but, etc.
बल्लम	पु.	भाला।	भाला	spear.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बल्ला	पु.	गेंद के खेल में छोटे डंडे के आकार का काठ का वह चपटा टुकड़ा जिससे गेंद पर आघात करते हैं।	सोटा, दंडा, क्रिकेटची बॅट	bat (in cricket).
बल्ली	स्त्री.	1. लकड़ी का लम्बा छोटा टुकड़ा;	सोटा वासा;	pole, beam;
		2. नाव खेने का बांस।	नाव चालविण्यांचा लांब बांबू	pole or bamboo with which a boat is propelled or steered.
बवंडर	पु.	हवा का तेज झोंका।	झंझावात	whirlwind.
बवाल (वबाल)	पु.	झंझट।	(लाक्ष.) घोंगडे, झंझट, भानगड	anything painful or distressing, mess.
बवासीर	स्त्री.	एक प्रकार का रोग।	मूळव्याध	hemorrhoids, piles.
बसंत	पु.	बसंत ऋतु, बहार का मौसम।	वसंत	spring season.
बसंती (वसंती)	वि.	1. वसन्त ऋतु संबंधी;	वसंत ऋतुतील;	of or belonging to spring season;
		2. सरसों के फूल की तरह चमकदार पीले रंग का।	पिवळ्या धमक रंगाचा	of yellow or mustard colour.
बस	अव्य., वि.,	1. यथेष्ट पर्याप्त;	पुरता, पुरेसा, भरपूर, पुरे;	enough, sufficient, plenty;
	पु.	2. अधिकार, शक्ति, प्रभाव;	ताकद, कुवत, अधिकार;	will, authority, power, influence;
		3. सीमा के अन्दर किसी निश्चित पथ पर चलनेवाली बड़ी मोटर गाड़ी।	बस गाडी	a sort of transport.
बसना	अ. क्रि.	1. स्थायी रूप से स्थित होना या निवास करना;	वसणे, कायम राहणे;	to dwell, live;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. आबाद होना।	लोकवस्ती होणे	to be peopled, be populated.
बसाना	स. क्रि.	1. बसने के लिए जगह देना; 2. जनपूर्ण करना।	वसण्याकरिता प्रेरित करणे, त्याकरिता जागा देणे, बसविणे; वसाहत करणे	to cause to dwell; to people, to colonize.
बसूला	पु.	एक औजार जिससे बढ़ई लकड़ी छीलते और गढ़ते हैं।	तासणी	a kind of axe used by carpenters, an adze.
बसूली	स्त्री.	छोटा बसूला।	छोटी तासणी, विटा तासण्याचे गवंड्याचे अवजार	a mason's or builder's hatchet, an instrument for cutting bricks or stone.
बसेरा	पु.	1. वह स्थान जहां रह कर यात्री रात बिताते हैं; 2. चिड़ियों के रात बिताने का स्थान।	रात्रीचा मुक्काम; पक्षांचे घरटे	night's lodging; nest, bird's resting place during night.
बस्ता	पु.	कपड़े का वह चौकोर टुकड़ा जिसमें कागज के मुट्ठे, बही-खाते और पुस्तकें आदि बाँध कर रखे जाते हैं।	बस्ता, रुमाल (दप्तर बांधण्याचा)	cloth in which anything is folded up, satchel.
बस्ती	स्त्री.	आबादी।	लोकवस्ती	inhabited place, settlement.
बहंगी	स्त्री.	तराजू की तरह का एक प्रसिद्ध ढांचा जिसके दोनों पलड़ों में बोझ रख कर ढोया जाता है।	कावड	a stick or pole with slings at both ends for carrying boxes or baskets etc. on the shoulder.
बहकना	अ. क्रि.	1. पथभ्रष्ट होना; 2. आवेश या मद में चूर होना।	भटकणे, कुठेतरी, जाणे, वाट चुकणे; बहकणे, उत्तेजित होणे, नशेत असणे	to be misled, to stray; to be excited or intoxicated.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बहकाना	स. क्रि.	1. किसी को बहकने में प्रवृत्त करना; 2. चकमा या भुलावा देना।	बहकावणे, चुकीचा मार्ग दाखविणे उत्तेजित करणे; भुलविणे, फसविणे	to mislead, to instigate, to deceive, delude.
बहकावा	पु.	1. बहकने की क्रिया या भाव; 2. ऐसी बात जो किसी को बहकाने के उद्देश्य से कही जाए।	भलत्या मार्गाला लावण्याची क्रिया; बहकावणारी गोष्ट	misleading, delusion; trick, ruse.
बहत्तर	वि.	जो क्रम या गिनती में सत्तर से दो अधिक हो।	बहात्तर	seventy-two.
बहन (बहिन)	स्त्री.	वह स्त्री जो व्यक्ति के अपने माता-पिता की सन्तान हो।	बहीण	sister.
बहना	अ.क्रि	1. द्रव पदार्थ का धारा के रूप में किसी नीचे तल की ओर प्रवाहित होना; 2. भावावेश के कारण द्रवित होना।	वाहणे, प्रवाहरुपाने पुढे पुढे जाणे; भावनावश होऊन द्रवणे	to flow; to melt out of sentiment or emotion.
बहनोई	पु.	बहन का पति।	बहीणीचा नवरा, मेहुणा	sister's husband, brother-in-law.
बहरा	वि.पु.	जिसे सुनाई न पड़ता हो।	बहिरा, श्रवण शक्ती नसणारा	deaf.
बहलना	अ.क्रि	किसी प्रकार के मनोरंजन द्वारा कुछ समय के लिए प्रसन्न और शांत होना।	रमणे, मनोरंजन होणे	to be amused, entertained.
बहलाना	स.क्रि	किसी को प्रसन्न करना या शांत करना।	रमविणे, मनोरंजन करणे, मन प्रसन्न करणे	to cause to be pleased, to amuse, entertain.
बहस	स्त्री.	तर्क, युक्ति आदि के द्वारा होनेवाला खंडन-मंडन।	चर्चा, वाद	discussion, argument, debate, contention.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बहादुर	वि.	शूर-वीर।	बहादुर, शूरवीर	brave, valiant.
बहादुरी	स्त्री.	बहादुर होने की अवस्था या भाव, वीरता।	बहादुरी, पराक्रम	bravery, valour.
बहाना	पु.	तथ्य को छिपाने के लिए चालाकी की बात।	बहाणा, सबब	excuse, pretext.
	स.क्रि	1. द्रव पदार्थ को धारा के रूप में किसी ओर चलाना या प्रवृत्त करना;	वाहविणे, वाहयला लावणे;	to make or cause to flow;
		2. व्यर्थ के कामों में या बिना सोचे समझे बहुत अधिक धन-व्यय करना;	उधळणे;	to squander;
		3. बहुत ही सस्ते दामों बेचना।	फारच स्वस्त दराने विकणे	to sell cheap.
बहानेबाजी	स्त्री.	चालाकी या धूर्तता की बात बनाने की क्रिया।	काही तरी सबबी सांगणे, बहाणा काढणे	act of making excuses or pretending.
बहार	स्त्री.	1. फूलों के खिलने का मौसम;	फुलांचा बहार, वसंत;	spring or blooming season;
		2. मन का आनन्द और प्रफुल्लता;	प्रफुल्लता, आनंद;	delight;
		3. सौंदर्य आदि के फलस्वरूप होनेवाली रमणीयता या शोभा।	रमणीयता, शोभा	elegance, beauty, glory, etc.
बहाल	वि.	1. जो फिर उसी हाल में आया हो जिसमें वह पहले था, पुनः नौकरी पर लगा हुआ;	पूर्वी होता तसा, जशाचा तसा, पुनः त्यांच जागेवर-नोकरीत आणलेला;	in the usual state, in the former state, reinstated;
		2. स्वस्थ;	स्वास्थ्ययुक्त, आरोग्यसंपन्न;	in good health;
		3. प्रफुल्लित और प्रसन्न।	प्रसन्न	in good spirits, happy.
बहाली	स्त्री.	1. बहाल करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव, किसी को फिर से	पूर्वीचीच अवस्था, पूर्वीचीच जागा वा नोकरी;	reinstatement, being in former state;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		उसी हाल में लाना जिसमें वह पहले रहा हो;		
		2. आरोग्य या तंदुरुस्ती,	आरोग्य, स्वास्थ्य;	health;
		3. प्रसन्नता।	प्रसन्नता	delight, happiness.
बहाव	पु.	1. बहने की क्रिया या भाव;	वाहण्याची क्रिया;	flow;
		2. नदियों आदि के जल की वह गति जो उसके निम्न तल की ओर जाने या बहने से होती है।	प्रवाह	course of a river.
बहिरंग	वि.	1. बाहर का;	बाह्य, बाहेरचा;	outer, external;
		2. जो किसी क्षेत्र, दल, वर्ग आदि से अलग, बाहर या भिन्न हो, अजनबी;	परका;	stranger;
		3. अनावश्यक।	अनावश्यक	unessential.
बहिर्गमन	पु.	बाहर जाना।	बाहेर जाणे	the act of going out, exit.
बहिर्जगत	पु.	बाह्य अर्थात् दृश्य जगत।	दृश्य जगत्	outer or apparent world.
बहिष्कार	पुं.	1. बाहर करना;	बहिष्कार, बाहेर काढणे, टाकणे;	exclusion, expulsion;
		2. हटाना।	काढून टाकणे	removal.
बहिष्कृत	वि.	1. बाहर किया हुआ;	बहिष्कृत, बाहेर काढलेला, -टाकलेला;	excluded or expelled;
		2. हटाया हुआ।	काढून टाकलेला	removed.
बही	स्त्री.	हिसाब-किताब लिखने की पुस्तक।	जमाखर्च वही, चोपडी	book of accounts, ledger.
बही-खाता	पु.	देखें 'बही'।	वहीखाते, ज़माखर्च वही	same as 'बही'
बहुज्ञ	वि.	बहुत-सी बातें जाननेवाला।	बहुत, बहुत जाणणारा	one who knows many a thing.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बहुत	वि., क्रि. वि.	परिमाण, मात्रा आदि में आवश्यक या उचित से अधिक।	बहुत, पुष्कळ	much, many, plenty, etc.
बहुतायत	स्त्री.	अधिकता, ज्यादती।	बाहुल्य, वैपुल्य, आधिक्य	muchness, abundance, plentitude.
बहुतेरा	वि., क्रि. वि.	1. प्रचुर, यथेष्ट; 2. अनेक प्रकार से, बहुत करके।	पुष्कळ, भरपूर; अनेक प्रकारे, बहुतकरून	very much, enough; in many a way, mostly.
बहुधंधी	वि.	बहुत-से कामों में लगा हुआ।	अनेक धंद्यात गुंतलेला	engaged in many jobs.
बहुधा	क्रि. वि.	प्रायः, बहुत बार।	पुष्कळ वेळा, प्रायः, बहुतकरून	often, frequently, usually.
बहुमत	पु.	1. बहुत-से लोगों का अलग-अलग मत; 2. किसी संस्था, दल आदि की ऐसी स्थिति जिसमें समर्थक या अनुयायी कुल सदस्यों में से आधे से अधिक हों।	अनेक भिन्न भिन्न मते; बहुसंख्यांचे मत	having many different opinions; majority opinion.
बहुमूत्र	पु.	पेशाब अधिक आने का रोग।	फार लघ्वी होण्याचा रोग	abnormal urination.
बहुमूलक	पु.	खस या उशीर की घास जो सुगन्धित होती है।	वाळा किंवा वाळ्यासारखी खूप मुळे असणारी गवताची जात	a fragrant grass, andropogon muricatum.
बहुमूल्य	वि.	जिसका मूल्य बहुत हो, जो गुण, महत्व आदि की दृष्टि से अति प्रशंसनीय या उपयोगी हो।	फार किंमतीचा, महाग, बहुमोल	high-priced, costly, precious.
बहुरंगी	वि.	जिसमें बहुत से रंग हों।	अनेक रंगी	multi-coloured, many-hued.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बहुरूपिया	पु.	1. अनेक प्रकार के रूपोंवाला;	अनेक रूपे धारण करणारा माणूस;	of various shapes or forms;
		2. अनेक प्रकार के रूप धारण करनेवाला।	बहुरूपी	a person who assumes various characters and disguises, mimic.
बहुलता	स्त्री.	बहुल होने की अवस्था या भाव, अधिकता।	बाहुल्य	muchness, multiplicity, abundance.
बहु-वचन	पु.	व्याकरण में संज्ञा आदि का वह रूप जिससे एक से अधिक वस्तुओं का ज्ञान होता है।	(व्याक.) बहुवचन, अनेक वचन	(in Gram.) the plural number.
बहुविवाह	पु.	एक से अधिक विवाह करना।	अनेक स्त्रियांशी विवाह	polygamy.
बहुसंख्यक	वि.	1. जिसकी संख्या बहुत अधिक हो;	बहुसंख्य;	numerous;
		2. जिसकी संख्या दूसरों की तुलना में अधिक हो।	बहुसंख्यक, दुसऱ्याहून अधिक संख्येचा	in comparatively larger number, in majority.
बहू	स्त्री.	1. पुत्र की पत्नी;	सून;	son's wife, daughter-in-law;
		2. नवविवाहिता स्त्री;	नवरी;	bride;
		3. जोरू या पत्नी।	पत्नी	wife.
बहेड़ा	पु.	पर्वतों में होनेवाला एक ऊँचा वृक्ष जिसका फल वैद्यक के काम आता है।	बेहडा	belleric myrsobalan, terminaliabelerica.
बहेलिया	पु.	वह व्यक्ति जो पक्षियों को पकड़ता है और बेचकर अपनी जीविका का निर्वाह करता है।	पारधी, शिकारी	fowler, one who deals in birds.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बांकपन	पु.	1. तिरछापन; 2. बनावट, रचना या रूप की अनोखी सुन्दरता।	वाकडेपणा; नखरा	curvedness; wantonness, coquettish disposition.
बांका	वि.	1. टेढ़ा या तिरछा; 2. जिसकी चाल-ढाल, वेश-भूषा, सजधज आदि में अनोखा सौन्दर्य हो।	वाकडा, वाकलेला; नखरेबाज, फाकडा	bent or curved; wanton, coquettish, dandy.
बांग	स्त्री.	1. ध्वनि या स्वर; 2. भोर के समय मुरगे के बोलने का स्वर; 3. मसजिद में आकर नमाज पढ़ने के लिए बुलाने के निमित्त मुल्ला द्वारा की जानेवाली उच्च स्वर में पुकार।	आवाज; पहाटे होणारा कोंबड्याचा आरव; मुल्लाची नमाजाकरिता हाक	sound or voice; crowing of a cock at dawn; call for prayer by the muazzin from a mosque.
बांचना	स. क्रि.	पढ़कर सुनाना।	वाचून दाखविणे, वाचून ऐकविणे	to read out.
बांझ	वि., स्त्री.	वह स्त्री जो सन्तान उत्पन्न न कर सके।	वांझ, वंध्या	barren (woman).
बांट	स्त्री.	1. बांटने की क्रिया या भाव; 2. अलग-अलग मिलनेवाला हिस्सा या अंश।	वाटण्याची क्रिया; वाटणी, वाटा	act of dividing or distributing; part, portion, share.
बांटना	स. क्रि.	किसी चीज को कई भागों में विभक्त करना।	विभागणे, वाटणे, वाटे करणे	to divide into parts or shares,to apportion.
बांड	पुं.	दो नदियों के संगम के बीच की भूमि जो वर्षा में नदियों के बढ़ने से डूब	पुरात बुडणारी दोन नद्यांमधील जमीन	a piece of land putting out in a confluence of

28—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		जाती है और पानी उतर जाने पर फिर निकल आती है।		rivers.
बांडा (स्त्री. बांडी)	वि.	जिसकी पूंछ न हो या कट गई हो।	शेपूट तुटका	tailless or whose tail has been chopped.
बांदी	स्त्री.	दासी, लौंडी।	दासी, नोकर, मुलगी	servant girl, bondmaid.
बांध	पु.	1. बांधने की क्रिया या भाव;	बांधण्याची क्रिया;	fastening, tying;
		2. वह वास्तु-रचना जो किसी नदी की धारा को रोकने अथवा किसी ओर प्रवृत्त करने के लिए बनाई गई हो।	बंधारा, बांध	embankment, dam.
बांधना	स. क्रि.	1. डोरी, रस्सी आदि कसकर किसी चीज के चारों ओर लपेटना,	बांधण, आवळणे;	to bind, tie, fasten, etc.;
		2. रस्सी आदि के दो छोरों को गांठ लगाकर आपस में जोड़ना;	दोरीच्या दोन टोकांची गांठ घालणे;	to join or fasten two ends of a string etc.;
		3. बंदी बनाना, गिरफ्तार करना।	कैद करणे, बंदिस्त करणे	to imprison, to arrest.
बांधव	पु.	1. भाई-बन्धु;	बांधव, आप्तेष्ट, नातेवाईक;	kinsman, relative;
		2. घनिष्ठ मित्र या गहरा दोस्त।	घनिष्ट मित्र	fast friend.
बांबी	स्त्री.	सांप का बिल।	सापाचे बीळ	snake's hole.
बांस	पु.	गन्ने आदि की तरह की एक गांठदार वनस्पति, जो छप्पर आदि छाने और इमारत के दूसरे कामों में आती है।	कळक, बांबू	bamboo.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बांसुरी	स्त्री.	मुरली या वंशी।	पांवा, बांसुरी, मुरली	pipe or flute.
बांह	स्त्री.	मनुष्य के शरीर में कंधे से लेकर कलाई के बीच का अवयव।	बाहु, दंड	arm.
बाइसिकिल	स्त्री.	दो पहियों की प्रसिद्ध सवारी जो पैरों से चलाई जाती है।	बायसिकल, सायकल	bi-cycle.
बाईस	वि.	जो संख्या या गिनती में बीस से दो अधिक हो।	बावीस	twenty-two.
बाएं (बायें)	क्रि. वि.	जिधर बायां हाथ हो उस दिशा में।	डावीकडे	left.
बाकायदा	क्रि. वि., वि.	कायदे से।	नियमानुसार	proper, in a proper way.
बाकी	वि., पु.	जो व्यय या क्षय होने के बाद बच रहा हो।	बाकी, उरलेला, शिल्लक राहिलेला बाकी, शिल्लक	remaining, remainder, balance.
बाग	पु.	फूलों, घास आदि से घिरा हुआ भूमिखंड।	बाग, बगीचा	garden.
बागबान (बागवान)	पु.	वह व्यक्ति जो बाग में पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने का काम करता हो।	बागवान	gardener.
बागबानी (बागवानी)	स्त्री.	पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने का काम।	बागकाम	gardening.
बागडोर	स्त्री.	1. लगाम; 2. नियंत्रण, रोक।	सूत्रे, लगाम; नियंत्रण	reins; control, check.
बागी	वि.	बगावत करनेवाला या विद्रोही।	बंडखोर	rebel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बाघंबर	पु.	बाघ की खाल जो ओढ़ने बिछौने के काम आती है।	व्याघ्रांबर, वाघाचे कातडे	lion's skin used for making bed or putting on.
बाघ	पु.	शेर की जाति का एक हिंसक पशु।	वाघ	lion.
बाछ	स्त्री.	होठों का कोना या सिरा।	दोन ओंठाचा सांधा-कोन जेथे होतो तो तोंडाचा भाग, जिवणी	slit or corner of the mouth.
बाज	पु.	एक प्रकार का शिकारी और हिंसक पक्षी।	ससाणा, बाज	hawk.
बाजरा	पु.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसके दानों की गिनती मोटे अन्न में होती है।	बाजरी	species of millet.
बाजा	पु.	(संगीत) वह उपकरण जो फूंक अथवा आघात से बजता है।	तोंडाने बाजविण्याचेवाद्य वाद्य	kind of musical instrument.
बाजागाजा	पुं.	तरह-तरह के बाजे और उनके साथ होने वाली धूम-धाम।	वाद्यवृंद, त्यांचा आवाज	various musical instruments, sound of many and various musical instruments.
बाजार	पु.	वह स्थान जहां अनेक चीजों की बिक्री के लिए पास-पास अनेक दुकानें हों।	बाजार	market, market-place, bazar.
बाजारू	वि.	1. बाजार का;	बाजारी, बाजाराशी संबंधित;	pertaining to market;
		2. जिसका प्रयोग बाजार के साधारण लोगों में ही हो, शिक्षित या शिष्ट समाज में न होता हो।	हलक्या प्रतीचा	low, vulgar.
बाजी	स्त्री.	शर्त।	पैज	stake, bet.
बाजीगर	पु.	जादू के खेल दिखानेवाला।	गारुडी, जादूगार	one who exhibits feats of legerde main, juggler.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बाजीगरी	स्त्री.	जादू के खेल दिखाने का व्यवसाय।	जादूगाराचा धंदा	legerdemain, juggling, conjuring.
बाजू	पु., स्त्री.	1. भुजा, बाहु;	हात, दंड;	arm;
		2. ओर, तरफ।	बाजू	side, wing.
बाजूबंद	पु.	बांह पर पहनने का एक प्रकार का गहना।	दंडावर धारण करण्याचा दागिना	ornament worn on the arm, armlet.
बाट	स्त्री.	1. रास्ता;	वाट, रस्ता;	way, path;
	पु.	2. पत्थर या लोहे आदि का वह टुकड़ा जो चीजें तौलने के काम आता है।	दगडी वा लोखंडी वजनाचा तुकडा	measure of weight.
बाटी	स्त्री.	उपलों या अंगारों पर सेंका हुआ आटे का गोलाकार लौंदा।	बाटी	cake of bread baked upon cinders.
बाड़	स्त्री.	खेत आदि की सुरक्षा के लिए उसके चारों ओर लगाया जानेवाला कांटेदार झाड़ियों या कंटीले तारों का घेरा।	कुंपण	fence, hedge.
बाड़ा	पुं.	चारों ओर से घिरा हुआ कुछ विस्तृत खाली स्थान।	कंपौंड केलेले आवार	enclosed space, enclosure.
बाड़ी	स्त्री.	वाटिका	छोटी फुलवाडी	small garden.
बाढ़	स्त्री.	नदी-नाले की वह स्थिति जब उसका पानी किनारों के बाहर बहने लगता है।	पूर	swelling or rise (of a river); inundation, flood.
बाण (बाण)	पु.	एक प्रकार का नुकीला अस्त्र जो कमान या धनुष पर चढ़ाकर चलाया जाता है।	बाण	arrow.
बात	स्त्री.	किसी से अथवा किसी विषय में कहा जानेवाला कोई सार्थक वाक्य।	बोलणे, संवाद	speech, conversation, talk.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बातचीत	स्त्री.	वार्तालाप	वार्तालाप, गप्पा गोष्टी, बोलणे चालणे	talk, conversation, discourse.
बातूनी	वि.	जो बहुत बातें करता हो।	बोलका, बडबड्या	talkative, loquacious, garrulous.
बाद	अव्य.	पश्चात्।	नंतर, मागाहून	after, subsequent (to), afterwards, subsequently.
बादल	पु.	मेघ।	ढग	cloud.
बादशाह	पु.	बड़े साम्राज्य का शासक।	बादशहा, सार्वभौम राजा	king, monarch, sovereign.
बादशाही	वि., स्त्री.	1. बादशाह से संबंध रखनेवाला, बादशाह की तरह; 2. साम्राज्य, शासन।	बादशहाचा, बादशाशी संबंधित असलेला; बादशहा सारखा साम्राज्य, सार्वभौम सत्ता	kingly, royal, regal, sovereign, imperial; royalty, sovereignty, sway, rule.
बादाम	पु.	मझोले आकार का एक प्रकार का वृक्ष जिसका फल मेवों में गिना जाता है।	बदाम	almond.
बादामी	वि.	1. बादाम के रंग का, 2. बादाम के आकार-प्रकार का।	बदामी रंगाचा; बदामाच्या आकाराचा बदाम घातलेला	almondcoloured; almond shaped, made of or containing almonds.
बादी	वि.	1. शरीर-वायु संबंधी; 2. वायु का रोग उत्पन्न करनेवाला।	(शरीरात होणऱ्या) वातासंबंधी; वातुळ, वायुधरणारा, — उत्पन्न करणारा	flatulent; causing flatulence.
बाधक	वि.	1. बाधा के रूप में होनेवाला; 2. विघ्न उत्पन्न करनेवाला;	बाधक, प्रतिबंधक स्वरूपाचा; प्रतिबंधक, विघ्नरूप;	obstructive, hindering; causing obstruction or hindrance;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. अड़चन डालनेवाला।	अडचणीत टाकणारा	obstructor.
बाधा	स्त्री.	वह स्थिति जो किसी को आगे बढ़ने अथवा कोई कार्य संपादित करने से रोकती हो।	बाधा, विघ्न, अडथळा	obstruction, hindrance, impediment.
बाध्य	वि.	जो आज्ञा, नियम, परिस्थिति आदि से कुछ करने में विवश हो।	बांधलेला, विवश, नाइलाज झालेला	restricted, checked, obliged.
बानगी	स्त्री.	नमूना।	वानगी, नमुना	specimen, sample.
बानवे	वि.	नब्बे से दो अधिक।	ब्याण्णव	ninety-two.
बाना	पु.	पहनावा या पोशाक।	पोशाख, पेहराव	dress.
बाप	पु.	पिता या जनक।	बाप, पिता, जनक	father.
बापदादा	पु.	पूर्वज।	पूर्वज, बापजादे	ancestors, forefathers.
बाबत (की, के)	अव्य.	सम्बंध में या विषय में।	बाबत, विषयी, संबंधी	about, concerning.
बाबा	पु.	1. पिता; 2. पितामह; 3. बूढ़ा व्यक्ति।	बाबा, बाप; आजोबा; म्हातारबाबा	father; grand-father; old man.
बाबुल	पु.	पिता।	पिता, वडील	father.
बायन (बैना)	पु.	1. वह मिठाई या पकवान आदि जो लोग उत्सव आदि के उपलक्ष में अपने इष्ट-मित्रों के यहां भेजते हैं ; 2. किसी बात के लिए दिया जानेवाला अग्रिम धन।	वायन, वाण; बयाणा	presents of sweetmeats; earnest money.
बायां	वि.	दायां का उल्टा।	डावा	left.
बाएं	क्रि. वि.	जिस ओर बायां हाथ पड़ता हो।	डावीकडे	to the left.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बारंबार	क्रि. वि.	रह-रह कर।	वारंवार, वरचेवर, पुनः पुनः	again and again, repeatedly.
बार	स्त्री.	1. काल या समय; 2. देर या विलम्ब; 3. आवृत्ति।	वेळ, समय; वेळ, विलंब; खेप, आवृत्ती	time; delay; turn.
बारदाना	पु.	जूट की बोरी जिसमें भारी सामान बांधा या रखा जाता है।	बारदान	jute thread, jute bags, etc.
बारह	वि.	दस से दो अधिक।	बारा	twelve.
बारहखड़ी	स्त्री.	देवनागरी वर्णमाला के बारह स्वरों से संयुक्त व्यंजन।	बाराखडी	(in Grammar) the aggregate of the twelve short vowels of the Nagari alphabet in combination with consonants.
बारहदरी	स्त्री.	बड़ा कमरा या दालान, जिसमें चारों ओर तीन-तीन दरवाजे हों अर्थात् कुल बारह दरवाजे हों।	बारा दरवाजांचा दिवाणखाना	a big hall having twelve doors.
बारहमासा	पु.	वह पद्य या गीत जिसमें बारह महीनों की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन किसी विरही या विरहिणी के मुंह से कराया गया हो।	बारा महिन्यांचे रचलेले-ज्यात प्रत्येक महित्यांतील प्रकृतिचे वैशिष्टय वर्णिलेले आहे असे-गीत वा पद्य	Hindi verse of twelve stanzas, descriptive of the feeling of separation as also of the characteristic changes of the twelve months of the year.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बारहमासी	वि.	सब ऋतुओं में फलने-फूलने वाला।	बारमाही फुलणारा, सर्व ऋतूत बहरणारा	evergreen (plant, flower etc.).
बारहसिंगा	पु.	एक प्रकार का बड़ा हिरन जिसके सींगो में कई शाखाएं निकलती हैं।	सांबर	stag.
बारात	स्त्री.	वरपक्ष की ओर से वधू के घर जानेवाले मित्रों और संबंधियों का दल।	वरात	marriage procession.
बाराती	पुं.	वरपक्ष की ओर से वधू के घर जानेवाले मित्र और संबंधी।	वरातीतील व्यक्ती	one who joins a marriage procession.
बारिश	स्त्री.	वर्षा।	पाऊस	rain.
बारी	स्त्री.	क्रम।	पाळी, क्रम	turn.
बारीक	वि.	पतला, महीन या सूक्ष्म।	बारीक, तलम, सूक्ष्म	thin, fine or minute.
बारीकी	स्त्री.	बारीक होने की अवस्था या भाव, सूक्ष्मता।	सूक्ष्मता, बारकावा	fineness, minuteness, subtlety.
बारूद	स्त्री.	गंधक, शोरे, कोयले आदि का वह मिश्रण जो विस्फोटक होता है और आतिशबाजी तथा तोपें, बन्दूकें आदि चलाने के काम आता है।	दारू (बंदुकीची)	gun powder.
बाल	पु.	1. वह जो अभी जवान न हुआ हो, बालक; 2. जीव-जंतुओं के शरीर में, त्वचा से ऊपर निकले हुए वे सूक्ष्म तंतु जो रोयों से मोटे होते हैं और बढ़ते रहते हैं।	बालक, लहान मूल; केस	child; hair.
बालक	पु.	1. बच्चा या लड़का; 2. अनजान या अबोध।	मूल, मुलगा; अबोध मनुष्य	child, boy; ignorant person.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बालकमानी	स्त्री.	घड़ी आदि के अंदर बारीक मुड़ी तार या पत्ती का एक पुर्जा।	घड्याळातील स्प्रिंग	hair-spring.
बालचर	पु.	स्काउट।	बालचर, स्काऊट	scout.
बालतोड़	पु.	एक तरह का फोड़ा जो शरीर पर किसी बाल के टूटने या तोड़ने से हो जाता है।	केस्तुड	pimple, boil or sore (caused by plucking out or breaking a hair of the body).
बाल-बच्चे	पु.	संतान, परिवार।	मुलेबाळे	children, family.
बालम	पु.	1. पति; 2. प्रेमी या प्रियतम।	पती; प्रियकर	husband; beloved, sweetheart.
बाल-लीला	स्त्री.	बालकों की क्रीड़ाएं।	मुलांचे खेळ	child's play, juvenile pastime.
बाल-विधवा	स्त्री.	जो बाल्यावस्था में ही विधवा हो गई हो।	बालविधवा	child-widow.
बाल-विवाह	पु.	छोटी उम्र में विवाह हो जाना।	बालविवाह	child-marriage.
बाल-साहित्य	पु.	बच्चों के लिए लिखा गया साहित्य।	बालवाङ्मय	children's literature.
बालानशीन	वि.,पु.	1. मान्य या प्रतिष्ठित;	प्रतिष्ठित, प्रसिद्ध;	honourable or distinguished;
		2. सबसे अच्छा।	सर्वोत्कृष्ट	the best.
बालापन	पु.	बाल्यावस्था, बचपन।	बाळपण, बाल्यावस्था	childhood.
बालिका	स्त्री.	छोटी लड़की।	बालिका, लहान मुलगी	female child, young girl.
बालिग	वि.,पु.	कानून की दृष्टि से जो युवावस्था को प्राप्त कर चुका हो और फलतः जिसे विधिक दृष्टि से कुछ विशिष्ट कार्य करने का अधिकार मिल गया हो।	वयात आलेला (कायद्याने)	adult.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बालिश्त	पु.	**अंगूठे की नोक से छोटी अंगुली की नोक तक की दूरी।**	वीत, (हाताच्या पंजाचे माप)	span measured by the extended thumb and little finger.
बाली	स्त्री.	**1. कानों में पहनने का एक वृत्ताकार आभूषण;**	बाळी (कानातील);	kind of ear-ring;
		2. अनाज की हरी नन्ही बाल, सिट्टा।	ओंबी, कणीस	ear or spike of corn.
बालू	पु. स्त्री.	पत्थरों का चूर्ण जो रेगिस्तानों में या नदियों के तटों पर अत्यधिक मात्रा में पड़ा रहता है, रेत।	वाळू	sand.
बालूशाही	स्त्री.	मैदे और चीनी की बनी एक प्रसिद्ध मिठाई।	मैदा-साखरेची बनविलेली एक मिठाई	kind of sweetmeat.
बाल्टी	स्त्री.	पानी भरने का बरतन।	बादली	pail, bucket.
बाल्यावस्था	स्त्री.	बचपन।	बाल्यावस्था, बाळपण	childhood.
बावजूद	अव्य.	इतना होने पर भी।	असे असूनही	in spite of.
बावड़ी (बावली)	स्त्री.	एक प्रकार का चौड़े मुंह का कुआं या जलाशय जिसमें पानी तक पहुंचने के लिए सीढ़ियां बनी हों।	बावडी, पायऱ्यांची पक्की बांधलेली विहीर	wide pucca well with steps to descend.
बावन	वि.	पचास से दो ऊपर।	बावन्न	fifty-two.
बावरची	पु.	रसोइया।	बावर्ची, स्वैपाकी	cook.
बावरचीखाना	पु.	वह स्थान जहां रसोइया खाना पकाता है।	स्वैपाकघर	cook-house, kitchen.
बावला (स्त्री.बावली)	वि.,पुं.	विक्षिप्त या पागल।	पागल, वेडा, डोके फिरलेला	mad, insane, deranged.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बाशिंदा	पु.	निवासी या रहनेवाला, नागरिक।	निवासी, रहिवासी	dweller, resident, inhabitant, denizen.
बाष्प (वाष्प)	पु.	भाप।	वाफ	steam, vapour.
बास	स्त्री.	गन्ध या महक।	सुवास, सुगंध	perfume, fragrance, stench, smell.
बासठ	वि.	साठ से दो अधिक।	बासष्ट	sixty-two.
बासन	पु.	बरतन।	भांडे	vessel, pot.
बासमती	पु.	एक प्रकार का बढ़िया और सुगंधित धान।	सुवासिक तांदूळ	a fragrant kind of rice.
बासी	वि.	जो एक या अधिक दिन पहले बना या पका हो।	शिळा	stale.
बाहर	क्रि. वि.	किसी क्षेत्र, घेरे, विस्तार आदि की सीमा से परे।	बाहेर	outside, exterior, externally, outward.
बाहरी	वि.	1. बाहर की ओर का; 2. जो अपने देश, वर्ग या समाज का न हो।	बाहेरचा, बाह्य, वरचा; परका, परदेशचा	outward, outer, exterior, external; strange, foreign.
बाहु	स्त्री.	भुजा, बांह।	बाहू, दंड, भुजा	arm.
बाहुपाश	पु.	आलिंगन।	आलिंगन, मिठी	embrace.
बाहुबल	पु.	भुजा का बल, शारीरिक शक्ति।	बाहुबल, दंडाचे बळ	strength of arm, muscular strength.
बाहुल्य	पु.	बहुतायत, अधिकता।	बाहुल्य	abundance, plenty.
बाह्य	वि.	बाहर का, बाहरी।	बाह्य	outer, external, outward, foreign, strange.
बिंदी	स्त्री.	1. शून्य का सूचक चिह्न,	टिंब, बिंदुले;	dot or cypher;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. गोलाकार टीका जो माथे पर लगाया जाता है।	बिंदी, टिकली	small vermilion mark put on the forehead by a married woman.
बिंदु	पु.	1. बूंद;	बिंदू, थेंब;	drop of water;
		2. किसी पदार्थ का बहुत छोटा कण;	बारीक कण;	detached particle;
		3. (ज्यामिति) वह अंकन जिसके विभाग या लंबाई चौड़ाई आदि के मान न हों	बिंदू, (भूमिति) ज्याला लांबी रुंदी काही नाही असे टिंब	(geom.) a point having no parts or magnitude.
बिंधना	अ.क्रि	छेदा जाना।	छेदले जाणे, भोक पडणे	to be punctured, perforated, bored or pierced.
बिंब	पु.	1. किसी आकृति की वह झलक जो किसी पारदर्शक पदार्थ में दिखाई पड़ती है;	प्रतिबिंब, पडछाया;	reflection, shadow;
		2. (साहित्य में) भावों, क्रियाओं आदि का मूर्त रूप।	(साहित्य) भाव, क्रिया इ. चे मूर्तरूप	(in rhet.) image.
बिकना	अ.क्रि	1. मूल्य लेकर दिया जाना या बेचा जाना;	खपणे, विकला जाणे, विक्री होणे;	to be sold, to sell;
		2. किसी का पूर्ण अनुगामी, अनुचर या दास होना।	अंध अनुयायी होणे, गुलाम होणे	to be blind follower or to be enslaved.
बिकवाना	स.क्रि.	बेचने का काम दूसरे से कराना।	विकायला लावणे	to have or get sold.
बिकाऊ	वि.	जो बिक्री के लिए रखी गई हो।	विकाऊ	for sale.
बिक्री	स्त्री.	1. बिकने का भाव;	खप;	sale;
		2. बेचने की क्रिया या भाव।	विकण्यांची क्रिया	act of selling.
बिक्री-कर	पु.	वह राजकीय कर जो विक्रेता बेची जाने वाली वस्तु के	विक्रीकर	sales-tax.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		दाम के अतिरिक्त क्रेता से वसूल करता है और तत्पश्चात् राज्य सरकार को देता है।		
बिखरना	अ.क्रि	1. किसी चीज के कणों, रेशों, इकाइयों आदि का अधिक क्षेत्र में फैल जाना;	तुकडे तुकडे होऊन विखुरणे, -पसरणे;	to be strewn or dispersed in pieces;
		2. अलग-अलग या दूर-दूर होना।	अलग अलग होणे	to be scattered.
बिखराव	पु.	1. बिखरे हुए होने की अवस्था या भाव;—	विखुरण्याची क्रिया;	scattering;
		2. फूट।	फूट, बेबनाव	disunity.
बिखेरना	स.क्रि	वस्तुओं को बिना किसी सिलसिले के फैलाकर रखना	विखरून टाकणे, पसरणे, अस्ताव्यस्त टाकणे	to scatter, to strew.
बिगड़ना	अ.क्रि	1. विकृत या खराब होना;	बिघडणे, विकृत होणे, विकृती येणे;	to be disfigured or deformed;
		2. काम करते समय खराबी आना;	बिघाड होणे, 'नादुरुस्त होणे;	to be disordered or damaged, to get out of order;
		3. आचरण, प्रवृत्ति,स्वभाव आदि में दोष या विकार आना;	वाईट वळणाला लागणे, दुराचारी होणे;	to become vicious, wicked or unruly;
		4. क्रुद्ध होना।	माथे भडकणे, संतापणे	to become angry or enraged.
बिगड़ैल	वि.	जो बात-बात में और बहुत जल्दी बिगड़ने या नाराज होने लगता हो।	संतापी, चिडका	short-tempered, one who loses temper easily.
बिगाड़	पु.	1. बिगड़ने की क्रिया या भाव;	बिघाड, नादुरुस्ती, विकृती;	disfigurement, defacement, disorder;
		2. दोष;	दोष;	defect, damage;
		3. नुकसान।	नुकसान	harm, injury.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
बिगाड़ना	स.क्रि	ऐसी क्रिया करना जिससे काम, चीज या बात में किसी तरह की खराबी आ जाए।	बिघडविणे, मातेरे करणे, नुकसान करणे	to ruin, spoil, mar, vitiate, etc.
भटकाना	स. क्रि.	1. गलत रास्ता बताना बहकाना;	भलती दिशा दाखवून, भटकायला लावणे;	to cause to stray or to wander, to mislead;
		2. भ्रम में डालना।	घोटाळ्यात पाडणे	to bewilder
भटकाव	पुं.	भटकने की क्रिया, दशा या भाव, भटक।	भटकत राहणे	aberration.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भट्ठा	पु.	1. ईंटें आदि पकाने का पजावा;	आवा (कुंभाराचा);	brick kiln;
		2. बड़ी भट्ठी।	भट्टी	furnace.
भट्ठी(भट्टी)	स्त्री.	1. वह घिरा हुआ आधान या स्थान जिसमें धातु आदि गलाने या कुछ विशिष्ट प्रकार की चीजों के लिए आग जलाई जाती है या ताप उत्पन्न किया जाता है;	भट्टी;	furnace, small kiln;
		2. देशी शराब बनाने का स्थान।	दारू गाळण्याची जागा	distillery.
भठियारा (भटियारा)	पु.	सराय का मालिक या प्रबंधक जो यात्रियों के टिकने, खानें-पीने आदि की व्यवस्था करता है।	धर्मशाळेचा व्यवस्थापक (यात्रेकरूंच्या राहण्याची, खाण्यापिण्याची व्यवस्था पाहणारा)	one who keeps a sarai, inn-keeper.
भड़कना	अ. क्रि.	1. प्रज्वलित होना और जोर से जलने लगना;	जोराने जळणे, ज्वाला उठणे;	to be blown into flame, blaze up;
		2. आवेश या क्रोध से युक्त होना;	संतापणे, आवेशयुक्त होणे;	to get excited or enraged, to flare up;
		3. चौंकना, बिदकना;	बुजणे, बिचकणे, भिऊन जाणे;	to startle, to be startled, to be scared or alarmed;
		4. किसी प्रकार के मनोभाव का सहसा प्रबल होना।	भावावेशात येणे	to overflow (with feelings or emotions).
भड़काना	स.क्रि क्रि.	1. आग को तेज करना;	भडकविणे, अग्नी अधिक प्रज्वलित करणे, आग वाढविणे;	to blow up into a flame, to kindle, to inflame;
		2. उत्तेजित या क्रुद्ध करना;	चिथावणे, उत्तेजित करणे;	to provoke or incite, to encourage;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. तीव्र या प्रबल करना;	तीव्र-प्रबल करणे;	to intensify, to aggravate;
		4. चौंकाना, डराना।	बुजविणे, बिचकावणे	to startle, scare, frighten.
भड़कीला	वि.	चमक दमकवाला, भड़कदार।	भडक, झकपक	glittering, gorgeous, showy, gaudy.
भड़भड़ाना	स. क्रि.	निरर्थक शीघ्रता या उतावली बरतना।	अविचारीपणे वागणे, –वर्तणे	to be rash, to be thoughtlessly hasty.
	अ. क्रि.	'भड़भड़' शब्द होना।	भडभड शब्द उत्पन्न करणे भडभड शब्द होणे	to crackle, etc, to flutter.
भड़भड़िया	पु.	व्यर्थ की और बहुत अधिक बातें करनेवाला।	बडबड्या	one who talks too much and too loudly, loquacious.
भड़भूंजा	पु.	एक जाति जो भाड़ में अन्न भूनने का काम करती है।	भड़भुंजा	one who parches grain (cereals).
भड़ास	स्त्री.	दिल में भरी हुई बातें, गुबार, मानसिक असंतोष।	साचून राहिलेला तिटकारा, असंतोष	stored up resentment, accumulated grudge.
भड़ुआ	पु.	1. वेश्याओं के साथ तबला या सारंगी बजानेवाला;	नायकिणींचा साजिंदा;	attendant on a dancing girl;
		2. वेश्याओं का दलाल।	वेश्यांच्या व्यवसायावर निर्वाह करणारा, भडवा	one who lives on the earnings of a prostitute, pimp, procurer.
भतीजा	पु.	भाई का बेटा।	पुतण्या	brother's son, nephew.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भत्ता	पु.	वह धन जो किसी कर्मचारी को उसके वेतन के अतिरिक्त कुछ विशिष्ट प्रयोजनों (मंहगाई, यात्रा, मकान किराया आदि) के लिए अतिरिक्त व्यय के विचार से दिया जाता है।	भत्ता	allowance.
भद्द	स्त्री.	अपमान।	अपमान, बेअब्रू	insult, ignominy, indignity.
भद्दा	वि.	1. कुरूप, बेढंगा, बेडोल;	कुरुप, बेडोल;	clumsy, awkward, ungainly;
		2. अश्लील, फूहड़;	गलथान, अश्लील, अशोभनीय;	slovenly, shoddy;
		3. अनुचित, अयुक्त।	अयोग्य, अनुचित	improper, inapt, unsuitable.
भद्र	वि.	1. शिष्ट, सभ्य और सुशिक्षित;	शिष्ट, सभ्य, संस्कारी;	gentle, noble, polite;
		2. भला, नेक;	भला, सच्चा;	benevolent, virtuous;
		3. शुभ, मंगलकारी।	शुभ, मंगल	auspicious, fortunate, lucky.
भद्रता	स्त्री.	शिष्टता, सभ्यता, भलमनसी, शराफत।	संस्कारिता, शिष्टता, सभ्यता	gentleness, politeness, nobility.
भनक	स्त्री.	1. धीमी और अस्पष्ट ध्वनि;	अस्पष्ट आवाज, दुरून येणारा आवाज;	low or distant sound, hum;
		2. उड़ती हुई खबर।	कुणकुण	inkling or clue.
भनभनाना	अ. क्रि.	'भनभन' शब्द करना, गुंजारना।	भुणभुण करणे, गूं गूं आवाज कानात होणे	to buzz, hum, to have a ringing sound (in the ear).
भन्नाना	अ. क्रि.	क्षोभयुक्त, उद्वेग से युक्त होना।	क्षुब्ध होणे, वस्कन् अंगावर येणे	to be infuriated, to flare up.
भयावह	वि.	भयानक, भयंकर, डरावना	भयावह, भयप्रद, धोकादायक	causing fear

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		खतरनाक।		or terror, horror, risky, frightening.
भर	अव्य.	1. किसी इकाई के रूप में संपूर्णता या समस्तता सूचित करने के लिए प्रयुक्त अव्यय, सब, पूरा, सारा;	संपूर्णता किंवा समग्रता दाखविणारा प्रत्यय;	full, complete, all, whole;
		2. तक, पर्यंत;	पर्यन्त;	as far as, up to;
		3. पूरी तरह, अच्छी तरह।	पूर्णपणे	fully, completely.
भरण-पोषण	पु.	किसी का इस प्रकार पालन करना कि वह जीविका-निर्वाह की चिंता से दूर हो, पालन-पोषण।	भरण-पोषण, पालन पोषण	maintenance, subsistence.
भरता(भुरता)	पु.	आलू, बैंगन, आदि कुछ विशिष्ट तरकारियों को भून और मसलकर बनाया जानेवाला सालन।	भरीत	mash made of boiled or fried vegetables.
भरती (भर्ती)	स्त्री.	1. एक चीज को दूसरी में भरा या बैठाया जाना, भराव, भराई;	भरण्याची क्रिया;	filling, insertion, stuffing etc.;
		2. प्रविष्ट या सम्मिलित किए जाने की क्रिया या भाव, प्रवेश, दाखिला;	प्रवेश, भरती;	admission, enrolment, enlistment, recruiting (soldiers);
		3. अनावश्यक रूप से यों ही स्थान मात्र के विचार से रखी या सम्मिलित की गई वस्तु।	भरताड	additional and irrelevant matter.
भरना	स. क्रि.	1. खाली बरतन आदि में कोई चीज डालना, उंडेलना, रखना;	भरणे, वरून ओतणे व पूर्ण करणे;	to pour;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. खाली जगह को किसी चीज से पूर्ण करना;	रिकामी जागा भरून काढणे;	to fill up;
		3. छेद या अवकाश आदि को बंद करना;	छिद्र बंद करणे;	to close, to choke;
		4. (ऋण) चुकाना;	कर्ज इ. चुकते करणे;	to pay off;
		5. (हानि की) पूर्ति करना;	भरपायी करणे;	to make good, to compensate;
		6. पद पर नियुक्ति करना;	रिकाम्या जागी भरती करणे;	to fill up (vacancy etc.);
		7. एकत्र करना;	गोळा करणे, ढीग करणे, गंजी घालणे;	to accumulate, to heap up, to stack;
		8. कुंजी आदि के द्वारा किसी उपकरण या यंत्र को सक्रिय होने के योग्य करना जैसे (हवा, चाबी);	उपकरण इ. योग्य तो पदार्थ भरून क्रियाशील करणे (हवा भरणे, घड्याळाला किल्ली देणे इ.);	to wind (a watch) to fill (air in a baloon or ball);
		9. शिकायत करना;	कान भरणे;	to poison (someone's mind), to excite, to instigate;
		10. भरण-पोषण करना (आश्रित का);	आश्रिताचे भरण पोषण करणे;	to subsist or to maintain;
		11. किए हुए का फल भुगतना।	केले तसे भरणे-भोगणे, फळ भोगणे	to suffer, bear, endure.
	अ. क्रि.	1. भरा जाना, पूर्ण होना;	भरणे, भरले जाणे;	to be filled up;
		2. घाव का भर जाना;	जखम भरून येणे;	to be healed up (as a wound);
		3. हृष्ट पुष्ट होना;	अंग भरणे, पुष्ट होणे;	to become plump;
		4. मन का क्रोध आदि से पूर्ण होना;	मनात संताप चढणे;	to be full of rage etc.;
		5. ओतप्रोत या पूर्णरूप से युक्त होना;	ओतप्रोत होणे, भरून जाणे;	to be replete with, to abound in;
		6. छिद्र आदि का बंद होना।	भोक इ. बंद होणे	to be choked.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भरनी	स्त्री.	1. करघे की ढरकी;	घोटा (मागाचा);	shuttle;
		2. किसी काम या बात के फलस्वरूप प्राप्त दशा या स्थिति।	कर्माचा भोग (न सुटणारा)	inescapable situation.
भरपाई	स्त्री.	1. भरपाने या चुकता हो जाने का भाव;	भरपायी, पूर्तता;	quittance, payment in full;
		2. बेबाकी की रसीद।	पूर्ण रक्कम भरल्याची पावती	receipt in full.
भरपूर	वि.	पूरी तरह भरा हुआ, परिपूर्ण।	भरपूर	quite full, brimful, overflowing.
	क्रि. वि.	1. पूर्ण रूप से;	पूर्णपणे;	fully, completely, thoroughly;
		2. अच्छी तरह;	चांगल्या रीतीने;	well, very well;
		3. बहुत अधिक मात्रा में।	पुष्कळ प्रमाणात	abundantly, excessively.
भरमाना	स. क्रि.	1. भ्रम में डालना;	भ्रमविणे, भ्रम पाडणे, घोटाळ्यात टाकणे;	to create an illusion, to bewilder;
		2. व्यर्थ में घुमाना, भटकाना;	उगीच भटकायला लावणे;	to cause to wander, to cause to stray;
		3. आसक्त या मोहित करना।	मोह-भुरळ-पाडणे	to allure, to tempt.
भरमार	स्त्री.	अधिकता, बाहुल्य।	प्राचुर्य, अधिकता	abundance, plentifulness.
भरवाई	स्त्री.	भरवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	भरण्याची, ठासून भरण्याची क्रिया किंवा त्याची मजूरी	filling, stuffing, price paid for filling or stuffing.
भरसक	क्रि. वि.	शक्तिभर, यथाशक्ति, यथासाध्य।	शक्यतितकी, ज्यास्तीतज्यास्त	utmost, to the best of one's ability.
भरा	वि.	1. भरा हुआ, पूर्ण;	भरलेला;	filled, filled with, full;
		2. आबाद;	वसलेला;	inhabited;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. संपन्न;	समृद्ध, संपन्न;	rich, prosperous, flourishing;
		4. पुष्ट, मांसल;	पुष्ट, अंगाने भरलेला;	strong, sturdy;
		5. क्रोध आदि से भरा हुआ जिसका क्षोभ बाहर निकलना ही चाहता हो।	अत्यंत क्रुद्ध	surging with rage
भराई	स्त्री.	भरने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	भरण्याची क्रिया, भरण्याची मजूरी	act of filling or the charges paid therefor, fill, packing.
भरापूरा	वि.	1. सभी अपेक्षित बातों से युक्त, त्रुटिरहित;	समृद्ध, संपन्न;	wealthy, prosperous, flourishing, thriving;
		2. हर तरह से संपन्न और सुखी।	धनधान्यांनी व मुलांबाळानी भरलेला	abounding in, having a large family.
भराव	पु.	1. भरने की क्रिया या भाव;	(खड्डाइ.) भरण्याची क्रिया;	filling;
		2. वह पदार्थ या रचना जिससे कोई अवकाश या खाली जगह भरी गई हो या भरी जाती हो।	भरण्याची सामग्री (दगड, माती इ.)	packing material.
भरी	स्त्री.	दस माशे की एक तौल जिससे सोना, चांदी आदि धातुएं तोली जाती हैं।	भार, एक तोळा	a measure of ten mashas used for weighing gold, silver etc.
भरोसा	पु.	1. सहारा, आसरा;	आधार, आसरा;	support, help;
		2. पक्की आशा;	आश्वासन;	hope, assurance;
		3. विश्वास।	विश्वास, भरंवसा	trust, faith, confidence.
भर्त्सना	स्त्री.	किसी के अनुचित आचरण से क्रुद्ध और दुखी होकर	निंदा, निर्भर्त्सना, खरडपट्टी	cursing, reproach, condemnation,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		उसे कटु शब्दों में कुछ कहना और फलतः उसे लज्जित करना, डांट-फटकार, निंदा।		
भर्राना	अ.क्रि	आवाज का भारी या कर्कश होना।	आवाज घोगरा होणे	to become hoarse or husky.
भलमनसाहत	स्त्री.	1. भलामानुसपन, सज्जनता, शराफत;	भलमनसाई, सज्जनता, भलेपणा;	gentlemanliness, courtesy, civility, urbanity;
		2. भद्रतापूर्ण व्यवहार।	शिष्ट सभ्यतापूर्ण वागणूक	decorum, noble behaviour.
भलमनसी	स्त्री.	दे० 'भलमनसाहत'।	"भलमनसाहत" पाहा	see 'भलमनसाहत'
भला	वि.	1. अच्छा, नेक, साधु;	भला, सज्जन, सद्भावपूर्ण;	good, virtuous, righteous;
		2. सुंदर;	सुंदर, रमणीय;	wonderful, admirable;
		3. निर्दोष।	निर्दोष;	guiltless.
	पु.	1. भलाई, हित;	चांगुलपणा, हित;	well-being;
		2. लाभ।	लाभ	good, welfare.
भलाई	स्त्री.	1. भलापन, अच्छाई;	भलेपणा, सज्जनता;	good, goodness, virtue, merit;
		2. उपकार, नेकी;	परोपकारीवृत्ती, दयाभाव;	benevolence, kindness;
		3. हित, लाभ।	हित, कल्याण	welfare, prosperity.
भलाचंगा	वि.	1. स्वस्थ, तंदुरुस्त;	निरोगी, हृष्टपुष्ट, धट्टाकट्टा;	healthy, hale and hearty;
		2. हर दृष्टि से ठीक और संतोषजनक, अच्छा-खासा।	संतोषप्रद, समाधानकारक	sound, satisfactory.
भलाबुरा	पुं.	1. लाभ-हानि, हित-अहित;	हित-अनहित, लाभ-हानी;	pros and cons,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
				good points and bad points (of a thing), one's own interest);
		2. खरी-खोटी बातें।	बरे वाईट शब्द, स्तुती निंदा	admonition, reproach.
	वि.	अच्छा-बुरा।	बरे आणि वाईट	good and bad.
भलामानस	पु.	नेक या शरीफ आदमी।	भला-सज्जन-माणूस	respectable man, gentleman.
भवदीय (भवदीया स्त्री.)	वि.	आपका (प्राया पत्रों के अंत में लेखक के नाम के पहले आत्मीयता और नम्रता सूचित करने के लिए प्रयुक्त)।	आपला (पत्राच्या शेवटी सही करण्यापूर्वी लिहिण्याचा शब्द)	Yours, yours sincerely.
भवन	पु.	1. कोई वास्तुरचना, विशेषत: वासस्थान, घर, मकान;	घर;	abode, residence, dwelling;
		2. प्रासाद, महल।	इमारत, भलामोठा वाडा, प्रासाद	mansion, building, palace.
भवसागर	पु.	संसार रूपी समुद्र।	भवसागर संसाररूपी सागर	the ocean of the world or existence etc.
भवानी	स्त्री.	दुर्गा, पार्वती।	भवानी, पार्वती	an epithet of the wife of Siva, the goddess Parvati.
भवितव्य	वि.	जो भविष्य में विशेषत: निकट भविष्य में निश्चित रूप से होनेवाला हो, अवश्यंभावी, होनहार।	जे घडावयाचे ते, भावी होणार ते	fated, destined, inevitable.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भवितव्यता	स्त्री.	ऐसा काम या बात जो भविष्य में ईश्वरीय विधान के अनुसार अवश्य होने वाला हो, होनी, भाग्य।	भवितव्यता, भावी, नशीब	inevitable, necessity, fate, destiny.
भविष्य	पु.	आनेवाला समय, वर्तमान के बाद आनेवाला काल, भविष्यत् काल।	भविष्य	future.
भविष्य (भविष्यत्) काल	पु.	1. वर्तमान काल के उपरांत आनेवाला आगामी समय;	भविष्यकाळ;	time to come, futurity;
		2. व्याकरण में क्रिया पद का वह रूप जो भविष्य में क्रिया के घटित होने की सूचना देता है।	(व्याक.), भविष्य दाखविणारा काळाचा प्रयोग	(in Gram.) future tense.
भविष्यनिधि	स्त्री.	किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था में काम करनेवाले कर्मचारी को कार्य से अवकाश ग्रहण कर लेने पर दिया जानेवाला वह धन जो उसके वेतन में से नियमित रूप से कटनेवाले अंश से या उस अंश के साथ-साथ नियोक्ता द्वारा अपनी ओर से भी निधि के रूप में जमा किया जाता है, निर्वाह-निधि।	पुढच्या आयुष्याच्या तरतुदी करिता केलेला निधी, भविष्य निधी	provident fund.
भव्य	वि.	सुंदर और प्रभावशाली, शानदार।	भव्य	grand, divine, gorgeous.
भस्म	पु.	1. राख, चिता की राख; 2. दवा के काम के लिए किसी धातु को फूंक कर तैयार की गई राख।	राख; धातू गाळून केलेली राख (औषधी उपयोगाची)	ashes, cinders; medicinal powder obtained by burning the metals, calx.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	जो जलकर राख हो गया हो, भस्मीभूत	राख झालेला	reduced to ashes, completely burnt.
भस्मी	स्त्री.	चिता के जल जाने के पश्चात् बची राख।	प्रेताची राख	ashes of a corpse.
भांजी	स्त्री.	ऐसी बात जो जान-भूझकर किसी का काम बिगाड़ने के लिए किसी दूसरे से कही जाए, बहकाने वाली बात, चुगली।	चहाडी, चुगली	tale-bearing, back biting.
भांड	पु.	1. महफिलों में हंसी-मजाक की नकलें आदि का पेशा करनेवाला मसखरा, विदूषक;	विदूषक (नाटकातील);	jester, buffoon, mime;
		2. वह जिसके पेट में बात न पचती हो;	भडभगम, गुप्त गोष्ट जिरवू न शकणारा;	one who cannot keep a secret, blab;
		3. बरतन, भांडा।	भांडे, मातीचे भांडे	vessel, earthen pot.
भांडागार	पु.	1. वह कोठार जिसमें वस्तुएं, विशेषतः घरेलू उपयोग की वस्तुएं रखी जाती हैं, भंडार, कोठार गोदाम;	कोठार;	store-house, store-room;
		2. खजाना।	खजिना	treasury.
भांति	स्त्री.	तरह, प्रकार।	प्रकार, तऱ्हा, रीत	way, manner, mode, variety, kind, sort, class.
भांपना	स. क्रि.	रंग-ढंग से जान लेना, अनुमान करना, ताड़ना।	अनुमान करणे, ताडणे, हालचाली वरून ओळखणे;	to guess, to make out.
भांवर	स्त्री.	1. परिक्रमा, फेरी;	प्रदक्षिणा, फेरी;	going round, circum-ambulation;
		2. विवाह के समय की जानेवाली अग्नि की परिक्रमा।	होमाभोवती वर-वधूंची प्रदक्षिणा	circum-ambulation of sacrificial fire by the bride

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
				and bridegroom at the time of marriage.
भाई	पु.	1. भ्राता;	भाऊ, बंधू;	brother;
		2. जाति बंधु;	आप्त, भाऊबंद, जातभाई;	relative, kinsman, member of the same caste or fraternity;
		3. बराबर वाले (प्रियजन) का संबोधन।	बरोबरीच्या व प्रेमाच्या माणसांना वापरले जाणारे संबोधन	a form of address to equals and the dear ones.
भाईचारा	पु.	भाई का नाता या भाव, बंधुत्व।	भाऊबंदी, बंधुत्वाचे संबंध	brotherhood, fraternity.
भाईबंधु	पु.	कुल कुटुंब के लोग, जाति-जन भाईबंद।	भाऊबंद, आप्तजन	brethren, kith and kin, relations.
भाग	पु.	1. हिस्सा, अंश, खंड;	भाग, हिस्सा, अंश;	part, portion, fraction, share;
		2. बंटवारा;	वाटणी;	distribution, partition;
		3. पार्श्व;	बाजू;	part, side;
		4. गणित की वह क्रिया जिससे कोई संख्या कई बराबर खंडों में बांटी जाती है, तकसीम	भाजणी, विभागणी;	division,
		5. भाग्य, तकदीर।	भाग्य, नशीब	lot, fate, luck.
भागदौड़	स्त्री.	दौड़धूप अथवा प्रयत्न;	धावपळ;	running about, strenuous efforts;
		2. उतावली।	घाई	haste.
भागना	अ. क्रि.	1. किसी जगह से तेजी के साथ दूसरी जगह जाना दौड़ना;	पळून जाणे;	to run, to run off or away, to flee;
		2. जान बचाना, पीछा छुड़ाना;	(जीव मुठीत धरून) निघून जाणे; फरार होणे;	abscond, take flight, escape;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. चल देना।	चालते होणे	to go away, be gone.
भागफल	पु.	भाज्य को भाजक से भाग देने पर प्राप्त संख्या, लब्धि।	(गणित) भागाकार, एका संख्येला दुसरीने भागल्यानंतर येणारे उत्तर	quotient.
भागी	पु.	1. किसी प्रकार का भाग पाने का अधिकारी, हिस्सेदार;	हिस्सेदार, भागीदार;	sharer, partner;
		2. किए हुए कार्य के फल का पात्र या भाजन, फल पानेवाला।	सहभागी	accomplice.
भाग्य	पुं.	1. शुभाशुभ कर्मजन्य अदृष्ट या ईश्वरीय विधान जो प्राणियों के समग्र कार्यकलाप, सुख-दुख आदि का नियमन करता है, नियति, तकदीर, किस्मत;	नशीब, दैव;	fortune, luck, destiny;
		2. सौभाग्य	सद्भाग्य	good fortune or luck.
भाग्यवश	क्रि. वि.	भाग्य या किस्मत से ही।	सुदैवाने, सद्भाग्याने	through the will of fate, luckily, fortunately.
भाग्यवाद	पु.	भाग्य के अनुसार ही शुभाशुभ की प्राप्ति मानने का सिद्धांत।	दैववाद	fatalism.
भाग्यवादी	वि.	भाग्यवाद संबंधी।	भाग्यवादासंबंधीचा	pertaining to fate.
	पु.	वह जो भाग्य पर भरोसा रखता हो।	भाग्यवाद मानणारा मनुष्य	fatalist.
भाग्यवान (भागवान)	वि.	अच्छे भाग्यवाला, भाग्यशाली, खुशकिस्मत।	भाग्यवान्, नशीबवान	fortunate, lucky.
भाग्यशाली	वि.	दे. 'भाग्यवान'।	भाग्यवान्	see 'भाग्यवान'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भाग्यहीन	वि.	अभागा, बदनसीब।	भाग्यहीन, दुर्दैवी	not favoured by fortune, unfortunate, wretched, poor.
भाजक	वि.	1. भाग करनेवाला; 2. गणित में वह संख्या जिससे भाज्य को भाग दिया जाता है।	भागणारा, भाग देणारा; (गणित) भाजक (संख्या)	dividing; (in arith.) divisor.
भाजी	स्त्री.	तरकारी, साग आदि वस्तुएं।	भाजी	vegetable.
भाट	पुं.	1. राजाओं के यश का वर्णन करनेवाला, चारण, बंदी; 2. एक जाति जो अपने जजमानों का वंशचरित सुनाने, स्तुतिपरक तुकबंदी आदि करने का पेशा करती है।	भाट, राजाचा स्तुतिपाठक; खुशामत्या	bard, minstrel, panegyrist; family bard, eulogist, flatterer.
भाटा	पुं.	समुद्र के पानी के नियतकालिक चढ़ाव का उतार, ज्वार का उलटा।	ओहोटी	ebb-tide, low tide.
भाड़	पुं.	भड़भूजे की भट्ठी जिसमें वह बालू गरम करके दाना भूनता है।	भडभुंजाची भट्टी	parcher's oven.
भाड़ा	पुं.	1. वह धन जो किसी चीज का कुछ समय तक उपयोग करने के बदले में दिया जाता है, किराया; 2. वह धन जो कोई चीज या किसी व्यक्ति को सवारी आदि पर ले जाकर कहीं पहुंचाने के बदले में दिया या लिया जाता है, किराया।	भाडे (घराचे इ.); भाडे (वाहन इ. चे)	rent; hire, fare, freight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भात	पुं.	1. उबाला हुआ चावल; 2. बयाह की एक रस्म जिसमें वर का पिता कन्या के पिता के घर जाकर कच्ची रसोई खाता है।	भात, शिजविलेला तांदूळ; वरपिता वधूपित्यासह फराळ करण्याचा विधी	boiled rice; marriage ceremony where bridegroom's father dines with bride's father.
भादों	पु.	सावन के बाद पड़नेवाला महीना, भाद्रपद।	भाद्रपद महिना	sixth month of the Indian calendar.
भाद्र (भाद्रपद)	पु.	दे. 'भादों'	भाद्रपद	see 'भादों'
भानजा (भानजी स्त्री.)	पु.	बहिन का पुत्र, भागिनेय।	भाचा (भाची)	nephew (sister's son).
भाना	अ.क्रि	रुचना, अच्छा लगता, पसंद आना, शोभित जान पड़ना।	आवडणे, बरे वाटणे, छान दिसणे, शोभणे	to be agreeable, appealing or pleasing, to look good or befitting.
भाप	स्त्री.	1. किसी तरल पदार्थ विशेषत: जल का वह अदृश्य वाष्पीय रूप जो उसे खौलाने पर प्राप्त होता है तथा जिसका आजकल शक्ति के प्रमुख साधन के रूप में उपयोग होता है; 2. भौतिक शास्त्र में ठोस य. द्रव पदार्थ की वह अवस्था जो उनके बहुत तपकर वायु में विलीन होते समय अथवा कुछ विशिष्ट रासायनिक प्रक्रियाओं के द्वारा प्राप्त होती है।	वाफ; द्रव पदार्थाची वायु अवस्था	steam; vapour.
भाभी (भावज, भौजाई)	स्त्री.	संबंध के विचार से बड़े भाई की स्त्री।	वहिनी, मोठ्या भावाची पत्नी (भावजय)	sister-in-law (elder brother's wife).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भार	पु.	1. बोझ;	बोजा, ओझे;	load, burden;
		2. उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी;	जबाबदारी;	charge, trust, responsibility;
		3. वजन, गुरुत्व।	वजन	weight, gravity.
भारत	पु.	भारतवर्ष नामक देश, हिन्दुस्तान।	भारत	India.
भारतीय	वि.	1. भारत में उत्पन्न;	भारतात जन्मलेला;	Born in India;
		2. भारत संबंधी।	भारतासंबंधीचा, भारतविषयक,	Indian.
	पु.	भारतवासी।	भारतवासी, भारताचा रहिवासी	inhabitant of India, Indian.
भारवाहक	पु.	1. भार ढोनेवाला;	भारवाही, भारवाहक, हमाल;	bearer of burden, porter, carrier;
		2. कार्यभार का वहन करनेवाला।	जबाबदारी संभाळणारा	incharge, one who takes the responsibility.
भारी	वि.	1. अधिक भारवाला, वजनी;	भारी, जड, अवजड;	heavy, weighty, massive, unwieldy;
		2. बहुत अधिक;	महान्;	great, grand;
		3. कठिन, कष्टकर;	कठिण, कष्टप्रद;	difficult, hard, laborious;
		4. बहुत बड़ा, बृहत्;	खूप मोठा, मोठ्या आकाराचा;	large, big, bulky;
		5. प्रकांड;	प्रगाढ;	great, deep;
		6. देर में पचने वाला, गरिष्ठ;	पचायला कठिण, जड;	difficult to digest, heavy;
		7. दु:खी, उदास (मन आदि)।	खिन्न, उद्विग्न	dejected (in mind or spirits), languid.
भारी-भरकम	वि	1. बड़े डीलडौल का;	धिप्पाड, भक्कम बांधणीचा;	of massive structure, strongly built;
		2. बहुत बड़ा और वजनी;	मोठ्या आकाराचा व वजनदार;	large sized, heavy;
		3. गम्भीर।	गंभीर	grave, serious.

ंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
त्नी।	भार्या, पत्नी	wife, spouse.
क प्रसिद्ध अस्त्र जिसमें ड़े और मोटे डंडे के सिरे र नुकीला बड़ा फल लगा हता है, बरछा, नेजा।	भाला	large spear, lance.
ाले या भूरे बालों वाला क हिंसक तथा स्तनपायी ौपाया जिसे पकड़कर दारी लोग नचाते हैं, रीछ	अस्वल	bear.
1. मनोविकार;	स्वभाव;	disposition, temperament;
2. भावना, विचार;	भावना;	emotion, sentiment;
3. आशय, तात्पर्य, अर्थ;	तात्पर्य, आशय, अर्थ;	purpose, signification, meaning;
4. भावसूचक अंगचेष्टा, भंगी;	हावभाव, अंग विक्षेप;	gesture, gesticulation;
5. भक्ति, विश्वास, श्रद्धा;	भक्ती;	faith, loyaity, devotion;
6. दर, निर्ख;	दर, निरख;	rate, quotation;
7. अस्तित्व, सत्ता, अभाव का विपर्याय।	अस्तित्व	being, existence, state or condition of being.
कसी चीज का भाव ादि, निर्ख।	दर, निरख	rate, quotation.
1. चिंतन, ध्यान;	चिंतन;	meditation,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. वैद्यक में चूर्ण आदि के रस, क्वाथ आदि के साथ बार-बार तर करके घोटना।	चूर्ण व औषधीद्रव्य वारंवार घालून त्याला दिलेले पुट	saturating a dry powder with fluid.
भावनात्मक	वि.	भावना से संबंधित, भावनायुक्त।	भावनात्मक, भावनेशी संबंधित	emotional, sentimental.
भावपक्ष	पु.	किसी साहित्यिक रचना में जो कुछ कहा जाता है वह उसका भावपक्ष कहलाता है और इसकेविपरीत उसे जिस रूप में प्रस्तुत किया जाता है उसे उसका कलापक्ष कहते हैं।	(साहित्य) आशयाचा-विचाराचा भाग (हा आशय किंवा विचार ज्या रीतीने मांडला जातो त्याला "कलापक्ष" म्हणतात)	content, thought content (in literature).
भावभंगी	स्त्री.	मन का भाव प्रकट करने वाली शारीरिक क्रिया।	अंग विक्षेपांनी भाव प्रकट करण्याची क्रिया	gesture, gesticulation.
भाववाचक	वि.	(व्याकरण में) संज्ञा का भाव, धर्म, गुण आदि बतानेवाला शब्द।	(व्याक.) भाववाचक (नाम)	(gram.) abstract noun.
भाववाच्य	पु.	(व्याकरण में) वह तत्व जो अकर्मक पद की उस स्थिति का सूचक होता है जब वह कर्ता का व्यापार सूचित न करके क्रिया के व्यापार का ही बोध कराता है।	(व्याक.) भावे प्रयोग	(Gram.) neutral voice, denoting the abstract notion of verb.
भावात्मक	वि.	1. जिसमें किसी प्रकार का मानसिक भाव भी मिला हो, भावसंबंधी;	भावात्मक, भाव विषयक, भावाशी संबंधित असलेला;	emotional, sentimental;
		2. भावों से परिपूर्ण।	भावपूर्ण	full of emotions or feelings.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी प
भावार्थ	पु.	1. ऐसा विवरण या विवेचन जिसमें मूल का केवल भाव या आशय आ जाए, अक्षरशः अनुवाद न हो;	स्थूल स्पष्टीकरण;	broad exposi
		2. अभिप्राय, आशय, तात्पर्य, मतलब।	तात्पर्यार्थ	simple meani purpo
भावी	वि.	भविष्य में घटित होनेवाला।	भावी, भविष्यात होणारा, घडणारा	what r place (to hap predes
	स्त्री.	भाग्य के विधान के अनुसार अवश्य होनेवाली बात, होनी।	होणारी अपरिहार्य घटना	inevita
भावुक	वि.	1. जो शीघ्र ही भावों विशेषतः कोमल, करुण भावों के अधीन हो जाए, कोमलचित्त;	भावुक, भावना प्रधान;	emotic sentim impuls passio
		2. सहृदय, रसज्ञ।	सहृदय, रसिक	having taste,
भावुकता	स्त्री.	1. भावुक होने का भाव, भावप्रवणता;	भावुकपणा, भावनावशता;	sentim impuls passio
		2. विभिन्न प्रकार के भावों में तल्लीन होने की शक्ति या योग्यता, सहृदयता।	रसज्ञता	quality appre enjoy
भाषण	पु.	1. वक्तृता, व्याख्यान;	व्याख्यान, वक्तृत्व;	speech addres
		2. कथन, बोलना;	बोलणे, सांगणे;	speak saying
		3. वार्तालाप।	संभाषण	conve
भाषांतर	पु.	अनुवाद, उलथा, तर्जमा।	भाषांतर, अनुवाद	transl

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भाषांतरकार	पु.	अनुवादक।	भाषांतरकार, अनुवादक	translator, interpreter.
भाषा	स्त्री.	1. बोलकर या लिखकर या ध्वनि-संकेतों में भावों को प्रकट करने का साधन;	बोलून व्यक्त करण्याची क्रिया;	language, tongue, speech;
		2. किसी देश या जनसमाज में प्रचलित शब्दावली और उसे बरतने का ढंग. बोली;	बोली;	the vernacular of any country, dialect;
		3. व्यक्ति विशेष के लिखने-बोलने का ढंग;	बोलण्या-लिहिण्याची तऱ्हा	style or way of speech;
		4. आधुनिक हिन्दी का पुराना नाम।	हिंदी भाषेचे जुने नांव	old name of the Hindi language.
भाषाविज्ञान	पु.	वह विज्ञान जिसमें भाषा की उत्पत्ति, विकास, उसके शब्द तथा उन शब्दों के अर्थों, ध्वनियों आदि का वैज्ञानिक ढंग से प्रतिपादन तथा विवेचन किया जाता है।	भाषाशास्त्र	philology, linguistics.
भाषाविद्	पुं.	भाषा या भाषाओं का अच्छा ज्ञाता।	भाषाकोविद, भाषापंडित भाषाशास्त्रज्ञ	linguist, philologist.
भाषी	वि.	(समास के अंत में प्रयुक्त) बोलनेवाला।	(समासाच्या शेवटी जोडलेला शब्द) (अमुक) बोलणारा	(at the end of comp.) speaking, talking.
भाष्य	पु.	1. सूत्र या मूलग्रंथ की व्याख्या, विवृति;	विवरणात्मक टीका (विशेषतः "सूत्रा" वरील);	exposition or commentary, especially of Sutras;
		2. किसी गूढ़ बात या वाक्य की विस्तृत व्याख्या	स्पष्टीकरणात्मक मांडणी	explanatory work, exposition, commentary.
भाष्यकार	पु.	भाष्य लिखनेवाला।	भाष्यकार, टीकाकार, व्याख्याता	commentator, scholiast.

भिक्षाटन	पुं.	भिक्षा प्राप्ति के लिए फिरना।	भिक्षा मागत फिरणे	wandering about begging for alms.
भिक्षु	पु.	1. भीख मांगने वाला, भिखमंगा;	भिक्षुक, भिक्षेकरी;	one who subsists on alms, beggar, mendicant;
		2. संन्यासी, विशेषत: बौद्ध संन्यासी।	बौद्ध भिक्षु	religious mendicant, esp. Buddhist.
भिक्षुक	पु.	भीख मांगने वाला, भिखारी।	भिक्षुक, याचक, भिक्षेकरी	beggar, mendicant.
भिखमंगा	पु.	1. भीख मांगने वाला;	भिक्षेकरी, भिकारी;	beggar;
		2. ऐसा अभावग्रस्त व्यक्ति जो अपने अभाव की पूर्ति दूसरों से चीजें मांगकर करता हो।	कंगाल-दरिद्री माणूस जो भिकेवर उपजीविका करतो	pauper.
भिखारी (स्त्री. भिखारिन)	पु.	1. भीख मांगने वाला, भिक्षुक;	भिकारी; (भिकारीण)	beggar, mendicant;
		2. कंगाल, अकिंचन।	कंगाल	pauper.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भिगोना	स.क्रि	पानी आदि से तर करना।	भिजविणे	to wet, to drench.
भिजवाना	स.क्रि क्रि.	भेजने का काम किसी से कराना।	पाठवायला लावणे	to cause to send, to cause to be sent.
भिड़ंत	स्त्री.	1. भिड़ने की क्रिया या भाव;	चकमक, लठ्ठालठ्ठी;	clash, skirmish;
		2. मुठभेड़।	टक्कर, लढाई, सामना	confrontation, encounter.
भिड़	स्त्री.	बर्र, ततैया।	गांधिलमाशी	wasp.
भिड़ना	अ.	1. टकराना;	टक्करणे, सामना देणे;	come into collision, to collide, to clash;
		2. लड़ना;	लढणे;	to join battle, to contend, to fight;
		3. सटना (किवाड़ आदि);	एकमेंकाला लागून असणे-राहणे, चिकटणे;	come together, close (as shutter etc.);
		4. दृढ़तापूर्वक सवाल-जवाब करना।	सवाल-जबाब आरंभिणे	to be locked in a wordy duel.
भिड़ाना	स क्रि.	1. किसी को भिड़ने में प्रवृत्त करना;	भिडविणे, जोडायला लावणे;	tocause to touch or be joined;
		2. सटाना;	(दार इ.) लावणे, दाराच्या कड्या एकमेंकाना जोडणे, दार बंद करणे;	to close (a door etc.);
		3. लड़ाना।	लढाई जुपविणे	to bring into collision, cause to fight.
भित्तिचित्र	पु.	दीवार पर बना हुआ चित्र, विशेषतः ऐसा चित्र जो दीवार बनाने के समय गीले पलस्तर से बनाया जाता है।	भिंतीवर काढलेले चित्र	mural painting, fresco.
भिनकना	अ. क्रि.	1. मक्खियों का भिनभिन शब्द् करना, भिनभिनाना;	गूं गूं-भुणभुण-करणे;	to buzz (as a fly), hum (as a bee, etc.);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी गंदी चीज पर मक्खियों के झुंड का बैठना।	(माशा) घोंघावणे	to be covered with flies, to swarm.
भिनभिनाना	अ. क्रि.	भिंन भिन शब्द होना या करना।	भुणभुणणे, गुंगुं करणे, गुणगुणणे	to buzz, hum, to have a ringing sound (in the ear), to murmur.
भिन्न	वि.	1. अलग, जुदा;	वेगळा, अलग;	separate, apart;
		2. अलग किया हुआ;	वेगळा, केलेला, अलग पडलेला;	separated;
		3. विभक्त, विभाजित, खंडित;	विभन्न, खंडित;	broken, split, divided;
		4. दूसरा, दूसरे प्रकार का, कोई और।	दुसरा, इतर	other, different, diverse.
	पु.	गणित में किसी दूसरी इकाई का छोटा अंश या टुकड़ा।	अपूर्णांक	(in Arith) fraction.
भिन्नता	स्त्री.	भिन्न होने की अवस्था या भाव, अलगाव, पार्थक्य, भेद, अंतर।	भिन्नता, वेगळेपणा, भेद, अंतर	dissimilarity, distinction, difference.
भिश्ती	पु.	मशक द्वारा पानी ढोने वाला।	भिस्ती, पखालवाला	one who carries water in a large leather water bag.
भींचना	स. क्रि.	1. जोर से खींचकर दबाना;	पिळणे;	to squeeze;
		2. जोर से दबाना।	जोराने दाबणे	to press hard.
भी	अव्य.	एक अव्यय जिसका प्रयोग नीचे लिखे अर्थ व्यक्त करने के लिए होता है, निश्चित रूप से किसी अथवा औरों के अतिरिक्त, साथ या सिवा;	ही, सुद्धा	also, too, even;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. तक, पर्यन्त;	पर्यन्त;	yet, still;
		3. अधिक, ज्यादा।	शिवाय, आणखी	moreover, furthermore.
भीख	स्त्री.	1. किसी दरिद्र का उदरपूर्ति के लिए कुछ मांगना, भिक्षा;	भीक;	begging, mendicity;
		2. उक्त प्रकार से मांगने पर मिलनेवाला अन्न आदि।	पदरात पडलेला पदार्थ	that which is obtained by begging, charity, alms.
भीगना	अ. क्रि.	पानी आदि तरल पदार्थों के संयोग से तर होना, गीला होना।	भिजणे, ओले होणे	to be wet or drenched.
भीड़	स्त्री.	1. आदमियों का जमाव, जनसमूह;	गर्दी, दाटी;	multitude, crowd, throng;
		2. अधिकता;	अधिकता;	excess;
		3. संकट।	आपत्ती, अडचण	calamity, crisis.
भीड़-भड़क्का	पुं.	1. भीड़, जनसमूह;	गर्दी, दाटीवाटी;	crowd, multitude, rush;
		2. धक्कमधक्का।	धक्काबुक्की	jostling,whoving and pushing.
भीड़भाड़	स्त्री.	दे. 'भीड़-भड़क्का'।	"भीड भडक्का" पाहा	see 'भीड़-भड़क्का'.
भीत	वि.	डरा हुआ, भयग्रस्त।	भ्यायलेला,भयग्रस्त, भयभीत	frightened, terrified, alarmed.
	स्त्री.	दीवार।	भिंत	wall.
भीतर	क्रि. वि.	1. अंदर, घर के अन्दर:	आंत;	in, inside, within;
		2. मन में।	अंतरात	in one's own mind or heart.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भीतरी	वि.	1. भीतर का, अंदरवाला, अंदरूनी;	आतील;	interior, internal, inner, inward;
		2. गुप्त, अप्रकट।	अंतरीचा, मनात दडलेला	hidden, secret.
भीति	स्त्री.	डर, भय।	भीती, भय	fear, apprehension, dread, terror.
भीना (स्त्री. भीनी)	वि.	बहुत ही मन्द, सूक्ष्म या हल्का।	मंद (सुवास वा रंग)	light, pleasant (colour or smell).
भीरु	वि.	1. कायर, डरपोक;	भित्रा, भ्याड;	timid, cowardly;
		2. (से) डरनेवाला।	भिणारा ("पाप भीरु" पापाला भिणारा)	fearful or fearing (as धर्मभीरु God-fearing).
भीरुता	स्त्री.	1. कायरता, बुजदिली;	भित्रेपणा, भ्याडपणा;	timidity, cowardice;
		2. डर, भय।	भय	fear, terror.
भीषण	वि.	1. भयानक, डरावना;	भयानक, भीतिदायक;	dreadful, horrible, frightening;
		2. दुष्परिणाम के रूप में होनेवाला, विकट, बहुत ही बुरा।	फार वाईट, अत्यंत कष्टप्रद	gruesome, terrible.
भुक्खड़	वि.	1. जिसे तेज भूख लगी हो, भूखा;	भुकेजलेला, उपाशी;	starving, hungry;
		2. जिसकी भूख मिटती न हो, जो प्रायः कुछ न कुछ खाता रहता हो या खाना चाहता हो, पेट	खादाड, अधाशी;	voracious, gluttonous;
		3. कंगाल।	कंगाल, अत्यंत गरीब	pauper, poor.
भुक्तभोगी	वि.	जो किसी चीज का दुखसुख विशेषतः दुख उठा चुका हो।	सुखदुःख भोगलेला, अनुभवी	one who has suffered or enjoyed (some experience), experienced.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भुखमरा	वि.	1. जो भूखों मरता हो, भूखा;	भुकेकंगाल, उपासमार झालेला;	starving, hungry;
		2. जो खाने-पीने के लिए मरा जाता हो।	अधाशी	voracious, gluttonous.
भुखमरी	स्त्री.	भूखों, विशेषतः अन्नाभाव के कारण मरने की अवस्था या भाव।	उपासमार, अन्नाचा अभाव, दुष्काळ	starvation, hunger, famine.
भुगतना	स. क्रि.	1. भोगना, सहना;	भोगणे, सहन करणे;	to suffer, to undergo, to bear, to endure;
		2. कार्य, व्यय आदि का भार अपने ऊपर लेना।	परिणाम भोगणे	pay the penalty of, to suffer consequences of.
भुगतान	पु.	1. मूल्य आदि चुकाने की क्रिया या भाव, अदायगी	फेड;	payment;
		2. निबटारा।	मिटवून टाकणे, संपवून टाकणे, समाप्ती	settlement, disposal.
भुगताना	स. क्रि.	1. कोई काम पूरा करना;	(जबाबदारी) पार पडणे, (काम) पूर्ण करणे, संपविणे;	to do, perform, to execute, to discharge;
		2. देय आदि चुकाना, भुगतान करना, अदा करना।	देणे चुकविणे, –फेडणे	to settle, to adjust, to pay off.
भुजा	स्त्री.	1. बांह, बाहु;	बाहू, दंड;	arm;
		2. हाथ;	हात;	hand;
		3. रेखागणित में किसी क्षेत्र की सीमारेखा।	भूमितीच्या आकृतीची एक बाजू	the side of any geometrical figure.
भुजाली	स्त्री.	एक प्रकार की बड़ी, टेढ़ी छुरी।	कट्यार, सुरा	kind of a big knife.
भुजिया	स्त्री.	1. उबाले हुए धान का चावल;	तेलात-तुपात् परतलेली भाजी पोहे;	parched rice;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह तरकारी जो सूखी ही भूनकर बनाई जाती है और जिसमें रसा या शोरबा नहीं होता, सूखी तरकारी।	तेलात-तुपात परतलेली भाजी	fried vegetable.
	वि.	जो भूनकर तैयार किया या बनाया गया हो।	तळलेला	fried.
भुट्टा	पु.	मक्के की हरी बाल।	मक्याचे कणीस	maize, corn.
भुनगा	पु.	1. उड़नेवाला छोटा कीड़ा, जो प्रायः फूलों और फलों पर रहता है और शिशिर ऋतु में प्रायः उड़ता रहता है;	भुंगा;	gnat;
		2. पतंगा, फतिंगा;	पतंग (फुला फुलावर उडणारा);	maggot, insect;
		3. बहुत ही तुच्छ पदार्थ या व्यक्ति, नगण्य।	तुच्छ प्राणी या व्यक्ती	insignificant creature or person.
भुनना	अ. क्रि.	1. आग की गरमी से भूना जाना, सिंकना;	भाजले जाणे, शेकले जाणे;	to be parched, to scorch;
		2. रुपए आदि का छोटे सिक्कों में बदला जाना;	मोड होणे (रुपया इ. ची);	to be changed in small coins;
		3. तोप, बंदूक आदि की मार से मारा जाना।	बंदूक इ. नी उडविले जाणे, मारले जाणे, कतल होणे	to be slaughtered with guns etc.
भुनभुनाना	अ.क्रि	1. भुनभुन शब्द् करना;	पुटपुटणे;	mumbling, gabbling;
		2. कुढ़कर बहुत और धीरे-धीरे या अस्पष्ट रूप में कई तरह की बातें कहना।	कुरकुरणे	grumbling, expressing indignation in an inarticulate manner.
भुनवाई (भुनाई)	स्त्री.	1. भुनाने की क्रिया या भाव;	भाजण्याची वा शेकण्याची क्रिया;	act of parching or frying;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. भुनाने के बदले में दी जानेवाली रकम, भांज;	भाजणावळ;	price paid for exchange (of money) discount or loss in exchange;
		3. भूनने की उजरत।	बट्टा (नाण्याची अदला बदल करताना पडणारा)	price paid for parching grain;
भुनाना	स. क्रि.	1. भूनने का काम किसी दूसरे से कराना;	भाजून घेणे;	to get something parched;
		2. नोट आदि को छोटे सिक्कों में बदलवाना।	मोड करवून घेणे	to change (into smaller denomination currency).
भुरकस (भुरकुस)	पु.	1. किसी चीज का बहुत बुरी तरह कुचला या मसला हुआ रूप;	चेंदामेंदा;	smashed, pulverized (form);
		2. चूर्ण, बुकनी।	भुसकट, चुरा	husk, chaff, powder.
भुरभुरा	वि.	जो झट टूटकर चूर्णरूप हो जाए।	कुरकुरीत	crisp.
भुरभुराना	स. क्रि.	चुटकी या उंगली में कोई चूर्ण रखकर किसी चीज पर छिड़कना, बुरकना।	पूड चिमटीने टाकणे, —उडविणे	to throw or sprinkle some powdered substance.
भुलक्कड़	वि.	बहुत भूलनेवाला, विस्मरणशील।	विसरभोळा	forgetful, prone to forgetting.
भुलवाना	स. क्रि.	1. भूलने के लिए प्रेरित करना;	विसरायला लावणे;	to cause to forget;
		2. बहकाना, भ्रम में डालना।	भुलविणे, गोंधळून टाकणे	to bewilder, to divert one's mind, to delude.
भुलाना	स. क्रि	1. स्मरण की हुई बात को स्मृतिपथ से उतारना, भूलना;	विसरणे, भुलणे;	to forget;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. भ्रम में डालना, बहकाना;	भुलविणे, भ्रमात पाडणे;	to mislead, to bewilder, to delude;
		3. भूलने को प्रेरित करना;	विसरायला लावणे;	to cause to forget;
		4. (ला०) त्यागना।	(लाक्ष) संबंध तोडणे	(fig.) to estrange, to sever one's ties with.
भुलावा	पु.	बहकाने की युक्ति, धोखा, चकमा।	फसवणूक, थाप	hoax, delusion.
भुवन	पु.	1. जगत, संसार, लोक;	जग;	world, earth;
		2. पुराणानुसार चौदह लोकों में से प्रत्येक की संज्ञा, लोक।	लोक, (स्वर्ग, मृत्यु, पाताळ इ. चौदा पैकी प्रत्येक)	various celestial paradises.
भू	स्त्री.	1. पृथ्वी, धरती;	पृथ्वी;	earth, world;
		2. जमीन, भूमि;	जमीन;	land, ground, soil;
		3. स्थान, जगह।	स्थान, ठिकाण	site, place.
भूकंप	पु.	भूगर्भ में होनेवाली उथल-पुथल से धरती की ऊपरी सतह का हिलना, भूचाल।	भूकंप	earthquake.
भूखंड	पु.	पृथ्वी या भूमि का कोई खंड या विभाग, भूभाग।	भूभाग, भू विभाग	tract of land, territory, plot.
भूख	स्त्री.	1. पेट खाली होने पर अन्न आदि भक्षण करने की तीव्र इच्छा, भोजन की इच्छा, क्षुधा;	भूक, क्षुधा;	appetite, hunger;
		2. कोई चीज प्राप्त करने की उत्कट इच्छा।	तीव्र वासना	intense desire of enjoying anything, craving (for).
भूख-हड़ताल	स्त्री.	किसी नीति या कार्य आदि के प्रति विरोध प्रकट करते हुए अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भोजन का त्याग करना।	अन्न सत्याग्रह	hunger-strike.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भूखा	वि.	1. जिसे भूख लगी हो, क्षुधित;	भुकेलेला, उपाशी;	hungry, famished, starving;
		2. उत्कट इच्छुक या याचक;	उत्कट इच्छा असणारा;	desirous (of), craving;
		3. दरिद्र।	कंगाल, दरिद्री	poor, destitute.
भूखा-नंगा	वि.	अन्न, वस्त्र के कष्ट से पीड़ित, दीन, दरिद्र।	दरिद्री, कंगाल	poor, pauper, indigent.
भूगर्भ	पु.	पृथ्वी का नीचेवाला या भीतरी भाग।	भूगर्भ, पृथ्वीचा अंतर्भाग	interior of the earth.
भूगोल	पुं.	1. भूमंडल, पृथ्वी;	भूगोल, पृथ्वीचा गोल;	terrestrial globe, the earth;
		2. पृथ्वी के बाह्य रूप, प्राकृतिक विभाग आदि का ज्ञान करानेवाली विद्या या शास्त्र।	भूगोल शास्त्र	geography.
भूचाल	पु.	दे. 'भूकंप'।	भूकंप	see 'भूकंप'.
भूत	वि.	1. बीता हुआ, अतीत;	गत, गतकाळचा;	past, gone by;
		2. घटित;	घडलेला, झालेला;	been, become, produced;
		3. पहले का, पुराना;	पूर्वीचा, पुराणा;	former, old;
		4. प्राणी, जीव;	प्राणिमात्र;	living being, an animal, a creature;
		5. महाभूत, द्रव्य, मूलतत्व;	महाभूत, मूलतत्व,--द्रव्य;	matter, an element;
		6. भूतकाल;	भूतकाल;	past, past tense;
		7. प्रेत, पिशाच।	भूत-पिशाच	evil spirit, demon, ghost.
भूतकाल	पु.	1. व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जो किसी घटना के पूर्व समय में समाप्त या सम्पन्न हो चुकने का सूचक होता है;	(व्याक.) भूतकाळ;	(in gram.) past tense;
		2. बीता हुआ समय।	गेलेला काळ	the past.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भूतनी	स्त्री.	1. भूतयोनि की स्त्री, स्त्रीप्रेत;	भूतयोनीची स्त्री, स्त्रीभूत, पिशाचिनी;	female demon or goblin, etc.
		2. (ला०) काले रंग और प्राय: क्रोधी तथा लड़ाके स्वभाववाली स्त्री।	(लाक्ष.) हडळ, कजाग स्त्री	(fig.) virago.
भूतपूर्व	वि.	1. जो किसी पद पर पहले कभी रह चुका हो;	भूतपूर्व, माजी;	ex–, former;
		2. जो पहले हो चुका हो, पूर्ववर्ती, पहला।	पूर्वीचा, मागील	late, past, previous.
भूतप्रेत	पु.	भूत, पिशाच, प्रेत आदि की योनियों या इन योनियों में प्राप्त होनेवाले सूक्ष्म शरीरों का वर्ग।	भूत, प्रेत, पिशाच	evil spirits, ghosts and goblins.
भूतल	पु.	1. पृथ्वी का ऊपरी तल, धरातल, भूपृष्ठ;	पृथ्वीचा पृष्ठभाग, भूमी;	surface of the earth, the ground;
		2. जगत, संसार।	जग, इहलोक	world, the universe.
भूनना	स.क्रि	1. खाद्य पदार्थ को आग पर सेंककर पकाना;	भाजणे, विस्तवावर भाजणे;	to roast, broil;
		2. गरम बालू में अन्नादि को पकाना;	शेकणे, भाजणे;	to parch, to scorch;
		3. गरम घी-तेल आदि में तलना या अच्छी तरह लाल करना;	तळणे;	to fry;
		4. बंदूक या मशीनगन की गोलियों से बहुतों का एक साथ वध करना।	कतल करणे	to annihilate, (with gun etc.)
भूभाग	पु.	भूखंड, प्रदेश।	प्रदेश	region, place, spot.
भूमंडल	पु.	धरती, पृथ्वी।	भूमंडल, पृथ्वीतळ	terrestrial globe, the earth.
भूमध्यरेखा	स्त्री.	भूगोल में वह कल्पित रेखा जो दोनों ध्रुवों से बराबर दूरी पर है और पृथ्वी को दो भागों में विभाजित करती हैं।	भूमध्यरेषा	equator.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भूमध्यसागर	पु.	यूरोप और एशिया के बीच अवस्थित एक समुद्र।	भूमध्यसागर	Mediterranian Sea.
भूमि	स्त्री.	1. यह सारी पृथ्वी जो सौर जगत के एक ग्रह के रूप में है;	पृथ्वी;	earth, world;
		2. जमीन, धरती;	जमीन;	earth, ground, soil, land;
		3. जगह, स्थान;	स्थान, ठिकाण;	place, site;
		4. देश।	प्रदेश, देश	region, country.
भूमिका	स्त्री.	1. वक्तव्य विषय की पूर्वसूचना, ग्रन्थ आदि की प्रस्तावना;	प्रस्तावना वक्त्याचे वा लेखकाचे मनोगत व्यक्त करणारा लेख;	preface or introduction;
		2. नाटक आदि में किसी पात्र का अभिनय तथा कार्य;	(नाटक) नटाची कामगिरी व अभिनय;	(drama) part of an actor;
		3. किसी क्षेत्र विशेष में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य।	कार्य, भाग	role, part.
भूमिगत	वि.	1. जो भूमि की सतह से नीचे हो;	भूमीच्या पृष्ठभागाखालचा;	underground subterranean;
		2. जो जनसाधारण के सामने से हटकर कहीं छिपा हो;	गुप्त, दडून राहिलेला;	secret, underground;
		3. जमीन पर गिरा या पड़ा हुआ।	भूमीवर पडलेला	fallen on the earth.
भूमिधर	पु.	1. वह किसान जिसने उचित धन देकर जमीन पर खेती-बाड़ी करने का स्थायी अधिकार प्राप्त कर लिया हो;	जमीन-मालक;	landholder, land owner;
		2. पर्वत।	पर्वत	mountain.
भूरा	वि.	मटमैले रंग का, खाकी, कपासी।	करड्या वा खाकी रंगाचा	brown.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	स्याह और सफेद के बीच का रंग, खाकी रंग।	खाकी रंग	brown colour.
भूल	स्त्री.	1. भूलने या स्मरण न रहने की क्रिया या भाव;	विसर, विस्मरण;	forgetfulness, oversight, neglect;
		2. भ्रम;	भ्रम;	illusion, bewilderment;
		3. गलती, अशुद्धि;	नजरचूक, चूक;	slip, mistake, error;
		4. चूक, त्रुटि;	त्रुटी;	omission, failure;
		5. दोष, कसूर।	दोष, कसूर	fault.
भूलचूक	स्त्री.	लेखे या हिसाब में दृष्टि-दोष आदि के कारण होनेवाली गलती, अशुद्धि।	चूकभूल	error and omission.
भूलना	अ.क्रि	1. याद न रहना, विस्मृत होना;	विसरले जाणे, विसर पडणे;	to be forgotten;
		2. गलती या त्रुटि करना।	चुकणे	to err.
	स.क्रि	1. याद न रखना, विस्मृत कर देना;	विसरणे;	to forget, to omit, to miss;
		2. भटकना, गलत रास्ते पर जाना;	चुकणे (वाट);	to go astray;
		3. खो देना।	हरवणे	to lose.
भूलभुलैया	स्त्री.	1. वह इमारत जिसका रास्ता ऐसा चक्करदार होता है कि आदमी रास्ता भूल जाता है और जल्दी बाहर नहीं निकल पाता;	गुंतागुंतीची-वाकड्या तिकड्या वळणाची वाट;	maze, labyrinth.
		2. बहुत घुमाव-फिराव वाली बात, पेचीदा बात।	कोडे, गुंतागुंत	puzzle.
भूला-भटका	वि.	जो रास्ता भूलकर और साथियों से बिछुड़कर भटक रहा हो।	वाट चुकलेला, भलत्या वाटेला लागलेला	strayed, one who has lost his way.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भूलोक	पु.	मर्त्यलोक, संसार।	भूलोक	earth, the habitation of mortals.
भूविज्ञान	पु.	वह विज्ञान जिसमें पृथ्वी की मिट्टी और पत्थर की तहों के निर्माण, विकास तथा उनके नीचे प्राप्त होनेवाले खनिज-पदार्थ आदि का विवेचन किया जाता है, भूगर्भ-शास्त्र।	भूविज्ञान	geology.
भूषण	पु.	1. अलंकार, गहना, जेवर; 2. शोभावर्धक वस्तु या गुण।	भूषण, अलंकार, दागिना; शोभादायक वस्तू	ornament, jewel; decoration, embellishment.
भूसा	पु.	गेहूं, जौ आदि के डंठलों के सूखे, छोटे महीन टुकड़े जो पशुओं को खिलाए जाते हैं।	कडब्याचा बारीक केलेला चारा, भुसा	chaff, husk.
भूसी	स्त्री.	धान, चने, मटर आदि के छिलके या उनके छोटे-छोटे टुकड़े।	कोंडा	husk, bran.
भूस्खलन	पु.	पहाड़ों, चट्टानों आदि के ढलुएं पार्श्व से मिट्टी और पत्थर के बड़े-बड़े ढेरों का खिसककर नीचे आना या गिरना।	डोंगरांचे कडे, दगड-माती तुटून खाली पडणे	landslide.
भृंग	पु.	1. भौरा; 2. एक प्रकार का कीड़ा।	भृंगा; एक किड्यांचा प्रकार	large black bee; kind of wasp.
भृत्य	पु.	सेवक, नौकर।	सेवक, नोकर	servant, attendant.
भेंट	स्त्री.	1. मिलन, मुलाकात; 2. आदरपूर्वक उपहार या सौगात के रूप में दी जानेवाली वस्तु, नजर, उपहार।	मिळणी; नजराणा, पुरस्कार	meeting, interview, visit; gift, present.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भेंटना	स. क्रि.	गले लगकर मिलना।	मिठी मारणे	to meet, come in contact. (with), to embrace.
भेजना	स.क्रि	अन्य स्थान के लिए रवाना करना, पहुंचाए जाने का प्रबंध करना, प्रेषण करना।	पाठविणे, रवाना करणे	to send, to despatch, to transmit, to remit.
भेजा	पु.	खोपड़ी के अंदर का गूदा, मगज।	मेंदू	brain.
भेड़	स्त्री.	1. बकरी की जाति का एक चौपाया जो दूध, ऊन और मांस के लिए पाला जाता है;	मेंढी;	sheep, ewe;
		2. (ला०) बहुत ही सीधा-सादा और मूर्ख व्यक्ति।	(लाक्ष) बावळट माणूस	(fig.) simpleton.
भेड़ना	स.क्रि	1. भिड़ा देना, सटा देना;	भिडविणे, एकमेकालगत आणणे;	to close in, to enclose;
		2. (दरवाजा) बंद करना।	(दरवाजा) लावणे, बंद करणे	to shut, to close (the door).
भेड़िया	पु.	कुत्ते की जाति का एक हिंस्र पशु जो प्रायः भेड़-बकरियों का शिकार किया करता है, वृक।	लांडगा	wolf.
भेड़िया धसान	पु.	भेड़ों का सा अंधानुकरण।	गतानुगतिकपण, अंधानुकरण	mob-mentality, tendency of following blindly.
भेद	पु.	1. अंतर, फरक;	अंतर;	difference, distinction;
		2. प्रकार, तरह;	प्रकार, जात;	kind, sort, species, variety;
		3. छिपी हुई बात; रहस्य;	रहस्य;	secrecy, secret, mystery;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. छिपा हुआ तात्पर्य, मर्म;	गर्भितार्थ;	hidden meaning, implication;
		5. फूट।	फूट, बेबनाव	dissension, disunion.
भेदभाव	पु.	1. सबके प्रति समान व्यवहार न करके किसी के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार करना;	भेदभाव, पक्षपातीपणा;	partisanship, partiality;
		2. अंतर, फरक।	वेगळी वेगळी वागवणूक	discrimination, differentiation.
भेदिया (भेदी)	पु.	1. भेद या रहस्य को जाननेवाला;	गुप्त गोष्ट माहित असणारा माणूस;	one who knows the secret;
		2. गुप्तचर, जासूस।	हेर, गुप्तचर	spy, secret agent.
भेली	स्त्री.	गुड़ आदि की पिंडी।	(गुळाची) भेली	lump of gur.
भेषज	पु.	1. ओषधि, औषध, दवा;	औषध;	drug, medicine;
		2. उपचार, इलाज।	इलाज	remedy, cure.
भेस	पु.	1. वेशभूषा, पहनावा;	वेष, पोशाख;	dress, appearance, look;
		2. कृत्रिम रूप और पहनावा;	सोंग;	guise, garb;
		3. बाह्यरूप।	बाह्यरुप	feigned appearance, assumed likeness.
भैंगा	वि.	(व्यक्ति) जिसकी आंखों की पुतलियां कुछ टेढ़ी-तिरछी चलती हों अथवा एक पुतली देखते समय कुछ तिरछी हो जाती हो।	तिरळा	squint-eyed, cross-eyed.
भैंस	स्त्री.	1. गोजातीय एक मादा पशु जिसका दूध गाय के दूध से अधिक गाढ़ा और स्नेहयुक्त होता है, महिषी;	म्हैस;	she-buffalo;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. (ला०) बहुत स्थूलकाय स्त्री।	(लाक्ष) अति लठ्ठ	(fig.) very fat woman.
भैंसा	पु.	भैंस का नर, महिष।	रेडा	he-buffalo.
भैया	पु.	1. भाई, भ्राता; 2. बराबरवालों या छोटों के लिए संबोधन का शब्द।	भाऊ; बरोबरीच्याना किंवा आपल्याहून लहानाना वापरावयाचे संबोधन	brothei, mode of address for equals and youngsters.
भैयादूज (भाईदूज)	स्त्री.	कार्तिक शुक्ला द्वितीया।	भाऊबीज	Hindu festival falling on the second day of the bright fort-night of Kartik.
भोंकना	स.क्रि	1. शरीर में नुकीला अस्त्र घुसेड़ना; 2. किसी नरम पदार्थ में कोई कड़ी तथा नुकीली चीज एक बारगी धंसाना।	भोसकणे; शिरकविणे, खुपसणे	to stab, to stick; to thrust, to drive in, to pierce, to prick.
भोंडा	वि.	1. भद्दा, बदशक्ल; 2. अशिष्ट।	कुरुप, बेढब; अशिष्ट, असभ्य	frightful, ill-shaped, uncouth; indecent, crude.
भोंदू	वि.	बहुत ही सीधा-सादा और बेवकूफ, बुद्धू।	मूर्ख, बेअकली	a dullard, a booby, a simpleton.
भोंपू	पु.	1. फूंक कर बजाया जाने वाला एक ताल का पुरानी चाल का बाजा; 2. वह ऊंची तथा लंबी सीटी जो समय सूचित करने के लिए कल कारखाने बजाते हैं;	कर्णा, (तोंडाने फुंकून वाजवितात तो); भोंगा	a kind of musical instrument; siren;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. मोटरों आदि में शब्द करने के लिए दबाकर बजाया जाने वाला बाजा।	मोटर वर लावलेला फुग्याचा कर्णा	a horn.
भोग	पु.	1. सुख-दुख आदि का अनुभव;	संवेदनांचा अनुभव;	perception (of joy or sorrow);
		2. सुख;	मौज मजा;	enjoyment;
		3. दुख;	क्लेश, दु:ख;	suffering;
		4. संभोग;	संभोग, मैथुन:	sexual enjoyment, carnal intercourse;
		5. किसी पदार्थ का किया जानेवाला उपयोग या व्यवहार;	उपभोग, उपयोग:	use, application, utility;
		6. पाप-पुण्य का फल;	पाप-पुण्याचे फळ;	result of good or evil deeds;
		7. नैवेद्य;	देवाचा नैवेद्य	dressed food offered to an idol;
		8. सूर्य आदि की राशि-विशेष में गतिकाल।	ग्रहाचा भोग काल	time of influence of a particular planet.
भोगना	स.क्रि	1. सुखदुख का अनुभव करना;	भोगणे, आनंद-दु:ख इ अनुभवणे:	to experience pleasure or pain;
		2. सहना, भुगतना;	सहणे, सोसणे;	to suffer, undergo;
		3. आनंद उठाना;	आनंद लुटणे, मजा करणे;	to enjoy;
		4. संभोग करना।	संभोग करणे, मैथुनाचा आनंद घेणे	to derive sexual pleasure, to copulate.
भोगविलास	पु.	शारीरिक या इंद्रियजन्य सुखों का अधिक भोग, आमोदप्रमोद, ऐश।	भोगविलास, सुखचैन, ऐषआराम	sensual pleasure, amorous enjoyment.
भोगी	वि.	1. भोगने वाला;	भोग, भोगणारा;	enjoying, using;
		2. भोगविलास में रत, विषयासक्त।	विषयी, विषयासक्त	one given to carnal pleasure, voluptuous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भोग्य	वि.	1. जिसका भोग करना उचित हो, किया जाने को हो या किया जा रहा हो;	भोगण्याजोगा, भोगावयाचा, उपयोगता आणावयाचा;	enjoyable, to be enjoyed, to be used;
		2. जो भोगे अर्थात् झेले या सहे जाने को हो।	सहन करावयाचा-सोसावयाचा	to be endured or experienced.
भोज	पु.	किसी विशिष्ट अवसर पर निमंत्रित व्यक्तियों को एक साथ बैठाकर कराया जानेवाला भोजन, ज्योनार।	मेजवानी	banquet, feast.
भोजन	पु.	1. खाने की चीज, खाद्य;	जेवणाचे पदार्थ;	food, victuals, meal;
		2. भक्षण करना, खाना।	जेवणे, जेवण करण्याची क्रिया	enjoying, eating.
भोजन भट्ट	वि.	बहुत अधिक खानेवाला, पेटू।	खादाड, अधाशी	glutton, gourmand.
भोजनालय	पु.	1. पाकशाला, रसोई घर;	भोजनालय, पाकगृह, भोजनगृह;	kitchen, mess, dining hall;
		2. वह स्थान जहां मूल्य लेकर पका हुआ भोजन परोसकर खिलाया जाता है।	खाणावळ	restaurant, eating house.
भोजपत्र	पु.	1. ऊंचे पर्वतों पर होने वाला मझोले आकार का एक वृक्ष;	भूर्जवृक्ष (ऊंच पहाडावरचा);	birch tree;
		2. उक्त वृक्ष की छाल जो प्राचीन काल में ग्रंथादि लिखने के काम आती थी।	त्या वृक्षाचे पान किंवा साल (ज्यावर पूर्वी लिहीत असत) भूर्जपत्र	the leaf and the bark of the bhoj tree (used for writing on).
भोज्य	वि.	खाए जाने के योग्य, जो खाया जा सके, खाद्य।	भोज्य, खाण्यालायक	suitable or fit to be eaten.
	पु.	खाद्य पदार्थ।	खाद्य पदार्थ	eatable, edible, food.
भोर	पु.	रात बीतने और सूर्योदय होने से पहले का समय, तड़का, प्रभात, सवेरा।	प्रभात	break of day, dawn, early morning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भोला	वि.	1. छलकपट रहित;	साधा, सरळ, अकृत्रिम;	natural, simple, artless;
		2. लोक व्यवहार से अनभिज्ञ, सीधासादा, सरल;	निष्कपट, निरागस;	guileless, harmless, innocent;
		3. किसी की बात पर सहसा विश्वास कर लेने वाला;	भोळा, सहज विश्वास ठेवणारा;	simple minded;
		4. बुद्धू।	मूर्ख, निर्बुद्ध	silly, stupid, simpleton, gullible.
भोलापन	वि.	1. सिधाई;	भोळेपणा, सरळपणा, निष्पापपणा;	simplicity, artlessness, innocence;
		2. बुद्धूपन।	मूर्खपणा, बावळटपणा	silliness, stupidity.
भोलाभाला	वि.	सीधासादा, सरलहृदय, निष्कपट।	सरळ मनाचा, साधाभोळा, निष्कपट	artless, innocent, simple.
भौंकना (भूकना, भूंकना)	अ. क्रि.	1. कुत्ते का भौं-भौं शब्द करना;	भुंकणे;	to bark (as a dog);
		2. व्यर्थ बकना'	व्यर्थ बडबडणे, तोंडसुख घेणे	to talk nonsensically or foolishly.
भौंरा	पु.	1. एक काला परदार कीड़ा जो फूलों का प्रेमी माना जाता है, भ्रमर;	भुंगा;	a large black bee;
		2. लट्टू के आकार का एक प्रकार का खिलौना जिसमें लगी कील या छोटी डंडी में रस्सी लपेटकर उसे जमीन पर नचाते हैं।	भोवरा (खेळण्यातला)	a top.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भौंरी	स्त्री.	1. प्राय: पशुओं के शरीर पर होने वाला रोओं का मंडलाकार छोटा घेरा जो शुभाशुभ का सूचक माना जाता है;	पिसासारखे चक्राकार केस;	feathered hair;
		2. भांवर;	होमाभोवती वर-वधूंची प्रदक्षिणा;	circumambulation by the bride and bridegroom round the sacred fire in a marriage ceremony;
		3. भंवर।	भोवरा (पाण्यातला)	whirlpool.
भौंह (भौं)	स्त्री.	आंख के ऊपर की हड्डी पर धनुष के आकार में जमे हुए बाल, भृकुटी।	भुवई	eyebrow.
भौंचक	वि.	भय या आश्चर्य से हतबुद्धि, हक्का-बक्का, चकित, हैरान।	चकित, थक्क, स्तंभित	stunned, aghast, non-plussed, dumb-founded.
भौंचक्का	वि.	दे. 'भौंचक'।	"भौंचक" पाहा	see 'भौंचक.'
भौजाई	स्त्री.	बड़े भाई की पत्नी, भावज, भाभी।	भावजय (थोरल्या भावाची बायको)	elder brother's wife.
भौतिक	वि.	1. पंचभूतों से संबंधित;	पंचभूता संबंधीचा, पंचभूतांचा;	appertaining to the corporal elements, elemental;
		2. पंचभूतों या किसी एक भूत से बना हुआ;	मूलपदार्थाचा बनलेला;	made of matter;
		3. लौकिक, सांसारिक;	लौकिक, सांसारिक;	mundane, worldly, material;
		4. प्राकृतिक नियमों, सिद्धांतों आदि से संबंधित।	पदार्थविज्ञानाशी संबंधित	physical, material.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भौतिकवाद	पु.	वह दार्शनिक सिद्धांत जिसके अनुसार पंचभूतों से बना हुआ यह संसार ही वास्तविक और सत्य माना जाता है।	भौतिकवाद	materialism.
भौतिकी	स्त्री.	वह विज्ञान जिसमें अजैव सृष्टि विशेषतः ताप, प्रकाश, ध्वनि, आदि पदार्थों का वैज्ञानिक विवेचन होता है, भौतिक विज्ञान।	पदार्थविज्ञान	physics.
भौमवार	पु.	मंगलवार	मंगळवार	Tuesday.
भ्रंश	पु.	1 अधःपतन, नीचे गिरना, ह्रास;	पतन, ऱ्हास;	falling (from), falling off, declining;
		2. नाश, ध्वंस।	नाश	destruction, ruin.
भ्रम	पु.	1. मिथ्या ज्ञान, कुछ का कुछ समझना, धोखा;	मोह, माया विपरीत ज्ञान;	illusion, misconception;
		2. संदेह;	संशय;	doubt, suspicion, apprehension;
		3. चारों ओर घूमना।	सभोवार फिरणे, भोवती फिरणे	moving round, whirling.
भ्रमजाल	पु.	सांसारिक मोह का बंधन।	मायाजाल	illusion.
भ्रमण	पुं.	1. घूमना-फिरना, विचरण;	फिरणे फेरफटका;	moving, roaming about;
		2. यात्रा, देशाटन;	प्रवास, भ्रमंती;	excursion, travel;
		3. चक्कर।	भोवती फिरणे, चक्कर	going round.
भ्रमर	पु.	1. भौंरा, मधुप;	भुंगा;	a large black bee, the bumble bee;
		2. चंचल मन वाला व्यक्ति, लम्पट (ला०)।	चंचलमनाचा मनुष्य, लंपट मनुष्य	libertine.
भ्रष्ट	वि.	1. दूषित और निंदनीय, बुरे आचार-विचार वाला;	दुराचरणी, निंद्य आचरणाचा;	depressed, vicious, dissolute;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. (मार्ग) से च्युत, विचलित;	पतित, नीती सोडलेला;	fallen, degraded, debased;
		3. बिगड़ा हुआ;	बिघडलेला;	corrupt, spoilt;
		4. नष्ट।	नष्ट	decayed, ruined.
भ्रष्टाचार	पु.	1. वह बहुत बिगड़ी हुई स्थिति जिसमें अधिकारी और कर्मचारी विहित कर्तव्यों का पालन निष्ठापूर्वक, भलीभांति और समय पर नहीं करते प्रत्युत मनमाने ढंग से, उत्कोच आदि लेकर तथा अनुचित रूप से करते हैं, बेईमानी;	भ्रष्टाचार, दुराचार;	corruption, depravity;
		2. घूसखोरी।	लांचखोरी	bribery.
भ्रांत	वि.	1. भ्रम में पड़ा हुआ;	भ्रमिष्ट, भ्रम पडलेला;	perplexed, confused;
		2. भूला हुआ;	चुकलेला, मार्ग भ्रष्ट, स्खलित;	erred, gone astray, fallen into error;
		3. चक्कर खाता हुआ।	अस्वस्थ, अस्वस्थ होऊन फेऱ्या मारणारा	moving about, moving to and fro, wheeling.
भ्रांति	पु.	1. मिथ्या या अयथार्थ ज्ञान, भ्रम, धोखा;	भ्रम, विपरीत ज्ञान वा कल्पना;	delusion, wrong notion, false idea or impression;
		2. संदेह;	संशयितपणा, संदेहावस्था;	doubt, uncertainty, suspense;
		3. भूलचूक।	चूक, स्खलन	error, mistake.
भ्राता	पु.	सगा भाई, सहोदर।	भ्राता, बंधू, भाऊ	brother.
भ्रातृत्व	पु.	भाईचारा, भाईपन, भायप।	भ्रातृत्व, बंधुत्व, भाईबंदी, स्वकीयत्व	brotherhood, fraternity.
भ्रातृभाव	पु.	भाइयों में होने वाला परस्पर प्रेम।	भ्रातृभाव, बंधुभाव, आत्मीयता	brotherly or fraternal feeling, affection.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
भ्रामक	वि.	1. भ्रम में डालने वाला, भ्रमजनक; 2. संदेह उत्पन्न करनेवाला।	भ्रामक, भ्रम पाडणारा, फसव्या; संशयास्पद, संदेहात्मक	misleading, deceptive, false; causing doubt or suspicion.
भ्रूण	पु.	गर्भस्थ शिशु।	गर्भातील जीव, मूल	embryo, foetus.
भ्रूणहत्या	स्त्री.	गर्भपात द्वारा गर्भस्थ शिशु की हत्या करना।	भ्रूणहत्या, गर्भातील मुलाचा खून	abortion, foeticide.
भ्रू-भंग	पु.	रोष आदि प्रकट करने के लिए भौंहे चढ़ाना, भौं टेढ़ी करना।	भुवया चढण्याची वा चढविण्याची क्रिया	contraction of the eyebrow, angry look. frown.
मंगता	पु.	भिखमंगा, याचक।	भिकारी, भिक्षेकरी	beggar, mendicant.
मंगनी	स्त्री.	1. विवाह पक्का करने की रस्म; 2. काम हो जाने पर लौटा देने का वचन देकर किसी से मांगकर ली हुई वस्तु।	वाङ्निश्चय; उसनी आणलेली वस्तू	betrothal, engagement; a thing borrowed.
मंगल	वि.	कल्याणकारी, शुभ।	शुभ	auspicious, propitious, conferring happiness.
	पु.	1. कल्याण, भलाई, हित; 2. सौरमंडल का एक ग्रह जो पृथ्वी का पुत्र माना जाता है; 3. मंगलवार।	हित, कल्याण; मंगल ग्रह; मंगळवार	auspiciousness, welfare, well-being; name of the planet Mars; Tuesday.
मंगलकलश	पु.	शुभकार्यों में पूजा के लिए अथवा यों ही रखा जाने वाला जलपूर्ण घड़ा, मंगलघट।	मंगलकलश	pitcher of good omen placed in front of the deity on auspicious occasions.
मंगलकारी	वि.	कल्याणकारी, मंगलकारक।	मंगलकारी, शुभंकर	propitious, beneficial.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मंगलगान	पु.	विवाह आदि शुभ अवसरों पर गाए जाने वाले गीत, मंगलगीत।	शुभप्रसंगी गावयाची गीते	auspicious song.
मंगलपाठ	पु.	मंगलाचरण।	मंगल मंत्राचे पठन	benedictory verses recited on an auspicious occasion, benediction.
मंगलमय	वि.	जिससे सब प्रकार का मंगल ही होता हो, कल्याणमय।	सर्वांगीण मंगल	consisting of nothing but happiness, good, auspicious.
मंगलवार	पु.	सोमवार के बाद का दिन, भौमवार।	मंगळवार	Tuesday.
मंगलसूत्र	पु.	1. हल्दी में रंगा सूत जो विवाह के समय वर कन्या के हाथ में बांधता है;	वधु-वरांच्या हातात बांधले जाणारे हळदीत रंगविलेले सूत;	an auspicious string tied by the bridegroom during the marriage ceremony round the wrist of the bride;
		2. सधवा स्त्रियों द्वारा गले में पहना जाने वाला पवित्र सूत्र।	मंगळसूत्र	a string of beads (generally glass beads set in gold) worn round the neck by a married woman.
मंगलाचरण	पु.	1. शुभ कार्य के आरम्भ में मंगलकामना की की जानेवाली देवस्तुति आदि;	मंगलाचरण, काव्य रचनेच्या प्रारंभी मंगल कामना प्रकट करणारी प्रार्थना युक्त कविता;	an auspicious introduction in the form of a prayer (for the attainment of success) at the beginning of any

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
				work of composition, pronouncing a blessing;
		2. ग्रंथ के आरंभ में मंगल की कामना तथा उसकी निर्विघ्न समाप्ति के लिए लिखा जाने वाला पद्य।	कार्याच्या वा ग्रंथाच्या प्रारंभी देवताचे लिहिलेले जाणरे गीत	worship or salutation to deity at the commencement of an undertaking, or of a written work.
मंगलाचार	पु.	मंगलकृत्य से पहले होने वाला मंगलगान या ऐसा ही कोई और कार्य या शुभानुष्ठान।	"मंगलाचरण" पाहा	initial benedictory recitations or songs marking the commencement of a ceremony or festive occasion.
मंगली	वि.	(व्यक्ति) जिसकी जन्म कुंडली में चौथे, आठवें या बारहवें स्थान में मंगलग्रह पड़ा हो।	मंगळ असलेला, असलेली	born under the planet Mars.
मंगवाना	स. क्रि.	1. मांगने का काम दूसरे से करवाना;	मागविणे;	to cause to be sent for;
		2. किसी से यह कहना कि अमुक स्थान से अमुक वस्तु खरीद या मांग लाओ।	आणवून घेणे, आणण्यास सांगणे	to send for, to cause to be fetched, to get procured.
मंगाना	स.क्रि	दे. 'मंगवाना'।	"मंगवाना" पाहा	see 'मंगवाना'
मंगेतर	वि.	(युवक या युवती) जिसकी मंगनी हो चुकी हो।	मागणी घातलेला, –घातलेली, लग्न ठरलेला, –ठरलेली	betrothed, fiance or fiancee.
मंच	पु.	1. सभा-समितियों आदि में ऊंचा बना हुआ मडंप जिस पर बैठकर सर्वसाधारण के सामने	मंच, ऊंचावरची बैठक;	dias, stage, platform;

		किसी प्रकार का कार्य किया जाए;		
		2. मचान;	मचाण;	raised platform, scaffold;
		3. कुछ विशिष्ट प्रकार के कार्य-कलापों के लिए उपयुक्त क्षेत्र।	व्यासपीठ	platform, forum.
मंजन	पु.	दांत साफ करने का चूर्ण।	मंजन, दंतमंजन	tooth powder, dentifrice.
मंजना	अ. क्रि.	1. मांजा जाना, मांजकर साफ किया जाना;	घासले-पुसले-साफकेले जाणे;	to be rubbed or wiped or cleaned or polished;
		2. अभ्यास होना, अनुभव से दक्षता प्राप्त होना।	अनुभवाने तयार होणे	to be practised, to be experienced, to be seasoned.
मंजरी	स्त्री.	1. नया कल्ला, कोंपल;	पालवी;	shoot, sprout, sprig;
		2. कुछ विशिष्ट पौधों के सीके में लगे हुए बहुत से दानों का समूह।	फुलांचा पुंजका	a cluster of flowers or blossoms.
मंजाना (मंजवाना)	स. क्रि.	1. किसी को मांजने में प्रवृत्त करना;	घासायला लावणे, घासून घेणे;	to cause to rub or scour or clean;
		2. अच्छी तरह साफ कराना।	साफ करायला लावणे	to cause to be polished. etc.
मंजिल	स्त्री.	1. उतरने या ठहरने की जगह, पड़ाव, मुकाम;	मुक्काम टाकण्याची जागा;	a place for the accommodation of travellers, a caravan sarai;
		2. गन्तव्य;	पोचण्याचे ठिकाण;	destination;
		3. मकान की छत, खंड;	मजला;	storey;
		4. अवस्था, चरण।	ठप्पा, मजल	(fig.) stage.
मंजिष्ठा	स्त्री.	मंजीष्ठ नामक पेड़ और उसका फल।	मंजिष्ठा	madder.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मंजीर	पु.	1. नूपुर, घुंघरु; 2. मथानी का डंडा, बांधने का खंभा।	नुपुर (घुंगर); घुसळदोरी फिरते तो दांडा किंवा खांब	anklet; a post round which the string of the churning stick passes.
मंजीरा	पु.	कांसे, पीतल आदि की कटोरियों की जोड़ी जिसे ताल देने के लिए बजाते हैं।	मंजीरा, झांज	a kind of cymbal.
मंजु	वि.	सुंदर, मनोहर।	मनोहर, सुंदर	beautiful, lovely, charming.
मंजुल	वि.	सुंदर, मनोहर।	मनोहर, सुंदर	beautiful, charming, lovely.
मंजूर	वि.	स्वीकृत।	मंजूर, मान्य, स्वीकृत	approved of, accepted, sanctioned, granted.
मंजूरी	स्त्री.	स्वीकृति।	मंजूरी, मान्यता, स्वीकृती	approval, grant, sanction, acceptance.
मंजूषा	स्त्री.	1. छोटा पिटारा या डिब्बा, पिटारी, पेटी; 2. वह तश्तरी आदि जिसमें रखकर अभिनंदन-पत्र भेंट किया जाता है।	टोपली, छोटी पेटी, छोटा डबा; ज्यात अभिनंदन पत्र घालून देतात वे पात्र	basket; box, casket, chest.
मंझधार	स्त्री.	नदी के बीच की धारा।	मधला प्रवाह, जोराचा वाहणारा मध्य प्रवाह	mid-stream, mid-current.
मंझला (स्त्री. मंझली)	वि.	वय, स्थिति आदि के विचार से बीच का, दरमियाना।	मधला	mid, medium, middle.
मंझोला (स्त्री. मंझोली)	वि.	न बहुत बड़ा, न बहुत छोटा, आकार आदि के विचार से बीच का।	मध्यम आकाराचा	of medium size or dimension, middle, intermediate.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मंडन	पु.	1. शृंगार करना, सजाना;	सजावट, साजशृंगार;	the act of ornamenting or adorning, bedecking oneself;
		2. आभूषण;	अलंकार;	ornament, embellishment, jewels;
		3. युक्ति आदि देकर किसी कथन या सिद्धान्त का पुष्टिकरण।	योग्य ते युक्तीवाद देऊन समर्थन	corroboration, support through argumentation.
मंडप	पु.	1. छाया हुआ पर चारों ओर से खुला हुआ बैठने का स्थान, बारहदरी;	वर आच्छादन असलेले पण बाजूनी मोकळे असे आवार;	an open hall;
		2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए ऊपर से छाया हुआ स्थान, मंडवा;	वर छत घालून तात्पुरता बनविलेला दिवाणखाना;	a temporary hall erected on ceremonial occasions;
		3. कुंज;	लतांनी आच्छादलेला कुंज;	an arbour, a bower;
		4. चंदोवा, शामियाना;	तंबू, शामियाना;	a tent, pavilion, canopy for ceremonial purposes;
		5. देवमंदिर का ऊपर का छाया हुआ गोलाकार अंश या भाग।	देवतेच्या गाभाऱ्या पुढचा भक्तांचा जमण्याचा भाग	a building consecrated to a deity, temple.
मंडराना	अ.क्रि	1. मंडलाकार चक्कर देते हुए उड़ना;	गोलाकार फिरत उडणे;	to fly round, to hover (as birds);
		2. लोभ या स्वार्थवश किसी के आस-पास चक्कर लगाते या घूमते रहना;	आसपास-आवती भोवती फिरत राहणे, घिरट्या घालणे;	to hover or hang around (as persons
		3. घेरा बांधकर छा जाना।	ढग जमून येणे	to gather thick (as clouds).
मंडल	पु.	1. गोल घेरा, वृत्त;	वर्तुळ, गोल, घेरा;	circle, ring, coil;
		2. गोलाकार आकृति, रचना या वस्तु;	गोल आकृती, चक्र;	wheel, disc;.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. सूर्य, चंद्र आदि के चारों ओर पड़ने वाली छाया का घेरा;	खळे, (सूर्य-चंद्रांच्या भोवती पडणारे);	a halo (round the sun or moon);
		4. सूर्य, चंद्र का बिम्ब;	सूर्याचा व चंद्राचा घेरा;	disk of the sun or moon;
		5. किसी विशिष्ट दृष्टि से एक माना जाने वाला भूभाग या क्षेत्र, अंचल;	एक भूभाग प्रदेश;	a region, country, territory, zone;
		6. कुछ विशिष्ट प्रकार के लोगों का समाज, समूह या वर्ग;	मंडळ, एक स्वरुपाचा समाज;	company, assembly, association;
		7. ग्रहों का गतिपथ, कक्षा।	कक्षा (ग्रहाची)	orbit (of a planet etc.).
मंडलाकार	वि.	मंडल के आकार का, गोलाकार।	गोलाकार, वर्तुळाकार	round, circular, spherical.
मंडली	स्त्री.	1. मनुष्यों की गोष्ठी या समाज;	मंडळी, मंडळ, संस्था, समाज;	team, party, association;
		2. जीव-जंतुओं का झुंड या दल;	जत्था, कळप;	flock;
		3. एक ही विचार या उद्देश्य वाले या एक ही तरह का काम करने वाले लोगों का दल या समूह।	भजनी मंडळ, गायक मंडळ	company (of singers), gang, circle, band.
मंडवा	पु.	1. किसी विशिष्ट कार्य के लिए छाकर बनाया हुआ स्थान, मंडप;	मांडव;	a temporary building or shed;
		2. शामियाना।	तंबू, शामियाना	tent, pavilion, canopy.
मंडित	वि.	1. सजाया हुआ, विभूषित;	सजविलेला, भूषविलेला;	adorned, ornamented, decorated;
		2. भरा हुआ या पूरी तरह से युक्त किया हुआ, पूरित।	समर्थित, समर्थन केलेला	corroborated, supported.

मंडूक	पुं.	**मेंढक।**	बेडूक	**frog.**
मंतव्य	पुं.	**स्थिर किया हुआ विचार, मत।**	मनातला विचार, हेतु, मत	**intention, object, view.**
मंत्र	पुं.	**1. वह शब्द या शब्द-समूह जिससे किसी देवता की सिद्धि या अलौकिक शक्ति प्राप्त होती हो;**	मंत्र (सिद्धी वा अलौकिक शक्ती देणारा);	**incantation, charm, spell;**
		2. कार्यसिद्धि का गुर, ढंग या नीति;	गुरुकिल्ली, कार्यसाफल्याची युक्ती;	**means, contrivance;**
		3. वेद का संहिता-पाठ।	वेदातील ऋचा, वेदसंहिता	**a passage of the Vedas, a Vedic hymn.**
मंत्रणा	स्त्री.	**1. किसी महत्वपूर्ण विषय पर आपस में होने वाली बातचीत, विचार-विमर्श;**	सल्ला मसलत, विचार विनिमय;	**consultation, deliberation;**
		2. परामर्श, सलाह।	सल्ला	**advice, counsel.**
मंत्र-तंत्र	पुं.	**वे मंत्र जो कुछ विशिष्ट प्रकार की क्रियाओं के साथ जादू-टोने के रूप में किसी अभीष्ट की सिद्धि के लिए पढ़े जाते हैं।**	मंत्रतंत्र	**sorcery, witchcraft, hocus-pocus.**
मंत्रालय	पुं.	**1. शासन में कर्मचारियों का वह विभाग जो किसी मंत्री के निर्देशन में काम करता हो;**	मंत्रालय, मंत्र्याचे कार्यालय;	**the office headed by a minister;**
		2. शासन के किसी मंत्री तथा उसके विभाग का कार्यालय।	मंत्रीविभाग	**ministry.**

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मंत्रि-परिषद	स्त्री.	किसी राज्य, संस्था आदि के मंत्रियों का समूह या समाहार।	मंत्रिपरिषद	a council of ministers.
मंत्रि-मंडल	पु.	किसी राज्य के मंत्रियों का मंडल, वर्ग या समूह।	मंत्रिमंडळ	cabinet of ministers.
मंत्री	पु.	1. राज्य के किसी विभाग या किसी संस्था का वह प्रधान अधिकारी जिसके आदेश और परामर्श से उस विभाग या संस्था का कार्य संचालन होता है;	एक शासकीय विभागाचा प्रमुख;	minister;
		2. राजा का वह प्रधान अधिकारी जो उसे राजकार्यों के संबंध में परामर्श देता और राजकार्यों का संचालन करता हो;	सल्लागार;	adviser, counsellor;
		3. किसी संस्था या संगठन का सचिव।	कार्यवाह, चिटणीस	secretary.
मंथन	पु.	1. वह क्रिया जिससे दही को मथानी द्वारा चलाकर मक्खन निकाला जाता है, मथना, विलोना;	घुसळण;	churning, agitating, stirring or shaking about;
		2. तत्वबोध के लिए किसी विषय को बार-बार पढ़ना, सोचना, उसकी छानबीन करना।	विचार मंथन	deep pondering over something (for acquisition of knowledge) etc.
मंथनी	स्त्री.	दही रखने का बरतन, मटकी।	घुसळण्याचे दही ठेवलेले पात्र	a churning vessel.
मंथर	वि.	धीमा, मंद, सुस्त।	मंद	slow, tardy, lazy.
मंद	वि.	1. धीमा;	धीमा, अतिशय कमी वेग असणारा;	slow, tardy;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. हलका;	हलका (आवाज इ.);	dim, faint (as light or sound etc.), low, hollow, soft, (sound or voice);
		3. सुस्त;	सुस्त, जड;	inactive, sluggish, dull;
		4. दुर्बल;	दुबळा, अशक्त;	slack, weak;
		5. अल्प, थोड़ा।	क्षुद्र, अल्प	slight, trifling, little.
मंदबुद्धि	त्रि.	मोटी अक्ल वाला, अल्पबुद्धि।	जडबुद्धीचा, मठ्ठ, बथ्थड	dull-witted, silly, foolish, stupid.
मंदा	वि.	1. जिसकी मांग कम हो, नीचे भाव पर बिकने वाला (सौदा);	मंदी आलेला, मंदीत चाललेला (सौदा);	slack,cheap;
		2. मंद, धीमा।	धीमा, सुस्त	slow, tardy.
मंदाग्नि	स्त्री.	पाचन-शक्ति के दुर्बल हो जाने का रोग।	दुर्बल पचनशक्तीचा रोग	slowness of digestion.
मंदार	पु.	1. आक, मदार;	मंदार वृक्ष, अर्काचे झाड, रुईचे वा धनुष्याचे झाड;	swallow-host, Asclepias, gigantea;
		2. स्वर्ग के पांच वृक्षों में से एक देव वृक्ष;	नंदनवनातील पंचवृक्षांपैकी एक;	one of the five trees in India's paradise, the coral tree;
		3. मंदारपुष्प।	मंदाराचे फूल	a flower of the coral tree.
मंदिर	पु.	1. देवालय;	मंदिर, देवालय;	temple;
		2. किसी विशिष्ट शुभ कार्य के लिए बना हुआ भवन।	राजभवन, मोठावाडा	palace, mansion.
मंदी	स्त्री.	1. मंद होने की अवस्था या भाव;	मंदता, जडता, सुस्ती;	slowness, tardiness;
		2. बाजार की वह स्थिति जिसमें चीजों का भाव उतर रहा हो, सस्ती;	बाजारातील मंदी, भावखाली असण्याची स्थिती;	fall in prices, depression in price;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. बाजार की वह स्थिति जिसमें चीजें कम बिकती हों या रोजगार कम चलता हो।	विक्री कमी होण्याची स्थिती	slump in market.
मंद्र	पुं.	1. गंभीर ध्वनि, जोर का शब्द; 2. संगीत के तीन स्वर सप्तकों में से पहला।	खालचा स्वर, गूढ गंभीर स्वर, हलका स्वर; मंद्रसप्तकातला स्वर	deep sound, low tone, the first note in the diatonic scale, lower octave.
	वि.	गंभीर।	गंभीर, घुमणारा–खोल	low, deep, grave,
मंशा	स्त्री.	1. इच्छा, इरादा;	मनीषा, इरादा;	motive, purpose, object, intention;
		2. अभिप्राय, उद्देश्य।	हेतू, उद्देश	purport, tenor.
मंसूख	वि.	रद्द किया हुआ (आदेश, निश्चय आदि)।	रद्द केलेला, मागे घेतला गेलेला	cancelled, rescinded, repealed.
मंसूखी	स्त्री.	रद्द किए जाने की क्रिया, दशा या भाव।	रद्दकरण्याची, मागे घेण्याची क्रिया	cancellation, rescission.
मंसूबा (मनसूबा)	पुं.	1. कोई काम करने से पहले मन में सोची जानेवाली युक्ति, जोड़-तोड़;	मनात योजलेला विचार, मनसुबा;	contrivance, plan, design;
		2. इरादा, विचार;	इरादा, हेतू;	intention, will, desire;
		3. तजवीज, योजना।	योजना	project, scheme.
मकई	स्त्री.	मक्का।	मका, मकई	maize.
मकड़ी	स्त्री.	एक प्रसिद्ध कीड़ा जो अपने मुंह में से निकाले हुए एक तरह के लसीले पदार्थ से चक्राकार जाल बुनता है और उसमें फंसी हुई मक्खियों आदि को खाता है।	कोळी, कोष्टी (किडा –जाळे विणणारा)	spider.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मकबरा	पु.	कब्र पर बनी हुई इमारत या गुंबद।	कबर, थडगे, थडग्यावर बांधलेली घुमटाकार इमारत	tomb, mausoleum.
मकरंद	पु.	1. फूलों का रस;	मध, मधु (फुलातील रस);	the juice or nectar or honey of flowers;
		2. फूलों का केसर।	पराग	filament (esp. of the lotus flower.).
मकर	पु.	1. मगर, घड़ियाल;	मगर, सुसर;	crocodile;
		2. बारह राशियों में दसवीं राशि।	मकर रास	name of the tenth sign of the Zodiac, the sign capricorn.
मकर-संक्रान्ति	स्त्री.	वह समय जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है।	मकर संक्रांति, संक्रांतीचा सण	the day when the sun enters the mansion capricornus.
मकसद	पु.	1. उद्देश्य;	उद्देश;	intention, motive, object;
		2. मनोरथ;	इच्छा;	desire, wish;
		3. अभिप्राय।	उद्दिष्ट, ध्येय	intended sense (of), meaning, purport.
मकान	पु.	1. घर, गृह;	घर;	house, home;
		2. रहने की जगह, निवास स्थान;	निवासस्थान;	residence, dwelling;
		3. मूल निवास स्थान।	मूळ राहण्याचे ठिकाण	home town.
मकोय	स्त्री.	एक क्षुप जिसके फल, पत्ते आदि दवा के काम आते हैं तथा इसका फल, रसभरी।	कांगुणासारखे औषधी फळ, त्याचा तयार काढा (सार्सापरीला)	the medicinal plant solanum rubrum and its fruit sarsa parilla
मक्का (मक्की)		एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी बालों में से दाने निकलते हैं, मकई।	मका	Indian corn, maize.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मक्कार	वि.	1. छली, कपटी;	कपटी, फसव्या;	deceitful, cunning, crafty;
		2. दूसरों को धोखा देने के लिए अपनी हीन स्थिति बनानेवाला।	ढोंगी	hypocrite.
मक्कारी	स्त्री.	1. कपट, धोखेबाजी, छल;	फसवेगिरी, टगेगिरी, कपटीपणा;	deceitfulness, cunningness, craftiness;
		2. मक्कार होने की अवस्था या भाव।	भोंदूगिरी, ढोंग	hypocrisy.
मक्खन	पु.	दूध या दही की चिकनाई जो मथने से निकलती है, नवनीत।	लोणी	butter.
मक्खी	स्त्री.	1. सर्वत्र पाया जानेवाला एक परदार कीड़ा मक्षिका;	माशी;	fly;
		2. मधुमक्खी;	मधमाशी;	honey-bee,
		3. बंदूक के अगले भाग में वह उभरा हुआ अंश जिसकी सहायता से निशाना साधा जाता है।	बंदूकीचा नेम धरण्याचा पुढचा भाग	the sight (of a gun).
मक्खीचूस	पु.,वि	बहुत बड़ा कंजूस (घी आदि में पड़ी मक्खी तक को चूस लेनेवाला व्यक्ति)।	अति कंजूष	miserly, niggardly.
मक्खीमार	पु.	1. मक्खियां उड़ाने की एक प्रकार की छड़ी जिसके सिर पर चमड़ा लगा रहता है;	माशा मारण्याची एक प्रकारची, छडी;	fly killing device;
		2. घृणित या आलसी व्यक्ति।	माशा मारीत बसणारा–आळशी–माणूस	idle, slothful, filthy.
मखमल	स्त्री.	एक तरह का बढ़िया रेशमी कपड़ा जो ऊपर की ओर बहुत नरम और रोएंदार होता है।	मखमल	velvet.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मखमली	वि.	1. मखमल का बना हुआ; 2. मखमल की तरह (कोमल)।	मखमलीचा; मऊ, कोमल	of velvet, velvety; soft, delicate.
मखाना	पु.	तालमखाना।	मकाणा, कमळाच्या बियांच्या लाहया	a kind of dry fruit (prepared by parching lotus-seeds).
मखौल	पु.	ऐसी मजेदार तथा व्यंग्यपूर्ण बात जो प्राय: किसी को हास्यास्पद बनाने के लिए कही जाती है, मजाक, ठट्ठा।	टर, चेष्टा, मस्करी	mockery, joke, jest.
मखौलिया	पु.	मखौल करनेवाला व्यक्ति।	मसकऱ्या	jester.
मगज	पु.	1. दिमाग, मस्तिष्क; 2. गूदा, गिरी; 3. सारभाग।	मेंदू; मगज, गीर; सार, अंश, गाभा	brain, intellect; kernel, pulp, the chief substance or essence (of any thing), pith.
मगजपच्ची	स्त्री.	सिर खपाना, माथापच्ची।	माथेफोड	mental over-exertion, racking of the brains.
मगजी	स्त्री.	कपड़े के किनारे पर लगाई जानेवाली गोट।	किनारीला लावण्याचा गोट	border, hem.
मगन	वि.	1. अति प्रसन्न, आनंदित; 2. तल्लीन; 3. रीझा हुआ।	प्रसन्न, आनंदित; मग्न, तल्लीन; आसक्त, मोहित	delighted, charmed, glad, happy; immersed, absorbed (in), deeply engaged (in); deeply in love (with), enamoured (of).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मगर	पु.	घड़ियाल।	मगर	crocodile.
	अव्य.	परंतु, लेकिन।	पण, परंतु, तथापी	but, however.
मगरमच्छ	पु.	घड़ियाल।	सुसर	crocodile.
मग्न	वि.	1. डूबा हुआ;	मग्न, बुडलेला;	drowned (in), sunk (in);
		2. तन्मय;	गुंतलेला, तन्मय झालेला;	busy, absorbed (in), immersed;
		3. खूब प्रसन्न।	अतिशय प्रसन्न, आनंद पावलेला	delighted, charmed, glad, happy.
मचकना	अ.क्रि	1. मच-मच शब्द उत्पन्न होना; 2. लचकना।	दबण्याने मच मच किंवा "कच कच" शब्द होणे (पलंग इ. चा); दबले जाणे	to creak (as a bedstead, etc.,); to bend (under pressure).
	स.क्रि.	मचमच शब्द उत्पन्न करना, मचकाना।	"कचकच" आवाज करणे	to make a creaking sound.
मचकाना	स.क्रि.	1. मचमच शब्द उत्पन्न करना; 2. लचकाना, हिलाना।	दबण्याचा "कच कच" आवाज करायला लावणे; वाकविणे, लचकविणे	to make a creaking sound; to shake, to bend.
मचना	अ.क्रि.	1. जोरों से या धूमधाम से आरंभ होना; 2. चारों ओर फैलना, छा जाना।	मोठ्या जोरात आरंभ होणे; माजणे, खूप पसरणे	to be caused, to be occasioned; to be raised up, to be stirred up.
मचलना	अ.क्रि.	प्रायः बच्चों का किसी चीज को पाने या न देने के लिए हठ करना।	हट्ट धरणे, अडून बसणे, रडारड करणे	to be wayward, to be refractory, to insist.
मचली	स्त्री.	मतली, वमन की प्रवृत्ति।	ओकारी, मळमळ	nausea, a tendency towards vomitting.
मचवाना	स.क्रि.	1. आरम्भ कराना;	सुरू करायला लावणे;	to cause to start, begin;
		2. चारों ओर फैलाने या फैलने में प्रवृत्त करना।	उठवायला किंवा माजवायला लावणे (दंगल इ.)	to cause to be raised or stirred up.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मचान	पु.	बांसों, लट्ठों आदि के सहारे बनाया हुआ वह ऊंचा आसन जिस पर बैठकर शिकारी शिकार खेलते या किसान खेतों की रखवाली करते हैं।	मचाण	a raised platform.
मचाना	स.क्रि.	1. आरंभ करना, जारी करना;	सुरू करणे;	to cause, make, produce;
		2. चारों ओर फैलाना।	माजविणे, उडवून देणे (दंगल इ.)	to raise up, stir up, set up.
मचिया	स्त्री.	छोटी चौकोर चोकी जो खाट की तरह सुतली आदि से बुनी जाती है।	छोटासा माचा	a small bed, a stool.
मच्छर	पु.	एक उड़नेवाला कीड़ा जो आमतौर से बरसात में पैदा होता है तथा आदमियों और जानवरों का खून चूसता है।	मच्छर, डांस	mosquito.
मच्छरदानी	स्त्री.	मच्छरों से बचने के लिए लगाया जानेवाला जालीदार परदा।	मच्छरदाणी	mosquito-net.
मछली	स्त्री.	1. एक प्रकार का प्रधान जलजीव जिसके फेफड़े नहीं होते और वह गलफड़े से स्वांस लेता है;	मासा, मासळी;	fish;
		2. मछली के आकार का लटकन;	माशाच्या आकाराचा डूल;	ear-ring made in the form of a fish;
		3. पुष्ट बाहों में दिखाई पड़नेवाला मांस पेशियों का उभार।	स्नायूची गांठ, भरदारपणा	muscle or tendon.
मछुआ	पु.	मछलियां पकड़ने का पेशा करनेवाला व्यक्ति।	मच्छीमार, कोळी	fisherman.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मजदूर (मजूर)	पु.	1. भाड़े या मजदूरी पर शारीरिक परिश्रम संबंधी कार्य करनेवाला व्यक्ति;	मजूर, गडी;	hired labourer;
		2. शारीरिक परिश्रम द्वारा जीविका कमाने-वाला कोई व्यक्ति।	कामगार	worker, work-man.
मजदूरी (मजूरी)	स्त्री.	1. मजदूर का काम;	मजूरीचे—शरीर कष्टाचे —काम;	bodily labour, work;
		2. भाड़े या वेतन के रूप में मजदूर को दिया जानेवाला धन।	त्या कामाचे दाम, रोजी वेतन	wages, remuneration.
मजनूं	पु.	1. पागलों की तरह आचरण करनेवाला प्रेमी, आशिक;	प्रेमवेडा;	love-lorn, mad in love;
		2. पागल, विक्षिप्त, दीवाना व्यक्ति;	विक्षिप्त, चक्रम, पागल मनुष्य;	demoniac, maniac, a fanatic;
		3. बहुत दुबला-पतला;	अतिशय लुकडा—अशक्त मनुष्य;	a very thin and weak person;
		4. अरब देश का एक प्रसिद्ध प्रेमी जिसका वास्तविक नाम कैस था और जो लैला के प्रेम में पागल हो गया था।	लैलेच्या मागे प्रेमाने वेडा झालेला एक प्रसिद्ध अरबी प्रेमी	a famous lover of Arabia who was mad after Laila.
मजबूत	वि.	1. दृढ़, पुख्ता, पक्का;	पक्का, बळकट, मजबूत;	firm, fixed, fast;
		2. टिकाऊ;	टिकाऊ;	durable, lasting;
		3. हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा, शक्तिशाली।	तगडा, धष्टपुष्ट	strong, sturdy.
मजबूती	स्त्री.	1. दृढ़ता, पक्कापन;	मजबूती, पक्केपणा;	firmness, solidity;
		2. ताकत, सबलता, साहस;	बळकटी;	strength;
		3. टिकाऊपन।	टिकाऊपणा	durability.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मजबूर	वि.	बाध्य, विवश, लाचार।	लाचार, विवश, काही न चालणारा असहाय	compelled, helpless.
मजबूरन	क्रि. वि.	मजबूर होने या किए जाने पर, विवशतापूर्वक, लाचारी से।	नाइलाजास्तव, लाचार होऊन, जबरदस्तीने	compulsorily, having no alternative, under pressure.
मजबूरी	स्त्री.	विवशता, लाचारी।	लाचारी, जबरदस्ती, नाइलाज	compulsion, helplessness.
मजमा	पु.	भीड़भाड़, जमाव, (तमाशबीनों का) समूह।	गर्दी, दाटी, जमाव	crowd, gathering, assembly.
मजमून	पु.	1. लेख, कथन या विचार आदि का विषय;	विषय;	subject, topic;
		2. लेख, निबंध।	लेख, निबंध	article, essay.
मजलिस	स्त्री.	1. किसी विशेष उद्देश्य से एक साथ बैठे हुए बहुत से लोगों का समाज;	सभा, बैठक;	assembly, congregation, meeting;
		2. परिषद्, सम्मेलन।	मैफल, परिषद, संमेलन	convention, congress, council, conference.
मजहब	पु.	1. धार्मिक संप्रदाय, पंथ, मत;	धार्मिक पंथ, संप्रदाय;	belief, creed;
		2. धर्म।	धर्म	religion.
मजहबी	वि.	1. मर्जहब या संप्रदाय-विशेष से संबंधित;	संप्रदाय विषयक, संप्रदायिक;	of or relating to a religion or sect;
		2. धार्मिक।	धार्मिक	religious.
मजा	पु.	1. सुख, आनंद, लुत्फ;	मजा, मौज, आनंद;	joy, delight, pleasure;
		2. स्वाद, रस, जायका;	उपभोग, रुची, चव, स्वाद;	taste, savour, relish;
		3. हंसी-ठट्ठा, परिहास;	थट्टा, मस्करी;	jest, joke;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. सजा, कर्मफल (ला०)।	व्यंग, आपल्याच कर्माची फळे	(fig.) result of one's own deeds, punishment.
मजाक	पु.	परिहास, हंसी, दिल्लगी।	थट्टा, मस्करी, टर	joke, jest, fun.
मजाकिया	वि.	1. मजाक या परिहास से संबंध रखनेवाला;	विनोदी, हास्यप्रद, मजेदार;	humorous, witty;
		2. जो बहुत अधिक या प्रायः मजाक करता रहता हो, ठिठोलिया।	थट्टेखोर, गमत्या	wag, jester, witty or humorous man.
मजार	पु.	विशेषतः किसी पीर, फकीर या महापुरुष की कब्र।	फकीराचे–साधूचे–महात्म्याचे थडगे	tomb, grave.
मजाल	स्त्री.	1. शक्ति, सामथ्र्य;	विशाद, शक्ती, ताकद;	strength, power;
		2. दुस्साहस, धृष्टता।	धृष्टता, दुस्साहस	cheek, audacity.
मजीठ	स्त्री.	एक लता जिसके छोटे गोल फलों से लाल रंग तैयार किया जाता है।	मजिष्ठ	the drug Rubia manjith, the root of which yields a dye.
मजीरा	पु.	दे. 'मंजीरा'।	''मजीरा'' पाहा	see 'मंजीरा'.
मजेदार	वि.	1. स्वादिष्ट;	स्वादिष्ट, रुचकर, चमचमीत;	tasty, savouring, delicious;
		2. आनंददायक, सुखद।	सुखद, आनंददायक	enjoyable, pleasant.
मज्जा	स्त्री.	1. नली की हड्डी के भीतर का गूदा जो कोमल और चिकना होता है;	हाडाच्या नळीतील मज्जा, –मगज;	the marrow of the bones and flesh;
		2. पेड़-पौधों का सारभाग।	झाडांच्या आतील मगज;	the pith of plants.
मटक	स्त्री.	मटकने की क्रिया, ढंग, मुद्रा या भाव, नखरे का भाव।	नखरा, ठुमका	strut, coquetry, mincing gait.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मटकना	अ.क्रि.	चलते या बातें करते समय हाथ, आंख, भौं आदि को नाज-नखरे की अदा से हिलाना, इठलाना।	अंगविक्षेप–हावभाव–नखरे करीत बोलणे चालणे	to show off by gestures, to strut, to swagger.
मटका (मटकी-स्त्री.)	पु.	मिट्टी का बड़े मुंह का घड़ा, माट।	मडके, माठ, डेरा	large earthen jar or pot, pitcher.
मटमैला	वि.	मिट्टी के रंग का, खाकी।	मळकट, मातकट, खाकी	dusty, dust coloured.
मटर	पु.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी फलियों में गोल दाने रहते हैं, उक्त पौधे की फली या दाल।	मटार	pea.
मटरगश्ती	स्त्री.	1. धीरे-धीरे घूमना, टहलना; 2. निश्चिंत होकर प्रसन्नतापूर्वक व्यर्थ इधर-उधर घूमना, आवारा फिरना।	सहल, फेरफटका; भटकंती, मजेत फिरणे	stroll, promenade, rambling; vagrancy, vagabondage.
मटियाना	स.क्रि.	1. किसी चीज पर मिट्टी लगाना, मिट्टी से युक्त करना; 2. (बरतन, हाथ आदि) मिट्टी मलकर धोना।	मातीने लिंपणे,–सारवणे; मातीने घासणे	to plaster or smear with mud; to rub or scrub with earth or mud.
मटियामेट (मलियामेट)	वि.	मिट्टी में मिला हुआ, नष्ट।	धुळीस मिळालेला, जमीनदोस्त झालेला	destroyed, ruined, razed.
मटियाला	वि.	मटमैला।	धुळकट, मातकट, मळकट	dusty, dust-coloured.
मटीला	वि.	दे. 'मटमैला'।	''मटमैला'' पाहा	see 'मटमैला'.
मट्टी	स्त्री.	देखिए 'मिट्टी'।	''मिट्टी'' पाहा	see 'मिट्टी'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मट्ठा (मठा)	पु.	पानी मिलाकर मथा हुआ दही जिसमें से मक्खन निकाल लिया गया हो, तक्र, छाछ।	लोणी काढून घेतर ने ताक	butter-milk.
मठ	पु.	1. साधु-संन्यासियों के रहने का स्थान या मकान;	मठ;	monastery.
		2. देवालय, मंदिर।	देवालय	temple, pagoda.
मठरी (मट्ठी)	स्त्री.	मैदे की बनी एक तरह की नमकीन टिकिया।	मैद्याची लहानशी खमंग पुरी	small fried saltish cake.
मठाधीश	पु.	मठ में रहनेवाले साधुओं का प्रधान, महंत।	मठपती	head of a monastery, abbot.
मड़ैया	स्त्री.	मड़ई, झोंपड़ी।	झोपडी, खोपटे	small hut, hovel.
मढ़ना	स.क्रि.	1. कोई चीज किसी दूसरी चीज पर चिपकाना, जड़ना, लगाना या सटाना;	चिकटविणे, जडविणे, मढविणे, थापणे;	to gild, to frame, to mount;
		2. थोपना (काम);	माथी मारणे, गळ्यात घालणे (काम इ.);	to impose, to saddle (with work etc.);
		3. आरोपित करना (दोष)।	दोषारोप करणे	to impute.
मढ़वाना	स.क्रि.	मढ़ने का काम दूसरे से कराना।	मढवून, जडवून–घेणे	to cause to be mounted, framed or gilded.
मढ़ाई	स्त्री.	मढ़ने का काम या मढ़ने की मजदूरी।	मढविण्याचे काम किंवा त्याची मजूरी	the act of or wages paid for mounting.
मणि	स्त्री.	1. बहुमूल्य और कांतियुक्त पत्थर, रत्न, जवाहर;	मणी, रत्न;	precious stone, gem, jewel;
		2. किसी वर्ग का कोई सर्वश्रेष्ठ पदार्थ या व्यक्ति;	वस्तुसमुदयातील उत्कृष्ट वस्तू;	anything best of its kind;
		3. कलाई, मणिबंध।	मनगट	the wrist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मत	पुं.	1. चुनाव में या प्रस्ताव के पक्ष-विपक्ष में निर्धारित विधि से प्रकट की गई राय या दिया गया समर्थन;	मत;	vote;
		2. राय, सम्मति;	मान्यता, संमती, होकार;	opinion, judgement, belief;
		3. विचार;	अभिप्राय;	thought, idea;
		4. सिद्धांत;	सिद्धांत;	doctrine, tenet;
		5. संप्रदाय, पंथ।	पंथ, संप्रदाय	sect, faith, creed.
	अव्य.	न, नहीं।	नको, नकाराज्ञा	don't.
मतगणना	स्त्री.	1. मतों की गणना;	मतमोजणी;	counting of votes;
		2. मतपत्रों की गणना।	मतपत्रांची मोजणी	counting of ballot papers.
मतदाता	पुं.	जिसे मत देने का अधिकार हो, मत देनेवाला।	मतदाता	voter.
मतदान	पुं.	चुनाव में या किसी प्रस्ताव आदि के पक्ष-विपक्ष में अपना मत देने की क्रिया।	मतदान	poll, polling, voting, casting of votes.
मतदान-केंद्र	पुं.	वह स्थान जहां निर्वाचन के समय मतदाता आकर अपना मत देते हैं।	मतदान केंद्र	polling station, polling booth.
मतपत्र	पुं.	वह परची या पत्र जिस पर किसी विशेष उम्मीदवार या पक्ष के समर्थन में चिह्न आदि बनाकर उसे मतदान-केन्द्र में डाला जाता है।	माताची खूण करण्याचा कागद	ballot, ballot paper.
मतभेद	पुं.	मत की भिन्नता, राय या विचार का न मिलना।	मतभेद	difference of opinion, dissension, disagreement.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मतलब	पुं.	1. आशय, अभिप्राय;	मतलब, इच्छित, उद्दिष्ट;	aim, purpose, motive,
		2. अर्थ, माने;	अर्थ, आशय;	meaning;
		3. स्वार्थ;	स्वार्थ;	self-interest;
		4. संबंध, वास्ता।	संबंध	concern.
मतलबी	वि.	स्वार्थपरायण, स्वार्थी।	स्वार्थी, स्वार्थपरायण	selfish, self-seeking, self-concerned.
मतलाना (मिचलाना)	अ. क्रि.	मिचली या उलटी आना।	मळमळणे	to nauseate, to feel like vomitting.
मतली	स्त्री.	दे. 'मिचली'।	मळमळ, मळमळण्याची क्रिया	nausea, inclination to vomit.
मतवाला	वि.	1. नशे आदि के कारण मस्त, नशे में चूर;	नशा केलेला, झिंगलेला;	intoxicated, drunk;
		2. (बल आदि के) गर्व से इतराता हुआ;	गर्विष्ठ, सत्ता इ. मदाने मातलेला;	drunk with (power, strength etc.);
		3. उन्मत्त।	उन्माद झालेला	wayward, tipsy, passionate.
मतांतर	पुं.	भिन्न मत, विचार, सिद्धांत या संप्रदाय।	मतांतर	another or a different opinion or tenet.
मताधिकार	पुं.	किसी चुनाव या विषय में मत देने का अधिकार।	मताधिकार, मत देण्याचा अधिकार	franchise, suffrage.
मताधिकारी	पुं.	मत देने का अधिकारी।	मताधिकारी, मत देण्याची पात्रता असलेली व्यक्ती	eligible voter.
मतानुयायी	पुं.	किसी मत या धर्म का अनुयायी, मतावलंबी।	मतानुयायी, संप्रदायी	follower (of a creed, sect etc.).
मतावलंबी	पुं.	किसी मत, सिद्धांत आदि का अवलंबन करने-वाला, मतानुयायी।	मतानुयायी, संप्रदायाचा अनुयायी	adherent to any particular class of religious (or philosophical) opinion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मति	स्त्री.	1. बुद्धि, समझ;	मती, बुद्धी, जाणशक्ती समज;	intellect, understanding, sense;
		2. राय, सम्मति।	मत, दृष्टीकोण	opinion, view.
मतिभ्रम	पुं.	अस्वस्थ या विकृत बुद्धि के कारण होनेवाला भ्रम।	मतिभ्रंश, बुद्धीचा भ्रमिष्टपणा	delusion, confusion of mind.
मतिमंद	वि.	मंदबुद्धि, मूर्ख।	मंदबुद्धीचा, जडबुद्धीचा	dull, stupid, foolish, imbecile.
मतिमान	वि.	बुद्धिमान, समझदार।	बुद्धिमान, समजूतदार, शहाणा	clever, intelligent, wise.
मतैक्य	पुं.	मत या विचार में होनेवाली एकता या समानता।	मतैक्य, एकमत	unanimity, agreement.
मत्त	वि.	1. मतवाला, मस्त;	मत्त, मदोन्मत्त, माजलेला, मदाने बेफाम बनलेला;	in rut, furious (as an elephant);
		2. पागल;	पागल, वेडा;	mad, insane;
		3. किसी प्रकार के मनोवेग के पूर्ण आवेश से युक्त।	नशेत चूर असलेला, विकाराने अंध झालेला	intoxicated (by liquor, or passion. or pride, etc.), passionate.
मत्था	पुं.	1. माथा, ललाट, मस्तक;	मस्तक, ललाट;	forehead;
		2. सिर;	माथे, डोके;	head;
		3. सामने का या ऊपर का हिस्सा।	वस्तूचा पुढचा भाग	the upper or frontal part (of a thing).
मत्थे	क्रि. वि.	1. सिर या मस्तक पर;	माथी;	on one's head;
		2. किसी पर उत्तरदायित्व भार आदि के रूप में।	जबाबदारीवर	on one's responsibility.
मत्सर	पुं.	1. ईर्ष्या, जलन, डाह;	मत्सर, हेवा;	envy, jealousy;
		2. क्रोध।	क्रोध	anger, passion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मत्स्य	पुं.	मछली।	मत्स्य, मासा	fish.
मत्स्यन्याय	पुं.	1. यह मान्यता कि छोटों को बड़े या दुर्बलों को सबल उसी प्रकार खा जाते या नष्ट कर देते हैं जिस प्रकार बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा जाती हैं;	मोठा मासा लहान माशाला गिळतो हा न्याय, बळी तो कान पिळी हा न्याय;	"survival of the fittest" theory;
		2. आततायियों का राज्य;	पाशवी न्याय;	law of the jungle;
		3. अराजकता।	अंधाधुंदी	anarchy.
मत्स्यपालन	पुं.	मछलियां पालकर उनकी पैदावार बढ़ाने का काम।	मत्स्यपालन	fish-culture, fish-farming.
मथना	स. क्रि.	1. दूध, दही को मथानी आदि से बिलोना;	घुसळणे;	to churn;
		2. आलोड़न करना;	ढवळणे, कालवणे;	to stir round;
		3. किसी बात को बार-बार सोचना या करना;	पुनः पुनः विचार करणे, चिंतन करणे;	to ponder, consider;
		4. जगह-जगह ढूंढना या देखना, छान डालना।	जाग जागी शोधणे	to sift, scrutinize, to probe.
मथनी	स्त्री.	1. मथने की क्रिया;	घुसळण;	the act of churning;
		2. दही मथने का मटका;	घुसळायचे दही असलेले भांडे;	the churning-pot;
		3. मथानी।	घुसळखांब	churn-staff.
मथानी	स्त्री.	दही मथने का काठ का बना हुआ एक उपकरण।	रवी	churning-stick.
मद	पुं.	1. नशा;	मद, कैफ, नशा, झिंग;	intoxication, inebriety, drunkenness;
		2. मस्ती;	मस्ती (आनंदाची), आनंदोल्लास;	delight, rapture, passion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. निंदनीय अहंकार या गर्व,	अहंकार, गर्व;	pride, arrogance;
		4. मतवाले हाथी का कनपटी से बहनेवाला गंधयुक्त जल;	हत्तीच्या गंडस्थळातून स्त्रवणारा रस;	the juice or ichor that exudes from an elephant's temples when in rut;
		5. उन्माद, पागलपन।	उन्माद, वेडेपणा	madness, insanity, frenzy.
मद	स्त्री.	1. वह लंबी लकीर जिसके नीचे लेखा या हिसाब लिखा जाता है, शीर्षक;	रकाना, स्तंभ;	column, head;
		2. लेखा या हिसाब का वह विशिष्ट भाग जो किसी कार्य या व्यक्ति के नाम से अलग रखा जाता है, खाता;	खाते;	account-head;
		3. कार्य का विभाग।	कामाची एक बाब	item (of a programme etc.).
मदजल	पु.	मस्त हाथी की कनपटी से झरनेवाला जल, दान।	हत्तीच्या गंडस्थळातून गळणारा रस	rutting juice, inchor (from the temples of a ruttish elephant).
मदद	स्त्री.	1. सहायता;	मदत, साहाय्य;	assistance, help, aid, rescue;
		2. कुमक।	कुमक	reinforcement.
मददगार	वि.	सहायक।	मदतगार, साहाय्यक	assistant, helper, supporter, auxiliary, accessory.
मदन	-पु.	1. कामदेव;	मदन, कामदेव;	name of Kamdev, the god of love;
		2. काम।	कामविकार, प्रेमविकार	passion, love, lust.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मदनोत्सव	पु.	प्राचीन भारत का एक उत्सव जो चैत्र शुक्ला द्वादशी से चतुर्दशी पर्यन्त होता है।	कामदेवचा उत्सव (प्राचीन काळी चैत्र शु. 12 ते 24 अखेर असलेला)	the vernal festival celebrated in honour of cupid (in ancient India).
मदमत्त	वि.	1. मत, मस्त, मतवाला;	कैफाने धुंद झालेला;	intoxicated, passionate;
		2. (हाथी) जो मद बहने के कारण मस्त हो।	मदोन्मत्त (हत्ती)	in rut, furious (elephant).
मदहोश	वि.	1. नशे के कारण जिसके होश ठिकाने न हों, मतवाला;	कैफाने झिंगून गेलेला, बेभान;	dead drunk, intoxicated, out of senses;
		2. हैरान;	हतबुद्ध, काही सुचेनासे झालेला;	confounded, stupefied;
		3. बेहोश।	बेशुद्ध, मूर्च्छित	unconscious, senseless.
मदांध	वि.	जो मस्ती या बल आदि के गर्व से अंधा या विवेकहीन हो रहा हो।	मदांध	blinded by intoxication, passion or pride.
मदार	पु.	आक नामक पौधा।	रुईचे झाड	the medicinal plant swellow hest-calotrapis gigantea.
मदारी	पु.	1. बाजीगर; 2. बंदर-भालू आदि नचाकर जीविका चलानेवाला।	गारुडी; दरवेशी किंवा माकडे नाचविणारा	conjurer, juggler; bear-dancer, monkey-man.
मदिरा	स्त्री.	मद्य, शराब।	मदिरा, दारू	spirituous liquor, wine.
मदोन्मत्त	वि.	1. नशे के कारण उन्मत्त, मदांध, मतवाला; 2. जो धन, बल आदि के घमंड के कारण विवेकहीन हो गया हो।	कैफाने झिंगलेला; गर्वाने—विकाराने मस्ती चढलेला	intoxicated with spirituous liquor; intoxicated with passion, pride or wealth.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मद्धा	वि.	दे. 'मंदा'।	"मंदा" पाहा	see 'मंदा'.
मद्धिम	वि.	1. मध्यम;	मध्यम;	middle, moderate, intermediate;
		2. कम अच्छा;	फार चांगला नसलेला;	ordinary, common;
		3. हलका, मंद।	मद्दड, फिका	dull, faint, faded (as colour etc.), slack, slow, sluggish.
मद्धे	अव्य.	1. मध्य या बीच में;	मध्ये;	in the middle;
		2. मद या खाते में।	खात्यात	in the account of.
मद्य	पु.	मदिरा, शराब।	मद्य, दारु	spirituous liquor, wine.
मद्यप	वि.	मद्य पीनेवाला, शराबी।	मद्यपी	one who drinks spirituous or intoxicating liquor.
मधु	पु.	1. शहद;	मध;	honey;
		2. शराब;	दारु;	spirituous liquor, any sweet intoxicating drink;
		3. फूलों का रस, मकरंद;	फुलांती रस, मकरंद;	the juice or nectar of flowers;
		4. बसंत ऋतु;	वसंत ऋतु;	the season of spring;
		5. चैत का महीना।	चैत्रमास;	the month Chait (March-April.)
	वि.	मीठा, मधुर।	मधुर, गोड	sweet, pleasant, agreeable.
मधुकर	पु.	1. भौंरा;	मधुकर, भ्रमर;	large black bee.
		2. कामुक व्यक्ति।	लंपट व्यक्ती	lover, libertine.
मधुकरी	स्त्री.	साधु-संन्यासियों की वह भिक्षा जो केवल पके हुए अन्न के रूप में होती है।	माधुकरी	cooked food gathered in alms from different sources (by the mendicants).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मधुप	पु.	1. भौंरा; 2. शहद की मक्खी।	भ्रमर; मधमाशी	large black bee; honey-bee.
मधु-मक्खी	स्त्री.	एक प्रकार की प्रसिद्ध मक्खी जो फूलों का रस चूसकर शहद एकत्र करती है।	मधमाशी	honey-bee.
मधुमय	वि.	मधु से भरा हुआ।	मधुयुक्त, मधुपूर्ण, मधुर, स्वादिष्ट	sweet as honey, sweet, lucious.
मधुमेह	पु.	एक प्रसिद्ध रोग जो अगन्याशय में मधुसूदनी के कम बनने के कारण होता है और जिसमें मूत्र अधिक शर्करा-युक्त होकर प्रायः धीरे-धीरे और अधिक मात्रा में या अधिक देर तक होता है।	मधुमेह	diabetes.
मधुर	वि.	1. जिसका स्वाद मधु के समान हो, मीठा; 2. जो सब प्रकार की कटुताओं से रहित, और मधु के समान मीठा जान पड़े; 3. जो अपनी मनोहरता, सुन्दरता आदि के कारण प्रिय और भला लगता हो।	मधुर, गोड; आनंददायक, आल्हाददायक, सुस्वर, कर्णमधुर; सुमनोहर	sweet; pleasant, pleasing, melodious, mellifluous; charming, attractive.
मधुरता	स्त्री.	मधुर होने की अवस्था, गुण या भाव।	माधुर्य	sweetness, pleasantness, softness, mellifluence, melodiousness.
मधूलिका	स्त्री.	1. लता; 2. मुलेठी;	एक लता, वेली; जेष्ठमध;	kind of creeper; liquorice;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. मधूली नामक गेहूं से बनाई जानेवाली मदिरा।	मधुली नामक गव्हापासून बनविलेली दारू	arrac distilled from the blossom of the bassnia tree or any intoxicating drink.
मध्य	पु.	1. किसी चीज के बीच का भाग;	मध्य, मध्यस्थान, केंद्र;	middle, centre;
		2. तटस्थ या निष्पक्ष;	तटस्थ–निष्पक्ष व्यक्ती;	intermediary;
		3. संगीत में तीन सप्तकों में से बीचवाला सप्तक।	मध्य स्प्तक	medium tempo, middle octave.
	वि.	1. बीच का;	मधला;	middle, central;
		2. जो बहुत अच्छा भी न हो और बहुत बुरा भी न हो।	मध्यम प्रतीचा	mediocre.
मध्यम	वि.	1. मध्य का या बीच का;	मधला;	medium, intermediate;
		2. मंद या हल्का;	मंद, हलका;	slow, dim;
		3. न बहुत अच्छा न बुरा, साधारण कोटि का।	मध्यम–साधारण–प्रतीचा	fair, passable, mediocre, so-so.
	पु.	संगीत के सात स्वरों में से चौथा स्वर।	संगीतस्वरातील चतुर्थ स्वर	fourth note of the Indian gamut.
मध्यम पुरूष	पु.	(व्याकरण) वक्ता की दृष्टि से उस व्यक्ति का वाचक सर्वनाम जिससे वह कुछ कह रहा हो।	(व्याक.) मध्यम–द्वितीय–पुरुष	(gram.) the second person.
मध्यम वर्ग	पु.	मनुष्य-समाज के आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टि से विभाजित वर्गों में से बीच का वर्ग।	मध्यम वर्ग	middle class.
मध्यमा	स्त्री.	1. हाथ की बीचवाली उंगली;	मधले बोट;	middle finger;

हिंदी शब्द	व्या.-को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. साहित्य में वह नायिका जो अपने प्रिय के द्वारा हित अथवा अहित का व्यवहार देखकर उसके प्रति वैसा ही हित अथवा अहित का व्यवहार करती हो।	(साहित्य) अशी नायिका की जी आपल्या प्रियकराकडून जशी वागणूक घडते तशी त्याच्याशी वागणूक करते	one of the classes of heroines in poetic composition, a woman in the middle of her youth.
मध्यवर्ती	वि.	1. जो मध्य में वर्तमान या स्थित हो;	मध्यवर्ती, मध्ये असणारा, केंद्रवर्ती;	being in the middle, central, middle;
		2. जो दो पक्षों के बीच में रहकर उनमें सम्बन्ध स्थापित करता हो।	मध्यस्त, मध्यस्ती करणारा	intermediary.
मध्यस्थ	वि.	1. जो बीच या मध्य में स्थित हो;	मध्ये असणारा, मध्यस्थानी असणारा;	standing or situated in the middle or midst.
		2. आपस में मेल या समझौता करानेवाला।	मध्यस्थ, मध्यस्थी करणारा	standing between two persons or parties, acting as mediator or umpire.
	पु.	वह जो दोनों विरोधी पक्षों में से किसी पक्ष में न हो।	मधला मनुष्य, दोन्हीपक्षांचा नसणारा व दोहोंचा विरोध मिटवू पाहणारा त्रयस्थ	middle man, mediator, arbitrator, umpire.
मध्यस्थता	स्त्री.	1. मध्यस्थ होने की अवस्था या भाव;	मध्यस्त–नि:पक्षपाती असण्याची अवस्था;	middle state or character, intermediate situation;
		2. मध्यस्थ का काम या पद।	मध्यस्थाचे काम	mediatorship, umpireship, arbitration.
मध्यांतर	पु.	1. दो घटनाओं, वस्तुओं आदि के मध्य या बीच का अंतर;	मध्यांतर, दोन वस्तू वा घटना याच्या मधील अंतर;	gap, difference;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी काम या बात के बीच में सुस्ताने आदि के लिए निकाला या नियत किया हुआ थोड़ा समय।	मधली सुट्टी	recess, interval.
मध्याह्न	पु.	दिन के ठीक बीच का वह समय जब सूर्य सबसे ऊपर आ जाता है या उक्त समय के बाद का थोड़ी देर का समय।	मध्यान्ह, भरदुपार	mid-day, noon.
मन	पु.	1. प्राणियों के अंतःकरण का वह अंश जिससे वे अनुभव, इच्छा, बोध, विचार और संकल्प करते हैं;	मन, चित्त, अंतःकरण;	mind (considered as the seat of perception and passion), inclination etc.;
		2. हृदय, आत्मा;	हृदय, आत्मा;	heart, soul, spirit;
		3. स्वभाव, प्रकृति;	स्वभाव, प्रकृती;	character, disposition, mood, temper;
		4. इच्छा, कामना;	इच्छा, कामना;	desire, longing after;
		5. वज़न में चालीस सेर।	मण (वजनी)	weight equal to forty seers.
मनका	पु.	1. धातु, लकड़ी आदि का वह गोल या अंडाकार छोटा टुकड़ा जिसके बीचों-बीच छेद होता है तथा जो माला के रूप में पिरोया जाता है, एक साथ पिरोये जानेवाले बहुत से मनके माला का रूप धारण कर लेते हैं;	मणी, मणका;	bead (of gold or silver etc.);
		2. माला, सुमिरनी।	जपमाळ	rosary.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनगढ़ंत	वि.	जिसकी वास्तविक सत्ता न हो, केवल कल्पना कर ली गई हो, मन द्वारा गढ़ा हुआ।	कपोल कल्पित, काल्पनिक	fabricated, concocted, imaginary.
मनचला	वि.	1. जो किसी एक वस्तु की प्राप्ति से संतुष्ट न होता हो बल्कि अनेक की प्राप्ति के लिए लालायित रहता हो;	चंचल मनाचा, एका वस्तूवरून दुसऱ्या वस्तूवर मन जाणारा;	one who does not stick to one thing, fidgety, frivolous;
		2. कामुक तथा रसिक स्वभाव वाला।	कामुक, स्त्री लंपट	easy prey to female.
मनचाहा	वि.	1. जिसे मन चाहता हो;	आवडीचा, आवडता;	desired or wisned for, favourite;
		2. इच्छानुसार किया हुआ।	इच्छेअनुसार केलेला, —बनविलेला	done of one's own accord, accomplished according to one's own wish.
मनचीता	वि.	दे. 'मनचाहा'।	पाहा "मनचाहा"	see 'मनचाहा'.
मनन	पु.	1. मन लगाकर कोई काम सोचना या समझना;	मनन चिंतन;	act of thinking or considering, meditating or reflecting (upon);
		2. किसी विषय के सब अंगों पर अच्छी तरह विचार करते हुए उसे समझने के लिए किया जानेवाला प्रयत्न या प्रयास;	सर्वांगीण विचार;	reflection, meditation;
		3. सुने हुए वाक्यों पर बार-बार विचार करना और प्रश्नोत्तर या शंका-समाधान द्वारा उसका निश्चय करना।	तर्कशुद्ध विचारांनी आलेला निष्कर्ष	inference arrived at by reasoning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मननशील	वि.	जो स्वभावतः मनन करने में प्रवृत्त रहता हो।	मनन–चिंतन–शील	thoughtful, meditative, contemplative.
मननीय	वि.	ऐसा विषय जिस पर चिंतन मनन किया जाए।	चिंतनीय, चिंतन –विचार–करण्यासारखा	contemplatable.
मनबहलाव	पु.	मनोरंजन।	मनोरंजन, मनोविनोद, करमणूक	amusement, recreation.
मनभाया	वि.	मन को जो भाता या रुचिकर प्रतीत होता हो।	मनाला आवडलेला, मनपसंत, मनाजोगा	agreeable to the mind or soul, pleasing, favourite.
मनभावना	वि.	दे. 'मनभाया'।	मनाजोगता	see 'मनभाया'.
मनमाना	वि.	1. स्वेच्छा से या अपनी रुचि के अनुकूल किया गया कार्य; 2. जिसमें दूसरे की राय को कोई महत्व न दिया जाए, स्वेच्छाचारितापूर्ण।	मनाजोगता, मनपसंत; मनाला वाटेल तसा, इच्छेला येईल तसा	pleasing to one's own mind; arbitrary.
मनमानी	स्त्री.	1. मनमाना कार्य; 2. वह स्थिति जिसमें औचित्य आदि का विचार किए बिना मनमाने ढंग से काम किया जाए।	मनाला–इच्छेला–वाटेल तसे कार्य; स्वेच्छाचारिता	arbitrariness; self-will, wilfulness.
मनमुटाव	पु.	द्वेष आदि के फलस्वरूप होनेवाली वह स्थिति जिसमें किसी का मन दूसरे से कुछ खिंचा रहता है।	बेबनाव, मनोमालिन्य	estrangement, antagonism, rift, rupture.
मनमोदक	पु.	केवल अपना मन प्रसन्न करने के लिए बनाई हुई ऐसी कल्पना जिसका कोई वास्तविक आधार न हो।	मनोरथ	illusory delight, castles in the air.
मनमौज	स्त्री.	1. मन की तरंग;	मनाची लहर;	whim, caprice;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. हार्दिक प्रसन्नता;	आनंदोल्लास, आनंदोर्मी;	pleasure, rapture, ecstasy;
		3. अपनी प्रसन्नता या सुख के लिए किया जानेवाला काम या खेल।	मनाला बरे वाटण्याकरिता किंवा वाटेल अशी क्रीडा, –खेळ	amusing thought, tickling fancy.
मनमौजी	वि.	अपने मन में उठी तरंग के अनुसार काम करनेवाला।	लहरी, स्वच्छंदी	whimsical, self-willed, capricious.
मनवाना	स.क्रि.	1. किसी को कुछ मान लेने में प्रवृत्त करना या विवश करना;	मनवळविणे, समजूत घालणे, समजाविणे;	to cause to conciliate, or to be conciliated etc;
		2. मनवाने का काम दूसरे से करवाना।	समजावयाला लावणे	to get someone to be reconciled.
मनसा	क्रि. वि.	मन के द्वारा या मन से।	मनाने	mentally, through the mind.
मनसूबा (मंसूबा)	पु.	1. कोई काम करने से पहले मन में सोची जानेवाली युक्ति;	युक्ती;	plan, design;
		2. इरादा, विचार;	हेतू, इरादा;	intention;
		3. योजना।	योजना	project, scheme.
मनस्ताप	पु.	1. मनःपीड़ा;	मनस्ताप, मनातील पीडा;	mental pain, anguish;
		2. अनुताप या पश्चाताप।	पश्चाताप, अनुताप	remorse.
मनस्वी	वि.	1. श्रेष्ठ मन से सम्पन्न या उच्च विचारवाला;	बुद्धिमान्, उदात्त विचाराचा –मनाचा;	intelligent, high-souled, high-minded;
		2. मनमाना आचरण करनेवाला, स्वेच्छाचारी।	मनसोक्त आचरण करणारा, स्वेच्छाचारी	arbitrary.
मनहूस	वि.	1. अशुभ, बुरा;	अशुभ, अमंगळ;	ill-omened, inauspicious;
		2. अभागा, बदकिस्मत।	अभागी, दुर्दैवी, उदासवाणा	ill-fated, gloomy.
मना	वि.	जिसके सम्बन्ध में निषेध हो।	मनाई असलेला, निषिद्ध	prohibited, forbidden.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनाना	स.क्रि.	1. किसी को किसी काम या बात के लिए तत्पर या राजी करना;	मन वळविणे;	to persuade, to prevail upon;
		2. रूठे हुए को प्रसन्न करना;	समजाविणे, सांत्वन करणे;	to propitiate, to assuage, to appease;
		3. प्रार्थना या स्तुति करना;	आळविणे;	to invoke, to call upon (God);
		4. किसी उत्सव, समारोह या संस्कार का आयोजन करना।	उत्सव साजरा करणे	to celebrate.
मनाही	स्त्री.	कोई काम न करने की आज्ञा या निषेध।	मनाई, बंदी	prohibition, ban.
मनिहार	पु.	चूड़ी बनानेवाला, चूड़ीहार।	मणेर	maker and/or seller of bangles.
मनीषा	स्त्री.	1. मन या मस्तिष्क की वह विशिष्ट शक्ति जिससे वह इच्छा, कामना, सोच-विचार आदि करता है;	बुद्धी, बुद्धिमत्ता ज्ञानीपणा;	wisdom, intelligence, intellectual faculty;
		2. अभिलाषा या इच्छा।	इच्छा, मनीषा	desire, wish.
मनीषी	स्त्री.	1. ज्ञानी, पंडित, विद्वान;	ज्ञानी, पंडित, विद्वान;	wise, learned;
		2. बुद्धिमान;	बुद्धिमान्;	intelligent, clever, prudent;
		3. यथेष्ट मनन और विचार करनेवाला, विचारशील।	विचार–मनन–शील	thoughtful.
मनुज	पु.	मनुष्य।	मनुज, मानव, मनुष्य	human being, man.
मनुष्य	पु.	जरायुज जाति का एक स्तनपायी प्राणी जो अपने मस्तिष्क या बुद्धिबल की अधिकता के कारण सब प्राणियों में श्रेष्ठ है, आदमी, नर।	मनुष्य	see 'मनुज'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनुष्यता	स्त्री.	1. मनुष्य होने की अवस्था या भाव;	मनुष्य असणे;	state or condition of being a man, manhood, humanity;
		2. वे बातें जो किसी मनुष्य को शिक्षित और सभ्य समाज में उठने-बैठने के लिए आवश्यक होती हैं।	मानवता	the aggregate of human qualities.
मनुहार	स्त्री.	1. किसी रूठे हुए व्यक्ति को मनाने तथा उसका मान छुड़ाने के लिए की जानेवाली विनती या मीठी-मीठी बातें;	समजावणी, मनधरणी;	appeasement, pacification;
		2. खुशामद।	खुशामत, स्तुती	flattery, adulation.
मनोकामना	स्त्री.	मन में रहनेवाली कामना या अभिलाषा।	मनोकामना	heart's desire, wish.
मनोगत	वि.	मन में आया या उठा हुआ।	मनात चाललेले, अंतरात असलेले	existing or passing in the mind, internal, inward.
	पु.	1. कामदेव;	(मनात नांदणारा) कामदेव;	cupid;
		2. विचार।	कल्पना, विचार, मनोगत	an idea, thought, notion.
मनोज्ञ	वि.	मनोहर या सुंदर।	सुंदर, सुरेख, मनोहारी	pleasing, lovely, beautiful, charming.
मनोज्ञता	स्त्री.	सुंदरता या मनोहरता।	सौंदर्य, मनोहारित्व	loveliness, beauty, charm.
मनोदशा	स्त्री.	किसी कार्य या विषय के प्रति समय विशेष पर होनेवाली मनकी अवस्था या दशा।	मनोदशा, मन:स्थिती	mood.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनोनिग्रह	पु.	विषय-वासनाओं में प्रवृत्त होने से मन को रोकना, मन को वश में रखना।	मन:संयम, मनाचा आवर	mental restraint, self-control.
मनोनीत	वि.	1. मन में आया हुआ;	मनाने निवडलेला, मनात आलेला, मनपसंत, मनाजोगा;	taken by the mind, made choice of, wished for;
		2. जिसका मनोनयन हुआ या किया गया हो, नामज़द, नामांकित।	नेमलेला, नियुक्त	nominated, designated
मनोनुकूल	वि.	इच्छित, इच्छा या मन के अनुसार।	मनपसंत	desired, wished for, pleasant to the mind.
मनोबल	पु.	मानसिक बल या आत्मिक शक्ति।	मनोबळ, मानसिक बळ	moral strength, morale.
मनोभाव	पु.	मन में उत्पन्न होनेवाला या रहनेवाला विचार।	मनोभाव	emotion, feeling, sentiment.
मनोमालिन्य	पु.	मन में रहनेवाला दुर्भाव या बैर-विरोध जो जल्दी ऊपर प्रकट न होता हो, मनमुटाव, रंजिश।	मनोमालिन्य	estrangement, ill-will, rupture.
मनोयोग	पु.	किसी काम या बात में मन को एकाग्र करके लगाना।	एकाग्रता, ध्यान, तन्मयता	close attention, concentration, singlemindedness.
मनोरंजक	वि.	मन बहलाकर प्रसन्न करनेवाला।	मनोरंजक	interesting, amusing, recreative, entertaining.
मनोरंजन	पु.	दिल-बहलाव या मन को प्रसन्न करना।	मनोरंजन, करमणू	amusement, recreation, entertainment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनोरथ	पुं.	अभिलाषा या इच्छा।	मनोरथ, इच्छा, अभिलाषा	wish, desire, longing.
मनोरम	वि.	सुन्दर या आकर्षक।	मनोरम, आकर्षिक, सुंदर, आकर्षक	attractive, pleasing, charming, lovely, beautiful.
मनोवांछित	वि.	जो मन में चाहा गया हो।	इष्ट, इच्छित	desired, wished, longed for.
मनोविकार	पुं.	मन में उठनेवाला कोई भाव या विचार।	मनोविकार	emotion, feeling, passion.
मनोविज्ञान	पुं.	वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें मनुष्य के मन, उसकी विभिन्न अवस्थाओं तथा क्रियाओं, उस पर पड़नेवाले प्रभावों आदि का अध्ययन तथा विवेचन होता है।	मानसशास्त्र	psychology.
मनोविनोद	पुं.	मनोरंजन।	मनोविनोद, करमणूक मनोरंजन	amusement, pastime, hobby.
मनोविश्लेषण	पुं.	आधुनिक मनोविज्ञान की वह शाखा जिसमें कुछ विशिष्ट प्रकार के रोगों और विकारों का उपचार या चिकित्सा यह मानकर की जाती है कि वे रोग कुछ मनोवेगों का दमन करने से उत्पन्न होते हैं।	मनोविश्लेषण, मानसचिकित्सा	psycho-analysis.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मनोवृत्ति	स्त्री.	वह मानसिक शक्ति या स्थिति जिसके कारण मनुष्य किसी ओर प्रवृत्त होता अथवा उससे हटता है।	मनोवृत्ती, मनः प्रवृत्ती	mental disposition, temper, mentality.
मनोवेग	पु.	मन में उत्पन्न होनेवाला तीव्र विकार।	आवेग, विकार	passion, impulse.
मनोवैज्ञानिक	वि.	मनोविज्ञान का या उससे संबंधित।	मानसशास्त्रीय	psychological.
	पु.	वह जो मनोविज्ञान का ज्ञाता हो।	मानसशास्त्रज्ञ	psychologist.
मनोव्यथा	स्त्री.	मन में होनेवाली व्यथा या पीड़ा।	मनोव्यथा, मनोवेदना	mental agony, anguish, affliction.
मनोहर	वि.	1. मन को हरनेवाला;	मनोहर, मनहरण करणारा, आकर्षक;	captivating, fascinating;
		2. मनोज्ञ या सुन्दर।	सुंदर, सुरेख	beautiful, lovely, charming.
मनोहरता	स्त्री.	मनोहर होने की अवस्था या भाव, सुन्दरता।	सौंदर्य, आकर्षक	charm, attractiveness, fascination, beauty.
मनौती	स्त्री.	1. रूठे हुए को मनाने की क्रिया या भाव;	मनवळवणी, मनधरणी;	appeasement;
		2. देवी-देवता के प्रति की जानेवाली यह प्रतिज्ञा या संकल्प कि अमुक मनोरथ सिद्ध हो जाने पर हम आपकी अमुक प्रकार से पूजा करके आपको प्रसन्न करेंगे।	नवस	offering promised to a deity for fulfilment of some desire.
मन्नत	स्त्री.	दे. 'मनौती'।	'मनौती'' पाहा	see 'मनौती'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
ममता	स्त्री.	1. अपनत्व का भाव, ममत्व;	ममता, ममत्व, माझेपणा;	sense of 'meum';
		2. परम आत्मीयता के कारण मन में होनेवाला प्रेम,स्नेह;	प्रेम, वात्सल्य स्नेह;	affection, attachment;
		3. मन में होनेवाला किसी प्रकार का मोह या लोभ।	मोह	fascination.
ममत्व	पु.	दे. 'ममता'।	"ममता" पाहा	see 'ममता'.
ममिया-ससुर	पु.	जो सम्बन्ध में पति या पत्नी का मामा हो।	मामेसासरा, पतीचा वा पत्नीचा मामा	maternal uncle-in-law.
ममिया-सास	स्त्री.	जो सम्बन्ध में पत्नी या पति की मामी हो।	मामेसासू	maternal aunt-in-law.
मय	प्रत्य.	एक प्रत्यय जो तद्रूप विकार और प्राचुर्य के अर्थ में शब्दों के साथ लगाया जाता है।	मय (तद्रूपता किंवा प्राचुर्य दर्शविण्या करिता शब्दाच्या शेवटी जोडतात)	Sanskrit suffix imparting the meaning of consisting of, made or composed of, abounding in, full of.
मयस्सर	वि.	हाथ में आया हुआ या प्राप्त।	प्राप्त, उपलब्ध, सुलभ	obtained, attained, available.
मयूर	पु.	मोर।	मयूर, मोर	peacock.
मरकहा (मरखना)	वि.	मारनेवाला (पशु)।	मारका, मारकणा, मारकुटा	(animal) prone to hitting or striking.
मरघट	पु.	वह स्थान जहां चिताएं जलती हों।	स्मशान, मसणवट	cremation ground.
मरज	पु.	1. रोग, बीमारी;	रोग, दुखणे, आजार;	disease, ailment, malady;
		2. खराब आदत या लत।	व्यसन	addiction, bad habit.
मरजी	स्त्री.	1. इच्छा या कामना;	इच्छा;	desire;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी काम, बात या व्यक्ति के प्रति होनेवाला अनुकूल मनोभाव या वृत्ति;	कल, अनुकुल भाव, प्रेम;	inclination, pleasure;
		3. अनुज्ञा, अनुमति।	अनुज्ञा, अनुमती	assent, consent.
मरण	पु.	मरने की क्रिया या भाव।	मरण	dying, death.
मरणशील	वि.	मर जाना जिसका धर्म या स्वभाव हो।	मर्त्य, मरणारा	mortal.
मरणोन्मुख	वि.	जो मर रहा हो या जल्दी मरनेवाला हो।	मरणोन्मुख, मरणाला टेकलेला	on the point of death, near death.
मरना	अ.क्रि.	1. मृत्यु को प्राप्त करना या प्राणांत होना;	मरणे, मृत्युपावणे, अंत होणे;	to die, expire;
		2. वनस्पतियों आदि का सूखकर नष्ट हो जाना;	कोमेजणे (वनस्पती इ.);	to fade, wither.
		3. अत्यधिक कष्ट भोगना या परेशान होना;	अतिशय काबाडकष्ट करणे, अतिशय हाल भोगणे;	to labour or toil hard, to sweat and groan, to suffer hardship;
		4. खेलों में खिलाड़ियों का हार जाना;	(खेळात) बाद होणे;	to be dead or out (as in a game);
		5. किसी चीज का दूसरी चीज में या किसी स्थान में विलीन होना या समा जाना;	विलीन होणे, नाहींसे होणे, मुरून जाणे;	elimination or absorption of something in some place or some other thing (as पानी मरना);
		6. बहुत धीमा होना या मंद पड़ना;	खपून जाणे, निस्तेज होणे;	to sink, to fade away;
		7. किसी पर आसक्त होना।	(अमक्या वर) लट्टू होणे, आसक्त होणे, जीव टाकणे;	to set the heart upon, to be desperately in love with.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मरना-जीना	पु.	गृहस्थी में प्रायः होनेवाली सुखद या दुःखद घटनाएं, उनसे संबंधित कर्मकाण्ड या कृत्य।	जगणे-मरणे, हर्षशोक, गृहस्थजीवनांतील आचार विधी	sad or happy occurrences in a family or the rituals.
मरम्मत	स्त्री.	1. टूटी-फूटी अथवा बिगड़ी हुई वस्तु को ठीक करके अच्छी स्थिति में लाने का काम;	दुरुस्ती;	repair, mending.
		2. (लाक्षणिक अर्थ में) वह मारपीट जो किसी को सीधे रास्ते पर लाने के लिए की जाए।	(लाक्ष.) एखाद्याला शुद्धीवर भानावर आणण्याकरिता दिलेला मार	(fig.) punishment given with the object of mending someone.
मरवाना	स.क्रि.	1. मारने का काम किसी दूसरे से करवाना;	वध करायला, मारायला लावणे, मरण द्यायला लावणे, मारायला (मार द्यायला) लावणे;	to cause to be killed, to cause to be put to death, to cause to be beaten, etc;
		2. (लाक्षणिक अर्थ में) किसी को चतुराई से किसी काम में फंसाना।	(लाक्ष.) एखाद्याला एखाद्या कामात गुंतविणे, –अटकविणे	to embroil, to involve.
मरसा	पु.	एक प्रकार का साग।	एक भाजी	a species of pot-herb, **Amaranthus** obraceus.
मरसिया	पु.	उर्दू भाषा में शोकसूचक कविता जो किसी की मृत्यु के सम्बन्ध में लिखी जाती है।	उर्दूतील शोकगीत	elegy, dirge.
मरहम (मलहम)	पु.	औषधियों का वह गाढ़ा और चिकना लेप जो चमड़ी, घाव या फोड़े पर उपचार के लिए लगाया जाता है।	मलम	ointment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मरहमपट्टी	स्त्री.	आघात की चिकित्सा के लिए घाव पर लगाया जानेवाला मरहम और पट्टी।	मलमपट्टी	dressing, bandage.
मराल	पु.	1. एक किस्म की सफेद बत्तख जिसकी टांगें और चोंच हल्की ललाई लिए होती है;	लालसर पाय व चोच असलेला बदकाच्या जातीचा एक पक्षी, हंसपक्षी;	a species of goose (with red legs and bill);
		2. बादल या मेघ।	मेघ	cloud.
मरियल	वि.	इतना अधिक दुर्बल कि मरा हुआ सा जान पड़े।	मरतुकडा	week, feeble, rickety.
मरीचिका	स्त्री.	वातावरण की विशिष्ट स्थितियों के कारण दिखा देनेवाला भ्रामक दृश्य।	मृगजळ, भ्रामक दृश्य	the mirage, illusion.
मरीज	वि., पु.	रोगी या बीमार।	रोग झालेला, आजारी पडलेला, रोगी, आजारी माणूस	sick person, patient.
मरुभूमि	स्त्री.	रेगिस्तान।	वाळवंट, रण	desert.
मरुस्थल	पु.	दे. 'मरुभूमि'।	"मरुभूमि" पाहा	see 'मरुभूमि'.
मरोड़	पु.	1. मरोड़ने की क्रिया या भाव;	पीळ, पिरगळा;	turn, bend, twist;
		2. मरोड़ने के कारण पड़ने वाला बल;	वळ;	convolution, contortion;
		3. अपच के कारण पेट में रह-रहकर होने वाली ऐंठन।	मुरडा	contortion, wrench.
मरोड़ना	स.क्रि.	1. किसी चीज में घुमाव डालने के उद्देश्य से उसे कुछ जोर से घुमाना;	पिळणे, वाकविणे, वळविणे;	to turn, to bend, to twist;
		2. किसी चीज को ऐसी स्थिति में लाना कि उसमें कुछ तनाव या ऐंठन आ जाए।	पिरगळणे	to contort, to wring.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मर्तबान	पु.	शीशे या चीनी का बड़ा बर्तन जिसमें अचार आदि रखा जाता है।	चिनी मातीची बरणी वा पात्र	glazed earth ware, jar used for keeping preserves, pickles, etc.
मर्त्यलोक	पु.	पृथ्वी।	मर्त्यलोक	world, habitation of mortals, earth.
मर्द (मरद)	पुं.	1. पुरुष;	पुरुष;	man, male;
		2. लाक्षणिक अर्थ में शक्तिशाली पुरुष;	शूर पुरुष, मर्द;	brave and strong man;
		3. पति, स्वामी।	पती, धनी	husband.
	वि.	वीर, साहसी।	मर्द, शूर, पराक्रमी	brave, valiant.
मर्दन	पु.	1. शरीर पर कोई स्निग्ध पदार्थ या औषधि रगड़कर मलने की क्रिया या भाव;	मर्दन, तेल इ. चोळणे;	rubbing, anointing,
		2. इस प्रकार किसी चीज को मलना या रगड़ना कि वह क्षत-विक्षत हो जाए;	मळण्याची–तिंबण्याची क्रिया;	crushing, crumbling;
		3. कुचलना, रौंदना;	तुडविण्याची क्रिया;	trampling, treading down;
		4. पीसना, रगड़ना।	रगडण्याची–चूर्ण करून टाकण्याची क्रिया	crushing, grinding, pounding.
मर्द-बच्चा (मरद-बच्चा)	पु.	बहादुर, वीर।	शूरवीर	valorous, brave, dauntless.
मर्दानगी (मरदानगी)	स्त्री.	पौरुष।	पौरुष, पराक्रम, वीरता, बहादुरी	manliness, bravery, courage, prowess.
मर्दाना (मरदाना)	वि.,	1. मर्द या पुरुष संबंधी;	पुरुषांचा, पुरुषांसंबंधीचा;	of or pertaining to or suitable to a man;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. पुरुषोचित;	पुरुषी, पुरुषोचित्त;	man-like, masculine, manly;
		3. मर्दों या वीरों जैसा।	पौरुषयुक्त, शौर्ययुक्त	brave, valorous.
मर्म	पु.	1 किसी बात के अन्दर छिपा हुआ तत्व;	मर्म, रहस्य, गर्भितार्थ;	secret, implied meaning;
		2. भेद, रहस्य;	गूढ, रहस्य;	secret, mystery;
		3. प्राणियों के शरीर में वह स्थान जहां आघात पहुंचने से अधिक वेदना होती है और मृत्यु तक की सम्भावना होती है;	वर्म, शरीरातील अत्यंत नाजूक स्थान;	core or vital part of the body, week, vulnerable or mortal point;
		4. हृदय।	हृदय	secret recess (of the heart, etc.), the innermost heart.
मर्मघाती	वि.	मर्म पर आघात करनेवाला।	मर्मावर आघात करणारा	one who strikes at the most vulnerable point, one who makes a fatal strike.
मर्मज्ञ	वि.	किसी बात का तत्व या गूढ़ रहस्य समझनेवाला, विद्वान, पंडित।	रहस्य, गर्भितार्थ जाणणारा विद्वान	knowing mysteries, familiar with the most secret or recondite portions of a subject, deeply versed in, learned man.
मर्मभेदी	वि.	1. मर्मस्थल अर्थात् हृदय पर आघात करनेवाला;	हृदयाला बोचणारा, –वर आघात करणारा;	moving, touching poignant;
		2. आंतरिक कष्ट देनेवाला।	हृदय द्रावक	excessively painful, heartrending.
मर्म-वचन	पु.	ऐसा कथन, बात या वचन जो मर्म या हृदय पर आघात करनेवाला हो।	मर्माघाती–मर्मावर प्रहार करणारे शब्द वा बोलणे	touching or subtle words.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मर्मस्थल	पु.	1. शरीर का कोई ऐसा अंग जिस पर आघात लगने से बहुत अधिक पीड़ा होती है और जिससे मनुष्य मर सकता है;	मर्मस्थळ, नाजूक भाग;	vital part, vulnerable place, tender spot.
		2. हृदय, जिस पर किसी की बात का आघात लगता है।	हृदय, काळीज	heart.
मर्मस्पर्शी	वि.	मर्म को स्पर्श करने अर्थात् उस पर प्रभाव डालनेवाला।	हृदयस्पर्शी, मर्मावर आघात करणारा	touching, moving, poignant, heart-rending.
मर्माहत	वि.	जिसके मर्म पर आघात किया गया हो।	ममार्वर आघात झालेला	vitally struck, heart-rent.
मर्यादा	वि.	1. सीमा या हद;	मर्यादा, हद्द, सीमा;	limit, boundary, ambit;
		2. सदाचार;	शील, सदाचार;	propriety of conduct, decorum, decency;
		3. लोक में प्रचलित व्यवहार और उसके नियम आदि;	नीतिनियम, आचार नियम, रुढी;	established usage, social code, custom;
		4. मान, गौरव या प्रतिष्ठा।	प्रतिष्ठा, समाजातील मान	rank, station, dignity.
मल	पु.	1. मैल;	मळ, घाण;	rubbish, dirt, filth;
		2. शरीर से निकलनेवाली मैल या विकार;	शरीरातून बाहेर टाकली गेलेली घाण;	any excretion of the body;
		3. गूह, विष्ठा।	विष्ठा	excrement, refuse, sewage.
मलना	स.क्रि.	1. किसी पदार्थ को दूसरे पदार्थ पर लगाने के उद्देश्य से रगड़ना या घिसना;	चोळणे, मर्दन करणे, घासणे;	to rub, to massage;
		2. लेप करना।	लावणे, लेप करणे;	to anoint, to smear.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मलनी	स्त्री.	आठ-दस अंगुल लंबा दो अंगुल चौड़ा, सुडौल और चिकने बांस का वह टुकड़ा जिससे कुम्हार बरतनों की फालतू मिट्टी काटकर निकालते हैं।	थापटणे, थापटी (कुंभाराची)	bamboo splinter used by potters to remove superfluous earth while shaping the pots.
मलबा	पु.	1. कूड़ा-करकट; 2. टूटी या गिराई हुई इमारत का ईट-पत्थर, चूना आदि।	टाकाऊ दगडा–मातीचा कचरा; पडलेल्या इमारतीचे दगड विटा इ.	rubbish, refuse; the rubbish of a fallen building or wall, debris.
मलमल	स्त्री.	एक प्रकार का प्रसिद्ध पतला कपड़ा।	मलमल	muslin.
मलमास	पु.	वह मास जिसमें संक्रान्ति न पड़ती हो, दो संक्रान्तियों के बीच में पड़नेवाला चंद्रमास।	अधिक महिना	an intercalary (thirteenth) month.
मलयानिल	पु.	मलय पर्वत की ओर से आनेवाली शीतल और सुगन्धित वायु।	मलयानिल, दक्षिणेकडील मलय पर्वतावरून वाहात येणारा थंड व सुगंधित वारा	the cool and fragrant south wind from the Malaya mountain.
मलवाना	स.क्रि.	मलने का काम दूसरे से करवाना।	चोळून–घासून–घेणे	to have or get (a thing) rubbed.
मलाई	स्त्री.	1. मलने की क्रिया या भाव; 2. मलने की मजदूरी या पारिश्रमिक; 3. वह गाढ़ा, चिकना अंश जो दूध उबालने पर उसके ऊपर जमने और तैरने लगता है, बालाई।	चोळण्याची–घासण्याची –क्रिया; त्या बद्दलची मजूरी; मलई, साय	the act of kneading or rubbing; the wages paid for kneading or **rubbing;** cream of milk.
मलाल	पु.	1. दुःख, रंज;	दुःख, खेद;	grief, anguish;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. पश्चाताप।	पश्चाताप, उद्विग्नता	remorse, compunction.
मलावरोध	पुं.	मल का रुकना या कब्जियत।	मलावरोध, बद्धकोष्ट	constipation of the bowels.
मलाशय	पु.	शरीर में अंतड़ियों के नीचे का वह हिस्सा जिसमें शौच के समय बाहर निकलने से पहले मल एकत्र होता है।	मलाशय, शौच साठण्याचे आतड्यातील स्थान	rectum.
मलिका	स्त्री.	महारानी।	महाराणी	queen.
मलिन	वि.	1. मैला कुचैला, गंदा;	मलिन, मळका, गलिच्छ, घाणेरडा;	dirty, filthy, tarnished, stained;
		2. धीमा, मंद (प्रकाश);	अंधुक, मंद;	obscured, dull or dim (light etc.);
		3. उदास, म्लान।	उदास, म्लान	sad, downcast, melancholy.
मलिनता	स्त्री.	मलिन होने की अवस्था या भाव।	मलिनता, गलिच्छपणा, घाणेरडेपणा, अशुद्धता	dirtiness, filthiness, impurity.
मलीदा	पु.	रोटी या पकवान का चूर-चूर करके और अच्छी तरह मलकर बनाया जाने वाला एक प्रकार का खाद्य-पदार्थ जो चूरमे की तरह होता है।	मलिदा	cake made of pounded meal (or of flour) with butter and sugar.
मलीन	वि.	दे. 'मलिन'।	"मलिन" पाहा	see 'मलिन'.
मल्ल	पु.	पहलवान।	मल्ल, पहिलवान	professional wrestler or boxer.
मल्ल-क्रीड़ा	स्त्री.	मल्लयुद्ध, कुश्ती।	कुस्ती	wrestling or boxing match.
मल्लयुद्ध	पु.	मल्लों का युद्ध, कुश्ती।	मल्लयुद्ध, कुस्ती	wrestling or boxing match.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मल्लविद्या	स्त्री.	कुश्ती के दाँव-पेंच।	मल्लविद्या, कुस्तीची विद्या	art of wrestling.
मल्लाह	पु.	वह व्यक्ति जो नदी में नाव खेकर अपनी जीविका अर्जित करता हो, केवट, मांझी।	नावाडी	sailor, mariner, boatman.
मल्लाही	स्त्री.	मल्लाह का कार्य, पेशा और पद।	नावाड्याचा धंदा	profession of a sailor, business of boatman, seamanship, navigation.
मल्लिका	स्त्री.	1. चमेली; 2. आठ अक्षरों का एक वर्णिक छंद।	चमेली; संस्कृत छंदातील एक वृत्त	Arabian jasmine; a metre in Sanskrit prosody,
मल्हार	पु.	1. लाड़-प्यार या दुलार; 2. एक प्रसिद्ध राग जो वर्षा-ऋतु में गाया जाता है।	लाड; मल्हार राग	fondling, caressing; a raga in Indian music sung especially in rainy season.
मवाद	पु.	घाव से निकलनेवाली पीब।	पू	purulent matter, pus.
मवेशी	पु.	चौपाये, विशेषतः गाय, बैल, भैंस, आदि जिन्हें मनुष्य पालता है।	गुरेढोरे	cattle.
मशक	स्त्री.	बकरी आदि की खाल का बना हुआ पानी भरने का थैला।	पखाल	a large leather waterbag.
मशक्कत	स्त्री.	कठिन परिश्रम, कड़ी मेहनत।	मेहेनत, कष्ट	toil, hard labour.
मशगूल	वि.	कार्य या व्यापार में लगा हुआ, व्यस्त।	गुंतलेला, मग्न, गर्क	busy, occupied, absorbed(in).
मशविरा	पु.	दूसरों से किया जानेवाला परामर्श।	विचार विनिमय, मसलत	consultation, advice.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मशहूर	वि.	जिसकी खूब शोहरत हो, प्रसिद्ध, विख्यात।	प्रसिद्ध, नावाजलेला	famous, well-known, celebrated.
मशाल	पु.	जलाने की एक लम्बी लकड़ी जिसके एक सिरे पर कपड़ा लपेटा जाता है और प्रकाश के लिए जलाया जाता है।	मशाल	torch.
मशालची	पु.	वह जो जलती हुई मशाल लेकर रोशनी दिखलाते हुए चलता हो।	मशालजी	torch-bearer.
मशीन	स्त्री.	यंत्र, कल।	मशीन, यंत्र	machine.
मसकना	स.क्रि.	कपड़े को इस प्रकार दबाना कि बुनावट के तंतु टूटकर अलग हो जाएं।	कपडा टरकेल इतका ताणणे, तणाव टाकणे	to press to the point of tearing (cloth etc.);
	अ.क्रि.	इस प्रकार दबना कि बीच में से फट जाए।	फिसकणे, टरकणे	to get pressed to the point of tearing, splitting etc.
मसका	पु.	1. नवनीत, मक्खन; 2. (लाक्षणिक अर्थ में) चापलूसी करना।	मस्का, लोणी; (लाक्ष.) खुशामत, हांजी हांजी	butter; flattery, adulation.
मसनद	पु.	एक प्रकार का गोल, तथा बड़ा तकिया।	तक्क्या, लोड	bolster, big pillow.
मसल	स्त्री.	कहावत, लोकोक्ति।	म्हण	saying, proverb.
मसलन्	क्रि. वि.	उदाहरण के रूप में, उदाहरणार्थ।	उदाहरणार्थ	for example, for instance.
मसलना	स. क्रि.	दोनों हाथों का जोर लगाकर किसी चीज को रगड़ना।	रगडणे, चोळून पिट्टा पाडणे, तिंबणे	to rub to pieces, to press hard, to bruise, to crush.
मसला	पु.	विचारणीय विषय, समस्या।	प्रश्न, समस्या	issue, question, problem.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मसहरी	स्त्री.	मच्छरदानी।	मच्छरदाणी	mosquito-net.
मसान	पु.	मरघट।	मसणवट, स्मशान	cremation ground, crematory.
मसाला	पु.	1. धनिया, मिर्च, लोंग, हींग आदि पदार्थ जिनका उपयोग दाल, तरकारी आदि को सुगंधित और स्वादिष्ट करने के लिए किया जाता है;	मसाला, मसाल्याचे पदार्थ;	necessaries (as for cooking), spicery, spices, condiments;
		2. सामग्री;	साहित्य, सामग्री;	material, ingredients etc;
		3. औषधियों, रासायनिक द्रव्यों आदि का तैयार किया हुआ मिश्रण;	औषधी वा रासायनिक द्रव्यांचे मिश्रण;	mixure of durgs or chemicals;
		4. किसी काम या बात का आधारभूत साधन।	आधारभूत साधन	material.
मसालेदार	वि.	जिसमें मसाला पड़ा हुआ हो।	मसालेदार, खमंग, चमचमीत	seasoned with spices, pungent.
मसि	स्त्री.	स्याही, रोशनाई।	शाई	ink.
मसूड़ा	पु.	दांतों के नीचे-ऊपर का मांस।	हिरडी	gum (of the teeth).
मसूर	पुं.	एक प्रकार का अन्न जो द्विदल और चपटा होता है, एक दाल।	मसूर	a kind of pulse, lentil.
मसृण	वि.	1. चिकना; 2. मुलायम।	चिकट, ओशट, तेलकट; मऊ, गुळगुळीत	unctuous, oily; soft, smooth.
मसोसना	स.क्रि.	आकांक्षा आदि को किसी विवशतावश भीतर ही भीतर दबाए रखना।	आतल्या आत दावणे, —दडपणे (उमाळा इ.)	to suppress (an emotion etc.).
मसौदा (मसविदा)	पु.	लेख आदि का आरंभिक रूप जिसमें काट-छांट या परिवर्तन किया जा सकता हो।	मसूदा, कच्चा खर्डा, आराखडा	a draft.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मस्त	वि.	1. नशे में चूर;	धुंद;	intoxicated, drunk;
		2. निश्चिंत और लापरवाह;	निष्काळजी, बेपर्वा;	careless;
		3. जिसमें मस्ती टपके।	अत्यंत प्रसन्न, आनंदित	overjoyed, delighted.
मस्तक	पु.	1. सिर;	मस्तक, डोके;	the head;
		2. माथा।	कपाळ	the forehead.
मस्तमौला	पु.	वह व्यक्ति जो अपने विचारों, कार्यों आदि में मस्त रहता हो और सांसारिक प्रपंचों में न पड़ता हो।	कसलीही सांसारिक जबाबदारी नसलेला आपल्याच–विचारात वा कार्यात तल्लीन असलेला मनुष्य	a carefree person recognising no obligations.
मस्ताना	वि.	1. मस्तों-का सा;	धुंद;	intoxicated, drunken;
		2. मस्त।	मस्त	carefree, frolicsome.
	अ. क्रि.	मस्त होना, मस्ती पर आना।	धुंदीत असणे, आपल्याच गुंगीत मस्तीत असणे मस्तीला येणे;	to be in an intoxicated state, to be in a wanton mood, to be in a lively frolic.
मस्तिष्क	पु.	भेजा, दिमाग।	मस्तिष्क, मेंदू	cerebrum, brain.
मस्ती	स्त्री.	1. मस्त होने की अवस्था या भाव, मतवालापन;	आनंदोल्लास;	joy;
		2. संभोग की प्रबल इच्छा;	काम विकाराचे प्राबल्य;	passionateness, sexual excitement;
		3. नशे की स्थिति।	धुंदी	intoxication.
मस्तूल	पु.	नाव, जहाज के बीच का वह बड़ा खंभा जिसमें पाल बांधा जाता है।	गलबताचे शीड बांधण्याची काठी, डोलकाठी	mast (of a ship or boat).
मस्सा	पु.	दाने के रूप में उभरा हुआ मांसपिंड।	मस, वामखीळ	wart, mole.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महंगा (स्त्री. मंहगी)	वि.	जिसके दाम अधिक या उचित से अधिक हों।	महाग	dear, expensive, costly.
महंगाई	स्त्री.	1. पहले की अपेक्षा अधिक मूल्य पर वस्तुएं बिकने की स्थिति;	महागाई;	dearness,
		2. महंगाई के कारण वेतन के अतिरिक्त दिया जानेवाला भत्ता।	महागाई भत्ता	dearness allowance.
महंत	पु.	वह साधु या संन्यासी जो किसी मठ आदि का प्रधान हो।	मठाधिपती, महंत	head of a monastry, abbot.
महक	स्त्री.	दूर तक फैलनेवाली सुगन्ध	दरवळ, पसरणारा सुगंध	a wide-spread fragrance, fragrance, odour.
महकदार	वि.	महकवाला, खुशबूदार।	दरवळणारा, घमघमणारा	fragrant, odoriferous, aromatic.
महकना	अ.क्रि.	महक या गंध देना।	दरवळणे, घमघमणे	to give out sweet smell or fragrance.
महकमा	पु.	शासनिक दृष्टि से कोई विशिष्ट विभाग।	शासन विभाग –खाते	a department.
महकाना	स.क्रि.	महक या सुगन्ध से युक्त करना।	सुगंधित करणे, सुगंध पसरविणे	to exhale (agreeable scent), to perfume, to scent.
महज	क्रि. वि.	केवल, निरा, सिर्फ।	निव्वळ, केवळ	merely, only, solely.
महती	वि.	दे. 'महत्'।	"महत्" पाहा	see 'महत्'.
महत्	वि.	1. बड़ा, बृहत्;	महत्, मोठा, महान्;	great, big, large, huge;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. श्रेष्ठ, ऊंचा;	थोर, उच्च;	high, eminent, distinguished;
		3. भारी, तीव्र।	भारी, दाट	intense, gross, thick, dense.
महत्तम	वि.	सबसे बड़ा।	सर्वात महान्, सर्वश्रेष्ठ, सर्वात मोठा	greatest, biggest, excellent.
महत्तम समापवर्तक	पु.	गणित में वह बड़ी संख्या जिसका भाग दो या अन्य संख्याओं में पूरा-पूरा हो सके।	महत्तम, साधारण विभाज्य	G.C.M. (Greatest common measure).
महत्ता	स्त्री.	1. बड़प्पन, महिमा;	मोठेपणा, महिमा;	greatness, magnitude;
		2. महत्व।	महत्व	importance, significance.
महत्व	पु.	1. किसी कार्य, वस्तु आदि की वह अवस्था जिसमें वह उपयोग, प्रभाव आदि के विचार से औरों से बढ़कर मानी या समझी जाती है;	महत्व, यथार्थता, आवश्यकता;	importance, significance;
		2. बड़प्पन, बड़ाई, श्रेष्ठता।	महानता, श्रेष्ठतम	greatness, magnitude, high degree.
महत्वपूर्ण	वि.	महत्ववाला।	महत्वपूर्ण	important, significant.
महत्वाकांक्षा	स्त्री.	बड़ा बनने की आकांक्षा, उच्चाकांक्षा।	महत्वाकांक्षा	ambition, aspiration.
महत्वाकांक्षी	वि.	महत्त्वाकांक्षा रखनेवाला।	महत्वाकांक्षी	ambitious, aspiring.
महफिल	स्त्री.	1. जलसा, सभा;	सभा, बैठक;	an assembly, a congregation, a private gathering;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. नाच-रंग का जलसा।	मैफल (संगीताची इ.)	recreational assembly.
महरा (स्त्री.महरी)	पु.	कहार।	भोई, भोई जातीचा पुरुष	kahar, a palki-bearer.
महर्षि	पु.	बहुत बड़ा ऋषि।	महर्षी	great Rishi, great sage or saint.
महल	पु.	राजाओं, रईसों आदि के रहने का बहुत बड़ा मकान, प्रासाद।	महाल, राजवाडा	a palace, a castle, a palatial mansion.
महसूल	पु.	1. कर या शुल्क; 2. कोई वस्तु कहीं भेजने का किराया या भाड़ा; 3. मालगुजारी या लगान।	महसूल, कर, जकात; वाहतुक भाडे; सरकारी सारा	tax, duty, custom; portage; revenue, income.
महसूली	वि.	जिस पर महसूल लगा हो या लग सकता हो।	करपात्र, कर वा सारा लागण्याजोगा	dutiable, taxable.
महसूस	वि.	ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा अनुभूत (विषय)।	ज्ञात, अनुभवास आलेला, भासमान झालेला	perceived, felt.
महा	वि.	1. बहुत अधिक, अत्यन्त; 2. बड़ा, महान।	महा, पुष्कळ, अतिशय; महान्, नामांकित, प्रतापी	ample, excessive; great, illustrious, mighty.
महाकाय	वि.	बहुत बड़ी काया या शरीरवाला।	धिप्पाड, मोठ्या शरीराचा	large, mammoth, gigantic.
महाकाल	पु.	1. शिव का संहारकारी रूप; 2. अखंड, अनंतकाल।	संहारकारी रुद्र; अनंत काळ	a form of Siva in his character as the destroyer of the world; the Time Infinite.
महाकाव्य	पु.	बड़ा काव्य, आठ या इससे अधिक सर्गोवाला वह प्रबन्धकाव्य जिसमें विविध ऋतुओं आदि का वर्णन हो तथा जिसमें सभी रसों एवं विविध छंदों का समावेश हो।	महाकाव्य	a great or classical peom, an epic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महाजन	पुं.	1. लेनदेन का व्यवसाय करनेवाला व्यक्ति, साहूकार;	व्यापारी, सावकार;	a merchant, tradesman, money-lender;
		2. श्रेष्ठ व्यक्ति।	प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ मनुष्य	a great or eminent man, a very distinguished person.
महाजनी	स्त्री.	1. एक विशेष लिपि जो बही-खाते में प्रयुक्त की जाती है;	कीर्त–खतावणीत उपयोजिली जाणारी एक लिपी;	a kind of script used in account books;
		2. सूद पर रुपये उधार देने का कारोबार।	सावकारी	banking business, money-lending business.
महात्मा	पुं.	1. शुद्ध हृदय तथा उच्च विचारोंवाला व्यक्ति,	थोरपुरुष, उदात्त;	high-souled, high-minded, noble;
		2. संत, योगी, सिद्ध पुरुष।	सिद्ध–संत–पुरुष	saintly (person), saint, enlightened soul.
महाद्वीप	पुं.	पृथ्वी का वह बड़ा भाग जिसमें कई देश हों जैसे एशिया, यूरोप आदि।	रशिया व युरोपचे देश असणारे महाखंड	continent.
महाधिवक्ता	पुं.	विधिक क्षेत्र में किसी राज्य का वह प्रमुखतम अधिकारी जो शासकीय विवादों में उच्च न्यायालय के सामने राजकीय पक्ष प्रस्तुत करता है।	प्रमुख सरकारी वकील	advocate general.
महानता	स्त्री.	दे. 'महत्ता'।	मोठेपणा, थोरपणा	see 'महत्ता'
महानिशा	स्त्री.	1. रात्रि का दूसरा और तीसरा पहर;	मध्यरात्र, रात्रीचा दुसरा व तिसरा प्रहर;	the dead of night, the second and third watches of the night;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. प्रलय की रात।	महाप्रलय	the great deluge.
महानुभाव	पु.	बहुत बड़ा व्यक्ति, उच्च विचारवाला व्यक्ति।	उदात्त पुरुष	high-minded, noble-minded, generous person.
महान्यायवादी	पु.	विधिक क्षेत्र में किसी राज्य या राष्ट्र का वह प्रधान अधिकारी जिसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाइयां करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त हो।		attorney-general.
महापातक	पु.	बहुत बड़ा तथा घोर पाप।	महापातक, धार्मिक वा नैतिक दृष्ट्या महानदोष	a great crime or sin, a heinous offence.
महापाप	पु.	दे. 'महापातक'।	"महापातक" पाहा	see 'महापातक'.
महापुरुष	पुं.	श्रेष्ठ जन, महिमाशाली पुरुष।	महापुरुष, थोर पुरुष	a great man, an eminent personage, a dignitary.
महाप्रलय	पु.	ब्रह्माकी आयु समाप्त होने पर होनेवाला संपूर्ण सृष्टि का नाश।	महाप्रलय	the great deluge.
महाप्रस्थान	पुं.	1. मृत्यु, मौत;	मरण, इहलोकाहून प्रयाण;	departing from this life, death;
		2. प्राचीन काल में स्वर्गारोह के उद्देश्य से महापथ के द्वारा की जानेवाली दुर्गम पर्वतों की यात्रा।	स्वर्ग प्राप्तीच्या इच्छेने दुर्गम पर्वतातून करावयाची यात्रा	setting out on a great journey for ending life.
महाप्राण	पु.	व्याकरण के अनुसार ऐसा वर्ण जिसके उच्चारण में प्राणवायु का विशेष व्यवहार करना पड़ता है, प्रत्येक वर्ग का दूसरा और चौथा अक्षर।	कवर्ग, चवर्ग आदि वर्णमालेतील दुसरी व चौथा उच्छवास मिश्रित वर्ण (ख, छ, ठ, ढ इ.)	the hard breathing or aspirate sound made in the pronunciation of the aspirates, (in Gram.) an aspirated letter.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महाभाग (महाभागी)	वि.	अति भाग्यवान।	महाभाग्यवान	highly fortunate or blessed, very prosperous or happy.
महाभूत	पु.	1. भारतीय दर्शन में पृथ्वी आकाश आदि पांच तत्व या भूत;	पंच महाभूते (पृथ्वी, आप, तेज, वायु, आकाश);	the five elements;
		2. आधुनिक विज्ञान में वह मूल तत्त्व जो सभी तत्त्वों में समान रूप से पाया जाता है और उन सब का मूल कारण है।	पदार्थत्व	the matter.
महामंत्री	पु.	किसी संस्था आदि का सबसे प्रमुख मंत्री, महासचिव।	मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, कारभारी	general secretary.
महामना	वि.	उदारचित, जिसका मन सब प्रकार से शुद्ध हो।	उदार–थोर अंत:करणाचा	high-minded, noble-minded, liberal.
महामहिम	वि.	जिसकी महिमा बहुत अधिक हो।	महाप्रतापी	Majesty.
महामान्य	वि.	बहुत अधिक माननीय।	अत्यंत पूज्य, आदरणीय	most honourable, most revered, His Highness.
महामारी	वि.	ऐसा रोग जिससे बहुत अधिक लोग मरें, हैजा, प्लेग आदि।	भयंकर रोगाची साथ (प्लेग कॉलरा इ.)	an epidemic, (cholera, plague. etc.).
महायज्ञ	पु.	बहुत बड़ा यज्ञ।	महायज्ञ	a great sacrifice or offering.
महायात्रा	स्त्री.	मृत्यु।	मरण, महायात्रा	the great journey, death.
महायुद्ध	पु.	बहुत बड़ा तथा व्यापक युद्ध, विश्वयुद्ध।	महायुद्ध, जागतिक युद्ध	a great war, a world war.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महारथी	पु.	1. वह योद्धा जो अकेला दस हजार योद्धाओं से लड़ने में समर्थ हो;	महान् योद्धा, एकटा दहा हजाराशी लढणारा वीर पुरुष;	a great warrior;
		2. किसी विषय का प्रकांड विद्वान या किसी क्षेत्र का महान व्यक्ति।	प्रकांड पंडित, अत्यंत कर्तबगार पुरुष	a leading luminary in any field of knowledge or activity.
महाराज	पु.	1. बड़ा राजा;	महाराज, मोठा, महान् राजा, सार्वभौम राजा;	a great king, supreme sovereign;
		2. ब्राह्मण, साधु-संत आदि का सम्मान सूचक संबोधन;	अत्यंत आदरार्थी संबोधन;	a form of respectful address to a Brahman, or a superior, Majesty, Excellency etc.;
		3. भोजन बनानेवाला ब्राह्मण।	आचारी, स्वैपाकी	cook.
महारात्रि	स्त्री.	दे. 'महानिशा'।	मध्यरात्र, रात्रीचा दुसरा व तिसरा प्रहर	
महारानी	स्त्री.	राजा या सम्राट की पत्नी, मलिका।	महाराणी	queen, empress.
महारोग	पु.	बहुत बड़ा और प्राय: असाध्य रोग।	असाध्य रोग	a dangerous illness, grievous malady.
महारोगी	वि.	किसी महारोग से पीड़ित।	असाध्य रोगाने पछाडलेला	suffering from a severe illness.
महालेखापाल	पु.	लेखा-विभाग का सबसे प्रधान अधिकारी।	महालेखापाल, शासनाच्या हिशेबी विभागांचा सर्वोच्च अधिकारी	accountant general.
महावत	पु.	हाथीवान, फीलवान।	माहुत, महात	a mahout, elephant-driver.
महावर	पु.	लाख का रंग जिससे स्त्रियां अपने पैर रंगती हैं।	अळता	red colour used by ladies to beautify their feet.
महाविद्यालय	पु.	उच्च शिक्षा देनेवाला विद्यालय।	महाविद्यालय	a college.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महावीर	वि.	बहुत बड़ा वीर, पराक्रमी।	महान् पराक्रमी	having tremendous valour, extremely gallant.
	पु.	हनुमान।	हनुमान	an epithet of Hanuman.
महाशय	पु.	उच्चाशय, उदार, सज्जन (प्राय: नाम के साथ आदरार्थ प्रयुक्त किया जाता है)।	महाशय (आदरार्थी संबोधन)	a term of respectful address, Your Honour, Sir, Master.
महासभा	स्त्री.	1. कोई बहुत बड़ी सभा;	प्रचंड सभा;	a mammoth meeting or gathering;
		2. राष्ट्रसंघ के तत्वावधान में होनेवाली वह सभा जिसमें सम्बद्ध समस्त राष्ट्रों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं।	सर्वसाधारण सभा	general assembly (as of UNO).
महासागर	पु.	वह समस्त जलराशि जो इस लोक के स्थल-भाग को चारों ओर से घेरे हुए है।	महासागर	ocean.
महिमा	स्त्री.	1. गौरव, बड़प्पन, माहात्म्य;	मोठेपणा, महात्म्य;	greatness, glory, dignity, exaltation;
		2. अपनी देह का इच्छानुसार विस्तार कर लेने की शक्ति।	अष्टसिद्धीपैकी एक सिद्धी (तिच्या योगे शरीरांचा आकार इच्छेला येईल तेवढा वाढविता येतो)	one of the 8 Siddhis, the power of increasing size of the body at will.
महिला	स्त्री.	स्त्री, औरत।	महिला, स्त्री	a lady, dame.
महिषी	स्त्री.	1. भैंस;	म्हैस;	a she-buffalo;
		2. अभिषिक्ता रानी, पटरानी।	पट्टराणी	queen consort.
मही	स्त्री.	पृथ्वी।	मही, पृथ्वी	earth, ground, soil.
महीतल	पु.	पृथ्वी, संसार।	महीतल, पृथ्वीचा पृष्ठभाग	surface of the earth, ground, soil.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
महीधर	पुं.	पर्वत, पहाड़।	पर्वत	mountain.
महीन	वि.	बारीक, पतला।	तलम	fine, thin (not coarse), soft (as voice).
महीना	पुं.	1. वर्ष का बारहवां भाग, 30 दिन का समय, मास; 2. मासिक धर्म।	महिना; स्त्रियांचीं मासिकपाळी	month; menses.
महीप	पुं.	राजा।	राजा	king.
महीपति	पुं.	दे. 'महीप'।	राजा	see 'महीप'.
महीपाल	पुं.	दे. 'महीप'।	राजा	see 'महीप',
महीश	पुं.	दे. 'महीप'।	राजा	see 'महीप'.
महुआ (महुवा)	पुं.	एक प्रसिद्ध पेड़ जिसके फल-फूल खाने, शराब बनाने और लकड़ी, ईंधन तथा इमारती कामों में आते हैं।	मोहाचे झाड	a tree bearing sweet flowers used for preparing liquor and also as timber and fuel.
महोत्सव	पुं.	बहुत बड़ा उत्सव या समारोह।	महोत्सव	a great festival, any great rejoicing, big celebration.
महोदय (महोदया-स्त्री.)	पुं.	किसी व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जानेवाला एक आदरपूर्वक संबोधन।	आदरार्थी संबोधन	an honorific term,. Sir.
मां	स्त्री.	माता, जननी।	आई	mother.
मांग	स्त्री.	1. सिरके बालों को विभक्त करके बनाई जानेवाली रेखा; 2. मांगने की क्रिया, याचना; 3. किसी पदार्थ के लिए लोगों को होनेवाली आवश्यकता या चाह;	भांग (केसांचा); याचना; लोकांची गरज, –इच्छा;	parting of the hair (on the head); asking, begging; requirement, want;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. आधिकारिक रूप में या दृढ़तापूर्वक यह कहना कि हमें अमुक-अमुक सुविधाएं मिलनी चाहिएं।	मागणी	demand.
मांग-टीका	पु.	माथे पर पहनने का एक गहना।	बिंदी	an ornament worn along the parting of hair (by a woman).
मांगना	स. क्रि	कुछ देने की प्रार्थना करना याचना करना।	मागणे, याचना करणे, विनंती करणे, मागणी करणे, हक्क सांगणे	to ask for, request, demand, to claim.
मांगलिक	वि.	मंगलजनक, मंगलसूचक।	मंगलकारक मंगलप्रद, मंगलसूचक	benedictory, auspicious, propitious.
मांजना	स.क्रि.	1. साफ करने के लिए अच्छी तरह रगड़ना; 2. अभ्यास करना, मश्क करना।	घासणे, घासून स्वच्छ करणे; अभ्यास–सराव–करणे	to cleanse, to scrub, to polish; to practice, to exercise.
मांझा	पु.	पतंग की मजबूत एवं कड़ी डोर जो घिसा हुआ शीशा आदि मलकर बनाइ जाती है।	मांजा (पतंगाचा)	the kite-flying thread made sharper and stiffer by being treated with powdered glass
मांझी	पुं.	केवट, मल्लाह।	नावाडी, नाविक	steersman, boatman, sailor.
मांड	पु.	उबाले हुए चावलों का पानी जो फेंक दिया जाता है पसाव।	भाताजी पेज, खळ	rice-water, starch.
मांडना	स.क्रि.	1. गूंधना, सानना; 2. अन्न की बालों में से दाने झाड़ना।	कणिक तिंबणे; दाणे मळणे, कणसांपासून दाणे वेगळे करणे	to knead; to separate grain from the ears of corn.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मांडा	पु.	एक तरह का पराठा।	मांडा (एक पक्वान्न)	a kind of thin cake, paratha.
मांडी	स्त्री.	मांड, कपड़े में दिया जानेवाला कलफ।	आर, खळ	starch (made of rice-flour etc.).
मांद	स्त्री.	खूंखार जानवरों की रहने की जगह, गुफा।	गुहा	den (of a wild beast).
मांदगी	स्त्री.	रोग, बीमारी।	थकवा, आजारीपण	fatigue, weariness, illness.
मांदा	वि.	बीमार, रोगग्रस्त।	थकलेला, आजारी;	fatigued, tired, ailing, indisposed.
मां-बाप	पु.	माता-पिता।	आई—बाप	mother and father, parents.
मांस	पु.	मनुष्यों तथा जीव-जन्तुओं के शरीर का मुलायम, चिकना, रक्तवर्ण का वह अंश जो हड्डी, नस आदि से भिन्न होता है, गोश्त।	मांस	flesh, meat.
मांस-पिंड	पु.	मांस का लोथड़ा।	मांसाचा गोळा	lump of flesh, a tumour.
मांसपेशी	स्त्री.	शरीर के अन्दर होनेवाली झिल्ली तथा रेशों के आकार का मांस-पिंड।	स्नायू	a muscle.
मांस-भक्षी	वि.	मांस खानेवाला, मांसाहारी।	मांसाहारी	meat-eater, carnivorous.
मांस-भोजी	वि.	दे. 'मांस-भक्षी'।	मांसाहारी	see '**मांसभक्षी**'
मांसल	वि.	1. मोटाताजा, हृष्टपुष्ट;	धष्टपुष्ट;	fat, strong, powerful;
		2. (शरीर का कोई अंग) जो मांस से अच्छी तरह भरा हो।	मांसयुक्त	fleshy, muscular.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मांसलता	स्त्री.	1. मांस से भरे होने की अवस्था या भाव;	मांसपुष्टता, मांसलपणा;	strength, bulk, power;
		2. मोटा-ताजा होने की अवस्था या भाव।	धष्टपुष्टता	fleshiness, plumpiness, muscularity.
मांसाहारी	वि.	दे. 'मांसभक्षी'।	मांसाहारी	see 'मांसभक्षी'.
माई	स्त्री.	1. माता, मां;	आई;	mother;
		2. वृद्धा, आदरणीया स्त्री का संबोधन;	वृद्ध आदरणीय स्त्रीला संबोधून वापरावयाचा शब्द;	mode of address to a respectable old lady;
		3. नौकरानी।	मोलकरीण	a maid servant.
माघ	पु.	ग्यारहवां चांद्र मास जो फागुन से पहले पड़ता है	माघ मास	eleventh month of Indian calendar.
माचिस	स्त्री.	दियासलाई।	आगपेटी	matches, match-stick, match-box.
माजरा	पु.	1. घटना;	घटना, प्रसंग;	event, incident, occurrence;
		2. घटना का विवरण, हाल।	स्थिती, हकीकत	matter, affair.
माजून	स्त्री.	1. शहद, शक्कर आदि के योग से बना हुआ दवाओं का अवलेह;	साखर किंवा मध यांच्यात तयार केलेला अवलेह;	a medicine in the sweatmeat;
		2. भांग की बर्फी या भांगयुक्त अवलेह;	भांगयुक्त अवलेह –बर्फी	an intoxicating sweetmeat prepared with bhang as an ingredient.
माजूफल	पु.	माजू के भवाड़ का गोंद।	मायफळ	gall-nut, medicinal gum of a tree.
माणिक	पु.	लाल रंग का एक बहुमूल्य रत्न।	माणिक (एक रत्न)	ruby.
मात	स्त्री.	1. पराजय, हार;	पराजय, हार;	defeat;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. शतरंज के खेल में वह स्थिति जब कोई पक्ष बादशाह को मिलनेवाली शह न बचा सकता हो।	शह काढता न येण्याची स्थिती	checkmate.
मातम	पु.	मृतक का शोक, शोक के कारण होनेवाला रोना पीटना।	मेल्याचा शोक, रडारड	grief, mourning, lamentation.
मातमपुर्सी	स्त्री.	मृतक के यहां जाकर सहानुभूति प्रकट करने की क्रिया।	शोक प्रदर्शन	condolence.
मातमी	वि.	मातम संबंधी, शोक-सूचक।	शोकसूचक, शोकासंबंधीचा	of or relating to mourning, mournful.
मातहत	वि.	जो किसी के अधीन हो।	हाताखालचा, अधीन	that which is under, subordinate, under.
माता	स्त्री.	1. मां, जननी;	माता, आई;	mother;
		2. आदरणीया वयोवृद्ध स्त्री का संबोधन;	वडील स्त्रीला उद्देशून वापरला जाणारा आदरार्थी शब्द;	an affectionate or respectful term of address to an elderly woman;
		3. चेचक या शीतला नामक रोग।	देवी, फोड्या	small-pox.
मातृत्व	पु.	माता अर्थात् संतानवती होने की अवस्था।	मातृत्व, अपत्य असण्याची अवस्था	maternity, motherhood.
मातृभाषा	स्त्री.	अपने जन्म-स्थान की, अपने घर में बोली जानेवाली भाषा।	मातृभाषा	mother-tongue.
मातृभूमि	स्त्री.	जन्मभूमि, स्वदेश।	मातृभूमि	motherland.
मात्र	अव्य. वि.	केवल, सिर्फ।	मात्र, केवळ, फक्त	only, merely, mere, sheer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मात्रा	स्त्री.	1. परिमाण;	मात्रा परिमाण अंश;	measure, quantity;
		2. (दवा की) खुराक;	औषधाचा पोटात घ्यावयाचा अमुक इतका भाग;	a dose (of medicine);
		3. ह्रस्व वर्ण के उच्चारण में लगनेवाला काल;	ह्रस्व वर्णाचा उच्चार करताना लागणारा काळ;	the length of time required to pronounce a short syllable;
		4. किसी अक्षर में लगाया जानेवाला स्वरसूचक चिह्न।	नागरी लिपीतील स्वर सूचक चिन्ह	vowel-mark in Devanagari Script.
मात्रिक	वि.	1. मात्रा-संबंधी	मात्रेसंबंधीचा, स्वरसूचक चिन्हासंबंधीचा;	of or pertaining to a vowel-mark;
		2. जिसमें मात्राओं की गणना या विचार होता हो।	मात्रांच्या संख्येसंबंधीचा किंवा मात्रा विषयक	based on the number of Matras.
मात्सर्य	पु.	ईर्ष्या, दूसरे का उत्कर्ष देखकर जलना।	मत्सर भाव, इर्ष्या	envy, jealousy, malice.
माथा	पु.	1. मस्तक, ललाट;	कपाळ;	forehead;
		2. वस्तु का अग्रभाग;	कोणत्याही वस्तूचा पुढचा आलेला भाग;	forepart (of anything);
		3. सिर।	डोके, माथा	head.
माथापच्ची	स्त्री.	समझने-समझाने के लिए होनेवाला ऐसा परिश्रम जिससे शरीर थक जाए।	डोकेफोड	taxing of brains, mental over-exertion.
मादक	वि.	नशा उत्पन्न करनेवाला।	मादक, मद-नशा-उत्पन्न करणारा	intoxicating, maddening, stupefying.
मादकता	स्त्री.	नशीलापन।	केफ आणण्याचा गुण	state of intoxication, drunkenness.
मादा	स्त्री.	स्त्री जाति का जीव या प्राणी।	स्त्री जाती, मादी	female.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
माद्दा	पुं.	1. वह पदार्थ जिससे कोई वस्तु बनी हो या बनाई जाए;	घटक द्रव्य;	ingredient, element;
		2. वह गुण, तत्त्व, योग्यता अथवा पात्रता जिससे मनुष्य कुछ करने-धरने योग्य होता है;	काही करण्याची योग्यता वा पात्रता;	faculty, capacity;
		3. मवाद।	पू	pus.
माधुरी	स्त्री.	मधुरता, मिठास।	माधुर्य, मधुरता, गोडी	sweetness, pleasantness.
माधुर्य	पुं.	1. मधुरता, मिठास;	माधुर्य, गोडी;	sweetness, pleasantness;
		2. काव्य का एक गुण।	काव्याचा एक आकर्षक गुण, प्रसाद	one of the poetic qualities,
माध्यम	पुं.	साधन, जरिया।	माध्यम, साधन	means, medium.
माध्यमिक शिक्षा	स्त्री.	प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत और उच्च शिक्षा से पहले दी जानेवाली शिक्षा।	माध्यमिक शिक्षण	secondary education.
मान	पुं.	1. सम्मान, आदर;	मान, सन्मान, आदर;	respect, honour, regard;
		2. प्रतिष्ठा, गौरव;	प्रतिष्ठा;	prestige, dignity;
		3. नायक के किसी अपराध से नायिका का रूठना;	नायिकेचा खोटा खोटा रुसवा;	female caprice, amorous sulking;
		4. पैमाना, नाप-तौल।	मोजपट्टी	measure, scale.
मानक	पुं.	विशिष्ट वस्तुओं के आकार प्रकार, महत्व आदि जांचने का कोई आधिकारिक आदर्श, मानदंड या रूप।	प्रमाण, मानदंड	standard, norm.
मानकीकरण	पुं.	एक ही वर्ग की बहुत सी वस्तुओं के गुण, महत्व आदि का एक मानक रूप स्थिर करने की क्रिया।	प्रमाणीकरण.	standardization.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मानचित्र	पु.	नक्शा, रेखाओं का ऐसा अंकन जिसमें किसी भूभाग की नदियों, पहाड़ों, नगरों आदि का विस्तार दिखाया गया हो।	नकाशा	map.
मानचित्रावली	स्त्री.	मानचित्रों का संकलन या संग्रह, एटलस।	नकाशांचे पुस्तक	atlas.
मानदंड	पु.	नापने का डंडा, पैमाना।	मानदंड, मापण्याची –मोजण्याची ठरलेली पट्टी, निकष	standard, criterion.
मानदेय	पु.	किसी कार्य या सेवा के बदले में आदरपूर्वक दिया जानेवाला धन।	मानधन	honorarium.
मानना	अ.क्रि.	1. स्वीकार करना, कबूल करना;	मान्य करणे, कबूल करणे;	to admit, to accept, to confess;
		2. (किसी के) गुण, योग्यता, आदि का कायल होना;	आदर करणे, कदर करणे;	to acknowledge the superiority of;
		3. (किसी के प्रति) श्रद्धा रखना;	श्रद्धा बाळगणे;	to respect, revere, esteem;
		4. तर्क-निर्वाह हेतु कुछ समय के लिए वस्तुस्थिति के विपरीत कल्पना करना।	गृहीत धरणे, समजणे	to assume, suppose, to take for granted.
माननीय	वि.	मान करने योग्य, आदरणीय।	माननीय, आदरणीय, श्रद्धेय	honourable, venerable, respectable.
मानपत्र	पु.	किसीका सम्मान करने के लिए दिया जानेवाला वह पत्र जिसमें उसके सत्कार्यों आदि की स्तुति रहती है।	मानपत्र	an address (for welcome).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मान-मनौवल	स्त्री.	रूठे हुए को मनाने की क्रिया या भाव।	(प्रिया–प्रियकर यांच्यामधील) मनधरणी	entreaties and persuasion (esp. amongst lover and beloved).
मान-मनौती		दे. 'मान-मनौवल'।	मनधरणी	see 'मान-मनौवल'
मानव	पु.	मनुष्य, इंसान।	मानव, मनुष्य	a man, human being.
मानवता	स्त्री.	1. मानव होने की अवस्था या भाव, मुनष्य-जाति;	मानवता, मनुष्य असण्याची अवस्था;	humanity, mankind:
		2. मनुष्य के आदर्श तथा स्वाभाविक गुणों, भावनाओं आदि का प्रतीक या समूह।	मानवगुण	human quality.
मानवतावाद	पु.	वह सिद्धांत जिसमें यह माना जाता है कि सभी मनुष्यों का समान रूप में कल्याण होना चाहिए और सबकी उन्नति होने की व्यवस्था होनी चाहिए	मानवतावाद, सर्व माणसांचे समानरीतीने कल्याण व सर्वांच्या उन्नतीची व्यवस्था झाली पाहिजे असे मानणारा सिद्धान्त	humanism.
मानवतावादी	वि.	मानवतावाद सम्बन्धी।	मानवतावाद विषयक	humanistic.
	पु.	मानवतावाद के सिद्धान्तों का अनुयायी और समर्थक	मानवतावादाचा पुरस्कर्ता	humanist.
मानवती	वि., स्त्री.	साहित्य में वह नायिका जो नायक से रुष्ट या असंतुष्ट होने पर मान करती हो।	प्रियकराकडून काही अप्रिय झालेले मानून त्याच्यावर रुसून मानीपणा दाखविणारी नायिका	a beloved who amorously assumes a sulking posture (for some lapse on the part of the lover.).
मानववाद	पु.	दे. 'मानवतावाद'।	मानवतावाद	see 'मानवतावाद'.
मानव-विज्ञान	पु.	मनुष्यों की उत्पति, उनकी जातियों, स्वभाव आदि का विवेचन करनेवाला शास्त्र।	मानववंशशास्त्र	anthropology.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मानवी	स्त्री.	नारी, स्त्री।	स्त्री	woman.
	वि.	मानव का, मनुष्य-संबंधी।	मानवासंबंधीचा	pertaining to man
मानवीकरण	पु.	किसी वस्तु को मानव का रूप देने की क्रिया या भाव।	मानव नसणाऱ्या वस्तूला वा प्राण्याला मानवाचे रुप देण्याची किंवा तशी कल्पना करण्याची क्रिया	to imagine or depict something in the form of a human being.
मानवीय	वि.	1. मानव संबंधी; 2. मनुष्योचित।	मानवविषयक; मानवोचित	pertaining to mankind; human, humane.
मानस	वि.	मन से उत्पन्न, मनःकृत।	मनापासून जन्मलेला, मनाचा	produced from the mind, mental.
	पु.	1. मन, चित्त; 2. मानसरोवर; 3. आदमी, मनुष्य।	मानस, मन, चित्त मानसरोवर; माणूस	mind, heart, soul; a sacred lake on the mountain kailasa; man, human being.
मानसपुत्र	पु.	(ब्रह्माके) संकल्प मात्र से उत्पन्न पुत्र।	मानसपुत्र, (ब्रम्हाच्या) संकल्पातून निर्माण झालेला पुत्र	psychic progeny.
मानसपूजा	स्त्री.	बाह्योपचार के बिना मन से की जानेवाली पूजा।	मानसपूजा मनानेच केलेली पूजा	mental or spiritual devotion.
मानसरोवर	पु.	हिमालय में स्थित एक पवित्र झील जो बड़े तीर्थों में मानी जाती है।	मानससरोवर	name of a sacred lake in the Himalaya mountains which is a place of pilgrimage.
मानसिक	वि.	मन-संबंधी।	मानसिक, मनाचा, मनासंबंधीचा	of or pertaining to the mind, mental, psychic.
मानसून	पु.	बरसात, वर्षा ऋतु।	वर्षाऋतु	the monsoon (season).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मान-हानि	स्त्री.	अपमान, अप्रतिष्ठा।	मानहानी, अपमान, अप्रतिष्ठा	insult, defamation.
मानिनी	वि.	दे. 'मानवती'।	"मानवती" पाहा	see 'मानवती'
मानी	वि.	1. मान करनेवाला, स्वाभिमानी;	मानी, स्वाभिमानी;	haughty, proud, possessed of self-respect;
		2. मानयुक्त, प्रतिष्ठित।	लोकमान्य, प्रतिष्ठित	entitled to respect, highly honoured.
माने	पु.	अर्थ, अभिप्राय, हेतु।	अर्थ, आशय	meaning, purport, import.
मानुष्य	वि.	मनुष्य-संबंधी, मनुष्य का।	मनुष्य विषयक, मानुषी	belonging to mankind, human.
	पु.	आदमी, मनुष्य।	मनुष्य	man, human being.
मानुषिक	वि.	मनुष्य-संबंधी।	मनुष्याचा, मानवी	of or pertaining to mankind or human being.
मानुषी	स्त्री.	औरत, नारी।	स्त्री	woman.
	वि.	मानुषीय, मनुष्य का।	मनुष्यजातीचा, मनुष्यविषयक	of or pertaining to mankind or human being.
मानो	अव्य.	जैसे, गोया।	जणू, जणूकाय	supposing, as though, as if, as it were.
मान्य	वि.	1. मानने योग्य;	मानण्याजोगा, मान्य करण्याजोगा;	valid, tenable, acceptable;
		2. आदरणीय, सम्मान का अधिकारी।	आदरणीय, मान्य	honourable, venerable, respectable.
मान्यता	स्त्री.	1. किसी संस्था आदि को स्वीकृति देना या प्रामाणिक मान लेना;	मान्यता, (संस्था इ.) प्रमाणित म्हणून मान्य करणे;	recognition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. स्वीकार या मान्य होने का भाव।	स्वीकृती	acceptability, validity.
माप	स्त्री.	1. मापने या नापने की क्रिया या भाव; 2. मापने पर ज्ञात होनेवाला नाप, परिमाण, मिकदार।	मापण्या–मोजण्याची क्रिया; मापण्याने समजून येणारी परिस्थिती, मोजमाप	measure, measurement; size, dimension.
मापक	वि., पु.	1. माप करने या नापनेवाला; 2. वह पात्र या यंत्र जिसकी सहायता से कोई वस्तु नापी जोखी जाती हो।	मापघेणारा, मोजमाप करणारा; मापण्याची–वा तोलण्याचे साधन	measurer, surveyor; meter.
मापतोल	स्त्री.	1. मापने, तौलने आदि की क्रिया या भाव;	मापण्याची–तोलण्याची क्रिया;	measurement, a system of measures and weights;
		2. अच्छी तरह जांच या परखकर किसी चीज का महत्व, मान या मूल्य आदि जानने की क्रिया या भाव।	मापण्याची–तोलण्याची पद्धती, वजन, माप इ. ची पूर्ण तपासणी	complete assessment of weight,measure etc.
मापदंड	पु.	मापने का डंडा, पैमाना।	मोजण्याचा गज, वारपट्टी इ.	yardstick, standard.
मापना	स.क्रि.	वस्तु का विस्तार, घनत्व या वजन मालूम करना।	वस्तूची लांबीरुंदी, घनत्व किंवा वजन समजून घेणे, मापणे	to measure, to survey, to scale.
मापी	पु.	मापनेवाला (यंत्र)।	मोजण्याचे–मापण्यांचे यंत्र, "मीटर"	meter.
माफ	वि.	क्षमा किया हुआ, बख्शा गया।	माफ, क्षमा केलेला	excused, condoned, forgiven, pardoned.
माफिक	वि.	अनुकूल, अनुसार।	अनुसार, जोगा, योग्य	suitable, agreeable, favourable.
माफी	स्त्री.	1. क्षमा, माफ किया जाना;	माफी, क्षमा;	forgiveness, pardon, exemption;
		2. ऐसी भूमि जिसका लगान माफ कर दिया गया हो।	करमुक्त जमीन	a rent-free grant, rent-free land.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मामला	पु.	1. घटना, बात;	प्रकरण, घटना;	matter, occurrence, happening;
		2. आपस में होनेवाले काम, व्यवहार या व्यापार;	आपसातील व्यवहार;	business, affair;
		3. विवाद, मुकदमा।	खटला, मुकदमा	a case, cause or suit (in law).
मामा	पु.	मां का भाई, मातुल।	मामा	maternal uncle.
मामी	स्त्री.	मामा की पत्नी।	मामी	maternal aunt.
मामूली	वि.	1. औसत दरजे का, साधारण;	सामान्य, सामान्य दर्जाचा;	ordinary, so-so, common place;
		2. प्रायः होता रहनेवाला।	नित्याचा	customary, usual.
मायका	पु.	विवाहिता स्त्री की दृष्टि से उसके माता-पिता का घर और परिवार।	माहेर	paternal house of a married woman.
माया	स्त्री.	1. वेदांत के अनुसार ईश्वर की वह अव्यक्त बीजरूप शक्ति जो प्रपंच की कारणभूता है;	माया, ईश्वराची शक्ती, प्रकृती;	divine and formless power of the Supreme Being (considered to be the cause of the creation);
		2. असाधारण कला या शक्ति, करामात;	असामान्य--अलौकिक शक्ती, चमत्कार शक्ती;	extraordinary or supernatural power, magical or wonderful power;
		3. इंद्रजाल, जादू;	भ्रांती, भ्रम;	enchantment, illusion of magic, delusion;
		4. अनुग्रह, कृपा;	ममता, सहानुभूती, दया;	compassion, pity, sympathy, mercy;
		5. धन-संपत्ति, दौलत।	धनसंपत्ती	prosperity, opulance, riches.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मायावाद	पु.	संसार को मिथ्या मानने का सिद्धांत।	मायावाद	the doctrine affirming the world to be illusion.
मायाविनी	वि., स्त्री., स्त्री।	छल या कपट करनेवाली	कपटी, ढोंगी, भुलविणारी	deceitful (woman).
मायावी	पु.	1. माया करने या जानने-वाला, जादूगर;	जादूगर;	magician, juggler;
		2. फरेबी।	दगाबाज माणूस	deceptive, deceitful.
मायूस	वि.	निराश, हताश।	निराश, हतोल्लास	frustrated, disappointed, dejected.
मायूसी	स्त्री.	निराशा, नाउम्मीदी।	निराशा, निरुत्साह, नाउमेदी	disappointment, despair.
मार	पु.	कामदेव।	कामदेव	Cupid, the god of love.
	स्त्री.	1. चोट, आघात, प्रहार;	मार, मारपीट;	beating, striking, blow;
		2. प्रहारक्षम दूरी।	मारा करण्याचा टप्पा	range.
मारक	वि.	1. मारनेवाला;	मारणारा, घातक;	killing, destroying, slaying;
		2. दमन या नाश करनेवाला।	दडपून टाकणारा, नाश करणारा	suppressing, destroying.
मारकाट	स्त्री.	एक-दूसरे को मारने-काटने की क्रिया या भाव, लड़ाई।	मारामारी, हाणामारी, खुनाखुनी, कत्तल	bloody encounter, mutual fight, carnage, massacre.
मारण	पु.	1. मारना, जान लेना;	हत्या, ठार मारणे;	killing, slaying, slaughter;
		2. वह तांत्रिक प्रयोग जो किसी को मार डालने के उद्देश्य से किया जाता है।	शत्रूला ठार मारण्याकरिता करण्याचा एक मंत्र-तंत्र प्रयोग	a magical ceremony performed for the purpose of destroying an enemy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मार-धाड़	स्त्री.	एक-दूसरे को मारना-पीटना, लड़ाई।	हाणामारी, लढाई	fighting, noisy encounter, scuffle
मारना	स.क्रि.	1. जान लेना, हत्या करना;	मारणे, ठार मारणे, वध करणे;	to kill, slay, slaughter;
		2. पीटना, प्रहार करना, चोट पहुंचाना;	मार देणे, ठोकणे, पीटणे;	to beat, to strike, to hit;
		3. प्रभावरहित करना;	प्रभाव कमी करणे (विष इ. चा);	to counteract, to turn ineffective (poison etc.);
		4. जीतना, परास्त करना, नीचा दिखाना;	जिंकणे, पराभूत करणे;	to overcome, conquer, defeat;
		5. नाश करना, बरबाद करना;	नाश क़रणे;	to destroy, ruin;
		6. ताश, शतरंज आदि के खेल में विपक्षी के पत्ते, गोट आदि को जीतना;	बुद्धिबळाच्या किंवा पत्त्याच्या खेळात जिंकणे,. हार देणे;	to win in a game of cards or chess;
		7. मानसिक या शारीरिक आवेग दबाना या रोकना।	मनोवेग आतल्या आत जिरवणे	to master, subdue, tame, mortify (affections, appetites or lusts).
मारपीट	स्त्री.	एक दूसरे को मारना, लड़ाई।	मारपीट, हाणामारी, लठ्ठालठ्ठी	beating, scuffle, exchange of blows.
मारा-मारी	स्त्री.	1. लड़ाई, मारपीट; 2. इफरात, बहुतायत।	मारामारी, हाणामारी; रेलचेल	scuffle, broil, fray; plentitude, abundance.
मारुत	पु.	वायु, पवन।	वायु, वारा	air, wind.
मारू	वि.	मार डालने या जान लेनेवाला, मर्म पर आघात करनेवाला।	घातक, मर्मावर आघात	deadly, fatal.
	पुं.	1. युद्ध में बंजाया जानेवाला एक बहुत बड़ा नगाड़ा;	मोठा नगारा	a kind of wartime musical instrument, a kettle drum;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. युद्ध के समय वीरों को उत्तेजित करनेवाला गीत या राग।	रणगीत	name of a rag or musical mode sung during battles to arouse the soldiers.
मारे	अव्य.	के कारण, की वजह से।	मुळे, —च्या कारणाने	due to, because of, for the sake of.
मार्का	पु.	चिह्न, निशान, छाप।	निशाणी, खूण, छाप	trademark, mark, sign.
मार्ग	पु.	1. रास्ता, पथ; 2. माध्यम, साधन।	मार्ग, वाट, रस्ता; माध्यम, साधन	way, road, path; means, tool, contrivance.
मार्गदर्शक	पु.	रास्ता दिखानेवाला, रहनुमा।	मार्गदर्शक, वाटाड्या	guide, conductor.
मार्गदर्शन	पु.	रास्ता दिखलाना, पथप्रदर्शन।	मार्गदर्शन	showing the way, guidance.
मार्गशीर्ष	पु.	दे. 'अगहन'।	मार्गशीर्ष महिना	see 'अगहन'.
मार्च	पु.	अंग्रेजी वर्ष का तीसरा महीना।	मार्च महिना	March (month).
मार्जन	पु.	1. दोष, मल आदि दूर करके साफ करने की क्रिया या भाव, सफाई; 2. भूल, दोष आदि का परिहार; 3. अपने ऊपर जल छिड़क कर अपने आपको शुद्ध करना।	शुद्धीकरण, सफाई; दुरुस्ती, दोष निवारण; शुद्धीकरणाकरिता पाणी शिंपडण्याची क्रिया	cleaning, purifying, cleansing; rectification (of mistake, flaw etc.); sprinkling with water for purification, before the commencement of religious ceremonies.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मार्जनी	स्त्री.	झाड़ू, बुहारी।	केरसुणी, झाडू	brush, broom, besom.
मार्जनीय	वि.	जिसका मार्जन या सफाई आवश्यक या उचित हो, मार्जन करने योग्य।	शुद्ध करणे आवश्यक असा	which can be or is to be cleansed, cleaned or purified etc.
मार्जित	वि.	जिसका मार्जन किया गया हो, साफ या स्वच्छ किया हुआ।	मार्जन–शुद्ध–केलेला	cleansed, scoured, purified.
मार्तंड	पु.	सूर्य।	मार्तन्ड, सूर्य	the sun.
मार्दव	पु.	1. मृदुता, कोमलता, नरमी; 2. हृदय की कोमलता और सरसता।	मार्दव, मृदुपणा, कोमलपणा; सौजन्य, सौहार्द्र	softness; gentleness, leniency.
मार्फत (मारफत)	अव्य.	किसी व्यक्ति के माध्यम से।	मार्फत, द्वारा	through, by, to the care (of).
मार्मिक	वि.	मर्म स्थान पर प्रभाव डालने अथवा उसे आंदोलित करनेवाला, मर्मस्पर्शी।	मर्मस्पर्शी, हृदयस्पर्शी, बारकावा समजणारा	vital, affecting the vital parts, poignant, touching, moving.
मार्मिकता	स्त्री.	मार्मिक होने की अवस्था या भाव।	बारकावा समजण्याची शक्ती, मर्मास स्पर्श करण्याची शक्ती	poignancy, power to affect the vital parts.
माल	स्त्री.	चरखे की वह डोरी जो तकुए को घुमाती है।	माळ (चरख्याची इ.)	string (of a spinning wheel, or of a reel etc.).
	पुं.	1. प्रत्येक ऐसी मूल्यवान वस्तु जिसका कुछ उपयोग होता हो;	माळ, एकाच प्रकारच्या अनेक वस्तू किंवा अनेक वस्तूचा जमाव;	goods, stock;
		2. सुन्दर और स्वादिष्ट भोजन;	मिष्टान्न;	dainty, delicious dish;
		3. असबाब, सामान;	घरातले सामानसुमान;	household goods or effects;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		4. धन-दौलत;	धन-संपत्ती, मालमत्ता;	riches, money, property, wealth;
		5. वह धन जो राज्य को कर, लगान आदि के रूप में प्राप्त होता है, राजस्व।	जमिनीचा महसूल	rent or revenue (from land).
मालखंभ	पु.	वह खंभा जिस पर तरह-तरह की कसरतें की जाती हैं।	मलखांब	a wooden pole used for various exercises.
मालगाड़ी	स्त्री.	वह रेलगाड़ी जो केवल माल असबाब ढोने के काम आती है।	मालगाडी	goods train.
मालगुजारी	स्त्री.	जमीन का वह कर जो सरकार को दिया जाता है, लगान।	जमिनीचा सारा	land-revenue.
मालगोदाम	पु.	1. वह स्थान जिसमें व्यापारी वस्तुओं का भंडार रखते हैं;	व्यापारी आपला माल साठवितात तो गोदाम;	warehouse, store-house;
		2. रेल, जहाज आदि से आने-जानेवाले माल रखने का स्थान।	रेल्वे-बोटी इ. तून येणारा माल ठेवण्याचे कोठार, मालघर	godown.
मालटा	पु.	मुसम्मी की जाति का एक प्रकार का फल।	मोसंबीच्या जातीचे एक फळ	kind of citrus fruit.
माल-स्टाक	पु.	1. रुपया-पैसा; 2. माल-मत्ता।	धन संपत्ती; मालमत्ता	wealth, riches; assets.
मालती	स्त्री.	एक प्रसिद्ध लता जिसमें वर्षा ऋतु में सफेद रंग के सुगंधित फूल लगते हैं।	चमेली	a kind of jasmine with fragrant white flowers.
मालदार	वि.	धनवान, धनी।	धनवान्, श्रीमंत, गब्बर	wealthy, rich, moneyed.

39—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मालपूआ	पु.	एक प्रकार का मीठा पकवान।	एक मिष्टान्न	a kind of sweet cake.
मालमत्ता	पु.	धन-दौलत, सम्पत्ति।	मालमत्ता, धनसंपत्ती	assets, riches, wealth.
माला	स्त्री.	1. पंक्ति, श्रेणी;	माला, रांग, हार;	row, line, series;
		2. हार;	माळ, हार;	wreath, garland;
		3. समूह, झुंड;	जमाव;	collection, group;
		4. कुछ विशिष्ट प्रकार के दानों या मनकों का हार।	कंठमाळ, मण्यांची माळा	string (of beads etc).
मालामाल	वि.	धनधान्य से पूर्ण, सम्पन्न।	समृद्ध, संपन्न	opulent, very rich.
मालिक	पु.	1. स्वामी, अध्यक्ष;	मालक, स्वामी, धनी;	proprietor, owner, master;
		2. ईश्वर;	परमेश्वर;	the Supreme Being;
		3. पति।	पती	husband.
मालिका	स्त्री.	1. पंक्ति, श्रेणी;	मालिका, हार, रांग;	row, line, series;
		2. माला।	माळ, हार	garland.
मालिकाना	पु.	1. स्वामी का अधिकार या स्वत्व, मिलकियत, स्वामित्व;	मालकी, स्वामित्व;	proprietorship, ownership;
		2. जमींदारी का हक जो काश्तकार जमींदार को देता है।	जमिनीचा मिळणारा खंड	annual or monthly allowance paid to a Zamindar by the person who occupies his lands.
	वि.	मालिक जैसा।	मालकासारखा	proprietary, like owner.
मालिन	स्त्री.	1. माली की स्त्री;	माळीण, माळ्याची बायको;	wife of gardener;
		2. बागबानी का काम करनेवाली स्त्री।	माळी काम करणारी बाई किंवा फुले विकणारी बाई	female gardener or flower-seller.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मालिन्य	पु.	1. मलिन या उदास होने की दशा या भाव;	मालिन्य, औदासीन्य, खिन्नता;	sullenness, rancour;
मृदंग	पु.	ढोलक की तरह का एक बाजा।	मृदंग, पखवाज	Indian musical instrument like drum, percussion instrument.
मृदु	वि.	कोमल, नरम, मुलायम।	मृदु मऊ, कोमल	soft, delicate, tender.
मृदुता	स्त्री.	नरमी, कोमलता।	मृदुता, कोमलता, मऊपणा	softness, gentleness, tenderness.
मृदुल	वि.	कोमल, मुलायम।	मऊ, सुकुमार	soft, tender, delicate.
मृषा	क्रि. वि.	झूठमूठ, वृथा।	उगीचच, खोटेपणाने	falsely, untruly, in vain.
	वि.	झूठ, मिथ्या।	खोटा, असत्य	false, untrue.
में	पर-सर्ग	अधिकरणकारक का चिह्न।	सप्तमी, विभक्तीचा प्रत्यय–आंत, मध्ये असा अर्थवाचक	in, into, in the midst of, among, between, at.
मेंगनी	स्त्री.	भेड़-बकरी आदि की विष्टा जो छोटी-छोटी गोलियों के आकार में होती है।	लेंडी	orbicular dung ball of goats, sheep, camels, rats, etc.
मेंड़	स्त्री.	खेत की हदबंदी।	बांध (शेताचा)	hedge (raised to separate fields), border.
मेंड़बंदी	स्त्री.	मेंड बनाने का काम।	बांधबंदिस्ती	hedging.
मेंढक	पु.	एक प्रसिद्ध जल-स्थल-चारी छोटा जन्तु।	बेडूक	frog.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मेंढकी	स्त्री.	मेंढकी की मादा	बेडकी	female frog.
मेंह	पु.	वर्षा, पानी बरसना।	पाऊस	rain.
मेंहदी	स्त्री.	एक प्रकार की झाड़ी जिसकी पत्तियां हाथ-पैर रंगने के काम आती हैं।	मेंदी	henna.
मेख	स्त्री.	खूंटा, खूंटी, कील।	मेख, खुंट, खुंटा	nail, peg.
मेखला	स्त्री.	करधनी, कमरबंद।	कमरपट्टा	belt, girdle, waist-band.
मेघ	पु.	बादल।	ढग	cloud.
मेघाच्छन्न	वि.	बादलों से ढका हुआ।	ढगांनी भरलेले (आकाश), भरुन आलेले	overcast or covered with clouds, cloudy.
मेज	स्त्री.	एक प्रकार की ऊंची चौकी जो खाना खाने, लिखने आदि के लिए आधार रूप में काम आती है।	मेज, टेबल	table.
मेजपोश	पु.	मेज पर शोभा के लिए बिछाया जानेवाला कपड़ा	मेजावरची शोभिवंत चादर	table cloth, table cover.
मेजबान	पु., वि.	आतिथ्य करनेवाला। (व्यक्ति)।	आतिथ्य करणारा, यजमान, स्वागत करणारा घरधनी	host.
मेजबानी	स्त्री.	अतिथि-सत्कार, मेहमानदारी।	पाहुणचार, अतिथिसत्कार	acting as the host, hospitality.
मेटना	स.	दे. 'मिटाना'।	"मिटाना" पाहा	see. 'मिटाना'.
मेथी	स्त्री.	एक पत्रशाक जिसके पत्ते सब्जी के लिए और दाने दवा और मसाले के काम आते हैं।	मेथी, एक पालेभाजी	the plant finugreek.
मेद	पु.	1. शरीर के अन्दर चरबी	मेद, चरबी;	fat, marrow;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. चरबी या मोटाई बहुत बढ़ जाने का रोग।	चरबी वाढल्याचा रोग	morbid or unnatural corpulence.
मेदा	पु.	पक्वाशय, पेट।	पोट, जठर	stomach.
मेदिनी	स्त्री.	पृथ्वी, धरती।	मेदिनी, पृथ्वी	earth.
मेधा	स्त्री.	बातें समझने और स्मरण रखने की शक्ति।	मेधा, समजून घेऊन ते धारण करण्याची बुद्धि, शक्ती	mental vigour or power, intellect, understanding.
मेधावी	वि.	असाधारण मेधा शक्तिवाला, बुद्धिमान।	बुद्धिमान	possessed of extraordinary mental power, intelligent, brilliant.
मेमना	पु.	भेड़ का बच्चा।	कोकरु	lamb, kid.
मेरा (मेरी स्त्री.)	सर्व. वि.	'मैं' का संबंधकारक	"मैं" चे षष्ठी विभक्तीचे रुप, माझा या अर्थी	my, mine.
मेरु	पु.	1. सुमेरु पर्वत;	मेरु, एका पौराणिक सुवर्ण पर्वताचे नांव;	name of a fabulous mountain (supposed to be of gold);
		2. जपमाला में सबसे ऊपर रहनेवाला प्रधान दाना।	मण्यांच्या माळेतील मधला मुख्य मणी	centre or most prominent bead in a rosary.
मेरुदंड	पु.	मनुष्यों और बहुत से जीवजन्तुओं में पीठ के बीचों-बीच गरदन से लेकर कमर तक जाने-वाली एवं माला की तरह गुथी हुई हड्डी।	पाठीचा कणा, पृष्ठवंश, कण्यांची रज्जू	spine, backbone.
मेल	पु.	1. मिलन, मिलाप;	मेळ, सलोखा;	reconciliation, agreement, concord;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. मित्रता, अनुकूलता;	मैत्री, परस्पर-अनुकुलता;	intimacy, amity, friendship;
		3. मिलावट;	मिश्रण;	mixture, combination;
		4. जोड़ या टक्कर;	जोड, बरोबरी;	match;
		5. तरह, किस्म;	तऱ्हा, प्रकार;	kind, quality;
		6. मेल (गाड़ी)।	मेलगाडी	mail (train).
मेल-जोल	पु.	आत्मीयतापूर्ण संबंध, प्रीति-संबंध।	प्रेमसंबंध, मैत्री	reconciliation, union, friendship.
मेल-मिलाप	पु.	दे. 'मेलजोल'।	''मेलजोल'' पाहा	see 'मेलजोल'.
मेला	पु.	1. भीड़,जमाव;	जमाव, गर्दी;	crowd, multitude, throng;
		2. तीर्थ-स्थान, देव-दर्शन,सैर-तमाशे के लिए नियत तिथि और स्थान में होने वाला लोगों का जमाव।	जत्रा	large concourse of people (for religious or commercial purposes), fair.
मेला-ठेला	पु.	मेला, सैर-तमाशा।	धामधूम	fanfare, hustle and bustle.
मेवा	पु.	खाने का फल विशेषत: सूखा फल।	सुकी फळे, सुकामेवा	dry fruit.
मेष	पु.	1. भेड़;	मेष, मेंढा;	ram, sheep;
		2. ज्योतिष में बारह राशियों में से पहली राशि।	राशिचक्रातील पहिली रास	first sign of the zodiac, Aries.
मेष-संक्रांति	स्त्री.	सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने का समय।	सूर्यमेष राशीतून जातो तो दिवस	the day when the sun crosses into the mansion of Aries.
मेह	पु.	1. पेशाब, मूत्र;	लघवी;	urine;
		2. कोई ऐसा रोग जिसमें मूत्र के साथ कोई विकृत तत्व भी निकलता हो।	मधुमेह	urinary disease, diabetes.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेज़ी पर्याय
मेहतर	पु.	भंगी।	झाड़ूवाला, भंगी	sweeper, scavenger.
मेहतरानी	स्त्री.	भंगी की पत्नी या भंगी का पेशा (काम) करनेवाली स्त्री, भंगिन।	भंगीण	the wife of a sweeper or sweeper woman.
मेहनत	स्त्री.	परिश्रम, उद्योग।	मेहेनत, श्रम, कष्ट	labour, toil, hard work.
मेहनताना	पु.	1. मेहनत करने के बदले में मिलनेवाला धन, पारिश्रमिक;	मेहेनताना, पारिश्रमिक;	remuneration, wages;
		2. वकील की फीस।	वकीलाला दिलेली फी	fee paid to a lawyer.
मेहनती	वि.	मेहनत करनेवाला, परिश्रमी।	मेहेनती, कष्टाळू	laborious, diligent, hard-working.
मेहमान	पु.	अतिथि, पाहुना।	महेमान, पाहुणा	guest.
मेहमानदारी	स्त्री.	मेहमान की की जानेवाली आवभगत, आतिथ्य।	आतिथ्य, पाहुणचार	hospitality, entertainment.
मेहमानी	स्त्री.	1. मेहमान होने की अवस्था या भाव;	पाहुणा म्हणून राहण्याची स्थिती;	staying as a guest;
		2. मेहमान का किया जानेवाला सत्कार।	पाहुणचार	enjoying the hospitality (of).
मेहरबान	वि.	कृपालु, दयालु, अनुग्रह करने वाला।	मेहेरबान, कृपावंत	kind, benevolent, compassionate.
मेहरबानी	स्त्री.	कृपा, अनुग्रह, उपकार।	मेहेरबानी, कृपा	kindness, goodness, favour.
मेहरा	पु.	1. जनखा, स्त्रैण व्यक्ति;	हिजडा, नपुसंक;	effeminate person.
		2. बर्तन मांजने या पानी भरनेवाला व्यक्ति।	भांडी घासणारे, पाणी भरणारे गडीमाणूस	household utensil cleaner.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मेहराब	स्त्री.	द्वार के ऊपर का अर्द्धमंडलाकार बनाया हुआ भाग।	कमान	arch, vault.
मेहराबदार	वि.	जिसमें मेहराब लगी हो।	कमानदार	arched, vaulted.
मेहरी	स्त्री.	बर्तन मांजनेवाली स्त्री।	भांडी घासणारी बाई	woman who works as a household utensil cleaner.
मैं	सर्व.	एक सर्वनाम, उत्तम पुरुष में कर्ता का रूप।	मी	the pronoun 'I'.
मैत्री	स्त्री.	मित्रता, दोस्ती।	मैत्री, दोस्ती	friendship, intimacy.
मैथुन	पु.	स्त्री के साथ पुरुष का समागम, रति-क्रीड़ा।	मैथुन, संभोग	coition, copulation, carnal intercourse.
मैदा	पु.	बहुत महीन पीसा हुआ आटा जिससे पकवान और मिठाइयां बनती हैं।	मैदा	fine wheat flour.
मैदान	पु.	1. विस्तृत क्षेत्र या भूखंड, दूर तक फैली हुई सपाट जमीन;	विस्तृत पसरलेला सपाट प्रदेश;	extensive plain;
		2. पर्वतीय क्षेत्र से भिन्न समतल भूभाग;	समतल (डोंगरी क्षेत्राव्यतिरिक्त) भूविभाग;	plains;
		3. खेल आदि का स्थान;	मैदान, क्रीडांगण;	field, playground;
		4. युद्धक्षेत्र, समरस्थली।	रणांगण	battle-field.
मैना	स्त्री.	एक चिड़िया जो अपनी मीठी बोली के लिए प्रसिद्ध है, सारिका।	मैना, सारिका	name of a bird, a kind of starling.
मैल	स्त्री.	1. शरीर, कपड़े आदि से चिपका हुआ मल, गर्द, धूल आदि;	मळ, धूळ;	dirt, filth, scum;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी के प्रति मन में संचित दुर्भाव।	मनोमालिन्य, दुर्भाव	rancour, sullenness.
मैलखोरा	वि.	धूल-गर्द आदि पड़ने पर भी जो मैला न दिखाई दे, जो मैल को छिपा सके।	मळखाऊ	dust-absorbing (as colour).
मैला	वि.	जिस पर मैल जमी हो, जिस पर धूल-गर्द आदि पड़ी हो, गंदा।	मळलेला, मळका	dirty, filthy, foul, unclean.
	पु.	गू. विष्टा।	विष्ठा, गू	excrement, faeces.
मैला-कुचैला	वि.	बहुत अधिक मैला या गंदा।	घाणेरडा, गलिच्छ	dirty and filthy.
मैलापन	पु.	मलिनता, गंदापन।	मळकटपणा, घाणेरडेपणा, गलिच्छपणा	dirtiness, filthiness.
मोक्ष	पु.	1. बंधन से छूटना, मुक्ति, छुटकारा;	मोक्ष, सुटका;	emancipation, deliverance, freedom;
		2. जन्म-मरण के बंधन से छूटना।	मुक्ती (जन्ममरणातून)	release from worldly existence, final beatitude.
मोगरा	पु.	बड़े और अधिक सुगंधित फूलवाला बेला।	मोगरा	the double jasmine.
मोघ	वि.	निरर्थक, व्यर्थ जानेवाला।	व्यर्थ, फुकट	vain, useless, ineffective.
मोच	स्त्री.	झटका लगने से शरीर के किसी अंग के जोड़ की नस का अपने स्थान से इधर-उधर खिसक जाना।	चमक, उसण, मुरगळा	sprain, twist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोचन	पुं.	बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना, छुटकारा देना या दिलाना।	सुटका, मुक्ती	release, liberation, freeing or delivering from.
मोचना	पुं.	एक औजार, चिमटी।	चिमटा	a pair of forceps, pincers.
मोची	पुं.	जूते गांठने या सीनेवाला।	मोची, चांभार	shoemaker, cobbler.
मोजा	पुं.	पांव में पहनने का एक बुना हुआ कपड़ा।	मोजा	stocking, socks.
मोटा	वि.	1. जिसकी देह में मांस-मेद अधिक हो, स्थूलकाय;	लठ्ठ, जाडा;	fat, plump, corpulent;
		2. जो पतला या बारीक न हो (जैसे कपड़ा आदि)।	जाडाभरडा	thick, coarse.
मोटा-ताजा	वि.	हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा।	धष्टपुष्ट, तगडा	stout, robust, well-built.
मोटाई	स्त्री.	1. मोटापा, स्थूलता;	लठ्ठपणा;	fatness, plumpness, corpulence;
		2. किसी वस्तु की लंबाई और चौड़ाई के अतिरिक्त तीसरा आयाम।	जाडी	thickness.
मोटाना	अ. क्रि.	1. मोटा होना; स्थूलकाय होना;	लठ्ठ–जाड–होणे;	to fatten, to grow fat or plump;
		2. धनवान या सम्पन्न होना।	श्रीमंत होणे	to become wealthy.
मोटापन	पुं.	मोटा होने की अवस्था या भाव।	लठ्ठपणा	fatness, plumpness, thickness.
मोटापा (मुटापा)	पुं.	दे. 'मोटापन'।	'मोटापन' पाहा	see. 'मोटापन'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोठ	स्त्री.	मूंग की तरह का एक मोटा अन्न।	मटकी	a kind of grain, lentil.
मोड़	पु.	1. मुड़ने या मोड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव, घुमाव;	वळण्याची क्रिया, मुरड;	turn, bend, twist;
		2. वह जगह जहां से रास्ता दूसरी दिशा की ओर मुड़ता हो;	वळण (रस्त्यावरचे);	turning point;
		3. वह स्थिति जिसमें किसी काम या बात की दिशा बदली हो।	(साक्ष.) दिशेचा—धोरणाचा बदल	(fig.) a new direction.
मोड़ना	स. क्रि.	1. घुमाना, दिशा बदलना;	वळणे, दिशाबदलणे;	to turn, to turn back;
		2. टेढ़ा करना;	वाकविणे, पिळणे;	to bend, to twist;
		3. तह करना।	घडी करणे	to fold.
मोढ़ा	पु.	बांस, सरकंडे या बेंत का बना हुआ एक प्रकार का ऊंचा गोलाकार आसन।	बोरुच्या जातीच्या काड्यांचे बनविलेले एक ऊंच गोलाकार आसन	a kind of stool made of reeds.
मोतिया	वि.	मोती जैसा।	मोत्यासारखा चमकदार	bright as a pearl.
	पु.	1. बेले का एक भेद;	मोगऱ्याचा एक प्रकार;	a kind of jasmine;
		2. एक प्रकार का सलमा।	भरतकामाचा एक प्रकार	a kind of embroidery.
मोतियाबिंद	पु.	आंख का एक रोग जिसमें देखने की शक्ति दिन पर दिन कम होती जाती है।	मोतीबिंदू	cataract, a disease of the eye.
मोती	पु.	एक बहुमूल्य रत्न जो सीपी में से निकलता है, मुक्ता।	मोती	pearl.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोतीचूर	पु.	बेसन की बनी हुई बहुत छोटी बूंदियां जिसे चाशनी में डालकर लड्डू बनाए जाते हैं।	वारीक बुंदी (ज्यांचा मोतीचूर लाडू करतात)	laddu,a kind of sweet-meat.
मोतीझरा (मोतीझिरा)	पुं.	आन्त्रज्वर, मियादी बुखार।	मुदतीचा ताप, विषमज्वर	typhoid.
मोथा	पु.	नागर मोथा।	नागरमोथा	a kind of grass and its root (used in medicine and for perfume).
मोद	पु.	1. हर्ष, आह्लाद;	आनंद, हर्ष;	pleasure, delight, happiness;
		2. सुगंध।	सुवास, सुगंध	fragrance, perfume.
मोदक	पु.	लड्डू।	लाडू	a small round sweetmeat, laddu.
	वि.	आनन्द देने वाला।	आनंददायक	gladdening, exhilarating.
मोदन	पु.	खेल-तमाशे आदि के द्वारा मन का बहलना तथा चित्तवृत्तियों का प्रफुल्लित होना।	करमणूक, मनोरंजन	joy, pleasure, recreation.
मोदी	पु.	दाल, चावल आदि बेचने वाला, परचूनिया।	वाणी, डाळ-तांदूळ इ. विकणारा दुकानदार	merchant, grocer.
मोदीखाना	पु.	अन्न आदि रखने का घर, भंडार।	धान्य कोठार	store-house, provision store.
मोम	पु.	वह चिकना, मुलायम द्रव्य जिसमें शहद की मक्खियां अपना छता बनाती हैं।	मेण	bees-wax, wax.
मोमबत्ती	स्त्री.	धागे पर मोम चढ़ाकर बनाई हुई बत्ती जिसे रोशनी के लिए जलाते हैं।	मेणबत्ती	wax-candle, candle-stick.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोमी	वि.	1. मोम का बना हुआ; 2. मोम की तरह मुलायम।	मेणाचा बनविलेला; मेणासारखा मऊ	waxen; soft as wax.
मोयन	पु.	खस्तेपन के लिए गुधे हुए आटे में डाला जाने वाला घी या तेल।	मोहन कणकेत-मिसळण्याचे तेल वा तूप	mixing of ghee in kneaded flour to impart crispness and softness to the ultimate preparation.
मोर	पु.	एक बड़ा पक्षी जो अपनी सुन्दरता एवं नृत्य के लिए प्रसिद्ध है, मयूर।	मोर	peacock.
मोरनी	स्त्री.	1. मादा मोर; 2. नथ में लटकाने का टिकरा।	लांडोर; नथेतील लोलक	peahen; pendant (of an earring or nose-ring).
मोरपंख	पु.	मोर का पर या पंख।	मोरपंख	feather of a peacock.
मोर-मुकुट	पु.	मोरपंख का मुकुट।	मोरपंखांचा मुकुट	crown made of peacock feathers.
मोरी	स्त्री.	छोटी नाली जिससे गंदा या फालतू पानी बहकर निकलता है।	मोरी, गटार	drain, gutter, sewer, conduit.
मोर्चा	पु.	वह स्थान जहां से सेना, गढ़, नगर, आदि की रक्षा की जाती है।	मोर्चा, युद्धाची आघाडी— आघाडीची जागा	battle front, front.
मोर्चाबंदी	स्त्री.	मोर्चा बनाना।	व्यूह रचना, युद्धासाठी सैन्याची रचना	taking up strategic position.
मोल	पु.	मूल्य, दाम।	मोल, मूल्य, किंमत	cost, price.
मोल-तोल	पु.	दाम ठहराने, सौदा पटाने की बातचीत।	सौदा	bargaining, higgling.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोह	पु.	1. स्नेह, लगाव;	मोह, आसक्ती, ममता;	attachment, love, affection;
		2. बेवकूफी, मूर्खता;	अज्ञान, मूर्खपणा;	folly, ignorance, infatuation;
		3. (दर्शन में) मन का वह भ्रम जो सत्य का ठीक-ठाक ज्ञान नहीं होने देता।	(तत्वज्ञान) सत्याचे ज्ञान करण्यापासून वंचित करणारा मानसिक भ्रम	(in phil.) delusion of mind which prevents one from discerning the truth.
मोहक	वि.	1. मोह उत्पन्न करनेवाला; 2. मन को आकृष्ट करनेवाला, लुभावना।	मोहक, मोह उत्पन्न करणारा, भुरळ पाडणारा; मनाला आकर्षण करणारा, आकर्षक	bewildering, infatuating; charming, fascinating.
मोहताज (मुहताज)	वि.	दे. 'मुहताज'।	"मुहताज" पाहा	see. 'मुहताज'.
मोहना	अ. क्रि.	1. मुग्ध होना, मोहित होना।	मोहित होणे, मुग्ध होणे	to be tempted, to be infatuated.
	स. क्रि.	2. लुभाना, मोहित करना, मोह या भ्रम में डालना।	मोहविणे, भुरळ पाडणे	to fascinate, to delude, to bewilder.
मोहनी	स्त्री.	1. मोहक प्रभाव, वशीकरण;	मोहिनी, भुरळ, जादू;	charm, spell;
		2. माया।	माया, भ्रम	illusion.
	वि.	मोहित करनेवाली।	मोहित करणारी (स्त्री, वस्तू इ.)	fascinating, charming.
मोहर (मुहर)	स्त्री.	दे. 'मुहर'।	"मुहर" पाहा	see. 'मुहर'.
मोहरा	पु.	1. शतरंज की गोटी; 2. बरतन आदि का मुहं; 3. सेना का अग्रभाग।	बुद्धिबळातील एक सोंगटे; भांडे इ. तोंड; सैन्याची आघाडी	chessman; opening; van, vanguard.
मोहरी	स्त्री.	पाजामे का नीचे की ओर का मुंह, पायंचा।	पायजम्याच्या खालच्या बाजूचे तोंड	lower opening of trousers.
मोहलत	स्त्री.	दे. 'मुहलत'।	"मुहलत" पाहा	see. 'मुहलत'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मोहित	वि.	1. पूर्ण रूप से आसक्त या मुग्ध;	मोहित, आसक्त, मोहून गेलेला, मनावर जादू झालेला, मुग्ध;	fascinated, charmed, enamoured;
		2. भ्रम में पड़ा हुआ।	भ्रमिष्ट, भ्रांती पडलेला	bewildered, infatuated, deluded.
मोहिनी	वि.	मोहित करनेवाली, मोहनेवाली।	मोहित करणारी, मोह घालणारी	fascinating, charming.
	स्त्री.	माया, मोह।	माया	illusion.
मोही	वि.	जिसके मन में सभी के प्रति प्रेम हो, प्रेमी।	प्रेमी, प्रेमळ	loving, affectionate.
मौका	पु.	1. उपयुक्त काल, अवसर;	मौका, संधी, प्रसंग;	chance, occasion, opportunity;
		2. वह स्थल जहां कोई घटना हुई हो।	घटनास्थळ, स्थळ	place of occurrence, situation, site.
मौखिक	वि.	मुंह से कहा या बोला जानेवाला, जबानी।	तोंडी	oral, verbal.
मौखिक परीक्षा	स्त्री.	विद्यार्थियों को मौखिक प्रश्न करके ली जानेवाली परीक्षा।	तोंडी परीक्षा	oral examination, viva voce (test).
मौज	स्त्री.	1. मन की लहर, तरंग;	लहर (मनाची);	whim, caprice;
		2. सुख, आनन्द, समृद्धि;	गंमत, आनंद;	delight, ecstasy;
		3. लहर।	लाट	wave, surge.
मौजा	पु.	1. गांव, ग्राम;	गांव;	village, hamlet;
		2. स्थान।	स्थान, ठिकाण	place, site.
मौजी	वि.	जो मन में आए वह कर बैठनेवाला।	लहरी	whimsical, capricious, emotional.
मौज़ूं	वि.	ठीक, उपयुक्त।	उचित, योग्य, शोभण्याजोगा	reasonable, befitting, suitable.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
मौजूद	वि.	उपस्थित, हाजिर, विद्यमान।	विद्यमान, हजर, अस्तित्व असलेला	present, existing.
मौजूदगी	स्त्री.	उपस्थिति, हाजिरी, विद्यमानता।	अस्तित्व, विद्यमानता, हजेरी	existence, presence.
मौजूदा	वि.	वर्तमान काल का, जो सामने उपस्थित या प्रस्तुत हो।	प्रस्तुत, आजचा, सध्याचा, सांप्रतचा	existing, current or present.
मौत	स्त्री.	मरण, मृत्यु।	मृत्यु, मरण	death, demise.
मौन	वि.	जो न बोले, चुप।	मौन, स्तब्धता	mum, silent, speechless,
	पु.	चुप रहना, चुप्पी।	अबोलपणा	silence, taciturnity.
मौनव्रत	पु.	चुप रहने का व्रत।	मौनव्रत	vow of silence.
मौनी	वि.	चुप रहनेवाला, न बोलनेवाला।	मौनी, मौनव्रत, घेतलेला, स्तब्ध, अबोल	observing a vow of silence, silent.
मौनी अमावस	स्त्री.	माघ मास की अमावस्या (हिन्दु धर्म)।	माघ अमावास्येचा दिवस (ज्या दिवशी मौनाचे व्रत घेतात)	the last day of the dark fortnight of the month Magha when a vow to keep silent is taken.
मौर	पु.	1. एक तरह का मुकुट जो विवाह के अवसर पर वर को पहनाया जाता है;	मुंडावळ्या	a kind of crown worn by the bridegroom in traditional Indian marriage ceremonies;
		2. बौर, मंजरी।	कळी, मोहोर	a bud, blossom.
मौरूसी	वि.	पैतृक।	वंशपरंपरागत, वाडवडिलांचा	hereditary, patrimonial.
मौलवी	पु.	1. इस्लामी धर्म-शास्त्र का पंडित;	मुसलमानी धर्मशास्त्राचा पंडित;	a person learned in Muslim relgion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. अरबी, फारसी पढ़ानेवाला।	अरबी-फारसीचा शिक्षक	teacher of Arabic and Persian.
मौलसिरी	स्त्री.	एक सदाबहार पेड़ जिसके फूल बहुत सुगंध वाले होते हैं।	बकुळीचे झाड किंवा फूल	a perennially blooming tree yielding very fragrant small flowers.
मौला	पु.	1. स्वामी;	स्वामी, मालक;	lord, master;
		2. ईश्वर;	परमेश्वर;	God;
		3. वह गुलाम जिसे मुक्ति मिली हो।	मोकळा केलेला गुलाम	a manumitted slave, freed man.
मौलाना	पु.	अरबी का बहुत बड़ा विद्वान, बड़ा मौलवी।	अरबीचा फार मोठा पंडित	great scholar of Arabic.
मौलि	पु.	1. चोटी, सिरा;	टोक, शिखर;	top of anything;
		2. मस्तक, सिर;	माथे, डोक;	head;
		3. मुकुट, किरीट।	मुकुट, किरीट	crown, diadem.
मौलिक	वि.	1. मूल-संबंधी, मूलगत;	मौलिक, मूलगत, मूळ विषयक, मूळभूत;	radical, primordial, fundamental;
		2. जो किसी की छाया, उलथा, अनुकृति आदि न हो।	मूळचा, स्वतंत्र	original.
मौलिकता	स्त्री.	मौलिक होने का भाव।	मौलिकता, स्वयंभूपणा, मूळरुप	originality.
मौसंबी (मौसमी)	स्त्री.	नींबू की जाति का एक प्रकार का मीठा फल।	मोसंबी	a big sweet lemon.
मौसम	पु.	1. गरमी, सरदी आदि के विचार से समय का विभाग, ऋतु;	मौसम, ऋतू;	season, weather;
		2. किसी काम या बात के लिए उपयुक्त समय।	योग्यकाळ	opportune time.
मौसमी	वि.	1. किसी विशिष्ट ऋतु या मौसम में होनेवाला;	विशिष्ट ऋतूत होणारा, हंगामी;	seasonal, of the season;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. समयोपयोगी, काल के अनुकूल।	काळोचित	opportune.
मौसा	पु.	संबंध के विचार से माता की बहन का पति।	मावसा	husband of mother's sister.
मौसिया	वि.	मौसी के द्वारा संबंधित, मौसी के संबंध का।	मावशीकडील नात्याचा	through the relation of mother's sister.
मौसी	स्त्री.	माता की बहन।	मावशी	mother's sister, aunt.
मौसेरा	वि.	मौसी से संबद्ध, मौसी के संबंध का।	मावस	related through mother's sister.
म्यान	स्त्री.	तलवार आदि रखने का कोष या गिलाफ।	म्यान	sheath.
म्रियमाण	वि.	मरा हुआ या मृतप्राय।	मरणोन्मुख, मेलेला	on the verge of death, moribund.
म्लान	वि.	1. कुम्हलाया या मुरझाया हआ;	म्लान, सुकलेला, कोमेजलेला;	faded, withered.
		2. निस्तेज, दुर्बल।	निस्तेज	languid, weary.
म्लानि	स्त्री.	मलिनता, कांतिक्षय।	निस्तेजपणा	languor, lassitude, fading.
यंत्र	पु.	विशेष प्रकार से बनाया हुआ कोई ऐसा उपरकण जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए अथवा कोई चीज बनाने के काम आता हो, औजार।	यंत्र	instrument, mechanical contrivance.
यंत्रणा	स्त्री.	बहुत अधिक तीव्र कष्ट या पीड़ा।	क्लेश, पीडा, वेदना	pain, anguish, affliction, torture.
यंत्र-तंत्र	पु.	ऐसी क्रिया जिसमें तांत्रिक शास्त्र का प्रयोग किया जाता है, जादूटोना।	जादूटोणा, मंत्रतंत्र	sorcery.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यकायक	क्रि. वि.	एकाएक।	एकाएकी, एकदम	all at once, suddenly, immediately.
यकीन	पु.	विश्वास, एतबार।	विश्वास	confidence, faith.
यकीनन	क्रि. वि.	निश्चित रूप से।	खात्रीने, खात्रीपूर्वक	certainly, surely.
यक्ष्मा	स्त्री.	क्षय नामक रोग, तपेदिक का रोग।	यक्ष्मा, राजयक्ष्मा, क्षयरोग	pulmonary disease, consumption, tuberculosis.
यजन	पु.	1. यज्ञ करना;	यज्ञ करण्याची क्रिया;	the act of sacrificing or worshipping;
		2. यज्ञभूमि।	यज्ञभूमी	a place of sacrifice.
यजमान	पु.	ब्राह्मण को दान-दक्षिणा आदि देकर यज्ञ कराने वाला व्यक्ति।	यज्ञ करणारा गृहस्थ	householder who performs the sacrifice through prients.
यजमानी	स्त्री.	यजमानों के यहां कर्मकांड आदि कराने तथा उनसे दान-दक्षिणा आदि लेने की वृत्ति।	यजमानवृत्ती, यजमानाकरिता कर्मकांड करायचे व दक्षिणा घ्यायची ते उपाध्येपण	occupation of performing sacrifice for the household.
यज्ञ	पु.	प्राचीन भारतीय आर्यों का एक प्रसिद्ध वैदिक कृत्य जिसमें प्राय: हवन और पूजन होता था।	यज्ञ	ceremony of the Aryas in which oblations were offered.
यज्ञ-कर्ता	पु. वि.	यज्ञ करनेवाला।	यज्ञकर्ता, यजमान	one who performs the ceremony of sacrifice or oblation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यज्ञ-सूत्र	पु.	जनेऊ, यज्ञोपवीत।	यज्ञोपवीत, जानवे	sacrificial thread or cord, sacred thread.
यज्ञशाला	स्त्री.	यज्ञ करने का स्थान।	यज्ञशाळा, अग्निशाळा	sacrificial hall, house or place for keeping the sacrificial fire.
यज्ञोपवीत	पु.	1. हिन्दुओं का एक संस्कार जिसमें बालक को पहले – पहल तीन तागों का मण्डलाकार सूत पहनाया जाता है;	मुंजसंस्कार;	a Hindu ceremony in which a child is introduced to wearing the sacred thread;
		2. तीन तागोंवाला वह सूत्र जो उक्त अवसर पर बालक को पहले-पहल पहनाया जाता है, जनेऊ।	जानवे	sacred or sacrificial thred.
यति	पु., स्त्री.	1. संन्यासी;	यती, संन्यासी;	ascetic, one who has renounced the world and controlled his passions;
		2. संगीत अथवा काव्यछंदों के चरणों में वह स्थान जहां पढ़ते समय थोड़ा विश्राम हो।	गाताना किंवा काव्याच्या छंदात लय बरोबर साधण्याकरिता मध्ये विराम असतो तो	(music) pause, (prosody) caesura.
यतिभंग	पु.	काव्य का लय संबंधी एक दोष जिसमें नियत स्थान पर विश्राम नहीं होता, बल्कि उससे कुछ पहले या पीछे होता है।	असा विराम घेण्यात केलेली चूक	(prosody) caesural flaw.
यतीम	पु.	ऐसा बालक जिसके माता-पिता मर गए हों, अनाथ।	पोरका–अनाथ बालक	orphan.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यत्किंचित्	वि.	थोड़ा-सा, जरा सा।	थोडासा, जरासा, अल्पसा	whatever, whatsoever.
यत्न	पु.	1. किसी काम या बात के लिए किया जानेवाला उद्योग, कोशिश;	यत्न, खटपट, उद्योग;	effort, endeavour;
		2. उपाय, युक्ति।	उपाय, युक्ती	means, device.
यत्नवान	वि.	यत्न करनेवाला।	प्रयत्न करणारा, यत्नशील, खटपट्या	making effort or exertion, diligent.
यत्र	क्रि. वि.	जिस जगह, जहां।	जेथे	in which place, where.
यत्र-तत्र	क्रि.	1. जहां-तहां, इधर-उधर।	जेथेतेथे, सर्वत्र	wherever, anywhere.
यथा	अव्य.	जिस प्रकार से, जैसे।	जसा, ज्या प्रकारे	in which manner, as, like as, like, according to.
यथाक्रम	क्रि. वि.	ठीक और निश्चित क्रम से।	क्रमाने, क्रमाक्रमाने, पाळीपाळीने, एकामागून एक	according to order, in regular order or series, in due succession.
यथातृथ्य	वि., क्रि. वि.	ज्यों का त्यों, हूबहू।	जसाच्या तसा, हुबेहूब, आहे तसा, सत्याला धरून	in accordance with the truth, really, truly.
यथानुक्रम	क्रि. वि.	यथाक्रम, क्रमानुसार।	क्रमानुसार, ठरलेल्या क्रमाने	according to order.
यथापूर्व	क्रि. वि.	पहले की तरह।	पूर्वीसारखा, पूर्वीप्रमाणे	as before, as previously.
यथायोग्य	क्रि. वि.	1. जैसा चाहिए ठीक वैसा;	यथायोग्य, जसा हवा तसा;	consonant with propriety;
		2. यथोचित।	यथोचित	suitably, properly, fitly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यथार्थ	पु. वि.	जो अपने अर्थ (आशय, उद्देश्य, भाव आदि) के ठीक अनुरूप हो।	सत्याला–आशयाला– धरून असलेला	accordant with reality, conformable to truth, or to the true meaning or sense, agreeing with fact.
यथार्थतः	क्रि. वि.	वास्तव में, सचमुच।	खरोखर, वास्तविक	truly, rightly, fitly, really.
यथार्थता	स्त्री.	1. यथार्थ होने की अवस्था या भाव;	वास्तविकता, वस्तुस्थिती	reality; .
		2. सच्चाई, सत्यता।	बिनचूकपणा	correctness, accuracy.
यथार्थवाद	पु.	आजकल साहित्यिक क्षेत्र में यह मत या सिद्धांत कि प्रत्येक बात अपने यथार्थ रूप में चित्रित की जानी चाहिए।	वास्तववाद	realism.
यथार्थवादी	पु.वि.	1. यथार्थवाद से संबंध रखनेवाला;	वास्तववाद विषयक, वास्तववादासंबंधीचा;	pertaining to realism;
		2. यथार्थवाद के अनुरूप होनेवाला;	वास्तववादाला धरून असलेला;	in accordance with realism;
		3. यथार्थवाद के सिद्धान्तों का समर्थक।	वास्तववादाचा पुरस्कर्ता;	realist.
यथावत्	क्रि. वि.	1. जैसा होना चाहिए वैसा;	जसा असायला पाहिजे तसा;	exactly as it should be;
		2. अच्छी तरह से।	योग्यरीतीने	duly, properly, rightly.
यथाविधि	क्रि. वि.	निश्चित की अथवा बतलाई हुई विधि के अनुसार।	विधिअनुसार, यथविधि	according to proper method, according to rule.
यथाशक्ति	क्रि. वि.	सामर्थ्य के अनुसार।	शक्यानुसार, कुवतीप्रमाणे	to the best of (one's) ability, as far as possible.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यथाशक्य	क्रि.	दे. 'यथाशक्ति'।	"यथाशक्ति" पाहा	see 'यथाशक्ति'.
यथाशास्त्र	क्रि. वि.	जो कुछ शास्त्रों में बतलाया गया हो उसी के अनुसार।	शास्त्रानुसार	according to the **Sastras** or sacred codes of law, according to scripture, as the law ordains, according to the precept of science.
यथाशीघ्र	क्रि. वि.	जितनी शीघ्र संभव हो।	शक्य तितक्या लवकर, —वेगाने	as quickly as possible.
यथासम्भव	क्रि. वि.	जहां तक हो सके।	शक्यते अनुसार	accordant with possibility, as far as possible.
यथासमय	क्रि. वि.	1. ठीक या नियत समय आनेपर; 2. जब जैसा समय हो, तब उसके अनुसार।	योग्य त्यावेळी; वेळ वा परिस्थितीला अनुसरून	at the proper time; according to time or circumstances.
यथासाध्य	क्रि. वि.	दे. 'यथाशक्ति'।	"यथाशक्ति" पाहा	see 'यथाशक्ति'.
यथास्थान	क्रि. वि.	अपने उचित या उपयुक्त स्थान पर।	योग्य त्यास्थानी	in proper place.
यथास्थिति	क्रि. वि.	जब जैसी स्थिति हो, तब उसी के अनुसार।	परिस्थित्यानुसार	according to circumstances.
यथेच्छ	वि.	इच्छा के अनुसार।	इच्छेनुसार, मनाला येईल तसा	according to wish or desire.
यथेष्ट	वि.	1. इच्छा के अनुसार; 2. उतना जितने की इच्छा हो।	यथेच्छ; इष्ट—योग्य—तितका	according to wish or desire; as much as may be wanted.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यथोचित	वि.	जैसा उचित या मुनासिब हो वैसा।	यथोचित, उचित, –योग्य –न्याय्य असेल तसा	accordant with fitness or propriety or equity, as is right or befitting.
यथोपयुक्त	वि.	जैसा उपयुक्त अथवा उचित हो।	उपयुक्त वा उचित असेल तसा	as is proper or befitting.
यदा-कदा	क्रि. वि.	कभी-कभी।	कधी-कधी, अधून मधून	whenever, now and then.
यदि	अव्य.	अगर, अमुक अवस्था हो तो।	जर, जरका	if, in case.
यदृच्छया	क्रि. वि.	1. अचानक;	अचानकपणे, एकदम, एकाएकी;	accidently, spontaneously;
		2. दैवयोग से।	दैवयोगाने	by chance.
यदृच्छा	स्त्री.	1. स्वेच्छाचार;	स्वेच्छाचार;	acting as one likes, self-will;
		2. आकस्मिक संयोग।	दैवयोग	chance, accident.
यद्यपि	अव्य.	अगर ऐसा है, भी।	जरी	even if, although, though.
यम	पु.	1. भारतीय आर्यों के एक प्रसिद्ध देवता जो मृत्यु के देवता माने जाते हैं;	यमदेव, मृत्यूचा देवता;	the god of death in Hindu mythology;
		2. मन, इन्द्रिय आदि को वश या रोक में रखना;	आत्म संयमन;	self-restraint, self-control;
		3. जुड़वां।	जुळे	twin.
यमक	पु.	साहित्य में एक शब्दालंकार जिसमें एक शब्द भिन्न अर्थों में दो बार आए।	यमक, प्रासयुक्त शब्दरचना	(rhet.) repetition in the same stanza (in any part of it) of words or syllables similar in sound, but different in meaning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यमज	वि., पु.	जुड़वां; जुड़वां बच्चे।	जुळे जन्मलेले; जुळी	twin-born; twins.
यमदूत	पु.	यमराज का दूत।	यमदूत	Yam's (god of death) messenger or minister.
यमल	वि. पुं.	जुड़वां। जोड़ा।	जोडी जुळे झालेले जोडी	twin. pair, couple.
यमलोक	पु.	वह लोक जहां मरने के उपरांत मनुष्य जाते हैं।	यमलोक	Yam's world, the region of Yam (the world of death).
यव (यवक)	पु.	जौ नामक अन्न।	जव	barley corn.
यवन	पु.	प्राचीन भारत में यूनान से आये हुए लोगों की संज्ञा।	यवन (प्राचीन ग्रीस मधून आलेले लोक)	(ancient India) Greek.
यवनिका	स्त्री.	रंगमंच का परदा।	नाटकाचा पडदा	curtain.
यश	पु.	कीर्ति, प्रशंसा।	यश, कीर्ती, गौरव	glory, splendour. name, praise, reputation.
यशस्कर	वि.	यशदायक।	यशोदायी	causing renown, conferring fame or distinction.
यशस्विनी	स्त्री., वि.	जिसका खूब यश हो।	यश प्राप्त झालेली, यश प्राप्त करणारी, नामवंत	lady of renown or distinction, renowned or celebrated (female).
यशस्वी	वि.	जिसका यश चारों ओर फैला हो।	प्रख्यात, विख्यात, सुप्रसिद्ध ज्यांचे यश सर्वत्र पसरले आहे असा	famous, renowned celebrated.
यष्टि	स्त्री.	1. छड़ी; 2. टहनी, शाखा।	छडी, काठी; फांदी	stick, staff; branch, twig.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यष्टिका	स्त्री.	हाथ में रखने की बड़ी या छोटी लाठी।	काठी (हातातली)	staff, stick.
यह	सर्व., वि.	1. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता को छोड़कर निकट के और सब मनुष्यों तथा पदार्थों के लिए होता है;	हा, ही, हे;	this (person), he, she, it;
		2. जो वर्तमान या समीप हो या जिसका अभी-अभी उल्लेख किया गया हो।	ज्याचा आताच उल्लेख केला असा	this.
यहां	क्रि. वि.	इस स्थान पर।	येथे, या ठिकाणी	in this place, here, hither.
यही	वि.	निश्चित रूप से यह।	येथेच	this very, this same, the very same (person or thing).
यांत्रिक	पु. वि.	1. मशीनों का रहस्य जाननेवाला और उनकी मरम्मत करनेवाला;	ही–ही–हे च यंत्रज्ञ;	mechanic;
		2. यंत्र से संबंधित;	यंत्राविषयीचा;	relating to instrument or machines;
		3. यंत्रवत् चलनेवाला।	यंत्रासारखी हालचाल करणारा	working like a machine.
यांत्रिकी	स्त्री.	वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के यंत्र बनाने, चलाने, सुधारने आदि के उपायों तथा रीतियों का विवेचन होता है।	यंत्रशास्त्र	mechanics.
या	अव्य.	विकल्पसूचक शब्द, अथवा।	वा अथवा, किंवा, अगर	or, either.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यक्ष्मिकी	स्त्री.	आधुनिक चिकित्सा की वह शाखा जिसमें विशिष्ट रूप से यक्ष्मा रोग के कीटाणुओं आदि का नाश करने के उपायों और सिद्धान्तों का विवेचन होता है।	क्षयरोगासंबंधीचे शास्त्र	medicinal science etc. concerning tuberculosis.
याग	पु.	दे. 'यज्ञ'।	'यज्ञ' पाहा	see **'यज्ञ'**.
याचक	वि., पु.	1. मांगनेवाला;	याचना करणारा, मागणारा;	beggar;
		2. भिक्षुक।	भिक्षुक	mendicant.
याचकता	स्त्री.	1. याचक होने की अवस्था या भाव;	भिक्षा—भीक—मागण्याची अवस्था;	begging;
		2. भिक्षावृत्ति।	भिक्षावृत्ती	mendicancy.
याचना	स्त्री.	कुछ मांगने के लिए किसी से नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना।	याचना, विनवणीपूर्वक मागणी	asking, soliciting, begging, request, entreaty.
याचिका	स्त्री.	वह प्रार्थनापत्र जो न्यायालय के सामने उपस्थित किया जाता है।	न्यायालयापुढे ठेवण्याचा अर्ज	petition, request.
याचित	वि.	जो कुछ मांगा गया हो।	याचिलेला, याचनापूर्वक मागितलेला	asked, solicited, prayed for, begged.
याजक	पु.	यज्ञ करनेवाला।	यज्ञकर्ता, यज्ञकरविता	sacrificer, sacrificing priest, priest officiating at a sacrifice.
याजन	पु.	यज्ञ की क्रिया।	याजन, यज्ञ करण्याची वा करविण्याची क्रिया	act of performing or conducting a sacrifice.
यातना	स्त्री.	घोर शारीरिक कष्ट।	यातना, वेदना, तीव्र पीडा	acute pain, agony, torment, torture.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यातायात	पु.	एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते-जाते रहने की क्रिया या भाव।	रहदारी, वाहतूक, दळणवळण	going and coming, traffic.
यातुधान	पु.	राक्षस।	राक्षस	evil spirit, demon or devil.
यात्रा	स्त्री.	एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया।	यात्रा, प्रवास	journey, travel.
यात्रा-भत्ता	पु.	यात्रा करने के बदले अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को मिलनेवाला भत्ता।	यात्रा, प्रवास, प्रवासभत्ता	travelling allowance.
यात्रिक	पु., वि.	1. यात्रा करनेवाला व्यक्ति;	प्रवासी;	traveller;
		2. यात्रा संबंधी।	यात्रेसंबंधीचा, प्रवासासंबंधीचा	relating to a travel or journey.
यात्री	पु.	वह जो यात्रा कर रहा हो, मुसाफिर।	प्रवासी	one who is on a journey, traveller.
याद	स्त्री.	1. स्मरण करने की क्रिया या भाव;	आठवण, स्मरण;	remembrance, recollection;
		2. स्मरणशक्ति।	स्मरणशक्ती	memory.
यादगार	स्त्री.	स्मृतिचिह्न।	स्मृतिचिन्ह, स्मारक	monument, memorial.
याददाश्त	स्त्री.	स्मरणशक्ति।	स्मरणशक्ती	memory.
यान	पु.	वह उपकरण या साधन जिस पर सवार होकर यात्रा की जाती है अथवा माल ढोया जाता है।	यान, वाहन, वाहतुकीचे साधन	conveyance or vehicle of any kind, carriage, chariot, wagon, car, etc.
यानी (याने)	अव्य.	अर्थ या आशय यह है कि, अर्थात्।	म्हणजे, अर्थ असा की	that is to say, viz., i.e.
यापन	पु.	व्यतीत करना, बिताना (समय)।	घालविणे, व्यतीत करणे (वेळ)	spending or passing (time).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यापना	स्त्री.	वह धन जो किसी को जीविका-निर्वाह के लिए दिया जाए।	पोटगी	(money paid for) maintenance.
याम	पु.	तीन घंटे का समय।	प्रहर, तासांचा काळ	period or watch of three hours.
यामिनी	स्त्री.	रात्रि, रात।	रात्र	night.
यायावर	वि.	वह जो एक स्थान पर टिक कर न रहता हो।	भटक्या	frequently travelling, vagrant, having no fixed abode.
	पु.	साधु, संत।	साधु, संत	mendicant, saint.
यार	पु.	1. मित्र, दोस्त; 2. किसी स्त्री के विचार से उसका प्रेमी या उपपति।	मित्र, दोस्त; जार	friend; paramour.
याराना	पु.	मित्र (यार) होने की अवस्था, धर्म या भाव, पर-स्त्री और पर-पुरुष का अनुचित संबंध।	दोस्ती, मित्रता, मैत्री संबंध, व्यभिचारी संबंध	friendliness, friendship, illicit relations.
	वि.	मित्र का जैसा।	मित्रता, मैत्रीसंबंध	friendly.
यारी	स्त्री.	मित्र (यार) होने की अवस्था या भाव।		friendship.
युक्त	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ; 2. सम्मिलित।	युक्त, जुडलेला, जोडलेला, सांधलेला; मिळालेला, अंतर्भूत झालेला योग्य, उचित	joined, united, connected, attached; combined, included.
युक्ति	स्त्री.	1. उपाय, तरकीब; 2. तर्क; 3. युक्त होने की अवस्था या भाव।	युक्ती, उपाय; तर्क; जोड, जुडल्याची स्थिती	means, contrivance, device; argument, reason; union, junction, combination.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
युक्तिकर	वि.	उपयुक्त तर्क के अनुकूल, ठीक।	तर्कसंगत	in accordance with reason, proper, fit.
युक्तियुक्त	वि.	युक्तिपूर्ण, उचित।	तर्कसंगत, बुद्धिला पटण्याजोगा, योग्य	argumentative, proper,fit.
युग	पु.	1. काल, समय; 2. पुराणानुसार काल का एक दीर्घ परिमाण।	काळ; पुराणातील एक अतिशय दीर्घ कालावधी	period, time; age of the world according to Puranas.
	वि.	जो गिनती में दो हो।	जोडी	pair, couple.
युगद्रष्टा	पु.	युग की समस्याओं और उसके हल को स्पष्ट रूप से सोचने-समझनेवाला व्यक्ति, अतः युग का महापुरुष।	युगद्रष्टा, चालू काळाच्या लक्षणांचे व समस्याचे अवलोकन करून उपाय समजू शकणारा थोरपुरुष	seer of the age, hence a great man.
युगधर्म	पु.	कोई ऐसा काम जो किसी विशिष्ट युग में प्रायः सभी लोग साधारण रूप से करते हों।	युगधर्म	standard of the age, order of the day.
युगपत्	अव्य.	एक ही समय में, साथ-साथ।	एकाच वेळी, एकदमच, बरोबरच	simultaneously, all at once, all together, at the same time.
युगपुरुष	पुं	अपने समय का बहुत बड़ा महापुरुष।	त्याच्या काळातील महापुरुष	man of the age.
युगल	वि. पुं.	युग्म, जोड़ा।	पतिपत्नी, जोडा, जोडी दांपत्य	pair, couple.
युगांत	पु.	1. प्रलय; 2. युग का अंतिम काल या समय।	युगांच्या शेवटी होणारा, सृष्टीचा अंत; एका युगाची समाप्ती, युगाचा अंतिम काळ	destruction of the universe; the end of an age.
युगांतर	पु.	प्रस्तुत युग के उपरांत आनेवाला दूसरा युग।	युगांतर, दुसरे युग	succeeding epoch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
युगावतार	पुं.	युग का अवतारी महान पुरुष।	युगावतार, युगपुरुष	great man of the age.
युग्म	पुं.	जोड़ा, ऐसी दो वस्तुएं जो प्रायः साथ आती या रहती हों।	युग्म, जोडी	pair, couple.
युग्मज	पुं.	एक साथ एक ही गर्भ से उत्पन्न होनेवाले दो जीव।	जुळे	twin.
	वि.	(ऐसे दो) जो एक साथ उत्पन्न हुए हों।	जुळे जन्मलेले	twin-born.
युत	वि.	देखें 'युक्त'।	'युक्त' पाहा	see 'युक्त'.
युद्ध	पुं.	किसी प्रकार के साधन से आपस में होनेवाली लड़ाई।	युद्ध	war, battle etc.
युद्धकारी	वि.	जो किसी से युद्ध कर रहा हो अथवा किसी युद्ध में किसी पक्ष से सम्मिलित हो।	युद्ध करणारा, युद्धात सामील असणार	making war, fighting.
युद्धपोत	पुं.	वह बहुत बड़ा समुद्री जहाज जिस पर से सैनिक युद्ध करते हैं।	लढाऊ नौका	warship.
युद्धबंदी	स्त्री.	1. युद्ध का रुकना, युद्ध-विराम।	युद्धविराम;	ceasefire.
	पुं.	2. लड़ाई का कैदी।	युद्धातील कैदी	prisoner of war.
युद्धभूमि	स्त्री.	लड़ाई का मैदान, रणक्षेत्र।	युद्धभूमी, रणांगण	battle ground, field of battle.
युद्ध विराम	पुं.	चलता हुआ युद्ध इस उद्देश्य से रोकना कि दोनों पक्ष आपस में संधि की बातचीत कर सकें।	युद्धबंदी, युद्ध तहकुबी	ceasefire.
युद्धोन्मत्त	वि.	जो युद्ध करने के लिए उतावला हो रहा हो।	युद्धोन्मत्त, युद्धाला हपापलेला	mad for war.
युयुत्सु	वि.	जिसके मन में युद्ध करने की इच्छा हो।	युद्धासाठी, उत्सुक असलेला	desirous of fighting, eager for battle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
युवक	पु.	नौजवान व्यक्ति, विशेषतः 16 से 35 वर्ष के बीच की अवस्था का व्यक्ति।	युवक, तरुण	youth.
युवती	स्त्री.	जवान स्त्री।	युवती, तरुण स्त्री	young woman, damsel.
युवराज	पु.	वह सबसे बड़ा राजकुमार जो अपने पिता के राज्य का वास्तविक अधिकारी होता है।	युवराज, राज्याचा वारस, राजकुमार	heir-apparent, crown-prince.
युवराज्ञी	स्त्री.	राजकुमारी।	युवराज्ञी, युवराजाची पत्नी, राज्याची वारस, राजकन्या	princess.
युवा	वि.	जवान, जिसकी अवस्था सोलह से लेकर पैंतीस वर्ष तक के अन्दर हो।	तरुण (16 ते 39 वर्षे वयांमधील)	young (between the age of 16 and 35 years.).
यूं	अव्य.	यों, इस प्रकार।	अशारीतीने	thus, in this manner.
यूथ	पु.	1. समूह, झुंड;	कळप;	flock, herd (of birds, animals etc.);
		2. सेना की टुकड़ी।	सेनेची तुकडी	band or company of army.
यूथपति	पु.	1. झुंड या दल का नेता;	कळपाचा–समुदायाचा–नेता;	leader or head of a flock or herd;
		2. सेना की टुकड़ी का अधिकारी।	सैन्यांच्या तुकडीचा–प्रमुख	captain or commander of a company or band of army.
ये	सर्व., वि.	1. निर्दिष्ट सभीपस्थ वस्तुएं या व्यक्ति;	हे–हया–ही;	these;
		2. दो या अधिक समीपस्थ वस्तुओं का बोध कराने के लिए प्रयुक्त होनेवाला विशेषण।	ते–त्या–ती	they.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
येन केन प्रकारेण	क्रि. वि.	किसी न किसी प्रकार।	येन केन प्रकारणे, काहीही करुन	some how or the other.
यों		देखिए 'यूं.'।	"यूं" पाहा	see 'यूं'.
यों ही (यूं ही)	क्रि. वि.	1. इसी ढंग, तरह या प्रकार;	असेच, या प्रमाणेच, यारीतीनेच;	in this way;
		2. बिना किसी आवश्यक प्रयोजन के।	सहजच, उगीच	generally speaking.
योग	पु.	1. दो या अधिक पदार्थों का एक में मिलना;	दोन वस्तूची वा पदार्थांची मिळणी;	compound;
		2. पातंजलि द्वारा प्रवर्तित दर्शन की एक शाखा;	संयोग, योगदर्शन (पतंजलीकृत);	Yoga system of philosophy established by Patanjali;
		3. मानसिक एकाग्रता की साधना;	मानसिक एकाग्रता साधण्याचे एक साधन;	concentration of mental faculties;
		4. उपाय;	उपाय, युक्ती;	device, remedy;
		5. गणित में दो या अधिक संख्याओं का जोड़;	(गणित) बेरीज;	(arith.) addition;
		6. फलित ज्योतिष में कुछ विशिष्ट काल या अवसर।	(ज्योतिष) विशिष्ट गुणांचा काळ	(astro) conjunction.
योग-क्षेम	पु.	कुशल-मंगल, खैरियत।	योगक्षेम, कुशल	well-being.
योगदर्शन	पु.	पातंजलि प्रणीत दर्शन की एक शाखा।	पतंजली प्रणीत योगाची एक शाखा	branch of philosophy established by Patanjali.
योगदान	पु.	किसी को सहायता देना।	साहाय्य, सहकार्य	contribution.
योगफल	पु.	वह अंक या फल जो दो अंकों को जोड़ने से प्राप्त हो।	एकूण बेरीज	sum, total.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
योगबल	पु.	योग से प्राप्त होनेवाला तेज या शक्ति।	योगाने मिळणारी शक्ती	force of devotion, the power or strength derived from continued abstract meditation.
योगमाया	स्त्री.	दार्शनिक और धार्मिक क्षेत्रों में ईश्वर या ब्रहम की वह माया जिससे नाम, गुण और रूप से युक्त यह सारी सृष्टि बनी है और जिसके अन्दर ईश्वर या ब्रहमा का तत्व छिपा हुआ व्याप्त है।	ईश्वराची सृजनशक्ती	power of God in the creation of the world personified as a deity.
योग-विद्या	स्त्री.	वह विद्या या शास्त्र जिसमें योग-संबंधी क्रियाओं का विवेचन होता है।	योगशास्त्र	science of Yoga.
योगशक्ति	स्त्री.	योग द्वारा प्राप्त होनेवाली शक्ति।	योगबळ	supernatural power attained through yoga.
योगसिद्ध	वि.	वह जिसने योग की सिद्धि प्राप्त कर ली हो।	योगाची सिद्धी प्राप्त झालेला	perfected by means of Yoga.
योगसिद्धि	स्त्री.	योग-क्रियाओं में दक्षता प्राप्त करना।	योगसिद्धी, योग पूर्णपणे हस्तगत झाल्यास्थिती	acquiring mastery in Yoga practices.
योगाभ्यास	पु.	योग दर्शन में वर्णित विधि के अनुसार योग का अनुष्ठान या साधन।	योगाभ्यास	practising Yoga as directed in the Yoga philosophy.
योगाभ्यासी	पु.	योग की साधना करनेवाला योगी।	योगाभ्यासी	one who practises Yoga.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
योगायोग	पु.	उपयुक्तता तथा अनुपयुक्तता।	जमणे न जमणे; उपयुक्तता–अनुपयुक्तता	suitability and unsuitability.
योगासन	पु.	योग-साधन के लिए विहित आसन अर्थात् बैठने के ढंग या मुद्राएं।	योगासन	posture of performing Yoga practices.
योगित्व	पु.	योगिता।	योगी असण्याची अवस्था	state or condition of Yogi.
योगिनी	स्त्री.	योग की साधना करनेवाली स्त्री।	योगी स्त्री	female Yogi.
योगिराज	पु.	योगियों में श्रेष्ठ, बहुत बड़ा योगी।	योग्यात श्रेष्ठ पुरुष	king amongst Yogis, great Yogi.
योगी (जोगी)	पु.	1. वह जो योग को साधना करता हो;	योगी, योगाची साधना करणारा साधक;	follower of the Yoga system of philosophy,ascetic;
		2. शिव।	शिव	Siva.
योग्य	वि.	1. काबिल, लायक;	योग्य, पात्र;	qualified (for), able;
		2. उचित, मुनासिब।	इष्ट, उचित, जमण्याजोगा	proper, fit, suitable.
योग्यता	स्त्री.	1. योग्य होने की अवस्था, धर्म या भाव;	योग्यता, पात्रता, योग्य असण्याची स्थिती;	suitability, propriety, fitness;
		2. काबलियत;	समर्थता;	ability, capability;
		3. गुण।	गुणवत्ता	quality.
योजक	वि.	जोड़ने या मिलानेवाला।	जोडणारा, एकत्र मिळविणारा	joining, uniting.
योजन	पु.	1. जोड़ने, मिलाने आदि की क्रिया या भाव;	एकत्र जोडण्याची, एकात देण्याची क्रिया;	joining, uniting, fixing;
		2. दूरी नापने का एक पुराना माप जो चार कोस अथवा 8 या 9 मील के बराबर होता था।	चार कोसाचे किंवा 8 ते 9 मैलांचे अंतर	measure of distance equal to four 'Kosas' or eight or nine miles.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
योजना	स्त्री.	किसी भावी कार्य के निष्पन्न करने का प्रस्तावित कार्यक्रम।	योजना, आंखणी	scheme, planning.
योजना आयोग	पु.	वह प्रशासकीय संस्था जो राजकीय योजनाओं का संचालन करती है।	शासकीय नियोजन मंडळ	Planning Commission.
योजनीय	वि.	1. जो किसी काम या बात में लगाए जाने के योग्य हो;	कामाला लावण्या योग्य;	fit to be employed or used;
		2. जो मिलाने के योग्य हो।	जोडण्याला, एकमेकाशी जुळवायाला योग्य	fit to be joined, fit to be united or connected.
योजित	वि.	1. जिसकी योजना की गई हो;	नियोजित;	planned;
		2. किसी काम या बात में लगाया हुआ;	कामाला लावलेला;	employed, used;
		3. जोड़ा या मिलाया हुआ।	जोडलेला	joined, connected.
योद्धा	पु.	युद्ध करनेवाला सैनिक या सिपाही।	योद्धा, सैनिक	fighter, warrior, soldier, combatant.
योधन	पु.	युद्ध, लड़ाई।	लढाई –युद्ध करण्या ची क्रिया	war, battle.
योनि	स्त्री.	1. उत्पत्ति-स्थान;	उत्पत्ति स्थान, जन्मस्थान;	place of birth or origin;
		2. स्त्रियों की जननेन्द्रिय;	स्त्रियांचे जननेंद्रिय;	female organ of generation;
		3. प्राणियों के विभाग, जातियां या वर्ग जिनकी संख्या पुराणों में 84 लाख कही गई है।	पुराणानुसार चौऱ्याऐंशी लक्ष प्राणि वर्गापैकी एक प्राणिवर्ग	one class out of 84 lakh classes of creatures according to Puranas.
योनिज	वि., पु.	जिसने योनि से जन्म लिया हो।	योनितून जन्मलेला	born of the womb, viviparous.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
यौगिक	वि, पु.	1. योग (दर्शन) से संबंध रखनेवाला;	योगविषयक;	relating to the religious practice of Yoga philosophy;
		2. दो शब्दों के योग या मेल से बना हुआ पद।	दोन शब्दांच्या एकत्रीकरणाने झालेला	compound word.
यौन	वि.	पुरुष और स्त्रियों की जननेन्द्रियों से संबंध रखनेवाला।	लैंगिक, स्त्री-पुरुषांच्या लिंगा संबंधीचा	sexual.
यौन-विकृति	स्त्री.	आधुनिक मनोविज्ञान में काम-वासना की तृप्ति के लिए उत्पन्न होनेवाली वह विकृत स्थिति जो स्वाभाविक संभोग से भिन्न और उसके विपरीत हो।	लिंगविषयक मानसिक विकृती, अस्वाभाविक संभोग क्रिया	sexual perversion.
यौन-विज्ञान	पु.	स्त्री-पुरुष की जननेन्द्रियों तथा तत्संबंधी क्रियाओं का विज्ञान।	लैंगिकशास्त्र	sexology.
यौवन	पु.	अवस्था का वह मध्यभाग जो बाल्यावस्था के उपरान्त आरम्भ होता है और जिसकी समाप्ति पर वृद्धावस्था आती है।	यौवन, तारुण्य	youth, manhood.
रंक	वि., पु.	गरीब, कंगाल, दरिद्र।	दरिद्री, पामर, गरीब	poor. wretched.
रंग	पु.	1. एक वर्ण, किसी दृश्य पदार्थ का वह गुण जो उसके आकार या रूप से भिन्न होता है और जिसका अनुभव केवल आंखों से होता है;	रंग, वर्ण (डोळ्यांना दिसणारा);	colour. hue. dye. complexion. paint;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. शोभा, रौनक;	शोभा;	glamour;
		3. ढंग, ढब;	चाल, रीत, ढंग;	mode, manner;
		4. मनोरंजन, मस्ती।	मनोरंजन, मौजमजा	amusement, mood.
रंग-ढंग	पु.	आचरण, व्यवहार आदि का प्रकार या रूप, तौर-तरीका।	चालरीत, वर्तणूक	manners, demeanour, conduct.
रंगत	स्त्री.	1. किसी रंग की झलक;	रंगाची छटा;	colour, complexion, tint;
		2. प्रभाव, छाप।	प्रभाव, छाप	influence.
रंगदानी	स्त्री.	वह प्याली जिसमें चित्रकार आदि किसी चीज पर लगाने के लिए अपने साम्ने रंग रखते हैं।	रंगपात्र	colour pot.
रंगना	स. क्रि.	1. रंग में डुबाकर किसी चीज को रंगीन करना;	रंगविणे;	to colour, to dye, to paint;
		2. लेखन में बहुत अधिक लिखना;	खूप लिहिणे;	to write excessively;
		3. किसी को अपने प्रेम में फंसाना;	प्रेमात अडकविणे;	to infatuate;
		4. अपने अनुकूल करना, प्रभावित करना।	प्रभावित करणे	to influence.
रंगबाज	वि.	1. दूसरों पर अपना प्रभाव जमानेवाला;	दुसऱ्यावर प्रभाव टाकणारा, प्रभावित करणारा;	one who influences others;
		2. मौजमस्ती करनेवाला।	रंगेल	one who makes merry, a happy go-lucky fellow.
रंगबाजी	स्त्री.	1. रंगबाज होने की अवस्था या भाव;	मौजमजा उडविणे;	act of influencing others, merry making;
		2. ताश का एक प्रकार का खेल।	पत्यांचा एक खेळ	game of cards.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रंग-बिरंगा (रंग-बिरंग)	वि.	1. कई रंगों का;	नाना रंगांचा;	of various colours, multicoloured, variegated;
		2. कई प्रकार का।	नाना प्रकारांचा, जातींचा	of diverse kinds or sorts.
रंगभूमि	स्त्री.	1. आमोद-प्रमोद का स्थान;	मौज-मजा करण्यांचे स्थान;	place of amusement;
		2. नाटक खेलने का स्थान।	रंगभूमी, नाट्यमंच	place of acting, stage, theatre.
रंगमंच	पु.	वह ऊंचा उठा हुआ स्थान जहां पर पात्र अभिनय करते हैं।	रंगमंच, नाट्यमंच	stage for acting.
रंग-रसिया	पु.	वह व्यक्ति जिसकी प्रवृत्ति आमोद-प्रमोद में लगी रहती हो, विलासी पुरुष।	रंगेल पुरुष	one who makes pleasure his aim, lascivious person.
रंगरूट	पु.	पुलिस, सेना आदि में भर्ती हुआ नया व्यक्ति।	रिक्रूट, दलात भरती होणारा उमेदवार	recruit, novice.
रंगरेज	पु.	वह जो कपड़े रंगने का व्यवसाय करता हो।	रंगारी	dyer.
रंगरेली	स्त्री.	आमोद-प्रमोद, आनंद, क्रीड़ा।	मौजमजा, विलास	rejoicing, merriment, pleasure, revelry.
रंगवाई	स्त्री.	रंगवाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक।	रंगाई, रंगविणे, रंगविण्याची मजुरी	act of getting clothes dyed or price paid for dyeing.
रंगवाना	स. क्रि.	रंगने का काम किसी दूसरे से कराना।	रंगवून घेणे	to get the work of dyeing done by others.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रंगशाला	स्त्री.	1. नाट्यशाला; 2. भोग-विलास का स्थान।	नाट्यशाला; विलासाचे ठिकाण	theatre; place of making mirth or enjoyment.
रंगसाज	पु.	वह जो चीजों पर रंग चढ़ाता हो।	रंग देणारा—चढविणारा, रंगारी	painter, colourman.
रंगसाजी	स्त्री.	रंगसाज का काम, पेशा या भाव।	रंग बनविण्याचे—मिसळण्याचे —देण्याचे काम	mixing or making colours, painting.
रंगाई	स्त्री.	रंगने का काम, पेशा, भाव या मजदूरी।	रंगकाम, रंगकामाची मजुरी	act of colouring or dyeing, etc. or price paid for colouring, etc.
रंगाना	स. क्रि.	रंगवाना।	रंगविण्यास लावणे, रंगवून घेणे	to cause to be coloured or dyed.
रंगारंग	वि.	1. बहुत से रंगोंवाला; 2. अनेक प्रकार का।	नाना रंगाचा, अनेकरंगी; अनेक प्रकारचा	of various or many colours; of different sorts or kinds.
रंगावट	स्त्री.	रंगे हुए होने का भाव।	रंगविणे, रंग देणे	colouring, dyeing.
रंगा सियार	पु.	ऐसा व्यक्ति जो ऊपर से तो भला लगता हो पर हो बहुत बड़ा चालाक और धूर्त।	वरून साधा सरळ दिसणारा पण आत दुष्ट असा माणूस	innocent-looking person who is wicked at heart.
रंगीन	वि.	1. रंगदार; 2. जिसकी प्रकृति या स्वभाव में विनोद, विलास आदि तत्वों की प्रधानता हो।	रंगीन, रंगदार; रंगेल, आनंदी, गमत्या	coloured, painted; gay, lively, jovial.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रंगीनी	स्त्री.	1. रंगीन होने की अवस्था या भाव;	अनेकरंगीपणा;	being coloured, being of various colours;
		2. बनाव-सिंगार।	शृंगार, नटणे थटणे	elegant or colourful make-up.
रंगीला (रंगीली-स्त्री.)	वि.	1. रसिक प्रकृति;	रंगेल, आनंदी;	gay, merry, jovial, colourful;
		2. कई रंगों से युक्त होने के कारण आकर्षक और मनोहर लगनेवाला।	भपकेबाज	gaudy, showy.
रंच (रंचक)	वि.	थोड़ा, अल्प।	थोडा, अल्प, तिळभर	little.
रंज	पु.	मन में होनेवाला दु:ख।	दु:ख, खेद, त्रास	trouble, sorrow, grief, affliction.
रंजक	पु.	प्राय: आनन्द-मंगल करने और प्रसन्न रहनेवाला।	आनंदीप्राणी	happy-go-lucky, carefree.
रंजन	पु., वि.	1. रंगने की क्रिया या भाव;	रंगणे, रंगण्याची क्रिया;	act of colouring, dyeing or painting;
		2. चित्त प्रसन्न करने की क्रिया या भाव।	मनाचे रंजन करण्याची क्रिया	pleasing, delighting.
रंजनीय	वि.	1. जिसका चित्त प्रसन्न किया जा सकता हो;	ज्यांचे रंजन करता येईल असा;	one who can be pleased or made happy;
		2. जो रंगे जाने के योग्य हो।	जो रंगविता येईल असा, रंगविण्यास लायक	fit to be coloured or dyed.
रंजित	वि.	1. जिसका चित्त प्रसन्न किया गया हो;	ज्याला खूष—प्रसन्न—केले आहे असा, प्रसन्नचित्त;	delighted, pleased, amused;
		2. किसी के अनुराग या प्रेम में पगा हुआ।	प्रेमात रंगलेला, अनुरक्त	infatuated, charmed.

44—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रंजिश	स्त्री.	किसी की ओर से मन में बैठा हुआ रंज।	वाकुडभाव, वैर	animosity, ill-feeling.
रंजीदगी	स्त्री.	दुःख होने की अवस्था या भाव।	दुःखाची भावना, खेद	state of sadness, sorrow or affliction.
रंजीदा	वि.	जिसे रंज हो, दुःखित।	दुःखी, कष्टी, खिन्न	afflicted, grieved, sorrowful, sad, gloomy.
रंडापा	पु.	विधवा होने की दशा या भाव।	वैधव्य	widowhood.
रंडी	स्त्री.	वेश्या।	रंडी, वेश्या	harlot, prostitute.
रंद	पु.	किले की दीवार का वह झरोखा जिसमें से बाहर गोले फेंके जाते थे।	तटातील झरोका, (ज्यातून गोलीबार केला जाई)	hole in the wall of fort from which guns were fired.
रंदना	स. क्रि.	रंदे से छीलकर लकड़ी की सतह चिकनी और समतल करना।	रंधणे, लाकूड गुळगुळीत करणे	to plane.
रंदा	पु.	बढ़इयों का एक औजार जिसमें वे लकड़ी की सतह छीलकर चिकनी और समतल करते हैं।	रंधा	joiner's or carpenter's plane.
रंधन	पु.	1. रसोई बनाने की क्रिया; 2. नष्ट या बरबाद करना।	पाकक्रिया; नेस्तनाबूद करून करण्याची क्रिया	act of cooking, dressing of food; act of destroying.
रंधना	अ. क्रि.	भोजन का पकाया जाना।	जेवण तयार केले जाणे, स्वैपाक होणे	to be cooked.
रंध्र	पु.	छिद्र, सूराख।	रंध्र, भोक, छिद्र	hole, aperture.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रंभा	पु., स्त्री.	1. लोहे का वह मोटा भारी डंडा जिसका अगला सिरा धारदार होता है और जिससे आघात करके मजदूर जमीन या दीवार में छेद करते हैं;	पहार;	sharp-headed iron rod used for boring into earth etc.;
		2. एक अप्सरा का नाम।	एका स्वर्गीय अप्सरेचे नांव	name of a celebrated Apsara.
रंभाना	अ. क्रि.	गाय का बोलना।	हंबरणे	to bellow (as cow).
रई	स्त्री.	1. मथानी;	रवी (घुसळण्याची);	churning staff, churner;
		2. गेहूं का मोटा आटा, सूजी।	सोजी, रवा	coarse flour of wheat;
रईस	पु.	अमीर या धनी व्यक्ति, सरदार।	धनिक, सरदार	rich or wealthy man, nobleman.
रईसजादा	पु.	रईस या बहुत बड़े आदमी का लड़का।	धनिकाचा किंवा सरदाराचा मुलगा	son of a rich or big man.
रईसी	स्त्री.	रईस होने की अवस्था या भाव।	श्रीमंती	state of being wealthy.
रकबा	पु.	क्षेत्रफल।	क्षेत्रफळ	area.
रकम	स्त्री.	रुपया-पैसा जिसकी संख्या नियत या सूचित की गई हो, राशि।	रक्कम	amount or sum (of money).
रकाब	स्त्री.	घोड़े की काठी का झूलता हुआ पायदान जिस पर पैर रखकर घोड़े पर सवार होते हैं और बैठने में जिससे सहारा लेते हैं।	रकाब	stirrup.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रकाबी	स्त्री.	छिछली गोल छोटी थाली।	बशी, ताटली	dish, plate.
रक्त	पु.	1. लाल रंग का वह तरल पदार्थ जो शरीर की नसों आदि में बहा करता है;	रक्त;	blood;
	वि.	2. लाल;	लाल;	red;
		3. रंगा हुआ।	रंगलेला, रंगविलेला	coloured, dyed.
रक्तचाप	पु.	**चिकित्साशास्त्र में एक रोग जिसमें अवस्था के प्रसम अनुपात से रक्त का दबाव या वेग घट या बढ़ गया होता है।**	रक्तदाब	blood-pressure.
रक्तदान	पु.	**रोगियों को आवश्यकता पड़ने पर स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किया जानेवाला रक्त का दान।**	रक्तदान	donation of blood.
रक्तदोष	पु.	**रक्त में विकार या खराबी।**	रक्तदोष	deterioration of blood.
रक्तपात	पु.	1. **ऐसी मारपीट या** लड़ाई-झगड़ा जिसमें मारकाट के कारण अनेक शरीरों से खून बहता है;	रक्तपात, रक्त सांडण्या इतकी हाणामारी;	bloodshed;
		2. रक्तस्राव।	रक्त खाली सांडण्याची क्रिया, रक्तस्राव	bleeding.
रक्तपायी	वि., पु.	1. खून पीनेवाला;	रक्त पिणारा माणूस;	blood-drinking;
		2. खटमल।	ढेकूण	bug.
		2. ऋण लेते समय लिखकर दी जानेवाली हुंडी।	प्रॉमिसरी नोट, रोखा	note or bill (written while taking loan or debt), promissory note.
रुख	पुं.	1. चेहरा, मुंह;	चेहेरा, मोहरा, मुख, तोंड;	face, countenance, cheek, face, aspect, point, side,quarter;
		2. दिशा, तरफ;	दिशा;	direction, trend;
		3. पेड़, वृक्ष;	वृक्ष;	tree;
		4. शतरंज का एक मुहरा।	बुद्धिबळातील हत्ती	rook or castle (of chess game).
रुखाई	स्त्री.	1. रूखा होने की अवस्था या भाव, रूखापन;	रुक्षपणा;	roughness, dryness;
		2. व्यवहार की कठोरता और नीरसता, स्नेह-हीनता।	स्नेहशून्यता, कठोरता	rudeness, indifference.
रुखानी	स्त्री.	1. बढ़इयों का लकड़ी में काटकर छेद करनेवाला एक धारदार उपकरण;	पटाशी;	auger, borer, carpenter's drill;
		2. संगतराशों की टांकी या छैनी।	छन्नी	a gouging chisel.
रुग्ण	वि.	जिसे कोई रोग हो गया हो, बीमार, रोगी।	आजारी	diseased, sick.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रुग्णता	स्त्री.	रुग्ण होने की अवस्था या भाव, बीमारी।	आजारीपणा	sickness, illness, disease.
रुचना	अ. क्रि.	अच्छा लगना, भाना, रुचि के अनुकूल प्रतीत होना।	रुचणे, आवडणे, बरे लागणे	to be pleasant, agreeable.
रुचि	स्त्री.	मन की वह प्रवृत्ति जिसके अनुसार मन को कोई चीज़ या कार्य भाए या मनुष्य का मन उस ओर झुकता हो।	रुची, चव, स्वाद	liking, taste, interest.
रुचिकर	वि.	जिसमें मन की रुचि हो, भानेवाला, अच्छा लगनेवाला।	रुचकर, चवदार	causing pleasure, exciting.
रुचिकारक	वि.	दे. 'रुचिकर'।	'रुचिकर' पाहा	see 'रुचिकर'.
रुचिकारी	वि.	रुचि उत्पन्न करनेवाला, मनोहर, रुचिकर।	रुची उत्पन्न करणारा, रुचकर	according to taste, agreeable, pleasant.
रुचिर	वि.	रुचि के अनुकूल, प्रिय, अच्छा लगनेवाला।	रुचिर, सुंदर, मनोहर	agreeable, lovely, pleasant.
रुचिरता	स्त्री.	रुचिर होने का भाव या अवस्था।	मनोहरता, सुंदरता	agreeableness, pleasantness.
रुचिवर्धक	वि.	1. रुचि बढ़ानेवाला; 2. भूख बढ़ानेवाला।	रुचिवर्धक, चव वाढविणारा, आवड-वाढविणारा; भूक वाढविणारा	increasing desire; causing appetite.
रुझान	पुं.	किसी वस्तु या कार्य में प्रवृत्ति होने का भाव।	कल, प्रवृत्ती, वळण	inclination, aptitude, trend.
रुत	स्त्री.	ऋतु, मौसम।	ऋतु, मौसम	season.
रुतबा	पुं.	पद, स्थान।	पद, दर्जा, हुद्दा	rank, position, status.
रुदन	पुं.	रोने की क्रिया या भाव, रोना।	रुदन, रडणे	weeping, wailing, lamentation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रुद्ध	वि.	रुका हुआ या बन्द।	अटकलेला, बंद पडलेला	obstructed or closed, shut.
रुद्र	वि.	1. रुलानेवाला; 2. भयंकर; 3. शिव का एक नाम।	रुद्र, रडविणारा; भयानक; शिवाचे दुसरे नांव	causing to weep; terrified, dreadful; an epithet of Siva.
रुद्राक्ष	पुं.	एक प्रकार का वृक्ष जिसके बीजों की माला पहनी जाती है।	रुद्राक्ष	the berry of the Elaeocarpus ganitrus tree used as beads for rosaries.
रुधिर	पुं.	रक्त, खून, लहू।	रुधिर, रक्त	blood.
रुपया	पुं.	सौ पैसे के मूल्य का सिक्का या नोट।	रुपया	coin or note of one rupee the value of which is equal to hundred paise.
रुपल्ली	स्त्री.	रुपया।	रुपया	rupee.
रुपहला	वि.	चांदी के रंग या कामवाला।	रुपेरी, चांदीचे काम केलेला	silvery or worked or tinted with silver.
रुबाई	स्त्री.	उर्दू-फारसी कविता में एक प्रकार का चार पंक्तियों का छन्द।	उर्दू-फारसी काव्य रचनेतील चार चरणांचा छंद	a quatrain (in Urdu-Persian poetry).
रुमाल (रूमाल)	पुं.	जेब में रखने का चौकोना कपड़े का टुकड़ा जो हाथ-नाक आदि साफ़ करने के काम आता है।	हातरुमाल	handkerchief.
रुमाली	स्त्री.	एक प्रकार का लंगोट।	एक प्रकारचा लंगोट	a kind of loin-cloth.
रुलाई	स्त्री.	1. रोने की क्रिया या भाव;	रडणे;	act of weeping;

हिंदी शब्द	व्याको	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. रोने को प्रवृत्त होने का भाव।	रडवेले होणे, रडण्याचूया बेताला येणे	readiness to weep, on the verge of weeping or crying.
रुलाना	स. क्रि.	अन्य को रोने को प्रवृत्त करना।	रडविणे, रडायला लावणे	to cause to weep, to make (one) cry or weep.
रुष्ट	वि.	1. रोष से भरा हुआ, क्रुद्ध; 2. रूठा हुआ, अप्रसन्न।	रुष्ट, क्रुद्ध, रागावलेला; रुसलेला, अप्रसन्न, नाखूष	full of anger or wrath, enraged; displeased, offended.
रुष्टता	स्त्री.	1. रुष्ट होने की स्थिति या भाव; 2. अप्रसन्नता, नाराजगी।	राग आलेली स्थिती; नाखुषी, अप्रसन्नता	state of being angry or offended; displeasure, annoyance.
रुंधना	स. क्रि.	रुकावट या बाधा डालना।	अडथळा आणणे, अवरोध करणे, अडविणे	to obstruct or restrain.
रूई	स्त्री.	दे. 'रुई'।	कापूस	see 'रुई'.
रूक्ष	वि.	रूखा, खुरदरा।	रुक्ष, खडबडीत, कठोर	dry, rough, indifferent.
रूक्षता	स्त्री.	रूखा होने की अवस्था या भाव, रूखापन।	रुक्षपणा, कठोरपणा, स्नेहशून्यता	roughness, aridity harshness.
रूखा	वि.	दे. 'रूक्ष'।	"रूक्ष" पाहा	see 'रूक्ष'.
रूखापन	पुं.	दे. 'रूक्षता'।	"रूक्षता" पाहा	see 'रूक्षता'.
रूखा-सूखा	वि.	बिना घी-मसाले आदि का (भोजन)।	ओला–कोरडा	plain or simple (food).
रूठना	अ. क्रि.	रुष्ट या अप्रसन्न होना।	रागावणे, रुसणे, नाखूष होणे	to be irritated, to be vexed, to be offended or displeased.

47—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रूढ़	वि.	प्रचलित, प्रसिद्ध।	रुढ, परंपरागत, प्रचलित	traditional, conventional, popular.
रूढ़ि	स्त्री.	प्रचलन, प्रसिद्धि।	रुढी, परंपरा	tradition, convention, popularity.
रूप	पुं.	1. बाह्यगुण-आकार, बनावट;	रुप, बाह्याकार;	appearance, form, shape;
		2. किसी कार्य के संचालन की पद्धति या प्रणाली;	पद्धती, प्रणाली;	way, method;
		3. सुन्दरता।	सौंदर्य	beauty, grace.
रूपक	पुं.	1. किसी रूप की प्रतिकृति या मूर्ति;	रुपाची प्रतिकृती, हुबेहुब प्रतिमा;	image, likeness;
		2. चांदी का बना गहना;	रुप्याचा अलंकार;	silver ornament;
		3. ऐसी साहित्यिक रचना जिसका अभिनय हो सके, नाट्य;	नाटक, नाट्य;	play, drama;
		4. साहित्य में एक प्रकार का अर्थालंकार।	एक अलंकार (साहित्य)	(in literature) a figure of speech, metaphor.
रूपभेद	पुं.	रूप में किया गया आंशिक परिवर्तन।	रुपात होणारा किंवा केलेला काही फरक	diversity or variety of form or manifestation.
रूपरेखा	स्त्री.	1. रेखाओं द्वारा ऐसा अंकन जिससे किसी के रूप का स्थूल ज्ञान होता हो;	रुपरेखा, आराखडा;	sketch;
		2. किसी कार्य या बात का संक्षिप्त रूप।	रेखाकृती	outline.
रूपवंत	वि.	रूप से युक्त, सुन्दर।	रुपवान्, देखणा	having a beautiful form or figure, handsome.
रूपवती	वि.	सुन्दरी, रूप से युक्त (स्त्री)।	रुपवती, देखणी, सुंदर	handsome or well formed (woman), a beautiful woman.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रूपवान	वि.	दे. 'रूपवंत'।	रुपवंत	see 'रूपवंत'.
रूपसी	स्त्री.	ऐसी स्त्री जो बहुत सुन्दर हो।	अत्यंत सुंदर स्त्री	a handsome or very beautiful woman.
रूपांतर	पुं.	प्राप्त होनेवाला दूसरा रूप।	दुसरे दिलेले रुप, परिवर्तन	change of appearance or form.
रूपांतरण	पुं.	रूप का बदलना, दूसरे रूप की प्राप्ति।	दुसरे रुप देण्याची क्रिया, रुप बदलण्याची क्रिया	transformation.
रूसना	अ. क्रि.	रुष्ट होना, रूठना, क्रुद्ध होना।	रुसणे, नाखूष—नाराज —होणे	to be offended or displeased, to be angry.
रूह	स्त्री.	1. आत्मा, मन;	आत्मा, अंतरात्मा;	the soul, spirit, life, the vital principle, the breath of life;
		2. कई बार का खींचा हुआ अर्क।	सत्व, सार	the spirit or essence (of anything).
रेंकना	अ. क्रि.	गधे के बोलने की क्रिया।	गाढवा चे ओरडणे, भसाडा आवाज काढणे	braying of an ass.
रेंगना	अ. क्रि.	बच्चों की तरह पेट सटाकर हाथ-पैरों के बल धरती पर खिसकते हुए चलना।	रांगणे, सरपटत जाणे	to creep, to crawl.
रेख	स्त्री.	रेखा, लकीर।	रेघ	line.
रेखांकन	पुं.	रेखा खींचना।	रेखांकन, रेघा ओढणे	drawing of lines.
रेखांकित	वि.	रेखाओं से बनी आकृति, जिस (शब्द या शब्द-समूह) के नीचे रेखा खींची गई हो।	रेखांकित, ज्या शब्दाखाली किंवा वाक्या खाली महत्वदर्शक रेघ ओढली आहे असे	underlined.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रेखा	स्त्री.	लकीर।	रेखा, रेखा, रेघ	a line.
रेखा-गणित	पुं.	गणित की वह शाखा जिसमें रेखाओं से बनी आकृतियों का प्रयोग होता है, ज्यामिति।	भूमिती	geometry.
रेखा-चित्र	पुं.	केवल रेखाओं से बनाया गया कोई चित्र या आकृति।	रेखाचित्र, रेघा ओढून काढलेली चित्रे	sketch.
रेगमाल	पुं.	मोटे कागज का वह टुकड़ा जिस पर गोंद अथवा सरेस से रेत चिपकाई जाती है तथा जो लकड़ी को चिकना करने के काम आता है।	पॉलिश–पेपर, बारीक रेती चिकटविलेला कागद	sand paper.
रेगिस्तान	पुं.	भूमि का वह प्राकृतिक खंड जिस पर रेत ही रेत हो, मरुस्थल।	वाळवंट, वाळूचे रण, मरुभूमी	sandy region or tract, desert.
रेचक	वि.	ऐसा खाद्य पदार्थ जिसके खाने से दस्त लगें।	रेचक, रेचक करणारा	a purgative, cathartic.
रेचन	पुं.	जो दस्त लगाकर पेट साफ कर दे, जुलाब	रेचक, जुलाबाचे औषध	purgative.
रेज़गारी	स्त्री.	भनकड़, छोटा सिक्का, छुट्टा।	मोड, चिल्लर	small coin, change (of money).
रेजगी	स्त्री.	1. रेजगारी; 2. सोने-चांदी के छोटे-छोटे टुकड़े।	चिल्लर, मोड; सोन्या-चांदीचे बारीक बारीक तुकडे	small coin, change; small pieces of gold or silver wire.
रेढ़ी	स्त्री.	तीन या चार पहियों का वह वाहन जिस पर सामान आदि लाद कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ठेल कर ले जाते हैं।	हातगाडी	barrow, hand-cart.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रेणु	स्त्री.	1. धूल; 2. पृथ्वी।	धूळीचा कण, रज:कण; धूळ, माती	dust, sand, a grain of dust or sand etc. earth.
रेत	स्त्री.	समुद्र, नदी आदि के किनारे पड़ा पत्थर का चूरा, बालू।	रेती, वाळू	sand.
रेतना	स. क्रि.	1. रेती से रगड़ कर लकड़ी आदि का तल चिकना बनाना; 2. सान पर किसी औज़ार के फन को लगा कर तेज करना।	कानशीने घासून गुळगुळीत करणे; कानसणे, हत्याराला कानशीने धार लावणे	to even or smoothen the surface of wood etc. with the help of a file; to file or sharpen the blades of any tool, to rasp.
रेता	पुं.	दे. 'रेत'।	रेती	same as 'रेत'.
रेती	स्त्री.	एक औजार जो लकड़ी आदि का तल चिकना करने के काम आता है, सोहान।	कानस	a file, rasp.
रेतीला	वि.	ऐसा स्थान जहां रेत बिखरी पड़ी हो।	रेती-वाळू भरलेला	sandy (land).
रेफ	पुं.	1. 'र' अक्षर; 2. शब्द में पड़नेवाले 'र' अक्षर का वह रूप जो अगले अक्षर ऊपर पड़ता है।	रफार; रेफ, पहिल्या वर्णाच्या पुढच्या वर्णाचा उच्चार करण्यापूर्वी येणारा रकार दर्शविणारे चिन्ह	the letter 'र'; the mark which represents the letter 'र' when it is placed over a following consonant.
रेल	स्त्री.	लोहे की वह पटरी जिस पर रेलगाड़ी चलती है।	आगगाडीचा रूळ	railway.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रेलगाड़ी	स्त्री.	वह यान जो भाप, बिजली आदि की सहायता से केवल लोहे की पटरी पर चलता है।	रेल्वेगाडी, आगगाडी	railway train.
रेल-पेल	स्त्री.	1. भीड़-भड़क्का; 2. अधिकता।	दाटी, गर्दी, रेटारेटी; रेलचेल	crowd, throng; abundance, profusion.
रेला	पुं.	1. प्रबल प्रवाह; 2. धक्कम-धक्का (भीड़ में); 3. अधिकता।	पूर, जोराचा लोंढा; रेटारेटी; रेलचेल	strong flow, flood; rush and push (in a crowd), influx, jostle; abundance, excess.
रेवड़	पुं.	भेड़-बकरियों का झुण्ड।	शेळ्यामेंढ्याचा कळप, झुंड	a herd or flock (of goats or sheep).
रेवड़ी	स्त्री.	चीनी अथवा गुड़ की टिकिया, जिस पर तिल चिपका दिए जाते हैं।	रेवडी	a kind of crisp sweatmeat prepared with sugar and sesame.
रेशम	पुं.	एक विशेष प्रकार के कीड़े के रोओं से बना तागा जो बहुत चमकीला और मुलायम होता है तथा जिससे कपड़ा बुना जाता है।	रेशीम	silk (thread or cloth).
रेशमी	वि.	रेशम का बना हुआ।	रेशमी	silken, made or woven of silk.
रेशा	पुं.	पौधों तथा फलों के अन्दर पाया जानेवाला सूत जैसा तन्तु।	रेशा (–षा); तंतू	fibre.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रेह	स्त्री.	खार मिली हुई मिट्टी जो ऊपर के मैदानी प्रदेशों में पाई जाती है तथा कपड़े धोने और साबुन बनाने के काम आती है।	खारीमाती	fossil alkali (used for washing and making soap), impure nitrate of soda, saline soil.
रेहन (रहन)	पुं.	उधार लिए गए पैसे के लिए (जमानत के रूप में) कोई पदार्थ आदि उधार देनेवाले को सौंपना बंधक।	गहाण	pledging, pawning, mortgage.
रेहनदार	पुं.	जिसके पास कुछ रेहन रखा गया हो।	गहाण ठेवून घेणारा सावकार	the holder of a pledge.
रेहननामा	पुं.	ऐसा कागज जिस पर रेहन की शर्तें आदि लिखी रहती हैं।	गहाणखत	mortgage deed.
रैन-बसेरा	पुं.	जहां यात्री आदि रात बिताते हैं।	रात्रीच्या मुक्कामाची जागा	night shelter.
रैयत	स्त्री.	प्रजा।	रयत, प्रजा	subjects, people.
रोंगटा	पुं.	शरीर पर का नर्म बाल।	रोमांच	hair (of the body).
रोआं	पुं.	शरीर पर का नर्म पतला बाल।	रोमांच	fine thin hair on the body, bristle, fur.
रोयंदार	वि.	जिस पर रोएं हों।	लव असलेला	hairy, wooly.
रोक	स्त्री.	1. प्रतिबंध; 2. रोकने (बाधा डालने या निषेध करने) की क्रिया या भाव।	प्रतिबंध, बंदी; प्रतिबंध–मनाई–बंदी करण्याची क्रिया	ban; restraint, prevention, obstacle, etc.
रोक-टोक	स्त्री.	रोकने-टोकने (प्रतिबन्ध) लगाने) की क्रिया या भाव, बाधा, रुकावट।	अडवणूक, प्रतिबंध	obstruction, restriction, obstacle, check.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोकड़	स्त्री.	नकद रुपया – पैसा या रकम आदि।	नगद, रोकड	cash, ready money.
रोकड़-जमा	स्त्री.	हाथ में नकदी।	जवळ असलेली रोकड रक्कम, श्रीशिल्लक	cash in hand, opening balance.
रोकड़-बही	स्त्री.	वह बही जिसमें नकद आय-व्यय का खाता रखा जाता है।	कीर्दवही, रोकड जमा, खर्चाची चोपडी	cash book.
रोकड़-बाकी	स्त्री.	आय-व्यय का लेखा-जोखा लगाकर बाकी हाथ में बची रकम।	रोख शिल्लक	cash balance in hand.
रोकड़िया	पुं.	आय-व्यय आदि का हिसाब-किताब रखनेवाला, खजांची।	रोकड रकमांचा हिशेबनीस, खजीनदार	cash keeper, cashier, treasurer.
रोक-थाम	स्त्री.	किसी प्रवृत्ति या रोग आदि के उन्मूलन तथा प्रसार आदि को रोकने के उपाय।	आळा, प्रतिबंध, बंदी	restraint, check, prevention, temporary remedy.
रोकना	स. क्रि.	1. किसी के आगे बढ़ने में बाधा डालना;	अडविणे, प्रतिबंध करणे, थांबविणे;	to hinder, impede, retard, prevent;
		2. कोई कार्य न करने देना:	अडवणूक करणे, विघ्न करणे, करून देणे;	interrupt, intercept, obstruct;
		3. प्रहार, आघात आदि से बचाव करना;	रोखणे, अडविणे, रक्षिणे;	to resist, to protect;
		4. जाने न देना।	जाऊ न देणे, अडवून धरणे	to detain, to hold.
रोग	पुं.	स्वास्थ्य बिगड़ने या विकार की अवस्था, बीमारी।	रोग, आजार	ailment, sickness, disease.
रोग-ग्रस्त	वि.	जिसे कोई रोग लगा हो, रोगी, बीमार।	रोगग्रस्त, आजारी, दुखणाईत	seized with sickness, sick, diseased, ill.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोगन	पुं.	1. वह चिकना तरल पदार्थ जिसमें रंग आदि मिलाकर लकड़ी, लोहे आदि के पदार्थों पर किया जाता है;	रोगण, वार्निश;	paint, varnish;
		2. घी, तेल आदि।	चरबी, तेल, लोणी, तूप असे ओशट पदार्थ	fat, oil, butter, ghee.
रोगनदार	वि.	जिस पर रोगन किया गया हो।	रोगण लावलेला	painted, varnished.
रोगनाशक	वि.	रोग दूर करनेवाला।	रोगनाशक, रोग हटविणारा	curative.
रोग-निदान	पुं.	रोग के लक्षण, उत्पत्ति के कारण आदि की जानकारी, बीमारी की जांच।	रोगनिदान, रोग चिकित्सा	diagnosis.
रोग-विज्ञान	पुं.	चिकित्सा-शास्त्र की वह शाखा जिसमें रोगों के लक्षण, उत्पत्ति के कारण आदि का विवेचन रहता है।	रोगचिकित्साशास्त्र	science of medicine.
रोगाक्रांत	वि.	रोग से पीड़ित, रोगग्रस्त।	रोगग्रस्त	diseased, ill.
रोगाणु	पुं.	ऐसे जीवाणु जो शरीर में अस्वस्थता, विकार तथा रोग का कारण बनते हैं।	रोग–जंतू	germs which cause disease.
रोगिणी	वि., स्त्री.	रोग से ग्रस्त, रोग से ग्रस्त स्त्री।	रोगी	diseased, ill, sick (female).
रोगी	वि., पुं.	रोग से ग्रस्त, रोग से ग्रस्त पुरुष।	रोगी, रोगग्रस्त रोगग्रस्त पुरुष	patient, sick, diseased (male).
रोचक	वि.	रुचने या अच्छा लगनेवाला।	आवडेल असा, रुचिकर	pleasing, interesting, engaging.
रोचकता	स्त्री.	रुचने या अच्छा लगने का गुण या भाव।	रोचकता, आवड वाटेल असा गुण	appealableness, agreeableness.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोज़	पुं.,क्रि.वि.	दिन, प्रतिदिन।	दिवस, प्रत्येक दिवस	day, daily.
रोज़गार	पुं.	धन्धा, पेशा, आजीविका का साधन।	रोजगार, धंदा, उद्योग, निर्वाहसाधन	profession, vocation, way of livelihood, occupation, employment.
रोजनामचा	पुं.	ऐसी पुस्तक या बही जिसमें दिन भर का कार्य-व्यौरा हो।	रोजनिशी, दैनंदिनी	day book, diary, daily account book.
रोजमर्रा	क्रि. वि.	हर रोज, प्रतिदिन।	दैनंदिन, दररोजचा	daily, every day.
रोजाना	क्रि. वि.	प्रतिदिन, दैनिक।	दरोजचा	every day, daily.
रोजी	स्त्री.	रोजगार, आजीविका।	रोजी, उपजीविकेचे साधन	means of subsistence, livelihood.
रोजीदार	वि.	रोजगार या काम-धंधे से लगा हुआ।	रोजगाराला लागलेला, कामधंदा असलेला	employed.
रोट	पुं.	1. आटे की मोटी रोटी;	रोट, मोठी जाड रोटी;	thick bread, a large thick cake or bread;
		2. देवताओं पर चढ़ाने के लिए पकाई गई मोटी बड़ी रोटी।	देवाच्या नैवेद्यासाठी केलेली जाड मोठी गोड रोटी	sweet bread offered to gods.
रोटी	स्त्री.	1. अन्न के आटे का गूंदकर, बेलकर आंच पर सेक कर पकाया गया भोज्य, चपाती, फुलका;	रोटी, पोळी, भाकर, चपाती;	bread of grain or corn-flour;
		2. रोजी।	निर्वाह	livelihood.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोटी-कपड़ा	पुं.	खाने-पहनने की व्यवस्था।	अन्न-वस्त्र	bread and clothes, maintenance.
रोटी-दाल	स्त्री.	साधारण खाना-पीना।	साधे अन्न	simple food or living.
रोड़ा	पुं.	1. ईंट, पत्थर आदि का टुकड़ा; 2. बाधा।	वीट, दगड इ. चा तुकडा; विघ्न, अडथळा	a fragment of stone or brick etc.; obstruction, hindrance.
रोड़ी	स्त्री.	ईंट, पत्थर आदि के वे छोटे-छोटे टुकड़े जो सड़क बनाने के या नींव, फर्श आदि भरने के काम आते हैं।	रोडी	small pieces of broken stone or brick, gravel.
रोदन	पुं.	रोना, विलाप करना।	रोदन, रडणे, विलाप	weeping, wailing, lamentation.
रोध	पुं.	बढ़ने से रोकनेवाला पदार्थ या तत्व, बाधा, बांध, आदि।	अवरोध, अडवणूक	restraint, prohibition, stoppage, obstruction, a dam.
रोधक	वि.	बाधा डालने या रोकनेवाला।	अवरोध—प्रतिबंध—अडवणूक करणारा	holding back, restraining, checking.
रोधन	पुं.	रोकने की क्रिया या भाव।	अवरोध—अडवणूक—करण्याची क्रिया	obstructing, impeding, being an obstacle or hindrance.
रोना	अ. क्रि.	आंसू बहाना, रुदन करना।	रडणे	to cry, weep, wail, lament.
रोना-कलपना	अ. क्रि.	दु:खी होकर रोना-पीटना या विलाप करना, अपने कष्टों का बखान करना।	रडणे—आक्रंदणे	to wail, to lament.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोना-धोना	अ. क्रि.	देखें 'रोना-कलपना'।	'रोना-कलपना' पाहा	same as 'रोना-कलपना'.
रोपण	पुं.	1. रखना या स्थापित करने की क्रिया; 2. पौधा आदि बोने की क्रिया।	रोपण्याची क्रिया; रोप लावण्याची—पेरण्याची क्रिया	the act of setting up or erecting; the act of raising, planting or sowing.
रोपना	स. क्रि.	रोपण की क्रिया करना।	रोपणे, रोप लावणे	to set up, to erect, to raise, to plant, to sow.
रोपित	वि.	जिसका रोपण किया गया हो।	रोपलेला, पेरलेला	planted, set up.
रोब	पुं.	किसी के बड़प्पन, महत्व, शक्ति आदि का दूसरों पर आतंक डालनेवाला प्रभाव, धाक, दबदबा।	दबदबा, वचक	awe, terror, aweful influence,of one's greatness or power, sway, dignity, impressiveness.
रोब-दाब	पुं.	आतंक तथा उसके कारण पड़नेवाला प्रभाव।	धाक, दहशत	awe-inspiring influence, dignity.
रोबदार	वि.	जिसका दूसरों पर प्रभाव या आतंक पड़ता हो, रोब से युक्त।	दहशत—धाक वाटेल असा, वचक बसविणारा	awe-inspiring, influencing.
रोबीला	वि.	देखें 'रोबदार'।	'रोबदार' पाहा	same as 'रोबदार'.
रोम	पुं.	1. शरीर पर का बाल, विशेषकर पतला और नर्म छोटा बाल, रोआं; 2. छेद, सुराख।	लव, कोवळे केस; छिद्र	thin and fine hair of the body, bristle; pore.
रोम-कूप	पुं.	शरीर के वे छिद्र जिनसे रोम निकलते हैं, मसाम।	कातडीवरील छिद्र (ज्यातून केस बाहेर पडतात)	hair bole, pore of the skin.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
रोमांच	पुं.	भय, हर्ष आदि से शरीर के रोमों का खड़ा होना, पुलक।	काटा (अंगावरचा)	thrill (of rapture, horror, surprise).
रोमांचित	वि.	जिसे रोमांच हुआ हो।	रोमांचित, अंगावर काटा उभा राहिलेला	thrilled.
रोमावलि (रोमावली)	स्त्री.	रोओं की वह पंक्ति जो पेट के बीचों-बीच नाभि से ऊपर छाती की ओर जाती है।	छातीवरील केस	a line of hair extending across the navel or from the breast to the navel.
रोयां	पुं.	देखें 'रोआं'।	"रोआं" पाहा	see 'रोआं'.
रोलना	स. वि.	1. किसी चीज में अंगुली या हाथ मार कर उसे हिलाना-डुलाना; 2. किसी चीज को इधर-उधर बिखेरना; 3. उबटन, लेप आदि अंगों में लगाना।	निवडणे, चाळणे (बोटांनी); पाखडून वेगळे वेगळे करणे; लेपणे, लेप लावणे	to sift, to winnow (with fingers); to separate (by winnowing); to annoint.
रोली	स्त्री.	हल्दी और चूने के योग से बना एक प्रकार का चूर्ण जिससे तिलक लगाया जाता है।	चुना व हळद यांच्या मिश्रणाने बनविलेला कुंकू, गंधाचा रवा	a mixture of turmeric and lime which is used in marking 'tilak' on forehead.
रोशन (रौशन)	वि.	चमकदार, प्रकाश से युक्त, उज्ज्वल।	प्रकाशमान, प्रकाशित, उज्ज्वल	full of light, bright, shining.
रोशनदान	पुं.	कमरे की दीवार में ऊपर छोड़ा गया खुला स्थान जिससे प्रकाश अन्दर आता है।	गवाक्ष, झरोका	hole for admitting light, skylight, ventilator.
रोशनाई	स्त्री.	लिखने की स्याही, मसि।	शाई	ink for writing.
रोशनी	स्त्री.	1. उजाला, प्रकाश;	उजेड, प्रकाश;	light, brightness, splendour;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. आनन्दोत्सव के समय की जाने वाली दीपमाला।	रोषणाई	illumination.
रोष	पुं.	क्रोध, कोप, गुस्सा।	रोष, क्रोध, राग	anger, wrath, rage.
रोहण	पुं.	1. ऊपर की ओर बढ़ना; 2. सवार होना; 3. बीज या पौधे का उगना अथवा उसका अंकुरित होना।	वर चढण्याची क्रिया; वर बसण्याची क्रिया; बी उगनवून वर येण्याची क्रिया, रोपाला कोंब फुटण्याची क्रिया	ascending; riding (on); spreading up (of a plant).
रौंदना	स. क्रि.	किसी चीज को पैरों के तले पीसते, रगड़ते, कुचलते हुए विवृत कर देना।	तुडविणे, पायांखाली चिरडणे	to trample on, to tread down, to crush.
रौद्र	वि.	1. रुद्र से सम्बन्धित, रुद्र का; 2. अतिक्रुद्ध, प्रचंड, भीषण।	रौद्र, रुद्राशी संबंधित; क्रोधाने भडकलेला, अतिउग्र, भीषण	of or belonging Rudra; violent or wild with anger, wrathful.
रौनक	स्त्री.	1. चमक-दमक, शोभा; 2. चहल-पहल, जमघट।	शोभा, कांती, तेज; ये जा, गडबड–धांदल	brightness, lustre, splendour; hustle and bustle, crowd or throng.
रौला	पुं.	शोर, हल्ला, उपद्रव।	आरडाओरडा, उपद्रव	noise, commotion, tumult, riot.
लंगड़ा	वि., पुं.	1. जिसका एक पैर बेकार हो गया हो या टूटा हो; 2. एक प्रसिद्ध कलमी आम।	लंगडा; लंगडा जातीचा एक कलमी आंबा	cripple; a species of mango.
लंगड़ाना	अ. क्रि.	लंगड़ा होने के कारण कुछ दबते और उचकते हुए चलना, लंगडाकर चलना।	लंगडत चालणे	to limp.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लंगड़ापन	पुं.	लंगड़े होने की अवस्था या भाव।	लंगडेपणा	lameness, limpness, etc.
लंगर (लंगड़)	पुं.	1. लोहे का बहुत भारी कांटा जिसे नदी, समुद्र आदि में गिराकर नाव, जहाज आदि रोके जाते हैं;	नांगर;	anchor;
		2. वह स्थान जहां गरीबों को पका खाना बांटा जाए;	अन्नछत्र;	public kitchen, alms-house;
		3. पहलवानों का लंगोट;	पहिलवानांचा लंगोट;	privy cover worn by the wrestlers;
		4. हाहाई गाए के गले में बांधा जानेवाला खूंटा;	लोढणे;	heavy wooden piece tied to cattles' neck;
		5. रस्सी, तार आदि से बांधी और लटकती हुई कोई भारी चीज जिसका व्यवहार कई प्रकार की कलों में उनकी गति ठीक रखने के लिए होता है।	लंबक	pendulum.
लंगूर	पुं.	एक प्रकार का बंदर जिसका मुंह और हाथ-पैर काले, सारा शरीर भूरा या सफेद और दुम बहुत लम्बी होती है।	लांब शेपटीचा काळ्या तोंडाचा वानर	long tailed black faced monkey, baboon.
लँगोट	पुं.	कमर में बांधने का एक प्रकार का वस्त्र जिससे केवल उपस्थ ढका जाता है।	लंगोटी	a strip of cloth worn to protect the private parts.
लँगोटिया	वि.	बचपन से ही अत्यन्त घनिष्ठ (मित्र)।	लंगोटीयार	old friend (from childhood), chum.
लँगोटी	स्त्री.	छोटा लँगोट।	लंगोटी	smaller लँगोट.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लंघन	पुं.	1. उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना;	अतिक्रमण, उल्लंघन;	violation, transgression;
		2. उपवास या फाका।	लंघन, अनशन, उपास	fast.
लंघनीय	वि.	1. जो लांघने के योग्य हो;	पार करण्याजोगा, ओलांडता येण्याजोगा;	to be traversed or passed over, passable;
		2. जिसका उल्लंघन या अवज्ञा हो सके।	उल्लंघन करण्याजोगा, मोडता येण्याजोगा	to be violated, to be neglected or disregarded.
लंघाना	स. क्रि.	किसी को लांघने में प्रवृत्त करना।	उल्लंघन करायला—ओलाडुन जायला लावणे, —मदत करणे	to cause, make or help to jump.
लंठ	वि.	परम मूर्ख, असभ्य।	विनडोक, मूर्ख, असभ्य	block-head, stupid, uncivil.
लंपट	वि.	कामी, विषयी।	लंपट, कामी, विषयी	lascivious, dissolute, libertine.
लंपटता	स्त्री.	कुकर्म, कामुकता।	कामासक्ती, विषयासक्ती	dissoluteness, lewdness, lasciviousness.
लंब	पुं.	1. किसी रेखा पर खड़ी और सीधी गिरनेवाली रेखा;	लंब, आडव्या रेषेवर सरळ उभी असणारी रेषा;	perpendicular;
		2. कोई लंबी और बिलकुल सीधी रेखा।	दीर्घ व सरळ रेषा	long and straight line.
लंबतड़ंग	वि.	विशालकाय और हृष्ट-पुष्ट।	धिप्पाड, ताडासारखा ऊंच व धष्टपुष्ट	tall and tough, hefty.
लंबमान	वि.	दूर तक गया या फैला हुआ।	दूरवर पसरलेला, लंबाप्रमाणे सरळ उभा;	prolonged, perpendicular.
लंबरदार	पुं.	दे. 'नंबरदार'।	"नंबरदार" पाहा	see 'नंबरदार'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लंबा (लंबी)	वि.	1. जिसके दोनों सिरे एक दूसरे से दूर हों;	लांब, दूरचा;	long, lengthy;
		2. जो अधिक ऊंचा हो;	ऊंच;	tall;
		3. परिमाण में अधिक;	मोठा, परिमाणाने अधिक;	great, large;
		4. अधिक विस्तार वाला।	ऐसपैस	spacious.
लंबाई	स्त्री.	लंबा होने का भाव, लंबापन।	लांबी, ऊंची, ऊंचपणा	length, tallness, height.
लंबान	स्त्री.	लंबाई।	लांबी	length.
लंबायमान	वि.	1. लंबा किया हुआ;	पसरलेला;	lengthened;
		2. लेटा हुआ।	लांबलेला, लांबविलेला लांब केलेला;	lying flat.
लंबोतरा	वि.	कुछ-कुछ लंबा, जो लंबाई लिए हुए हो।	लांबट	longish, somewhat long.
लकड़दादा	पुं.	परदादा से बड़ा दादा।	खापरपणजोबा	Great great grand-father.
लकड़बघ्घा	पुं.	भेड़िये की जाति का एक जानवर।	लांडग्याच्या जातीचा एक जंगली पशू	hyena.
लकड़हारा	पुं.	जंगल आदि में लकड़ियां तोड़कर बेचनेवाला।	लाकूडतोड्या, मोळीविक्या	woodman.
लकड़ी	स्त्री.	1. पेड़ का कोई भी सूखा हुआ भाग, शाखा, टहनी आदि;	लाकूड;	wood, timber;
		2. ईंधन;	जळाऊ लाकूड;	firewood, fuel;
		3. लाठी, बैसाखी।	लाठी, काठी, सोटा, कुबडी	stick, staff, crutches.
लकवा	पुं.	एक प्रकार का वातरोग जिसके कारण प्रभावित अंग निश्चेतन और शक्तिहीन हो जाता है, फालिज।	अर्धांगवात, पक्षघात	paralysis.
लकीर	स्त्री.	वह चिह्न, जो लंबाई के बल कुछ दूर तक बना या बनाया गया हो।	रेषा, रेघ	line, a streak.

48—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लकुटी	स्त्री.	छोटी लाठी, छड़ी।	छडी, काठी	small stick or cane.
लक्कड़	पुं.	बड़ी और मोटी लकड़ी।	मोठे जाड लाकूड	log, block, wood.
लक्ष	वि.	एक लाख।	लक्ष, लाख	one hundred thousand, lac.
लक्षक	वि.	लक्षित करने वाला।	लक्ष वेधणारा	indicating, hinting at.
	पुं.	वह शब्द् जो सम्बन्ध या प्रयोजन से अपना अर्थ सूचित करे।	अप्रत्यक्षपणे सूचन करणारा—गौण रीतीने अर्थ दर्शविणारा शब्द	a word which indicates indirectly or expresses secondarily.
लक्षण	पुं.	1. विशेषता-सूचक शब्द् 2. शरीरस्थ रोगसूचक चिह्न; 3. शुभाशुभ की सूचना देनेवाले अंगस्थित चिह्न;	लक्षण, ओळख पटविणारे चिन्ह; रोगचिन्ह, रोग दर्शविणारे चिन्ह; अंगावरच्या शुभाशुभसूचक खुणा;	distinctive mark; ign, symptom, token; any mark or features of the body (indicating good or bad luck);
		4. किसी वस्तु या व्यक्ति में होनेवाला कोई ऐसा गुण या विशेषता जो सहसा बातों में न दिखाई देती हो।	विशेष चिन्ह	feature, character, attribute;
लक्षणा	स्त्री.	वह शब्द्शक्ति जो सामान्य अर्थ से अन्य अर्थ प्रकट करती हो।	शब्दाच्या वरवरच्या अर्थाहून वेगळा—अलंकारिक अर्थ सूचित करण्याची शब्द-शक्ती	indirect or figurative sense of a word.
लक्षित	वि.	1. देखा हुआ;	पाहिलेला;	seen, observed, beheld;
		2. अनुभव से जाना या समझा हुआ;	चिन्हांनी ओळखलेला;	discerned, discovered, known (from signs, indication, or appearances);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		3. निर्दिष्ट;	सूचित, निर्दिष्ट	denoted, indicated, implied;
		4. किसी प्रकार के लक्षण या चिह्न से युक्त।	चिन्हांनी-लक्षणांनी–युक्त	marked, distinguished.
लक्षितार्थ	पुं.	शब्द् की लक्षणा शक्ति से निकलने वाला अर्थ।	शब्दाचा अलंकारिक किंवा लक्षणाशक्तीने निघणारा अर्थ	figurative meaning of a word.
लक्ष्मण-रेखा	स्त्री.	ऐसी रेखाकार सीमा जो किसी प्रकार लांघकर पार न की जा सके।	मर्यादा रेषा	a forbidding line suggestive of destruction if crossed, an uncrossable line or limit, (in mytho.) a line drawn by Laxman the younger brother of Rama forbidding Sita to cross it.
लक्ष्मी	स्त्री.	1. धन-सम्पत्ति, दौलत;	लक्ष्मी, धनसंपत्ती;	fortune, prosperity, wealth;
		2. शोभा, श्री;	शोभा, कांती;	grace, splendour, lustre;
		3. धन-धान्य बढ़ानेवाली भाग्यवती स्त्री।	भाग्य वाढविणारी स्त्री	woman symbolising fortune and prosperity.
लक्ष्मीवान	वि.	1. धनवान;	संपत्तिमान्;	prosperous, wealthy;
		2. सुन्दर।	सौंदर्यसंपन्न	handsome, beautiful.
लक्ष्य	पुं.	1. निशाना;	लक्ष्य, निशाणी, नेम;	target;
		2. अभीष्ट वस्तु, उद्देश्य;	उद्दिष्ट;	aim, object;
		3. शब्द् की लक्षणा-शक्ति से निकलनेवाला	गर्भितार्थ	implication or implied meaning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लक्ष्यवेधी	पुं.	लक्ष्य का भेदन करनेवाला।	निशाणाचा भेद करणारा	piercing or hitting a mark.
लक्ष्य-साधन	पुं.	1. लक्ष्य सिद्ध करने का भाव;	उद्दिष्ट सिद्ध करणे;	fulfilment or attainment;
		2. अस्त्र चलाने से पहले अच्छी तरह देख लेना जिससे वह ठीक निशाने पर लगे।	नेमबाजी	taking an aim, sighting.
लक्ष्यार्थ	पुं.	शब्द् की लक्षणा-शक्ति से निकलने वाला अर्थ।	लक्षार्थ, लक्षणाशक्तीत निघणारा शब्दाचा अर्थ (वाच्यार्थाहून भिन्न)	implied or figurative meaning (of a word).
लखना	स. क्रि.	1. देखना;	पाहणे;	to see, behold, perceive;
		2. समझना, जानना।	समजणे, जाणणे	to understand.
लखपति	पुं.	लाखों रुपये का मालिक, बहुत धनी व्यक्ति।	लखपती, लाखोपती	millionaire, wealthy person.
लखौरी	स्त्री.	1. पुराने ढंग की छोटी और पतली ईंट;	जुन्या पद्धतीची पातळवीट;	a kind of brick;
		2. किसी देवता को उसके प्रिय वृक्ष का पत्ता या फल आदि एक लाख की संख्या में चढ़ाना।	लाखोली (देवाला कोणतीही वस्तू लक्ष संख्येने वाहतात ती)	hundred thousand offerings of a certain thing to a deity.
लगन	स्त्री.	मन, प्रवृत्ति का किसी ओर लगना, झुकना, लौ, धुन।	भक्ती, तळमळ, ध्यास	attachment, devotion, perseverance.
	पुं.	विवाह या अन्य शुभ कार्य का मुहूर्त।	लग्नाचा वा शुभकार्याचा मुहूर्त	the auspicious hour of performing a ceremony or doing something.
लगना	अ. क्रि.	1. एक चीज़ का दूसरी चीज से मिलना या सटना;	लागणे, एकमेकाला चिकटणे;	to be close to, be contiguous (to);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. जड़ा जाना, सिया जाना;	जडविले जाणे, शिवले जाणे;	to be fastened (to), to be stitched;
		3. एक चीज का पास वाली दूसरी चीज से रगड़ खाना या संपृक्त होना;	जोडले जाणे;	to be attached (to), to be joined (to);
		4. किसी अनिष्टदायक बात का किसी के साथ संबद्ध होना;	एखादी अनिष्ट गोष्ट संबंधित असणे;	to hang about, to haunt;
		5. काम आना, खर्च होना;	कामी लागणे, खर्च होणे;	to be invested (as money), to be spent or expended;
		6. गड़ना, चुभना या धंसना;	टोचणे, बोचणे किंवा घासणे;	to gall, pinch, rub;
		7. ठीक और पूरा काम करना अथवा प्रभाव दिखलाना;	परिणाम घडणे, प्रभाव पडणे;	to affect, to have the intended or natural effect;
		8. अंकुरित या प्रस्फुटित होना;	मूळ धरणे, रोप जगणे;	to take root, to become rooted (in);
		9. पकाये जाने वाले पदार्थ का कुछ अंश बरतन के पेंदे में चिपक या सड़ जाना;	खाली (भांड्याला) लागणे, –चिकटणे (जळून गेल्यामुळे);	to be burnt or scorched (as food in cooking or clothes in drying before fire);
		10. किसी से संबंध या रिश्ता होना;	संबंध–नाते–असणे;	to be related;
		11. दिखाई देना, अनुभव होना।	वाटणे	to seem, to appear.
लगभग	अव्य.	अनुमानित अवधि या मात्रा घोषित करनेवाला अव्यय, करीब-करीब।	जवळजवळ, प्रायः, बहुतकरून	almost, about, nearly.
लगवाना	स. क्रि.	किसी को कुछ लगाने में प्रवृत्त करना।	लावविणे	to cause to be applied, or put etc.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लगातार	क्रि. वि.	निरंतर, बराबर, बिना रुके हुए।	एकसारखा, सतत, निरंतर	continuous, constantly, continuously.
लगान	पुं.	राजा, सरकार, ज़मींदार को मिलने वाला भूमिकर।	जमिनीचा सरकारी सारा	land revenue.
लगाना	स. क्रि.	1. जोड़ना, संलग्न करना;	एकात दुसरी संख्या घालुन बेरीज करणे;	to put together (figures), to sum up, to add;
		2. सिलसिले से रखना;	क्रमवार लावणे;	to put in order, to arrange;
		3. रोपना;	जमिनीत लावणे, रोवणे;	to plant, to set;
		4. किसी वस्तु का उपयोग करते समय उसको कम करना;	कामी लावणे, उपयोगात आणणे;	to put or set (to work), to apply, to use;
		5. मुकर्रर करना, नियुक्त करना;	नियुक्त करणे, कामाला लावणे;	to employ, to engage;
		6. किसी पद-वाक्य आदि का अर्थ समझ कर स्थिर करना;	अर्थ लावणे;	to construe;
		7. किसी में नई आदत डालना।	नवेवळण लावणे	to infuse or imbue.
लगाम	स्त्री.	बाग, रास।	लगाम	reins, bridle.
लगाव	पुं.	1. संबंध, ताल्लुक;	संबंध;	bond, link, contact, relation;
		2. स्नेह;	ममता, स्नेह;	attachment, affection;
		3. दिलचस्पी।	आवड, मनाचा कल	inclination, propensity.
लगावट	स्त्री.	1. सम्बन्ध;	संबंध लागाबांधा;	relation, contact;
		2. प्रेम, प्यार।	प्रेम, ममता	attachment, affection, love.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लग्गा	पुं.	1. कई प्रकार के कामों में आनेवाला लंबा बांस;	लांब कळक (बांबू);	a thick long pole;
		2. काम शुरू करना, काम में हाथ डालना।	कार्यारंभ	commencement, start.
लग्गू	वि.	किसी के साथ रहने या आनेजाने वाला।	कोणाच्या तरी सदा मागे मागे असणारा	one who dogs or follows, a hanger-on.
लग्न	वि.	किसी के साथ लगा या सटा हुआ।	जोडलेला, जुडलेला	adhered or clung to, stuck, held fast.
	पुं.	1. राशि विशेष के उदयकाल का दिनांश;	राशीचा उदय होणारा दिवसाचा अंश;	the rising of the sun or of the planets;
		2. किसी काम को करने का शुभ मुहूर्त।	शुभमुहूर्त	an auspicious or lucky moment.
लग्न-कुंडली	स्त्री.	जन्मपत्री, जन्म-कुंडली।	जन्मकुंडली	horoscope.
लग्न-पत्र	पुं.	वह पत्र जिसमें विवाह कर्म, उसकी तिथि आदि का उल्लेख हो।	विवाहपत्रिका	formal letter or document in which the date and time etc. of the marriage ceremony are intimated.
लघिमा	स्त्री.	1. एक सिद्धि जिसकी प्राप्ति हो जाने पर मनुष्य लघुतम रूप धारण कर सकता है;	लघिमा, एका सिद्धाचे नांव (जिच्या प्रभावाने इच्छे अनुसार अगदी हलके होता येते);	the supernatural power of assuming excessive lightness at will, one of the eight siddhis;
		2. लघुत्व, हलकापन।	हलकेपणा (वजनाने)	littleness, smallness, insignificance.
लघु	वि.	1. किसी से तुलना में छोटा;	लहान;	little, small, diminutive;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. जिसमें उग्रता या तीव्रता न हो,	सौम्य;	sober;
		3. थोड़ा, कम।	क्षुद्र	trifling, trivial.
लघुकरण	पुं.	1. छोटे आकार-प्रकार में लाना; 2. संक्षिप्त करना।	कमी—अल्प (आकाराने—वजनाने करण्याची क्रिया; लहान करण्याची क्रिया	reducing in weight or consequence; reduction, diminution.
लघुतम	वि.	सबसे छोटा।	सर्वात लहान	minimum, lowest, smallest.
लघुतम समापवर्त्य (समापवर्तक)	पुं.	वह सबसे छोटी संख्या जो दो या अधिक संख्याओं से पूरी-पूरी बंट जाए।	लघुतम, साधारण विभाज्य	least common multiple.
लघुता	स्त्री.	लघु होने का भाव, हलकापन, छोटाई।	लहानपणा, क्षुद्रपणा, हलकेपणा, अल्पता	smallness, littleness insignificance, absence of dignity, humiliation.
लघुत्व	पुं.	दे. 'लघुता'।	"लघुता" पाहा	see 'लघुता'.
लघुशंका	स्त्री.	पेशाब करना।	लघुशंका, लघवी	making water, urine.
लचक	स्त्री.	लचकने का भाव या क्रिया।	लवचिकपणा, लचक, कमरेतील दुखवा	flexibility, elasticity, springiness.
लचकना	अ. क्रि.	1. लंबी वस्तु का दबाव आदि के कारण झुकना;	वाकणे;	to bend, to be bent;
		2. स्त्रियों की कमर का नजाकत से झुकना	लचकत चालणे, कमर वाकवीत-नखऱ्यात चालणे	to receive a sprain or strain.
लचका	पुं.	1. लचक; 2. एक प्रकार का गोटा।	लचक, कमरेत दुखावा; सोनेरी वा रुपेरी गोठ	a strain, a sprain; gold or silver lace.

हिंदी शब्द	व्या. कां.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लचकाना	स. क्रि.	झुकाना, लचाना।	नमायला—वाकायला—झुकायला लावणे	to cause to bend, to bend.
लचकीला	वि.	लचकनेवाला, लचकदार।	लवचिक	flexible, elastic, resilient.
लचर	वि.	तथ्यहीन, कमजोर।	तथ्य नसलेला, न टिकणारा, दुर्बल	untenable, weak, ineffective.
लचलचा	वि.	दे. लचकीला'।	'लचकीला' पाहा	see अचकीला'.
लचीला	वि.	दे. 'लचकीला'।	'लचकीला' पाहा	see 'लचकीला'.
लचीलापन	पुं.	लचक, झुकाव का गुण।	लवचिकपणा	flexibility, elasticity.
लच्छा	पुं.	1. तारों या डोरों का समूह;	दोऱ्याची गुंडी;	a bundle (of thread etc.), skein.;
		2. लंबे पतले बारीक कटे हुए टुकड़े;	लांब, पातळ, बारीक केलेला तुकडा;	a thin shred or slice;
		3. एक प्रकार का गहना जो पैरों में पहना जाता है।	पायातील एक दागिना;	a bracelet (or an anklet).
लच्छी	स्त्री.	सूत, रेशम आदि की लपेटी हुई गुच्छी।	सुताची लड	a skein, hank.
लच्छेदार	वि.	1. जिसमें लच्छे पड़े या बने हों;	पातळ व बारीक तुकडे असलेला;	having fine shreds;
		2. खाना जो चिकना-चुपड़ा या मजेदार हो।	मजेदार	amusing, fascinating.
लजवाना	स. क्रि.	लज्जित करना, शर्मिन्दा करना।	लाजविणे, लाज वाटायला लावणे, मान खाली घालायला लावणे	to cause to be ashamed, to put to shame.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लजाना	अ. क्रि.	लज्जित होना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना।	लाजणे, लाजेने मान खाली करणे	to feel shy, to blush.
लजीला	वि.	शर्मीला, लज्जाशील।	लाजाळू	shy, bashful, modest.
लज्जत	स्त्री.	खाने-पीने की वस्तुओं का स्वाद, मजा।	लज्जत, रुची, स्वाद	taste, flavour, relish.
लज्जतदार	वि.	स्वादिष्ट, जायकेदार।	स्वादिष्ट, रुचिकर	tasteful, tasty, delicious.
लज्जा (लाज)	स्त्री.	स्वभाव या अपने किसी अनुचित आचरण के कारण हुई मन की संकोचपूर्ण अवस्था, शर्म, हया।	लज्जा, लाज	shame, modesty, shyness.
लज्जाप्रद	वि.	कृत्य या बात जिसके कारण उसके कर्त्ता को लज्जित होना पड़े।	लज्जास्पद, लाज वाटायला लावणारा	shameful.
लज्जालु	वि.	लज्जाशील, अधिक शर्माने वाला।	लाजाळू	bashful, modest, shy.
लज्जावान	वि.	शर्मदार, हयादार।	लाजाळू	bashful, modest, shy.
लज्जाशील	वि.	जिसे स्वभावतः लज्जा आती हो।	लज्जाशील, संकोची स्वभावाचा, लाजाळू	of modest disposition, modest, bashful.
लज्जाशून्य	वि.	लज़्ज़ा से रहित, निर्लज्ज।	निर्लज्ज, बेशरम	devoid of modesty, shameless.
लज्जाहीन	वि.	दे. 'लज्जाशून्य'।	'लज्जाशून्य' पाहा	see 'लज्जाशून्य'.
लज्जित	वि.	लज्जायुक्त, शर्मिन्दा।	लज्जित, जाला शरम, लाज वाटली असा लज्जायुक्त, लाजलेला	ashamed, abashed, blushed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लट	स्त्री.	1. सिर के लटकते हुए बालों का गुच्छा;	बट;	a curl, ringlet, lock of hair;
		2. उलझे हुए बालों का गुच्छा।	जटा	matted or tangled hair.
लटक	स्त्री.	मन का आकस्मिक उद्वेग।	भावनोद्रेक	a sudden fit or emotion.
लटकन	पुं.	1. लटकने वाली वस्तु;	लोंबणारी वस्तू;	anything hanging, a pendulum;
		2. टिकली, टिकड़ा;	(गळ्यात) लोंबणारे पदक;	a pendant;
		3. नाक का एक गहना।	नथ वा नथेसारखा	nose drop.
लटकना	अ. क्रि.	1. ऊंची जगह के आश्रय से नीचे की ओर अवलम्बित होना;	लटकणे, लोंबणे, टांगलें जाणे;	to hang, to swing;
		2. किसी सीधी खड़ी वस्तु का कोई भाग किसी ओर थोड़ा झुकना;	झुकणे, कलणे	to dangle, to be suspended;
		3. काम पूरा न होना, देर होना।	काम लोंबकळत राहणे, —पुरे न होणे—टांगले राहणे	to be kept waiting or in suspense, to be delayed.
लटकवाना	स. क्रि.	लटकाने का काम दूसरे से कराना।	लटकायला, —लोंबायाला लावणे, टांगायला लावणे	to cause to be hung, to get hung.
लटका	पुं.	1. चिकित्सा, तंत्रमंत्र आदि के क्षेत्र में कोई ऐसी छोटी प्रक्रिया जिससे जल्दी और सहज ही उद्देश्य सिद्ध होता हो;	तोडगा;	formula, tip;
		2. बात-चीत, चाल आदि में दिखाया जानेवाला हावभाव और स्वरों का उतार-चढ़ाव।	कृत्रिम हावभाव —बोलणे चालणे	affected movement or mannerism.
लटकाना	स. क्रि.	1. लटकने में प्रवृत्त करना टांगना;	लटकविणे, टांगणे;	to hang, to suspend;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
		2. खड़ी वस्तु को किसी ओर झुकाना;	सरळ खड्या वस्तूला एका बाजूला कलविणे झुकविणे;	to tilt, to bend;
		3. इंतजार कराना, फंसा रखना, देर करना।	लटकत–वाट पाहात–ठेवणे	to keep (one) waiting, to delay.
लटना	अ. क्रि.	परिश्रम, रोग आदि के कारण बहुत ही शिथिल और दुर्बल होना।	गळून जाणे, फार अशक्त होणे	to become lean, to be emaciated, to become weak.
लटपटा	वि.	1. ठीक और सीधे तरह से न चलता हुआ;	लटपटणारा, लटपटत चालणारा;	reeling, tottering, staggering;
		2. ढीला-ढाला;	सैल, ढिला;	loosely folded, hanging loose;
		3. अस्तव्यस्त, अव्यवस्थित।	अस्ताव्यस्त, अव्यवस्थित	in complete disorder, messy.
लटपटाना	अ. क्रि.	1. कमजोरी आदि के कारण सीधे न चल पाना, लड़खड़ाना;	लटपटत चालणे, अडखळणे;	to stagger,stumble, falter;
		2. विचलित होना, अस्थिर होना।	लटपटणे, धीर खचणे	to be nervous, to be demoralized.
लटा	वि.	1. दुष्ट, बदमाश, नीच;	दुष्ट, हलकट;	wicked, mean;
		2. बहुत दुबला-पतला या कमजोर।	दुबळा, कमजोर, अशक्त	weak, emaciated; impoverished.
लट्टू	पुं.	1. लकड़ी का एक गोल खिलौना जिसके आधे भाग में एक कील होती है और उसे चलाये जाने पर उस कील पर घूमता है;	भोवरा (खेळातला);	spinning top;
		2. बिजली का बल्ब।	वीजे चा बल्ब	bulb.
लट्ठ	पुं.	मोटा लम्बा डंडा।	सोटा, मोठा दंडा	staff, cudgel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लट्ठबाज़	वि.	1. लाठी चलानेवाला;	लाठीबाज;	skilled in wielding a cudgel;
		2. लड़ाकू, झगड़ालू।	भांडखोर, भांडण उकरून काढणारा	quarrel-some.
लट्ठबाजी	स्त्री.	लाठियों से होनेवाली मारपीट।	लाठीमार, लाठीचालविण्यातील कौशल्य–निपुणता	cudgel-fighting, skill in wielding cudgel.
लट्ठमार	वि.	1. (व्यक्ति) जो उजड्ड और उद्दंड हो;	असभ्य, उद्दाम, उर्मट;	uncivil, rude, boorish;
		2. (कथन) जिसमें नम्रता, शालीनता आदि का पूर्ण अभाव हो।	उद्धट बोलणारा	rude, impolite (utterance).
लट्ठा	पुं.	1. लकड़ी का बहुत मोटा और लम्बा टुकड़ा, शहतीर;	लाकडाची तुळई, वासा, –ओंडका;	beam, log, rafter;
		2. गाढ़ा मोटा कपड़ा, गफ मारकीन;	जाडा भरडा कपडा, मांजरपाट	coarse kind of long cloth, a kind of white cloth;
		3. 5½ हाथ लंबा बांस जिससे जमीन नापी जाती है।	साडेपांच हात लांबीची बांबूची काठी	measuring rod or pole measuring ½ of hand space.
लट्ठाबंदी	स्त्री.	5½ हाथ लंबे बांस द्वारा की जानेवाली जमीन की नाप-जोख।	साडेपांच हात लांबीच्या काठीने जमिनीची केली जाणारी मोजणी	measuring land with a lattha.
लठिया	स्त्री.	छोटी लाठी, छड़ी या डंडा।	लहानशी लाठी, काठी, लहान दंडा	small lattha or stick.
लठैत	वि.	दे. 'लट्ठबाज'।	''लट्ठबाज'' पाहा	see 'लट्ठबाज'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लड़	स्त्री.	1. सीध में गुंथी हुई या एक दूसरे से लगी हुई एक ही प्रकार की वस्तुओं की पंक्ति – जैसे मोतियों की लड़;	लडी, सर (जसा मोत्यांचा);	string (of pearls, etc.);
		2. रस्सी आदि के रूप में बटा हुआ लंबा खंड;	दोर्यातील–दोरीतील एक धागा;	strand (of a rope or cord);
		3. कतार, पंक्ति।	ओळ, रांग	row, line, series.
लड़कपन	पुं.	1. बाल्यावस्था;	बाळपण, बाल्यावस्था;	boyhood, childhood;
		2. लड़कों का-सा आचरण या व्यवहार, जिसमें बुद्धि का परिपाक न दिखाई देता हो।	पोरकटपणा	childishness.
लड़कबुद्धि	स्त्री.	बालकों की-सी अपरिपक्व मति।	पोरकट बुद्धी	child's understanding, childishness.
लड़का	पुं.	1. बालक, जो अभी युवक न हुआ हो;	मुलगा;	boy;
		2. पुत्र।	स्वतःचा मुलगा, पुत्र	son.
लड़की	स्त्री.	1. बालिका जिसकी आयु 16 वर्ष से कम हो;	मुलगी;	girl, maid;
		2. पुत्री, बेटी।	स्वतःची मुलगी, कन्या	daughter.
लड़खड़ाना	अ. क्रि.	1. चलते समय सीधे स्थिर न रह सकने के कारण इधर-उधर झुक पड़ना, डगमगाना, डिगना;	अडखळत चालणे, लटपटणे;	to stagger, to stumble;
		2. बोलते समय जीभ से स्पष्ट शब्द न निकल पाना।	जीभ अडखळणे, अडखळत बोलणे	to stutter, to falter (in speech).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लड़खड़ाहट	स्त्री.	लड़खड़ाने की क्रिया या भाव।	डगमग, अडखळणे	staggering, stumbling.
लड़ना	अ. क्रि.	1. एक पदार्थ या व्यक्ति का दूसरे पदार्थ या व्यक्ति से टक्कर खाना, भिड़ जाना;	टक्करणे, भिडणे;	to collide (with);
		2. कुश्ती करना, एक दूसरे को पटकने का प्रयत्न करना;	लढणे, कुस्ती करणे, युद्ध करणे;	to wrestle, to make war, to give battle;
		3. एक दूसरे पर प्रहार करना;	एकमेंकांवर आघात प्रत्याघात करणे, मार ठोक करणे;	to fight, to quarrel;
		4. बहस करना, वाग्युद्ध करना;	वादविवाद करणे, वाग्युद्ध करणे;	to debate, to argue;
		5. संघर्ष करना।	झगडणे	to contend, to struggle.
लड़ना-भिड़ना	अ.	दे. 'लड़ना'।	"लडना" पाहा	see 'लड़ना'.
	पुं.	लड़ाई-झगड़ा।	लढाई-झगडा	quarrel, altercation.
लड़ाई	स्त्री.	1. प्रहार करनेवाले पर प्रहार करना;	लठ्ठालठ्ठी;	fighting, wrestling;
		2. दो सेनाओं का एक दूसरे पर आक्रमण, संग्राम;	लढाई, युद्ध;	battle, war;
		3. कुश्ती, मल्लयुद्ध;	कुस्ती, द्वंद्व युद्ध;	wrestling, duel;
		4. झगड़ा, कलह;	झगडा, वादविवाद;	quarrel, brawl;
		5. बहस;	वाग्युद्ध, वादविवाद;	wordy duel;
		6. वैर, अनबन।	बेबनाव, वैर, शत्रुत्व	discord, hostility, enmity.
लड़ाई-झगड़ा	पुं.	1. कलह;	लढाई-झगडा, भांडण;	broil, altercation, quarrel;
		2. बैर, वैमनस्य।	वैर, वैमनस्य	enmity, hostility.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लड़ाका	वि.	1. बात-बात में या प्राय: सबसे झगड़ा करनेवाला;	भांडखोर, झगडाळु;	pugnacious, quarrelsome, contentious;
		2. लड़नेवाला, योद्धा।	लढवैया	fighter.
लड़ाकू	वि.	1. युद्ध में व्यवहृत होनेवाला;	लढाऊ, लढाईच्या उपयोगी;	used in battle (arms, ships etc.);
		2. युद्धप्रिय, झगड़ालू।	झगडाखोर	warlike, quarrelsome.
लड़ाना	स. क्रि.	1. एक दूसरे में झगड़ा कराना;	लढविणे, लढायला लावणे, भांडण करायला उद्युत करणे;	to cause to fight, to make (two persons or animals) fight, to instigate;
		2. एक वस्तु को दूसरी वस्तु से भिड़ाना;	टक्कर लावणे;	to collide a thing (against another);
		3. कुश्ती लड़ने को प्रवृत्त करना।	कुस्ती लावणे;	to cause to wrestle;
लड़ी	स्त्री.	1. एक सीध में गुंथी हुई किसी चीज की माला, पंक्ति;	लडी, सर, माळ;	string (of pearls, or flowers, etc.), chain;
		2. एक साथ मिलाकर बटी हुई रस्सी, गुच्छे के तार।	वळलेल्या दोरांतील एक धागा	strand (of rope or cord).
लड्डू	पुं.	गेंद के आकार की कोई गोलाकार मिठाई।	लाडू	ball-shaped sweetmeat.
लत	स्त्री.	बुरी आदत।	व्यसन	addiction, bad habit.
लतखोर	वि.	जो झिड़की आदि सुनते रहने का आदी हो गया हो, निर्लज्ज।	निर्लज्ज, लतकोडगा	one who is used to kicks or rebukes, shameless.
लता	स्त्री.	1. जमीन या किसी आधार पर फैलनेवाला पौधा, बेल;	लता, वेली;	Vine;
		2. कोमल खंड या शाखा।	कोवळी फांदी	branch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लताकुंज	पुं.	लताओं से छाया हुआ स्थान।	लतांनी झाकलेले स्थान, लता-मंडप	bower, an arbour.
लताड़	स्त्री.	झिड़की, डांट-फटकार।	दटावणी, टाकून बोलणे	scolding, reprimand.
लताड़ना	स. क्रि.	डांटना, फटकारना, झिड़कना।	दटावणे, टाकून बोलणे	to scold or to reprimand.
लता-मंडप	पुं.	दे. 'लताकुंज'।	लतामंडप	see 'लताकुंज'.
लतियल	वि.	जिसे झिड़की सुनने और मार खाने की आदत पड़ गई हो, दे. 'लतखोर'।	"लतखोर" पाहा	see 'लतखोर'.
लतियाना	स. क्रि.	1. लातों से मारना;	लाथाडणे, झिडकारणे;	to spurn;
		2. अपमानित करना।	अपमान करणे	to humiliate, to insult.
लतीफा	पुं.	1. हास्यपूर्ण छोटी कहानी;	चुटका;	witty anecdote;
		2. हंसी की अनोखी या विलक्षण बात।	गमतीची गोष्ट	pleasentry, jest, joke.
लत्ता	पुं.	1. फटा-पुराना कपड़ा, चीथड़ा;	फाटका कपडा, चिंधोटी, चिंधी;	scrap of cloth, rag, tatter;
		2. कपड़ा।	कपडा	cloth.
लत्ती	स्त्री.	1. पशुओं द्वारा लात से किया जानेवाला आघात;	दुगाणी, लाथ (पशूची);	kick with the hind legs (by a horse or an ass etc.);
		2. कपड़े की लंबी धज्जी	कपड्याची लांब धांदोटी	strip of cloth.
लथ-पथ	वि.	1. किसी तरल पदार्थ में बहुत अधिक तर या भीगा हुआ;	चिंब, थबथबीत;	soaked, saturated, drenched;
		2. कीचड़ आदि से सना हुआ।	चिखल इ. ने भरलेला	clogged, besmeared (with dirt).

49—8/CHD/ND/99

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लथाड़	स्त्री.	दे. 'लताड़'।	''लताड'' पाहा	see 'लताड़'.
लथाड़ना	स.	दे. 'लताड़ना'।	''लताडना'' पाहा	see 'लताड़ना'.
लथेड़ना	स. क्रि.	किसी को इस प्रकार घसीटना कि उस पर धूल या कीचड़ या मिट्टी लग जाए।	चिखलात लोळविणे --फरपटणे	to draggle, to smear (with mud etc.).
लदना	अ. क्रि.	1. बोझ से युक्त होना;	लादला जाणे;	to be loaded or to be laden;
		2. भारी वस्तुओं का किसी स्थान से प्रेषणार्थ भरा जाना;	अवजड माल रवाना करण्याकरिता भरला जाणे;	to be borne or to be carried;
		3. गत होना, समाप्त होना।	भरणे, संपणे (त्याचे दिवस भरले, संपले)	to be finished, to be over.
लदवाना	स. क्रि.	लादने का काम कराना।	लादायला लावणे	to cause to be loaded, to cause to load.
लदाई	स्त्री.	लादने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	लादण्याचे काम वा मजूरी	act or payment for loading.
लदान	स्त्री.	(माल) लादने की क्रिया।	(माल) लादण्याची क्रिया	act of loading.
लदाना	स. क्रि.	दे. 'लदवाना'।	''लदवाना'' पाहा	see 'लदवाना'.
लदाफंदा	वि.	बोझ से लदा हुआ।	बोजाखाली वाकलेला	over-loaded, too much burdened.
लदाव	पुं.	1. लादने का काम;	माल लादण्याचे काम;	lading, cargo;
		2. बोझा;	बोजा, ओझे;	load, burden;
		3. छत आदि का पटाव।	पटई	arched roof or terrace.
लद्दू	वि.	जिस पर केवल बोझ लादा जाता हो, भार ढोनेवाला।	बोजा लादण्यास लायक, ओझवाहू	fit to carry a load, beast of burden.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लद्धड़	वि.	जिसमें तेजी या फुर्ती न हो, सुस्त, काहिल।	आळशी, सुस्त	lethargic, slothful.
लद्धड़पन	पुं.	लद्धड़ होने की अवस्था या भाव।	आळशीपणा, सुस्ती	lethargy, slowness.
लपक	स्त्री.	1. तेजी, वेग, चुस्ती; 2. चमक, दीप्ति।	चपळता; चमक	swiftness; flash, flame.
लपकना	अ. क्रि.	1. सहसा तेजी या फुरती से आगे बढ़ना; 2. फेंकी गई किसी वस्तु को जमीन में गिरने से पूर्व ही चुस्ती से पकड़ लेना।	झेप घेणे, चट्कन् धावून जाणे; एकदम मध्येच झेलणे	to rush forth, to go out with gusto; to catch (a ball, etc.).
लपकाना	स. क्रि.	किसी को लपकने में प्रवृत्त करना।	चट्कन् पुढे धावून जायला लावणे	to cause to rush forth.
लपट	स्त्री.	1. आग की लौ, ज्वाला; 2. गंध से भरा हुआ वायु का झोंका।	ज्वाला, आगीचा झोत; सुगंधी वाऱ्याची झुळुक	flame, blaze; sweet smell, blast of fragrance.
लपटा	पुं.	गाढ़ी गीली वस्तु।	घन–दाट–द्रव पदार्थ	glutinous substance, thick liquid substance.
लपलपाना	अ. क्रि.	किसी लचीली वस्तु के हिलने या हिलाये जाने पर उसका थोड़ा झुकना, रह-रह कर लपकना।	एकसारखे लवणे, लपलप होणे	to be resilient or flexible (as a cane).
लपलपाहट	स्त्री.	लपलपाने की क्रिया या भाव।	एक सारखे लवण्याची अवस्था, लवचिकपणा	resilience, flexibility.
लपसी	स्त्री.	1. कोई गाढ़ा तरल पदार्थ; 2. एक प्रकार का पतला हलुआ।	दाट–द्रव अन्न पदार्थ; लापशी, कांजी	glutinous kind of food; kind of 'हलुवा'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लपेट	स्त्री.	1. लपेटने की क्रिया या भाव;	वेष्टण्याची क्रिया;	folding, twisting, covering;
		2. लपेटनेवाली चीज का हरबार का फेरा;	वेष्टण;	fold, coil, plait;
		3. किसी चीज की मोटाई का विस्तार।	घेर	girth, circumference, compass.
लपेटन	स्त्री.	लपेट, लपेटने के फलस्वरूप पड़ने वाला फेरा या बल।	वेष्टण्यांची/गुंडाळण्याची क्रिया	folding, winding, plait.
	पं.	वह वस्तु जिससे किसी वस्तु को चारों ओर लपेटकर बांधते हैं, बैठन।	मागावरील तयार झाले तेवढे कापड गुंडाळण्याचा रुळ	roller on which cloth is wound in the loom.
लपेटना	स. क्रि.	1. सूत, कपड़े आदि को किसी चीज के चारों ओर फेरा देकर बांधना;	गुंडाळणे, वेष्टणे;	to wind or to twine (round);
		2. किसी चीज को तह देकर मोड़ना;	घडी करणे;	to roll up, to fold or wrap;
		3. (ला०) किसी व्यक्ति को किसी मामले में फांसना।	(लाक्ष) एखाद्या भानगडीत गुंतविणे/अडकविणे	(fig.) to involve, to implicate.
लपेटनी	स्त्री.	जुलाहों की लपेटन नाम की लकड़ी।	विणकराचा कापड गुंडाळण्याचा रुळ	weaver's stick.
लप्पड़	पुं.	तमाचा, थप्पड़।	थप्पड	slap, thump.
लफंगा	वि.	आवारा, दुश्चरित्र, बदमाश।	उनाड, लुच्चा, बदमाश	loafer, vagabond.
लबाड़ (लबार)	वि.	झूठा, गप्पी।	लबाड, खोटारडा	liar, babbler.
लबादा	पुं.	एक लंबा और ढीला-ढाला पहनावा।	पायघोळ अंगरखा, डगला	cloak, gown, robe, apron.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मराठी पर्याय	अंग्रेजी पर्याय
लबालब	वि.	किनारे तक भरा हुआ।	शिगोशिग, काठोकाठ	brimful.
लब्ध	वि.	1. मिला या प्राप्त किया हुआ; 2. भाग करने से निकला हुआ।	प्राप्त झालेला, मिळालेला मिळविलेला; भागाकार करुन आलेला	got, obtained, acquired; quotient.
लब्धप्रतिष्ठ	वि.	जिसने प्रतिष्ठा प्राप्त की हो, सम्मानित।	सन्मान/प्रतिष्ठा/पावलेला	one who has acquired fame, renowned.
लब्धि	स्त्री.	1. लाभ, प्राप्ति; 2. (गणित) भागफल, लब्धांक।	लाभ; (गणित) भागाकार	acquirement, attainment, achievement; (arith.) the quotient.
लभ्य	वि.	जो पाया जा सके या मिल सके।	मिळण्याजोगा, मिळविता येण्याजोगा, आवाक्यात असलेला	attainable, obtainable, within reach.
